A STUDY OF

TDITIONAL ELEMENTS

IN

GRANTH

(THESIS)

।दि ग्रंथ में परंपरागत तत्त्वों का अध्ययन
(शोध-प्रबंध)

Subm. to the Panjab University, Chandigarh for the award of Degree of Ph.D. in the Facu. of Languages.

PANJAB UNIVERSITY LIBRARY

16th SEPT. 1968

निर्देशक:—
डा० धर्म पाल मैनी एम० ए० । ०० डी,
हिन्दी विभाग, पंजाब विश्व वि य,
चंडीगढ़ – 14

शोधकार:—
प्रो० सुरैण सिंह विलख़ू एम० ए० (हिन्दी-पंजाबी)
पंजाबी विभाग, गवर्नमैंट कालिज,
गुरदासपुर (पंजाब)

श्री ग्रंथ साहब में परम्परागत तत्वों का अध्ययन

(शोध-प्रबंध)

प्रबन्ध में प्रयुक्त संकेत चिन्हों का विवरण:-

आ० ग्रं० ------ आदि (गुरु) ग्रंथ ।

'म:' ----- 'महला' (गुरु प गद्दी).

निर्देशक: डा० धर्म पाल मैनी एम०ए०, पी-एच०डी०,
हिंदी विभाग, पंजाब विश्व विद्यालय,
चंडीगढ़-१४

शोधकार: प्रो सिंह,
पंजाबी , गवर्नमेंट
कालिज (पंजाब)

(प्राक्कथन)

आज मुझे [illegible]होता है कि मानव मन के संस्कार बड़े प्रबल होते हैं। प्रारम्भ से ही जीवन के निर्माण में वातावरण एवं संगीतिक प्रभाव होता है। मैं बहुत छोटा था जब पिता जी से अनायास ही गुरुबाणी सुनता रहता था। वे पाठ में तल्लीन होते [illegible] मैं भी कई बार उनकी तल्लीनता में तल्लीन होता था। भक्ति उनकी आस्था और [illegible] ने मुझमें भी वैसे ही भाव पैदा कर दिए हैं। उस गुरुबाणी को मुझे समझ [illegible]—संभवतः समझ तो अब भी बहुत कम है—जो समता है, मेरे अवचेतन में [illegible]-परक बाणी के संस्कार बनते गये। गत 40 वर्षों अध्ययन अध्यापन क्रम में यह [illegible] बाणी मुझे अधिकाधिक प्रभावित करती रही। मेरे [illegible] पर इसका इतना [illegible]भाव हो गया, कि यह मेरे जीवन का अभिन्न अंग बन गयी।

[illegible]ति दिसहि चंदु न तारा। सूरज किरणि न बिजुलि
[illegible] बिहनु नहीं कोई पूर रहिआ मनि भावता।
[illegible]करणि जोति उजिआरा। करि करि देखै आपि रजआरा।
[illegible]गंभीर धीरगुरि गोआ। अचरु न जाना धुना तीआ।

मारू म॰1, आ॰ ग्रं॰ पृ॰ 1033-34

गुरु नानक [illegible] पद ने ब्रह्म के व्यापक और विराट रूप का जो चित्र मेरे मानस पर अंकित [illegible], वह बना रहा। जब मेरा संस्कृत से परिचय बढ़ा और तब पढ़ते-पढ़ाते [illegible] मेरी निगाह इस पर पड़ी :-

न सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।

कठो॰ 2-2-15, श्वे॰ 6-14, मुण्ड॰ 2-2-10

इतना ही [illegible]—

भै विचि पवन वहै सद वाउ। भै विचि चलहि लख दरीआउ।
भै विचि अगनि कढै वेगारि। भै विचि धरती दबी भारि।
भै विचि सूरजु भै विचि चंदु। कोह करोड़ी चलत न अंतु।
भै विचि जोध महाबल सूर। भै विचि आवहि जावहि पूर।
सगलिआ भउ लिखिआ सिरि लेखु। नानक निरभउ निरंकारु सचु एकु।

आसा म॰ 1, आ॰ ग्रं॰ पृ॰ 464

दर्शन होते हैं । इससे स्पष्ट है' कि गुरु साहब की अनुभूति भी उच्चकोटि की भारतीय परम्परागत अनुभूति से साम्य रखती थी ।

चौथे अध्याय में श्री गुरु-ग्रन्थ साहब के साधना पक्ष में विविध-स्था-भक्ति का व्यापक एवं शास्त्रीय विश्लेषण प्रस्तुत करने के बाद' उसके स्वरूप में भारतीयता के ही दर्शन होते हैं । सत्संगति' गुरु और नाम' इन सब का महत्व भगवत्कृपा होने पर ही प्रतिपादित होता है । 'नदरि' (भगवत्कृपा) साधनों में सब से बड़ा साधन है । गीता के निष्काम-कर्म-जीवन के सन्देश को गुरुओं की वाणी के माध्यम से एक बार फिर शक्ति मिली तथा नाम-जप की साधना में उनकी भक्ति साकार हुई । उत्तरी भारत की सन्त-परम्परा में नामदेव जी का नाम उस आलोक-स्तंभ के समान है, जहां से गीता के इस संदेश की ज्योति को कबीर, गुरु नानक तथा उनके अनुयायियों ने ग्रहण किया । जिस 'गुरमति भक्ति' की प्रतिष्ठा आदि-ग्रन्थ को 'गुरु स्वरूप' मानने वालों द्वारा प्रतिपादित की गई, उस 'गुरमति भक्ति' के गीता के आधार पर प्रथम प्रतिष्ठापक सन्त नामदेव जी ही थे :-

'गुरमति राम नाम गहु मीता । प्रणवै नामा इउ कहै गीता ।'

(आ0 ग्र0 पृ0) 884

गीता आदि व्यास रचित ग्रन्थों का नामदेव के घर पर कितना पठन-पाठन था, इसका गुरु-ग्रन्थ के अन्तःसाक्ष्य से पता चलता है:-

' जा कै भगवत लेखीऐ अवरु नही पेखीऐ तास की जाति आछोप छीपा ।
बिआस महि लेखीऐ सनक महि पेखीऐ नाम की नामना सपत दीपा ।

(मलार रविदास - आ0 ग्र0 पृ0 1293)

पांचवें अध्याय में गुरुओं की वाणी के माध्यम से भारतीय समाज के परम्परागत विश्वास का अध्ययन किया गया है । उनके संस्कारों, धार्मिक आडम्बरों, रीति-रिवाजों, पर्वों- त्योहारों तथा अन्य सामाजिक एवं व्यवहारिक मूल्यों का बोध होता है । इतना ही नहीं, इन मूल्यों में विकार उत्पन्न होने के कारण समाज की जो दुरावस्था हुई, उसका चित्रण भी इनकी वाणी में बहुतायत से दृष्टिगत होता है ।कबीर आदि की वाणी आक्रामक है, लेकिन रविदास तथा गुरु नानक देव आदि की वाणी में विनयिता पूर्वक इसका विरोध किया गया है ।

छटे अध्याय में गुरु-ग्रन्थ साहब के रचयिताओं की वाणी में ब्रह्म में विश्वास तथा आस्तिकता की भवना के साथ-साथ भगवान् के भक्तवत्सल स्वरूप का चित्र प्रस्तुत करने के लिए पौराणिक आख्यानों का सप्रसंग अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इन तत्वों की किसी

रूप अथवा विनियुक्त रूप में नहीं अपितु समय स्थान के अनुकूल दृष्टान्त एवं उदाहरण रूप में प्रस्तुत किया गया है। अवतारवाद में विश्वास न भी रखते हुए गुरु ग्रन्थ के रचयिताओं को भगवान् को अवतारी कार्यों में भक्तों के उद्धारशील कार्य करते हुए मान लेने में कोई आपत्ति नहीं। पौराणिक साहित्य साम्प्रदायिक होता हुआ भी, अलग-अलग पुराणों में प्रतिष्ठित भगवान् के अवतारों का एक समान समादर करने निमित्त में है। इसी समन्वयवादी प्रवृत्ति के आधार पर गुरुग्रन्थ में भिन्न-भिन्न अवतारों को विष्णु स्वरूप मानकर ब्रह्म-ऐक्य की सुदृढ़ भावना का प्रतिपादन हुआ है। भक्तों के उद्धार हित भगवान् के अवतारी चमत्कारिक - चमत्कार-पूर्ण कार्य करते हुए भी दिखाया गया है। बाह्याचार, वर्ण- व्यवस्था तथा जाति-पांति के भेदभाव का गुरु ग्रन्थ में दृढ़ता पूर्वक विरोध किया गया है।

सातवें अध्याय में गुरु ग्रन्थ के शैली पक्ष का अध्ययन प्रस्तुत करते हुए इसके सम्पादन का प्रयोजन बताया गया है। गुरु ग्रन्थ का सम्पादन भी ऋग्वेद के सम्पादन की भांति इसकी वाणी के पाठ को प्रामाणिक एवं अखण्ड निर्बाध स्वरूप में सुरक्षित रखना था। गुरु ग्रन्थ की रचना शैली पर गोरख वाणी अर्थात नाथ योगियों की सबदियों-वाणियों की पदावली एवं गीतात्मकता का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित करते हुए, गुरु ग्रन्थ की शैली की विलक्षणता का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। योगियों की प्रतीक-योजना, लोक-सुलभ-उपमानों तथा प्रतीकरूपकों (उलटबांसियों) का गुरु ग्रन्थ काव्य पर प्रभाव दर्शाते हुए आदि ग्रन्थ काव्य में उनके संशोधित एवं परिमार्जित स्वरूप का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। भगवान् के सर्वशक्तिमान् (पातशाह) तथा पारब्रह्म (तैहरी) स्वरूपों सम्बन्धी प्रतीक रूपकों का अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय संगीत परम्परा के आधार पर नव-रागों की निष्पत्ति वाणी विवरण प्रस्तुत किया गया है।

आठवें अध्याय को दो भागों में विभक्त किया गया है। प्रथम भाग में लोकजीवन में प्रचलित काव्य-रूपों के आधार पर गुरु ग्रन्थ के रचयिताओं द्वारा पूर्ववर्ती परम्परा के अनुसरण पर इन काव्य-रूपों में ब्रह्म, गुरु, ज्ञान, नाम-सुमिरन आदि को आरोपित कर जिस काव्य-साहित्य की रचना की गई है उसका परम्परा के संदर्भ में विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। डा. रवीन्द्र भ्रमर ने अपने ग्रन्थ 'हिन्दी भक्ति काव्य में लोकतत्व' में इस ओर ध्यान दिया था, परन्तु पता नहीं उन्होंने अपने उपर्युक्त प्रबन्ध में गुरु-ग्रन्थ-काव्य को सम्मिलित क्यों नहीं किया, यद्यपि उनके प्रबन्ध में जिन लोक-काव्य-रूपों का उल्लेख है, उनसे भी अधिक काव्य-रूप आदि ग्रन्थ में उपलब्ध हैं जिनका अध्ययन इस अध्याय में प्रस्तुत किया गया है। आदि ग्रन्थ के पहरे, दिन-रैन, सुचज्जी-कुचज्जी, गुणवंती, बणजारा, करहले, बारहमाहे, थिती, - आलाहणियां, वार, छन्द, अंजुलि, घोड़ियां, आदि लोक-काव्य-रूप अभिव्यंजना के अन्य ग्रन्थों

में कहीं नहीं मिलती। परन्तु 'गोष्टि-काव्य' में इनकी परम्परा उपलब्ध है। संभवतः यह सब गुरु ग्रन्थ काव्य से सम्पर्क न स्थापित होने के कारण ही हुआ है। इसका प्रमाण डॉ. धर्मवीर भारती के इस कथन से भी मिलता है, जो उन्होंने गोष्टी-काव्य की परम्परा के बारे में लिखा है। 'दोहों-चौपाईयों का एक अन्य काव्य रूप भी नाथ-पंथी बानियों तथा कबीर पंथी ग्रन्थों में मिलता है, वह है प्रश्नोत्तरी। गुरु और शिष्य दो समान प्रतिष्ठा के आचार्यों में तत्व-दर्शन, साधना-पद्धति आदि के गहन-तत्वों पर जो बातें हों, उन्हें प्रश्नोत्तरी के रूप में दोहा-चौपाइयों में प्रस्तुत किया जाता है। मछीन्द्र-गोरख-बोध तथा गोरख-दत्त-गुष्टी (गोरख बाणी में संगृहित) इसी प्रकार की कृतियाँ हैं। सन्तों के अभी तक उपलब्ध साहित्य में यह प्रश्नोत्तरी शैली नहीं मिलती, किन्तु पश्चिमी तथा पूर्वी लौकिक अपभ्रंश साहित्य में यह शैली बहुत प्रचलित थी।'' (सिद्ध साहित्य -पृ. 471-72) यदि डॉ. भारती जिस प्रकार अपभ्रंश साहित्य से सम्बन्ध स्थापित कर सके, उसी प्रकार गुरु-ग्रन्थ-काव्य में भी संधि बना सकते तो गोरख-बाणी की रचना 'गोरख-मछीन्द्र-बोध' की शैली एवं पदावली पर आधारित गुरु नानक की *सिध-गोसटि के रूप में प्रश्नोत्तरी की शैली संत-साहित्य में भी प्राप्त हो जाती।

आठवें अध्याय के दूसरे भाग में शास्त्रीय छन्दों के परम्परागत स्वरूप के आधार पर दोहा-चौपाई, सोरठा, छप्पय, कवित्त, सवैया, सारादि, 33 के लगभग छन्दों का अध्ययन आदि ग्रन्थ से प्रस्तुत किया गया है।

नवम अध्याय में भक्ति में राग तत्व के स्थान का स्वरूप निर्धारित करते हुए, रागों के आधार पर भक्ति-ग्रन्थों के संपादन की परंपरा को ढूंढने का प्रयत्न किया गया है। भक्ति-काव्य में प्रयुक्त होनेवाला राग-रागिनियों की परम्परा का सिद्धों-नाथों से लेकर अध्ययन प्रस्तुत करते हुए, गुरु-ग्रन्थ-काव्य में उनके स्वरूप एवं विकास का विश्लेषणात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है। गुरु-ग्रन्थ की बाणी की रागों के आधार पर सम्पादन योजना एवं राग-क्रम पर विचार करते हुए ''सिरी-राग'' को इसमें प्रथम स्थान देने और रागमाला में ''भैरोराग'' के प्रथम लिए जाने पर भी विचार किया गया है। ''रागमाला'' की प्रामाणिकता पर भी विचार किया गया है और कहा गया है कि रागमाला गुरुबाणी तो नहीं परन्तु इसके प्रक्षिप्त होने का सन्देह भी भ्रमपूर्ण एवं निराधार है, क्योंकि यह रचना जायसी की पद्मावत में आने वाली रागमाला की शब्दावली से पर्याप्त साम्य रखती है, जिससे यह दोनों रचनाएं किसी पूर्ववर्ती रचना से प्रेरित प्रतीत होती है, संभवतः जिस पूर्ववर्ती रचना का अधिक प्रामाणिक स्वरूप आदिग्रन्थ में सुरक्षित है, जो गुरु नानक देव जी द्वारा अपने पर्यटन काल में भक्तबाणी के साथ ही एकत्रित किया गया प्रतीत होता है।

---

* राग राम कली में गुरु नानक देव की सिध गोसटि आदि ग्रन्थ पृष्ठ 938 से 946 पर है।

दसवें अध्याय में गुरु ग्रन्थ की भाषा के स्वरूप एवं परम्परा का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। बाबा फरीद, जयदेव, नामदेव, कबीर, गुरु नानक तथा उनके अनुयायियों की भाषा के स्वरूप का अध्ययन प्रस्तुत करते हुए हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि गुरु नानक के पश्चात् उत्तरोत्तर हिन्दी भाषा का प्रयोग बढ़ता जाता है। पंचम गुरु तक पहुंच कर पंजाबी और मिश्रित भाषा शैली की अपेक्षा हिन्दी भाषा शैली का प्रयोग स्पष्टतः अधिक हो जाता है। इस अध्याय में गुरुवाणी की भाषा का लोक-भाषा के स्वरूप परिवर्तन की परम्परा के आधार पर वैज्ञानिक विश्लेषण भी प्रस्तुत किया गया है।

ग्यारहवें अध्याय में गुरु-ग्रन्थ साहब से लगभग 57 अलंकारों का शास्त्रीय परम्परा के आधार पर अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह अलंकार इन सन्तों तथा गुरु कवियों ने खोज कर नहीं बैठाए। उन्हों ने अपने सहज भावों को विचारों की बौद्धिकता तथा कल्पना की रंगीनी से रंजित कर ऐसी संगीतात्मकता प्रदान की है जो अनायास ही काव्य-प्रकार, भाषा-छन्द-अलंकार आदि के अनुरूप बन गई है। यह अन्विति ही भारतीय साहित्य की परम्परागत दायाद्य है।

बारहवें अध्याय में उपर्युक्त विवेचन के आधार पर परम्परागत तत्वों की उपलब्धियों का स्वरूप निर्धारित करते हुए इन तत्वों द्वारा गुरु ग्रन्थ काव्य के सार्वभौमिक सन्देश का स्वरूप दर्शन किया गया है। 'यह संसार एक कृषि है— यहां जो बोता वही काटता है'— अतः 'सुकृत-धर्म' ही आदि-ग्रन्थ के भक्ति-काव्य का केन्द्रीय-सन्देश है। सत्य-मार्ग पर चलते हुए निष्कपट भाव से किए गए कार्यों द्वारा ही संसार की समस्त समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। केवल इसी प्रकार ही विश्व-शान्ति का स्वप्न साकार होते देखा जा सकता है।'

गुरु-ग्रन्थ-काव्य की परंपरा के जिन तत्वों के स्वरूप का विवेचन आगामी पृष्ठों पर प्रस्तुत किया गया है तथा जिस की संक्षिप्त रूप-रेखा इस प्रस्तावना में दी गई है, यह उस चिंगारी का परिणाम है जो वर्षों से मेरे अन्तस् में सुलग रही थी, परन्तु वह तभी जाकर प्रदीप्त हुई, जब मुझे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का मार्ग-निर्देशन प्राप्त हुआ तथा डा० इन्द्र नाथ मदान ने उसे व्यवस्थित रूप दिया, जिसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूं।

डा० धर्म पाल मैनी जी का भी मैं ऋणी हूं, जिन्हों ने अपने प्रौढ़ अनुभव एवं सन्त-साहित्य के विस्तृत-अध्ययन के प्रकाश द्वारा न केवल इस प्रबन्ध को प्रस्तुत रूप देने के लिए मेरे मार्ग को आलोकित किया, अपितु मुझ जैसे पारिवारिक उलझनों में उलझे हुए व्यक्ति को समय-समय पर अपने हस्तगत-कार्य को करने का प्रोत्साहन देते रहे, तब जा कर कहीं पूरे पांच वर्षों में यह क्रम पूरा हुआ।

मैं अपने कालिज के पुस्तकालय के स्टाफ का हार्दिक धन्यवाद करता हूं, जिन्हों ने

इस प्रबन्ध को संपूर्ण करने में यथेष्ट योग प्रदान किया।

आज का भारतीय समाज मात्र सम्प्रदाय में आबद्ध न रह गुरुवाणी को यदि भारतीय परम्परा के आलोक में देखना आरम्भ करदे तो मुझे अपने कार्य से विशेष संतुष्टि प्राप्त होगी।

विनीत,

पंजाबी विभाग,
गवर्नमेंट कालिज, गुरदासपुर (पंजाब)
सितम्बर 15, 1968

सुरेन्द्र सिंह बिलखू
सुरेन्द्र सिंह बिलखू
15.9.68

श्री गुरु ग्रंथ साहब में परंपरागत तत्वों का अध्ययन

१- परंपरागत तत्व- श्री गुरु ग्रंथ साहब में उनका स्वरूप परंपरा क्या है? साहित्य में परंपरागत-तत्व तथा उनका स्वरूप आदि ग्रंथ से पूर्ववर्ती संत-साहित्य की सामान्य विशेषताएं- दर्शन पक्ष- साधना पक्ष- सामाजिक पक्ष- पौराणिक पक्ष- राग पक्ष- छन्द तथा काव्य-प्रकार- शृंगार- लोक-भाषा-अलंकार पृ- 1 से 11

२- श्री गुरु ग्रंथ साहब से पूर्व के संत-साहित्य की सामान्य विशेषताएं

संत गुरु श्री अर्जुनदेव- द्वारा ग्रंथ-संपादित दृ-[illegible]। जैन साहित्य (अपभ्रंश-साहित्य-१) आध्यात्मिक रचनाएं- दर्शन: ब्रह्म-आत्मा-माया। साधना पक्ष: नाम सुमिरन- सत्संग-ज्ञान-शील-शुद्धि-विनय- त्याग-दुष्कर्मों का त्याग-दया धर्म-वैराग्य। काव्य पक्ष-रूप पक्ष-अलंकार। बौद्ध सिद्धों का साहित्य (अपभ्रंश साहित्य-२) बौद्ध धर्म- [illegible]-हीनयान- [illegible]-वज्रयान-सहजयान। दर्शन: [illegible]-आत्मा- साधना पक्ष: [illegible] बाह्याचारों का विरोध- [illegible]। काव्य पक्ष-भाव पक्ष-[illegible] राग पक्ष- अलंकार। नाथ-योगी साहित्य- नाथ पंथ- सिद्ध तथा नाथ पंथ में? दर्शन: [illegible] रचना-[illegible]। साधना पक्ष: [illegible]- [illegible]-पाखण्ड का विरोध- [illegible] विरोध। काव्य पक्ष- रूप पक्ष। नाथ साहित्य में संत साहित्य की झलक: [illegible]- [illegible] रूप-गुण [illegible]- अलंकार। पूर्व मध्यकालीन संत साहित्य- दर्शन: ब्रह्म की स्थिति एवं स्वरूप- जीवात्मा-[illegible]-माया- [illegible]। साधना पक्ष: भगवान् की [illegible]-[illegible]-[illegible] [illegible]-[illegible] कर्म- मनुष्य जन्म [illegible]- [illegible] विरोध। [illegible] पक्ष-[illegible]- अलंकार एवं प्रतीक [illegible]- [illegible]- आदि ग्रंथ के [illegible] का परस्पर आदान प्रदान- उपसंहार। पृ० 12 से 99

३- श्री गुरु ग्रंथ साहब का दर्शन पक्ष:

दर्शन: ब्रह्म-विचारधारा का [illegible]-परंपरागत स्वरूप- [illegible] ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य देव छूटे हैं- आदि ग्रंथ से पूर्ववर्ती संत-साहित्य में ब्रह्म का स्वरूप एवं स्थिति- आदि ग्रंथ में ब्रह्म का स्वरूप एवं स्थिति-निर्गुण की सगुण स्थिति- गीता तथा भगवान् के गुण- जीव [illegible]-आत्मा- गीता और [illegible]-[illegible] [illegible] इनकाँ द्वारा आत्मा का प्रतिपादित स्वरूप- प्रकृति ([illegible]) परंपरागत स्वरूप-

B)

आदि ग्रंथ और प्रकृति- माया (त्रिगुणात्मक रचना) परंपरागत स्वरूप- आदि ग्रंथ और प्रकृति। हउमैं अहंकार- परंपरागत स्वरूप-नाथ साहित्य में हउमैं-आदि ग्रंथ और हउमैं- मन- परंपरागत स्वरूप-जैन तथा नाथ साहित्य में मन का स्वरूप-आदि ग्रंथ में मन का स्वरूप। आवागमन- परंपरागत स्वरूप-सिद्ध तथा नाथयोगी साहित्य में आवागमन- आदि ग्रंथ में संत तथा गुरु कवि और आवागमन।

पृ० 100 से 165

४- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साधना पक्ष:

साधना के प्रकार-सात्त्विकी साधना-राजसी भक्ति-तामसी भक्ति-निर्गुण भक्ति। वैदिक साधना-भक्ति का [illegible] स्वरूप-उत्तरवैदिक कालीन भक्ति-षट दर्शन और भारतीय साधना-पुराणों में भक्ति- शाण्डिल्य भक्ति सूत्र तथा नारद भक्ति सूत्र- गीता में भक्ति- योग-ज्ञान-कर्म-भक्ति- धर्म तथा ज्ञान का समन्वय-वैष्णव भक्ति का विकास- [illegible]।

गुरमति साधना मार्ग- परंपरागत [illegible]- वैदिक साधना पद्धति से [illegible]-वेदों का प्रतिपाद्य विषय और आदि ग्रंथ-साधना मार्ग साधना और आदि ग्रंथ-भगवान् को प्राप्त करने का एक मात्र साधन भक्ति-आदि ग्रंथ और भक्ति-परंपरागत प्रेम मार्ग और आदि ग्रंथ का भक्ति मार्ग-परंपरागत नवधा भक्ति और आदि ग्रंथ में उसका स्वरूप-नारद भक्ति सूत्र में भक्ति के ग्यारह प्रकार- नवधा भक्ति के अतिरिक्त- [illegible]-भक्ति परंपरा में अन्य मुख्य अंग- श्रीमद् भागवत के अंग- नारद भक्ति सूत्र के अंग-शाण्डिल्य भक्ति सूत्र के अंग-भक्ति-रसामृत-सिंधु के अंग- इन चारों ग्रंथों में भक्ति तत्त्वों का संक्षिप्त स्वरूप-भक्ति का १० [illegible] साधक [illegible] तत्त्व। उनका आदि ग्रंथ में स्वरूप। [illegible]: नित्य नैमित्तिक कर्मों का आत्म-समर्पण प्राणियों में भगवान् की भावना, [illegible]-धर्म और [illegible] का [illegible]- [illegible] का [illegible]- [illegible]- [illegible] निवृत्ति का पालन, गुरु कृपा- [illegible]-नाम जाप। [illegible]: [illegible], विषयासक्ति-चिंता-दुष्टों का संग, [illegible], [illegible], आडंबर-[illegible]। गुरमति साधना और योग साधना-राज योग- [illegible]- प्राणायाम-ध्यान-धारणा-समाधि [illegible]-कुंडलिनी योग, [illegible] योग- गुरमति साधना-[illegible]- [illegible]। [illegible]।

पृ० 166 से 267

५-श्री गुरु ग्रंथ साहब और समाज:

समाज के मुख्य तत्त्व- उनका स्वरूप। राजनीतिक स्थिति- बाबर का आक्रमण- बाबर के आक्रमण के समय भारत की अवस्था- बाबर का अत्याचार- गुरु नानक और सिख गुरु- गुरु ग्रंथ की तत्कालीन राजनीतिक स्थिति के प्रति प्रतिक्रिया। धार्मिक स्थिति वैष्णव धारा- निर्गुण मत की ज्ञानाश्रयी धारा- हठयोग की धारा- सूफी प्रेममार्गी धारा- इस्लाम की एकेश्वरवादी धारा- आदि ग्रंथ द्वारा कलि युग के रूप में भागवत धर्म की पुनर्स्थापना। पारिवारिक स्थिति- संस्कार परक जीवन- स्वर्ग नरक- स्त्री का समाज में स्थान। नैतिक स्थिति- सत्य का लोप- झूठ का साम्राज्य- नैतिक पतन- आदि ग्रंथ में नैतिकता का स्वरूप। आर्थिक स्थिति- पूंजीवादी समाज की बुराइयाँ- अमीर गरीब का अंतर- निर्धन का अनादर- वर्ग समाज में श्रमिक का शोषण- आर्थिकता का आदि ग्रंथ में स्वरूप। व्यवहारिक स्थिति- दिनचर्या- हिन्दुओं तथा मुसलमानों का नित्य का जीवन- रीति रिवाज- वस्त्र-भवन- व्यापार- खान पान। संख्यापरक पद्धति (सांस्कृतिक परंपरा) १- परमात्मा २- गुरु- शीश [illegible] चांद- सूरज सभी आदि ३- तीन क्रियाएं योगियों की- ताप- पद- लोक- देव- नदियां ४- वेद- युग- अवस्थाएं- वर्णाश्रम- पदार्थ- त्रिविध- दिशाएं- प्राणियां- मुक्तियां- सूफी मत के मार्ग ५- ज्ञानेंद्रियां- कर्मेन्द्रियां- तत्त्व- प्राण- तन्मात्र- विकार- सभाएं। ६- दर्शन- धर्म- चक्र- दिशाएं- यती- भेष- राग- ऋतुएं। ७- वार- धातु- [illegible]- पाताल- द्वीप- पुरियां- सुर। ८- धातु- सिद्धियां- रागपुत्र- पहर। ९- गृह- द्वार- ध्वनियां- नवधा भक्ति- द्रव्य- [illegible]- नाथ। १०- अवतार- इन्द्रियां- दशाएं पुरुष की- दिशाएं- पर्व- सन्यासियों के मार्ग- वायु। १२- योगियों के पंथ- सोने की कान्तियां- योजन- महीने- सूर्य- चक्र। १३- [illegible]। १४- रत्न- लोक। १५- तिथि। १६- चक्र- श्रृंगार- कलाएं। १७- आदि ग्रंथ के भाट कवि। १८- पुराण- भार वनस्पति- सिद्धियां सांपों के कुल। २०- [illegible]। २१- [illegible]- कुल (गोत्र) २४- एकादशियां वर्ण भर में। २५- प्रकृतियां। ३०- मास के दिन। ३१- गुरु ग्रंथ के राग। ३२- लक्षण- स्त्री- पुरुष- राजा के। ३३- तैंतीस कोटि देवता। ३४- [illegible]। ३६- भोजन के प्रकार- [illegible] के युग। ५२- [illegible]- कोटि रोमावली। ६०- शारीरिक [illegible]- संवत। ६४- [illegible]- कलाएं। ६८- तीर्थ। ७०- [illegible]- के [illegible]। ७२- शरीर के कोष्ठ। ८४- सिद्ध- लाख योनियां- नरक। आदि ग्रंथ के रचयिताओं का इन संख्याओं के प्रति प्रतिक्रिया।

ऐतिहासिक विवरण- बाबर का आक्रमण- [illegible] दूरी को और [illegible]- नामदेव, [illegible] खाना की तत्कालीन मुसलमानों द्वारा यातनाएं- बाबर द्वारा गुरु नानक को बन्दी बनाना, राजे [illegible]- [illegible] चाटुकार- प्रजा [illegible] तथा [illegible] करने वाली- रिश्वत तथा अन्याय- आदि ग्रंथ की तत्कालीन ऐतिहासिक दशा के प्रति प्रतिक्रिया। सुधार तथा क्रान्ति- गुरु नानक का क्रान्ति [illegible]।

भौगोलिक चित्रण- संसार की उत्पत्ति विषयक- सूर्य चांद-तारा। [illegible]
स्थिति के संबंध में विचार- ऋतुएँ तथा दिन रात का चित्रण। [illegible]
स्थिति- रात दिन- [illegible]- आकाश- पाताल- पृथ्वी [illegible]- वायु [illegible]
आदि गुरु विधान। उपसंहार। पृ० 268 से 336

६- श्री गुरु ग्रंथ साहब में पौराणिक तत्व:

आदि ग्रंथ और पुराण- पौराणिक तत्वों का स्वरूप तथा उनकी विवेचना-
आस्तिकता- अवतारवाद- [illegible]- [illegible] भावना- चरित्र चित्रण
[illegible]- चमत्कारवाद और चरित्र विचित्रता- वर्णाश्रम विधान- [illegible]
और पूजाचार-उपासनात्मकता- परंपरा का [illegible]- उपसंहार।

पृ० 337 से 381

७- श्री गुरु ग्रंथ साहब का शैली पक्ष?

गुरु ग्रंथ का संपादन- संपादन का प्रयोजन- [illegible] विश्लेषणात्मक-
शब्दावली तथा पदावली की परंपरा- तथा उसका विकास- और [illegible]
प्रतीक योजना (क) साधारण प्रतीक (ख) [illegible] प्रधान प्रतीक- [illegible] उपमानों
के रूपक- [illegible] तथा प्रतीक रूपक- उलटबांसियों की परंपरा- आदि ग्रंथ में
उलटबांसियों का स्वरूप- [illegible] चित्र योजना- [illegible]
[illegible]-व्यापार परक रूपक- [illegible]
रस संयोजना- आदि ग्रंथ के रचनाकारों का भाव निरूपण- रस निष्पत्ति-शृंगार-
(विप्रलंभ- संयोग) हास्य- रौद्र- करुण- वीर- वात्सल्य- भयानक- अद्भुत तथा
शांत। उपसंहार- शैली की [illegible] एवं प्रभाव।

पृ० 382 से 451

८- श्री गुरु ग्रंथ साहब के लोक काव्य प्रकार एवं छन्द योजना:

लोक काव्य प्रकार- लोक काव्य तथा छन्द का पारस्परिक संबंध- गुरुबाणी में
छन्द का स्थान। (क) लोक काव्य प्रकार- वर्णमाला [illegible] काव्य: [illegible]
पट्टी। [illegible] काव्य: बारामाह- [illegible]- थिती-दिन-[illegible]- सतवार- [illegible]-
[illegible]- गुणवंती। [illegible]- [illegible]। [illegible] काव्य: [illegible]-
[illegible]- [illegible]- [illegible]- [illegible]। [illegible] पर [illegible]
काव्य: [illegible]- [illegible]- [illegible]- [illegible]। छन्द प्रकार के [illegible]:

ओंकार- गोष्टि- गाथा- फुनहे- सद्-मुंदावणी-निरबै-वारां। लोक काव्य तथा संत-काव्य- मूल भेद।

गुरु ग्रंथ का छन्द योजना: १-दोहा २-चौपाई ३- सोरठा ४-छप्पय ५-सवैया ६-सवैया ७- सार ८- झूलना ९-रड्ड १०-गाथा ११-उल्लाला १२- अष्टपदी १३-हरिगीता १४- गीता १५- चनकला १६- चौबोला १७-हालाणा १८- छन्त १९-ताटंक २०- तोमर २१- मालिनि २२- मरहठी २३- हंसगति २४-कुण्डला २५- भुजाव्य २६-निशानी २७- पौड़ी २८- पुन: २९-पंचानन ३०-प्रमाणिका अथवा नगस्वरूपिणी ३१-राधिका ३२-उपमान ३३- रेखता ।

पृ० 452 से 576

९- श्री गुरु ग्रंथ साहिब का राग पक्ष:

भक्ति में राग तत्व का स्थान- रागों पर आधारित ग्रंथ संपादन की प्राचीन परंपरा- भक्ति काव्य की राग रागिनियों की परंपरा- संत काव्य में प्रयुक्त राग रागिनियों के प्रकार तथा उनकी विकास परंपरा- सिखों नागों का योगदान- आदि ग्रंथ और राग। गुरु ग्रंथ की वाणी तथा उसका राग तत्व संबंध। गुरु ग्रंथ में राग क्रम तथा उसका रागमाला से संबंध। आदि ग्रंथ की रागमाला पर विचार- उपसंहार। पृ० 577 से 605

१०- श्री गुरु ग्रंथ की भाषा:

भाषा का स्वरूप- भाषा की परंपरा- भाषा की विविधता- गुरु ग्रंथ की भाषा का परंपरागत विकास- बाबा फरीद की भाषा- जयदेव की भाषा- नामदेव की भाषा- कबीर की भाषा- गुरु ग्रंथ की भाषा का स्वरूप। वज्रयानी गुरुओं की परंपरा- कृष्ण- काम-कान्ह-गुरु आदि गुरुओं का वज्रयानी तथा परवर्ती संत-साहित्य में स्वरूप। आदि ग्रंथ की भाषा का वैज्ञानिक विवेचन। मात्रा भेद: दीर्घ से ह्रस्व होना- ह्रस्व से दीर्घ होना। विपर्यय: स्वर विपर्यय- व्यंजन विपर्यय। लोप: स्वरलोप: आदि स्वरलोप- मध्य स्वरलोप- अंत स्वरलोप। व्यंजन लोप: आदि व्यंजन लोप- मध्य व्यंजन लोप- अंत व्यंजन लोप। आगम: स्वरागम- आदि स्वरागम- मध्य स्वरागम- अंत स्वरागम। व्यंजनागम: आदि व्यंजनागम- मध्य व्यंजनागम- अंत व्यंजनागम। मनोभावों के आधार पर विकृत होने वाले शब्दों के रूप- लघु बहुलता एवं विशेष रूपता। आदि ग्रंथ में विभिन्न भाषाओं के शब्द तत्सम- तद्भव भाषा के शब्द- अर्धतत्सम- उक्त गुरुमुख- मध्यम

पुरुष- अन्य पुरुष- संबंध वाचक- निश्चय वाचक- प्रश्नवाचक- [illegible] कालवाचक- [illegible]वाचक- प्रकारवाचक- परिमाणवाचक तथा संख्यावाचक- [illegible]वाचक। [illegible] तथा अन्य भाषाओं का प्रभाव- उपसंहार।

पृ० 606 से 643

११- श्री गुरु ग्रंथ साहब का अलंकार विधान:

अलंकार की परंपरा- अर्थालंकार: १- अतद्गुण २- [illegible] ३- [illegible] ४- अनुज्ञा ५- अर्थान्तरन्यास ६- [illegible] ७- अवज्ञा ८- असंगति ९- [illegible] १०- उदार ११- उत्प्रेक्षा १२- उदात्त १३- उपमा १४- उल्लास १५- उल्लेख १६- कारणमाला १७- काव्यलिंग १८- [illegible] १९- तुल्ययोगिता २०- दीपक- कारक दीपक- माला दीपक- आवृत्ति दीपक २१- दृष्टांत २२- निदर्शना- २३- परिकर २४- परिकरांकुर २५- परिणाम २६- परिवृत्ति २७- परिसंख्या २८- [illegible] २९- उदाहरण ३०- प्रस्तुतांकुर ३१- प्रहर्षण ३२- प्रतिषेध ३३- [illegible] ३४- [illegible] ३५- [illegible] ३६- युक्ति ३७- रत्नावली ३८- रूपक ३९- रूपकातिशयोक्ति ४०- [illegible] ४१- [illegible] ४२- लोकोक्ति ४३- [illegible] ४४- विचित्र ४५- विभावना ४६- [illegible] ४७- [illegible] ४८- विशेष ४९- [illegible] अथवा [illegible] ५०- विरोधाभास ५१- [illegible] ५२- [illegible] शब्दालंकार: ५३- [illegible] ५४- अनुप्रास ५४- यमक ५५- [illegible] ५६- श्लेष ५७- [illegible] - उपसंहार।

पृ० 644 से 687

१२- उपसंहार:

सामान्य पृष्ठभूमि- उपलब्धियां- [illegible] सद्गुरु का [illegible] क्या है? सद्गुरु द्वारा [illegible] नाम [illegible] का स्वरूप। [illegible]- अलंकार- [illegible] राग [illegible] उपर्युक्त [illegible] आदि ग्रंथ का [illegible] है [illegible] सार्वभौमिक [illegible]ता।

पृ० 688 से 701

13- Bibliography- page 702 to 710.

[illegible]

१- परम्परागत तत्व- श्री गुरु ग्रंथ साहब में उनका स्वरूप

धुर की बाणी आई जिनि सगली चिंत मिटाई ।।
दइआल पुरख मिहरवाना। हरि नानक साचु वखाना।।सोरठ म:५
आदि ग्रंथ पृष्ठ: 628.

गुरु ग्रंथ साहब अपने आप में एक वेद है। वेद ग्रंथ के विषय में परंपरागत ज्ञान है।... जब तक कोई मनुष्य भारतीय चिंतन संबंधी पुस्तकों के परंपरागत ज्ञान को प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक उस के लिये श्री गुरु ग्रंथ-रूप -वेद को समझना कठिन है।

डा० तारन सिंह

१-[illegible] पृ० १६

२-श्री गुरु ग्रंथ साहिब दा साहित्यिक इतिहास पृ०३१

श्री गुरु ग्रंथ साहब में परंपरागत तत्त्वों का अध्ययन

परंपरा किसे कहते हैं: परंपरा का अर्थ स्पष्ट करते हुए डा० [illegible] विवेचन [illegible] ने लिखा है, 'परंपरा का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ है: वे रीति [illegible], संस्कारगत रूढ़ियां, धार्मिक मान्यताएं, और अभिव्यंजना की प्रणालियां, जो एक [illegible] को [illegible] से प्राप्त होती हैं।'[1]

परंपरा साहित्य की विकास प्रक्रिया का मूलाधार है। जिस प्रकार कोई भूमि कितनी ही शक्ति-सम्पन्न क्यों न हो, फिर भी वह बीज के अभाव में पौधे का सृजन व विकास नहीं कर सकती, उसी प्रकार कोई भी साहित्यकार अपनी अपार सृजन क्षमता के होते हुए भी परंपरा से कुछ ग्रहण किए बिना साहित्य के विकास में योग नहीं दे सकता।[2] परंपरा को स्रोत के रूप में स्वीकार करते हुए डा० [illegible] ने लिखा है, जब हम कहते हैं कि अमुक पुस्तक किसी अन्य पुस्तक की रचना का स्रोत है तो वह पुस्तक उस रचना के लिये किसी प्रकार की प्रेरणा दे रही होती। साहित्यिक रूप तथा शैली की प्रेरणा के भाव तो स्पष्ट होते हैं, परन्तु विचार की प्रेरणा से दोनों का भिन्न तथा भिन्न रूप में व्यवहार करते हैं।[3]

श्री गुरु ग्रंथ साहब में परंपरागत तत्त्वों के संबंधित जिन मुख्य प्रश्नों का अध्ययन हमारे इस प्रबंध का प्रतिपाद्य विषय है, उन को मुख्यतः तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है (१) दर्शन पक्ष, (२) भाव पक्ष, (३) काव्य पक्ष। किसी रचना का केन्द्रीय विषय वस्तु, उसका भाव पक्ष विधान, उसकी शैली तथा अन्य तत्त्वों का संकलन-विकल्प परंपरा से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। परंपराओं के केन्द्रीय विषय, प्रकृति, नारी, [illegible] पुरुष, समाज, विविध विचार, घटनाएं आदि- समय समय पर बदलते रहते हैं, जिन से अनेक भाव रूप एवं उनकी शैली में भी परिवर्तन आ जाता है। जब परंपराएं सूक्ष्म तत्त्वों पर केन्द्रित होती हैं तो उनके आधार रूप भी तदनुकूल होते हैं, परन्तु स्थूल एवं विस्तृत विषयों पर केन्द्रित होने पर उनके आकार में भी विस्तार आ जाता है। विभिन्न काव्य रूप मुक्तक, गीति, प्रबन्ध आदि इसी सूक्ष्मता एवं स्थूलता के द्योतक हैं। इसी प्रकार उन्हीं शैलियों में भी मूल प्रवृत्ति एवं विचार की व्याख्या करते समय भी उनकी मूलभूत चेतना

१- साहित्य का इतिहास दर्शन पृ० [illegible], [illegible] शर्मा [illegible] का वैज्ञानिक विवेचन पृ० [illegible] पर उद्धृत।

एवं तत्संबंधी प्रवृत्तियाँ, उनके आधारभूत पक्ष, उनके केन्द्रीय विषय, उनकी रूपगत विशिष्टता एवं उनकी शैली संबंधी प्रवृत्तियों को ध्यान में रखना चाहिए। जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की आन्तरिक चेतना, उसके बाह्य स्वरूप एवं उसकी विभिन्न प्रवृत्तियों में अपनी विशिष्टता होती है, वैसे ही प्रत्येक परंपरा की भी अपनी विशेषता होती है, जो उसके विभिन्न पक्षों, विभिन्न रूपों एवं विभिन्न प्रवृत्तियों के रूप में व्यक्त होती है।[४]

उपर्युक्त विवरण के आधार पर हम साहित्यिक परंपरा के तत्वों को निम्नलिखित अंगों में विभक्त कर सकते हैं:-

१- विचार पक्ष, जिसमें चिन्तन और मनन दोनों सम्मिलित हैं।

२- भाव पक्ष। ३- शैली पक्ष। ४- रूप पक्ष। ५- उपलब्धियां।

इन तत्वों में विषय-वस्तु, विचार, तथा भाव, साहित्य का आन्तरिक स्वरूप है तथा शैली एवं रूप पक्ष बाह्य स्वरूप है। इन दोनों स्वरूपों के सम्मिलित प्रभाव को उपलब्धियों के अन्तर्गत रखा जायेगा। डा० गणपति चन्द्र गुप्त ने अपने ग्रंथ साहित्य के तत्व में वस्तु तत्व, भाव तत्व, विचार तत्व, कल्पना तत्व इन चार भागों में साहित्य के तत्वों का विभाजन किया है। वस्तु तत्व के अंतर्गत उस उपादान सामग्री का विवेचन होता है, जिससे साहित्य का निर्माण होता है। यह जिसका स्थानान्तरित एवं व्यवस्थित रूप साहित्य है।[५] भावतत्व के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की ऐसी अनुभूतियों एवं मानसिक दशाओं का समावेश किया जाता है, जिनमें भाव का अस्तित्व किसी न किसी मात्रा में होता है।[६] मनुष्य मन के सभी भावों को मूलत: आकर्षण-विकर्षण से ही विकसित माना गया है।[७] इस प्रकार आकर्षण विकर्षण से मूलत: नौ भावों की सृष्टि मानी जा सकती है।[८] विचार तत्व का स्वरूप निर्दिष्ट करते हुए डा० गणपति चन्द्र गुप्त लिखते हैं, 'विचार का सदा किसी न किसी समस्या, लक्ष्य या उद्देश्य से संबंध रहता है। समस्या-समाधान लक्ष्य-प्राप्ति या उद्देश्य-पूर्ति के निमित्त किया गया चिंतन ही, वस्तुत: विचार होता है। अन्यथा वह कल्पना मात्र रह जाता है।'[९] कल्पना तत्व को साहित्य विवेचकों ने मूल-सर्जन-शक्ति, व्यक्ति की चेतना से प्रेरित क्रिया, आत्म-चैतन्य युक्त, आत्मानुभव की क्षमता से परिपूर्ण, चेतन और अचेतन की संयोजक, व्यक्ति और विषय में संपर्क-स्थापक आदि रूपों में स्वीकार किया है।[१०]

२- हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास- पृ० ३६

३- डा० तारन सिंह- पंजाबी साहित ते साहितकार- पृ० २०

४- डा० गणपति चन्द्र गुप्त-हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास पृ०४२-४३।

आदि ग्रंथ के साहित्यिक अध्ययन के लिये साहित्य के तत्वों के उपर्युक्त विवेचन के आधार पर, परंपरागत तत्वों को निम्नांकित रूप में स्वीकार किया जा सकता है:-

विचार पक्ष अथवा दर्शन : डा० त्रिलोकी प्रसाद दीक्षित ने अपने ग्रंथ मध्यकालीन हिन्दी सन्त-विचार और साधना में सन्त साहित्य की विचारधारा के जिन तत्वों का उल्लेख किया है, उनमें, ब्रह्म, जीवात्मा, जगत्, प्रकृति, माया, आदि का समावेश किया है।[११] सन्त साहित्य की विवेचना में मन, कर्म, तथा आवागमन की समस्याओं के समाधान विशेष रूप से व्यक्त किए गए हैं, अतः उन को भी विचार पक्ष में ही लेना ठीक होगा। साधना पक्ष भी समस्याओं का समाधान ही है, अतः भक्ति का स्वरूप भी विचार तत्व के ही अंतर्गत है।

भाव तत्व: विचार और भाव में सब से पहला अन्तर दोनों से संबंधित मानसिक प्रक्रियाओं का अंतर है। हमारी समस्त मानसिक प्रक्रियाओं को मनोविज्ञान के अनुसार ज्ञानात्मक,वेदनात्मक तथा चेष्टात्मक इन तीन स्थूल पक्षों में विभाजित किया जाता है इनमें से विचार का संबंध हमारी चेतना के ज्ञानात्मक पक्ष से है जबकि भाव का वेदनात्मक पक्ष से।[१२] मानसिक प्रक्रिया के इस वेदनात्मक पक्ष में मांसेलिक बिम्बों एवं प्रतीकों के अप्रत्यक्ष स्वरूप, तथा वस्तुओं के रूपगुणों को समग्र रूप में ग्रहण किया जाता है।[१३] इस प्रकार भाव पक्ष के इस वेदनात्मक स्वरूप की अभिव्यक्ति सन्त साहित्य में एक विशेष प्रकार की विलक्षण शैली में हुई है। इस शैली की शब्दावली, पदावली, प्रतीक योजना, बिम्ब-चित्र-योजना, अलंकार विधान, रस-संयोजन तथा राग-तत्व की भी एक विशिष्ट परंपरा है। जिसने आदि ग्रंथ-पाठ के भाव-पक्ष को प्रभावित किया है।

वस्तु तत्व: वस्तु तत्व का संबंध विशेषतः उन परिस्थितियों से होता है, जिनसे किसी साहित्य का जन्म होता है। इन परिस्थितियों को वातावरण भी कहा जा सकता है। इस संबंध में विद्वानों का विचार है, परंपरा रूपी बीज सर्जनात्मक व्यक्तित्व की उर्वर भूमि में वपित होकर नये पौधों के रूप में विकसित होता है, किन्तु उसके लिये उसे कुछ तत्वों की और अपेक्षा होती है: वे तत्व हैं- जल-वायु, प्रकाश आदि। इन्हीं के समूह को हम यहां वातावरण की संज्ञा दे सकते हैं। कोई भी परंपरा वातावरण से प्रेरणा पाए बिना उद्दीप्त एवं सक्रिय नहीं हो सकती, इतना ही नहीं उसकी भावी प्रगति एवं उसके सम्यक् विकास के लिये भी संबंधित वातावरण के चार पक्ष निर्धारित किये जा सकते हैं (१) युग विशेष की सामान्य परिस्थितियां (२) साहित्यकार की विशेष परिस्थितियां (३) साहित्यकार

के पाठकों पर विशेष वर्ग (४) विशिष्ट रचना से संबंधित विशेष प्रेरणा स्रोत।[14]

वस्तु रचना के उपर्युक्त कारणों के अनुसार हम आदि ग्रंथ के निम्नलिखित प्रकारों को ले सकते हैं:-

(१) युगविशेष की सामान्य परिस्थितियां:- (क) राजनीतिक (ख) धार्मिक (ग) सांस्कृतिक (घ) पारिवारिक (ङ) आर्थिक, (च) नैतिक (छ) व्यावहारिक (ज) वैज्ञानिक।

(२) साहित्यकार की विशेष परिस्थितियां। आदि ग्रंथ के साहित्यकारों की विशेष परिस्थितियां विशेषतः धार्मिक, नैतिक, व्यावहारिक तथा राजनीतिक अवस्थाओं से संबद्ध हैं, परन्तु युग विशेष की सामान्य सभी परिस्थितियों ने आदि-ग्रंथ के साहित्य को प्रभावित किया है।

(३) वर्ग विशेष के पाठकों पर विशेष वर्ग: आदि ग्रंथ एक संप्रदाय का शास्त्र का गुरु ग्रंथ है। सम्प्रदाय का पूज्य विशाल ग्रंथ में विश्वास तथा उसके साथ सम्बन्धित का एक विशिष्ट व्यावहारिक रूप है। इसलिये गुरु ग्रंथ केवल सिक्खों का ही ग्रंथ नहीं जो इसे गुरु तुल्य मानते हैं, अपितु यह ग्रंथ उन सब के लिये पूज्य एवं श्रद्धेय है, जो गुरु में विश्वास रखते हैं।

(४) आदि ग्रंथ के प्रेरणा स्रोत: आदि ग्रंथ एक निर्गुण संत साधना का ग्रंथ है। यदि यह कहा जावे कि आदि ग्रंथ में वैदिक काल से लेकर १६वीं सदी ई० तक के धार्मिक विचार एवं भावना के परंपरागत विकास की सब रंग अंकित है, तो यह बिल्कुल ठीक है। आदि ग्रंथ महाभारत, वेद, उपनिषद्, वेदांत दर्शन, श्रीमद्-भागवत, गीता, पुराण-साहित्य, शाण्डिल्य भक्ति सूत्र, नारद भक्ति सूत्र आदि से प्रभावित है। इस संबंध में डा० तारन सिंह लिखते हैं: सिक्ख धर्म अपनी धर्म पुस्तक में ही कुलभारतीय है, और राष्ट्रीय दृष्टिकोण रखता है। गुरु ग्रंथ साहब अपने आप में एक वेद है।[15] वेद के विषय में डा० भनोदय कहते हैं, वेद गुरु के सिवाय में परंपरागत ज्ञान है। जब तक कोई मनुष्य भारतीय विज्ञान संबंधी पुस्तकों के परंपरागत ज्ञान को प्राप्त नहीं कर लेता तब तक उसे भी गुरु ग्रंथ या वेद को समझना कठिन है। यह महान् ग्रंथ का अभिव्यक्ति पुरातन सनातन ज्ञान में से हुआ है, फिर यह ग्रंथ नयी परंपरा को विकास प्रदान करता है। इस प्रकार यह रचना नवीन भी है, परन्तु सर्वथा नवीन नहीं है, क्योंकि इसका मूल तो वेद में है। भारतीय गुरु-विद्या का

५- साहित्य के तत्त्व- पृ० १०५   ६- वही पृ० १०६

७- वही पृ० १४२   ८- वही पृ० [illegible]४

सम्यक् ज्ञान ही किसी मनुष्य को श्री गुरु ग्रंथ साहब की वाणी का बोध कराने में सहायक सिद्ध होगा। इस ज्ञान के बिना श्री भगवान् ग्रंथ के रहस्य को जानना कठिन है।[16] इस के साथ ही सिद्धों, नाथों आदि के कवियों तथा सूफियों ने सन्त काव्य को बहुत प्रभावित किया। उन्हीं की शैली तथा शब्दावली में परंपरागत विचारों को नवीनरूप में प्रस्तुत करते हुए सन्त कवि इन योगियों के मुक्त रूप से ऋणी हैं।

५- रूपक पक्ष: डा० कुन्दनलाल दुग्गल ने लिखा है, 'काव्यरूप मानव-अनुभूति की उस अभिव्यंजना का द्योतक है, जो शब्द के माध्यम से किसी विशिष्ट रूप को ग्रहण करती है। कवि की विशिष्ट अनुभूति जब शब्दों के माध्यम से विशिष्ट शैली में प्रकट होकर, विशिष्ट रूप में अभिव्यंजित होती है, तो उस अभिव्यंजित रूप-विशेष को काव्य रूप की संज्ञा प्राप्त होती है। यह काव्य रूप यद्यपि काव्य का बाह्य रूप ही है, तथापि उसकी आलोचना का मुख्य विषय वह आन्तरिक अनुभूति ही होती है, जिसने उस बाह्य रूप में अपने आप को अभिव्यक्त किया है।'[17]

आदि ग्रंथ काव्य मुख्यतः गीति-काव्य है। गीति काव्य के बीज वेद में ही पड़ चुके थे तथा उत्तरोत्तर बढ़ते हुए सिद्धों के पदों में प्रेरणा का वह बीज मिला जो क्रमशः क्षेमेन्द्र, जयदेव के पदों में अंकुरित होता हुआ मध्यकाल में आकर पल्लवित हुआ।[18] छन्दों के माध्यम से जब मानवीय अनुभूतियां अभिव्यक्त होती हैं, तो उनमें एक विशेष प्रकार की प्रभविष्णुता आ जाती है, जो पाठक के चित्त को अनायास प्रभावित करती है।[19] साधारण व्यवहार में जो काव्य शब्द का प्रयोग पद्यबद्ध रचना के लिये होता है, वह कारण नहीं है। जीवन की बिखरी हुई अनुभूतियों को समेट कर जब कवि उन्हें शब्द और अर्थ के माध्यम से एक कलापूर्ण रूप देता है, तभी काव्य का जन्म होता है। ऐसा तभी होता है, जब कवि

९- मनोविज्ञान, जदुनाथ सिन्हा १९६०-पृ० २१३ पर से साहित्य के तत्त्व पृ०१५६ पर

१०- साहित्य के तत्त्व पृ० १८७

११- मध्यकालीन हिन्दी सन्त विचार और साधना- पृ० ६३-७६

१२- साहित्य के तत्त्व पृ० १६१   १३- वही पृ० १६१

१४- हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास- पृ० ४३

१५- प्यासी है धरती- डा० तारन सिंह पृ० १६

१६- श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहित्यक इतिहास- डा० तारन सिंह पृ०३१-

१७- काव्य रूपों के मूल स्रोत और उन का विकास-पृ० ३ -प्राक्कथन।

अभिव्यक्ति के लिये व्यग्र हो उठता है। अनुभूत सुख या आनंद उसके हृदय में अंटाए नहीं अंटता, वह कहने के लिये आतुर हो उठता है। उसकी इस आतुरता में अपनी अनुभूतियों को केवल कागज भर पर देने की आकांक्षा नहीं होती, प्रत्युत पाठक तक उन्हें पहुंचा देने की, उन्हें एक सार्वभौम रूप देने की भावना भी उसके पीछे छिपी रहती है। छन्द उसे इस कार्य में बहुत अधिक सहायता करते हैं। इसीलिये इसमें कुछ आश्चर्य नहीं कि लोक में भी छन्दोबद्ध रचना को ही काव्य कहा जाता है।[20] जिस मानसिक प्रक्रिया के द्वारा भावुक होकर कवि अपनी अनुभूति को प्रकट करता है उसे प्रेरणा कहते हैं। जो अभिव्यक्ति जितनी ही सहज प्रेरित होगी उसके स्वरूप में कवि के हृदय-कमल को खोलने की उतनी ही अधिक क्षमता होगी। यह अनुभूति और अभिव्यक्ति का अविच्छेद्य संबंध आदि कालीन कविता में अधिक दिखाई पड़ता है। कारण यह कि आदि काल में न तो कोई परंपरा रहती है, न छन्द होते हैं, और न तो काव्य के कोई रूप। केवल भाषा का माध्यम लेकर कवि का अनुभूत सत्य स्वतः किसी एक रूप में जिसका ज्ञान उसे स्वयं नहीं होता, अभिव्यक्त हो पड़ता है। यही अभिव्यक्ति अनुभूति की सच्ची प्रतिमूर्ति होती है। इन्हीं से एक परंपरा बन जाती है, और आगे आने वाले कवियों के लिये अभिव्यक्ति का एक मार्ग बन जाता है।[21]

६- छन्द रूप: इस संबंध में डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखे हैं, 'संस्कृत प्राकृत में तुक मिलाने की प्रथा नहीं थी। दोहा, वह पहला छन्द है, जिसमें तुक मिलाने का प्रयत्न हुआ और आगे चलकर एक भी ऐसी अपभ्रंश कविता नहीं लिखी गई जिसमें तुक मिलाने की प्रथा न हो। इस प्रकार अपभ्रंश भाषा केवल नवीन छंद लेकर ही नहीं आई, बिल्कुल नवीन साहित्यिक कारीगरी लेकर भी आविर्भूत हुई।'[22] चौपाई दोहे का अधिक प्रयोग जायसी में सर्वप्रथम मिलता है। कबीर और गुरु नानक ने भी इनका प्रयोग किया है। परन्तु बीज रूप में यह प्रथा बौद्ध सिद्धों की रचनाओं में मिल जाती है। संभवतः चौपाई दोहे का सब से पुराना प्रयोग यही है।'[23] सोरठा का भी अपभ्रंश में प्रयोग हुआ।[24] हिन्दी

१८- वही पृ० ५ (प्राक्कथन)
१९- वही पृ० ३ अध्याय-१।
२०- काव्य रूपों के मूल स्रोत और उनका विकास-पृ० ३
२१- वही पृ० ४
२२- हिन्दी साहित्य का आदि काल-१००
२३- वही पृ० १०३
२४- अपभ्रंश साहित्य पृ ४०५

साहित्य में बारहमासा काव्य की विषय-वस्तु का छप्पय भी अपभ्रंश में प्रयुक्त हुआ है। छप्पय, अपभ्रंश का संकीर्ण वृत्त है। छप्पय का प्रयोग १०वीं शताब्दी से आरम्भ हुआ।[25] चंदबरदाई छप्पयों का राजा था। रासो ग्रन्थ में छप्पयों की ही प्रधानता है। कविराज श्यामलदास तो रासो में छप्पय और दूहा के अतिरिक्त और किसी छन्द का अस्तित्व ही नहीं मानते, जैसे तो इस कथानक के भंडार में चंदबरदाई तोटक, तोमर, पद्धरी और नाराच पर उतर आते हैं, पर अन्त तक वे छप्पय और दूहा ही लिखते हैं।[26] कवित्त-सवैया का प्रचलन कब से हुआ कहना भी कठिन है। ये ब्रजभाषा के अपने छन्द हैं।[27]

इन परंपरागत छन्दों में से दोहा-चौपाई, छप्पय तथा कवित्त-सवैया छन्दों का आदि ग्रंथ में मुख्यत: प्रयोग हुआ है।

७- काव्य प्रकार: हिन्दी भक्ति साहित्य के काव्य प्रकारों के विषय में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का विचार है कि उत्तर मध्यकाल का हिन्दी साहित्य प्रधान रूप से लोक-साहित्य है। उसके अध्ययन के लिये लोक-प्रचलित काव्य-रूपों का अध्ययन अत्यन्त आवश्यक है। अभी तक इस काल के काव्य रूपों के अध्ययन के लिये कहीं भी संस्कृत के अलंकार शास्त्र की आलोचना करने वाले आलंकारिक आचार्यों को लाया जाता है। यह प्रवृत्ति अवश्य बंद होनी चाहिए। जब तक मध्यकाल के साहित्य के लौकिक रूप को नहीं समझा जाता। तब तक हम पूरी साहित्यिक साधना को ठीक से नहीं समझ पा सकेंगे।[28] द्विवेदी जी के उपरलिखित कथन के प्रकाश में आदि ग्रंथ काव्य का अनुशीलन करने से पता चलता है, कि आदि ग्रंथ काव्य लौकिक काव्य प्रकारों से अधिकतर प्रभावित है। इस ग्रंथ में बावन अखरी, आरती, पहरे, दिन-रैन, थिति, सतवारा, बारहमाह, सोलहे, छंत, फाग, घोड़ियाँ, अलाहुणियाँ, डखणे, पुन्हे, चउबोले, रुती, गुणवंती, पट्टी, ओंकार, सिध-गोसटि, आनंद, सद, सहसकृती, करहले, बिरहड़े, सुखमणी, अंजुली, गाथा, आदि काव्य प्रकार भी मिलते हैं, जिनकी ओर द्विवेदी जी ने हमारा ध्यान आकर्षित किया है।

२५- वही पृ० ४०६
२६- हिन्दी साहित्य का आदि काल-१०४
२७- वही पृ० ११०
२८- डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी-विचार और वितर्क-इलाहाबाद-१९४९ ई० पृ० २२४

न- राग तत्त्व: प्राकृत रूप में गाया जाना, [illegible] है [illegible] किन्हीं [illegible] [illegible], परन्तु रागों के आधार पर [illegible] ग्रंथ निर्माण [illegible] [illegible] संगीत-रचना के रूप में [illegible] [illegible] विशेष [illegible] जाता है। ऋग्वेद के [illegible] [illegible] [illegible] हुए हैं, किन्तु उनका विस्तार [illegible] [illegible] संगीता-त्मक हैं।[29] सामवेद में आधार पाठ और संगीत का सुन्दर समन्वय हो गया है। [illegible] जीवन और [illegible] के [illegible] [illegible] की प्रतिष्ठा है। [illegible] कारण है, [illegible] सामवेद [illegible] भी [illegible] किया गया और [illegible] कृष्ण ने [illegible] उसकी विभूतिना 'वेदानां सामवेदोऽस्मि' कह कर पुष्ट की।[30]

वैदिक काल के अनंतर रामायण और महाभारत में काव्य [illegible] के माध्यम से [illegible] प्रचार करने लगा। वाल्मीकि [illegible] के प्रथम [illegible] माने जाते हैं। [illegible] से संगीत का [illegible] विकास होने लगा। वाल्मीकि का रामायण भी गाये जाने के लिये [illegible] गया था, लव कुश ने [illegible] राम को सुनाया था।[31] भरत मुनि ने जब अपने नाट्यशास्त्र की रचना की तब संगीत के [illegible] की भी योजना की गई थी। [illegible] अलौकिक [illegible] वैदिक संगीत [illegible] [illegible] प्राप्त था।[32] लौकिक संस्कृत में [illegible] के लक्षण [illegible] के ग्रंथों में मिलते हैं।

आदि ग्रंथ के [illegible] से संस्कृत [illegible] संगीत [illegible] है, [illegible] में संगीत [illegible] के प्रमाण [illegible] हैं। शास्त्रीयता के आधार पर लौकिक गान के दो भेद हैं- मार्ग और देशी। [illegible] परंपरा [illegible] में होता है, जिसके लिये नाट्यशास्त्र कार भरत ने भी प्रमाण माना गया है। [illegible] अतः उसमें [illegible] लक्षण विधान है। विभिन्न भू-भागों के निवासियों की रुचि और रीति के [illegible] से गीत के [illegible] की भिन्न भिन्न परिणतियां हैं, और उनकी संज्ञा देशी है। [illegible] में [illegible] विशेष रूप में देशी [illegible] है। [illegible] कारण नहीं, [illegible] संगीत-तत्त्वों के कारण है। लोक-गानों का परिष्कृत रूप [illegible] गान है, और [illegible] में [illegible] का प्रारंभिक रूप [illegible] प्रथम भेद है। [illegible] में [illegible] शास्त्रीय संगीत के विधान को [illegible] प्राप्त है, वहां गानों में देशी संगीत [illegible] का [illegible] है। लौकिक [illegible] संगीत का [illegible] है। आदि ग्रंथ में जो गीत संगृहीत हैं, उनमें [illegible] और [illegible] के गानों की

स्वाभाविक प्रवाह पाया जा सकता है।[33]

परन्तु आदि ग्रंथ के गेय-पदों की परंपरा और भी पुरानी है। नाथों के अतुकांत निर्गुणों के साथ पद लिखने की प्रथा स्वीं- १४वीं शताब्दी ई० में भी वर्तमान था। जैसे सिद्धों और नाथों के कतिपय पद प्राचीन राग-रागिनियों से युक्त मिलते हैं। रामकलाद, भुकुमादा, गुनाद और कण्वपाद आदि के पद विभिन्न राग रागिनियों के आधार पर लिखे गये हैं। इन पदों के साथ राग गूजरी, राग भैरवी, राग आभोग, राग पटमंजरी, राग गौड़ आदि रागों का निर्देश है।[34] आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जी विद्वानों का विचार है, गीत गोविन्द नामक के प्रणेता जयदेव के भी दो पद सिक्खों के आदि ग्रंथ में संगृहीत हैं।[35] 'गीत गोविंद' नामक ग्रंथ भी जयदेव की कृति पारम्परिक-गान-नाट्य-गान की अनुपम निधि है। इसमें गीतात्मक काव्य रचना की दृष्टि से यह कृति सर्वथा मौलिक है। विद्वानों का अनुमान है, कि जयदेव ने इस की रचना करते समय बंगाल के लोक जीवन में प्रचलित लोक प्रिय यात्रा गानों से प्रेरणा ग्रहण की थी। किन्तु कोश मतवेद के अनुसार इस कृति की मौलिकता अक्षुण्ण है।[36] गीत गोविंद के ललित पदों ने हिन्दी की परवर्ती हिन्दी गीति काव्य को प्रभावित किया है। विद्यापति, जयदेव के अनुगामी माने जा सकते हैं। विद्यापति के पद गेय पदों की परंपरा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यहां, जहाँ सातवीं ई० में गेय-विधाओं के गानों की प्रथा आरंभ हुई, बारहवीं शताब्दी ई० में जिसे जयदेव जैसे भाषा गीतकार कवि का अवलंब मिला, वह १४वीं शताब्दी ई० में विद्यापति के पदावली में आकर एक निश्चित दिशा ग्रहण कर लेती है। यह बात भी सच है कि इसी कालों में हिन्दी गेय पदों का युग विद्यापति से ही आरंभ होता है। इनकी पदावलियां परवर्ती गेय पदों के सर्वथा अनुरूप हैं। सूर, नंद, व्यास, हित आदि सभी कृष्णभक्तों ने विद्यापति के पदों ने परवर्ती सन्त काव्य और कृष्ण काव्य के पदों का पथ प्रशस्त किया है।[37] आदि ग्रंथ काव्य इसी काव्य परंपरा का वैविध्यपूर्ण विकास है। जिसमें इस परंपरा के समस्त रूप भी दर्शन होते हैं।

२९- नाट्य रागों के मूल स्रोत और उनका विकास पृ० १५४

३०- वही पृ० १५६

३१- वही पृ० १५७

३२- वही पृ० १५७-१५८

३३- हिन्दी साहित्य कोश पृ०२६०

३४- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व पृ० १०६

६- साधना तत्व: काव्य के साथ-साथ में साधना तत्व का भी विशेष महत्व है। इस तत्व का संबंध है सिद्धों, गुरु ग्रंथ की परंपरा से नाथ-योगी साहित्य में साधना-भाव के रूप में ढूंढा जा सकता है। डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी लिखते हैं: कबीर दास आदि साधकों के नाम पंक्तियों और शब्दबानियों के रूप में प्राप्त, पद और दोहे आदि के रूप में स्वीकार कर लिये हैं। जहाँ तक इन नाम आदि की परिणति हो है। इस प्रकार यह बात स्पष्ट है कि कबीर आदि ने अनेक ऐसी पूर्ववर्ती साधनाओं से ग्रहण की थीं, जिनका कि स्वीकार की साधना वहाँ नहीं था, जो इन योगियों या शब्दबानियों का था। कबीर आदि के योगियों और शब्दबानियों के पारिभाषिक शब्दों को अपने ढंग पर अपनाया गया है। जिस प्रकार वैष्णव साधकों के गृहीत भक्ति को अपने राम, दशरथ-सुत नहीं थे, ठीक उसी प्रकार इनका शब्द सुन्न नाद, बुद्ध, समाधि, गुरु, पिंगला आदि भी शब्द-बानियों और योगियों के अपने अर्थों से भिन्न हो गये हैं।[38]

उपर्युक्त निष्कर्षों के आधार पर आदि-ग्रंथ के निम्नांकित परंपरागत तत्वों का अध्ययन प्रस्तुत किया जायेगा:-

१- आदि ग्रंथ के पूर्ववर्ती अन्य काव्यों का सामान्य विवेचन-परंपरागत तत्वों के आधार पर।

२- दार्शनिक पक्ष — ब्रह्म-जीव- जगत्-माया- कर्म-मन- आवागमन।

३- साधना पक्ष — साधना-भेद, परंपरागत भक्ति का स्वरूप एवं विकास- आदि ग्रंथ की भक्ति का स्वरूप।

४- सामाजिक पक्ष — राजनीतिक- ऐतिहासिक- धार्मिक-पारिवारिक-नैतिक-आर्थिक सांस्कृतिक-व्यवहारिक-मनोवैज्ञानिक आदि तत्व।

५- पौराणिक तत्व — एक ब्रह्म- अवतार वाद- पौराणिक आख्यान-पौराणिक देव आदि।

६- गेय तत्व — शास्त्रीय पद्धति-मार्ग-देशी- लौकिक गीति काव्य-शिव-आनंद-शास्त्र गीत गोविंद काव्य- विद्यापति का गीति काव्य-पूर्ववर्ती अन्य काव्य- आदि ग्रंथ का गुरुवाणी काव्य।

३७- सन्त काव्य पृ० १३४-१३५

३८- To conceive of writing such a poem was a remarkable piece of originality, for it was an immense step from the popular songs of 'yatras' to produce so remarkably beautiful and finished a work".

A.B. Keith- A History of Sanskrit Literature-Lond Page-192.

७- छन्द तत्व — छन्दों की शास्त्रीय परंपरा- तथा आदि ग्रंथ काव्य।

८- नायक प्रकार — लोक नायक परंपरा तथा आदि ग्रंथ के नायक प्रकार।

९- अलंकार तत्व — शास्त्रीय परंपरा तथा आदि ग्रंथ में उनका प्रयोग।

१०- शैली पक्ष — शैली की विलक्षणता- शैली की परंपरा- भाव पक्ष- रस निष्पत्ति- शैली दुरूहता तथा सुगमता- आदिग्रंथ की विशिष्ट शैली।

११- भाषा तत्व — गुरु ग्रंथ की भाषा- परंपरा विवेचन- भाषा का वैज्ञानिक विश्लेषण- अन्य भाषाओं के प्रभाव का सांकेतिक अध्ययन।

१२- उपसंहार — आधुनिक तत्वों के आधार पर आदि ग्रंथ रचना की उपलब्धियों का वैशिष्ट्य विवरण। इन तत्वों का आदि ग्रंथ के संदेश को व्यापक बनाने के लिये योगदान। आदि ग्रंथ का सार्वभौमिक संदेश।

ooo

३७- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व पृ० १८०

३८- हिन्दी साहित्य की भूमिका- पृ० ३७

२- श्री गुरु ग्रंथ साहब से पूर्व के सन्त साहित्य की सामान्य विशेषताएं:

अप्पा अप्पहं देउलि वाहि णावि णिवसेइ।

सो णिरंजणु अत्थि णवि णिम्मलु होइ गवेसु ॥६४॥

पाहुड़ दोहा: मुनि राम सिंह

(आत्मा जिन माया देवों रूप देवालय में रहो। क्यों नहीं देखो?
हे योगी! निरंजन वहां जाता किं-किं मुक्त में होके देखो।)

गुरु ग्रंथ से पूर्व के सन्त साहित्य की सामान्य विशेषताएं

सन्त साहित्य

सन्त: सन्तों के विराट-व्यक्तित्व की भांति सन्त शब्द भी बहुत व्यापक है[1]। सन्त शब्द से क्या तात्पर्य है? सन्त साहित्य के अन्तर्गत हमें किन किन कवियों को लेना चाहिए? आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने संत शब्द का प्रयोग अनेक रूपों में खोजा है। सन्त शब्द का प्रयोग प्राय: बुद्धिमान, पवित्रात्मा, सज्जन, परोपकारी वा सदाचारी व्यक्ति के लिये किया गया मिलता है और कभी कभी साधारण बोलचाल में इसे भक्त, साधु वा महात्मा जैसे शब्दों का भी पर्याय समझ लिया जाता है। कुछ लोग इसे शान्ति शब्द (शान्त - निवृत्ति मार्गी या विरागी) अथवा सत् का बहुवचन अथवा एक मात्र सत्य पर विश्वास करने वाला, या उसका पूर्ण अनुभव करने वाला मानते हैं। अतएव संत शब्द इस विचार से उस व्यक्ति की ओर संकेत करता है जिसने सत् रूपी परमतत्व का अनुभव कर लिया हो और जो इस प्रकार अपने व्यक्तित्व से ऊपर उठकर उसके साथ तद्रूप हो गया हो।[2] जो सत्य स्वरूप नित्य सिद्ध-वस्तु का साक्षात्कार कर चुका है अथवा अपरोक्ष की उपलब्धि के फलस्वरूप अखंड सत्य में प्रतिष्ठित हो गया है, वही संत है।[3] बाह्य के साथ संतों के आंतरिक रूपों को देखते हुए डा० रांगेय राघव सन्तों को तीन श्रेणियों में रखते हुए कहते हैं, वैदिककाल में एक ओर ऋषि, मुनि तथा तपस्वी हैं, तो दूसरी ओर व्रात्य। उत्तर वैदिक काल - बुद्ध काल में हमें दो स्वरूपों के संत मिलते हैं। एक वे जो आर्य सामाजिक व्यवस्था में ब्राह्मण थे, दूसरे वे जो ब्राह्मण धर्म से दूर रहते थे। तीसरे वे संत जो आगे चलकर कबीर रूप में परिणत हो गये।[4] इस प्रकार सन्त शब्द को विस्तृत अर्थों में लेकर निर्गुणिया संतों के पूर्ववर्ती साहित्य की उन सामान्य विशेषताओं का अध्ययन अभीष्ट होगा, जिन में आदि ग्रंथ साहब के परंपरागत तत्वों के बीज विद्यमान हैं। इस दृष्टि से पूर्ववर्ती संत साहित्य को इस प्रकार काल क्रम के अनुसार रखा जा सकता है:-

---

१- मध्यकालीन हिन्दी संत विचार और साधना- डा० केशनी प्रसाद चौरसिया पृ० ७

२- डा० केशनी प्रसाद द्वारा उत्तरी भारत की संत परंपरा पृ०३-५ से मध्य कालीन हिन्दी सन्त विचार और साधना पृ०७ पर उद्धृत।

(१) वैदिक कालीन ऋषियों की रचनाएं।

(२) उत्तरवैदिक कालीन सन्तों का साहित्य।

(३) महाकाव्य कालीन संतों का साहित्य।

(४) जैन मुनियों तथा बौद्ध सिद्धों का युग- ७६०-१००० ई० तक।

(५) नाथ- योगी साहित्य १०००-१२०० ई० तक।

(६) पूर्वनानक-कालीन संत साहित्य १२००-१४६० ई०

वैदिककाल-श्रुति ग्रंथ

भारत की समस्त विचार धाराओं का मूल स्रोत श्रुति ग्रंथ हैं। इनमें प्रतिपादित विचार धारा श्रौत दर्शन के नाम से प्रसिद्ध है। सन्त लोग श्रौत दर्शन से प्रभावित थे या नहीं इस संबंध में दो मत हो सकते हैं। कुछ लोग इन्हें वेद-विरोधी मानते हैं, और कुछ वेदानुयायी। इस मत-वैषम्य का कारण सन्तों में पाई जाने वाली उक्तियां हैं।[5] इन उक्तियों में मूलतः कोई वैषम्य नहीं है। बात केवल सही अर्थ निकालने की है। जहां पर सन्तों ने वेद-शास्त्रों की निंदा की है, वहां पर उनका अभिप्राय वेद-शास्त्र के कोरे पाठ को बिना बूझे पूजा रूप में स्वीकार करने की निंदा करना है।

वेद पढ़हि हरि नामु न बूझहि। माया कारणि पढ़ि- पढ़ि
लूझहि। म:३

परन्तु समझ बूझ कर पाठ करने को उत्तम माना गया है।
दाता हरि कीरत गाई।
वेद पाठ मति पापा खाई। म:१[7]

३- उत्तरी भारत की सन्त परंपरा- पृ० ५ (द्वितीय संस्करण- सं० २०२१)

४- भारतीय संत परंपरा और समाज- डा० रांगेय राघव पृ० ७

५- हिन्दी निर्गुण काव्य धारा और उसकी दार्शनिक पृष्ठभूमि-डा० त्रिगुणायत।

६- आ०ग्रं० पृ० १०५०

७- आ०ग्रं० पृ० ७९१ म:१

सन्तों ने वेदों में वर्णित विषय के परिणाम को उपाधि से विभूषित किया है:-

वेदा भेद नाम उपम को सुणाहि नाम्हं फिरहि जिउ बेताहिआ।[८]

सन्तों ने वेदों के प्रति श्रद्धा को दुहाई देकर व्यक्त करते हुए कहा, कि वेद-शोध झूठे नहीं है, किन्तु झूठा वह है, जो उन्हें समझ बूझ कर नहीं पढ़ता।

वेद कतेब कहहु मत झूठे झूठा जो न विचारे। कबीर[९]

वेदों में जिस उत्तम नाम का उल्लेख सन्त साहित्य में मिलता है, वह ब्रह्म का एक होता है। उसका कोई प्रतिद्वन्द्वी नहीं। सब देव उस में एक हो जाते हैं, और वे सब उसी के अंग स्वरूप हैं:

न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युच्यते, न पंचमो न षष्ठ:

सप्तमो नाप्युच्यते, नाष्टमो न नवमो दशमो नाप्युच्यते। स

सर्वस्मै विपश्यति यच्च प्राणिति यच्च न तमिदं निगतं सह: स

[illegible] एष एक एकवृदेक एव। सर्वे अस्मिन् देवा एक वृतो भवन्ति।

अथर्ववेद- १३-५[१०]

उपनिषद् का मुख्य विषय

उपनिषदों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय आत्मा है। संहिता से लेकर आरण्यक पर्यन्त जो ब्रह्म आत्मा से भिन्न रूप में प्रतिपादित है, वह उपनिषद् में उसे अभिन्न माना गया है।[११] उपनिषद् में आत्मा के अतिरिक्त विश्व में और कोई पदार्थ नहीं माना गया। उस आत्मा के जानने से ब्रह्म का साक्षात्कार होता है।[१२] परन्तु उस आत्मा का ज्ञान, स्वाध्याय, बुद्धि तथा श्रुति ज्ञान से प्राप्त नहीं हो सकता। उस आत्मा का ज्ञान अन्त:करण की परिशुद्धि के द्वारा प्राप्त होता है।[१३] इस समस्त संसार को उपनिषद् में ओंकार रूप माना गया है।[१४]

८- आ०ग्रं०पृ० ९९ - रामकली म:३

९- आ०ग्रं०पृ०१३५०- प्रभाती कबीर जी।

१०- वह दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवां, छठा, सातवां, आठवां, नवां तथा दसवां नहीं कहलाता। वह सब पर दृष्टि रखता है, जो सांस लेते हैं अथवा नहीं लेते हैं, वह सर्वशक्तिमान् है। वह एक है। एक है, एक मात्र और एक होते हुए सब देवता उसमें आकर एक हो जाते हैं।

भगवद् गीता का मुख्य विषय:

३५२- आ०ग्र० पृ० [illegible]३
३५३- आ०ग्र० पृ० [illegible]४
३५[illegible]- आ०ग्र० पृ० ६९६
३५४- आ०ग्र० पृ० ५८०
३५५- [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। आ०ग्र०पृ०८४२
३५६- [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। आ०ग्र०पृ०१[illegible]५४
३५७- [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] । [illegible]:४, आ०ग्र०पृ०१२९६
३५८- [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] है। आ०ग्र०पृ०१०६
३५९- आ०ग्र० पृ० १[illegible]०७

मिल जगदीश मिलन की बरीआ। चिरंकाल इह देह संजरीआ। P-176 म.९

[illegible] परापति मानुख देहुरीआ।
गोबिंद मिलण की [illegible] तेरी बरीआ।[३५०]

गुरु तेग बहादुर जी भी मनुष्य को मनुष्य जन्म की दुर्लभता का ज्ञान कराते हुए कहते हैं, कि बड़ा [illegible] से [illegible] में यह मानव जन्म मिला है, यह प्रभु मिलन की बारी है, [illegible] में [illegible] रहा है:-

[illegible] फिरत [illegible] जुग हारिओ मानस [illegible]।
नानकु कहतु मिलन की बरीआ, [illegible] नहीं।[३५१]

[illegible] आवागमन से [illegible] प्राप्त [illegible] मार्ग का कोई [illegible] है। गीता में ज्ञान-योग, कर्म-योग के अतिरिक्त भक्ति-योग अथवा प्रपत्ति-मार्ग का विधान है। [illegible] के त्याग निष्काम [illegible] आत्मसमर्पण [illegible] है। गुरमति [illegible] साधना-मार्ग [illegible] प्रपत्ति-मार्ग से प्रभावित है। [illegible] विद्वानों ने गुरु ग्रंथ के रचयिताओं की [illegible] प्रस्तुत करते हुए, [illegible] नवीन-मार्ग सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। परन्तु हम [illegible] बिल्कुल नवीन नहीं मानते। [illegible] परंपरागत भक्ति-मार्ग से भिन्न [illegible] है।[३५२] [illegible] विचार है कि गीता [illegible] भक्ति-मार्ग [illegible] परिभाषित रूप है। [illegible] साधना- [illegible] है। गुरु ग्रंथ का साधना-मार्ग गीता के साधना-[illegible], जिसे [illegible] ज्ञान तथा [illegible] ने [illegible] प्रदान कर दिया था। [illegible] साधना-पद्धति पर विचार करते हुए [illegible] परंपरा से संबंध स्थापित करने का प्रयत्न किया गया है।

३५०- [illegible] पृ० ३७८

३५१- [illegible] म: ९, पृ० ६३१-३२

३५२- In fact the Guru invented a somewhat new path of salvation. It is neither Karma Marg, nor strictly Gyan Marg, nor the traditional Hindu Bhakti Marg. [illegible]!

- Philosophy of Sikhism, p-51.

४- [illegible] गुरु ग्रं[illegible] [illegible] का [illegible]ना [illegible]:

१- सबदु [illegible] [illegible]ु [illegible] लपटि [illegible]ु [illegible]। म:१ आ०ग्रं०पृ० ६०

२- [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] नित [illegible] पाणी।
[illegible] [illegible]साण [illegible] [illegible] है [illegible] [illegible] [illegible] जाणी। म:१
ग्रं० पृ०२३

साधना के प्रकार

वैदिक साहित्य वेद त्रयी के नाम से प्रख्यात है, जो ज्ञान, कर्म एवं उपासना तीन मार्गों का निर्देश करती है। मानव इन्हीं तीन मार्गों पर चलकर अपने अभीष्ट को प्राप्त करता है।[1] वैदिक साहित्य की परम्परा के संबंध में विद्वानों ने अनुसंधान किया है और उनका यह मत है कि वेदों का समय आज से दस सहस्र वर्ष पूर्व माना जा सकता है।[2] मानवी वृत्तियों के अनुसार भक्ति के चार भेद गिनाये गये हैं।[3]

१- सात्विकी भक्ति जिसमें मुक्ति की कामना रहती है,

२- राजसी भक्ति जिसमें धन कुटुम्ब की कामना रहती है,

३- तामसी भक्ति जिसमें दूसरों के अहित तथा शत्रुओं के विनाश की कामना रहती है तथा,

४- निर्गुण भक्ति जिसमें कोई कामना नहीं रहती। उसमें मुक्ति तक की कामना का त्याग है।

गीता में भी चार प्रकार के भक्तों का उल्लेख है:-

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ। गीता ७-१६

भगवान् अर्जुन से कहते हैं धर्मात्मा लोग, जो मेरी पूजा करते हैं वे चार प्रकार के हैं:-

१- एक तो वे जो विपत्ति में फंसे हैं। वे विपत्ति से मुक्ति चाहते हैं।

२- दूसरे जिज्ञासु, अर्थात वे सीधे-सादे सच्चे लोग जो सत्य-कामा हैं।

३- तीसरे लोग जो धन के इच्छुक हैं, जो अपनी भौतिक स्थिति को सुधारना चाहते हैं।

४- चौथे ज्ञानी लोग हैं, जिन्हें ज्ञान प्राप्त हो गया है। रामानुज ने ज्ञान का अर्थ केवल एक के प्रति भक्ति, एक-भक्ति किया है।[4]

१- भक्ति का विकास- पृ० १११

२- साधना और साहित्य- डा० हरस्वरूप माथुर-पृ० १

इन सबमें से ज्ञानी व्यक्ति, जो सदा ब्रह्म के साथ संयुक्त रहता है, और जिसकी भक्ति अनन्य होती है, सर्वश्रेष्ठ है। उसे मैं बहुत अधिक प्रिय हूं, और वह मुझे बहुत अधिक प्रिय है।[५]

वैदिक साधना

भक्ति तीन मार्गों की पावन त्रिवेणी का संगम है। ज्ञान और कर्म सम्पत्ति का प्रभु अनुग्रह के साथ सामंजस्य ही वैदिक भक्ति का आदर्श है। ज्ञान तथा कर्म रूपी वृक्ष का परिणाम रूपी फल उपासना कहलाता है। 'उपासना' का अर्थ है 'प्रभु के समीप बैठना'। उसके समीप बैठकर ही हम उसके अनुग्रह-भाजन, कृपा-पात्र बनते हैं।[६]

वैदिक युग में मानव ज्ञान अपनी शैशवावस्था में था। प्रकृति के प्रत्येक उपकरण तथा उसकी शक्ति में ऋषियों को देवत्व तथा अनन्त शक्ति की प्रतीति हुई। उन्होंने स्तुति-परक ऋचाओं के द्वारा अपना मन: प्रतीति को अभिव्यक्त किया। दैवी शक्तियों की पृथक् पृथक् आराधना अथवा बहु देवत्व उन्हें बहुत दिनों तक संतुष्ट नहीं रख सका। उनका बहुदेवत्व एक सृष्टा में सन्निहित हो गया। यह कार्य बुद्धिजन्य नहीं कहा जा सकता। निरंतर चिंतन के फलस्वरूप प्रतिभा-ज्ञान से ही यह कार्य संपन्न हुआ होगा। समस्त स्थावर-जंगम उसी सृष्टा के अंगों के रूप में कल्पित हुए। यही नहीं जो कुछ था, जो कुछ है, तथा जो कुछ होने वाला है, वह सृष्टा पुरुष ही है।[७] उपरिलिखित 'पुरुष सूक्त' की भान्ति 'आदि सूक्त' में कहा गया है: 'अदिति ही आकाश है, अदिति अंतरिक्ष है, अदिति माता है, अदिति ही पिता है तथा पुत्र है। अदिति ही समस्त देवता है, अदिति ही पंचजन है। जो कुछ उत्पन्न है तथा जो कुछ उत्पन्न होने वाला है अदिति ही है।[८]

वैदिक ऋषि सृष्टा की स्तुतियों से तृप्त न रह सके। देवताओं तथा सृष्टा की प्रसन्नता के हेतु वे यज्ञरूप कर्मों में संलग्न हुए तथा शनै: शनै: कर्मों के ही जाल में आबद्ध हो गए।[९] वैदिक ऋचाएं देवताओं की उपासना में

३- श्रीमद्भागवत, तृतीय स्कंध, अध्याय २६, २ श्लोक- ७-१४ पर से 'भक्ति आन्दोलन का अध्ययन' पृ०१४ पर उद्धृत।

४- भगवद्गीता-भाष्य-राधा कृष्णन (अनुवाद) पृ० २१७-२१८

५- भगवद्गीता- ७-१७

भक्ति और श्रद्धा के भावों से भरपूर है- आरण्यक का उपासना काण्ड तथा उपनिषद्, विश्वास और उपासना के पक्ष, भक्ति-मार्ग की नींव कहे जा सकते हैं[10] क्योंकि कर्मकाण्ड की प्रधानता होने पर भी वैदिक काल में सहस्रधारा ज्ञान गंगा का कोई भी स्रोत शुष्क नहीं हुआ था। नवीन स्रोतों से धारा में जहां वेग आता गया, शक्ति आती गई वहां प्राचीन स्रोत क्षीण-काय होते हुए भी निर्मल होते गये। कर्म और यज्ञ की मान्यता बढ़ जाने पर वैदिक संहिताओं का एक कार्य यह भी हो गया कि वह उनके विधि-विधान का निर्देश करें। यज्ञ कैसे हो, वेदी कैसे बने, किन मंत्रों के द्वारा किस देवताओं का आवाहन हो, यज्ञ-शेष के कौन भागी हों- आदि तत्संबंधित अनेक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया गया।[11]

विद्वानों का विचार है कि हिन्दू विचारधारा के मध्ययुग में धर्म का जो स्वरूप विचारों की जो परिपक्वता तथा विश्वास और श्रद्धा का जो अखंड स्रोत बहता मिलता है, उसका श्रीगणेश वैदिक काल में ही हो गया था। वेदों में निस्संदेह अनेकेश्वरवाद का दिग्दर्शन होता है, प्रकृति के प्रत्येक तत्त्व को देवी देवता के रूप में स्वीकारा गया है, उनके यशोगान हेतु स्तव-पाठ तथा प्रसन्नता के लिये यज्ञ-विधान रचा जाता रहा है, तथापि प्रकृति के उस रूपों और विविध व्यवहार-नर्तन की पृष्ठभूमि में किसी अनुपम और रहस्यमयी शक्ति की सत्ता भी स्वीकार की गई है। इस स्वीकृति को चरम विकास तक पहुंचाने का श्रेय निर्विवाद उपनिषदों को दिया जायेगा।[12]

६- भक्ति का विकास- पृ० १११

७- पुरुष एवदं यद्भूतं यच्च भव्यम्।

ऋग्वेद - १०-९०-२

८- ऋग्वेद- १-८९-१०

९- भक्ति काव्य में रहस्यवाद-डा० रामनारायण पांडेय- पृ० २३

१०- सन्त काव्य का दार्शनिक विश्लेषण- पृ० ७

११- भक्ति काव्य में रहस्यवाद- पृ० २३

१२- संत काव्य का दार्शनिक विश्लेषण- ७

जिस निर्गुण तथा सगुण भक्ति का विकास मध्ययुग में हुआ, उसका उल्लेख हमें वैदिक काल में ही प्राप्त हो जाता है। यजुर्वेद में प्रभु के निर्गुण और सगुण स्वरूपों का वर्णन इस प्रकार हुआ है: प्रभु प्राकृत गुणों से विहीन होने के कारण निर्गुण और अपने गुणों से सहित होने के कारण सगुण कहलाता है। मंत्र में अकायम् अव्रणम्, अस्नाविरम्, अपापविद्धम् शब्दों द्वारा प्रभु के निर्गुण स्वरूप का वर्णन किया गया है और शुक्रम, शुद्धम, कवि: मनीषी, परिभू: और स्वयंभू: शब्दों द्वारा उनका सगुण रूप प्रकट हुआ है।[१३] ऋग्वेद ७-४-४ में प्रभु को अकवियों में कवि और मर्त्यों में अमृत कहा गया है।[१४]

भक्ति अथवा साधना का औपनिषदिक स्वरूप

भक्ति अथवा ईश्वर में दृढ़ चित्त निष्ठा का सिद्धान्त परवर्ती उपनिषदों में सविस्तार प्रयुक्त किया गया है।[१५] डा० मन-मोहन सहगल लिखते हैं, भक्ति का शब्द सर्वप्रथम उपनिषदों में ही प्रयुक्त हुआ है।[१६] किन्तु डा० रति भानु सिंह नाहर ने 'भक्ति' शब्द के वैदिक प्रयोग का भी उल्लेख किया है। वे लिखते हैं कि ऋग्वेद संहिता (१-८-१२७-५) में 'भक्त' तथा 'अभक्त' शब्द आते हैं पर इन का अर्थ सायण ने 'सेवाभाज' तथा 'असेवामान' अर्थात पूजने वाले और न पूजने वाले ठीक ही लिया है।[१७] इस में सन्देह नहीं कि वैदिक भक्तों तथा गीता के भक्तों का स्वरूप एक नहीं। भगवान् ने गीता में वैदिक भक्तों को पाप मुक्त होकर यज्ञों द्वारा उपासना करते हुए स्वर्ग लोक की प्राप्ति हुए बताया है, क्योंकि वे ऐसी कामना करते हैं।[१८] तथा विशाल स्वर्ग लोक का आनन्द लेने के पश्चात् पुण्य समाप्त होने के पश्चात पुन: मृत्यु लोक को प्राप्त होते हैं।[१९] परन्तु गीता के भगवान् अपने भक्तों को जो अनन्य भाव से सदा अध्यवसायपूर्वक उनका चिंतन करते हैं, स्वयं अपने में मिला लेते हैं, और तब वे गमनागमन के बंधन से छूट जाते हैं।[२०]

१३- स पर्यगात् शुक्रमकायमव्रणमस्नाविरम् शुद्धमपापविद्धं।
कविर्मनीषी परिभू: स्वयं भूर्याथातथ्यतोऽर्थान्
व्यदधात् शाश्वतीभ्य: समाभ्य: ।। यजु० ४०-८
भक्ति का विकास पृ० ११६ पर उद्धृत।

१४- भक्ति का विकास- पृ० ११६

१५- "The doctrine of Bhakti or single-minded devotion to God is clearly evident in ... (and the six ...

× "Bhakti" by Jadunath Sinha, quoted in Sant Kavya ka Darshnik Vishleshan - Page 8.

VISHLESHAN, P-8.

बृहदारण्यक उपनिषद् में रहस्यमयी ब्रह्म ज्ञान का उपदेश पुत्र या शिष्य के अतिरिक्त किसी अन्य को न देने का आदेश है। सत्य काम जाबाल ने अपने शिष्यों को यही उपदेश दिया था।[२१] श्वेताश्वतर उपनिषद में भी पुत्र या शिष्य तथा प्रशांत चित्त वाले पुरुष को ही ब्रह्मविद्या देने का विधान है। छान्दोग्य उपनिषद् में तो यहां तक कहा गया है कि ज्येष्ठ पुत्र या अन्तेवासी शिष्य के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आचार्य को धन से परिपूर्ण तथा सागर परिवेष्टित समस्त पृथ्वी भी प्रदान करे, तो भी उसे ब्रह्मज्ञान न देना चाहिए।[२३] इससे सिद्ध होता है कि उपनिषद् काल तक आते आते ब्रह्म विद्या पूर्णतया रहस्यमयी तथा गोपनीय मान ली गई थी।[२४]

मुंडकोपनिषद् में विद्याएं दो प्रकार की मानी गई हैं:- परा तथा अपरा। अपरा के अन्तर्गत वेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, और ज्योतिष आदि का ज्ञान है। दूसरी पराविद्या है, जिसके द्वारा अक्षर का ज्ञान होता है।[२५] उपनिषद काल में ही परा विद्या अर्थात ब्रह्मविद्या को सर्वश्रेष्ठ माना जाने लगा था। और यह भी माना जाने लगा था कि केवल मन्त्र ज्ञान के द्वारा मनुष्य शोक से रहित नहीं होता तथा समस्त शास्त्रों एवं वेदों का अध्ययन करके भी ब्रह्मज्ञान प्राप्त किये बिना मनुष्य मुक्ति को प्राप्त नहीं होता। छन्दोग्य उपनिषद में नारद के कथन द्वारा ब्रह्मज्ञान की श्रेष्ठता एवं वरेण्यता पर पूरा बल दिया गया है। नारद ने सनत्कुमार से कहा- भगवन् ! मैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद को जानता हूं। इसके अतिरिक्त इतिहास पुराण रूप पंचम वेद, वेदों का वेद, श्राद्ध, कल्प, गणित, उत्पात ज्ञान, निधिशास्त्र, तर्क शास्त्र, नीति देव विद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या, क्षात्र विद्या, नक्षत्र विद्या, सर्पविद्या, जन विद्या और नृत्य, संगीत आदि सब में

१६- The word of 'Bhakti' occurs for the first time in Upanishads-The cult of Bhakti by Jadu Nath Sinh, quoted in Sant Kavya Ka Darshnik Vishleshan- p-8.

१७- भक्ति आन्दोलन का अध्ययन-पृ० १७

१८- गीता -६-२१

१९- गीता ६-२२ तथा गीता ८-१५

२०- गीता ११-२१

२१- बृहदारण्य उपनिषद्-६-३-१२

जानता हूं।[26] परन्तु हे भगवान्, मैं केवल मंत्रवेत्ता हूं। आत्मवेत्ता नहीं, मैंने आप जैसे तत्त्वदर्शियों से सुना है कि आत्म वेत्ता शोक से मुक्त हो जाता है और हे भगवान! मुझे शोक होता है, अस्तु मेरा शोक से निस्तार कीजिए।[27] इस आख्यान से स्पष्ट है कि मंत्र और दर्शन के ज्ञाता तथा रहस्यात्मक-दार्शनिक में भेद है। दार्शनिक तत्त्व का बौद्धिक ज्ञान हो जाने पर भी साक्षात्कार के अभाव में मुक्ति एवं शान्ति नहीं मिलती।[28] मुण्डकोपनिषद् के कुछ उदाहरण भी उपर्युक्त वक्तव्य को स्पष्ट करने के लिये प्रस्तुत किए जा सकते हैं। परमात्मन् का ज्ञान वेदाध्ययन, बुद्धि या गम्भीर शिक्षण से प्राप्त नहीं हो सकता, केवल वह सौभाग्य शाली महापुरुष जिस पर उसकी कृपा होती है, और व जिसको वह चुन लेते हुए वह जिसके सम्मुख अपने को अनावृत करता है, वही परमात्मन् को पहचान सकता है, दूसरा कोई नहीं।[29] औपनिषदिक भक्ति का यह स्वरूप आदि ग्रंथ में इसी प्रकार सुरक्षित है।

२२- श्वेताश्वतर- ६-२३

२३- छान्दोग्योपनिषद्-३-११-६।

२४- भक्ति काव्य में रहस्यवाद- पृ० २६

२५- तस्मै स होवाच । द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म

(१) यद् ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च। मुं० उ० १-१-४

(२) तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदोऽथर्ववेद: शिक्षा

कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति।

अथ परा, यया तदक्षरमधिगम्यते । वही १-१-५

२६- छान्दोग्यउपनिषद्- ७-१-२

२७- वही -७-१-३

२८- भक्ति काव्य में रहस्यवाद पृ० २६

२९- मुण्डकोपनिषद्- ३-२-३

उत्तर वैदिक कालीन भक्ति

षट् दर्शन और भारतीय साधना

षट् दर्शनों में योग शास्त्र भक्ति के क्षेत्र में विचित्र स्थान रखता है। उसका परम लक्ष्य है जीव के निजी स्वरूप की पहचान। वह रहस्यवादियों की भांति इस स्वरूप को भावात्मक न बना कर औपायात्मक वैज्ञानिक रूप स्वीकार करता है।[30] योग में आरण्यकों के दृष्टिकोण का विकसित रूप माना गया है।[31] योग के अनुसार ईश्वर जगत् का कर्ता नहीं, अपितु वह केवल योगसिद्धि में मार्गदर्शन करने वाला परम-गुरु-तुल्य है। सांख्य की भांति योग का भी परम लक्ष्य मोक्ष-प्राप्ति अथवा शुद्ध आत्मास्वरूप में स्थित होना है, परन्तु योग उसके लिये क्रियात्मक उपाय बताता है। मनुष्य की चित्तवृत्तियों की स्वभाविक गति बाह्योन्मुख होती है। जब वह साधना के द्वारा उन्हें अन्तर्मुख कर लेता है, तभी उसे आत्मस्वरूप की प्राप्ति होती है, अत: चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है।[32] चित्तवृत्ति निरोध से दृष्टा (आत्मा) की अपने स्वरूप में स्थिति हो जाती है, अर्थात् वह कैवल्य अवस्था को प्राप्त हो जाता है।[33]

पुराणों में भक्ति

श्री-मद्-भागवत के एकादश स्कंध के चतुर्थ अध्याय में भक्ति की महिमा इस प्रकार वर्णित हुई है:-[34]

> न साधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव।
> न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता।।
> भक्त्याऽहमेकया ग्राह्य: श्रद्धयात्मा प्रिय सताम्।
> भक्ति: पुनाति मन्निष्ठा श्वपाकानपि सम्भवात्।। (२[illegible])।।

30- 'Yoga is seeking of union by the intellect, a science; Mysticism, is the seeking of the same union by emotion. (Quoted from An Introduction to Yoga by Annie Besant, P.[illegible], in [illegible] Kavya [illegible], page 10).

31- वही पृ० १० पर ब्रजमोहन गुप्त- हिन्दीकाव्य की रहस्यात्मक प्रवृत्तियां पृ० ५ पर से उद्धृत।

32- योगश्चित्त वृत्ति निरोध:। तदा द्रष्टु: स्वरूपेऽवस्थानम्। पातंजल योगदर्शन १-२-३ से पृ० २७१ पर, मध्यकालीन हिन्दी सन्त विचार और साधना में उद्धृत।

भगवान् उद्धव से कहते हैं कि मैं न योग के द्वारा और न सांख्य (ज्ञान) के द्वारा ही प्राप्त होता हूं। मेरी प्राप्ति का सुलभ साधन तो भक्ति है।[35] एक निष्ठा से की हुई मेरी भक्ति चाण्डाल तक को पवित्र कर देती है। श्लोक २४,२५ और २६ में लिखा है कि जो गद गद वाणी से द्रवितचित्त हो, कभी रोता हुआ कभी हंसता हुआ कभी लज्जा छोड़ गाता हुआ और नाचता हुआ मेरी भक्ति में निरत होता है वह इस निखिल विश्व को पवित्र कर देता है। जैसे अग्नि द्वारा स्वर्ण का मल दूर होकर फूंकने पर स्वर्ण अपने रूप में मिल जाता है, उसी प्रकार मेरे भक्ति योग से कर्म विपाक को दूर करता हुआ आत्मा मुझे ही प्राप्त कर लेता है। मेरे पवित्र चरित्रों का श्रवण एवं ध्यान करता हुआ आत्मा जैसे जैसे शुद्ध होता जाता है, वैसे ही वैसे अंजनाजित आंखों की तरह वह सूक्ष्म वस्तु के दर्शन करने लगता है।

इस प्रकार श्रीमद्भागवत् के ऊपर उद्धृत वर्णन से भक्ति के स्वरूप के संबंध में नीचे लिखी बातें ज्ञात होती हैं:[36]

१- भगवान् भक्ति द्वारा ही प्राप्त होते हैं।

२- योग, ज्ञान, स्वाध्याय, जप अर्थात् वानप्रस्थ और त्याग अर्थात् सन्यास प्रभु प्राप्ति के वैसे साधन नहीं हैं।

३- भक्ति में एक निष्ठा होनी चाहिए।

४- भक्ति से चित्त द्रवित हो जाता है और वाणी गद्गद हो उठती है।

५- भक्त कभी प्रभु के वियोग में रोता है, कभी उनके संयोग से हंसता है और कभी अतिभिभूत भावना में लज्जा छोड़कर गाता और नाचता है।

६- भक्ति से भक्त में पवित्रता आती है जो उस के संसर्ग में आने वालों को पवित्र करने वाली है।

७- भक्ति से कर्म-विपाक नष्ट होता है, और उसके नष्ट होने पर भगवान् प्राप्त होते हैं।

३३- मध्यकालीन हिन्दी सन्त विचार और साधना- पृ० २७१

३४- भक्ति का विकास- पृ० ३०२

८- भक्ति में भगवान् के चरित्रों का श्रवण एवं ध्यान करना चाहिए।

९- शुद्ध हुआ आत्मा ईश्वर जैसी सूक्ष्म वस्तु के दर्शन करता है।

शांडिल्य भक्ति सूत्र और नारद भक्ति सूत्र

ऐसा बताया जाता है कि यह दोनों सूत्र गुप्त साम्राज्यकाल तक बन चुके थे। दोनों में से शांडिल्य सूत्र को पुराना बताया जाता है, क्योंकि नारद भक्ति सूत्र में शांडिल्य का नाम लिया गया है, और यह नाम पूर्ववर्ती सन्त भक्तों के नाम के साथ आया है।[37]

उक्त दोनों सूत्रों में भक्ति का स्वरूप : नारद भक्ति सूत्र संख्या २[38] और शाण्डिल्य भक्ति सूत्र संख्या २[39] के अनुसार प्रभु में पराकाष्ठा की अनुरक्ति रखना ही भक्ति है।[40] भागवत में भी भक्ति की यही परिभाषा दी गई है। भगवान में हेतुरहित निष्काम, एकनिष्ठायुक्त, अनवरत प्रेम का नाम ही भक्ति है। यही पुरुषों का परम धर्म है, इसी से आत्मा प्रसन्न होता है।[41] भागवत में नवधा भक्ति का भी वर्णन है। प्रभु के गुणों का श्रवण, उनका कीर्तन, स्मरण, चरण-सेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य भाव, सख्यभाव और आत्म निवेदन भक्ति के ये नौ प्रकार हैं।[42]

गीता में भक्ति का स्वरूप

भारतीय दार्शनिक विचार की प्रत्येक प्रणाली हमारे सम्मुख सर्वोच्च आदर्श तक पहुंचने की एक व्यावहारिक पद्धति प्रस्तुत करती है। भले ही हम प्रारंभ विचार से करते हैं, परन्तु हमारा उद्देश्य विचार से परे क्रियात्मक अनुभव तक पहुंचना होता है।[43]

३५- गीता अ० १८ श्लोक ४८,५०,५१ में इस भक्त का लक्षण इन्हीं शब्दों में समर्पित करती हूं।

३६- भक्ति का विकास- ३०३

३७- वही, ३०१

३८- सात्वस्मिन् परम प्रेम रूपा।। नारद भक्ति सूत्र- २

३९- सा परानुरक्तिरीश्वरे। शाण्डिल्य भक्ति सूत्र-२

४०- भक्ति का विकास- ३०६

४१-

योग और गीता

भगवद्गीता हमारे सम्मुख केवल एक आधि विद्या (ब्रह्म विद्या) ही प्रस्तुत नहीं करता, अपितु एक प्रकार का अनुशासन (योग शास्त्र) भी प्रस्तुत करती है। योग शब्द युज् धातु से बना है, जिसका अर्थ है बांधना या जोड़ना। योग का अर्थ है अपनी आत्मिक शक्तियों को एक जगह बांधना, उन्हें सन्तुलित करना और उन्हें बढ़ाना। अपने व्यक्तित्व के तीव्रतम केन्द्रीकरण द्वारा खिंचाव से पर अनुभवातीत वास्तविकता तक पहुंच, आत्मा अपने आपको अपने कारागार से मुक्त कर अपने आन्तरिकतम अस्तित्व तक पहुंच जाता है।[44]

गीता हमारे सम्मुख एक सर्वांग संपूर्ण योग शास्त्र प्रस्तुत करती है, जो विशाल लचीला और अनेक पहलुओं वाला है, जिसमें आत्मा के विकास और ब्रह्म तक पहुंचने के विविध और सम्मिलित हैं। विभिन्न प्रकार के योग उस आन्तरिक अनुशासन के विशिष्ट प्रयोग हैं, जो आत्मा की स्वतन्त्रता और एकता के एक नये ज्ञान और मनुष्य जाति के एक नये अर्थ तक ले जाता है। इस अनुशासन से संबद्ध प्रत्येक वस्तु योग कहलाती है, जैसे ज्ञानयोग अर्थात् ज्ञान-मार्ग भक्ति योग, भक्ति मार्ग, या कर्मयोग अर्थात् कर्म का मार्ग।[45]

ज्ञान और गीता

गीताकार ने ज्ञान को श्रेष्ठ बताया है।[46] यदि मनुष्य सब पापियों से भी अधिक पाप करने वाला है, तो भी ज्ञान-नौका के द्वारा वह निःसंदेह संपूर्ण पापों से मुक्त हो जायेगा।[47] इस संसार में ज्ञान के समान

४१- स वै पुंसां परो धर्मो यतो भक्तिरधोक्षजे।

अहैतुक्य प्रतिहता ययात्मा संप्रसीदति।।

भागवत १,२,६, से भक्ति का विकास पृ० ३०६ पर उद्धृत।

४२- श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्।

अर्चनं वन्दनं दास्यं स सख्यमात्म निवेदनम्।

भागवत- ७-५-२३ से पृ०३०६ पर भक्ति का विकास में।

४३- भगवद्गीता- परिचयात्मक निबंध राधा कृष्णन- पृ० ५४

४४- वही पृ० ५५

४५- वही पृ० ५५

४६- भक्ति गीता में रहस्यवाद- पृ० ५०

पवित्र करने वाला कुछ भी नहीं है। उस ज्ञान को बहुत काल से अपने आप समत्व बुद्धियोग द्वारा अच्छी प्रकार शुद्ध अन्तःकरण हुआ पुरुष आत्मा में अनुभव करता है। गीताकार ज्ञान की श्रेष्ठता को घोषित करते हुए कहते हैं। इस पृथ्वी पर ज्ञान के सदृश पवित्र और कोई वस्तु नहीं है।[48] गीताकार शुष्क तार्किक ज्ञान को महत्व नहीं देते। उनका कथन है, श्रद्धा-पूर्ण व्यक्ति जिसने अपनी इन्द्रियों को वश में कर लिया है, यदि वह ज्ञान प्राप्ति के हेतु तत्पर होता है, तो वह ज्ञान को प्राप्त कर लेता है और शीघ्र ही सर्वोच्च शान्ति को प्राप्त कर लेता है।[49] परन्तु जो मनुष्य श्रद्धा-विहीन तथा संशयात्मक स्वभाव का है, वह अज्ञानी मनुष्य विनष्ट हो जाता है। ऐसे संशय-युक्त-पुरुष के लिये लोक तथा परलोक, दोनों में कहीं भी सुख नहीं है।[50]

डा० राधाकृष्णन लिखते हैं, गीता में जिस आधिविधक विचारधारा को स्वीकृत किया गया है, वह सांख्य दर्शन की है, जिसमें कुछ आधार भूत हेर-फेर कर दिए गए हैं। परमात्मा में गंभीर निष्ठा और मुक्ति में विश्वास के लिये तीन वस्तुओं को मानने की आवश्यकता होती है। एक तो आत्मा जिसको मुक्त किया जाना है, दूसरे वह बंधन जो उस आत्मा को बांधे हुए है, और जिससे उसे मुक्त किया जाना है, और तीसरे परमात्मा, वह सत्ता जो हमें इस बंधन से मुक्त करती है।

सांख्य दर्शन में पुरुष (आत्म) और प्रकृति (अनात्म) के बीच द्वैत को स्पष्ट किया गया है। गीता में इन दोनों को परमात्मा के अधीन बताया गया है। आत्माएं अनेक हैं और वे सदा पृथक रहती हैं। आत्मचेतन जीवन के सब परिवर्तनों के पीछे विद्यमान स्थायी सत्ता है। यह आत्म सामान्य अर्थों में प्रयुक्त आत्मा नहीं है, अपितु वह विशुद्ध निष्क्रिय, स्वतः प्रकाशित मूल तत्व है, जो न तो संसार से निकला है न संसार पर निर्भर है और न जिसका निर्धारण ही संसार द्वारा किया जाता है। वह अद्वितीय और अखंड है। मनुष्य आत्म नहीं है, अपितु आत्म उसमें है और मनुष्य आत्म बन सकता है।[51]

४७- गीता- ४-३६

४८- गीता- ४-३८

४९- गीता- ४-३९

५०- गीता- ४-४०

५१- भगवद गीता परिकल्पना सि.सं-४०-४१

कर्म और गीता

कर्म का महत्त्व दर्शाते हुए गीताकार लिखते हैं, कर्म अकर्म से अधिक अच्छा है। बिना कर्म के शारीरिक जीवन भी चला नहीं रह सकता।[52] कर्म का मूल ब्रह्म को माना गया है।[53] गीता में वैदिक याज्ञिक कर्मों के महत्त्व को भी स्वीकार किया गया है। यज्ञ से प्रसन्न होकर देवता अभीष्ट सुख भोग प्रदान करते हैं।[54] वे सन्त व्यक्ति जो यज्ञ के बाद बची हुई वस्तु (यज्ञशेष) का उपभोग करते हैं, सब पापों से मुक्त हो जाते हैं।[55] परन्तु आत्मानुरक्त व्यक्ति के लिये गीताकार ने किसी कर्म की आवश्यकता नहीं बताई। उसे कर्तव्य भावना से मुक्त कहा है। वह कभी कर्तव्यहीनता नहीं, अपितु कर्तव्य की भावना से या अपने अस्तित्व के प्रगतिशील रूपान्तरण के लिये कार्य नहीं करता, अपितु इसलिये कार्य करता है कि उसका पूर्णता को प्राप्त स्वभाव कर्म में स्वतः प्रवृत्त हो जाता है।[56] भगवद्गीता हमारे सम्मुख एक ऐसा धर्म प्रस्तुत करती है, जिसके द्वारा कर्म के नियम से, कर्म और उसके फल की स्वाभाविक व्यवस्था से, ऊपर उठा जा सकता है।[57]

भक्ति और गीता

यद्यपि गीताकार के मत में ज्ञान और कर्म भी श्रेयस्कर हैं, परन्तु उसका सब से अधिक मान्य मत ईश्वर के प्रति आत्मसमर्पण ही ज्ञात होता है।[58] गीताकार सच्चे योग का वर्णन करते हुए कहते हैं, भगवान् में मन को एकाग्र करके निरंतर उसी के ध्यान में लगे हुए जो भक्त जन अतिशय श्रेष्ठ श्रद्धा से निष्ठापूर्वक उस परमेश्वर को भजते हैं, ऐसे भक्त योगियों में अति उत्तम योगी, भगवान् को मान्य हैं।[59] जो भगवत परायण भक्त जन संपूर्ण

५२- गीता- ३- ८

५३- गीता- ३- १५

५४- गीता- ३- १२

५५- गीता- ३- १३

५६- गीता- ३- १९- राधाकृष्णन पृ० १४१

५७- भगवद्गीता- परिचयात्मक निबंध-७७

५८- भक्ति में रहस्यवाद ॥ पृ० ५०

५९- गीता- १२-२

कर्मों को भगवान् के प्रति अर्पण करके अनन्य ध्यान योग से चिन्तन करते हुए उसकी उपासना करते हैं, भगवान् उन प्रेमी भक्तों का संसार सागर से शीघ्र ही पार कर देता है।[६०] भक्ति का स्वरूप भी गीताकार ने प्रस्तुत किया है, संक्षेप में इस प्रकार है, अनासक्ति से ध्यान योग में लीन सुख-दुःख, लाभ-हानि में समान रूप से संतुष्ट रहने वाला जो दृढ़ निश्चयवान कर्मित मन और बुद्धि दोनों को ही मुझ(भगवान्) में अर्पण कर देता है, ऐसा निश्चयवान भक्त निश्चय ही भगवान् को प्रिय होता है।'[६१]

कर्म-ज्ञान और भक्ति समन्वय

डा० रामनारायण पाण्डेय लिखते हैं, 'संक्षेप में हमें यह कहना होगा कि गीता में अर्जुन ही वह परम-साधक है, जो सब प्रकार से श्रद्धावान् होकर गुरु के बताए मार्ग पर चलकर सभी कर्मों में आसक्ति त्याग कर, परमात्मा के प्रति पूर्ण आत्मसमर्पण करके उसका साक्षात्कार करता है, तथा उसका अवाङ्मुख, अतीन्द्रिय साक्षात्कार का वर्णन करता हुआ वह विस्मय, जिज्ञासा, भय तथा पुलक से गद् गद् हो जाता है। यहां हम कह सकते हैं कि यही परमात्मा का वह रहस्यात्मक प्रत्यय है जिसके लिये रहस्यवादी साधक निरंतर लालायित रहता है। यही उसका साध्य तथा सिद्धि है।'[६२]

डा० राधाकृष्णन लिखते हैं, 'गीता में भक्ति भौतिक प्रेम नहीं है, बल्कि अपेक्षाकृत अधिक चिन्तनात्मक और मननात्मक होता है। यह ज्ञान के आधार पर टिकी है परन्तु स्वयं ज्ञान नहीं है। इसमें योग पद्धति का कोई निर्देश निहित नहीं है और न भगवान् का अनुमानिक ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा ही निहित है। शांडिल्य ने तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा है कि यह भक्ति स्वयं ज्ञान के बिना भी आत्मिक शान्ति प्रदान करती है, जैसे गोपियों को प्राप्त हुई था। भक्त में एक अतिशय विनय की भावना होती है। अपने आराध्य भगवान् की उपस्थिति में वह अपने आप को कुछ भी नहीं समझता। परमात्मा विनम्रता से जो कि आत्मा का पूर्ण आत्मसमर्पण है, प्रेम करता है।'[६३]

६०- गीता- १२-७

६१- गीता- १२-१४

६२- भक्ति काव्य में रहस्यवाद।

६३- दैन्यप्रियत्वात्। नारद भक्ति सूत्र- २७ से भगवद्गीता राधा कृष्णन-पृ० ६६ पर उद्धृत।

वैष्णव-भक्ति का विकास

डा० मुन्शी राम लिखते हैं कि महाभारत के नारायणी उपाख्यान का अनुशीलन करने से ज्ञात होता है कि नारायण एक ऋषि थे और स्वायंभुव मन्वन्तर के सत युग में उत्पन्न हुए भगवान की चार अवतारभूत विभूतियों में से एक थे। तीन अन्य विभूतियां- नर, हरि और कृष्ण थीं। हरि और कृष्ण के संबंध में महाभारत मौन है पर नर और नारायण के व्यक्तित्व पर उस ने पर्याप्त प्रकाश डाला है। महाभारत के अनुसार नर और नारायण बदरिकाश्रम में तप करते थे। जब नारद ने उन के पास जा कर पूछा:- समस्त संसार तो आप की पूजा करता है, फिर ऐसा कौन सा देव है, जिस की आप पूजा करते हैं? नारायण ने इस के उत्तर में नारद से कहा था:- जो परमात्मा संपूर्ण प्राणियों का अन्तरात्मा, त्रिगुणातीत, और त्रिगुणात्मिक प्रकृति का जनक है, वह सत- असत् रूप परमात्मा हम दोनों, नर और नारायण की उत्पत्ति का कारण है। हम दोनों उस की पूजा करते हैं। नारायण ऋषि की पूजा को महाभारत में ज्ञानयोग का नाम दिया है। इस ज्ञान योग का संबंध ध्यान-धारणा आदि से था। प्रभु का सदैव स्मरण करना, सर्वात्मना उसकी शरण ग्रहण करना, निरंतर उसी के ध्यान में लीन रहना- इस पूजा के प्रमुख अंग थे। यज्ञ का इन में कोई स्थान न था। नारायण ऋषि के पश्चात् महाभारत चित्रशिखंडी नाम के सात ऋषियों की तपस्या का उल्लेख करता है, जिन्हों ने पांचरात्र शास्त्र का निर्माण किया था। इन ऋषियों ने एक सहस्र दिव्य वर्षों तक तप कर के भगवान् नारायण की आराधना की थी। यहां भगवान् का भी नाम नारायण आ गया है और आराधना के अंतर्गत यज्ञ को कोई स्थान नहीं दिया गया है। वैष्णव भक्ति का यह प्रथम युग प्रभु के प्रति ज्ञान-ध्यान परायणता का युग है, जिसे निवृत्ति प्रधान युग भी कहा जा सकता है।[६४]

राजा वसु उपरिचर के साथ वैष्णव भक्ति का दूसरा युग प्रारंभ होता है। इस में अहिंसक यज्ञों की प्रधानता है और आरण्यक विधि से देवों को भाग अर्पित किये जाने का वर्णन है। यह युग प्रवृत्ति तथा निवृत्ति

६४- भक्ति का विकास- पृ० ३९३

दोनों को अपनाए हुए है। बृहस्पति ने राजा उपरिचर को जो शास्त्र पढ़ाया उस में इन दोनों धाराओं की मान्यता थी। राजा उपरिचर अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान करता है जो प्रवृत्ति मूलक है, तथा उसकी तपश्चर्या द्वारा भगवान् के दर्शन करता है, जो निवृत्ति मूलक है। निवृत्ति परायणता में मानस जप के साथ इन्द्रिय-शून्यता, निराकारिता तथा अविचल एवं अनन्य भक्ति की स्थिति आती है। वैष्णव भक्ति के इस दो युग भागवतों के दो सांप्रदायिक भेदों-पांचरात्रों तथा वैखानसों के लिये एक समान हैं। तीसरे युग में दोनों संप्रदायों का रूप पृथक् पृथक् हो जाता है। वैखानस वैदिक कर्मकाण्ड से चिपटे रहते हैं, पर पंचरात्र उस से भिन्न पथ का अनुसरण करते हैं।[65]

वैष्णव भक्ति के तृतीय युग में अवतारवाद की प्रतिष्ठा हुई। जिस नारायण ऋषि के अवतार श्री कृष्ण माने गये, उस नारायण ऋषि को भी भगवान् का अवतार स्वीकार किया गया। इस प्रकार अवतार शृंखला को परमेश्वर से संयुक्त कर दिया गया। जिस यज्ञ की वैष्णव भक्ति के द्वितीय युग में अपनी प्रतिष्ठा थी, और जिस में औषधि का हवि दी जाय या अन्न की, इस विषय में उपरिचर राजा के समक्ष एक सन्देह बना रहा, उस यज्ञ का रूप भी तृतीय युग में परिवर्तित कर दिया गया। द्रव्यमय यज्ञ के स्थान पर भावमय यज्ञ की प्रतिष्ठा हुई।[66] जनता को बहिर्मुख बनने की अपेक्षा अन्तर्मुख बनने का अवसर मिला।

जब भागवतों को ब्राह्मणों में भी एक दल ऐसा मिल गया जो सामान्य यज्ञों के विषय में उनके साथ एक मत था, साथ ही वेद में जिसकी अटूट श्रद्धा थी, तो भागवत और वैदिक धर्म दोनों मिलकर एक हो गये। ब्राह्मणों ने भागवत धर्म के अभिनव प्रतिष्ठाता श्री कृष्ण को दिव्य विभूति के रूप में ईश्वर का अवतार स्वीकार कर लिया। उन के परिवार वालों को भी उन के साथ संयुक्त करके चतुर्व्यूह के अन्दर स्थान दिया। गीता में चतुर्व्यूह की प्रतिष्ठा दृष्टिगोचर नहीं होती, पर वह महाभारत के नारायणी उपाख्यान में विद्यमान है। गीता श्री कृष्ण के कुछ समय पश्चात् बनी होगी, पर महाभारत का यह उपाख्यान निश्चित रूप से बहुत बाद

65- वही

66- भक्ति का विकास- ३७४

में बना। भक्ति के इस युग के साथ पूर्ति युग का प्रारंभ होता है। इसे वैष्णव भक्ति का चतुर्थ युग कह सकते हैं। पांचरात्र संहितायें इसी युग की देन हैं।[६७]

वैष्णव भक्ति के पंचम युग में भगवान की लीलाओं को विशेष रूप से स्थान मिला। श्री कृष्ण जी जिन लीलाओं का गुणगान इस पंचम युग में हुआ उन्हें भागवत में भी स्थान दिया गया, किन्तु चमत्कार युक्त रूप में नहीं। हिन्दी साहित्य की वैष्णव भक्ति कविता का काल इस पंचम युग से आरम्भ होता है।[६८]

हठयोग

योगदर्शन में योग का रूप भी है वर्णन कर आये हैं। हठयोग साधना की मुख्य धारा शैव रही है। और मत्स्येन्द्र नाथ तथा गोरखनाथ उसके प्रमुख आचार्य माने गये हैं।[६९] गोरखनाथ ने जिस हठयोग का उपदेश दिया, वह पुरानी परंपरा से बहुत अधिक भिन्न नहीं है। शास्त्रग्रंथों में हठयोग साधारणतः प्राण-निरोध-प्रधान-साधना को ही कहते हैं।[७०] बौद्ध तंत्रों में भी योग के लक्षण वे अंश को स्वीकृत है, जो योग शास्त्र में निर्दिष्ट है। उनको षडंग योग कहा करते थे। इस में ६ अंग थे। प्रत्याहार, ध्यान, प्रणायाम, धारणा, अनुस्मृति तथा समाधि।[७१]

वास्तव में यह हठयोग चित्त का निरोध कर गुह्य साधनाओं के लिये भूमिका प्रस्तुत करता है। हठयोग द्वारा पवन का निरोध कर मेरुदंड में स्थित चक्रों का वेधन, यह योगाचार का स्वीकृत पद्धति थी। योगाचार में हिन्दू योग की भांति मस्तक नहीं वरन् हृदय में ही अंतिम चक्र की स्थिति मानी जाती थी। हृदय ही मन का केन्द्र या मनोबिंदु था। योगाचार संप्रदाय में केवल ५ चक्र माने गये थे।[७२] गोरखनाथ द्वारा प्रति-पादित योग में चक्र ६ ही हैं। गोरखनाथ ने स्वयं कहा है कि जो व्यक्ति ६ चक्र, सोलह आधार और दो लक्ष्य तथा व्योमपंचक को नहीं जानता वह सिद्धि नहीं प्राप्त कर सकता।[७३] षट् चक्रों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है।[७४]

६७- वही पृ० ३७५-७६

६८- वही पृ० ३७८

६९- हिन्दी साहित्य कोश- हठयोग- पृ० ८७६-८०

७०- नाथ संप्रदाय- डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी पृ० १३७

७१- सिद्ध साहित्य- पृ० २०६-२१०

७२- वही पृ० २१०-११

७३- नाथ संप्रदाय पृ० १४४

७४- वही पृ० १४३

चक्र	स्थान	दल संख्या	तत्व तथा गुण	विशेष
१-मूलाधार:	गुदा के अधोभाग में वायु और मुत्र मूल के मध्य	४	पृथ्वी, आकर्षण, गंध	आज्ञा चक्र के स्थान को त्रिकुटि कहा जाता है, और इसकी विशेषता यह है कि इस स्थान पर पहुंच कर दिव्य दृष्टि की प्राप्ति होती है, और फिर साधना में अवरोध का भय नहीं रहता। इन छः चक्रों को भेद कर कुण्डलिनि अन्तिम चक्र में पहुंचती है जिसमें सहस्रदल हैं, इसलिये इसे सहस्रार चक्र या सहस्रदल कमल भी कहते हैं। यहां भी शिव का स्थान है। इसे कैलाश भी कहते हैं।[७५]
२- स्वाधिष्ठान:	लिंगदेश में पेडू के ऊपर	६	जल, संकोचन रस	
३-मणिपुर:	मेरुदंड में नाभि के पास	१०	तेज, प्रसारण, रूप।	
४-अनाहत :	हृदय के पास	१२	वायु, गति, स्पर्श।	
५-विशुद्ध चक्र:	कंठ के पास	१६	आकाश, अवकाश, शब्द	
६-आज्ञा :	भ्रूवों के बीच में (त्रिकुटी)	२	मन।	

हठयोग की प्रमुख प्रक्रिया है श्वास निरोध के द्वारा कुण्डलिनी को जगाकर ऊपर की ओर प्रेरित करना। कुण्डलिनी वास्तव में मूल शक्ति है, जो सर्पिणी के समान मेरु दंड के नीचे निम्नतम बिन्दु में वायु और मल के मध्य भाग में है और स्वयंभूलिंग कहलाता है। उसमें त्रिकोणाकार अग्नि चक्र में साढ़े तीन कुण्डली मार कर सोती है। इसी लिये इसे नाग नागिन, सांपिन, नागिन आदि भी कहा गया है। जब तक यह सोती है तब तक सारा तेज सोने से वारित होता रहता है, और प्राणशक्ति क्षीण होती रहती है। पर जब मूल बन्ध लगाकर योगी इसे जगा देते हैं, तब यह मेरुदंड के सहारे ऊपर चढ़ने लगती है। मेरुदंड में छः चक्र माने गये हैं जिन्हें आकार की समता के कारण कमल भी कहा गया है। इन चक्रों को भेद कर कुण्डलिनी सहस्रदल कमल तथा आकाशमण्डल में पहुंचती है। इन चक्रों के वेधन का मार्ग नाड़ियों में से ही होकर है। नाथ के अतिरिक्त सिद्धों ने नाड़ियों की संख्या तथा महत्त्व पर बल दिया है, जो हिन्दू योग

७५- हिन्दी साहित्य कोश- पृ० ८८०

पद्धति में माना गया है। हठयोग प्रदीपिका में कहा गया है कि वैसे तो शरीर में बहत्तर हजार नाड़ियाँ हैं, पर उनमें से केवल सुषुम्ना ही शक्ति की वाहिका है। सुषुम्ना में से ही कुण्डलिनी ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। सुषुम्ना वस्तुतः तीन नाड़ियों से बनी है। ऊपर वज्रा, उसके अन्दर चित्रिणी और उस के अन्दर ब्रह्मनाड़ी है। वस्तुतः ब्रह्मनाड़ी ही कुण्डलिनी का मार्ग है। सुषुम्ना की बाईं ओर इड़ा और दाईं ओर पिंगला है। इसी को परवर्ती सन्त अनुप्रास मिलाने के लिये इंगला पिंगला कहने लगे थे। वामनासापुट का श्वास प्रवाह इड़ा से होता है, दक्षिण नासापुट का श्वास प्रवाह पिंगला से। इड़ा शीतल स्वभाव की है, उसमें चन्द्र का वास है, उसे गंगा माना गया है। उसके अधिष्ठाता ब्रह्मा हैं। पिंगला उष्ण स्वभाव की है, उसमें सूर्य का वास है, उसे यमुना माना गया है। उसके अधिष्ठाता विष्णु हैं। इड़ा को चन्द्र नाड़ी और पिंगला को सूर्य नाड़ी भी कहते हैं। सुषुम्ना दोनों के मध्य में है, त्रिगुणमयी है। चन्द्र-सूर्य-अग्नि स्वरूपा है, सरस्वती है। इसके अधिष्ठाता शंभु या शिव हैं। इसे सन्त लोग सुखमन भी कहते हैं। इन तीनों नाड़ियों का संगम या त्रिवेणी ब्रह्मरंध्र में होता है। यह ब्रह्मरंध्र मस्तक के मध्य में परिकल्पित एक छिद्र है। योगियों के प्राण इसी रंध्र को भेदकर निकलते हैं और इसी से उन्हें ब्रह्म का प्राप्ति होती है। इसी को दशमद्वार (दशम दुआर) भी कहा गया है, क्योंकि शरीर के अन्य नौ द्वार तो सदा खुले रहते हैं। केवल ब्रह्मरंध्र बंद रहता है। जिसे साधना के द्वारा खोलना पड़ता है। इसी ब्रह्मरंध्र के खुलते ही सहस्रार चक्र से अमृतरस झरने लगता है और योगी को अमर काया की उपलब्धि होती है। इसीलिये इस ब्रह्मरंध्र को उल्टा कुआँ या कूप भी कहा गया है। जिसमें सोमरस या अमृत तत्व भरा हुआ है।[७६]

गुरुभक्ति साधना मार्ग

परंपरा से संबंध

वैदिक साधना पद्धति से संबंध: वैदिक काल में कर्म और यज्ञ की मान्यता अधिक बढ़ गई थी।[७७] वैदिक साहित्य वेदत्रयी के नाम से प्रख्यात है, जो ज्ञान, कर्म, एवं उपासना तीन मार्गों का निर्देश करती है।[७८] ज्ञान और कर्म-समन्विति का प्रभु अनुग्रह

७६- हिन्दी साहित्य कोश - ८८०-८८१

७७- भक्ति का और रहस्यवाद- पृ० २३

७८- भक्ति का विकास-१११

े साथ सामंजस्य को वैदिक भक्ति का ा ई है। ज्ञान और कर्म की पूजा का परिणाम फल उपासना कहलाता है।[७९]

वेद में लिखा है, जो मनुष्य कर्महीन है, वह दस्यु है।[८०] दिव्य शक्तियाँ निद्रा ग्रस्त प्राणी से नहीं, वरन् साधक कर्मकांडी से मित्रता करती हैं। वे स्वयं प्रमाद रहित हैं, अतः प्रमादी पुरुष को दण्ड देती हैं।[८१] आदि ग्रंथ में वैदिक कालीन षट् कर्मों ... जो कालांतर में विकृत रूप धारण कर गये थे, उन्हें साधना में मान्यता नहीं दी है।

(१) षट करम सहित रहता।
मन रोकि रोकि ... निंद। सिमरि सिमरि गोविंद। नामदेव[८२]

षट् कर्म करने वाला कुलीन व्यक्ति भी हरि भक्ति के बिना बेहाल है।

(२) षट करम कुल संजुगतु है हरि भगति हिरदै नाहि।
चरनार बिंद न कथा भावै, सुपच तुलि समानि ।।१।।[८३]
रैदास रविदास।

यदि कोई षट् कर्म (पढ़ना, पढ़ाना, यज्ञ करना-यज्ञ कराना, दान देना-दान लेना) तथा त्रिगुणित कर्म (स्नान, जप, हवन, देवपूजा, तीर्थ यात्रा तथा तप) द्वारा पूजा-स्नान करे ..... प्रभु प्रेम में लीन नहीं होता, तो अवश्य ही नर्क का भागी होगा।

(३) षट् करमा ते दुगुणे, पूजा करता नाइ।
रंगु न लगी पारब्रहम ता सरपर नरके जाइ। म:१[८४]

(४) षट करम किरिआ करि बहु बहु बिस्थार,
सिध साधिक जोगीआ करि जट जटा जट धार।
करि भेख न पाईऐ हरि ब्रहम जोगु हरि पाईऐ
सत संगती उपदेसि गुर गुर संत जना खोलि खोलि कपाट।[८५]
कानड़ा म:४

(५) षट् करम कुरीति बिगारु भाउ।
उपाव साव करि हारिओ नह नह हुटिओ बिकराल। म:५[८६]

७९- वही- पृ० २२१-२२२

८०- ऋग्वेद-१०- ... (भक्ति का विकास पृ० १९१)

८१- ऋग्वेद- ८-२-१८ (वही- पृ० १९१)

आदि ग्रंथ में कहीं पर इस परिस्थिति को कहा है। अब हम आगे विस्तार से उल्लेख करते हैं। यह संसार कर्मभूमि का है, यहाँ जो बोया जाता है, वही काटा जाता है।

(१) जन्म धरयो, शरीर धुआ अंतर की जैसी थी जात। भ:१[82]

वेद पाठ तथा कर्म आदि के विरुद्ध उत्तर वैदिक काल में उपनिषदों, गीता तथा परवर्ती सिद्धों, नाथों संतों आदि के साहित्य में जो उक्तियाँ मिलती हैं, उन्हें भी कई आलोचक विद्वानों ने इन उक्तियों को वेदों का अपमान माना है। डा० मुन्शीराम लिखते हैं: वेद को त्रैगुण्य कहना (गीता-२-४२,४५, ४३) और उसके कारण बुद्धि को विचलित मानना तथा वेद-वादियों की वाणी को अविपश्चितों की वाणी कहना वेद का सम्मान करना नहीं है। गीता ने यहाँ तक यज्ञिक ब्राह्मणों की बड़ी निन्दा स्वीकार की है, जो वैदिक संप्रदायों ने मान्य था। (गीता: २-४६,४-३३) ज्ञान-मय-यज्ञों का अध्ययन और वैदिक ब्राह्मण को जिस दृष्टि से देखा था वैसा ही है जैसा हमें निर्गुण साहित्य के सन्तों की वाणी में मिलता है। पर जैसा हम पीछे लिख चुके हैं, भागवत संप्रदाय अपने परवर्ती रूप में वेदों और ब्राह्मणों का आश्रय लेने लगा था।[88] परन्तु केवल वेद पाठ तथा कोरे एवं औपचारिक ज्ञान के विरुद्ध व्यक्त होने के कारण निर्गुण अध्यात्म ग्रंथों को वेद-विरोधी नहीं ठहराया जा सकता। वेद मंत्रों के ऐसे पाठ के विषय में ऋग्वेद में भी इस प्रकार के उल्लेख मिलते हैं:-

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन् यस्मिन् देवा अधि विश्वे निषेदुः।
यस्तन्न वेद, किमृचा करिष्यति य इत्तद् विदुस्त इमे समासते। ऋ०
१-१६४-३६

(ऋचाएं अक्षर, परम व्योम में समस्त ऋचाएं सन्निहित हैं। उसी में समस्त देव विराजमान हैं। जो उस अक्षर ब्रह्म को नहीं जानता, वह ऋचाओं के पाठ से क्या प्राप्त कर सकता है? जिन्होंने इस अविनाशी ब्रह्म को जान लिया है, वे तो आनन्द धाम में समासीन हो सकते हैं।)[89]

८२- ग्रा०प्रा० पृ० ८८३
८३- ग्रा०प्रा० पृ० १२२४
८४- ग्रा०प्रा० पृ० ७०
८५- ग्रा०प्रा० पृ० १२६७
८६- ग्रा०प्रा० पृ० ११६६
८७- ग्रा०प्रा० पृ० ७८
८८- वही पृ० १९८
८९- भक्ति का विकास-पृ०२५६

इस से सिद्ध है कि वेदों का प्रतिपाद्य विषय ब्रह्मज्ञान है, अर्थात् परमपद की पहचान करना। यजुर्वेद में भी आता है,[९०] जो साधक अन्धकार से परे, प्रकाशस्वरूप उस परम पुरुष को जान लेता है, वही मृत्यु को अतिक्रांत कर पाता है। इसके पार, प्रभु के पास पहुँचने के लिये अन्य कोई मार्ग नहीं।[९१]

इस से स्पष्ट है कि प्रकाशस्वरूप उस परम-पुरुष को जान लेने अथवा अपार ब्रह्म की पहचान के अतिरिक्त साधना के अन्य मार्ग अथवा कर्म, यदि कर्म कर्म के लिये किसी उद्देश्य से किये गये हों तो उन्हें वेद के उपर्युक्त वाक्य के अनुसार प्रभु नाम की तुलना में हेय माना जायेगा। ऐसे निष्कर्ष अथवा कथन वेद विरोधी नहीं कहे जा सकते। हमारे इस विचार को समझने के लिये श्री कुन्हन राजा का निम्नलिखित कथन लाभदायक सिद्ध होगा। साधारणतया: यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है, कि उपनिषदों में वेदों की प्रामाणिकता का विरोध आरंभ हो जाता है, क्योंकि वेदों में कर्मकांडों का अनुष्ठान ही विहित हुआ। महात्मा बुद्ध ने बुद्धिवादी विचारधारा के युग का भारतीय विचारधारा में उद्घाटन किया। उन्होंने वेदों की प्रामाणिकता को धराशायी कर दिया। परन्तु बौद्ध मत को भी तो भारत से प्रवास प्राप्त करना पड़ा

९०- वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसस्परस्तात्।
तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय। यजु० ३१-१८

९१- अनुवाद- भक्ति का विकास- पृ० १९८

९२- It is contended that even in the Upanishads there is a beginning of revolt against this authoritative nature of the Vedas, and the Buddha inaugurated the era of a true rationalism in Indian thought, demolishing the authoritative nature of the Vedas, but Buddhism had to quit the country leaving some indelible mark on the thought of India. But the fact is that there is no text in which there is a defence of the text of the Vedas as of supreme authority, which man shall never question. The most that is maintained is that there are passages in the Vedas that represent some ultimate truths, the whole Veda is not of that nature, nor is the truth confined to the available texts of Vedas. The position is that the Veda is authority in so far as it contains statements of some important truths, not that the statements relate to the truth because they are found in the Vedas. Such is the approach taken up in this presentation of the probable problems relating to Indian philosophy. There is no conflict between the different stages. (Some Fundamental Problems of Indian Philosophy- C. Kunhan Raja- P-195).

जाने का भारतीय दर्शन पर अमिट प्रभाव पड़ गया। बात वस्तुतः यह है कि किसी भी ग्रंथ में वेद-वर्णित विचारों का खंडन करने का बात नहीं कही गई कि वेदों की सत्ता परम प्रामाणिक है, तथा उनमें वर्णित विचार नित्य हैं, जिन पर कि उंगली नहीं उठाई जा सकेगी। अधिक से अधिक जो बात कही गई है वह यह है कि वेदों में जीवन जुड़े वर्णन हैं, जिन में कुछ अनित्य सत्यों का उल्लेख है। सारे वेद में इस प्रकार का वर्णन नहीं और न ही सारा वेद वेदों के प्राप्य भाग तक सीमित है। बल्कि वेदों की प्रामाणिकता इस लिये है कि उनमें कतिपय शाश्वत सत्यों का वर्णन है, इस लिये नहीं कि वे मनुष्य वेद-विहित हैं। भारतीय दर्शन की कतिपय समस्याओं के समाधान के विषय में एक दृष्टिकोण अपनाया गया है। विचारधारा की भिन्न भिन्न अवस्थाओं में कोई विरोध नहीं।[६२]

वेदों का प्रतिपाद्य विषय और आदि ग्रंथ

वेदों के प्रतिपाद्य विषय के बारे में हम पीछे बता चुके हैं, कि ब्रह्मज्ञान अथवा परब्रह्म की पहचान करने का उपदेश वेदों का मुख्य विषय है। जब तक उस भगवान् में मन नहीं लगता, तब तक सब कर्म और ज्ञान व्यर्थ हैं। उस प्रभु की स्तुति कर के उस से ऐक्य स्थापित करना वेदों का प्रधान लक्ष्य है। इस परंपरा की पुष्टि तथा विस्तार आदि ग्रंथ में हुआ है।

कबीर जी कहते हैं:-

(१) वेद कतेब कहहु मत झूठे, झूठा जो न बिचारै।[६३]

अन्य गुरुओं ने भी वेद की महिमा को मुक्त कंठ से स्वीकार किया है, और वेद विहित सत्यों के कारण उन्हें भगवान् ज्योति पुंज माना है:-

(२) दीवा बलै अंधेरा जाइ। बेद पाठ मति पापा खाइ।
उगवै सूरु न जापै चंदु। जह गिआन प्रगासु अगिआनु मिटंतु।
बेद पाठ संसार की कार। पड़ि पड़ि पंडित करहि बीचार।
बिनु बूझे सभ होइ खुआरु। नानक गुरमुखि उतरसि पारि। म:१[६४]

(३) बेदा महि नामु उतमु सो सुणहि नाही, फिरहि जिउ बेतालिआ। म:३[६५]

(४) बेद पुरान सिम्रिति भनि अभिआस मुनि पंडित हरि गाइआ।
नामु रसालु जिन मनि वसिआ ते गुरमुखि पारि पइआ। म:४[६६]

६३- आ०ग्रं० प्रभाती कबीर- पृ० १३५०

६४- आ०ग्रं० पृ० ७९१

६५- आ०ग्रं० पृ० ६१६

६६- आ०ग्रं० पृ० ६६५

(५) चारे वेद होए सचिआर। पड़हि गुणहि तिन्ह चार वीचार।। म:१ [९७]

वेदों के प्रति आदि ग्रंथ के रचयिताओं की अपार श्रद्धा है। वे तो ऊंचे स्वर में घोषणा करते हैं कि वेद शास्त्र तो पुकार पुकार कर मनुष्य को सच्चे मार्ग पर चलने को कहते हैं, परन्तु यदि कोई उनकी सुने ही न, तो इसमें वेद शास्त्रों का क्या दोष:-

(६) वेद शास्त्र जन पुकारहि सुनै नाही डोरा। म: ५ [९८]

आदि ग्रंथ में वेद ज्ञान की परंपरा से संबंध स्थापित करने का एक मात्र उपाय सत्य बोलना माना गया है। गुरु नानक देव जी कहते हैं, जैसे कांसी, कंचन तथा तार के टूटने से लोहार उसे अग्नि में डाल कर जोड़ (टांका लगा) देता है, जिस प्रकार पति पत्नी के संबंध-विच्छेद को पुत्र जोड़ देता है, उसी प्रकार व्यक्ति यदि सच बोलता है तो उसका संबंध वेदों से स्थापित हो जाता है, उसी प्रकार जैसे ब्रह्मचारी तथा सत्यवादी की स्तुति इस लोक में जुड़ी रहती है:-

कैहा कंचनु तुटै सारु। अगनी गंढु पाए लोहारु।
गोरी सेती तुटै भतारु। पुतीं गंढु पवै संसारि।
वेदा गंढु बोले सचु कोइ। मुइआ गंढु नेकी सतु होइ।। म: १ [९९]

आदि ग्रंथ के रचयिताओं की भारतीय तत्व चिंतन की परंपरा से कितनी आसक्ति थी, यह उनके नित्य कर्म से सिद्ध होता है। रविदास जी, भक्त नामदेव के विषय में लिखते हैं:-

जाकै भागवतु लेखीऐ अवरु नहीं पेखीऐ, तास की जाति आछोप छीपा।
बिआस महि लेखीऐ सनक महि पेखीऐ, नाम की नामना सपत दीपा। [१००]

इस पद में नाम देव को नित्य ही भागवत तथा बिआस (व्यास) तथा सनकादि के ग्रंथों का मनन करते बताया गया है।

स्वयं गुरु अर्जुन देव को भी अपने पूर्व-वर्ती तत्व-चिंतन का स्वाध्याय करने पर सन्तुष्टि प्राप्त हुई होगी:-

पीऊ दादे का खोलि डिठा खजाना। ता मेरै मनि भइआ निधाना।
रतन लाल जा का कछू न मोलु। भरे भंडार अखूट अतोल। म:५. [१०१]

९७- आ०ग्रं० पृ० ४७०

९८- आ०ग्रं० पृ० ४०८

९९- आ०ग्रं० पृ० १४३

१००- आ०ग्रं० पृ० १२९३

१०१- आ०ग्रं० पृ० १८६

आदि ग्रंथ के विषय में डा० तारन सिंह लिखते हैं: सिख धर्म अपना धर्म पुस्तक में बिल्कुल भारतीय है, और राष्ट्रीय दृष्टिकोण का धारणीय है। गुरु ग्रंथ साहिब अपने आप में एक वेद है।[१०२] एक अन्य स्थान पर वे लिखते हैं: वेद प्रभु के बारे में परंपरागत ज्ञान का स्रोत है। जब तक किसी मनुष्य को भारतीय धर्म ग्रंथों का सम्यक ज्ञान नहीं, जो हमारी परंपरागत निधि है, तब तक वह इस वेद (गुरु ग्रंथ) को नहीं समझ सकता। यह महान् ग्रंथ उसी प्राचीन सनातन ज्ञान से आविर्भूत हुआ है, तथा उसी परंपरा को विकास प्रदान करता है। इस तरह यह नई कृति भी है, परन्तु सर्वथा नई नहीं, क्योंकि इसकी जड़ वेद में है। भारतीय ब्रह्म-विद्या का सम्यक ज्ञान ही किसी मनुष्य को भी गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी का बोध प्राप्त करने के लिये सहायक सिद्ध हो सकता है। इस के बिना इस ग्रंथ के रहस्यमयी भेदों को समझना कठिन है।[१०३]

गुरु तेग बहादुर जी ने भी वेदों के श्रवण, मनन को भी साधु-मार्ग अथवा संत मत में अनिवार्य माना है। गुरमति साधना मार्ग में वेदों का महत्वपूर्ण स्थान है:-

कोऊ माई भूलिओ मनु समझावै।

बेद पुरान साधमग सुनि करि निमख न हरि गुन गावै। म:९[१०४]

परन्तु इस श्रवण-मनन के विषय में गुरु जी का विचार अलौकिक ही है। जैसे हम ऊपर कह चुके हैं, कि वेद कहता है: जो उस अक्षर-ब्रह्म को नहीं जानता, वह ऋचाओं के पाठ से क्या प्राप्त कर सकता है। ब्रह्म वेत्ता ही ब्रह्म के आनंद-धाम में समाधान होता है।[१०५] गुरु तेग बहादुर कहते हैं : वेद-पुराण पढ़ने का यही लाभ होना चाहिए कि प्रभु का नाम-स्मरण किया जाये, क्योंकि राम-शरण में ही सुख-शान्ति है।

(१) साधो राम सरनि बिसरामा।

बेद पुरान पड़े को इह गुन सिमरे हरि को नामा।। म:९[१०६]

(२) बेद पुरान जास गुन गावत ता को नामु हीऐ मो धरु रे। म:९[१०७]

यदि वेद-पाठ के विरोधी कथन आदि ग्रंथ में कहीं कहीं मिलते हैं तो उन की भावना को उपर्युक्त विचारों के संदर्भ में देखना चाहिए। कोरे कर्म कांड को सार्थक नहीं मानना चाहिए। यदि आदि ग्रंथ में वेद को त्रैगुण्य कहा है, और उसके बिना बूझे पाठ के कारण दुःखी होने की बात इस ग्रंथ में कही गई है, यह गीता के विचार का परंपरागत अनुकरण है:-

---

१०२- [illegible]- पृ० २६

१०३- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यिक अध्ययन- पृ० ३१

१०४- आ०ग्रं० पृ० २२०

१०५- ऋग्वेद-१-१६४-३९ से भक्ति का विकास पृ० १९४ पर उद्धृत।

आदिग्रंथ: वेद पुकारै त्रिबिधि माइआ।
मनमुख न बूझहि दूजै भाइआ।
त्रैगुण पड़हि, हरि न जाणहि, बिन बूझे दुखु पावणिआ। म:३ ८-३०[108]

यहाँ भाव इस प्रकार है, वेद तो माया को त्रैगुण्य कहते हैं। परन्तु मनमुख द्वैत भाव में उलझे हुए भी त्रैगुण्य माया का पाठ पढ़ते हैं, अर्थात् माया के अधीन कर्म करते हैं, तथा उस ब्रह्म को नहीं जानते, और बिना ब्रह्म-ज्ञान के दुःख पाते हैं। गीता के विचारों को भी इस संदर्भ में देखना होगा, और यहाँ गुरु अमरदास के गीता के विचार के समर्थित महत्त्व को प्रामाणिक मानकर, वेद को नहीं, अपितु उनमें वर्णित माया को त्रैगुण्य कहना होगा। गीता में 'त्रैगुण्य विषया वेदा' का भाव यही है। वेदों का विषय 'त्रैगुण्य माया' है। इसी कारण इस माया के आवरण को दूर कर भगवान् ने अर्जुन को 'निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन' का उपदेश दिया।[109] गीता के पद, 'वेद-वादरता: पार्थ नान्यदस्तीति वादिन:'[110] अर्थात् वेद- कथाओं के वाद-विवाद में आनंद लेने वाले वादी, से युक्त उन लोगों के लिये कहे हैं, जो वेद के ब्रह्म-ज्ञान के संदेश को छोड़ कर केवल क्रिया-कलापों में उलझे हुए थे। गीता के चौदहवें अध्याय में कहा है: 'प्रकृति के तीन गुणों द्वारा भ्रम में पड़े हुए लोग मुझ त्रिगुणातीत को नहीं जान पाते।'[111] जहाँ तक गीता में लिखा है कि वेद त्रैगुण्य माया का वर्णन करते हैं, वहाँ गीता में यह भी आता है : 'प्रणव: सर्ववेदेषु शब्द: खे, पौरुषं नृषु।'[112] अर्थात् मैं वेदों में मैं ओअम् नाम हूँ, आकाश में मैं शब्द हूँ और पुरुषों में पौरुष हूँ। इसी विचार की ध्वनि आदि ग्रंथ में सुनाई देती है: 'वेदा महि नामु उतमु।'[113] जो शब्द गुरु अमर दास जी के हैं, तथा आदि ग्रंथ के 'वेद पुकारै त्रिबिधि माइआ'[114] भी म:३ के ही हैं, अत: यह आपस में विरोधी नहीं हैं।

भागवत धर्म साधना और आदि ग्रंथ

विष्णु का अवतार: भागवत धर्म पांच रात्र, एकान्तिक, नारायणी, वासुदेव, वैष्णव, सात्वत आदि कई नामों से अभिहित किया जाता है।[115] पीछे हम कह चुके हैं, भगवान्

106- आ०ग्र० पृ० ... ०
107- आ०ग्र० पृ० ... ०
108- आ०ग्र० पृ० १२८
109- गीता २-४५ (राधाकृष्णन-१२८)
110- गीता २-४२ (वही)
111- गीता-७-१३
112- गीता ७-८
113- आ०ग्र० पृ० ११६
114- आ०ग्र० पृ० १२८
115- महाभारत अध्याय-३४८, श्लोक ..., ..., ८४ से भक्ति का विकास पृ०-३३ पर।

है उपासक भक्ति नारायण को भगवान् का रूप मानकर उनकी पूजा भी ओरों करो तथा भगवान् और नारायण को अभिन्न मान लिया गया। तैत्तिरीय आरण्यक के दशम प्रपाठक में जो विष्णु गायत्री दी है, उसमें नारायण, वासुदेव, तथा विष्णु को एक कर दिया है, यथा:-

नारायणाय विद्महे, वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।।[११६]

(नारायण की हम पूजा करते हैं, वासुदेव का हम ध्यान करते हैं, और इस कार्य में विष्णु हमारी सहायता करें)।

डा० राधाकृष्णन लिखते हैं: ब्रह्म तथा विष्णु और शिव मूलतः एक हैं, भले ही उन की कल्पना भिन्न भिन्न रूपों में की गई है। गीता का कवि संसार को पुष्टि दिलाने की प्रक्रिया में है, इस लिये विष्णु पक्ष पर अधिक बल दिया गया है। कृष्ण, भगवान् के विष्णु रूप का प्रतिनिधि है। विष्णु ऋग्वेद का एक अत्यंत प्रसिद्ध देवता है। वह महान् तथा व्यापक है। विष्णु शब्द 'विश्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है 'व्यापक होना'। वह आन्तरिक नियामक है, जो सारे संसार को व्याप्त किए हुए है। वह निरंतर बढ़ती हुई मात्रा में आत्मा भगवान् की स्थिति और गौरव को अपने अन्दर समेटता जाता है।[११७] पद्म पुराण में भी विष्णु को भगवान् के रूप में माना है: स एव भगवान् विष्णु प्रकृत्याम् आविवेश।[११८] वैष्णव धर्म में विष्णु, हरि, कृष्ण और नारायण को ब्रह्म पुराण के अध्याय ७० के नीचे लिखे श्लोक में भी एक ही कहा गया है:-

विष्णुत्वं श्रूयते यस्य हरित्वं च कृते युगे।
वैकुण्ठत्वं च देवेषु कृष्णत्वं मानुषेषु च।
नारायणो महात्मा प्रभवोऽव्यय एव च।[११६]

आदि ग्रंथ में भी विष्णु के इसी रूप को मान्यता दी गई है। आदि ग्रंथ

११६- भक्ति का विकास- पृ० २३३ तथा भगवद्गीता -राधाकृष्णन-६६ (नारायण कहता है: सूर्य की भांति होने के कारण मैं सारे संसार को किरणों से आच्छादित करता हूं, और मैं सब प्राणियों का धारण करने वाला हूं, इसी लिए मैं वासुदेव कहलाता हूं) महाभारत- १२-३४१-४१।

११७- अमर कोश- विष्णु को 'व्यापक परमेश्वर' कहता है। 'विष्णु' का मूल 'विश्' धातु में बना जाता है जिसका अर्थ प्रवेश करना है। तैत्तिरीयोपनिषद् का कथन है: उस संसार को रचने के बाद वह उस में प्रवेश कर गया।

११८- देखिए पद्म पुराण- भगवान के रूप में विष्णु प्रकृति में प्रवेश कर गया। भगवद्--गीता राधाकृष्णन- ६।

का सर्व-व्यापक भगवान् विष्णु के रूप में सर्वव्यापक है, और उसके नाम आदर से स्थान स्थान पर ले लिया गया है। आदि ग्रंथ का वासुदेव (मुरारी) भी सर्वव्यापक है:-

(१) वासुदेव सरब मै, ऊन न कतहू ठाइ।
वासुदेव जल थल महि रविआ।[120]

(२) धनि धनि बन खंड ब्रिंद्राबना। जह खेलै श्री नाराइना।[121] नामदेव

(३) घटि घटि अंतरि सरब निरंतरि केवल एक मुरारी।[122] नामदेव

गुरु नानक देव जी ने भी कृष्ण को ही सब देवों का शिरोमणि माना है और उसे सब देवों का आत्मा कह कर ब्रह्म रूप माना है। यहां पर सब देवता कृष्ण (वासुदेव) में एक हो गए हैं, और निरंजन रूप कहे गए हैं:-

(४) एक क्रिसनं त सरब देवा, देव देवा त आतमा।
आतमं श्री वासुदेवस्य जे कोई जानसि भेव।
नानक ता को दासु है, सोई निरंजन देवा[123] सलोक सहसक्रिती म:१

आदि ग्रंथ के भक्तों ने विष्णु का अनेक रूप में वर्णना की है। आदि ग्रंथ में राम, कृष्ण एक हो गए हैं:-

(१) कहि कबीर प्रभु कालिंग पानी।[124]

(२) कहु नामदेव प्रभु कालिंग पानी।[125]

(३) तुम घरि लाख कोटि अस्व हस्ती हम घरि एकु मुरारी। कबीर[126]

(४) कबीर सूता किआ करहि उठि कि न जापहि मुरारि।[127]

(५) वासुदेव न मिलि मुरारि।[128] नामदेव

(६) सरणि परे गुरदेव तुमारी। तू समरथु दइआलु मुरारी। मारू म:१[129]

(७) गुरमति क्रिसनि गोवरधन धारे। गुरमति साइरि पाहण तारे।
गुरमति लेहु परम पदु पारी। नानक बोलहु रिदै मुरारी।
जम के फाहे काटहि हरि जपि अकुल निरंजनु पाइआ। मारू म:१[130]

११९- भक्ति का विकास पृ० ३३०
१२०- आ०ग्रं० पृ० २५६
१२१- आ०ग्रं० नामदेव पृ० ९८८
१२२- आ०ग्रं० पृ० ४८५
१२३- आ०ग्रं० पृ० १३५३
१२४- आ०ग्रं० पृ० ३२३
१२५- आ०ग्रं० पृ० ३३७
१२६- आ०ग्रं० पृ० ३३६
१२७- आ०ग्रं० पृ० १३७२
१२८- आ०ग्रं० पृ० १२६६
१२९- आ०ग्रं० पृ० १०३१
१३०- आ०ग्रं० पृ० १०४१

(८) नवि गरे है होति प्रभु से विरत संसारा।

जिन भिखिआ गुरु उलटा जपि नामु मुरारि। भाग ५:३[१३१]

(९) रवि ससि दीपक जाके, त्रिभवणि एका जोति मुरारी। ५:१[१३२]

(१०) भायन भौम भान फल लेहु मुरारी राम। बिलावहु ५:४ छ[१३३]

भगवान को प्राप्त करने का एक मात्र साधन भक्ति है

श्रीमद्भागवत में भगवान् उद्धव से कहते हैं:-

न साधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव।

न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता। २०।।

भक्त्याऽहमेकया ग्राह्यः श्रद्धयात्मा प्रियः सताम्।

भक्तिः पुनाति मन्निष्ठा श्वपाकानपि संभवात् ।। २१।।

हे उद्धव ! मैं न योग के द्वारा और न सांख्य (ज्ञान) के द्वारा ही प्राप्त होता हूं। मेरी प्राप्ति का मुख्य साधन तो भक्ति है। एक निष्ठा से की हुई मेरी भक्ति चाण्डाल तक को पवित्र कर देती है।[१३४]

गीता में भी भगवान् कहते हैं:-

(१) मैं न तो वेदों के पाठ द्वारा, न यज्ञों द्वारा, न दान द्वारा, न धर्मों की क्रियाओं द्वारा और न घोर तपस्या द्वारा ही इस रूप में देखा जा सकता हूं।[१३५]

(२) अनन्य भक्ति द्वारा मुझको इस रूप में जाना जा सकता है और मुझ में प्रवेश किया जा सकता है।[१३६]

आदि ग्रंथ और भक्ति

आदि ग्रंथ का प्रतिपाद्य विषय ही निष्काम भक्ति है। ग्रंथ पाठ, तीर्थ स्नान, दान, यज्ञ-धर्म, तपस्याएं आदि का भक्ति की तुलना में कोई विशेषता नहीं:-

---

१३१- आ०ग्रं० पृ० ६६४

१३२- आ०ग्रं० पृ० ४८६

१३३- आ०ग्रं० पृ० ५४७

१३४- श्रीमद्-भागवत। एकादश स्कंध चतुर्दश अध्याय (२०-२१)

१३५- गीता- ११-४८ तथा ११-५३

१३६- गीता- ११-५४

भक्त तथा सद्गुरु संबंध : भक्तों ने गुरु जी को अपना सब कुछ समझकर उसकी शरण ग्रहण की है। गुरु ही दाता है तथा गुरु समर्थ पुरुष है। वो सब में निवास करता है। गुरु साक्षात परमेश्वर का रूप है:-

१- गुरु दाता गुरु समरथ गुरु, गुरु सभ महि रहिआ समाइ।

गुरु परमेसरु पारब्रहम, गुरु डुबदा लए तराइ। म:५ [३९५]

२- पूरण केदरि सभ को प्रभु गुरु करतार। म:१ [३९६]

भक्तों का बंधु, सखा, तीर्थादि सब कुछ गुरु ही है:-

३- गुरदेव माता गुरदेव पिता गुरदेव सुआमी परमेसरा।

गुरदेव सखा अगिआन भंजनु गुरदेव बंधिप सहोदरा।

गुरदेव तीरथु अंम्रितु सरोवरु गुर गिआन मजनु, अपरंपरा। म:५ [३९७]

३७९- भक्ति काव्य में रहस्यवाद- १६२

३८०- मुण्डकोपनिषद्-मुण्डक-१-खंड २, मन्त्र १२।

३८१- शिव संहिता-३-१०

३८२- वही पृ० ३-१३

३८३- वही ३-१४

३८४- गीता- ४-३४

३८५- हिन्दी साहित्य की भूमिका- ६५

३८६- आ०ग्र० पृ० ४६६

३८७- आ०ग्र० पृ० १३६६

३८८- आ०ग्र० पृ० ४६३

३८९- आ०ग्र० पृ० १६८

३९०- आ०ग्र० पृ० ४४१

३९१- आ०ग्र० पृ० २६

३९२- आ०ग्र० पृ० ४०

३९३- आ०ग्र० पृ० ६६

३९४- आ०ग्र० पृ० ३२७

३९५- आ०ग्र० पृ० ४६

३९६- आ०ग्र० पृ० ६१

३९७- आ०ग्र० पृ० २५०

गुरु मध्यस्थ के रूप में : भक्त और भगवान की मेल के लिये गुरु मध्यस्थ के रूप में सहायता करता है। जब तक जीव का परमात्मा से मेल कराने में गुरु सहायता न करे। तब तक जीव भटकता ही रहेगा।[398]

जैसा सतिगुरु सुणीदा तैसा ही मै डीठु।
विछुड़िआ मेले प्रभू हरि दरगह का बसीठु। म:५[399]

गुरु कृपा : गुरु की कृपा से भगवान् और भक्त की भेंट होती है। गुरु का शुद्ध भक्त को इस पथ का मार्ग दर्शन कराता है।

१- गुर परसादी बूझि ले तउ होइ निबेरा। म:१[400]
२- गुर किरपा ते रवि रहाइ। म:३[401]
३- गुर किरपा ते पाईऐ पिआरा अम्रित नाम अपार। म:४[402]
४- गिआन धिआनु गुर सबदु है मीठा। गुर किरपा ते किनै विरलै चखि डीठा। म:३[403]
५- सारे पंच निवादीआ। गुर किरपा ते दलु साधिआ। म:५[404]

भगवत्कृपा: गुरु की कृपा हो जाए तो भगवत्कृपा भी प्राप्त हो जाती है। गुरु के शब्द की इतनी महानता है कि सब कार्य उसी के कारण सिद्ध हो जाते हैं, क्योंकि भक्त फिर वही कार्य करता है, जो भगवान् को अच्छे लगते हैं:-

१- साहिबु होइ दइआलु कृपा करे अपुना कारजु सवारे। कबीर[405]
२- साहिबु होइ दइआलु किरपा करे ता साई कार कराइसी। म:१[406]
३- प्रभ किरपा धारी हरि मुरारी भै सिंधु सागर तारणां। म:५[407]

डा० जयराम मिश्र लिखते हैं:- प्रभु-कृपा को यदि सभी साधनों का मूल कहें तो कोई अत्युक्ति न होगी। परमात्मा की कृपा अनिर्वचनीय है।[408] प्रभु की कृपा से ही साधु संगति तथा समस्त पदार्थ प्राप्त होते हैं:-

१- तुम्हरी क्रिपा ते भजहो नाम रंग। म:५[409]
२- करणा किछू न जानई बिनु भावै किछु देइ। म:३[410]

३९८- श्री गुरु ग्रंथ दर्शन पृ० ३२६
३९९- आ०ग्र० पृ० ९५७
४००- आ०ग्र० पृ० २२६
४०१- आ०ग्र० पृ० १५८
४०२- आ०ग्र० पृ० ६०४
४०३- आ०ग्र० पृ० १६२
४०४- आ०ग्र० पृ० २१०
४०५- आ०ग्र० पृ० ३३४
४०६- आ०ग्र० पृ० ४९२
४०७- आ०ग्र० पृ० ५४४

गुरू प्राप्ति तथा भगवद् प्राप्ति : सौभाग्यवश ही गुरू की प्राप्ति होती है, और उसकी कृपा द्वारा भगवत्कृपा का पात्र बना जा सकता है। गुरू की कृपा से प्रभुमिलन का सौभाग्य प्राप्त होता है। नारद भक्ति सूत्र में लिखा है: लभ्यतेऽपि तत्कृपयैव।[४११]

गुरू प्राप्ति का सौभाग्य:-

१- वडै भागि सतिगुरू मिलै पाईऐ पदु निरवाणी। म:१[४१२]

२- वडभागी सतिगुरू पाइआ बुझिआ प्रभु बिचार। म:३[४१३]

३- वडे भागि सतसंगति पाई गुरु सतिगुर परस भगवान। म:४[४१४]

४- वड भागी हरि संत मिलाए। जन नानक तिन हरि भूले नाही।म:५[४१५]

भगवत्कृपा प्राप्ति का सौभाग्य:

१- गुरमति नामु परापति होइ। वडभागी हरि पावै सोइ। म:३[४१६]

२- वडभागी हरि पाइआ जन नानक नामि समाई। म:४[४१७]

३- एक निमख तजु न जाइ। वडभागी नानक पाइ। म:५[४१८]

४- जाका खोजहि सरब उपाए। वडभागी दरसु को विरला पाए।[४१९]

(ज) पवित्रता (मनसा-वाचा-कर्मणा)

अन्तःकरण की शुद्धि को भक्ति का मुख्य अंग माना गया है। शांडिल्य भक्ति सूत्र में लिखा है: तस्याः पावित्र्यमुपक्रमात्।[४२०] मन-वचन-कर्म से अन्तःकरण की शुद्धि को ही पवित्रता का नाम दिया गया है, जब तक हृदय की पवित्रता की साधना संपूर्ण नहीं हुई, तब तक अन्य साधनाएं व्यर्थ हैं:-

अपराधी दूणा निवै जो हंता मिरगाहि।
सीस निवाइऐ किआ थीऐ जा रिदै कुसुधे जाहि।म:१[४२१]

गुरू ग्रंथ की भक्ति में पवित्र मन से नाम-जप करने वाला भक्त ही पवित्र माना गया है:-

पतित पवित्र पवित्र पुनीत। नामु जपे नानक हरि प्रीति।। म:५[४२२]

इस पवित्रता की कसौटी मन, वचन, और कर्म तीनों की एकरूपता है। यदि इस पवित्रता को प्राप्त कर लिया है, तो भक्ति के लिये मार्ग प्रशस्त हो गया है। सत्त-शब्द में लीन हो कर मन सच्चा होता है।

२- कैसे रावै सु आगै लावै। मनु राता गुर सबदि रावै। म:३ [423]

जब मन सत्य में लीन हो जाता है, तो मुख से सच्ची वाणी का उच्चारण होता है :-

मन सचा मुखि साचउ नाइ। म:१ [424]

इस सच्ची प्रीति का केवल मन-वच-कर्म की शुद्धि से निर्वाह हो सकता है। यदि मन की पूर्ण शुद्धि नहीं, तो उसे पवित्रता नहीं कहा जा सकता। जो मनुष्य मन-वच-कर्म से विषयासक्त है, वह पवित्र कैसे कहा जा सकता है? :-

मन बच क्रम रस त्यागि जुगाना। बिनसि गइआ जाइ कहूं समाना। म:४ [425]

अत: मनसा-वाचा-कर्मणा शुद्धाचरण पर विशेष बल दिया गया है:-

१- मन बच क्रम आराधै हरि हरि साध संगि सुख पाइआ। म:५ [426]

२- मन बच क्रम अराधै करता तिसु नाही कदे सजाई है। म:५ [427]

३- मन बच क्रमि राम नामु चितारी। म:५ [428]

४- मन बच क्रम प्रभु एकु धिआइआ। म:५ [429]

५- मन बचनि रिदै धिआइ हरि होइ संतुसटु इव भणु हरिनामु मुरारी। म:४ [430]

६- मनि बचि क्रमि हरिगुन नही गाए यह जीअ सोच धरउ। म:६ [431]

४०८- गुरु ग्रंथ दर्शन- ३११

४०९- आ०ग्रं० पृ० ३८२

४१०- आ०ग्रं० पृ० ३०

४११- नारद भक्ति सूत्र-८०

४१२- आ०ग्रं० पृ० ४ १

४१३- आ०ग्रं० पृ० १४१६

४१४- आ०ग्रं० पृ० १३३५

४१५- आ०ग्रं० पृ० २०३

४१६- आ०ग्रं० पृ० ११८

४१७- आ०ग्रं० पृ० ११०६

४१८- आ०ग्रं० पृ० ८३८

४१९- आ०ग्रं० पृ० १०१

४२०- शाण्डिल्य भक्ति सूत्र-५६

४२१- आ०ग्रं० पृ० ४७०

४२२- आ०ग्रं० पृ० २०६

४२३- आ०ग्रं० पृ० ११[illegible]

४२४- आ०ग्रं० पृ० ८३६

४२५- आ०ग्रं० पृ० ४८७

४२६- आ०ग्रं० पृ० १२२०

४२७- आ०ग्रं० पृ० १०७१

४२८- आ०ग्रं० पृ० ६१६

४२९- आ०ग्रं० पृ० ७६०

४३०- आ०ग्रं० पृ० ६८५

४३१- आ०ग्रं० पृ० ६८२

(क) मन की सरलता तथा व्यवहार में उदारता

भक्ति में चंचलता तथा चतुराई को कोई स्थान नहीं। भौतिक व्यापार एवं चतुराई-सौष्ठव की भक्ति के मार्ग में कोई महत्व नहीं है:-

१- ए मन चंचला चतुराई किनै न पाइआ।
चतुराई न पाइआ किनै तू सुणि मंन मेरिआ। म:३ [४३२]
२- सहस सिआणपा लख होहि त इक न चलै नालि। म:१ [४३३]
३- सहस सिआणप करि रहे मनि कोरै रंगु न होइ। म:४ [४३४]
४- सहस सिआणप नह मिलै तेरी जिंदुड़ीए जन नानक गुरमुखि जाता रामा [४३५] म: ४
५- सगल सिआणप उपाव थाके भावन ना जाणी। म:५ [४३६]
६- सगल सिआणप लहाइ न जाणी। नानक कीआ गुर बडभागी पाइऐ। म:५ [४३७]

ईश्वर का निवास तो सरल सदाचारयुक्त हृदय में होता है। सरल हृदय ही निर्मल हो सकता है। हृदय मन्दिर में भगवान् को स्थापित करने के लिये मन-दर्पण की स्वच्छता अनिवार्य है। प्रभु प्राप्ति का साधन भौतिक व्यापार नहीं, गर्व-रहित गुरु सेवा है।

१- सबद वीचारि कमावहि गुर-सेवा। मनि तनि निरमल अभिमान अभेवा। म:१ [४३८]
२- मनु तनु निरमलु सदा सुखु अंतरि विचहु भरमु चुकाइआ। म:३ [४३९]

<u>व्यवहार में उदारता</u> : अपनी चतुराई का तथा अभिमान त्याग कर विनम्र भाव से गुरू सेवा तथा साध-संगति की सेवा में दत्त चित होने का नाम व्यवहार की उदारता है:-

१- पाणी पखा पीसु दास कै तब होहि निहालु।
राज मिलख सिकदारीआ अगनी महि जालु।
संत जना का छोहरा तिसु चरणी लागि।
माइआ धारी छत्रपति तिन्ह छोडउ तिआगि। म:५ [४४०]

४३२- आ०ग्र० पृ ९१८
४३३- आ०ग्र० पृ १
४३४- आ०ग्र० पृ ४०
४३५- आ०ग्र० पृ ५४१
४३६- आ०ग्र० पृ ५४८
४३७- आ०ग्र० पृ ८८७
४३८- आ०ग्र० पृ ९०४
४३९- आ०ग्र० पृ ९००

२- जे गुर देखि त आखी राजा दुख बिधि दूर न लाई।
तनु मनु काटि काटि सभु अरपी विचि अगनी आपु जलाई।
पखा फेरी पाणी ढोवा जो देवहि सो खाई।
नानक गरीबु ढहि पइआ दुआरै हरि मेलि लैहु वडिआई। म:४[441]

३- पीसउ पीसि पाणी आणी पीरा नाकि ना पोहण जाह।
पखा फेरी पैर मलोवा जपत रहा तेरा नाउ।
सूण अराधी नानकु लाला माणिक मुनु वडिआई।
आदि जुगादि दइआपति दाता पुरु विणु मुकति न पाई। म:१[442]

(ञ) नाम जाप :

नाम जप आदि ग्रंथ की भक्ति का एक महत्वपूर्ण अंग है। नाम की महत्ता के विषय में डा० शेर सिंह कहते हैं: वास्तव में गुरुओं ने भक्ति के एक नवीन पक्ष का आविष्कार किया। वह नहीं, ज्ञान तथा परंपरागत हिन्दू भक्ति मार्ग में से कोई भी नहीं। वह नाम-मार्ग है।[443] नाम-मार्ग के अनुसरण का जो सर्वदा उदारता पूर्ण व्यावहारिक स्वरूप आदि ग्रंथ में प्रस्तुत किया गया है, उसकी विलक्षणता को आंखों से ओझल नहीं किया जा सकता। परन्तु भक्ति मार्ग में नाम-जप की परंपरा अति प्राचीन है। इसकी पुष्टि आदि ग्रंथ के अन्त: साक्ष्य से प्राप्त होती है:-

१- बेदा महि नाम उतमु। म:३[444]
२- बेद पुरान पड़े को इहु गुन सिमरे हरि को नामा। म:६[445]

नाम-जप की परंपरा के संबंध में डा० जयराम मिश्र लिखते हैं: नाम-माहात्म्य भागवत आदि प्राय: सभी पुराणों में पाया जाता है, पर मध्ययुग के भक्तों में इसका चरम विकास हुआ।[446]

आदि ग्रंथ में नाम जप के स्वरूप के विषय में डा० तारन सिंह लिखते हैं: श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रत्येक पद में नाम सुमिरन की प्रेरणा की गई है। परन्तु सुस्पष्टतया नाम क्या वस्तु है, इस विषय में कुछ नहीं कहा गया। न ही यह बताया गया है कि परमात्मा का नाम क्या है? न ही नाम-सुमिरन की विधि स्पष्ट रूप में बताई गई है, जैसा कि दूसरे ग्रंथों में आवश्यक होता है।[447] परन्तु हमारा विचार है कि आदि ग्रंथ में जिस नाम के बारे में बार पुन: पुन: दोहे लिखे गए हैं, उसका स्वरूप इस ग्रंथ में पर्याप्त स्पष्ट है। नाम-जाप से तात्पर्य भगवान् के नाम को आठों याम हृदय में स्मरण करना है। उठते बैठते, सोते जागते खाना खाते करते भगवान् के नाम को न भूलना नाम जाप है, क्योंकि हरि नाम सर्वश्रेष्ठ

१- उत्सव बैठत सोवत चितारी। मारग चलत हरे हरि गाईऐ। म:५ [448]

२- नारज काम नाम पाट जपीजै। गुरु प्रसादि हरि अम्रित पीजै। म:५ [449]

३- नामु निरोभाण रसना मै, नगत रे लिव लारि। सवैये म:३ [450]

इस नाम का स्वरूप निर्धारण करते हुए गुरु नानक देव जी कहते हैं:-

सा क्रिमं रा देवा, देवदेवाल वातमा। वात्मा वासुदेवस्यि जो

जाणे भेउ। नानकु ता का दासु है सोई निरंजन देउ। म:१ [451]

भगवान्, अलख-निरंजन स्वरूप को वादि ग्रंथ के पदों ने विष्णु

स्वरूप माना है। ब्रह्मा विष्णु और शिव मूलत: एक हैं, यद्यपि उनकी कल्पणा

तीन अलग अलग रूपों में की गई है।[452] नारायण, विष्णु, हरि, कृष्ण (वासुदेव)

को एक ही मान लिया गया है। ऋग्वेद (१-१५४) का विष्णु, शतपथ ब्राह्मण

का यज्ञरूप विष्णु तथा ऋग्वेद के पुरुषसूक्त का पुरुष, एक ही हैं। ऋग्वेद (१-१५६-

२,३) में विष्णु प्रभु ईश्वर के रूप में आया है। वह सब से पूर्व(पहला) और

बाद का सन्यासक है। हमें उसी का नाम स्मरण और उसी के समक्ष आत्मसमर्पण

करना चाहिए। उसके नाम का कीर्तन या स्तोत्र मन को यथा कथा शान्ति सम्पन्न

कर देता है। यह विशेषण ईश्वर के ही हो सकते हैं, अन्य किसी के नहीं।[453]

इससे सिद्ध है कि आदि ग्रंथका 'नाम-जप' ही 'ईश्वर-नाम-जप' है। ईश्वर अथवा नाम

के स्वरूप का वर्णन आदि ग्रंथ में स्थान स्थान पर मिलता है, और इस का संक्षिप्त

अध्ययन साधना पक्ष के भागवत धर्म साधना और आदि ग्रंथ के सिद्धान्तों के

अंतर्गत तथा दर्शन पक्ष में भगवान् के निर्गुण-सगुण स्वरूप सिद्धान्तों के अंतर्गत किया

गया है। इस पर भी कोई यह पूछे कि आदि ग्रंथ में नाम(ईश्वर) का स्वरूप स्पष्ट

नहीं, तो उसे क्या बताया जावे।

४४०- आ०ग्र० पृ० ८२१

४४२- आ०ग्र० पृ० ६६१

४४४- आ०ग्र० पृ० ६९६

४४५- आ०ग्र० पृ० २२०

४४६- हिन्दी साहित्य की भूमिका पृ० ६२

के गुरु ग्रंथ दर्शन पृ० ३३२ पर उद्धृत।

४४७- श्री गुरु ग्रंथ साहिब का साहित्य

...पृ० ४०

४४१- आ०ग्र० पृ० ८५७

४४३- 'In fact the Guru invented a somewhat new path of salvation. It is neither Karma Marg nor even the traditional Hindu Bhakti Marg. It is Nam Marg.
(Philosophy of Sikhism)
p. 50-51

भक्त कवियों ने भगवान् के नाम के इस स्वरूप को 'वाहिगुरु' स्वरूप में प्रस्तुत करते हुए और भी स्पष्ट किया है:-

वाहि गुरु वाहिगुरु वाहि गुरु वाहि जीउ।
कवल नैन मधुर बैन कोटि सैन संग सोभ कहत मा जसोद जिसहि
दही भात खाहि जीउ।
श्री निवासु आदि पुरखु सदा तुही वाहिगुरु वाहिगुरु वाहिगुरु वाहि जीउ।
राम नाम परम धाम सुध-बुध निरंकार बेसुमार सरबर कउ काहि जीउ।
सवैये म:४[454]

आदि ग्रंथ के भक्तों का राम नाम परम-धाम निवासी निराकार होता हुआ भी विष्णु रूप यशोधा नंदन भी है, परन्तु वह पुरातो सर्व-व्यापक है। जिसके स्वरूप को समझना मनुष्यकी बुद्धि के बस का काम नहीं, वह केवल अनुभव-गम्य है। इसी कारण गुरु नानक देव ने आदि ग्रंथ में इसे 'सुखम मूरति नाम निरंजन काइआ का आकारु'[455] कह कर उस के स्वरूप को बुद्धि को चकरा देने वाला विस्मादरूप (विस्मयानन्द) बता कर छुट्टी पा ली है।[456] आदि ग्रंथ की भक्ति में गुरु (सति गुरु), नाम तथा वाहि-गुरु (ईश्वर) तद्रूप कर दिया गया है:-

दूजा नाहीं जाणै कोइ। सतगुरु निरंजनु सोइ।
मानुख का करि रूपु न जानु। मिली निमाने मानु। म:५[457]

इसी सतगुरु-निरंजन को विस्मादरूप जान कर वाहि-गुरु कहा है। इस विचार के तत्त्व भी तैत्तिरीयोपनिषद में मिलते हैं। उस विस्मादरूप (आनंदमयी) अवस्था, जिसका कि ऊपर उल्लेख किया गया है, अनुभव करने के पश्चात् साधक के मुख से निम्नलिखित उद्गार अकस्मात निकल पड़ते हैं।-

हा३बु हा३बु हा३बु। अहमन्नमहमन्नमहमन्नम्। हा ३ वु हा ३, ३ हा, ३ वु।।[458]

अर्थात् अन्न रूप होने के कारण ब्रह्म सब व्यापक है। वह उससे अभिन्न रूप होकर उसका अनुभव करने वाले के लिये आश्चर्य जनक बना रहता है। किस प्रकार आश्चर्य जनक बना रहता है? हा ३, वु हा ३, हा ३, वु ३- ये तीन अक्षर आश्चर्य के सूचक हैं। इनका अर्थ में अत्यंत विस्मय प्रकट करने के लिये है।[459] इस पर टिप्पणी करते हुए डा०जयराम

४५४- आ०ग्रं० पृ०
४५६- आ०ग्रं० पृ०
४५७- आ०ग्रं० पृ० १३६३
४५५- आ०ग्रं० पृ० ४६६
४५२- भगवद्गीता-राधाकृष्णन पृ०२६
४५३- डा० मुंशी राम-भक्ति का विकास-
३२२-२३

भिन्न लिखते हैं, कि इस प्रकार वाहिगुरु बिल्कुल नवीन शब्द है। यह सिक्खों की आंतरिक अवस्था का प्रतीक है।[460] परन्तु कभी स्पष्ट कर कहते हैं, सारांश यह कि वाहिगुरु मन की विस्माद अवस्था का [illegible] चिन्ह है। यह 'राम' अथवा 'अल्लाह' की भांति संज्ञक नाम नहीं है।[461] इस में सन्देह नहीं कि 'वाहिगुरु' शब्द की व्युत्पत्ति विद्वानों ने 'वाहि' और 'गुरु' की है, और इसे इकट्ठा शब्द 'वाहिगुरु' नहीं माना है, और [illegible] 'गुरु [illegible]' है', लिए हैं।[462] परन्तु हम यह बात सब विद्वानों के ध्यानार्थ यहां बता देना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं, कि 'वाहिगुरु' शब्द गुरु ग्रंथ के प्रथम लिपिकार भाई गुरुदास के समय में ही 'परब्रह्म' का पर्यायवाची बन चुका था, जैसाकि भाई गुरुदास की स्वयं की रचनाओं से सिद्ध है। गीता के स्थान में भाई साहिब कहते हैं:-

१- वेद न जाणे भेद किछु, शेषनाग न पाए।
वाहिगुरु सालाहणा गुर शब्द अलाए।[463]

२- वाहिगुरु गुरु मंत्र है, जप हउमै खोई।[464]

इस प्रकार वाहिगुरु (पुरुषोत्तम) जिसका यह स्वरूप वेद में भी वर्णित है,[465] परन्तु जिसे वेद को पढ़कर जानने वाले भी पूर्ण रूप से नहीं जान सके।[466] उस वाहिगुरु का स्तुतिगान गुरु शब्द (गुरु मंत्र) के जाप द्वारा अनन्य भाव से सदैव अध्यवसायपूर्वक किया जा सकता है।[467] ऐसे भक्त के योग (अप्राप्त की प्राप्ति) और क्षेम (प्राप्त की रक्षा) का भार वह वाहिगुरु स्वयं संभालता है, क्योंकि वह भक्त, योगक्षेम की कामना से विमुक्त होता है। भाई गुरुदास ने अपनी प्रथम वार की पउड़ी न० ५० में वाहिगुरु शब्द को सत्ययुग के वासुदेव विष्णु के 'वा', द्वापर के हरि कृष्ण के 'ह', त्रेता के 'राम' के 'र' और कलियुग के नानक गुरु के 'ग' से बना बताया है। यह सब अपने युग के सच्चे गुरु थे।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब में गुरु रामदास की रचना में भी 'वाहिगुरु' शब्द निरंकार के लिये प्रयुक्त होने लगा था:-

वाहु वाहु सतिगुरु निरंकार है जिसु अंतु न पारावार। म:४[468]

४५४- आ०ग्र० पृ० १४०२
४५५- आ०ग्र० पृ० ५६६
४५६- आ०ग्र० पृ० ९६३-६४
४५७- आ०ग्र० पृ० ८६५
४५८- तैत्तिरीयोपनिषद् ३-१०-५
४५९- शंकर भाष्य (तैत्तिरीयोपनिषद्) गीता प्रेस, गोरखपुर- पृ० २४४ पर से गुरु ग्रंथ दर्शन पृ० ३४२ पर उद्धृत।

इस गुरु वाक्य में 'वाहु-गुरु-वाहिगुरु' को 'वाहिगुरु' कहा गया है। इस पद के विकास की परंपरा पूर्ववर्ती गुरुओं में भी प्राप्त हो जाती है। उस परमात्मा को 'अगम्य-अगोचर' तथा 'नाम्निहीन' भी कहा जाता है। उसकी स्तुति गान करने के लिये उन विशेषणों के पूर्व वाहि (क्या कहने? - धन्य) लगाकर भी उसका स्मरण किया गया है:-

१- <u>वाहु वाहु (धन्य)</u>

१- वाहु वाहु करहि से जन सोहणे तिन कउ सभि मिलाए। म:३ [469]

२- वाहु वाहु गुरमुख सदा करहि, मनमुख मरहि बिखु खाइ। म:३ [470]

३- वाहु वाहु बाणी निरंकार है तिसु जेवडु अवरु न कोइ। म:३ [471]

२- <u>वाह वाह अगम अथाह</u>

१- वाहु वाहु अगम अथाहु है वाहु वाहु सचा सोइ।
वाहु वाहु वेपरवाहु है वाहु वाहु करे सु होइ।
वाहु वाहु अंम्रित नामु है गुरमुखि पावै कोइ। म:३ [472]

२- वाहु वाहु सचे पातिसाह तू सची नाई। म:३ [473]

३- वाहु खसमि गुर सुजान। म:४ [474]

४- वाहु खसम तू वाह। म:१ [475]

इस प्रकार गुरु नानक ने 'ओंकारि उतपति' ... 'आपु रचिओनु करि पसाउ वाहि गुणातीता,'[476] का विचार किया था वह म:४ तक, 'वाह वाह जिस गुरु निरंकार है जिस अंत न पारावार'[477], रूप धारण कर गया। इस निरंकार को 'खसम' से, 'वाहु खसम तू वाहु', कह कर गुरु नानक ने भी स्तुति की थी। भगवान का यह स्तुति गान 'करता नाम जाप', भाट-कवियों में स्पष्ट रूप में गुरु राम दास के लिये, 'श्री निवासु, आदि पुरख सदा तुही वाहिगुरु वाहिगुरु वाहिगुरु जीउ,'[478] रूप धारण कर गया। यह 'वाहिगुरु' शब्द, 'है भी होसी जाइ न जासी रचना जिनि रचाई'[479]।

४६०- गुरु ग्रंथ दर्शन- पृ० ३४२

४६१- वही पृ० ३४२

४६२- गुरमति निर्णय भंडार-पृ० ८१०

४६३- वारां भाई गुरदास-वार ६, पउड़ी १३

४६४- वही- वार १३, पउड़ी २

४६५- गीता १५-१८

४६६- गीता- ६-२० । २१

४६७- गीता ६-२२

४६८- आ०ग्रं० पृ० १४२१

४६९- आ०ग्रं०पृ० ५१५

के पद पर आसीन हो गया। जिसे भाई गुरु दास ने अपनी वार में अपनी रचनाओं में प्रयुक्त किया है: 'वाहिगुरू गुरु मंत्र है जप हउमैं खोई।'[480] यह बीज-मंत्र अथवा गुरु-मंत्र हरि का नाम ही है, जिसकी गुरु अर्जुन देव ने भी व्याख्या की है:-

१- बीज मंत्र सर्ब को ज्ञान।
चहु बरना महि जपै कोऊ नाम। म:५[481]

गुरु अर्जुन से भी पूर्व हरि नाम जपु को बीज-मंत्र की संज्ञा देते हुए भक्त बेणी ने कहा है: 'बीज मंत्र ले हिरदै रहै। मनूआ उलटि सुंन महि गहै।'[482] इसी बीज-मंत्र को गुरु नानक देव ने मूल मंत्र भी कहा है: 'मूल मंत्रु हरि नामु, रसाइण, कहु नानक पूरा पाइआ।'[483] इस प्रकार बेणी से लेकर भाई गुरदास तक बीजमंत्र, मूलमंत्र तथा गुरु मंत्र, हरि नाम के लिये प्रयुक्त हुआ, और इसका अनुगुण जाप आदि ग्रंथ की भक्ति का साध्य है, और साधना भी। यह साधना योग-सम्बंधी सिद्धि की कामना नहीं करती। यह भगवत्कृपा से अपने आप भक्त के पीछे लगी फिरती है। भाई गुरुदास के पश्चात् गुरु अर्जुन के पश्चात् गुरु तेग बहादुर की रचना में भाई गुरुदास के गुरु मंत्र शब्द का भी हरि नाम के लिये प्रयोग हुआ है: 'कहु नानक इह जगत महि किन जपिओ गुरमंतु।'[484] गुरमति (गुरमत-गुरमंत्र) या अथवा हरि नाम का आठों याम स्मरण करने वाले आदि ग्रंथ के भक्तों को किसी धर्म-अर्थ-काम-मोक्षादि की इच्छा नहीं होती। यह सब सिद्धियां तो उन के पीछे फिरती हैं:-

मेरे मन जपि हरि गुन अकथ सुनाई।।
धरमु अरथु कामु मोखु है जन पाछै लगि फिराई। म:४[485]

४७०- आ०ग्र० पृ० ५१५
४७१- आ०ग्र० पृ० ५१५
४७२- आ०ग्र० पृ० ५१५
४७३- आ०ग्र० पृ० ६४७
४७४- आ०ग्र० पृ० १[illegible]१
४७५- आ०ग्र० पृ० ७८८
४७६- आ०ग्र० पृ० [illegible]
४७७- आ०ग्र० पृ० ११२१
४७८- आ०ग्र० पृ० १४०२
४७९- आ०ग्र० पृ० ६
४८०- वार-१३ पउड़ी २।
४८१- आ०ग्र० पृ० २७४
४८२- आ०ग्र० पृ० ६७४
४८३- आ०ग्र० पृ० १०४०
४८४- आ०ग्र० पृ० १४२६
४८५- आ०ग्र० पृ० १३२०

अवरोधक शक्तियां

(क) अहंकार (हउमै) : हउमै के बारे में दर्शन पक्ष में विस्तार पूर्वक विचार किया जा चुका है। आत्मा और परमात्मा के साक्षात्कार में सब से बड़ी बाधा हउमै (अहंकार) के आवरण की मानी गई है।

१- अंतरि गुपतु न जाई लखिआ। नामु रतनु है गुफा रखिआ। म:१ [४८६]

२- अंतरि अलखु न जाई लखिआ विचि पड़दा हउमै पाई। म:५ [४८७]

सत संगति इकतु गिरि काले निज भाव न करो भाई।

आत्मा से जब यह हउमै का आवरण दूर हो जाए तभी प्रभु से उसकी भेंट हो जाती है:-

कवन गिआन मन मनहि समावै। हउमै मै मै बिनसु जावै। म:१ [४८८]

इस हउमै के नाश का उपचार गुरु-मंत्र अथवा गुरु-शब्द (हरि नाम) की साधना (कमाई) बताई गई है, जो भगवत्कृपा से ही प्राप्त होती है:-

हउमै दीरघ रोगु है दारू भी इसु माहि।
किरपा करे जे आपणी ता गुर का सबदु कमाहि।
नानक कहै सुणहु जनहु इतु संजमि दुख जाहि। म:१ [४८९]

इस प्रकार हउमै के समाप्त होते ही, आत्मा को अपने मूल का ज्ञान हो जाता है, और वह उसी में सहज-समाधिस्थ हो जाता है:-

हउमै जाइ त सभो सूझै, जो गुरमुखि सहजि समाइदा। म:५ [४९०]

(ख) विषय-त्याग : विषयासक्त होकर जीव दुष्कर्मों के बंधन में फंस जाता है। संसार में रहते हुए सम्यक् व्यवहार और सदाचार के मार्ग पर प्रसार करता हुआ जीव भी अपने परम-तत्त्व की ओर ले जाता है। विषयासक्त होकर कभी तृप्ति नहीं होती। संयमपूर्ण जीवन ही जितेन्द्रिय व्यक्ति को अपने पन का पहचान करवाता है, तथा वह प्रभुचरणों में सहज- समाधिस्थ होता है:-

विषयों में तृप्ति नहीं

१- बिखिआ भरि किन ही त्रिपति न पाई।
जिउ पावकु ईधनि नही ध्रापै बिनु हरि कहा अघाई। म:५ [४९१]

२- बिखिआ अजहु सुरति सुख आसा। कैसे होइहै राजा राम निवासा। कबीर [४९२]

४८६- आ०ग्र० पृ० १३०   ४८७- आ०ग्र० पृ० २०५

३- बिखिआ की आसा मनहि करेइ। आणा जाणा आणि करेइ।। म:३ [493]

४- बिनु नैचे सटवाणीआ नहु छाति स्पाउ। पौग फुट्ठ फआरा फूट का फूटे लपटाइ। म:४ [494]

५- बिनिआन गिर गीत सुआनि नि नाहिन फेरो। म:६ [495]

कुकृत त्याग : जब विषयों से जिसे की तृप्ति नहीं हो सकती, फिर तो विषयों का त्याग ही भक्ति मार्ग को प्राप्त कर सकता है:-

१- छोड़हु काम क्रोध बुरिआई। हउमै धंधु छोड़हु लंपटाई। म:१ [496]

२- छोडि छोडि रे बिखिआ के रसूआ। म:५ [497]

३- तजि अभिमानु मोहु माइआ फुनि भजन राम बिनु लावउ।। म:६ [498]

४- लोभादि द्रिसटि परग्रिहं जदि बिधि आचरणं।
तजि सकल दुहकृत दुरमती भजु चक्रधर सरणं। जैदेव [499]

सुकृत करणी : अत: कुकृत्य को त्याग कर शुभ कर्म में लीन होना आदि गुंथ की भक्ति का आधारभूत सिद्धान्त है। सत्य सब से ऊंचा है, परन्तु इस से भी ऊपर सदाचार पूर्ण जीवन है।

१- सचहु ओरै सभु को, उपरि सचु आचारु। म:१ [500]

२- औनही मंदै पैरू न राखिओ, करि सुक्रितु धरमु कमाइआ। म:१ [501]

३- सुक्रित मनसा गुर उपदेसी जागत ही मनु मानिआ। नामदेव [502]

४- सुक्रितु करि करि लीजै रे मन। कबीर [503]

५- सुक्रित करणी सारु जपमाली। हिरदै फेरि चलै तुधु नाले।म:४ [504]

६- सुकरणी सामाणि गुर निधि लभ पाई। म:५ [505]

४८८- आ०ग्र० पृ० ६४३
४८९- आ०ग्र० पृ० ४६६
४९०- आ०ग्र० पृ० १०५६
४९१- आ०ग्र० पृ० ६०२
४९२- आ०ग्र० पृ० ३३०
४९३- आ०ग्र० पृ० १२७२
४९४- आ०ग्र० पृ० १६६
४९५- आ०ग्र० पृ० १३१२
४९६- आ०ग्र० पृ० १०२६
४९७- आ०ग्र० पृ० २०६
४९८- आ०ग्र० पृ० २१६
४९९- आ०ग्र० पृ० [illegible]
५००- आ०ग्र०पृ० ६२
५०१- आ०ग्र० पृ० ४६७
५०२- आ०ग्र० पृ० ४८५
५०३- आ०ग्र० पृ० ४७६
५०४- आ०ग्र० पृ० ११३४
५०५- आ०ग्र० पृ० ३७१

(ग) निष्काम भाव से भगवद् भजन।

मनुष्यकी समस्त चिन्ताओं का कारण अपने किये कर्मों के फल की आकांक्षा है। जो मनुष्य फल की कामना का त्याग कर देता है, उसे चिंता नहीं सताती:-

१- आसा मनसा दोऊ बिनासत त्रिहुगुण आस निरास भई। म:१ [५०६]

२- आसा मनसा जलाइ तू, होइ रहु मिहमाणु। म:३ [५०७]

३- इह आस परपिओ भगतु हूआ है, किन भगि फूल बिनि लगाई।
मेरे मन आसा करि करि प्रातम सावे को, जो तेरा नालि बरावगु थाइ पाइ। म:४ [५०८]

४- आसा मनसा बिकार मोह मन भगति लोभाना।
झूठ सम्पो भनि नहीं पार बृहु न जाना। म:५ [५०९]

५- आसा मनसा सगल तिआगै जग ते रहै निरासा।
कामु क्रोध जिह परसै नाहिन तिह घटि ब्रहम निवासा। म:६ [५१०]

निष्काम सेवा: प्रभु निष्काम सेवा से प्रसन्न होकर उन कामनाओं को पूर्ण करता है जिन्हें भक्त कभी सोचता तक भी नहीं:-

१- प्रणवै नामा भए निहकामा। नामदेव [५११]

२- सेवा करत होइ निहकामी। सुखमनी म:५ [५१२]

३- काम क्रोध लोभ निहकामा। सुखमनी म:५ [५१३]

गुरु चरणों में रह कर निष्काम सेवा से समस्त कामनायें स्वतः पूर्ण हो जाती हैं:-

१- पूरन होइ आस गुर चरणी मन रसे। म:४ [५१४]

२- मिटे सगल मे त्रास। पूरन होई आस।
सफल सेवा गुरदेवा।। रामकली म:५ [५१५]

५०-६- आ०ग्रं० पृ० ३५६	५०७- आ०ग्रं० पृ० ६४[illegible]
५०८- आ०ग्रं० पृ० ८६०	५०९- आ०ग्रं० पृ० ८२५
५१०- आ०ग्रं० पृ० ६३४	५११- आ०ग्रं० पृ० ६८८
५१२- आ०ग्रं० पृ० २८६	५१३- आ०ग्रं० पृ० ७०४
५१४- आ०ग्रं० पृ० ५१३	५१५- आ०ग्रं० पृ० ८६६

निष्काम सेवा ही निश्चिंत भाव को जन्म देता है। जो मनुष्य पर नहीं रखता उसी प्रेम भाव से भगवान् का हुकम मान कर शान्त रहता है:-

हुकमि रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि।

हुकमै अंदरि सभु को बाहरि हुकम न कोइ ।।म:१ [516]

चिंता तो उस बात की होनी चाहिए जो अनहोनी हो। जो होना ही है, यदि उस को आत्मसमर्पण भाव से स्वीकार किया जाए तो कोई शोक नहीं होता।

चिंता ताकी कीजीऐ जो अनहोनी होइ। म: ९ [517]

भगवान् की कृपा से समस्त चिंताएं दूर हो जाती हैं:-

चिंत अचिंता सगली गई। प्रभ नानक नानक नानक मई। म: ५ [518]

आदि ग्रंथ के भक्तों ने जो भगवान को अचिंता की संपदा प्रदान की है, इसी कारण वश उन्होंने भक्त को अपने जैसा अचिंत कर लेता है। [illegible] गुरु अर्जुन देव का पृ० ११५७ पर विस्तृत पद लिखा गया है:-

अचिंत हमारै भोजन भाउ। अचिंत हमारै लीजै नाउ।। म:५ [519]

चिंता-अचिंता से निर्मुक्त भक्त जीवन-मुक्त होता है:-

१- हरखु सोगु जा कै नही, बैरी मीत समानि।

कहु नानक सुणु रे मना मुकति ताहि तै जानि।। म:९ [520]

२- हरख सोग ते रहहि निरासा। अंम्रितु चाखि हरि नामि निवासा।म:१ [521]

३- हरख सोग ते रहहि निरारा, [illegible] प्रान पते। म:५ [522]

४- हरख सोग दोहा ते मुकता, सो प्रभु तू पाइआ। म:४ [523]

५- हरख सोगु सभु दुखु है भारा।

गुरमुखि होवै सो सुखु पाए, जिनि गुरमुखि नामु पछाता है। म:३ [524]

६- कबीर गुर लागा तब जानीऐ मिटै मोहु तन ताप।

हरख सोग दाझै नहीं, तब हरि आपहि आप। (१८६) [525]

५१६- आ०ग्र० पृ० १

५१७- आ०ग्र० पृ० १४२८

५१८- आ०ग्र० पृ० ११५७

५१९- आ०ग्र० पृ० ११५७

५२०- आ०ग्र० १४२७

५२१- आ०ग्र० पृ० १[illegible]८६

५२२- आ०ग्र० पृ० १३३७

५२३- आ०ग्र० पृ० ६६०

५२४- आ०ग्र० पृ० १०५[illegible]

५२५- आ०ग्र० पृ० १३७४

(घ) दुष्ट संगति का त्याग :

गुरबाणी में दुष्टों के लिये, दुर्जन, मनमुख, हरि-विमुख, साकत(शाक्त) आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है। दुर्जन शब्द दुराचारी के लिये, मनमुख शब्द अहंकारी के लिये, हरि-विमुख शब्द नास्तिक के लिये प्रयुक्त हुए हैं। शाक्त शब्द वैसे तो शक्ति पूजक के लिये है, परन्तु वैसे पूजाचार में भी वामाचार का प्रचार एवं प्रसार हुआ, उसके कारण साकत(शाक्त) को दुष्ट का परिचायक मान लिया गया। दुष्टों की इन सब श्रेणियों का संग भगवद्भजन में बाधक है। अतः इन सब का संग त्याज्य है। भक्तों के भक्ति मार्ग में बाधक कार्यकर्ताओं को भी दुष्ट शब्द से याद किया गया है।

(१) दुष्ट संगति का त्याग : सन्त भक्तों ने शिव, शुक, सनकादि, नारद, प्रह्लाद, ध्रुव, हनुमान आदि सन्त-भक्तों की भक्ति की महात्म्या की है और कहा है, राम जपउ जीअ ऐसे ऐसे। ध्रू प्रहिलादि जपिओ हरि जैसे।[526] प्रह्लाद की भक्ति में बाधा डालने वालों को आदि ग्रंथ के भक्तों ने दुष्ट सभा की संज्ञा दी है:-

१- दुसट सभा मिलि मंत्र उपाइआ करसह अउध घनेरी। नामदेव[527]

२- दुसट सभा महि मंत्र पकाइआ। प्रहलाद का राखा होइ रघुराइआ।[528]

इसी लिये भक्तों ने दुष्टों के संग को त्यागना ही उचित बताया है:-

३- दुसटी सभा विगुचीऐ बिखु वाती जीवण बादि।
ए प्रभि मूके भरमु न जोई। सतिगुरु सेव सदा सुखु होई।[529]

४- दुसट अहंकारी सदा झूठु कमावहि ना बूझहि विचारे।
निंदा दुसटी ते किनि फलु पाइआ हरणाखसु नखहि बिदारे। म:३[530]

५- दुसट दूत सभि भ्रमि थके। निंदक कउ साचे नाही ठाउ।
गोइ आणा वाजिआ जापि जापि। म:५[531]

(२) दुर्जन के संग का त्याग

१- सुंदर वचन तुम सुणाहु छोली पिर तैंडा मन साधारणु।
दुरजन सेती नेहु रचाइओ दसि विखा मै कारणु। म:५[532]

२- दुरजन सेती नेह करु कै गुणि नहि रंग माणाती। ५:५ [533]

यदि गुरु-गोविंद की कृपा गोविंद रूप में, वे हट लीजावें, तो दुनि का सज्जन बन जाता है:-

दुरजन ते साजन भये, भेटे गुर गोविंद। ५:१ [534]

(३) मनमुख के संग का त्याग: मनमुख कौन है, इसका उत्तर आदि ग्रंथ में प्रकाश किया है:-

१- मनमुखि कामकरि करो करुपुरखि फले पाइ। ५:१ [535]

२- मनमुख जाये जा आ जूरी। आपणा रूप न पछाणनि रीति विगुचो।५:३ [536]

३- मनमुखि कमावे मनि गवाइ।
मनमुखि जीवो दूजा भावो। अंधन बुझे तापु नाम् पछाने। ५:१ [537]

अत: ऐसे अहंकारियों का संग त्याज्य बताया है:-

१- मनमुख की मति दूजि विआपी। ५:१ [538]

२- मनमुख सेती संग करो मुकति भावा दागु लगाइ।
मुख काले तिन लोभिआ गं नामनि मनमुख गवाइ। ५:३ [539]

३- मनमुख सेती दोसती ओड़िआ बिन जारि।
उसु परीती तुटी विलमु न लोवई उसु दोसती चलनि विकार।५:३ [540]

(४) हरि-विमुख के संग का त्याग

हरि-विमुख दुष्ट व्यक्ति की संगति नाम-सुमिरन में बाधक हो जाता है। उसका त्याग अनिवार्य है। संगत्यागी विट्ठलेण भावानि कुमिरे: [541]

१- जाहि मन हरि विमुखन को संगु। सारंग ५:५ सूरदास [542]

हरि विमुखन का संग त्याज्य करने हेतु इस का उत्तर आदि ग्रंथ में देते हुए कहा गया है, कि जिस का जैसा संगति होता है, वह वैसा ही हो जाता है। और हरि विमुख जन्म व मांगने के लिये दु:खों में फंस जाता है।

५३०- ना०ग्र० पृ० ६०१
५३१- ना०ग्र० पृ० ११८३
५३२- ना०ग्र० पृ० ६४६
५३३- ना०ग्र० पृ० १०८७
५३४- ना०ग्र० पृ० ६३५
५३५- ना०ग्र० पृ० ६३
५३६- ना०ग्र० पृ० १०४२
५३७- ना०ग्र० पृ० ८३१

१- बैसुा तेरा राम ने त्यागि जनम विजोग। म:५ [५४३]

२- बैसु तेरा राम ते जिउ बालू उपरि बूलि। म:५ [५४४]

(५) साकत (शाक्त) के संग का त्याग। कबीर से लेकर साकत शुद्र दुर्जन के लिये प्रयुक्त होने लगा। इसलिये साकत का संग त्याज्य बताया गया है:-

१- कबीर साकत संगु न कीजीऐ दूरहि जाईऐ भागि।
बासनु कारो परसीऐ तउ कछु लागै दागु।। (१३२) [५४५]

२- कबीर संगति करीऐ साध की अंति करै निरबाहु।
साकत संगु न कीजीऐ जा ते होइ बिनाहु।। (९३)।। [५४६]

३- कबीर साधू की संगति रहउ जउ की भूसी खाउ
होनहारु सो होइहै साकत संगि न जाउ।। (९८)।। [५४७]

४- कबीर संगति साध की दिन दिन दूना हेतु ।।
साकत कारी कांबरी धोए होइ न सेतु।। (२००) [५४८]

कबीर जी को तो साकत से घोर घृणा है :-

१- कबीर बैसनउ की कूकरि भली साकत की बुरी माइ।
ओह नित सुनै हरि नाम जसु उह पाप बिसाहन जाइ।(५) [५४९]

२- कबीर साकत ते सूकर भला राखै आछा गाउ।।
उहु साकतु बपुरा मरि गइआ कोइ न लैहै नाउ।। (१४३)।। [५५०]

३- कबीर संगु हुआ किआ रोईऐ जो अपुने ग्रिहि जाइ।
रोवहु साकत बापुरे जु हाटै हाट बिकाइ।। (१६०)।। [५५१]

इस प्रकार कबीर से लेकर परवर्ती संत साहित्य में साकत शुद्र दुर्जन के लिये प्रयुक्त होने लगा और साकत का संग त्याज्य माना गया:

१- साकतु सुआनु सभु करे कराइआ। जो धुरि लिखिआ सो करम कमाइआ। [५५२]

२- साकतु सुआन कहीअहि बहु लोभी बहु दुरमति मैलु भरीजै। म:५ [५५३]

३- साकत कूड़े दुरमती मरि रहु न जाणन्हि। म:३ [५५४]

४- साकत सिउ मन मेलु न करीअहु जिनि हरि हरि नामु बिसारे।
साकत बचन बिछुआ जिउ डसीऐ तजि साकत परै परारे।।म:४ [५५५]

५३८- आ०ग्र० पृ० ३५६ ५३९- आ०ग्र० पृ० १४१७
५४०- आ०ग्र० पृ० ५८९ ५४१- भक्ति रसामृतसिंधु-१-२८
५४२- आ०ग्र० पृ० १२५३ ५४३- आ०ग्र० पृ० १३५

५- साकत सूड़ नहु गुरमती भरिआ, किउकरि तानु बनाजै। म:४ [556]

(ङ) भुक्ति-मुक्ति योगक्षेम तथा कर्मफल आदि की इच्छा का त्याग

कर्म-फल के त्याग के विषय में नारद-भक्ति सूत्र में कहा है:
यः कर्मफलं त्यजति, कर्माणि संन्यस्यति, ततो निर्द्वन्द्वो भवति। [557]

तुलसी गोस्वामी ने भी मानव्य सुत के सम्मुख के लिये भुक्ति और मुक्ति दोनों की आकांक्षा के परित्याग को श्रेयस्कर समझा है- [558]
भुक्ति मुक्ति स्पृहा यावत् पिशाची हृदि वर्तते।
तावत् भक्ति सुखस्यात्र कथमभ्युदयो भवेत् ।। [559]

आदि ग्रंथ की भक्ति में महाभाग्यपूर्ण सेवन, प्रभु-पाद-सेवनं, तथा हरि-नाम-सुमरिन को ही भुक्ति-मुक्ति एवं युक्ति का साधन बताया गया है। भुक्ति-मुक्ति-युक्ति का स्वामी वही परमात्मा है। अतः उसकी निष्काम सेवा में इन सब का फल निहित है। भगवान् के घर किसी वस्तु की कमी नहीं :-
१- भुकति मुकति जुगति सभु पाईऐ, सरब सुखा का दाता। म:५ [560]
२- भुकति मुकति जुगति हरि नाउ। प्रेम भगति नानक गुण गाउ।म:५ [561]
३- भुकति मुकति जुगति तेरी सेवा, जिसु तूं आपि कराइहि। म:५ [562]
४- भुकति मुकति जुगति वसि जा कै। ऊणा नाही किछु जन ता कै। म:५ [563]

आदि ग्रंथ के सन्तों की साधना में भक्ति को ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है, उसके बदले भुक्ति-मुक्ति को प्राप्त करना तुच्छ माना गया है। कर्म धर्म में मुक्ति नहीं है। विद्या-विज्ञान तथा योग में भी मुक्ति नहीं। सत्गुरु के शब्द का विचार ही सच्ची मुक्ति है:-
१- राजु न चाहउ, मुकति न चाहउ, मनि प्रीति चरन कमला रे।म:५ [564]
- निरति संतोखु सेवा गुर पूरे नामु कमावणा।×××
कई बैकुंठ नाही लवै लागे। मुकति बपुड़ी भी गिआनी तिआगे। म:५ [565]

५५?- आ०ग्र० पृ० ३१?
५५६- आ०ग्र० पृ० १३६६
५५८- आ०ग्र० पृ० १३६६
५६०- आ०ग्र० पृ० १३७२
५६५- आ०ग्र०पृ० १३७१
५६?- आ०ग्र० पृ०१३६६
५६६- आ०ग्र० पृ० १३६७
५६?- आ०ग्र० पृ० १३६५

३- मुकति भुगति जुगति पूरन परमानंद निधान।
भै भाइ भगति निहाल नानक सदा सदा कुरबान। म:५ [566]

४- करम धरम करि मुकति मंगाही। मुकति पदारथु सबदि सलाही।
बिनु गुर सबदै मुकति न होई, परपंचु करि भरमाई है। म:१ [567]

५- मुंद्रा फटक बनाई कानि। मुकति नही बिदिआ बिगिआनि।
जिहवा इंद्री सादि लोभाना। पसू भए नही मिटै नीसाना।
त्रिबिधि लोगा त्रिबिधि जोगा। सबदु वीचारै चूकसि सोगा।म:१ [568]

निष्कर्ष : कर्म कांडों का अनुष्ठान भुक्ति-मुक्ति-युक्ति आदि फलों का प्रदाता नहीं हो सकता।कर्मों का अनुष्ठान अहंकार को जन्म देता है:-

१- करम धरम करते बहु संजम, अहंबुधि मन जारिओ रे। म:कबीर [569]

२- दुबिधा मेटि बिना नहि रहहु। करम धरम की सूल न सहहु।कबीर [570]

३- करम धरम का सारु न जाणै, सुरति मुकति किउ पाईऐ। म:१ [571]

४- करम धरम सभि बंधना पाप पुंन सनबंधु।। म:३ [572]

५- करम धरम सुचि संजमु करहि अंतरि लोभु विकारु।
नानक मनमुखि जि कमावै सु थाइ न पवै दरगह होइ खुआरु। म:४ [573]

इसलिये गुरमुख कर्म धर्म का फल त्याग,कर्म धर्म को कार्य जान कर त्याग देता है:-

करम धरम संजम सचु नेमा संग संगि साध तिथि सारो।म:५ [574]

५५२- आ०ग्रं० पृ० ४८१
५५३- आ०ग्रं० पृ० १३७६
५५४- आ०ग्रं० पृ० ८५४
५५५- आ०ग्रं० पृ० ९५२
५५६- आ०ग्रं० पृ० १३७४
५५७- नारद भक्ति सूत्र- ४८
५५८- भक्ति का विकास-पृ०३१५
५५९- भक्तिरसामृतसिंधु-पूर्वभाग- २:११
भक्ति का विकास पृ० ३१५ पर
५६०- आ०ग्रं० पृ० ६११
५६२- आ०ग्रं० पृ० २००
५६१- आ०ग्रं० पृ० ७४६
५६३- आ०ग्रं० पृ० ११५०
५६४- आ०ग्रं० पृ० ५३४
५६५- आ०ग्रं० पृ० १००८
५६६- आ०ग्रं० पृ० १३०८
५६७- आ०ग्रं० पृ० १०२४
५६८- आ० ग्रं० पृ० ९०३
५६९- आ०ग्रं० पृ० ३३५
५७०- आ०ग्रं० पृ० ३४३
५७१- आ०ग्रं० पृ० ४३७

आदि ग्रंथ की भक्ति में शुभ-कर्मों को [illegible] धर्मानुष्ठान माना गया है। शुभ कर्मों के अनुष्ठान में ही मुक्ति है, उन्हीं में स्वर्ग है, तथा उनके विपरीत कर्म करना नरक है। सन्तों को इस लोक से परे किसी स्वर्ग की इच्छा नहीं तथा नरक का डर नहीं:-

१- अमलु करि धरती, बीजु सबदो करि सच की आब नित देहि पाणी।
होइ किरसाणु ईमानु जंमाइ लै, भिसतु दोजकु मूड़े एव जाणी।। म:१ [५७५]

२- करणी कागदु मनु मसवाणी बुरा भला दुइ लेख पए। म:१ [५७६]

३- करणी सार कमावै सबदि समावै अंतरि एको जाणिआ। म:३ [५७७]

संतों को स्वर्ग की कामना नहीं, तथा नरक का भय नहीं

१- सुरगु नरकु किआ पुरखु बिचारा, संतन दोऊ रादे।
हम काहू की काणि न कढते अपने गुर परसादे। कबीर [५७८]

२- सुरग बासु न बाछीऐ, डरीऐ न नरकि निवासु।
होना है सो होइ है, मनहि न कीजै आसु। कबीर [५७९]

३- [illegible] लोगु [illegible] जिह न [illegible], [illegible] पूरनि [illegible] देखा।
सुरग नरक अंम्रित बिखु, ए सभ, तिउ कंचन अरु पैसा।
उसतति निंदा ए सम जा कै लोभु मोहु फुनि तैसा। म:९ [५८०]

योगक्षेम: संतों के लिये योगक्षेम, प्रभु-गुण-गायन ही है, उन्हें किसी कुशल-क्षेम की इच्छा नहीं:-

१- धनु इहु थानु गोविंद गुण गाए। कुसल खेम प्रभि आपि बसाए। म:५ [५८१]

२- करि किरपा नामु रसु दीआ। कुसल खेम सभ थीआ। म:५ [५८२]

प्रभु नाम सुमिरन के अतिरिक्त किसी देव की पूजा में कुशल-क्षेम नहीं है। संत कबीर भी कहते हैं:-

मो कउ कुसलु बतावहु कोई।
कुसलु कुसलु करते जगु बिनसै कुसलु भी कैसे होई।।रहाउ।।
माटी के करि देवी देवा तिसु आगै जीउ देही।
देवी देवा पूजहि डोलहि पारब्रहमु नहीं जाना।
कहत कबीर अकुलु नही चेतिआ बिखिआ सिउ लपटाना। कबीर [५८३]

५८२- आ०ग्रं० पृ० ५११ ५८३- आ०ग्रं० पृ० १४३३

(च) बाह्याडंबर का त्याग

भक्ति में बाह्याडंबर को कोई स्थान नहीं। आदि ग्रंथ में क्रियाविभाग की भक्ति की निंदा की गई है, परन्तु किसी मत अथवा संप्रदाय के पूजाचार की विधियों की निंदा नहीं की गई। उन विधियों का सम्यक् अनुष्ठान तथा उनके कुपरिणाम का आदि ग्रंथ में निर्देशन किया गया है। शाक्त, वाममार्गियों जैनियों (सरेवड़ों), रावलों, योगियों, मुसलमानों, वैष्णवों के पूजाचार के बाह्याचार का अनावरण कर उनकी पूजा विधियों की कु-व्याख्या प्रस्तुत की गई है-

शाक्त भक्ति: शाक्तों की भक्ति के किसी भी अंश को मान्य नहीं समझा गया। उनमें अनाचार का भी प्रचार हुआ, इसी के कारण सन्तों ने उन्हें घृणा की दृष्टि से देखा है:-

१- कबीर बैसनउ की कूकरि भली साकत की बुरी माइ।
ओह नित सुनै हरि नाम जसु, उह पाप बिसाहन जाइ।।(५२)।।[584]

२- साकत मूड़े दुरमती हरि रसु न जाणन्हि। म:३[585]

३- तेरे सेवक कउ किसकी काणि। साकतु भूला फिरै बेबाणि।म:५[586]

शाक्तों के प्रति सन्तों की ही घृणा नहीं था, अपितु शैवों और वैष्णवों को भी उनसे घृणा था। डा० रामनाथ सिंह लिखते हैं, 'शाक्त भक्ति को देवी के रूप में स्वीकार करने से शैवों और वैष्णवों के मन में शाक्तों के प्रति घृणा भर गई थी। पंच मकारों में मत की घोरतम विकृति की अभिव्यक्ति ने शाक्त मत को संत मार्ग से विदूर कर दिया था।'[587] डा० कोमल सिंह सोलंकी लिखते हैं: 'इस उपासना में मैथुन को महत्त्व दिया गया है और पूजा के दौरान उपासक मदमत्त होकर उच्छृंखल विलास में लीन हो जाते थे। इस उपासना पद्धति का सर्वसाधारण समाज में कहीं स्थान हुआ होगा, यह एक विचारणीय प्रश्न है। प्रायः शाक्तों का कुत्सित रूप कर उनके संहार करने का वर्णन मिलता है।[588]

वाममार्गी साधना : शाक्तों की भान्ति वाम मार्गी साधना भी सात्विकता की समस्त सीमाओं को लांघ कर अनाचार में प्रवृत्त थी, अतः इसकी भी निन्दा सन्तों

५८४- आ०ग्रं० पृ० १३६८ ५८५- आ०ग्रं० पृ० २४

५८६- आ०ग्रं०पृ० ६६० ५८७- आ०ग्रं० पृ० ७७०

की रचनाओं में उपलब्ध है। वाममार्ग का संबंध शाक्तों से तत्ववाद की ओर उन्मुख हुआ प्रतीत होता है। इस आचार में स्त्रियों के साथ स्वच्छंद संसर्ग मुख्य बात थी।[५८९]

अवधु पारि परि उतरत दुहेला अवधु पारि परि पानी।
आगि पानि पंचयोगिया जैहे ... बधि नरक दे रानी। कबीर।[५९०]

वाम मार्ग शैव-मत की शाखा थी। इन्हें तांत्रिक भी कहा जाता है। इस मत में पांच मकारों, मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा तथा मैथुन (मद्यमांसंतथा-मत्स्यंमुद्रा मैथुनैरपि)[५९१] को महत्व दी जाती थी। महान् कोश में भाई कान्ह सिंह लिखते हैं: शास्त्रों में शिव की एक ऐसी मूर्ति की कल्पणा की गई है, जिसकी दाहिनी ओर नर तथा वाम की ओर स्त्री की है। इस मूर्ति के वाम-पक्ष के पुजारियों को वाममार्गी कहा गया है।[५९२] इस प्रकार की साधना ने जिस दुराचार को प्रचारित किया, उसी की ओर कबीर जी ने उपर्युक्त पद में संकेत किया है। वाम मार्ग शाक्त मत का ही एक साधना पंथ माना जा सकता है।[५९३]

५७८- आ०ग्र० पृ० ९६९
५७९- आ०ग्र० पृ० ३३७
५८०- आ०ग्र० पृ० २२०
५८१- आ०ग्र० पृ० १६७
५८२- आ०ग्र० पृ० ९२२
५८३- आ०ग्र० पृ० ३३२
५८४- आ०ग्र० पृ० १३६७
५८५- आ०ग्र० पृ० ८५४
५८६- आ०ग्र० पृ० ३७१
५८७- कबीर एक विवेचन- पृ० ६३
५८८- नाथ पंथ और निर्गुण सन्त काव्य- पृ० ८१
५८९- नाथ संप्रदाय- पृ० ५२
५९०- आ०ग्र० पृ० ४७६
५९१- हिन्दी साहित्य कोश- पृ ३२२
५९२- महान कोश- भाई कान्ह सिंह नाभा, पृ०८१७
५९३- नाथ पंथ और निर्गुण सन्त काव्य- पृ० ८३

जैन धर्म साधना : डॉ० प्रेम सागर जैन, जैन पूजा के विषय में आचार्य देवसेन (१०वीं शताब्दी) के विचार प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं, गृहस्थ के लिये निरालंब ध्यान संभव नहीं। अतः उसको आलंब ध्यान करना चाहिए। आलंब ध्यान में व्रत उपवास और शील के साथ साथ जिन पूजा भी शामिल है। उन्होंने देव-पूजा को शीश का आभरण कहा है।[५९४] आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जैन धर्म-साधना के विषय में लिखते हैं, 'इस धर्म की विशेषता मानव जीवन के अंतर्गत आत्म-संयम, सदाचार तथा अहिंसा के नियमों को महत्वपूर्ण स्थान देना है। किन्तु पौराणिक युग के प्रभाव में आ कर इस के अनुयायी भी पुराणों की रचना, तीर्थों की स्थापना कठोर व्रतों के अनुष्ठान, तार्किकों की भांति तथा विविध तर्क वितर्कों के फेर में पड़ गए। उनका प्राचीन मुख्य ध्येय स्थिर न रह सका और विक्रम की ९वीं-१०वीं शताब्दी तक आ कर उनकी साधना के अंतर्गत विविध तांत्रिक आचारों का समावेश हो गया।'[५९५] गुरु नानक के समय इन आचारों का तांता बढ़ चुका था। जैन साधकों की एक शाखा के लोग जीव-हत्या को महापाप मान कर स्नान तक न करते थे और गन्दे रहते थे। संभवतः यह दिगंबर साधुओं में से थे, जो नंगे रहते थे।[५९६] गुरु नानक देव कहते हैं:-

सिर खोहाइ पीअहि मलवाणी जूठा मंगि मंगि खाही।
फोलि फदीहति मुहि लैनि भड़ासा पाणी देखि सगाही।
भेडा वांगी सिर खोहाइनि भरीअनि हथ सुआही।
माऊ पीऊ किरत गवाइनि टबर रोवनि धाही।
ओना पिंड न पतलि किरिआ दीवा मुए किथाऊ पाही।
अठसठि तीरथ देनि न ढोई, ब्रहमण अंनु न खाही।
सदा कुचील रहहि दिन राती मथै टिके नाही। ××
दयि विगोए फिरहि विगुते फिटा वतै गला। ××
मुइआ जीवदिआं गति होवै जां सिरि पाईअै पाणी।
नानक सिर खुथे सैताना एना गल न भाणी। ५:१ (श्लोक)[५९७]

५९४- जैन भक्ति काव्य की पृष्ठ भूमि- पृ० २७

५९५- उत्तरी भारत की संत परंपरा- पृ० ४७

५९६- वही० पृ० ४७

५९७- आ०ग्रं०पृ० १४९-५०, तथा भारतीय संत परंपरा और समाज- डा० रांगेय राघव- पृ० ३५।

(For original quotation from this book, see page 25 of this thesis). Foot Note 63.

उपर्युक्त छंद के विषय में आदि ग्रंथ (सुदार्थ) के टिप्पणीकार लिखते हैं, यह सारा श्लोक जैन-सरेवड़ों के लिये उच्चारण किया गया है। उनके भ्रम तथा पाखंड का कठोर परन्तु हास्य पूर्ण शैली में खंडन किया गया है।[598]

यद्यपि जैन-साधु त्यक्त रहते थे, परन्तु आचार उनमें भी अधिक था, जिसका विशेष संकेत किया गया है। गुरु अर्जुन देव जी ने इन के आचार को व्यर्थ बता कर साधु-समागम में नाम-जप का निर्देश दिया है:-

पूजा वरत तिलक इसनाना पुंन दान बहु दैन।
कहूं न भीजै संजम सुआमी बोलहि मीठे बैन।
प्रभु जी को नामु जपत मन चैन।
जाप ताप भ्रमन बसुधा करि उरध ताप लै गैन।
इहि बिधि नह पतीआनो ठाकुर जोग जुगति करि जैन।
साध संगि रंगि प्रभु भेटे नानक सुखि जन रैन। धनासरी म:५ [599]

बहुत से अन्य आचारों, यथा-तप, प्राण-हवन, कंचन-अश्व-हस्ती-भूमि आदि का दान, योगासनादि के साथ गुरु जी ने जैन-मार्ग की संयम-साधना के आचार को भी व्यर्थ माना है। जब तक गोविंद-भजन में मन न लगाया जावे तब तक दुःखों का नाश नहीं हो सकता।[600]

<u>रावल-योगी:</u> योग तथा आदि ग्रंथ की भक्ति पर पृथक् विचार आगामी पृष्ठों पर किया जावेगा। यहां पर केवल योग के आचार की ओर संकेत मात्र से विवरण दिया गया है। योगियों- सन्यासियों के कई पंथ बन गए थे, जिन में भेखा, डंडा, त्रिशूल, सिंगी, मुद्रा आदि को धारण करना ही योग समझ लिया गया और योग का वास्तव स्वरूप लोप होने लगा।

<u>योगियों के बारह तथा सन्यासियों के दस पंथ</u>

बारहि महि रावल खप जावहि चहु छिअ महि संनिआसी।
जोगी कापड़ीआ सिरखूथे बिनु सबदै गलि फासी।

598- आ०ग्रं० (सुदार्थ) (पोथी-२) पृ० २४६

599- आ०ग्रं०पृ० ६७४ 600- आ०ग्रं० पृ० २६५

सबदि भिदै से सुरतानारी साची दरगह जाने।

कादिरु नामि रजानि निव लागै गुणि गुणि साचि समाने। प्रभाती म:१ [६०१]

२- जोगु न खिंथा जोगु न डंडै जोगु न भसम चड़ाई।

जोगु न मुंदी, मूंडि मुडाइऐ जोगु न सिंङी वाई।

अंजन माहि निरंजनि रहीऐ जोग जुगति इव पाईऐ। सूही म:१ [६०२]

<u>मुसलमान मत का आचार:</u> मुसलमान मत में शरअ के अनुसार हज, बांग, नमाज़, रोज़ा, कलमा, सुन्नत आदि का विशेष महत्त्व है। आदि ग्रंथ में शरअ के इन विधि-विधानों की यथा-योग्य व्याख्या की गई है। कारण यह कि भक्तिकाल में शासन मुसलमानों के हाथ में था, अत: काज़ी मुल्लां जोकि धार्मिक नेता भी थे, और न्यायाधीश भी थे, धर्म तथा व्यवहार की मन माने ढंग से व्याख्या करने लग पड़े थे और कुरआन के सन्देश को भूल गये थे। गुरुओं तथा सन्त भक्तों ने कुरआन के अनुसार इन विधि-विधानों की व्याख्या प्रस्तुत की और बाह्याचार को महत्त्वपूर्ण न मान कर खुदा का नाम लेने ([illegible]) को सर्वोच्च बताया है। इस ओर व्यावहारिक पक्ष में धार्मिक व्यवस्था में विस्तार से विचार किया गया है। यहां केवल मुसलमान के विविध कर्मों पर आदि ग्रंथ में किये गये विचारों का उल्लेख किया गया है:-

<u>मुसलमान कैसा हो:</u>

१- मुसलमाणु कहावणु मुसकलु जा होइ ता मुसलमाणु कहावै।

अवलि अउलि दीनु करि मिठा मसकल माना मालु मुसावै।

होइ मुसलिमु दीन मुहाणै मरण जीवण का भरमु चुकावै।

रब की रजाइ मंने सिर उपरि करता मंने आपु गवावै।

तउ नानक सरब जीआ मिहरंमति होइ त मुसलमाणु कहावै। वार माझ [६०३]

२- मुसलमाणु मोम दिलि होवै। अंतर की मलु दिल ते धोवै।

दुनीआ रंग न आवै नेड़ै जिउ कुसम पाटु घिउ पाकु हरा। मारू म:५ [६०४]

<u>बांग</u>

मुलां मुनारे किआ चढहि? सांई न बहिरा होइ।

जा कारनि तूं बांग देहि, दिल ही भीतरि जोइ। कबीर [६०५]

<u>नमाज़ तथा कलमा:</u>

पंजि निवाजा वखत पंजि पंजा पंजे नाउ।

पहिला सचु हलाल दुइ, तीजा खैर खुदाइ।

कणी [illegible] रा[illegible] नु, [illegible] [illegible]ुलाह।।
[illegible]रणी [illegible]था [illegible] के ना मुस[illegible]णु [illegible]दाइ।।
नानक [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]।। [illegible] म:१ [६०६]

मुल्ला, मस्जिद मुल्लां :

[illegible]नु निवाज [illegible] मुल्ला। [illegible]सा [illegible] [illegible] [illegible]।
[illegible] [illegible] मनु [illegible]णा [illegible] कुदाइ [illegible]। [illegible] म:५ [६०७]

रोज़ा : रोज़ा [illegible] माह-ए-रमज़ान में [illegible] [illegible] अपितु सदा [illegible] [illegible]। है। रोज़ा [illegible] [illegible] है, [illegible]न्द्रिय-[illegible] [illegible], [illegible] भगवद्-[illegible] में लीन [illegible]:

वरत न [illegible] न [illegible] रमदाना। [illegible] [illegible] [illegible] निदाना।
[illegible] [illegible] [illegible]। हिंदू तुरक दुहां नेबेरा।
[illegible] [illegible] न [illegible]। [illegible] न निवाज गुजारउ।
[illegible] निरं[illegible] ले [illegible] नमस्कारउ।
ना[illegible] हिंदू न मुसलमान।। अलह राम के पिंडु परान।
[illegible] कबीर [illegible] [illegible]ना। गुर [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] पछाना। [६०८]

हज-काबा : [illegible] [illegible] [illegible] कोई प्रकार आवश्यक नहीं [illegible] प्रकार [illegible] यात्रा का कोई विशेष [illegible] नहीं। परमात्मा किसी विशेष स्थान पर नहीं [illegible]। [illegible] तो सर्वव्यापक है। जो [illegible] हैं, वे तो हज के लिये जा सकते हैं, परन्तु निर्धन लोग तो [illegible] [illegible] असमर्थ हैं। फिर [illegible] निर्धन लोगों से भगवान कैसे प्रसन्न हों? भगवान् हज-काबे की यात्रा अनिवार्य नहीं बताता। अपितु हृदय में ही भगवान् को खोजना [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] हज [illegible] [illegible] भगवान् से भेंट नहीं होती:

१- हज काबे जाउ न [illegible] पूजा। [illegible] [illegible] [illegible] न पूजा। कबीर (म:५) [६०९]
२- [illegible] हज [illegible] [illegible] जाइथा, [illegible] [illegible] [illegible]।
सांई मुझ [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] फुरमाइ [illegible]। (१९७) [६१०]

६०१- आ०ग्रं० पृ० १३३२
६०२- आ०ग्रं० पृ० ७३०
६०३- आ०ग्रं० पृ० १४१
६०४- आ०ग्रं० पृ० १०८५
६०५- आ०ग्रं० पृ० १३७४
६०६- आ०ग्रं० पृ० १४१
६०७- आ०ग्रं० पृ० ११५३
६०८- आ०ग्रं० पृ० ११३६

३- कबीर हज काबै हो होइ गइआ केती बार कबीर।
साँई मुझ महि किआ खता मुखहु न बोलै पीर॥ (१९७) [६११]

<u>काज़ी तथा मुल्ला:</u> काज़ियों ने इस्लाम के हक़ को भूल कर रिश्वत खोरी तथा अन्याय का दौर-दौरा आरंभ कर दिया था। अपने इस अन्याय को युक्तिसंगत बताने के लिये कुरान से अपनी मन मानी व्याख्या प्रस्तुत करते थे:-

काजी होइ कै बहै निआइ। फेरे तसबी करे खुदाइ।
वढी लै कै हकु गवाए। जे को पुछै ता पड़ि सुणाए। म:१ [६१२]

इसलिये सन्तों को काज़ी-मुल्लां के परित्याग का उल्लेख करना पड़ा। आदि ग्रंथ में काज़ी मुल्लां के ठीक स्वरूप का वर्णन मिलता है:-

सो मुलां जो मन सिउ लरै। गुर उपदेसि काल सिउ जुरै।
कालपुरख का मरदै मानु। तिसु मुला कउ सदा सलामु।
है हजूरि कत दूरि बतावहु। दुंदर बाधहु सुंदर पावहु। रहाउ॥
काजी सो जु काइआ बीचारै। काइआ की अगनि ब्रहमु परजारै।
सुपनै बिंदु न देई झरना। तिसु काजी कउ जरा न मरना। कबीर। [६१३]

आदि ग्रंथ के भक्त कवि भी हिन्दू-मुसलमान के झगड़े में पड़ते ही नहीं थे। उन के लिये तो सब इन्सानों की एक नूर से उत्पत्ति हुई था। अत: वे हिन्दू के घर में आने वाले को हिन्दू और मुसलमान के घर पैदा होने वाले को मुसलमान मानने के पक्ष में नहीं थे। भगवान् ने तो इन्सान को इन्सान पैदा किया है, परन्तु हम ने उसे हिन्दू अथवा मुसलमान बना दिया है। बिना गुरु पीर के हिन्दू-मुसलमान किसी का उद्धार न होगा:-

हिंदू कै घरि हिंदू आवै। सूतु जनेऊ पड़ि गलि पावै।
मुसलमानु करे वडिआई। विणु गुर पीरै को थाइ न पावै। म:१ [६१४]

गुरु नानक देव जी के उपर्युक्त पद के संदर्भ में भाई गुरदास की प्रथम वार में ३३वीं पउड़ी में हिन्दू मुसलमान के विषय में गुरु नानक तथा मक्के के हाजियों की वार्तालाप प्रस्तुत है:-

पुछणि खोलि किताब नूं, वडा हिन्दू कि मुसलमानोई।
बाबा आखे हाजीआं शुभ अमलां बाझहु दोनों रोई।

६०९- आ०ग्र० पृ० ११३६ ६१०- आ०ग्र० पृ० १३७५

मुल्तान सूफी मत : सूफी मत का स्पष्ट उल्लेख आदि ग्रंथ में नहीं मिलता। सूफियों की चार अवस्थाएं गुरु अर्जुन देव जी ने वर्णित की हैं। जब कहा गया कि सूफी फकीर अल्लाह के नाम की आराधना के रूप में बता जाती है।[६१६]

शरीअत: सरा सरीअति ले कमावहु। (नाम सुमिरन)

तरीकत: तरीकति तरक खोजि टोलावहु। (मानसिक शुद्धि)

मारिफत: मारफति मनु मारहु अबदाला। (मनोमारण-अथवा मनःमारण)

हकीकत: मिलहु हकीकति जितु फिरि न मरा। (फिर से आवागमन-जीवन मुक्त)

वैष्णव: शैवों-शाक्तों तथा अन्य हिन्दू मत मतांतरों में से वैष्णवों को आदि ग्रंथ के भक्तों ने श्रद्धा की दृष्टि से देखा है-

कबीर बैसनो का कूकरि भला साकत की बुरी माइ।[६१७]

जो भी वैष्णवों में से बाह्याचार का आडंबर और पाखंड था उसकी आलोचना सन्तों ने की है:-

कबीर बैसनो हूआ त किआ भइआ माला मेलीं चारि।[६१८]
बाहरि कंचनु बारहा भीतरि भरी भंगारि।। (१४५)

वैष्णवमत आलोचना गान : वैष्णव भक्ति के युग के पश्चात् जो पंचम युग आया, उसमें भगवान् की लीलाओं को विशेष रूप से स्थान मिला।[६१९] गुरु नानक के समय लीलागान का भक्ति का रूप अत्यन्त विकृत हो चुका था कि उसमें आडंबर ही रह गया था। गुरु नानक का पूरा दृष्टिकोण भी यही है वे कहते हैं:-

वाइनि चेले नचनि गुर। पैर हलाइनि फेरन्हि सिर।
उडि उडि रावा झाटै पाइ। वेखै लोकु हसै घरि जाइ।
रोटीआ कारणि पूरहि ताल। आपु पछाड़हि धरती नालि।
गावनि गोपीआ गावनि कान्ह। गावनि सीता राजे राम।
निरभउ निरंकारु सचु नामु। जा का कीआ सगल जहानु।[६२०]

यहां पर उपचार को छोड़कर नाम सुमिरन पर बल दिया गया है। सब पूजाचारों से नाम सुमिरन महान है।

६११- आ०ग्रं० पृ० १३७५
६१२- आ०ग्रं० पृ० ६५१
६१३- आ०ग्रं० पृ० ११५६-६०
६१४- आ०ग्रं० पृ० ६५१
६१५- बाराँ भाई गुरदास- पृ० १७
६१६- मारू दासी (आ०ग्रं०) पृ० १०८३
६१७- आ०ग्रं० पृ० १३७७
६१८- आ०ग्रं० पृ० १३७२

(ग) सब जातियों की समानता तथा जाति पाँति विरोध

सब सम्प्रदायों को, बिना किसी भेद-भाव के [illegible] [illegible] सब धर्मों की [illegible] [illegible] [illegible] है। आदि ग्रंथ में [illegible] तत्त्वों को निम्न- [illegible] [illegible] हैं:

समानता:

१- अवलि अलह नूर उपाया कुदरति के सब बंदे।
एक नूर ते सभु जगु उपजिआ, कउन भले को मंदे।
लोगा भरमि न भूलहु भाई।
खालिकु खलक खलक महि खालिकु, पूरि रहिओ स्रब ठांई। कबीर[621]
२- ना हम हिंदू न मुसलमान। अलह राम के पिंडु परान। कबीर[622]

जाति पाँति विरोध:

जाति जनमु नह पूछीऐ सच घरु लेहु बताइ।
सा जाति सा पति है जेहे करम कमाइ। प्रभाती म:१[623]

ऊँच-नीच की भावना का विरोध:

नीचा अंदरि नीच जाति नीची हू अति नीचु।
नानकु तिन कै संगि साथि वडिआ सिउ किआ रीस।
जिथै नीच समालीअनि तिथै नदरि तेरी बखसीस। म:१[624]

निंदा अथवा नुक्ताचीनी का विरोध

१- निंदा भली किसै की नाही मनमुख मुगध करंनि। म:३[625]
२- सभ नाओं कौ बुरा कहा होइ। गुणकारी नानकु तारे सोइ। म:१[626]
३- कबीर सभ ते हम बुरे हम तजि भलो सभु कोइ।
जिनि ऐसा करि बूझिआ मीतु हमारा सोइ॥ कबीर[627]

---

६२१ - [illegible] का विकास-पृ० ३७८
६२२- आ०ग्रं० पृ० १३४९
६२३- आ०ग्रं० पृ० १३३०
६२५- आ०ग्रं० पृ० ७५५
६२७- आ०ग्रं० पृ० १३६४
६२०- आ०ग्रं० पृ० [illegible]
६२ - आ०ग्रं० पृ० १३७६
६२४- आ०ग्रं० पृ० १५
६२६- आ०ग्रं० पृ० ७२८

योग-साधना और गुरमति साधना

परम्परागत साधना के प्रकारों में सिद्धों के हठयोग का संक्षिप्त विवरण दिया गया है। युक्ति तथा उपाय भी है और उपाय को भी योग कहा गया है। योग का व्यावहारिक अर्थ दो पदार्थों का मिलना अथवा संयोग माना गया है और डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल को भी यही अर्थ मान्य प्रतीत होता है।[628] वेदान्त में जीव और परमात्मा के मिलन को योग कहा है।[629] योगवाशिष्ठ में संसार सागर से पार होने की युक्ति को योग कहा है।[630] सब चिन्ताओं का परित्याग कर निश्चिंत होने का नाम भी योग कहा है। (सर्व चिंता परित्यागो निश्चिन्तो योग उच्यते)।[631] पतंजलि ने प्रसिद्ध- योगश्चित्त वृत्ति निरोधः (योग, चित्त वृत्ति का निरोध है)[632] और चित्त वृत्ति के निरोध के अर्थ में रूढ़ हो गया है।[633] कुछ लोगों ने योग को वेद मूलक माना है। कुछ ने इसे जैनागमों से निकला बताया है, कोई ने बौद्ध दर्शन से इसका संबंध जोड़ा है, तथा कुछ लोगों ने योग को इन सब से स्वतंत्र परम्परा, प्राचीन काल से ही आज तक माना है। प्रायः यह माना जाता है कि इन चारों परंपराओं में चार प्रकार के योग हैं। राज योग वैदिक है, तो हठयोग किसी स्वतंत्र परंपरा का है, जिसे हम तंत्रानुकूल कहते हैं। जैन और बौद्ध योगों को इन दो योगों से भिन्न समझना चाहिए। राजयोग और हठयोग दोनों के स्वतन्त्र प्रवाह आत्मोपलब्ध करते रहे, कभी कभी कुछ साधनाओं में दोनों का मेल हो जाता था। जहाँ दोनों का समन्वय होता था, वहाँ यह कहा जाता था, कि हठयोग प्रथम सोपान या साधन है तो राजयोग द्वितीय सोपान या साध्य। हठयोग का संबंध अधिकतर शरीर-विज्ञान और काया-कल्प से है और राजयोग का संबंध बोध या बुद्धि से है। किन्तु कई संतों ने राजयोग समाधि को सहज-समाधि कहा और हठयोग से प्राप्त समाधि को जड़-समाधि कहा। गोरख पंथी योगियों को हठयोगी समझा जाता है और निर्गुणवादी संतों तथा अद्वैतवादियों को राजयोगी।[634]

<u>आदि ग्रंथ का योग राजयोग अथवा सहज-योग है।</u>[635] भाट कवि गुरु नानक तथा गुरु रामदास की साधना के विषय में लिखते हैं:-

१- कवि कल सुजसु गावउ गुर नानक राजु जोगु जिनि माणिओ।[636]

२- राजु जोगु गुरु रामदास तुमहु रसु जाणी। सवैये म:४ के[637]

६२८- कल्याण योग विशेषांक वर्ष १०, अंक १, पृ० ३८

६२९- [illegible] पृ० [illegible]

६३०- योगवाशिष्ठ-६-२-१३-३, योगांक पृ० १६०

गुरुभक्ति साधना को राज योग की संज्ञा गुरु अर्जुन देव ने भी दी है। राज योग की परिभाषा करते हुए गुरु जी कहते हैं, 'रसना से एक नाम का जाप कर संसार में रहते हुए-स्वयं आनंद का कारण बनता है, और सारे जीवात्मा के संग लाभ पाता है। यह 'कर्म-योग' की कल्पना है। ऐसे राजयोग का गुरु जी ने अनुष्ठान किया।[६३८]

रसना जपीऐ एकु नामु। ईहा सुखु आनंद घना आगै जीअ कै संगि काम।
कटीऐ तेरा अहं रोगु। तूं गुर प्रसादि करि राज जोगु।

हठयोग तथा राजयोग में अन्तर बताते हुए डा० भा० जोध सिंह लिखते हैं, 'हठयोगी का परमलक्ष्य शारीरिक-साधना है, और वह शरीर को स्वस्थ रख कर सौ से अधिक वर्षों तक जीता है। उन्हों ने एक दार्शनिक ने हठयोगी की तुलना चिरजीवी वट-वृक्ष से की है। वट-वृक्ष भी सैकड़ों साल के होते हैं, परन्तु वह वट-वृक्ष से अधिक कुछ नहीं होते। इस प्रकार हठयोगी हठयोगी से अधिक कुछ नहीं।[६३९] हठयोग की पुस्तकों में भी राज-योग को उत्तम माना गया है। हठयोग का पीछे उल्लेख किया जा चुका है। राजयोग का जो परंपरागत स्वरूप ग्रंथों में मिलता है उसका वर्णन निश्चलदास ने अपने 'विचार-सागर' में किया है। इस के चार पाद इस प्रकार हैं:-

प्रथम पाद: चित्तवृत्ति निरोधसमाधि:। (अभ्यास, वैराग्य)
द्वितीय पाद: चित्त विक्षिप्तस्य समाधि:। (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि)
तृतीय पाद: योग की विभूति
चतुर्थपाद: योग-फल-कैवल्य।

इस प्रकार योग शास्त्र भी ज्ञान साधन, निदिध्यासन के संपादन द्वारा मोक्ष का हेतु है।[६४०] जैसा कि पीछे कहा जा चुका है, राज-योग की आदि ग्रंथ की परिभाषा भक्ति-योग की परिभाषा है। ग्रंथों में जिस प्रकार हठयोग को प्रथम सोपान माना गया है, और राज योग को द्वितीय, उसी प्रकार इस विचार को भिन्न रूप में आदि ग्रंथ में भी स्वीकार कर लिया गया है। हठयोग को क्रिया-योग अथवा काया-साधना भी कहा जा सकता है, और इसका निर्दिष्ट स्वरूप आदिग्रंथ में मिलता है, यह स्वरूप राजयोग के चित्तवृत्ति निरोध से मिलता जुलता है। काया-साधना के संपूर्ण हो जाने पर ध्यान-समाधि (संप्रज्ञात समाधि) का सोपान है, जो आदि ग्रंथ में गुरुओं द्वारा नाम सुमिरन है। ... यह ... दशा

[illegible] जाती है, तो साधक और साध्य का सामना [illegible] को प्राप्त हो [illegible]-समाधि (असंप्रज्ञात) में [illegible] हो जाते हैं। फिर [illegible] आदि ग्रंथ के [illegible] का [illegible] समाधि-परंपरागत योगशास्त्र वाली संप्रज्ञात समाधि नहीं। परंपरागत योगशास्त्र में [illegible] समाधि [illegible] कायम रहती है। आदि ग्रंथ की साधनायें [illegible]-समाधि को सहज-समाधि कहा है। यह समाधि गीता के योग से मिलती है। गीता में लिखा है, 'वह योगी जिसने मन को वश कर लिया है, सदा योग में लगा रहकर [illegible] और उस परम निर्वाण को प्राप्त करता है, जो उस ब्रह्मज्योति में समवीन होने से मिलता है।'[६४१] योग [illegible] 'परिमित मात्रा में [illegible] व्यवहार करना' है, 'अधिक खाना' व वा '[illegible] का त्याग योग' नहीं। जागते रहने [illegible] अधिक सोने में योग नहीं।[६४२] योग इन चेष्टाओं को नियमानुसार करना है। योग वस्तुतः [illegible] अनुशासन है। पूर्ण योगी की परिभाषा देते हुए कहा गया है, 'जब चित्त सब [illegible] (भोगादि की) से रहित होकर [illegible] होकर केवल आत्मा में ही स्थिर हो जाता है, तब वह [illegible] को प्राप्त हुआ योग में [illegible] कहलाता है।'[६४३]

आदि ग्रंथ में योग की व्याख्या

काया साधना:- गुरु नानक देव जी 'काया-साधना' [illegible] विवेचन प्रस्तुत करते हुए [illegible] हैं: काया गढ़ में मन राजा है। इस राजा [illegible] नगरी में [illegible] ज्ञानेन्द्रियां [illegible] हैं और कर्मेन्द्रियां सेवक हैं। [illegible] है। [illegible] अहं के कारण इस [illegible] के भीतर ही [illegible] है, [illegible] में इसका निवास नहीं होता, [illegible] जीवात्मा को हृदय में स्थित परमात्मा [illegible] नहीं होती। [illegible] दुःख का कारण [illegible]

६३१- कल्याण योग विशेषांक पृ०१६४
६३२- भक्ति काव्य में रहस्यवाद पृ०३१७
६३३- हिन्दी साहित्य कोश-[illegible]२०
६३४- हिन्दी साहित्य कोश-[illegible]
६३५- महान कोश- कान्ह सिंह पृ०[illegible]
६३६- आ०ग्रं० पृ० १३६०
६३७- आ०ग्रं० पृ० १३६८
६३८- आ०ग्रं० पृ०२११
६३९- गुरु नानक विशेषांक-भाषा विभाग-पृ०४१
६४०- हिन्दी साहित्य कोश-[illegible]
६४१- गीता ६-१५
६४२- गीता ६।१६-१७
६४३- गीता ६-१८

पाप है, जिससे [illegible] हुआ [illegible] ([illegible]) [illegible] जाता है। यदि [illegible] निवारों का प्रमाण सत्य-संतों के सिद्धान्तों पर आधारित हो जाये और मन साधना प्रकर्ष, सत्य तथा संयम का अनुसरण कर आत्मशुद्धिकरण में लीन हो जाए, तो गुरु के शब्द (गुरु मंत्र-राम नाम) द्वारा [illegible] स्थापित होकर [illegible] (ब्रह्म) के सान्निध्य में स्थापित होता है।[६४४]

गुरु ग्रंथ की नाम-साधना, हठयोग-साधना से सर्वथा भिन्न है। [illegible] योग, भक्ति योग, नामयोग, [illegible] योग आदि की साधनाएं सम्मिलित होकर आदि ग्रंथ में व्यक्त हुई हैं। और साधना का गुरुमति का स्वरूप ऐसा नहीं, जिसे अतिशय सोपानों में [illegible] किया जा सके। वहां तो सोपान एक ही नाम है। गुरु अमरदास जी लिखते हैं: माया मोह अति [illegible] है। इस में स्वयं भगवान् का [illegible], जो [illegible] विचार करके [illegible] करता है। यदि [illegible] मन उस भगवान् में अपने को [illegible] कर [illegible] व्यापार करता है, तो [illegible] में स्थिर हो जाता है और निश्चल स्थान प्राप्त करता है। वह निश्चल स्थान तभी [illegible] सकता है, जब मनुष्य [illegible] नित्य नाम [illegible] करता रहे। कोई विरला गुरुमुख ही इस स्थान को प्राप्त कर सकता है।[६४५]

६४४- [illegible] जोगु [illegible] राजा। [illegible]।
[illegible] लोभु [illegible] पापि [illegible] दा।
[illegible] मोहु [illegible] भगति [illegible]। [illegible] लंजमु [illegible]।
नानक [illegible] गुर [illegible] पाइदा।

मारू म:१- आ०ग्रं० पृ० १०३७

६४५- [illegible] मोहु [illegible] अपारा। [illegible] प्रभु की [illegible]।
[illegible] निरालमु [illegible] निहचलु [illegible] दा।
[illegible] गुरमुखि विरले [illegible] पाइदा।
[illegible] निहचलु [illegible] दा।
[illegible] विधि [illegible]।
नानकु नामु वणजहि रंगि राते गुरमुखि को नामु पाइदा।

आ० ग्रं० [illegible], मारू म:३, पृ०१०६४

गुरु रामदास ने काया-नगर को ही संपूर्ण योग के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा है: काया कोट अपार है। इसमें इन्द्रियों के बाजार हैं। जो साधक गुरु को मध्यस्थ बना कर व्यापार करता है। वह हरिनाम की वस्तु (राम) को संभालता (स्मरण करता) है। हरिनाम की निधि में ही सब हीरे-मोती लगे हुए हैं, अतः उसका व्यापार करना चाहिए। जो अपनी काया को छोड़ अन्यत्र हरिनाम धन को खोजते हैं, वे मूर्ख-पशु हैं। वे सुनसान[646] में ऐसे भटकते फिरते हैं, जैसे कस्तूरी की खोज में मृग जंगल में भटकता है।

अष्टांग योग: यम-नियमों का वर्णन तथा उनका आदि ग्रंथ में निर्दिष्ट स्वरूप भक्ति के परंपरागत तत्वों के अन्तर्गत प्रस्तुत किया जा चुका है। परन्तु योग के आठों ही अंगों का आदि ग्रंथ में कहीं पृथक् पृथक् वर्णन नहीं किया गया। सब अवस्थाएं एक स्थान पर ला कर संयुक्त की जाती हैं। हठयोग और राजयोग का समन्वयात्मक स्वरूप प्रस्तुत करके गुरु नानक देव जी कहते हैं:- हृदय में राम नाम (शब्द) का निरंतर निवास ही मुद्रा है। संसार और ममता को दूर करना ध्यान है। काम, क्रोध, अहंकार का निवारण कर गुरु के शब्द में ज्ञानगोचर (राम नाम को) समझना बाती है। कंथा तथा झोली यही है कि उस भगवान् को सर्वव्यापक मानो। वही हरि (भवसागर से) पार करता है। वह सत्यनाम स्वरूप प्रभु, गुरु का सच्चा नाम की परख कर लेता है। इसीसे गुरु जान लेता है। सांसारिक विषयों से इन्द्रियों को हटाना खप्पर है। पंच तत्वों (दैवी गुणों) को ग्रहण करना टोपी है। शरीर का पवित्र रखना कुशासन है और मन को वश में करना लंगोट (आगोटा) है। सत्य तथा संतोष का अनुसरण कर संयमित जीवन व्यतीत करो और गुरुमुख हो नाम सुमिरन करना चाहिए।[647] इस प्रकार आदि ग्रंथ के योग में नाम सुमिरन ही मुख्य है।

६४६- काइआ कोटु अपारु है अंदरि हटनाले।
गुरमुखि सउदा जो करे हरि वसतु समाले।
नामु निधानु हरि वणजीऐ हीरे परवाले।
विणु काइआ जि होर थै धनु खोजदे से मूड़ बेताले।
से उझड़ि भरमि भवाईअहि जिउ झाड़ि मिरगु भाले।
म:४, आ०ग्र० पृ० ३०६

६४७- अंदरि सबदु निरंतरि मुद्रा, हउमै ममता दूरि करी।
कामु क्रोधु अहंकारु निवारै गुरु कै सबदि सु समझ परी।
खिंथा झोली भरिपुरी रहिआ नानक तारै एकु हरी।
साचा साहिबु साची नाई परखै गुर की बात खरी।

प्राणायाम: श्वास प्रश्वास की गति का विच्छेद प्राणायाम है। यह चार प्रकार का होता है। रेचक : (कोष्ठस्थ वायु को बाहर निकालकर नाड़ी को रोक देना), पूरक :(नासारन्ध्र से बाहरी वायु को अन्दर निकालकर नाड़ी को रोक लेना), कुंभक (जब ऐसा प्रयत्न हो जहां श्वास-प्रश्वास की गति रोक जाये) और केवल कुंभक। इन्द्रियों को उनके विषयों से हटाकर निरुद्ध करना प्रत्याहार है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार बहिरंग साधन हैं। अन्तिम तीन ध्यान, धारणा, और समाधि अंतरंग साधन हैं। बहिरंग साधनों में से प्राणायाम को छोड़ अन्य का उल्लेख पीछे उल्लेख हो चुका है। यहां प्राणायाम का आदि ग्रंथ में वर्णित स्वरूप प्रस्तुत किया जाता है। गुरु नानक देव जी कहते हैं: रेचक, कुंभक, पूरक मन के हठ के कारण किये जाने वाले कर्म हैं। पाखंड धर्म सच्चा प्रेम। यहां सच्चा सच्चा है। गुरु के शब्द में लीन होकर राम-नाम-अमृत-रस प्राप्त हो सकता है।[648]

ध्यान-धारणा-समाधि

सहज समाधि : सहज समाधि की ओर सारा साधना में संकेत किया गया है। गुरु नानक देव सहज समाधि का वर्णन करते हुए कहते हैं: मैं सहज-समाधिस्थ हूं, मैं निरंतर हरि में लिवलीन हूं तथा उसी के गुण गायन करता हूं। गुरु के शब्द में मग्न होकर इस संसार से वैराग्य प्राप्त कर परमपद (हरि) में ध्यान लगाये हुए हूं। गुरु-स्वरूप नाम-अमृत-रस भोता लगा है, और उस परमतत्त्व अविनाशी को अपने अंतर में ही प्राप्त कर लिया है। भगवन् ! जहां आप ने इस मन को लगाया है वहां ही यह स्थिर हो गया है। ऐसी सहज समाधि भक्ति योग में सनक सनंदन आदि ब्रह्म-पुत्र, प्रह्लाद, इन्द्रादि को संतुष्टि प्राप्त हुई थी। मैं तो हरि के नाम के बिना कहीं नहीं रह सकता, मेरे लिये हरि नाम सर्वोत्तम है।[649]

ऊंधउ भाउ भांडु सोधि। काचा करनामु भनु जालोटो।
मनु अंगीठु अंगम्हु है मानि। नानक कुरमु नाम समाधि। म:१, आ०ग्र० ७३६

648- रेचक कुंभक पूरक मन हाठो। पाखंड धरमु प्रीति नहीं हरि सउ
गुर सबद महा रसु पाइआ। म:१ आ०ग्र० पृ० १०४३

649- सहज समाधि सदा लिव हरि सिउ जीवां हरि गुन गाई।
गुर कै सबदि रता बैरागी निजघरि ताड़ी लाई।
गुर रस नामु भला रसु भोता निज घरि रहु हुआ है।

सहज समाधि के इस स्वरूप को अन्य सन्तों ने भी इसी रूप में स्वीकार किया है:-

१- कहि कबीर मन मन्नी भाज। मानि समाधाँ मा मरम पाज। ३-[६५०]

२- सहज समाधि उपाधि रहत होइ, बड़े भागि लिव लागी।

कहि रविदास उदास दास मति जनम मरन भै भागी। ३- -२१[६५१]

३- सागी गावितगा गाउ पर्व तिनु सभै कभनि मादि।

सभी भी मानि उपजै मार्ग पिवारि रिसाणो।

सभी भ मै सुख सानि सौ तिनु सभै पावणु मादि।

सानि सागाही सदा सदा सानि समाधि लगाइ। सिरि राग म:३[६५२]

४- सो सुख पा प्रभु छुट्टे। गुर पूरे के चरण मनि छुटे।

सहज समाधि लगी लिव अंतरि सो रस सोई जाणै जीउ।।

साम सांक वाहिगु मेरा। मन तन अंतरि सदौ नेरा।

सदा अनिपगु जीवात्मा नामा गो विसरा साधु पराणै जीउ।।

प्रभु मिलणै को मन नोसाराणा। मनि सो सदा सुखु पराणी।।

सानि संगोहि सदा त्रिपतासै सहजु सहजु कै माणै जीउ।।माफ म:५[६५३]

शून्य समाधि : सहज-समाधि का ही दूसरा नाम शून्य-समाधि है। परन्तु यह अवस्था सहज समाधि से आगे का सोपान है। सहज समाधिस्थ साधक अपने साध्य में ही सब लीन होकर 'जिउ जल महि जलु आइ खटाना। तिउ जोती संगि जोति समाना।'[६५४] जिस अवस्था को प्राप्त होता है, तो उसे शून्य-समाधि कहते हैं। यह भगवान् की स्थिति है। यह उसकी स्थिति सदैव ऐसी रहा है। सृष्टि रचना से पूर्व भी था। 'सुंन कला अपरंपरि धारि।'[६५५] आदि ग्रंथ के सन्तों की साधना का परम लक्ष्य यही शून्य समाधि है, जहाँ से फिर जन्म मरण नहीं होता:-

---

जब ही प्रभु जा मो मै राखिआ कैसी गुरमति पाई।

सनक सनादि ब्रह्मादि इंद्रादिक भगति रते बनि आई।

नानक हरि बिनु घरी न जीवां हरि का नामु वडाई। म:१ आ०ग्र०१२३२

[६५०]- आ०ग्र० पृ० ११९५

[६५१]- आ०ग्र० पृ० १२०६

[६५२]- आ०ग्र० पृ० ६८

[६५३]- आ०ग्र० पृ० १०६

[६५४]- आ०ग्र० पृ० २७८

[६५५]- आ०ग्र० पृ० १०३७

१- उदक समुंद सलल की साखिआ नदी तरंग समावहिगे।
सुंनहि सुंनु मिलिआ समदरसी पवन रूप होइ जावहिगे।
बहुरि हम काहे आवहिगे। कबीर- ६५६

२- सबदि सोत अकासहि राग गाउके हरि नाचैगा।
ईड़ा पिंगला अउरु सुखमना पउनै बंधि रहाउगो।
चंदु सूरजु दुइ सम करि राखउ ब्रहम जोति मिलि जाउगो।
नामा कै चितु हरि सिउ राता सुंन समाधि समाउगो।नामदेव ६५७
(यहाँ यौगिक क्रियाओं का वर्णन करि सुमिरन से ध्यान कर शून्य समाधिस्थ होने की बात कही है)

३- सुंन समाधि सहजि मनु राता। तजि हउ लोभा एको जाता।
गुर चेले अपना मनु मानिआ। नानक दूजा मेटि समानिआ। ८-३ म:१ ६५८

४- ओति पोति जन हरि रसि राते। सुंन समाधि नाम रस माते।
हरि की भगति मुकति बहु करे। नानक जन संगि केते तरे। म:५ ६५९

कुंडलिनी-योग

गुरमति में योग की कठिन साधनाओं को कोई स्थान नहीं। यद्यपि कुंडलिनि के शब्दों का आदि ग्रंथ में वर्णन मिलता है। परन्तु गुरमति अनुसार भक्ति का नाम कुंडलिनी है। ६६० - कुंडली सुरझी सत संगति। ६६१

सुरति शब्द योग : अनाहत शब्दों में सुरति अर्थात ध्यान को जोड़ने को सुरति-शब्द योग कहते हैं। अभ्यासी की सुरति अर्थात आत्मा क्रमशः अन्तर में चढ़कर छन चक्रों, कमलों और पदार्थों की चैतन्य का और मिन मण्डलों की रचना का अनुभव करती हुई अन्त में सच्चे कुल मालिक का दर्शन प्राप्त करती है। ६६२

आदि ग्रंथ का सुरति शब्द योग गुरु शब्द अथवा राम नाम में जुड़ी हुई सुरति (लिव) का नाम है। ६६३ सुरति शब्द योग का अनुसरण केवल गुरमुख (संत) ही कर सकते हैं, दुर्मति (साकत) तो राम नाम से विमुख भटकते हैं।

६५६- आ०ग्रं० पृ० ११०३
६५७- आ०ग्रं० पृ० ९७३
६५८- आ०ग्रं० पृ० ९०४
६५९- आ०ग्रं० पृ० २९५
६६०- महान कोश- पृ० २५३
६६१- आ०ग्रं० पृ० १४०२
६६२- साहेब जी महाराज, योगांक पृ०८० से भक्ति में राधास्वामी मत पृ०३१९ पर
६६३- भाई कान्ह सिंह-महान कोश-११९

साकत नर सबद सुरति किउं पाईऐ।
सबद सुरति बिन आईऐ जाईऐ। म:१ [664]

गुरु अर्जुन देव जी सुरति शब्द लय का वर्णन करते हुए कहते हैं, मेरी तृष्णा अग्नि प्रशांत हो गई है और अंतरात्मा शीतल हो गया है। पूर्ण गुरु से सब भगवान् से टूटा प्रीति गांठ ली है। अब मेरी सुरति निरंतर शब्द में स्थित भगवान् से जुड़ गई है। अब मैं ने हरि-नाम अमृत-रस को सागर में भर कर पिया है। अब मेरा जन्म मरण छूट गया है, और मैं अविनाशी में स्थित होकर अविनाशी हो गया हूं और मेरा भ्रम दूर हो गया है:-

त्रिसना बुझी अंतरु ठंढा। गुरि पूरै ते टूटा गंढा।
सुरति सबदु रिद अंतरि जागी अमिउ झोलि झोलि पीजा है।
मरै नाही सद सद ही जीवै। अमरु भइआ अबिनासी थीवै।
ना को आवै न को जावै गुरि दूरि कीआ भरमीजा है।म:५ [665]

आदि ग्रंथ में इड़ा-पिंगला-सुषमणा का संयोग, त्रिवेणी संगम आदि योगपरक शब्द, सहज समाधि, शून्य समाधि तथा सुरति शब्द योग के पर्यायवाची शब्द हैं। इनमें हठयोग की साधना का कोई वर्णन नहीं:-

कबीर गंग जमुन के अंतरे, सहज सुंन के घाट।
तहां कबीरै मटु कीआ खोजत मुनि जन बाट।।(१५२)।। [666]

इस प्रकार हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि आदिग्रंथ का योग सुरति-शब्द-योग अथवा नाम-योग है, जिसकी साधना सहजसमाधि में स्थित होकर शून्य-समाधि को प्राप्त होती है। शून्य-समाधि में स्थित होकर साधक भगवान् से तद्रूप हो जाता है, जन्म मरण से छूट जाता है। योग की यह साधना गृहस्थ के सदाचार-पूर्ण, संयत तथा सरल-जीवन की सुगम-साधना है। इसमें सन्यास अथवा भ्रमण को कोई स्थान नहीं है।

योग भगवे कपड़ों तथा योगी के बाह्य उपकरणों में नहीं, हृदय शुद्धि तथा शुद्ध-आचरण में है। योग में बाह्याडंबर का सर्वथा निषेध है।

गुरमति साधना-संक्षिप्त सार

गुरमति साधना चित्त-शुद्धि तथा आचार-शुद्धि का प्रतिपादन करती हुई गुरु शब्द की सत्संगति में निरंतर साधना का निर्देश करती है। इसमें भावदशारण में

664- आ०ग्रं० पृ० १०३१ 665- आ०ग्रं० पृ० १०७४

666- आ०ग्रं० पृ० १३७३

विनम्र भाव से आत्म-समर्पण करके शुभ कर्मों के अनुष्ठान पर बल दिया गया है। मनुष्य के शुभ-कर्म ही स्वर्ग हैं, और दुष्कर्म ही नरक। इस साधना में किसी कल्पित स्वर्ग की इच्छा अथवा नरक के भय को कोई स्थान नहीं। पुस्तक-ज्ञान, पाठ-पूजा, तीर्थ-स्नान, हज-नमाज़-रोज़ा की अपेक्षा हृदय-दर्पण को साफ़ और पवित्र कर शुभ-कर्म करते हुए उस हरि के हृदय मन्दिर में दर्शन करना ही सच्ची भक्ति है। नाम-सुमरिन का विशेष महत्व होने के कारण इसे नाम-मार्ग भी कहा जाता है। इस साधना में गुरु-कृपा, भगवत्कृपा को विशेष महत्त्व है। गुरु तथा संगत की सेवा को विशेष स्थान है। इसे प्राणों से [illegible] सच्ची भक्ति है।

प्राचीन भारतीय परंपरा में भक्ति मार्ग को खांडे-धार मार्ग कहा गया है।[667] इस विचार को बाबा फरीद से लेकर समस्त परवर्ती सन्तों ने दुहराया है:-

बाबा फरीद: बाट हमारी खरी उडीणी। खनिअहु तिखी बहुतु पिईणी।[668]
म:३ : खनिअहु तिखी वालहु निकी एतु मारगि जाणा।[669]
म: : हरि मारगि पग धारीजै। जिसु डरीऐ कारणि न कीजै।[670]
म:५ : पहिला मरणु कबूलि जीवण की छडि आस।
होहु सभना की रेणुका तउ आउ हमारै पासि।[671]

नामदेव, कबीर आदि संतों को तत्कालीन शासकों ने यातनाएं दीं, परन्तु वे अपने धर्म में सुदृढ़ रहे। उनके सम्मुख प्रह्लाद जैसे भक्तों का आदर्श था। गुरु अर्जुन, गुरु तेग बहादुर तथा उनके सिक्खों के बलिदान इस खांडेदार मार्ग के पारम्परिक साधकों की साधना का परिणाम था। इसी साधना की पृष्ठभूमि में गीता का निम्नांकित उपदेश उनके इस मार्ग को प्रशस्त करता रहा:-

श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात् स्वनुष्ठितात्।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।। गीता[672]

६६६- आ०ग्रं० पृ० १३७३

६६७- क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति। कठो०१-३-१४
(बुद्धिमान इस मार्ग को कृपाण की धारा जैसा तेज़ तथा दुर्गम बताते हैं)

६६८- आ०ग्रं० पृ० ७९४ ६६९- आ०ग्रं०पृ० ९१८

६७०- आ०ग्रं० पृ० १४१२ ६७१- आ०ग्रं० पृ०११०२

६७२- गीता - ३-३५

५- श्री गुरु ग्रंथ साहिब और समाज:

१- इसु जर कारणि घणी विगुती इनि जर घणी खुआई।
पापा बाझहु होवै नाही, मुइआ साथि न जाई। आसा म:१ गु०ग्र०पृ० ४१७

२- निरधन आदरु कोई न देइ। गु०ग्र०पृ० ११५६

३- जिउ विभचारी बिगानि बुझाने, साकत मैं तरणा ॥
जा विभचारी पी अंधारी का साकत स्वाउ मरणा ॥ म:१ गु०ग्र०पृ० ९०२

आदि ग्रंथ और समाज

आदि ग्रंथ एक ऐसी धार्मिक पुस्तक का प्रमाण होता है, और इसके रचनाओं द्वारा समाज का नैतिक पालन, भक्ति तथा परिस्थितियां पुरानी धार्मिक दृष्टिकोण है जो लिखा गया है। इसमें सन्देह नहीं कि धार्मिकता आदिग्रंथ का महत्वपूर्ण विषय है, परन्तु इसका गुरु स्थानों में प्रतिष्ठापन, केवल इसके सम्पूर्ण महत्वपूर्ण [illegible] होने से इसी का नहीं हुआ था, बल्कि आदि ग्रंथ समाज रूप में गुरु रूप है जिस में जीवन के समस्त वस्तुओं को देखा। विशेषता है कि यह महान ग्रंथ किसी विशेष सांप्रदायिकता का और न ही [illegible] सम्पूर्णता, सुखशान्ति एवं सम्मान पूर्ण जीवन यापन करने के लिये मानव का मार्ग पथ-प्रदर्शन करता है।

आदि ग्रंथ में पंजाब से बाहिर के सन्तों की वाणी भी संगृहीत है। इस वाणी को संकलित करने वाले गुरु नानक देव जी थे। गुरु नानक देव जी ने पंजाब में जन्म लिया। परन्तु १५०७ से १५२१ ई० तक उन्होंने जो स्वदेश तथा विदेशों की यात्रायें की इन से स्पष्ट है कि उनका कार्य क्षेत्र केवल पंजाब तक सीमित नहीं था। वे किसी धार्मिक जिज्ञासा के रूप में पंजाब से बाहिर नहीं निकले थे। उन्होंने तत्कालीन मानव की सामाजिक अवस्था, जो मानवोचित जीवन मूल्यों का परित्याग कर [illegible], रोगी एवं पतनोन्मुख थी, को नाड़ी को एक योग्य एवं [illegible] सुखदाता-वैद्य की भांति पहचाना और उनके उपचारार्थ घर से निकल पड़े। अपनी उदासियों में उन्होंने (जो अनुमानतः १५०७ से १५२१ तक का समय है) जिन स्थानों की यात्रा की वहां से उन्होंने आदि ग्रंथ के पंजाबेतर भक्तों की वाणी को इकट्ठा किया। प्रो० साहिब सिंह लिखते हैं कि गोरखमता (अब नानकमता) बनारस, पटना, गया, बंगाल, जगन्नाथ, पंढरपुर (सितारा), राजस्थान, मथुरा-वृन्दावन, कुरु-क्षेत्र आदि स्थानों की यात्रा उन्होंने अपनी उदासियों में की। अपनी उदासियों में वे [illegible] काशी और पवित्र नगरों में गये। हरिद्वार में, गोरख पंथी योगियों से मिले तथा कबीर और रविदास से भेंट की। जयदेव तथा नामदेव के स्थानों पर जाकर उनकी रचनायें प्राप्त कीं। जैन मुनियों, वैष्णवों, [illegible], आदि से मिले। [illegible] से भेंट हुई। वृन्दावन की रास लीलाओं को देखा, जिस का वर्णन [illegible] में उल्लेख है।[1] इस यात्रा में गुरु जी ने अपनी वाणी रचना के लिये

१- [illegible] - प्रो० साहिब सिंह पृ० ५१-६१
(गावनि गोपीआ गावनि कान्ह। गावनि सीता राज राम। म०१ पृ० ४६४, आ०ग्रं०)।

[illegible] ध्युगीन [illegible] प्रभु [illegible] की [illegible] में [illegible] पृष्ठभूमि [illegible] [illegible] का
रचनाएँ [illegible], जिनसे वे प्रभावित हुए।

गुरु [illegible] बाणी के विषय में लिखी गई व्याख्याओं में आदि गुरु
[illegible] की उपलब्धियों का [illegible] वर्णन किया है। [illegible] लिखों में गुरु नानक
ने [illegible] कि संसार की स्थिति कैसी है और [illegible] यहाँ प्रमाण [illegible] गुरु
[illegible] कहते हैं:-

[illegible] कलिआ [illegible] बंधा [illegible] संसारा।
[illegible] करीतिआ, [illegible] नारायण [illegible] संसारा।[2]

गुरु नानक ने जिस [illegible], उनके प्रतिपादकों की रचनाएँ,
[illegible] रचना के [illegible] उन्होंने अपने अनुयायियों के लिये [illegible], जिनसे
१६०४ ई० में गुरु अर्जुन देव जी ने आदि ग्रंथ का संपादन किया। अत: मनुष्य मात्र
के [illegible] संतों का [illegible] आदि ग्रंथ में सुरक्षित है, [illegible]
[illegible] 'सर्वधर्मसमभाव' है।

गुरु ग्रंथ की रचना लोक-[illegible] के [illegible] एवं [illegible] को
प्रस्तुत करता है। इसमें [illegible]-लोक-दुःख-श्रेणियों की जीवन व्यवस्था
तथा उनकी [illegible] श्रेणीगत विषमताओं की [illegible] का विशेष रूप से
[illegible] किया गया है। [illegible] मानव-विरोधी [illegible] पर [illegible]
[illegible] हैं। [illegible] लोक-[illegible] की विवेचना में मानव के प्रत्येक पहलू पर आदि
ग्रंथ में प्रकाश डाला गया है। इसी कारण आदि ग्रंथ के [illegible] तत्व के [illegible]
को [illegible] है। इन [illegible] की विवेचना के [illegible] के लिये हम
सामाजिक जीवन के आदि ग्रंथ में वर्णित तथ्यों को निम्नांकित रूपों में [illegible]
करते हैं:-

(१) राजनीतिक स्थिति: विदेशी आक्रमण, आक्रमणकारियों की [illegible],
अत्याचार, [illegible], [illegible] आदि ग्रंथ की प्रतिक्रिया

(२) धार्मिक स्थिति: सांप्रदायिक स्थिति, वर्ण व्यवस्था-परस्पर घृणा,
[illegible], गुरु ग्रंथ का [illegible]।

(३) पारिवारिक व्यवस्था: [illegible] के [illegible] संस्कार, [illegible], पति-पत्नी [illegible]-
[illegible] विवाह-गुरु ग्रंथ में पारिवारिक व्यवस्था का रूप।

२- [illegible] [illegible]- [illegible] १-३६

(४) नैतिक स्थिति: नैतिक पतन, सत्य का अभाव, झूठ का बोल बाला, अन्याय रिश्वतखोरी, चोरी-जारी व्यभिचार लघुनता, आदि ग्रंथ का नैतिक उपदेश।

(५) आर्थिक व्यवस्था: वर्ग समाज, धनी-निर्धन श्रेणियां, निर्धन का शोषण, आदि ग्रंथ में श्रमिक तथा निर्धन श्रेणी की वकालत, श्रम का सत्कार।

(६) व्यवहारिक स्थिति: हिन्दू मुसलमानों का नित्य प्रति का जीवन- दो संस्कृतियों का आदान-आदान प्रदान- वर्णाश्रम पर आधारित जीवन- लोगों के व्यवसाय, मनोरंजन के साधन- खेल तमाशे- खानपान- व्यवहार-जीवन का आदि ग्रंथ द्वारा प्रतिपादित चित्र।

(७) सांस्कृतिक स्थिति: परंपरागत सांस्कृतिक विश्वासों तथा रूढ़ियों का आदि ग्रंथ में विवरण, उनका विश्लेषण, तथा आदि ग्रंथ में उनका स्वरूप।

(८) ऐतिहासिक विवरण: पौराणिक विवरण- सम-सामयिक इतिहास।

(९) सुधार कार्य और उपदेश- मानव समाज की नींव- आर्थिक संविधान का विरोध, व्यक्तिगत कर्तव्यों की व्याख्या, तुच्छता उच्चता की कसौटी-व्यवहारिक जीवन।

(१०) भूगोलिक विवरण- धरती-आकाश- खगोल- अर्क- अंतरिक्ष- सूर्य- चन्द्रमा- अग्नि, वायु आदि की स्थिति।

(११) कलात्मक स्थिति: भिन्न भिन्न कलाओं के प्रति लोगों का अनुराग, कविता, नृत्य, संगीत, चित्रकारी, वस्तुकला। कसीदाकारी, व्याकरण- शास्त्र ज्ञान का अनुराग- आदि ग्रंथ का उनके प्रति मत।

कहना न होगा कि उपर्युक्त विवरण के आधार पर आदि ग्रंथ की सामाजिक स्थिति के विषय में स्वतंत्र रूप से विचार विमर्श प्रस्तुत किया जा सकता है, किन्तु यहां हम अपने प्रबन्ध की सीमा के अनुकूल समाज के उन मूलभूत तत्वों का आदि ग्रंथ में जो विवेचन है, उसे प्रस्तुत करने का प्रयत्न करेंगे।

१- राजनीतिक स्थिति :

आदि ग्रंथ का संपादन १६०४ ई० में हुआ। इस के संपादन के लिये

गुरु नानक देव जी ने १५०७ ई० से ही सामग्री जुटानी शुरू की। नामदेव, कबीर रैदास आदि भक्तों को तत्कालीन शासकों द्वारा यातनाएं दी गई, उससे उस समय की हिन्दू जाति पर किए जाने वाले अत्याचारों का पता चलता है। 'पंजाब देश में मुसलमानों की तलवार का पानी राज्यों के अनेक सिंहासनों को डुबो चुका था। खिलजी वंश के अलाउद्दीन ने समस्त उत्तरी भारत को अपने आधिपत्य में ले लिया था। दक्षिण भारत भी उसके आक्रमण से नहीं बचा था। जिन हिन्दू राजाओं में आत्म सम्मान और शक्ति की मात्रा शेष थी, वे उसकी रक्षा का अनवरत परिश्रम कर रहे थे। ऐसे अनिश्चित काल में हिन्दू जनता के हृदय में जिस भय और आतंक ने स्थान लिया हुआ था वह उनके धर्म को जर्जरित कर रहा था। धर्म रक्षा की शक्ति हिन्दुओं के पास रह ही नहीं गई थी।[3]

<u>बाबर का आक्रमण</u> : 'उत्तरी भारत में अभी विदेशी शासकों का शासन पूर्ण रूप से सुदृढ़ नहीं हो पाया था। १६वीं शताब्दी के अन्त में राणा संग्राम सिंह ने एक बार फिर भारत में हिन्दू शासन स्थापित करने के लिये लगभग संपूर्ण राजपूतों का संगठन कर, लोदी वंश की डांवाडोल स्थिति में दिल्ली पर अधिकार कर मुसलमानों की राजनैतिक सत्ता को समाप्त करने का प्रयत्न किया, परन्तु आगरा के निकट बाबर और राणा संग्राम सिंह (युद्ध में राणा की पराजय हुई और देश की राजनैतिक सत्ता मुगलों के हाथ में चली गई। पानीपत में इब्राहीम लोदी की पराजय के अनंतर और आगरा में राणा सांगा के हारने के पश्चात् देश की राजनैतिक स्थिति एकदम बदल गई, और मुगल साम्राज्य की स्थापना हुई जो लगभग १८५० ई० तक जारी रहा।"[4]

बाबर के आक्रमण का समय वह समय था, जब गुरु नानक देव जी से पूर्व के आदि ग्रंथ के लग भग सब रचयिता जीवन के रंग मंच से प्रस्थान कर चुके थे। गुरु नानक देव भी अपनी उदासियां (यात्राएं) समाप्त कर करतारपुर में रह रहे थे। मुगलों द्वारा भारतीय जनता पर जो अत्याचार किए गए, उनके प्रति गुरु नानक की क्रांतिकारी दृष्टि किस प्रकार नवनोन्मीलन करती। बाबर-वाणी की रचना, बाबर के बर्बर अत्याचारों एवं आतंक के चित्र सारे भारतीय-गीत-काव्य में अनुपम स्थान रखती है। दुःख पीड़ा के वर्णन ने इस पद की काव्य-क्षमता को

३- हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास- पृ० १६१

४- हिन्दी साहित्य की परंपरा- पूर्वमध्य युग- पृ० ६४

विरोध भी किया है।[5]

खुरासान खसमाना कीआ, हिंदुसतान डराइआ,

आपै दोसु न देई करता, जमु करि मुगलु चड़ाइआ।

एती मार पई करलाणे, तैं की दरदु न आइआ।[6]

बाबर की सेना को पापों की बरात कहते हुए गुरु जी कहते हैं, कि काबुल से पाप की बरात को लेकर बाबर ने हिन्दुस्तान पर धावा बोला है तथा जोरावरी पूर्ण ढंग से हिन्दुस्तान रूपी कन्या का दान मांगता है। मानवीय ... धर्म और ... का ... प्रधान ... रहा है। विवाह संस्कार को ... पूर्ण किया करते थे, परन्तु ... विधिपूर्ण विवाह के स्थान पर शैतानी से विवाह करते थे। यह अत्याचार हिन्दुओं तथा मुसलमानों की कन्याओं पर समान रूप से होते थे। और इस अवस्था में गुरु जी ने भी विवाह ... उदाहरण इस प्रकार है:-[7]

मुसलमानीआ पड़हि कतेबा कसट महि करहि खुदाइ वे लालो।

जाति सनाती होरि हिदवाणीआ एहि भी लेखै लाइ वे लालो।

खून के सोहिले गावीअहि नानक रतु का कुंगू पाइ वे लालो।

बाबर की सेना जिधर से गुजर रही थी, मानों अकाल का दृश्य-[8] विनाश-पूर्ण ... ... लाशों के ढेर थे।

साहिब के गुण नानकु गावै मास पुरी विचि आखु मसोला।।

प्रो० सुरिन्दर सिंह कोहली लिखते हैं,[9] "गुरु जी ने ... बाबर के अत्याचारों की ओर ... ... दशा तथा ... ... के कारण उन्होंने साधारण जनता को दुःख ... ... अयोग्य ... शासक ... घोषित किया:-

---

5- श्री गुरु ग्रंथ साहब जी दा साहित्यक इतिहास- डा० तारन सिंह पृ० २५४

6- आ०ग्रं० पृ० ३६०   7- आ०ग्रं० पृ० ७२२

8- वही

9- आदि ग्रंथ और समाज चिंतन- पंजाबी दुनिया- भाषा विभाग, पटियाला, जुलाई, १९६९- पृ० ११०

सकता सीह मारे पै कौ, खसमै सा पुरसाई।
रतन विगाड़ि विगोए कुतीं, मुइआ सार न काई।[10]

गुरु नानक के समय भारतीय राजा-वर्ग अत्यन्त निर्बल था तथा मुगल आक्रमणकारियों के सम्मुख खड़े होने की सत्ता उनमें बिल्कुल नहीं थी। यही कारण है कि गुरु जी ने आक्रमणकारियों तथा उनके सामने आधीन दिखाई देने वाले राजा वर्ग- दोनों की विलासपूर्ण रुचियों की भर्त्सना की।[11]

बाबर के आक्रमण के समय एमनाबाद की जो दुर्दशा हुई, उसका वर्णन आसा राग की चार अष्टपदियों में मिलता है। यह अष्टपदियां न केवल अपने विषय के कारण भारतीय भक्ति काव्य की अनुपम निधि हैं, वरन् अपने काव्य-स्तर की मार्मिकता तथा ऐतिहासिक प्रामाणिकता के कारण एक निपुण नागरिक एवं व्यावहारिक जीवन के तत्व-वेत्ता के चरित्र का अनुपम चित्र है। गुरु नानक साहब स्वयं इस दुर्दशा के केवल दर्शक ही नहीं थे अपितु शिकार भी थे। राजनीतिक स्थिति का सारांश तथा यह मार्मिक चित्र एक दर्द-दीवाने देश-भक्त के हृदय का उद्गार है:-[12]

जिन सिर सोहनि पटीआ, मांगी पाइ संधूरु।
से सिर काती मुंनीअनि गल विचि आवै धूड़ि।
महला अंदरि होदीआ हुणि बहणि न मिलनि हदूरि।
जदहु सीआ वी-आहीआ लाड़े सोहनि पासि।
हीडोली चड़ि आईआ, दंद खंड कीते रासि।
उपरहु पाणी वारीऐ, झले झिमकनि पासि।
इकु लखु लहनि बहिठीआ, लखु लहनि खड़ीआ।
गरी छुहारे खांदीआ, माणनि सेजड़ीआ।
तिन गलि सिलका पाईआ तुटनि मोतसरीआ।
धनु जोबनु दुइ वैरी होए जिनी रखे रंगु लाइ।
दूतां नो फुरमाइआ लै चले पति गवाइ।[13]

१०- आ०ग्र०पृ० ३६०

११- पंजाबी दुनिया- जुलाई १९६९ पृ०१११

१२- गुरु ग्रंथ साहब और दा साहित्यिक इतिहास- २५

१३- आ०ग्र०पृ० ४१७

इसका उल्लेख [illegible] किया [illegible], यह [illegible] :-

[illegible] पर धर मंडप [illegible], [illegible]।
[illegible] देव [illegible], [illegible] न [illegible]।
[illegible] पान [illegible] आ [illegible]।
[illegible] आरणि [illegible], [illegible] पाणि [illegible] आई।[14]

[illegible] में, [illegible] राजनीतिक स्थिति [illegible] स्पष्ट है, कि [illegible] विदेशी आक्रमणकारियों [illegible] देवता [illegible] के [illegible] में [illegible] क्रिया के कारण निर्बल [illegible] ने [illegible] आक्रमण [illegible] अवसर दिया। [illegible] ने [illegible] स्थिति [illegible] किया था, परन्तु [illegible] में [illegible] मार्ग [illegible] में [illegible] पूर्ण [illegible] कर रहे थे। [illegible] में [illegible] भारत [illegible] शत्रु [illegible], [illegible] लूटने [illegible] आक्रमणकारियों ने उनको [illegible] रनिवासों [illegible] खींचकर [illegible] किया और उनका धन-दौलत [illegible] लूटा।

[illegible] आरणि [illegible], [illegible] पाणि [illegible]।
[illegible], [illegible] न [illegible]।
[illegible] मन्दिर [illegible]।[15]

उस समय [illegible] राजा ([illegible] वंश) [illegible] स्थिति [illegible] था, [illegible] मन्दिर के [illegible] पुजारियों [illegible] था। [illegible] के आक्रमण [illegible], [illegible] ने [illegible] तोड़ने [illegible] निष्फल प्रयत्न किया, परन्तु [illegible] के देखते देखते [illegible] और राजकुमारों को [illegible] में [illegible] गया। [illegible] के [illegible] आक्रमणकारियों [illegible], [illegible] दिया गया :-

---

14- [illegible] पृ० [illegible]

15- [illegible] पृ० [illegible]

जोहा [illegible] बीर [illegible] रवि [illegible] आ माह दुनिआ [illegible] ता।
[illegible] मुगल [illegible] मंदर, [illegible] कुइर [illegible] था।
कोई मुगल न होआ अंधा, किनै न परचा ला[illegible]।[16]

मुगल राज्य और सिख गुरु:

आदि ग्रंथ में गुरु नानक ने मुगल-पठानों के युद्ध का करुणापूर्ण चित्र प्रस्तुत किया है। गुरु नानक कहते हैं: मुगल-पठानों की लड़ाई में बड़ी तेग चली। मुगलों ने तोपें दागीं, पठानों ने हाथियों को कुंद एवं मद-मस्त करके छोड़ा। हिन्दू, तुर्क, भट्टी (राजपूत) तथा ठाकुरों की स्त्रियाँ, [illegible] बुर्के से ढोलकर न जा[illegible], क्योंकि [illegible] सिर से पैरों तक [illegible] विलाप कर रही थीं, और [illegible] मरकर मसान पहुंची थीं।[17]

मुगलों ने [illegible] भारत [illegible] पर [illegible] शासन किया, परन्तु मुगल शासन के आरम्भ में युद्ध होने के बाद गुरु अर्जुन देव का बलिदान, गुरु तेग बहादुर की कुर्बानी तथा गुरु गोविन्द सिंह के मासूम बच्चों का कत्ल, मुगल राज्य के अत्याचार का [illegible] था। सम्राट नूर-उद्-दीन मुहम्मद जहांगीर (१५६९-१६२७) जिसकी आज्ञा से गुरु अर्जुन देव का बलिदान हुआ, स्वयं अपनी आत्मकथा तुजुके जहांगीरी में गुरु [illegible] के १६ दिन पश्चात् १६ जून, १६०६ को अपने दृष्टिकोण के अनुसार इस घटना का ब्योरा देते हैं:-

गोविंदवाल में जो व्यास (बियास) के किनारे है, [illegible] के वेष में अर्जुन नाम का एक हिन्दू था, जिसने बहुत से भोले-भाले हिन्दुओं, बल्कि बेवकूफ और मूर्ख मुसलमानों को भी अपना शिष्य बनाकर शामिल कर अपना [illegible] और [illegible] का ढोल [illegible] ऊंचा बजाता हुआ था। (वाले) गुरु [illegible] (ख्याति प्राप्त [illegible]) है [illegible] गुरु कहते हैं। चारों ओर से [illegible] तथा [illegible] उनके पास आकर उन पर पूरा पूरा विश्वास प्रकट करते थे। तीन चार पुश्तों से उन्होंने यह दुकान गर्म की। [illegible] मेरे दिल में यह विचार आता था कि [illegible] कूड़े के व्यापार [illegible] बंद करना चाहिए या उस (गुरु) को मुसलमान बना लेना चाहिए। यहां तक कि इन दिनों में [illegible] खुसरो ने इधर

१६- आ० ग्रं० पृ० ४१७-१८

१७- आ०ग्रं० पृ० ४१८

से इन्कार किया। [illegible] जहाँगीर बादशाह (मुग़ल) ने [illegible] किया [illegible] (गुरु) [illegible] रहे। [illegible] किया और [illegible] विपदाओं पर विचार-विमर्श किया। [illegible] (गुरुओं) [illegible] हर [illegible], [illegible] हैं, और [illegible] करते हैं।

[illegible] बात [illegible] [illegible] के [illegible] भी [illegible] जनता [illegible], मैं ने [illegible] (गुरु अर्जुन) को मेरे सम्मुख उपस्थित किया जाये; और मैं ने [illegible] और [illegible] को [illegible] दान कर दिया। [illegible] [illegible] कि उसे [illegible] किया जाए, [illegible], [illegible] कर [illegible] दिया जाए।[18]

गुरु अर्जुन [illegible] गुरु [illegible] रचनाओं [illegible] निर्भीक [illegible] अनुसार [illegible] उन्हों ने [illegible] के [illegible] कभी सिर न झुकाया। गुरु अर्जुन देव [illegible] को [illegible] किया और उन्हों ने [illegible] [illegible] नहीं दी। आदि ग्रंथ में [illegible] सिद्धान्त को उन्हों ने इन शब्दों में प्रस्तुत किया:-

[illegible] गु [illegible], [illegible] जाता।
[illegible] [illegible] ऐसी [illegible], [illegible] हमारे भाग।[19]

गुरु ग्रंथ [illegible] ने [illegible] सिद्धान्त का प्रतिपादन किया [illegible] ग्रंथ के [illegible] गुरु अर्जुन का बलिदान, उसकी [illegible] जीवन में [illegible] था। गुरु [illegible] (अनंद) राग में लिखा है:-

[illegible] लिखी [illegible] भाग [illegible]।[20]

[illegible] बाबा फरीद [illegible] राग में रचना की प्रतिध्वनि है:-

[illegible] [illegible], [illegible] [illegible]।[21]

गुरु नानक देव जी ने [illegible] सिद्धान्त को [illegible] निर्भीक शब्दों में प्रस्तुत किया है:-

---

१८- तुजके जहाँगीरी पृ ३५ पर से गुरु अर्जुन [illegible] पृ० ६०-६१ पर उद्धृत (अनुवाद)

१९- आ०ग्र० [illegible] पृ० ११०२

२०- आ०ग्र० पृ० ६९८

२१- आ०ग्र० पृ० ९६४

जउ तउ प्रेम खेलण का चाउ।

सिरु धरि तली गली मेरी आउ।

इतु मारगि पैरु धरीजै।

सिरु दीजै काणि न कीजै।[22]

उन्होंने भी मरना शूरवीरों का परंपरागत अधिकार माना है, क्योंकि मरने से ही शूरवीरों को सम्मान प्राप्त होता है:-

मरणु मुणसा सूरिआ हकु है, जो होइ मरनि परवाणो।

सूरे सेई आगै आखीअहि, दरगह पावहि साची माणो।[23]

गुरु नानक जी का निर्भयता विचार भी भक्तों व संतों की उनकी रचनाओं से प्राप्त हुआ था:-

(१) कबीर जिसु मरने ते जगु डरै, मेरै मनि आनंदु।

मरने ही ते पाईऐ, पूरनु परमानंदु ।।[24]

कबीर जी ने शूरवीर का वर्णन इस प्रकार किया है:-

सूरा सो पहिचानीऐ, जु लरै दीन के हेत।

पुरजा पुरजा कटि मरै, कबहू न छाडै खेतु।।[25]

भक्ति का यह मार्ग आदि ग्रंथ के रचयिताओं को गीता तथा उपनिषदों से प्राप्त हुआ था। अपने धर्म में मरना श्रेयस्कर है, ऐसा गीता का सन्देश है।

श्रेयान स्वधर्मो विगुण: परधर्मात स्वनुष्ठितात् ।

स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह: ।।[26]

जिस मार्ग के अनुयायी गुरु ग्रंथ के रचयिता हैं, कठोपनिषद् में उसे बुद्धिमान् ब्राह्मण का मार्ग कहा है और दुर्गम बताते हैं:-

क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति।[27]

२२- आ०ग्र० पृ० १४१२

२३- आ०ग्र० पृ० ५८०

२४- आ० ग्र० पृ० १३६५

२५- आ०ग्र० पृ० ११०५

२६- गीता- ३-३५

२७- कठोपनिषद्-१-३-१४

तत्कालीन राजनीतिक स्थिति का सामना गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने भी निर्भान्त रूप में किया। गुरु तेग बहादुर ने भी आदि ग्रंथ में निर्भान्ता को इन शब्दों में प्रस्तुत किया:-

भै काहू कउ देत नहि, नहि भै मानत आन।[28]

वे न किसी से डरे और न ===== किसी को डराया। अपने पिता के बलिदान का वर्णन बचित्र नाटक में गुरु गोविंद सिंह ने इन शब्दों में किया:-

धरम हेत साका जिनि कीआ।
सीसु दीआ पर सिररु न दीआ।[29]

राजनीतिक स्थिति द्वारा प्रस्तुत की गई परिस्थितियों का जो समाधान आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने प्रस्तुत किया, वह भारतीय इतिहास में केवल अद्वितीय ही नहीं, वरन् एक ऐतिहासिक युग का नवनिर्माण है, जिसने हिन्दू जाति के गौरव, सम्मान तथा धर्म की रक्षा की।

२- धार्मिक स्थिति

भक्तिकाल में हिन्दी प्रदेश में पांच प्रमुख धाराएं चल रही थीं।[30]

(क) अनेक उपधाराओं के रूप में विकसित भक्ति प्रधान वैष्णव धारा।

(ख) निर्गुण मत की ज्ञानाश्रयी धारा।

(ग) हठयोग की धारा।

(घ) सूफी प्रेम मार्गी धारा।

(ङ) इस्लाम धर्म की कट्टरवादी धारा।

(क) वैष्णव धर्म : डा० मुन्शी राम लिखते हैं, वैष्णव भक्ति का प्रथम युग प्रभु के प्रति ज्ञान-ध्यान-परायणता का युग है, जिसे निवृत्ति प्रधान युग भी कहा जा सकता है। राजा वसु उपरिचर के साथ वैष्णव भक्ति का दूसरा युग प्रारंभ होता है, जिसमें यज्ञिक यज्ञों की प्रधानता है। राजा उपरिचर अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान करता है, जो प्रवृत्ति-मूलक है, और अपनी तपश्चर्या द्वारा

२८- आ०ग्र० पृ० १४२८

२९- बचित्र नाटक- गुरु तेग बहादुर का बलिदान। ह० ८४

३०- हिन्दी साहित्य की परंपरा- ६७

भगवान् के दर्शन करता है, जो निवृत्तिमूलक है। निवृत्ति परायणता में मानसजप के साथ इन्द्रिय-शून्यता, निराहारिता तथा अविचल एवं अनन्य भक्ति की स्थिति आती है। राजा उपरिचर के पश्चात् यह भक्तियोग लुप्त हो गया। इस लुप्त हुए भक्ति योग का द्वापर के अन्त में श्री कृष्ण ने उद्धार किया। उन्हीं के साथ वैष्णवभक्ति के तीसरे युग का आरंभ होता है। श्री कृष्ण ने स्वायंभु युग के भगवद् भक्त तपस्या नारायण-ऋषि में उस परम ज्योतिर्मय की ज्योति का दर्शन किया और उन्हें परम-पुरुष के पद पर प्रतिष्ठित कर दिया। अवतारवाद की शृंखला यहीं से आरंभ हुई। वैष्णव भक्ति के तृतीय युग में अवतारवाद की प्रतिष्ठा हुई। ब्राह्मणों ने भगवान् धर्म के अभिनव प्रतिष्ठाता श्री कृष्ण को दिव्य विभूति के रूप में ईश्वर का अवतार स्वीकार कर लिया। अतः श्री कृष्ण की मान्यता उनके जीवन काल में ही थी, उसके पश्चात् उत्तरोत्तर बढ़ती गई और ब्राह्मण-भागवत-सम्मिलन के होते ही वह पूर्ण रूप में चमक उठी। इसे हम वैष्णव भक्ति का चतुर्थ युग कह सकते हैं। पांच रात्र संहिताएं इसी युग की देन हैं। भक्ति के इस युग के साथ मूर्तिपूजा का आरंभ होता है। वैष्णव भक्ति का पंचम युग श्री कृष्ण लीला-गान का युग है।[31] आचार्य वल्लभ का पुष्टि मार्ग इन्हीं लीलाओं से विशेष रूप से पुष्ट हुआ है। यवन शासन की दुर्दान्त पीड़ाओं से मर्माहित आर्य जाति को पंचम युग की इस भक्ति ने भगवद् लीलाओं का मंजुल लेप लगा कर अपूर्व आश्वासन दिया।[32]

परन्तु मुसलमानों के आगमन तक देश में चल रहे धार्मिक आंदोलन दो भागों में बंट चुके थे। एक वर्ग तो नीची जातियों का था और दूसरा ऊंची जातियों का। प्रथम वर्ग पर वज्रयानी सिद्धों और नाथ पंथियों का विशेष प्रभाव था, और उन्हीं ने इस वर्ग को एक विशिष्ट आन्दोलन का रूप प्रदान किया। इस वर्ग पर मुसलमानी एकेश्वरवाद का भी प्रभाव था। हिन्दी साहित्य के सन्तों का साहित्य इसी धारा का प्रतिनिधित्व करता है। ऊंची जातियों में वैष्णव धर्म का आन्दोलन चला, जो कि प्राचीन मर्यादाओं के प्रति श्रद्धा तथा भक्ति से पूर्ण था। परन्तु मुगल काल में जनता में विलास की भावना बढ़ गई।

३१- भक्ति का विकास- ३७२-३७८

३२- वही पृ० ३६२

[illegible] भावना [illegible] शृंगार रस की लीलाओं में आनंद लेते थे। फलस्वरूप मधुर भाव उपासना पद्धति का दुरुपयोग प्रारम्भ हुआ।[33] उपासना के इस विकृत रूप का वर्णन डा० [illegible] मोहन चंद्र [illegible] ने अपने ग्रन्थों में किया है, हिन्दुओं की दशा [illegible] धार्मिक घृणा [illegible] थी। साधारणतया [illegible] विश्वास [illegible] बात का नाम था, कि विशेष पंथ से दीक्षा [illegible] पवित्रता, तीर्थ-स्नान, [illegible] जीवन तथा मृत्यु के संस्कारों का [illegible]करण। वेद-शास्त्र [illegible] पंडितों की [illegible] थी। [illegible] हिन्दू धर्म के उच्च-[illegible] भाव विलासिता के आवरण के नीचे दब चुके थे। प्राचीनता में हिन्दुओं के धर्म को [illegible] कर लिया था।[34]

आदि ग्रंथ ने हिन्दू धर्म की इस विकृतावस्था की विशेष रूप से विवेचना की है:-

१- [illegible] की विकृति:

[illegible] कैं [illegible] [illegible]। [illegible] फेरनि सिर॥
उडि उडि [illegible] [illegible] पाइ। [illegible] लोकु [illegible]॥
रोटी[illegible] [illegible] पूरनि [illegible]। [illegible] [illegible] नाल॥
[illegible] गोपी[illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] सीता [illegible] राम॥[35]

आदि ग्रंथ [illegible] [illegible]

[illegible] गोपीआ [illegible] गोपाल॥
[illegible] पाणी बैसंतरु चंदु सूरजु [illegible]॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] संसार॥[36]

२- हिन्दू [illegible] [illegible]

[illegible] पुजारु [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible]।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible]।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible]।
[illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]।[37]

३४- [illegible]कालीन [illegible] [illegible]- पृ० ५
३५- आ०ग्रं० पृ० [illegible]
३६- आ०ग्रं० पृ० [illegible]
३७- आ०ग्रं० पृ० [illegible]०

आदि ग्रंथ द्वारा प्रति-पादित पूजा:

कहु नानकु निहचउ धिआवै।
विणु सति गुर वाट न पावै।[38]

३- वैष्णव भोजन शुद्धि

दिखावे की शुद्धि है। वैसे सारा झूठ इन के अन्दर है। मलेच्छों का धान खाते हैं। हलाल किया बकरा खाते हैं। सारा रहन सहन तथा आचार तुर्कों का है। पराधीनता-वश ये ब्राह्मण मुसलमानों के कठपुतली बन गए हैं। नाम के ब्राह्मण हैं, अन्यथा उनके मुसलमानों जैसा होने में कोई सन्देह नहीं। मुसलमान गउ ब्राह्मण पर जज़िया लगाते हैं, परन्तु इन ब्राह्मणों को सब कुछ स्वीकार है।

गउ बिराहमण कउ करु लावहु गोबरि तरणु न जाई।[39]
धोती टिका ते जपमाली धानु मलेछां खाई।
अंतरि पूजा पड़हि कतेबा संजमु तुरका भाई।

मथै टिका तेड़ि धोती कखाई।
हथि छुरी जगत कासाई।
नील वसत्र पहिरि होवहि परवाणु।
मलेछ धानु ले पूजहि पुराणु।
अभाखिआ का कुठा बकरा खाणा।
चउके उपरि किसै न जाणा।
दे कै चउका कढी कार।
उपरि आइ बैठे कूड़िआर।
मतु भिटै वे मतु भिटै।
इहु अंनु असाडा फिटै।
तनि फिटै फेड़ करेनि।
मनि जूठै चुली भरेनि।

३८- वही

३९- आ०ग्र०पृ० ४७१-७२ (पंडित लोग मुसलमानों को खुश करने के लिये कुरान

cntu.

आदि ग्रंथ तथा शुद्धि

कहु नानक सचु धिआईऐ।
सुचि होवै ता सचु पाईऐ। [४०]

४- वैष्णव मत, शैव मत, शाक्त मत, तथा गुरमत।

डा० हरनाम सिंह लिखते हैं, 'शैव और वैष्णव मतों में बहुत कुछ आदान प्रदान हो चुका था। सांप्रदायिक उत्साह से युक्त विष्णु भक्त, शिव की आराधना बिल्कुल उसी प्रकार करते थे, जिस प्रकार उदार शैव शिव के साथ साथ विष्णु और उनके अवतारों का भी समादर करते थे। पूर्व में शाक्त मत का ज़ोर था, किन्तु जिस प्रकार वैष्णव मतों में दुर्गा की उपासना प्रचलित थी, उसी प्रकार शैवों में योग के माध्यम से कुण्डलिनी शक्ति की प्रतिष्ठा के साथ साथ अन्य प्रभाव भी परिलक्षित होने लगे थे। आद्या शक्ति को देवी के रूप में स्वीकार करके भी शैवों और वैष्णवों के मन में इन शाक्तों के प्रति घृणा भर गई थी। पंच मकारों में मत की घोरतम विकृति की अभिव्यक्ति ने शाक्तमत को संयत धर्मों से विदूर कर दिया। इन धर्मों में एक ओर तो परिलक्षित रूप से आदान प्रदान हो रहा था और दूसरी ओर धार्मिक विकृतियों के परिणाम स्वरूप अन्त: सांप्रदायिक राग द्वेष इतना बढ़ा कि एक ही भाव भूमि पर आग्रह और विग्रह के आरूढ़ हो जाने से विकृति कुछ अधिक जटिल हो गई थी।[४१]

आदि ग्रंथ के रचयिताओं को भी शाक्तों के प्रति वही घृणा रही, जो वैष्णवों तथा शैवों को। परन्तु वैष्णव धर्म के शुद्ध सात्त्विक रूप के प्रति आदि ग्रंथ में श्रद्धाभाव ही प्रदर्शित हुआ:-

कबीर

बैसनउ की कूकरि भली साकत की बुरी माइ।
ओह नित सुनै हरि नाम जसु उह पाप बिसाहन जाइ।[४२]

पहने थे। परन्तु धोती तहमत (पल्लेदार) वाला पहनते हैं। यदि नीले वस्त्र धारण करें, तो मुसलमानों की नज़रों में सम्मान प्राप्त करते हैं। हलाल का बकरा खाने के लिये चौके में रखा हुआ है। चौके के गिर्द लकीर खींचकर कहते हैं, कोई अन्दर मत आए, कहीं हमारा अन्न भ्रष्ट न हो जाए।

सांप्रदायिकता शाखिक से और पौराणिक तत्वों के अंतर्गत इस विषय पर विशद् विवेचना की गई है। श्री कृष्ण द्वारा प्रतिपादित वैष्णव धर्म में किस गुरुओं का कितना आदर था, इस का प्रमाण गुरु अंगद देव के इन शब्दों से मिलता है:- एक किसनूं सरब देवा देव देवा त आतमा। आतमा बासुदेवसि जे को जाणै भेउ। नानक ता का दास है, सोई निरंजन देउ।[43]

निर्गुण मत की ज्ञानाश्रयी शाखा तथा हठयोग की धारा।

नामदेव, कबीर, रविदास आदि सन्तों ने गुरु नानक से पूर्व निर्गुणमत की ज्ञानाश्रयी धारा को व्यवस्थित रूप दे दिया था। इस धारा की पृष्ठभूमि में वैष्णव मत तथा नाथ योगी मत दोनों का आधार था। आदि ग्रंथ के रचयिताओं को नाथ योगियों द्वारा सिद्ध-साधना का अंतर्निहित रूप कुछ-कुछ स्वीकार हुआ। परन्तु गोरख नाथ के उपरान्त नाथ योगी मत भी कई एक विकृतियों का शिकार हो गया था। योग केवल दिखावे मात्र का योग रह गया था। गुरु नानक की रचनाओं सिद्ध गोसट, आसा की वार तथा अन्य स्थलों पर योगियों के मेषाचार की आलोचना मिलती है। आडम्बर और नकली योग का विवरण गुरु नानक की इन पंक्तियों में है:-

जोगु न खिंथा, जोगु न डंडै, जोगु न भसम चड़ाईऐ।
जोगु न मुंदी मूंडि मुडाइऐ, जोगु न सिंङी वाईऐ।
जोगु न बाहरि मड़ी मसाणी, जोगु न ताड़ी लाईऐ।
जोगु न देसि दिसंतरि भविऐ, जोगु न तीरथि नाईऐ।

आदि ग्रंथ का योग

अंजन माहि निरंजनि रहीऐ जोग जुगति इव पाईऐ।
गली जोग न होई।
एक द्रिसटि करि समसरि जाणै, जोगी कहीऐ सोई।[44]

४०- आ०ग्रं० पृ० ७६२
४१- कबीर एक विवेचन- ६२-६३
४२- आ०ग्रं० १३६९
४३- आ०ग्रं० ४६९

आदि ग्रंथ में आसा की वार के साक्ष्य से पता चलता है कि तत्कालीन योगी लोग, घर का त्याग कर श्मशान में नंगे हो कर विभूत लगा कर अनाहार मौन तपस्या करते थे। पांव से नंगे रहकर कंद मूल खा कर साधना करते थे। गुरू जी कहते हैं:-

बहु तीरथ भविआ तेतो लविआ।
बहु भेख कीआ देही दुखु दीआ।
बहु वे जात्रा अपणा कीआ।
अंन न खाइआ सादु गवाइआ।
बहु दुखु पाइआ दूजा भाइआ।
बसत्र न पहिरै अहिनिसि कहरै।
मोनि विगूता किउ जागै गुर बिनु सूता।
पग उपेताणा अपणा कीआ कमाणा।
अलमलु खाई सिरि छाई पाई।
मूरखि अंधै पति गवाई।
विणु नावै किछु थाइ न पाई। [45]

<u>गुरु ग्रंथ की योग :</u>

मुंदा संतोखु सरमु पतु झोली, धिआन की करहि बिभूति।
खिंथा कालु कुआरी काइआ, जुगति डंडा परतीत।
आई पंथी सगल जमाती, मनि जीते जग जीत। [46]

(अर्थात : योगी संतोष की मुद्रा कानों में डालते, श्रम का खप्पर तथा झोली बनाते, ध्यान की ही भस्म रमाना चाहिए है, मृत्यु अवश्यंभावी है, इसे कंथा बनाओ, काया का सतीत्व ही तेरी युक्ति हो, तथा विश्वास (प्रतीति) का डंडा तेरे पास हो। योगियों के बारह पंथों की परिभाषा दी है। सब का ही अपने पंथ का व्यवहार करना अथवा आई पंथ है। (योगियों के १२ पंथों में एक-आई पंथ वाले सहिष्णुता की भावना के लिये प्रसिद्ध हैं)- यदि अपने को जीत लिया तो जगत को जीत लिया समझो।

४५- आ०ग्र० पृ० ४७०

४६- आ०ग्र० पृ० ~~४६७~~ ७३०

४५- आ०ग्र०पृ०४६७

विद्वानों का विचार है, किसी समय नाथ पंथ का बड़ा प्रभाव था। अनेक सवर्ण और अवर्ण लोग इसके अनुयायी थे किन्तु अवर्णों में तो इसका प्रचार बहुत ही अधिक था। गोरखनाथ से संबंधित अनेक लोक वार्तायें परंपरा से देश में प्रचलित हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि गोरखनाथ या नाथ पंथ का प्रभाव कभी लोक व्यापी था। सभी वर्ग और श्रेणियों में इसका समादर था, इसलिये राजा से रंक तक की लोक कथायें इस से संबंधित मिलती है।[47] आदि ग्रंथ में गोरख का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया गया है। विष्णु के नाम के लिये गोरख का पर्यायवाची शब्द आदि ग्रंथ में प्रयुक्त हुआ है।

गुरु ईसरु गुरु गोरखु बरमा गुरु पारबती माई।[48]

योगी लोग गोरख का गुरु रूप में आदर करते थे, ऐसा गोरख के समय से ही पता चलता है। गोरखबानी में लिखा है, 'नाथ कहंता सब जग नाथ्या, गोरष कहंता गोई।[49] गोरखनाथ भी स्वयं गोरष की पहचान बताते हैं, 'जहां गोरष तहां ग्यान गरीबी दुंद बाद नहीं कोई।'[50] गुरु ग्रंथ में भी योगियों द्वारा गोरख का नाम जपने का वर्णन है।

१- कबीर

जोगी गोरखु गोरखु करै।
हिन्दू राम नाम उचरै।
मुसलमान का एकु खुदाय।
कबीर का सुआमी रहिआ समाइ।[51]

२- म: ४

पंडित सासत सिम्रिति पड़िआ।
जोगी गोरखु गोरखु करिआ।[52]

४६- आ०ग्र० पृ० ६
४७- कबीर एक विवेचन-६४-६५
४८- आ०ग्र० पृ० २
४९- गोरखबानी सब्दी नं० १२
५०- गोरखबानी पृ० १६५
५१- आ० ग्र० पृ० ११६०

ऐसी लोक व्यापी मत में विकारों को दूर करने के लिए योग तथा योगी की व्याख्या पर आदि ग्रंथ में विशेष ध्यान दिया गया। गुरु नानक देव जी को अपने सिद्धान्तों के प्रचार के लिये योग साधना का सर्व साधारण तथा सुगम स्वरूप प्रस्तुत करना पड़ा:-

सुरति सबदु साखी मेरी सिंङी बाजै लोकु सुणै।
पतु झोली मंगण कै ताई भीखिआ नाम पड़े।
बाबा गोरखु जागै।
गोरख सो जिनि गोइ उठाली करते बार न लागै। रहाउ।।[५३]

शबदार्थ आदि ग्रंथ के टिप्पणीकार लिखते हैं कि उक्त शब्द (पद) तथा अन्य सम्बद्ध पद गोरख हटड़ी के स्थान पर योगियों के प्रति उच्चारण किए गए हैं। इस पद में गोरखमत अनुयायियों को गुरु नानक ने कहा कि हमारा गोरख सदैव शुद्ध-प्रबुद्ध हमारे साथ रहता है। गोरख वही है जिसे सृष्टि रचना करने में कुछ देर नहीं लगी। हम उसी गोरख की आराधना करते हैं, तथा जो भी योगी इस कार्य में हमारा सहचर बने हम उसे असली गोरखमत अवलंबी मानकर उसके साथ संपर्क रखते हैं।[५४]

सूफी (प्रेम मार्गी धारा।[५५]

सूफी अपने मुरीद (साधक) के सामने चार मार्ग रखते हैं। शरीयत, तरीकत, मारिफत और हकीकत। शरीयत शरअ का ज्ञान प्राप्त करना है। शरीयत के पश्चात् तरीकत में पदार्पण करना पड़ता है। नफ्स अथवा अहंभाव के साथ युद्ध करते हुए, इन्द्रियों द्वारा प्रभु-प्राप्ति तक पहुंचने का मार्ग तरीकत है, जिसे कर्मकांड कहा जा सकता है। तरीकत में तप(द्वन्द्व सहन) एकान्त सेवन, मौन आदि की गणना है। मारिफत उपासना है, जिससे नफ्स(अहं भावना) दूर होती है। हृदय में परम ज्ञान का उदय होता हैऔर साधक आरिफ(प्रज्ञा-संपन्न) कहलाने की योग्यता प्राप्त करता है। मुरीद या साधक को म्वारिफ प्राप्त होने से पहले तौबा (प्रायश्चित) जुहद (स्वेच्छादारिद्रय) सब्र (सन्तोष)

५२- आ०ग्र०पृ० ९६३

५३- रामकली म:१पृ० ८७७

ज़ुहद(नम्रता), रियाज़ (दमन) तवक्कुल (ईश्वर कृपा पर पूर्ण विश्वास) और रज़ा(तटस्था) में से निकलना पड़ता है जो उस के अन्दर ईश्वर के प्रति अटल अनुराग (मुहब्बतया इश्क़) को जागृत कर देते हैं, और साधक पवित्र बन जाता है। हकीकत साधन नहीं, साधक की परम सर्वश्रेष्ठ अनुभूति है, जिसकी प्राप्ति शरीयत एवं तरीकत के सम्यक् पालन के पश्चात् मारिफत द्वारा होती है।[५५]

आदि = ग्रंथ में सूफी शब्द का कहीं प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं, मिलता, परन्तु किसी अबदाल नाम के सूफी फकीर को सूफी मत के चार मार्गों की व्याख्या करके बताते हुए गुरु अर्जुन देव जी कहते हैं :-

अलह अगम खुदाई बंदे। छोडि खिआल दुनीआ के धंधे।

होइ पै खाक फकीर मुसाफरु इहु दरवेसु कबूलु दरा।।१।।

सचु निवाज यकीनु मुसला। मनसा मारि निवारिहु आसा।।

देह मसीति मनु मउलाणा,कलम खुदाइ पाकु खरा।।२।।

सरा सरीअति ले कंमावहु। तरीकति तरक खोजि टोलावहु।

मारफति मनु मारहु अबदाला। मिलहु हकीकति जितु फिरि न मरा।

कुराणु कतेब दिल माहि कमाही। दस अउरात रखहु बद राही।

पंच मरद सिदकि ले बाधहु खैरि सबूरी कबूलपरा।।[५६]

अर्थात् हे उस अगम्य खुदा के बन्दे। दुनिया के धन्धों का ख्याल छोड़कर साधुओं (फकीरों) की चरण धूलि बनो, ऐसा दरवेश खुदा के हजूर में कबूल होगा। सत्य का निमाज़ अदा करने के लिये, यकीन(विश्वास) का मुस्सला (सफ) तैयार करो। मन (नफ्स) को मार कर आशा(त्रिष्णा) का निवारण करो। इस प्रकार का शुद्ध सात्विक मन ही मौलाना(शेख) बन कर मानसिक शुद्धि के कलमे को देह रूपी मस्जिद में पढ़ता है। यहाँ से शरीयत का राह प्रशस्त होता है, अर्थात् सूफी तसव्वुफ के चार मार्गों में से प्रथम पर आरूढ़ होता है।

५४- शब्दार्थ आ०ग्रं० ८०० पाद टिप्पणी अर्थात ऊपर दशम द्वारा है, वहाँ पर आत्मा का अगम्य गुरु गोरख(परमात्मा)रहता है। तथा, ऊपर गगनु गगन परि गोरखु ता का अगमु गुरु पुनि वासी।।आ०ग्रं० पृ० ६९२

५५- भक्ति का विकास- डा० मुन्शी राम- पृ० ४००

५६- आ०ग्रं० पृ० १०८३

शरीयत: शरअ शरीयत, ईश्वर के नाम की कमाई (साधना) है।

तरीकत: अन्य पदार्थों को छोड़ने योग्य समझकर, केवल खुदा के नाम की खोज करो।

मारिफत हे अब्दाल फकीर! मन (नफ्स) की असंभावना को दूर करना ही मारिफत है।

हकीकत: सूफी साधक (आरिफ) की सर्व श्रेष्ठ अनुभूति अर्थात हकीकत (परम-सत्य) यही है कि मानसिक शुद्धि (मारिफत) द्वारा हृदय मन्दिर में परमात्मा से भेंट करो।

पुन: शरीयत के मार्ग को प्रारम्भ करने के लिये साधना का प्रथम सोपान बताया है। दस (नियमों) इन्द्रियों को कुमार्ग पर जाने से रोकना, काम-क्रोध लोभ-मोह अहंकार (पांच मर्दों) का संतोष के रस्सु से बांधना। हृदय को ही शुद्ध तथा पवित्र कलाम(कुरआन) बना कर उसकी आराधना (मनन) करना। इस प्रकार तब का सेर (दान) कबूल होगा।

गुरु ग्रंथ की सूफी मार्ग की यह विवेचना सूफियों से कुछ भिन्न नहीं है, केवल उसकी व्यावहारिक व्याख्या है। आदि ग्रंथ का साधना मार्ग बहुत कुछ व्यवहारिक एवं यथार्थवादी होने के कारण कतिपय कर्मों को केवल बाह्याचार की अपेक्षा उनको यथार्थ रूप में अपनाने की सम्मति देता है। अत: सूफी मत के इन सोपानों की केवल व्याख्या ही की गई है। सूफी साधक शुद्ध सात्विक भावनाओं वाले फकीर थे, अत: उनके आचार की कोई भी आलोचना आदि ग्रंथ में नहीं मिलती।

इस्लाम की एकेश्वरवादी धारा।

इस्लाम के कुछ एक सहिष्णुतावादी सम्राटों को छोड़कर अन्य सब ने इस्लाम के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म को सत्कार की दृष्टि से नहीं देखा। राजनीतिक अवस्था पर विचार करते हुए हम हिन्दू तथा मुसलमानों के विलास-पूर्ण जीवन का दृश्य प्रस्तुत कर चुके हैं। यहां हम केवल इस्लाम धर्म की तत्कालिक स्थिति तथा उसका आदि ग्रंथ में जो विवरण है, उसके विचार तक ही अपने वक्तव्य को सीमित रखेंगे।

मुसलमानों का शासन होने के कारण इस्लाम को राजाश्रय की प्राप्ति थी। काज़ी लोग धार्मिक नेता भी थे, और राजनीति में भी उन्हीं की प्रधानता थी। न्यायाधीश का कार्य भी यही करते थे। एक खुदा के सिवा अन्य देवी देवताओं में विश्वास रखने वालों को काफिर कहा जाता था। जितने भी मुस्लिम विजेता आए उन्हों ने मंदिरों की मूर्तियों का अपमान किया। हिन्दुओं की धार्मिक स्वतंत्रता पर मुसलमानों के क्या क्या आघात हो चुके थे, इस का प्रमाण फीरोज़ तुगलक के कौल कारनामें हैं।कहा जाता है कि उसने एक बार एक ब्राह्मण को खुले आम हिन्दू संस्कार करने पर जीवित ही जलवा दिया।[५७] मैकालिफ के- इतिहास इस बात पर भी साक्षी है कि सिकन्दर लोधी की उपस्थिति में बोधन नाम के एक ब्राह्मण को अपने धर्म का उत्कर्ष प्रकट करने पर मृत्यु दंड दिया गया था।[५८] मैकालिफ ने एक मुसलमान लिखारी का प्रमाण प्रस्तुत हुए अलाउद्-दीन की धर्मान्धता के विषय में लिखा है कि एक बार उसने अपने काज़ी से पूछा कि हिन्दुओं के लिए शरअ की क्या आज्ञा है? काज़ी ने उत्तर दिया हिन्दू धरती के समान हैं,यदि उनसे चांदी मांगी जाए तो उन्हें अति विनम्रभाव से सोना भेंट करना चाहिए। यदि कोई मुसलमान हिन्दू के मुंह में थूकना चाहे तो हिन्दू को झट पट अपना मुंह खोल देना चाहिए। खुदा ने हिन्दुओं को मुसलमानों के गुलाम पैदा किया है। पैगंबर साहब ने हुक्म दिया है कि यदि हिन्दू इस्लाम कबूल न करें तो उन्हें कैद कर लो, यातनाएं दो तथा अन्त में तह-तेग करदो। यह बात सुन कर बादशाह ने हंस कर कहा, मैं ने शरअ की तशरीह(व्याख्या) की प्रतीक्षा नहीं की। मैं ने पहले ही आज्ञा दे रखी है कि हिन्दू छः मास के गुजारे के लिये अनाज तथा मामूली कपड़े के अतिरिक्त अपने पास कुछ नहीं रख सकते।[५९]

५७- स्मिथ-स्टुडेंटस हिस्ट्री आफ इण्डिया- पृ० १२६ से कबीर एक विवेचन पृ० ६१ पर उद्धृत।

५८- ईश्वरी प्रसाद- मेडिवल इण्डिया, पृष्ठ ४८१-८२ से कबीर एक विवेचन पृ०६१ पर उद्धृत।

५९- सिक्ख रिलिजन-भाग १, भूमिका पृ० ४१-५० पर से गुरमति दर्शन, शिरोमणी गु: प्र०क०पृ० २० पर उद्धृत।

श्री सत्य केतु विद्यालंकार ने इब्नबतूता के हवाले से लिखा है कि जब कोई हिन्दू, सुल्तान के दरबार में कोई प्रार्थना पत्र लेकर उपस्थित होता था, तो हाजिब लोग चिल्लाकर कहते थे, हदाक अल्लाह या भगवान तुम्हें सन्मार्ग पर ले जावें। जज़िया कर के कारण हिन्दुओं को सदा यह अनुभूति बनी रहती थी, कि सल्तनत में उनकी स्थिति हीन है। यदि कोई हिन्दू धर्म का परित्याग कर इस्लाम को स्वीकार कर ले, तो मुसलिम लोगों की दृष्टि में यह बात बड़े गौरव व पुण्य की होती थी। जब कोई हिन्दू इस्लाम को ग्रहण करने के लिये तैयार हो जाता था, तो उसे सुल्तान के सम्मुख उपस्थित किया जाता था, सुल्तान उसे उत्तम वस्त्र व स्वर्ण के आभूषण प्रदान करता था, और ऐहलौकिक सुख व उत्कर्ष का मार्ग उसके लिये खुल जाता था।[६०]

मुसलमानों की राजनीति धार्मिक आदेशों अथवा शरायत पर आधारित रही है; जिस शरअ की तशरीह काज़ी लोग अपनी आवश्यकता के अनुकूल करते थे। धार्मिक अवस्था का जो ऐतिहासिक विवरण ऊपर प्रस्तुत किया गया है, आदि ग्रंथ में उसका प्रामाणिक विवेचना मिलता है। गुरु नानक देव जी लिखते है, उस समय मुसलमानों की धार्मिक पुस्तकें कुरआन आदि कीतेबें मान्य थीं। पंडितों के पुराणादि ग्रंथ मान्य नहीं थे। परमात्मा का नाम 'रहमान' अथवा 'अल्लाह' पड़ गया था।

कलि परवाणु कतेब कुराणु।
पोथी पंडित रहे पुराण।
नानक नाउ भइआ रहमाणु।[६१]

कलि: नाउ खुदाई अलहु भइआ।[६२]

शासकों का अन्याय तो केवल गैर-मुसलमानों के लिये ही था। अत: धर्मान्ध शासक तथा उनके चाटुकार मुकद्दम खूनखार शेरों तथा शिकारी कुत्तों की भांति सोते-बैठते को जगा कर जगा देते थे। चाकर वर्ग नाखूनों वाले जानवरों की भांति, अपने अन्याय के नारकीय लोगों को घायल करते थे। और लोगों का लहू कुत्तों (मुकद्दमों) के द्वारा चूस लेते थे।

६०- भारतीय संस्कृति और उसका इतिहास (सत्यकेतु विद्यालंकार-डी०लिट (पेरिस) पृ० ४३०-३१

६१- आ०ग्रं० ९०३

६२- आ०ग्रं० ४७०

राते सीह मुकदम कुते।
जाइ जगाइनि बैठे सुते।
चाकर नहदा पाइनि घाउ।
रतु पितु कुतिहो चटि जाहु।[६३]

ऐसी अवस्था में मुसलमान धर्म का अनुष्ठान जिस प्रकार से होता था, उस का चित्र आदि ग्रंथ में इस प्रकार दिया है:

१- वे प्रत्येक बात शरअ के दृष्टि कोण से देखते थे:-
   मुसलमाना सिफति सरीअति पड़ि पड़ि करहि बीचारु।।[६४]

२- वे लोग पीते तो लोगों का लहू थे, परन्तु धार्मिक अनुष्ठान निमाज़ादि को पढ़ते थे:
   माणस खाणे करहि निवाज।[६५]

३- काज़ी धार्मिक नेता भी था तथा न्यायाधीश भी। अन्याय का दौर दौरा था। काज़ी जब अन्याय करता था, तो उस की पुश्त ताड़ के उपर में शरअ की कोई धारा पढ़ कर सुना देता था। शास्त्रों वेदों को कोई मानता नहीं था। अपनी अपनी गर्ज़ की पूजा होती था। हिन्दू भी मुसलमानों के कलमा को हृदय में तथा कानों में स्थान देते थे। चुगली खा कर लोगों को लूटते थे:-

सासतु बेदु न मानै कोइ। आपो आपै पूजा होइ।
काजी होइ कै बहै निआइ।। फेरे तसबी करे खुदाइ।
वढी लै कै हकु गवाए। जे को पुछै ता पड़ि सुणाए।
तुरक मंत्र कनि रिदै समाहि। लोक मुहावहि चाड़ी खाहि।[६६]

ऐसी अवस्था में आदि ग्रंथ ने न केवल आर्य धर्म की रक्षा की तथा वेद-शास्त्रों को गौण-स्थान दिलाया, वरन् मुसलमान धर्म की कुरआन-सम्मत व्याख्या भी प्रस्तुत की।

६३- आ०ग्रं० पृ० १२८८

६४- आ०ग्रं० पृ० ४६५

६५- आ०ग्रं० ४७१

६६- आ०ग्रं० ९५१

नमाज़

शरअ शरीयत का विचार किए बिना, उसे कैसे जाना जा सकता है, सन्तोष का सिजदा करो, मानसिक शुद्धि को ध्येय बनाओ। (केवल पश्चिम की ओर ही नहीं वरन्) जिधर भी देखो गे फिर उधर ही ख़ुदा नज़र आएगा।

१- सरै सरीअति करहि बीचारु।
बिन बूझे कैसे पावहि पारु।
सिदकु करि सिजदा मनु करि मखसूदु।
जिह धिरि देखा तिह धिरि मउजूदु।। ६७

२- पंजि निवाजा वखत पंजि पंजा पंजे नाउ।
पहिला सचु हलालु दुइ तीजा खैर खुदाइ।
चउथी नीअति रासि मनु पंजवी सिफति सनाइ।
करणी कलमा आखि कै ता मुसलमाणु सदाइ। ६८

अर्थात मुसलमान पांच समय पांच नमाज़े पढ़ते हैं। उनके पांच ही नाम हैं। १- नमाज़-ए-सुबह, २- नमाज़-ए-पेशीन, ३- नमाज़-ए-दीगर,४- नमाज़-ए-शाम,५- नमाज़-ए-खुफतन। गुरु नानक देव ने पांच नमाजों के नाम यह दिए हैं। १- नमाज-ए- सच, २- नमाज़-ए-हलाल, ३-नमाज़-ए-खैर-खुदा, ४- नमाज़-ए-नीयत-ए-रास, ५- नमाज़-ए- सिफतओ-सनाय। यह नाम क्रमशः, सत्य, पसीने की कमाई, शुभ-इच्छा, नेक इरादा, तथा ईश्वर स्तुति के घोतक हैं। यदि शुभकर्मों का अनुष्ठान किया जाए, तो ऐसा कलमा तथा नमाज़ पढ़ने वाला मुसलमान कहला सकता है।

मुसलमान कहलाना मुश्किल है। गुरु नानक देव जी कहते हैं, यदि पूरा मुसलमान हो, तभी वह मोमिन कहलाने का अधिकारी है। प्रथम तो औलिया फकीरों के दीन (मत) को मीठाकर माने। जैसे लोहे का जंगार उतारने वाला मसकुल जंगार को उतार फेंकता है,उसी भांति अपने धन को लुटा दे। मुसलिम होकर पैगंबर के दीनी उपदेश में विश्वास रखे, तथा, जीवन और मृत्यु के भ्रम को दूर करे। अर्थात आत्मा को अमर माने। ख़ुदा की रज़ा को सिर माथे पर कबूल करे, अपनेअहंभावको त्याग कर उस कादर-करीम में विश्वास रखे। यदि इस प्रकार से कर्म करता हुआ सब जीवों पर दया करे, तो मुसलमान कहला सकता है।

मुसलमाणु कहावणु मुसकलु जा होइ ता मुसलमाणु कहावै।
अवलि अउलि दीनु करि मिठा, मसकल माना मालु मुसावै।
होइ मुसलिमु दीन मुहाणै, मरण जीवण का भरमु चुकावै।
रब की रजाइ मंने सिर उपरि करता मंने आपु गवावै।
तउ नानक सरब जीआ मिहरंमति होइ त मुसलमाणु कहावै।[४९]

गुरु अर्जुन देव ने [illegible] मुसलमान के सच्चे धार्मिक अनुष्ठान को [illegible] प्रकार [illegible] आदि ग्रंथ में वर्णन किया है, मिहर (कृपा) [illegible] करो, [illegible] की [illegible] होगा [illegible]।

कुरान ([illegible]) के [illegible] [illegible] किया है। खुदा की [illegible] नूर, नूर, [illegible] कहलाती है। [illegible] [illegible] का [illegible] स्थान हृदय-मन्दिर (हुजरा) है, जो [illegible] कहा [illegible] जाता है। जो हृदय को [illegible] करता है, वह [illegible] है। [illegible] [illegible] है जो [illegible] ([illegible]) को [illegible] है। [illegible] है, जिसे ईश्वर-स्तुति का [illegible] है। नमाज़ से [illegible] केवल पांच वक्त का नमाज़, [illegible] [illegible] [illegible] को याद करना ही नमाज़ है। इन इन्द्रियों को वश में रखना [illegible] है। [illegible] प्रकार प्रभु स्मरण [illegible] ([illegible]) [illegible] अनुशासन का [illegible] है। [illegible] में [illegible] [illegible] सांसारिक जीवन [illegible]। परिवार [illegible] [illegible] का [illegible] है। पीर-भक्ति-[illegible] [illegible] करना भी आवश्यक है। केवल एक खुदा को [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] प्रथम [illegible] स्तुति, दूसरे [illegible] है। तीसरे [illegible], चौथे दान है। पांचवें, पांचों इन्द्रियों को [illegible] [illegible] एक स्थान पर रखना, [illegible] [illegible] नमाज़ें [illegible] [illegible] हैं। [illegible] [illegible] में [illegible] को मानना [illegible] ([illegible] निरंतर [illegible]) है। [illegible] का [illegible] खुदा है [illegible] [illegible] है। (नमाज़ का लोटा) [illegible] खुदा को मानना [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] की [illegible] [illegible] [illegible] दिल को [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है, [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]।

४७- [illegible] पृ० ८४

४८- [illegible] पृ० १४१

४९- [illegible] पृ० १४१ म: १

मुसलमानों की विलासिता पर टिप्पणी की गई है, उस के सम्यक अनुशासन का विवरण दिया है। काया शुद्धाचरण का अनुसरण करे। विश्वास को औरत समझो। रंग तमाशे तथा मनोरंजन यही है कि एक की (खुदाई) सत्ता में विश्वास रखो। हृदय की पवित्रता ही स्वास है। शरीर को साबित (अखंडित-सुंनत न करना) रखना, सिर को दस्तार समझो।

मुसलमान वही है जो मोम की तरह कोमल हृदय वाला हो। अपने अंतस की सब मैल त्याग दे। दुनिया के ऐश्वर्य (विलासिता) से वह दूर रहे, जैसे कुसम, पाट (रेशम) घी तथा मृग चर्म पवित्र होते हैं। वही नेक मर्द है, जिस पर उस मिहरवान (कृपालु) हरि की कृपा है। वही शेख है वही हाजी है।[७०]

आदि ग्रंथ और वैदिक धर्म

निर्गुण सन्तों की वाणियों में ब्राह्मण के जातिगत अभिमान तथा वेद-शास्त्र के ज्ञान के ढोंग की आलोचना को देख कर कतिपय लोगों ने उन्हें नास्तिक तक कह दिया। वेद पाठ को बिना समझे अथवा उसको बिना हृदयंगम किए, किए जाने की जो आलोचना सन्तों की वाणी में मिली, उससे कतिपय विद्वानों ने उन्हें वेद-विरोधी घोषित कर दिया। डा० शेर सिंह लिखते हैं। गुरु साहब ने वेदों की प्रामाणिकता को उतनी श्रद्धा से नहीं माना, जितनी श्रद्धा से वैदिक धर्म-अनुयायी मानते थे।[७१] हमारा विचार है कि कबीर आदि साधकों तथा गुरुओं ने वेदों की प्रामाणिकता को जो मुसलिम-शासन काल में लुप्त-प्राय हो गई थी, पुन: स्थापित किया; आदि ग्रंथ के सभी मुख्य सन्तों की वाणियों में वेद-वाणी तथा उसकी प्रामाणिकता में श्रद्धाभाव को मुक्त कंठ से प्रदर्शित किया गया है।

कबीर: बेद कतेब कहहु मत झूठे, झूठा जो न बिचारै।[७२]

गुरु नानक: दीवा बलै अंधेरा जाइ। वेद पाठ मति पापा खाइ।
उगवै सूरु न जापै चंदु। जह गिआन प्रगास अगिआन मिटंत।
बेद पाठ संसार की कार। पढ़ि पढ़ि पंडित करहि बीचार।
बिनु बूझे सभ होइ खुआर, नानक गुरमुखि उतरसि पारि।[७३]

७०- आ०ग्रं० पृ० १०८४

७१- गुरमति दर्शन- पृ० ६१

७२- आ०ग्रं० पृ० ७६१

गुरु अमरदास:

वेदा महि नामु उतमु सो सुणहि नाही, फिरहि जिउ बेतालिआ।[74]

गुरु रामदास:

वेद पुरान सिम्रिति हरि जपिआ, मुखि पंडित हरि गाइआ।[75]

गुरु अर्जुन देव:

वेद पुरान सिम्रिति, साधु जन इह बाणी रसना भाखी।

जपि राम नामु नानक निसतरीऐ, होरु दुतीआ बिरथी साखी।[76]

गुरु तेग बहादुर:

१- जोगी सारे खोजिओ मन समझावै।

२- वेद पुरान साध मत, सुनि करि, निमख न हरि गुन गावै।

वेद ज्ञान प्रामाणिक ज्ञान है, परन्तु यदि बाग-तले अन्धेरा हो, तो इस में दिये अथवा प्रकाश का क्या दोष? वेद पढ़ने का यही गुण है कि हरि नाम का सुमरिन करे:-

गुरु नानक: चारे वेद होए सचिआर। पड़हि गुणहि तिन चार वीचार।[78]

रामानंद : वेद पुरान सब देखे जोइ। उहां तउ जाईऐ जउ ईहां न होइ।[79]

गुरु अर्जुन देव: चतुर सिमरि चारे वेद सुणि खोजिओ ततु बीचार।

सरब खेम कलिआण निधि राम नामु जपि सार।[80]

गुरु तेग बहादुर : वेद पुरान पड़े को इह गुनु, सिमरे हरि को नामा।[81]

बिना तत्त्व चिंतन के वेद विचार व्यर्थ है:-

कबीर: बेद पुरान पड़े का किआ गुनु खर चंदन जस भारा।[82]

गुरु अर्जुन देव: बेद पड़हि संपूरना तुलि सार न बेलं।

पूजा भारणि को फिरै जिस घुरि मसतकि लेखं।[83]

73- आ०ग्र० पृ० ७९१

74- आ०ग्र० पृ० ६९६

75- आ०ग्र० पृ० ६९५

76- आ०ग्र० सारंग म: ५, पृ० १२२७

अत: सामाजिक व्यवस्था में धार्मिक तथा सांस्कृतिक दृष्टिकोण से वैदिक धर्म की पुनर्स्थापना तथा वैष्णव धर्म का पुनरुत्थान जो आदि ग्रंथ में हुआ, भक्ति काल की भारतीय धर्म-साधना को यह महान देन है। आदि ग्रंथ का गुरमत अथवा सिक्खों मार्ग विशेषत: वैष्णव धर्म का संशोधित, परिष्कृत तथा परिमार्जित रूप है। इसके आगे साधना पक्ष के अध्याय में विचार किया जायेगा। वैष्णवों के अवतारवाद का त्याग, और एक प्रभु में विश्वास वैदिक परंपरागत विश्वास है। विष्णु के अवतारों में उस प्रभु की सत्ता के दर्शन भागवत धर्म तथा गीता के भक्ति योग के प्रभाव से सम्भावित हैं। डा० सुन्दरराम लिखते हैं, 'जब भागवतों को ब्राह्मणों में से एक दल ऐसा मिल गया, जो सकाम यज्ञों के विरोध में उनके साथ एकमत था, साथ ही वेद में जिसकी अटूट श्रद्धा थी, तो भागवत और वैदिक धर्म दोनों मिलकर एक हो गए। ब्राह्मणों ने भागवत धर्म के आदि प्रतिष्ठाता श्री कृष्ण को दिव्य विभूति के रूप में ईश्वर का अवतार स्वीकार कर लिया।[८४] आदि ग्रंथ ने इसी भागवत धर्म तथा वैदिक धर्म के एक रूप गुरु धर्म में मुसलमान शासकों के समय जो विकार एवं विषमताएं प्रस्तुत हुए, उन को परिष्कृत कर गुरमत धर्म की स्थापना की। इस धर्म की साधना मार्ग को प्रशस्त करने के लिये हठयोगियों तथा मुसलमानों की साधना पद्धतियों की त्रुटियों की भी आलोचना की, शाक्तों तथा वाम-मार्गी साधकों के अनाचार की निंदा की, तथा परंपरागत वैदिक धर्म के एक शुद्ध सात्विक एवं व्यवहारिक रूप को प्रस्तुत किया।

७७- आ०ग्रं० पृ० २९०

७८- आ०ग्रं० पृ० ५७०

७९- आ०ग्रं० पृ० ११९५

८०- आ०ग्रं० पृ० २९७

८१- आ०ग्रं० पृ० २९०

८२- आ०ग्रं० पृ० ११०३

८३- आ०ग्रं० पृ० १०६६

८४- भक्ति का विकास- पृ० ३७५

३- पारिवारिक व्यवस्था

संस्कार परक जीवन

आदि ग्रंथ में मनुष्य की उन सब पारिवारिक स्थितियों का, जिनसे वह जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त गुजरता था, विवरण खोजा जा सकता है। आदि ग्रंथ बताता है कि गर्भाधान से लेकर ही माता का मन अति विकसित रहता है। बच्चे के जन्म की उस समय विशेष प्रसन्नता होती थी, जब गोविन्द भक्त अथवा शुभ सन्तान के रूप में सन्तान का जन्म हो।[८५] बड़ा होकर बच्चे का यज्ञोपवीत संस्कार होता था। ~~अथवा-कुवव-~~ महान कोश में लिखा है, गर्भ से लेकर ब्राह्मण का आठवें, क्षत्री का ग्यारहवें तथा वैश्य का बारहवें वर्ष में यज्ञोपवीत संस्कार होता था। नारद के मत में ब्राह्मण का वसंत ऋतु, क्षत्रिय का ग्रीष्म तथा वैश्य का शरद ऋतु में यह संस्कार होता है।[८६] आदि ग्रंथ में धागे के यज्ञोपवीत के स्थान पर दया की कपास, संतोष का सूत्र तथा यतित्व की गांठ तथा सतित्व के बाट से तैय्यार किए जनेऊ को पहनने का आदेश है।[८७] विवाह की आयु को प्राप्त होने पर युवक की सगाई (कुड़माई) अथवा मंगनी की जाती थी।[८८] भाई बन्नों वाली आदि ग्रंथ की बोड़ में एक पद है जिसमें सगाई की प्रथा का विस्तृत विवेचन है। बिरादरी एकत्र होकर बालक की सगाई का आरंभ करती है। बड़े सज्जन पुरुष ससुर को ढूंढ कर अमृत-मेवा बांटा जाता है।[८९] सगाई के पश्चात् विवाह संस्कार संपन्न होता था। इसके लिये लगन लिखवाया जाता था तथा इस लगन के अनुसार लड़के वाले बरात लेकर लड़की वालों के घर पर आते थे।[९०] बरात के वधु के घर पर आने पर मंगल

८५- उदरै माहि आइ कीआ निवास।
माता के मन बहुत बिगास।
जंमिआ पूत भगत गोविंद का। आ०ग्रं० पृ० ३९६

८६- महान कोश- कान्ह सिंह - पृ० ३७८

८७- दइआ कपाह संतोख सूत जतु गंढी सतु वटु।
एहु जनेऊ जीअ का हई त पांडे घतु।। म:१, आ०ग्रं० पृ० ४७१

८८- सतु संतोखु करि भाउ कुड़मु कुड़माई आइआ बलिराम जीउ। म:४ आ०ग्रं० पृ० ७७३

गीत गाए जाते थे।[६१] बेदी के गिर्द भांवर अथवा फेरे लेकर वर-वधु का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होता था।[६२] विवाहिता स्त्री अपने पति की प्रसन्नता के लिए श्रृंगार करती थी।[६३] इन श्रृंगारों को सोलह श्रृंगार भी कहते थे।[६४] इन श्रृंगारों के लिये स्त्रियां सोने चांदी के आभूषणों का प्रयोग करती थीं।[६५] सिर के बालों को पट्टियां संवारी जाती थीं, मेंढियां गूंथी जाती थीं, मांग निकाल कर संधूर डाला जाता था।[६६] गले में हार पहने जाते थे, कलाईयों में कंकण, उंगलियों में मुन्दरियां, आंखों में काजल, दान्तों में रंगदार दातुन (दंदासा) मुंह में पान फूल आदि लेकर पवन को चन्दन आदि की सुगंधि से सुवासित करके सुहागिन अपने आप को अपने कांत को सौंपती थी।[६७] आदि ग्रंथ में इस सब श्रृंगार के स्थान पर ईश्वर के प्रेम का श्रृंगार करने को कहा है। ईश्वर के बिना सब पाट-पटंबर आग से जला दो। ईश्वर कान्त के साथ उसकी चरण धूलि के श्रृंगार में लोटना ही उत्तम है।[६८]

८६- साध संगति इकत्र करे बालक करहु मगेवा।
लवे सुजन कुटुम मले, बंडिवह अंग्रित मेवा।
रामकली म:५, छंत पउड़ी ३, भाई बन्नो वाल बीड़।

६०- लगण लिखाइआ गुरहु आइआ, विवाहु कुड़म दिवाइआ- वही।
(२) हरि प्रभु काज रचाइआ। गुरमुखि वीआहणि आइआ- सूही म:४,
आ०ग्र० पृ० ७७५

६१- सखी सहेली गाउ मंगल ग्रिहि आए हरि कंत जीउ। रामकली म:५ पृ०६२६
(२) गाओ गाओ री दुलहनी मंगलचार। मेरे ग्रिहि आए राजा राम भतार।
कबीर आ०ग्र० पृ०४८२

६२- नाभ कमल में बेदी।...... राम राइ सिउ भावर लैहउ- कबीर- आ०ग्र० पृ० ४८२

६३- (१) बहुते वेस करे- आ०ग्र० पृ० ६३३ ऐते वेस करेदीए मुधे, आ०ग्र०पृ०५५७

६४- नैन सलोनी सुंदर, सोलह सींगार करै अति पिआरी। आ०ग्र० पृ० २२५

६५- कामणि लोड़े सुइना रुपा। आ०ग्र० पृ० १५५

६६- आ०ग्र० पृ० ५४ तथा पृ० ७२२

६७- आ० ग्र० पृ० ३५८ तथा पृ० ७८८

मुसलमानों के शासन काल में उनकी संस्कृति का एक प्रभाव यह भी था कि पर्दे का रिवाज पड़ गया था।[९९] मुसलमानों में बहु पत्नी विवाह की प्रथा थी। इसका प्रभाव हिन्दू समाज पर भी पड़ गया। एक से अधिक पत्नी-विवाह की प्रथा का साक्ष्य आदि ग्रंथ में मिलता है।[१००] स्त्री का शिक्षित होना एक उत्तम गुण समझा जाता था, भले ही यह शिक्षा घर पर ही दी गई हो।[१०१] वह स्त्री अपने आप को सोहागवती तथा सौभाग्यवती ख्याल करती थी, जिस का पति उस पर प्रसन्न था तथा उसके समीप होता था।[१०२]

अन्त्येष्टि संस्कार का भी तत्कालीन दृश्य आदि ग्रंथ में मिलता है। मनुष्य के मर जाने पर उसके संबंधी, है।है।। तथा, ओहि।ओहि।। करके ऊंची चीख पुकार करते थे। गला पीटते थे तथा सिर धुनते थे।[१०३] परन्तु यह सब रोने वाले झूठा रोना रोते थे।[१०४] जितने रोने वाले हैं सब दिखावा करते हैं।[१०५]

भिन्न भिन्न जातियों में मृतक की अन्त्येष्टि के पृथक पृथक ढंग थे। गुरु अर्जुन देव इस की तीन दशाएं बताते हैं:-

१- जल प्रवाह

२- कुत्तों के आगे डालना

३- ~~[illegible]~~ जला देना अथवा गाड़ देना।[१०६]

गुरु अमर दास जी अन्त्येष्टि की पांच प्रचलित विधियों को आदि ग्रंथ में वर्णन करते हैं।

१- मुर्दे को जलाना।

२- दबाना।

३- कुत्तों के आगे डालना।

४- जल प्रवाह।

५- मांसाहारी जीवों के आगे डालना

वे कहते हैं कि यह रीतियां तो जाति गत हैं, परन्तु मर कर जीव कहां समाता है, इसका किसी को ज्ञान नहीं।[१०७] आदि ग्रंथ के इस पद पर

९८- धणी विछुंना पाट पंटबर भाही सेती जाले। धूड़ी विच लुडंदड़ी
    सोहां नानक ते सह नाले। अ०ग० पृ० १४२४,१४२५

९९- जब नाची तब घूंघटकैसा- आ०ग्रं० पृ० ११११२

१००-सउकनि घर की कंति तिआगी- पृ० ३६४

१०१- चज अचार किछ बिधि नही जानी- पृ० ३७२

टिप्पणी करते हुए भाई कान्ह सिंह लिखते हैं: मुसलमान तथा ईसाई मुर्दों को दबाते हैं। हिन्दू दाह संस्कार करते हैं। यूनान में प्राचीन काल में मुर्दे कुत्तों के आगे डाले जाते थे। कई जातियां अपने मृतकों को गंगादि पवित्र नदियों में प्रवाहते हैं पारसी लोग क्योंकि अग्नि को पवित्र मानते हैं, इस लिये उसे मुर्दे को नहीं छुवाते। वे मुर्दों को किसी निर्जन स्थान पर मांसाहारी जीवों के खाने के लिये छोड़ देते हैं।[१०८] सती की प्रथा कबीर तथा गुरु नानक के काल में जोरों पर होगी, तभी इसका विरोध आदि ग्रंथ में मिलता है।[१०९]

मृतक की अन्त्येष्टि के पश्चात् कुछ एक क्रियाएं संपूर्ण की जाती थी। हिन्दुओं की अन्त्येष्टि क्रिया का अन्तिम भाग पिण्डदान की क्रिया है, जो अशौच की अवधि में की जाती है। मृतक अभी भी एक प्रकार से जीवित समझा जाता है। जीवित सम्बन्धियों के प्रयत्न मृतक के लिये भोजन प्रस्तुत करने तथा पितरों के स्थायी आवास की ओर उसका मार्ग दर्शन करने के उद्देश्य से प्रेरित होते हैं।[११०] आदि ग्रंथ में पिण्ड दान की क्रिया का कटुआलोचना की गई है। जिससे ऐसा लगता है कि यह क्रिया उस समय बहुत जोरों पर थी, चाहे अब भी यह दूर नहीं हुई। कबीर जी कहते हैं:-

---

१०२- आनंद बिनोद तिते घरि सोहि, जो धन कंत सिंगारी थीउ। म:५ आ०ग्र० पृ० ६७०

१०३- हे हे करि कै ओहि करेनि। गला पिटंनि सिरु खोहेनि। म: १, आ०ग्र०पृ०१४१

१०४- कूठा रुदनु होवा दोआले- कूडे वेण पवे-आ०ग्र० पृ० ७५ तथा ६७६

१०५- रोवण वाले जेतड़े सभि बनंहि पंड परालि। आ०ग्र० पृ० १५

१०६- तीन संझिआ कर देही कीना, जल कूकर भसमेही। आ०ग्र० पृ० १५

१०७- इक दझहि इक दबीअहि इकना कुते खाहि।
इकि पाणी विचि उसटीअहि इकि भी फिरि हसणि पाहि।
नानक एव न जापई किथै जाइ समाहि। म: ३ आ०ग्र० पृ० ६४८
करतार पुर वाली बीड़ में म:१ है।

१०८- गुरुमत प्रभाकर - पृ० ३६४

१०९- (१) बिन सत सती होइ कैसे नारि। कबीर पृ० ३२८
(२) सतीआ एहि न आखीअनि, जो मड़िआ लग जलंनि। नानक सतीआ जाणीअनि, जि बिरहे चोट मरंनि। म: ३-७८७।

जीवत पितर न माने कोऊ, मूए सिराध कराही।
पितर भी बपुरे कहु किउ पावहि, कउआ कूकर खाही।
माटी के करि देवी देवा तिस आगे जीउ देही।
ऐसे पितर तुमारे कही आहि आपन कहिआन लेही।[१११]

अर्थात पितर क्या हुए जो आप मुंह से मांग कर ले भी नहीं सकते। गुरु नानक देवने तो इस क्रिया के एक और पक्ष की व्यंग्यपूर्ण आलोचना की है। वे कहते हैं कि यदि चोर चोरी करके अपने घर के पितरों को पिंडदान करता है, तो आगे तो चोरी की वस्तु पहचानी जायेगी अत: पितरों को भी चोर बना देगी।[११२] आगे तो अपने श्रम का ही दान लाभप्रद होता है।

मृत्यु के पश्चात् स्वर्ग नरक की प्राप्ति का विचार भी लोगों के मस्तिष्क में घर किए बैठा था। आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने तथा-कथित स्वर्ग-नरक की कल्पना की अपेक्षा इस जीवनमें ही इन दो अवस्थाओं की कल्पणा की है। गुरु नानक देव जी कहते हैं, शुभ कर्मों की धरती करो। उस शबद का बीजारोपन करो। सत्य के चमकते हुए पानी से उसे सींचो, इस प्रकार किसान बनकर धर्म(ईमान) पैदा करो। यही स्वर्ग नरक का ज्ञान है।[११३] सन्तों ने तो इन दोनों लोकों को रद्द ही कर दिया है। कबीर जी कहते हैं, हमें तो अपने गुरु की कृपा से इन दोनों में से किसी की उपेक्षा नहीं।[११४]

स्वर्ग नरक

स्वर्ग नरक की कल्पना केकारण, स्वर्ग की इच्छा से तथा नरक के भय से लोगों का जीवन अन्धविश्वासों से लदा हुआ था। लोग प्रत्येक कर्म को शगुन-अपशगुन देख कर करते थे। समय स्थान के पूर्ण विचार से ज्योतिषियों से पूछ कर कार्य किए जाते थे। आदि ग्रंथ में शगुन अपशगुन के विचार की आलोचना

११०- पारस्कर गृह्यसूत्र-३-१०-२७-२८ गदाधरकृत क्रियापद्धति से हिन्दू संस्कार- डा० राज बली पांडेय पृ०३३४ पर उद्धृत

१११- कबीर- आ०ग्रं० पृ० ३३२

११२- जे मोहका घरु मुहै, घरु मुहि पितरी देइ।
आगै वसतु सिञाणीऐ पितरी चोर करेइ।
वढीअहि हथ दलाल के मुसफी एह करेइ।
नानक अगै सो मिलै जि खटे घाले देइ। आ०ग्रं० पृ० ४७२

करते हुए लिखा है, कि शगुन-अपशगुन उनको लगते हैं जो हरि से विमुख होते हैं।[११५] जिसपर हरि की कृपा हो उस के लिये सब महीने, दिन-वार तथा मुहूर्त भले हैं।[११६] कार्तिक आदि महीनों में शुभ-कार्यों को करने का कोई दोष नहीं।[११७] आदि ग्रंथ ने उपदेश दिया कि पुस्तक पढ़ पढ़ कर ज्योतिषी झूठा विचार प्रस्तुत करता है।[११८] वह तो माया का लोभी है।[११९] पंडित को पत्री की अपेक्षा मन की पत्री बांचना चाहिए, यदि सुखों की चाह है।[१२०]

समाज में नारी भावना

गुरु नानक काल में स्त्री की दशा अच्छी नहीं थी। उसे केवल विलास का साधन मात्र समझा जाता था।[१२१] उसे केवल काम वासना की तृप्ति के लिये बनी समझा जाता था।[१२२] यह दशा ऐसी था, जिसमें स्त्री पुरुष का खिलौना बन कर रह गई थी। उसे समाज में समादर नहीं प्राप्त था। गुरु नानक देव ने इस के विरुद्ध आवाज़ उठाई और स्त्री का योग्य स्थान बताया। स्त्री से ही पुरुष उत्पन्न होता है। स्त्री में ही उत्पत्ति की स्थिति होती है। स्त्री से ही विवाह होता है। स्त्री से ही प्रेम किया जाता है। स्त्री से संसार का क्रम चलता है। एक स्त्री मरने पर दूसरी ढूंढने लग जाते हैं। स्त्री से ही संबंध स्थापित होता है। फिर उसे बुरा क्यों कहा जाए, जिसने सम्राटों को जन्म दिया। स्त्री से स्त्री उत्पन्न होती है। स्त्री के बिना कोई उत्पन्न नहीं होता। केवल परमात्मा ही स्त्री गर्भ में नहीं आता।[१२३]

११३- अमलु करि धरती, बीजु सबदो करि सच की आब नित देहि पाणी।
होइ किरसाणु ईमानु जंमाइ लै भिसतु दोजकु मूड़े एव जाणी। म:१
आ०ग्रं० पृ० २३-२४

११४- कवनु नरकु किआ सुरगु बिचारा संतन दोऊ रादे।
हम काहू की काणि न कढते अपने गुरपरसादे। आ०ग्रं०पृ० ९६९

११५- सगन अपसगुन तिस कउ लगहि, जिसु चीति न आवै। म:५, आ०ग्रं०पृ०४०१

११६- माह दिवस मूरत भले जिन कउ नदरि करे। म:५, आ०ग्रं पृ०१३६

११७- कितिकि करम कमावणे दोसु न काहू जोगु- म:५, आ०ग्रं० पृ० १३५

११८- पढ़ि पढ़ि पंडित जोतकी वाद करहि बीचारु। म:३, आ०ग्रं० पृ० २७

११९- माइआ का मुहताजु पंडितु कहावै। म:३, आ०ग्रं० पृ० २३१

१२०- मन का पत्री वाचणी सुखी हू सुखु सारु। म:३ आ०ग्रं० पृ० १०९३

स्त्री केवल पुरुषों द्वारा ही नहीं, घर घर में, स्त्री द्वारा भी तंग की जाती थी। इसका वर्णन अनेक स्थलों पर आदि ग्रंथ में मिलता है। सास ननद देवरानी या जिठानी में उसका झगड़ा प्रायः रोज़ ही होता था।[124] कहीं कहीं उसे [illegible] विरोध का भी [illegible] होना पड़ता था।[125] पुरुष [illegible] नारी तो उससे कुछ कम पर यथावत् अपना मान किया हुआ था।[126] ऐसी अवस्था में गुरु नानक की आवाज़ एक क्रान्ति का सन्देश था।

१-सो किउ मंदा आखीऐ, जितु जंमहि राजान। म:१

२- धन पिर एहि न आखीअनि बहनि इकठे होइ।

एक जोति दुइ मूरती, धन पिर कहीऐ सोइ।[127]

नैतिक स्थिति

जिस समय गुरु ग्रंथ के रचयिता गुरु-साहिबान जीवन को [illegible] रहे थे, उस समय, ऐसे जीवन का अभाव सा दिखाई देता था। सत्य का अकाल पड़ा हुआ था। जीवन अति कलुषित हो गया था।[128] पाप का राज्य था, लोभ उस का मंत्री था, झूठ उसका सरदार था, जिसे उसका प्रधानतः प्रयोग करता था। काम उस राज्य का नायब (सहायक राजकर्मचारी) था, जिस से बैठ कर मंत्रणा प्राप्त की जाती थी।[129] काम की सरकारी ने क्या क्या कुफ़र किलाए थे, उनका पता आदि ग्रंथ के अध्ययन से मिलता है। कामातुर पुरुष अपनी स्त्रियों से भी तृप्त नहीं होते थे। परस्त्री गमन का नैतिक पतन ज़ोरों पर था।[130] यहाँ तक कि त्यागी साधु-योगी भी गृहस्थ जीवन का त्याग कर [illegible] में गिरते थे। भक्त नामदेव ने गुरु नानक ने भी पूर्व

१२१- [illegible] पड़ीऐ [illegible]। [illegible] म:१ आ०ग्र०पृ०९५१ तथा
[illegible] गुरु [illegible] जिसु [illegible]। भाई गुरदास, [illegible]
आ०ग्र० पृ० ६५१ नोट २५

१२ -[illegible] गुरो [illegible], [illegible]। म:१ आ०ग्र०पृ० १२८९-९०

१२३- भंडि जंमीऐ भंडि निमीऐ भंडि मंगणु वीआहु।
नानक भंडै बाहरा एको सचा सोइ। आ०ग्र० पृ० ४७३

१२४-(१) [illegible], [illegible] न देवै-[illegible] न देइ [illegible]। म:१ पृ०१५१
(२) [illegible] निमाणा नानक [illegible], [illegible], [illegible] हूँ। म:५
आ०ग्र० पृ० ६६३
(३) [illegible] नो [illegible]। देह निमाणी दुख संताप। म:५
आ०ग्र० पृ० ३७०

इस पतन का अनावरण किया था।[131] कबीर जी भी इस ओर संकेत करते हुए लिखते हैं कि दूसरे के धन, दूसरे के तन तथा दूसरे की स्त्री का अपहरण और निन्दा, तथा झगड़ों का बोल बाला था।[132] यही कारण था कि परवर्ती गुरु ग्रंथ के रचयिताओं को इस पतन के गर्त से लोगों को निकालने के लिये भरसक प्रयत्न करना पड़ा।[133] सुरापान आदि नशों का बहुत प्रयोग था। विलासपूर्ण जीवन का यह विशेष अंग था। आसा राग में गुरु नानक का गुड़ कर गिआन तथा सिरी राग में सच सुरा गुड़ बाहरा दोनों पद इसी ओर संकेत करते हैं।[135] भंग अफीमादि का भी रिवाज था।[136] हिन्दू तथा मुसलमान ग्रंथ दूसरे के अधिकार का अपहरण करना गाय तथा सूअर के वध के तुल्य बताते थे। परन्तु तो भी दोनों जातियों में नैतिक पतन के कारण धर्म ग्रंथों को कोई मान्यता प्राप्त नहीं थी।[137] ऐसा वातावरण कपटाचार को

१२५- सउकनि घर की कंति तिआगी। म:५, आ०ग्रं० पृ० ३६४

१२६- रनां होईआ बोधीआ, पुरस होए सईआद,। म: १, आ०ग्रं० पृ० १२४२

१२७- आ०ग्रं०पृ० ४७३ तथा ७८८

१२८- सचि कालु कूड़ वरतिआ, कलि कालख बेताल। म:१, आ०ग्रं०पृ० ४६८

१२९- लबु पापु दुइ राजा महता, कूड़ होआ सिकदारु।
कामु नेबु सदि पुछीऐ बहि बहि करे बीचारु। म:१, आ०ग्रं० पृ० ४६८

१३०- परदारा पर धनु पर लोभा हउमै बिखै बिकार। म:१, मलार, आ०ग्रं० पृ० १२५५

१३१- घर की नारि तिआगै अंधा, पर नारी सिउ घालै धंधा। भैरउ नामदेव, आ०ग्रं० पृ० ११६५

१३२- परधन परतन परती निंदा पर अपबादु न छूटै। राम कली-कबीर पृ० ९७१

१३३- परधन पर दारा पर निंदा इन सिउ प्रीति निवारि। म:५, आसा। पृ० ३७९। तथा पर धन, पर दारा, सिउ रचिओ बिरथा जनमु सिरावै म:९, सोरठ, आ०ग्रं० पृ० ६३३

१३४- आ०ग्रं०म:१, ३६० तथा रामकली कबीर आ०ग्रं०पृ० ९६९

१३५- सिरि राग म:१ पृ० १५

१३६- तिलंग म: १ पृ० ७२१

१३७- हकु पराइआ नानका उस सूअर उसु गाइ। गुरु पीरु हामा ता भरे जा मुरदारु न खाइ। माझ म:१ आ०ग्रं० पृ० १४१

जन्म देता है। चारों ओर ठगुगों- ठोरों, कपट तथा प्रवंचना का जाल बिछा हुआ था। कबीर जी ने इस वातावरण का वर्णन करते हुए लिखा है: कपटी लोग बहुत प्रपंच करके परधन लूटकर लाते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।[१३८] तभी गुरु नानक ने आवाज़ उठाई कि यदि अन्तरमन में कपट है तो बाहिर की टीप-टाप का लाभ कुछ भी नहीं। जिन के कपड़े बाहिर से बोथड़े दिखाई देते हैं, परन्तु अन्त:करण शुद्ध है, उनके अन्तरमन ने पाट-पंटबर पहन रखा समझो।[१३९] जूआ खेलने का आम रिवाज था।[१४०] लोग रिश्वत लेकर झूठी गवाही दे देते थे।[१४१]

ऐसी अवस्था में आदि ग्रंथ ने शुद्ध सात्विक, विनम्र तथा कपट रहित जीवन जीने के साथ श्रम का आदर करने का सन्देश दिया। जीव दया को सब से महान् बताया।

नम्रता: निवै सु गउरा होइ- म:१[१४२]

मीठा बोलना: मिठतु नीवी नानका गुण चंगिआईआ ततु।।म:१[१४३]

फीका बोलने वाला मूर्ख : फिका मूरखु आखीऐ पाणा लहै सजाइ।[१४४]

अपना कमाया धन खाओ खर्चो: घालि खाइ किछु हथहु देहि। नानक राहु पछाणहि सेइ।। म:१[१४५]

क्रियात्मक गृहस्थ बनो: विचे गिरह उदास रहिआ लिव लाइआ।म:३[१४६]

(२) अमलु करि धरती, बीजु सबदो करि, सच की आब नित देहि पाणी।
होइ किरसाणु ईमानु जंमाइ लै भिसतु दोजकु मूड़े एव जाणी।[१४७]

१३८- बहु परपंच करि परधनु लिआवै। सुत दारा पहि आनि लुटावै। मन मेरे भूले कपटु न कीजै। आ०ग्रं० पृ० ६५६।

१३९- अंदरहु झूठे पैज बाहरि दुनीआ अंदरि फैलु। अठसठि तीरथ जे नावहि उतरै नाही मैलु।। जिन पटु अंदरि बाहरि गुदड़ ते भले संसारि। आसा म:१, आ०ग्रं० पृ० ४७३

१४०- जूऐ खेलणु काची सारी। ऐसा मनु देखिआ जूआरी। गउड़ी म:१, आ०ग्रं० पृ० २२२

१४१- लै लै वढी देनि उगाही, दुरमति का गलि फाहा है। मारू म:१ पृ०१०३२

१४२- आ०ग्रं० पृ० ४७०

आर्थिक अवस्था

पूंजीवाद समाज दो गुटों में बंटा हुआ था। आर्थिक अवस्था का अध्ययन आदि ग्रंथ में अत्यन्त सुचारु रूप से प्रस्तुत किया है। समस्त संसार एक बंदीखाने का रूप बना हुआ था। लोभ लालच का अन्धेरा बन्दी खाना था। अवगुणों को पैरों में बेड़ियां थीं, तथा पूंजीवाद का मुदगर अपना चोट करता था और जेलखाने का जेलर पाप था।[१४८] साम्राज्यवाद के इस अत्याचार को अन्धे तथा मूर्ख लोग मुर्दों की भांति सहन करते हुए बेगार करते थे और शोषण करवाते थे।[१४९] जिस के पास दस एक मन अनाज तथा चार टके गांठ में होते थे। वह टेढा टेढा तथा अकड़ अकड़ कर चलता था, क्योंकि ऐसे व्यक्ति का ही राजसभा में आदर होता था।[१४९] जिस और उसे वहां से सौ सौ गांव तथा दो दो लाख टकों की जागीर मिल जाती थी।[१५०] जब आदर केवल अमीर को ही मिलता था, तब निर्धन को भला कौन पूछता है? कबीर जी कहते हैं, 'निर्धन को कोई आदर नहीं देता था। लाख यत्न करने पर भी उसे धैर्य नहीं मिलता था। यदि निर्धन धनी के यहां जाता था तो धनी उसे देखकर ही पीठ फेर लेता था। परन्तु यदि धनी निर्धन के घर जाता था, तो उसे आदर से बुलाना पड़ता था।[१५१] निर्धन जनता का शोषण केवल शासक वर्ग ही नहीं करता था, वरन् धार्मिक ठेकेदार भी पुजारी-पाठी-ज्योतिषी आदि बन कर भूखी जनता का शोषण करते थे। कहना न होगा कि भक्ति काल के तीन महान नेताओं नामदेव, कबीर तथा गुरु नानक ने केवल नाम सुमरिन का ही सन्देश नहीं दिया, अपितु इस शोषण के विरुद्ध भी आवाज़ उठाई। कबीर जी काशी

१४३- वही।

१४४- आ०ग्र० पृ० ४७३

१४५- आ०ग्र० पृ० ~~४७३~~ १२४५

१४६- आ०ग्र० पृ० १२४६

१४७- आ०ग्र० पृ० २३-२४

१४८- लब अंधेरा बंदी खाना अउगण पैरी।लुहारी पूंजी मार पवै नित मुदगर पापु करे कोटवारी।। म:१ आ०ग्र० पृ० ११९१

१४९- अंधी रयति गिआन विहूणी, भाहि भरे मुरदारु।। म:१, आ०ग्र० पृ० ४६९

१५०- मन दस नाजु टका चारि गांठी, ऐंडौ टेढो जातु। बहुत प्रतापु गांउ सउपाए, दुइ लख टका बरात। सारंग कबीर आ०ग्र० पृ०१२५१

के तत्कालीन पण्डितों के ढोंग का वर्णन करते हुए कहते हैं, इन पण्डितों ने साढ़े तीन तीन गज़ धोतियां पहन रखी हैं और तिहरे तिहरे यज्ञोपवीत डाल रखे हैं। परन्तु इन्हें हरि के सन्त कौन कहता है? यह बनारसी ठग हैं।[१५२] यह लोग अपने बर्तन मांज कर ज़मीन खोद कर चूल्हा बनाकर, लकड़ी धोकर जलाते हैं, परन्तु समूचे आदमी को खा जाते हैं।[१५३] इन लोगों ने ही शूद्र। शूद्र।। कह कर मार मार कर पूजा करते नामदेव को मन्दिर से उठा दिया था।[१५४] गुरू नानक देव स्वयं उच्च सवर्ण हिन्दू जाति में जन्म लेकर भी इन दोनों गुटों में से निम्न वर्ग के साथी बने। महात्मा बुद्ध की भांति उनके कार्य की यही श्रेष्ठता थी।[१५५]

ऐसे वातावरण में अमीर लोग महल चौबारों में रहते थे।[१५६] गरी दुशारे बाते थे, गले में मोतियों के हार[१५८] तथा शरीर पर रेशमी वस्त्र पहनते थे।[१५९] छत्तीस प्रकार के भोजन खाते थे।[१६०] लाखों में खेलते थे।[१६१] इस के उलट गरीब लोग झोंपड़ियों तथा छप्परियों में रहते थे।[१६२] रूखी सूखी और काठ जैसी शुष्क रोटी खाते थे।[१६३] फटे पुराने कपड़े पहनते थे।[१६४]

१५१- निरधन आदरु कोई न देइ। लाख जतन करै ओहु चिति न धरेइ।।
जउ निरधन सरधन कै जाइ। आगे बैठा पीठि फिराइ।
जउ सरधन निरधन कै जाइ। दीआ आदरु लीआ बुलाइ।। आ०ग्रं०पृ० ११५६

१५२- गज साढे तै तै धोतीआ तिहरे पाइनि तग।गली जिना जपमालीआ लोटे हथि निबग।। ओइ हरि के सन्त न आखीअहि बानारसि के ठग।।
आ०ग्रं० पृ० ४७५

१५३- आ०ग्रं० पृ० ४७६

१५४- सूदु सूदु करि मारि उठाइओ, कहा करउ बाप बीठुला। नामदेव मलार
आ०ग्रं० पृ० १२९२

१५५- नीचा अंदरि नीच जाति नीची हू अति नीचु। नानक तिन कै संगि साथि वडिआ सिउ किआ रीस।। म १ आ०ग्रं० पृ० १५

१५६- फरीदा कोठे मंडप माड़ीआं, आ०ग्रं०पृ० १३८०

१५७- गर दुआरे खांदीआं- म:१ आ०ग्रं० पृ० ४१७

१५८- तुटनि मोति सरीआ म: १ आ०ग्रं० पृ० ४१७

१५९- पाट पटंबरू पहिरि। म: १ आ०ग्रं० पृ० २२५

१६०- छतीह अंम्रित भाउ एकु- म:१ आ०ग्रं०पृ० १६
(२) छतीह अंम्रित भोजनु खाणा। म:५, आ०ग्रं०पृ० १००

१६१- इकु लखु लहनि बहिठीआ, लख लहनि खड़ीआ- म:१ आ०ग्रं० पृ० ४१७ तथा

गुरु ग्रंथ में वर्ग-समाज का भी कई स्थानों पर उल्लेख है। ब्राह्मण तथा क्षत्रिय अपने आप को अन्य जातियों की अपेक्षा श्रेष्ठ मानते थे। गुरु नानक देव जी लिखते हैं, योगी लोग ज्ञानी होने का दावा करते थे। ब्राह्मण लोग वेदों पर अधिकार जमाए बैठे थे। क्षत्रियों को अपनी वंशगत वीरता पर अभिमान था। और बेचारे शूद्रों को दूसरों की सेवा(बेगार) करनी पड़ती थी।[१६५] गुरु नानक देव ने भिन्न भिन्न वर्णों के लिये निश्चित किए इन कामों का विवरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है, कि इस प्रकार जातियों में कामों का बांटना ठीक नहीं, प्रत्येक मनुष्य को ज्ञान प्राप्त करनाचाहिए, वेद पढ़ने के सब अधिकारी हैं, अपने स्वमान हित सब को शूरवीरता दिखानी चाहिए। हाथ से काम करना प्रत्येक मनुष्य के लिये लाभकारी है। श्रम का आदर ही समुचित जीवन है।[१६६] भक्त नामदेव जाति के छींपा थे। कपड़े धोने, छापने तथा सीने का काम करते थे। दर्जी सूई, कैंची का वर्णन उन की रचना में मिलता है।[१६७] कबीर जी ने नामदेव तथा भक्त त्रिलोचन की एक वार्ता अपने दो दोहों में वर्णन करते हुए श्रम की महिमा बताई है। त्रिलोचन, नामदेव को मिलने गए नामदेव जी छायलों को छाप रहे थे। त्रिलोचन ने उन से कहा, नामदेव। माया से क्यों मोहित हो गए हो। छायलों को ही क्यों छापते रहते हो। राम नाम में मन क्यों नहीं लगाते? नामदेव ने कहा भाई त्रिलोचन मुख से राम नाम का सुमरिन करो, तथा हाथ पाऊं से कार्य करो।[१६८] काम ही भक्ति है, यह आदि ग्रंथ के प्रत्येक रचयिता का जीवन सिद्धान्त था। कबीर जुलाहे का काम करते थे। गुरु नानक ने १५२१ से १५३६ तक करतार पुर में हल चला कर जीवन यापन किया।

१६२-(१) किचर कति लंघाईऐ छपरि तुटै मेहु।। फरीद आ०ग्रं० १३७८

(२) पाडु पडोसणिपूछिले नामा का पहि छानि छवाई हो ।। आ०ग्रं०पृ० ६५७

१६३- फरीदा रोटी मेरी काठकी- लावण मेरी भुख। जिना खाधी चोपड़ी घणे सहनिगे दुख। (?) रुखी सुखी खाइ कै ठंडा पाणी पीउ।

फरीदा देखि पराई चोपड़ी न तरसाए जीउ।। आ०ग्रं० पृ० १३७६

१६४- बाहरि गुदड़ - म: १ आ०ग्रं० पृ० ४७३

१६५- जोग सबदं गिआन सबदं बेद सबदं ब्राहमणाह। खत्री सबदं सूर सबदं,सूद्र सबदं पराकृतह।। म:१ आ०ग्रं० ४६६

१६६- सरब सबदं एक सबदं, जे को जाणै भेउ। आ०ग्रं० ४६६, घालि खाइ किछु हथहु देहि। आ०ग्रं० पृ० १२४५

१६७- मन मेरो गजु जिहबा मेरी काती। - रांगनि रांगउ सीवनि सीवउ।।

सुइने की सुई रुपे का धागा। नामदेव आ०ग्रं० पृ० ४८५

१६८- सलोक कबीर संख्या २१२,२१३, आ०ग्रं० पृ० १३७६

रविदास चमार का काम करते थे। धन्नाभगत जाट का कामकरते थे। सैन नाई थे, सधना कसाई थे। गुरु नानक की रचना में किसान, खेत, हल, बैल, सुहागा, बीज पानी आदि का वर्णन उनके अपने व्यवसाय के कारण है।[१६६] उनकी बाणी में, अन्य कई व्यवसायों के रूपक भी मिलते हैं। जपु जी साहिब में सुनार का वर्णन है।[१७०] माझ की वार में लोहार का वर्णन है।[१७१] सिरी राग में माली,[१७२] राज मिस्त्री,[१७३] मछेरे,[१७४] सिपाही[१७५], धाणुक[१७६] आदि का वर्णन मिलता है। धाणक एक तीर कमान लेकर शिकार करके जीवन-यापन करने वाली जाति थी। इसका निवास हरियाणा, उत्तरप्रदेश तथा राजस्थान में अब भी है। वहां के लोग इन्हें नीच समझते हैं। धाणुक के हाथ में धनुष होता है। गुरु नानक ने परमात्मा को भी धाणुक रूप में देखा वह 'धाणुक' उनका 'सारंग पाणि' बन गया। यह सब उनकी नीच जातियों से प्रीति के कारण है। वे तो अवर्ग तथा वर्ग निर्पेक्ष समाज के प्रवर्तक थे। किसी ने उन्हें भूतना तथा बेताला कहा तो किसी अन्य ने उन्हें आदमी कहा।[१७७]

आदि ग्रंथ के कवियों ने आर्थिकता के कुछ विशेष तथ्यों पर भी प्रकाश डाला है। अन्न मनुष्य के स्वास्थ्य तथा जीवन के लिये अनिवार्य है। कबीर ने अन्न को परमात्मा कहा और इस से सारी उत्पत्ति बताई है।[१७८] यह औपनिषदिक विचार है।[१७९] गुरु नानक देव कहते हैं खान पान पवित्र है अतः पवित्र भोजन जो परमात्मा ने व्यवसाय के रूप में दिया है, उसका सेवन करना चाहिए।[१८०] कबीर जी

१६६- इहु तनु धरती, बीजु करमा करो सलिल- म: १, पृ० २३१
खेती: हरी नही ना हढुरी पको वढणहार- पृ०४३ तथा
मन हालो, किरसाणी करणी, सरमु पाणी तन खेतु। नामु बीजु संतोखु सुहागा रखु गरीबी वेसु। म:१ आ०ग्रं० पृ० ५६५ लोग गठावे पनही-सोरठ रविदास आ०ग्रं० पृ० ६५६
१७०- जतु पाहारा धीरजु, सुनिआरु, अहरणि मति, वेदु हथिआरु।। आ०ग्रं पृ०८
१७१- कैहा कंचनु तुटै सारु। अगनी गंढु पाए लोहारु। आ०ग्रं० पृ० १४३
१७२- जाके रुख बिरख आरउ -म: १, पृ० २५
१७३- कचा रंग कचा जिचि राजु- म:१ पृ० २५
१७४- आपे माछी मछुली आपे पाणी जालु- म: १ आ०ग्रं० पृ० २३
१७५- सिपाही- सिरी राग- ४-७- पृ० १६
१७६- धाणक रूप रहा करतार- १-४-२६, सिरी राग म:१, पृ० २४

ने तो भक्ति के लिये भी आर्थिक दशा का संतोषजनक होना जरूरी बताया है। उन्हों ने कहा है, 'भूखे भक्ति न कीजे। यह माला अपनी लीजे।' तथा उन्हों ने अपना प्रति दिन की खुराक का ब्योरा भी लिख दिया है। दो सेर आटा, पाओ घी, नमक, आध सेर दाल- यह दो जून का राशन मांगा है। सोने के लिये चार पायों वाला खाट मांगा है। तकिया, तलाई, लिहाफ की भी आवश्यकता बताई है। तथा अन्त में लिखते हैं कि यह कोई लोभ नहीं किया वरन् यह तो जीवन की आवश्यकताएं हैं।[१८१] तत्कालीन अर्थ-व्यवस्था के कारण किसी के पास अधिक और किसी के पास कुछ भी नहीं था। फलत कवियों ने अनुपयुक्त-वितरण की ओर भी संकेत किया है। फरीद जी कहते हैं, किसी के पास बहुत अधिक आटा है और किसी के पास नमक भी नहीं।[१८२] तभी तो धन्ना भक्त ने कबीर की भान्ति अपनी आवश्यकता की चीज़ों का विवरण देते हुए कहा था, 'आटा दाल, घी आदि मिल जाए तो खुशी की बात है। अच्छी सी जूती तथा वस्त्र भी चाहिएं। जाट थे, अत: खेती का पूरा ज्ञान था। अनाज ऐसी खेती का मांगते हैं, जो सात बार बाही जोती गई हो। इन वस्तुओं के अतिरिक्त दूध के लिये गाय-भैंस भी मांगते हैं। इसी प्रकार एक अच्छी सी घोड़ी मांगते हैं। संभवत: कहीं आने जाने के लिये बहुत समय न लगे, तथा घोड़े से खेती के काम में बाधा न पड़े। किसान अपने काम में इतना व्यस्त होता है कि उसे खेतों से अवकाश नहीं मिलता। इस लिये घर का प्रबंध चलता रखने के लिये गृहिणी भी अच्छी सी मांगते हैं।'[१८३]

उस समय जब योगी, सन्यासी आदि गृहस्थ जीवन का त्याग बताते थे, आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने जीवन से भागने की अपेक्षा इसे ठीक ढंग से जीने का उपदेश दिया। जनता के शोषकों को राक्षस बताया।[१८४] तथा एक साम्यवादी अर्थ व्यवस्था का दृश्य प्रस्तुत किया, जिस में सब लोग समान होते हैं।[१८५] गुरु ग्रंथ के रचयिताओं को वर्ण-व्यवस्था तथा तद्‌जनित घृणा से अत्यधिक घृणा थी। वे लोगों को हिन्दू मुसलमान नहीं वरन् मानव बनाना चाहते थे। इस लिये उन्हों ने अर्थ व्यवस्था के अनुपयुक्त-वितरण की पृष्ठ-भूमि में इस वर्ण-

---

१७७- कोई आखै भूतना कोई कहै बेताला। कोई आखै आदमी नानकु वेचारा।
    मारू म:१ आ०ग्रं० पृ०

१७८- गौंड कबीर - आ०ग्रं० पृ० ८७३

१७९- तैतिरयोपनिषद- २-२-१।

१८०- खाणा पीणा पवित्रु है दितोनु रिजकु संबाहि। आ०ग्रं० पृ० ४७२

१८१- आ०ग्रं० पृ० ६५६

व्यवस्था को कारण समझा। गुरु अमर दास जी कहते हैं, 'हिन्दू के घर हिन्दू जन्म लेता है और सूत-जनेऊ पहन कर बड़ा बनता है। परन्तु बुराई करते हुए भी वह कैसे बड़ा हो सकता है? मुसलमान अपनी बड़ाई करते हैं परन्तु बिना शुभ कर्मों के किसी का उद्धार नहीं होगा।[१८६] कबीर को तो उस कर्ता से भारी गिला है, जिसने मानव को हिन्दू-मुसलमान के गुटों में बांट दिया।[१८७] इसी कारण नानक दरवेश ने भी अपनी जाति को कोई नहीं माना। सब को मानव कहा।[१८८]

गुरु नानक देव जी ने एक विश्व-अर्थ शास्त्री के रूप में यह भली भांति समझ लिया था, कि अमीर आदमी ~~कक~~ दूसरों का अधिकार छीन कर, अत्याचार द्वारा पाप कर्मों से अमीर बने हैं। अमीर का अमीर होना तथा गरीब का गरीब होना अमीर द्वारा गरीब का शोषण है।[१८९] ~~इसका~~ उनका यह दृढ़ विश्वास था कि अपनी नेक कमाई से कोई अमीर नहीं बनसकता। इस का कारण स्वामी-दास प्रथा है। स्वामी के हां धन-वैभव तथा बहुतात है, दास के हां खाने को दो जून का भोजन नहीं और वह रोटी के लिये हाथ फैलाता है। परन्तु आदि ग्रंथ के रचयिता मांग कर खाने से मर जाना अच्छा समझते हैं।[१९०] डा० इकबाल ने इस बात को कई शतियों पश्चात् नवीन ढंग से कहा था, 'ऐ स्वर्गीय पक्षी। उस दाने से मौत अच्छी है, जिस के चुगने से गगन-विहार में बाधा पड़ती हो।'[१९१] दास प्रथा की इस बुराई के विरुद्ध ज़ोरदार आवाज़ उठाते हुए दासों को गुरु नानक ने कहा था, धनी पुरुषों के पास अधिक धन है। उन्हें धन की चिन्ता तथा भय रहता है, तुम्हें कैसा डर है? जब भी समय आये गा। इन धनी सरदारों ने तुम्हारे हाथों मरना है।[१९२] यह दासों के लिये, अमीरों सरदारों, पूंजीपतियों आदि के विरुद्ध एक महान संदेश था, जिसमें क्रान्ति निहित थी।

१८२- फरीदा इकना आटा अगला, इकना नाहीं लोण- आ०ग्रं० पृ० १३८०

१८३- आ०ग्रं० पृ० ६६५

१८४- जे रतु लगै कपड़ै जामा होइ पलीतु।जो रतु पीवहि माणसा तिन किउ निरमल चीतु। म:१ आ०ग्रं० पृ० १४०

१८५- एक नूर ते सब जग उपजिआ कउन भले को मंदे। कबीर प्रभाती आ०ग्रं०पृ०१३४९

१८६- हिन्दु के घरि हिन्दू आवै - - - मुसलमान रे वडिआई - - - करणी बाझहु तरै न कोई। आ०ग्रं० पृ० ९५१-९५२

१८७- हिन्दू तुरक कहा ते आए किनि एह राह चलाई। आसा: कबीर आ०ग्रं०पृ०४७७

१८८- फकड़ जाती फकड़ु नाउ ।। सभना जीआ इका छाउ।। म:१, आ०ग्रं०पृ०८३

१८९- पापा बाझहु होवै नाही मुइआ साथि न जाई- म:१ आ०ग्रं०पृ० ४१७

६- व्यवहारिक स्थिति : हिन्दू लोग स्वच्छता की ओर अधिक ध्यान देते थे। खाना पकाते समय लकड़ी को धो कर जलाते थे। विशेष प्रकार का चूल्हा बनाते थे। चौका बनाकर उसमें किसी को आने नहीं देते थे। परन्तु इस पर भी शासकों की ही नकल कर के उन के धर्माचार का पालन करते थे। नैतिक स्थिति में इस ओर संकेत किया गया है। मुसलमान ऐश्वर्य पूर्ण तथा विलासमय जीवन व्यतीत करते थे, यह उनके धार्मिक सिद्धान्तों में मान्य था।[१९३] आर्थिक स्थिति में वर्ण-व्यवस्था की ओर भी ध्यान दिलाया गया है। लोग अपने अपने वर्ण का व्यवसाय करते थे। शूद्रों की दशा दयनीय थी। लोगों के आम पेशे, किसान, लोहार, मोची, दर्जी, जुलाहा, मेहेरा धाणक आदि के थे। ब्राह्मण लोग पूजा का धान खाते थे और अन्य वनवासियों को लूटते थे। कबीर ने इन को बानारसो ठग कहा है।[१९४] चौपड़, शिकार, बाजी का तमाशा आदि लोगों के मनोरंजन थे।[१९५] लोग जुआ भी खेलते थे।[१९६] शराब पीने का आम रिवाज था और शराब निकाली भी जाती थी। गुरु ग्रंथ में लिखा है कि गुड़ तथा महुए (धावे) के फूलों से शराब निकाला जाती थी। कबीरतथा गुरु नानक ने शराब निकालने की भाठी का पूरा विवरण दिया है।[१९७] गुरु ग्रंथ में राजाओं के व्यवहारिक जीवन का वर्णन है। उनकी सेना चार प्रकार की थी: हाथी रथ-घोड़े तथा पैदल। तुपक (छोटा तोप) का वर्णन बाबर के आक्रमण के समय गुरु नानक ने किया है। प्रकोटों की दीवारें दोहरी और पक्की होती थीं और उन के आस पास तिहरी खाई होती थी। उनके ऊंट, घोड़े, हाथी, खापर, निवारी पलंग, तंबू कनात (सराचे) कीमखाब (लालरी) सिर पर फूलत सुनहरी छत्र, नेज़ बाजे, कहे चारों ओर से नमस्कार, बड़े बड़े प्रासाद, हरम-रनिवास, अनेक स्त्रियां उनके नौकरों की लाल वर्दी, गलीचे, बगीचे, चोआ चन्दन की महक, कीमती वस्त्रों तथा सुसज्जित सेजों का स्थान स्थान पर वर्णन है।[१९८] इसी शाही ठाठ तथा विलासमय

१९०- फरीदा बारि पराइऐ बैसणा सांई मुझै न देहि। जे तू एवै रखसी जीउ सरीरहु लेहि।। आ०ग्र० पृ० १३८०

१९१- ऐ तायर-ए-लाहूती, उस रिज़्क से मौत अच्छी, जिसरिज़्क से आती हो परवाज़ में कोताही। बाले-जबरील, गज़ल न० ३४, पृ० ३८, मकतबा बुक डिपो, दिल्ली-६।

१९२- जिस सिकदारी, तिसहि खुआरी, चाकर केहे डरना।
जा सिकदारै पवै जंजीरी ता चाकर हथहु मरणा । रामकली म:१,
आ०ग्र० पृ० ९०२

जीवन के प्रति गुरु नानक को घृणा हुई थी और उन्होंने कहा था : पापा बाझहु होवै नाही मुआ साथि न जाई।[199] गरीब अमीर के मध्य पारंपरिक अन्तर की ओर अर्थ-व्यवस्था के अन्तर्गत विचार हो चुका है।

लोग बैसाखी, बसंत, होली, फाग, दीवाली, दुसहरा आदि त्योहारों को मनाते थे। इन त्योहारों का आदि ग्रंथ में स्थान स्थान पर वर्णन है।[200]

खान पान आदि का उल्लेख आर्थिक जीवन के अंतर्गत हो चुका है। उस समय दास-स्वामी व्यवस्था के कारण लोक जीवन सुखी नहीं था।[201]

७- संख्यापरक पद्धति : सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन प्रस्तुत करते समय, कुछ एक परंपरागत विश्वासों तथा रूढ़ियों को आधार मान कर आदि ग्रंथ में उन तत्वों को ढूंढने का प्रयत्न किया गया है। प्राचीन साहित्य में जिन संख्याओं का सांस्कृतिक महत्व स्वीकार किया गया है, उनका आदि ग्रंथ में किस प्रकार प्रयोग हुआ है, उसका विवरण प्रस्तुत है:-

---

१९३- बाबर-ब-ऐश कोश कि आलम दुबारा नेस्त- (बाबर ऐश कर ले, दुनिया में फिर नहीं आना) - तोजुके बाबरी

१९४- आ०ग्रं० पृ० ४७५

१९५- नटूवै सांग बणाइआ बाजी संसारा- इसमें चउपड़ि खेलणा- आ०ग्रं०पृ० ४२२ तथा मिग पकरे घरि आणे हाटि-चुख चुख ले गए बादि बाटि। आ०ग्रं० पृ० ११३६।

१९६- जूवै खेलण काचो सारी। (जैसा जगु देखिआ जूआरी)। म:१, आ०ग्रं० पृ०२२२

१९७- गुरु नानक: गुड़ करि गिआन धिआनु करि धावै करि करणी कसु पाईऐ। भाठी भवनु प्रेम का पोचा इतु रसि अमिउ चुआईऐ। आ०ग्रं०पृ०३६०

कबीर: गुड़ु करि गिआन धिआनुकरि महूआ- भउ भाठी मन धारा। आ०ग्रं० पृ० ९६९

१९८- श्री गुरु ग्रंथ साहब दी साहित्तक विशेषता- गोपाल सिंह -पृ० ८६

१९९- आ०ग्रं० पृ० ४१७

२००- (१) नानक वैसाखी प्रभु पावै सुरति सबदि मनु लीना। आ०ग्रं० पृ० ११०८

(२) माह माह मुमारखी चड़िआ सदा बसंत। आ०ग्रं० पृ० ११६८

(३) आजु हमारे बने फाग। आ०ग्रं० ११८०

(४) आज हमारै ग्रिहि बसंत। होली कीनी सन्त सेव। आ०ग्रं० पृ० ११८०

(५) दीपक सबदि बले। म: १- आ०ग्रं० पृ० ११०९

(६) गुर गिआन साचा थानु तीरथु दस पुरब सदा दसाहरा। म:१ पृ० ६८७

एक: परमात्मा एक है, उसका नाम सत्य है। वह सृष्टि का रचयिता है, उसे किसी का भय नहीं, उसका किसी से वैर नहीं। वह अकाल-मूर्ति, अयोनि, स्वयंभू तथा गुरु कृपा से जाना जाने वाला है।[202]

युग्म: जोड़ा- सूर्य चान्द, पुरुष स्त्री आदि।

तीन: योगियों की तीन क्रियाएं, रेचक, पूरक, कुंभक।[203] तीन प्रकार के ताप: (आध्यात्मिक, अधिभौतिक, अधिदैविक)[204] तीन प्रकार की पवन: शीत, मंद, सुगंध[205] तीन प्रकार की व्याधियां (आधि, व्याधि, उपाधि)[206] तीन अवस्थाएं : वेदों का विषय तीन गुणों की क्रिया से संबंधित है। (त्रैगुण्यविषया वेदा, निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन।- राजस, तामस, सत्वगुण)[207] तीन लोक: मृत्यु लोक, स्वर्ग लोक, पाताल लोक,[208] तीन देवता: ब्रह्मा, विष्णु, महेश[209] तीन नदियां: कर्म, ज्ञान, भक्ति।[210]

चार: चार वेद(ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद)[211] चार युग: सत्य, त्रेता, द्वापर, कलि[212] आत्मा की चार अवस्थाएं: तीन ऊपर वर्णित, चौथी तुरिया चार वर्ण- चार आश्रम: ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र- आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, सन्यास[213] चार पदार्थ: धर्म, अर्थ, काम मोक्ष,[214] चार किल विष (ब्रह्म हत्या, सुरापान, चोरी, गुरु-स्त्री-गमन अथवा: एक अन्य मत, ब्रह्म हत्या, गौ-हत्या, दुहिता हत्या, भ्रष्टाचार[215] चार दिशाएं: पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण[216] चार खाणियां: अंडज, जेरज, स्वेदज, उद्भिज[217], चार मुक्तियां: सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सायुज्य[218] सूफी मत के चार मार्ग: शरीयत, मारिफत, तरीकत, हकीकत[219][220]

२०१- नानक दुखीआ सभु संसार। म:१ आ०ग्रं० पृ० ९५४

२०२- आ०ग्रं० पृ० १

२०३- रेचक पूरक कुंभक करै। आ०ग्रं० पृ० १०४३

२०४- आधि न साकहि तीने ताप। आ०ग्रं० पृ० ७४३

२०५- सीत मंद सुगंध चलिओ सरब थान। आ०ग्रं० पृ० १०१८

२०६- आधि बिआधि उपाधि- आ०ग्रं० पृ० १२२३

२०७- गीता २-४२, तीनि अवस्था कलि- आ०ग्रं० पृ० १५४

२०८- तीन त्रिलोक समाधि- आ०ग्रं० पृ० ६७४

२०९- तीन देव आ०ग्रं० पृ० ३४४,४६८, ब्रह्मा बिसन महेसि- आ०ग्रं० पृ० ६०८,१०१३

२१०- तीनि नदी- आ०ग्रं० पृ० ३४४

२११- चारे बेद कथहि आकारु- आ०ग्रं० पृ० १५४

२१२- सतियुग सतु तेता जगी, दुआपरि पूजाचार.. कलि केवल नाम आधार।
आ०ग्रं० पृ० ३४६

पांच: पांच ज्ञान इन्द्रियां: नाक, कान, नेत्र, जिह्वा, त्वचा[221]; पांच कर्म इन्द्रियां: हाथ, पैर, मुंह, गुदा, लिंग[222]; पांच तत्व: पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश[223]; पांच प्राण: प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान;[224] पांच तन्मात्र: शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध[225]; पांच विकार: काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार।[226] पांच नमाजें (नमाजे सुबह, नमाजे पेशीन, नमाजे दीगर, नमाजे शाम, नमाजे खुफ्तन)[227]

छ: छ: दर्शन: योग, सांख्य, न्याय, वेदान्त, पूर्व मीमांसा, उत्तर मीमांसा[228] छ: कर्म: यज्ञ करना, यज्ञ कराना, विद्या पढ़ना, विद्या पढ़ाना, दान देना, दान लेना;[229] छ: चक्र: मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा[230]

२१३- तुरिआ अवस्था सतिगुर ते- आ०ग्रं० पृ० १५४

२१४- (१) ब्रहमन बैस, सूद अरु खत्री आ०ग्रं० पृ० ८५८

(२) चारि बरन चारि आस्रम- आ०ग्रं० पृ० १२६७

२१५- परधु अबध सभु कामु मोहु है- आ०ग्रं० पृ० १३२०

२१६- देखिए संख्या कोष पृ० ४३ तथा चारे किलविख उनि अघ किए- आ०ग्रं०पृ०७०

२१७- चारि कुंट दह दिस भ्रमे- आ०ग्रं० पृ० १३३

२१८- अंडज, जेरज, सेतज उतभुज घटि घटि जोति समाणी- आ०ग्रं० पृ० ११०६

२१९- चारि मुकति चारै सिधि- आ०ग्रं० पृ० ११०५

२२०- आ०ग्रं० पृ० १०८३

२२१- पंच सखी हम एक भतारो। आ०ग्रं० पृ० ३५६

२२२- बीस सपताहरो(५ सूक्ष्म, ५ स्थूल, ५ ज्ञान, ५ कर्म इन्द्रियां) (पांच प्राण + मन + बुद्धि) शब्दार्थ आ०ग्रं० पृ० २३

२२३- अपु तेज वाइ प्रिथवी- आ०ग्रं० पृ० १०३१

२२४- पंच पछाआ दर महि रहतो। आ०ग्रं० पृ० ३२६

२२५- रूप रंग सुगंध, भोग, तिआगि चले माइआ छले कनिक कामिनी म: ५, आ०ग्रं०८०१

२२६- काम क्रोध अरु लोभ मोह बिनसि जाइ अंहमेवा। म: ५ आ०ग्रं० पृ० २६६

२२७- पंज निवाजां वखत पंज- म: १, आ०ग्रं० पृ० १४१

२२८- षट दरसन सभे परे- कबीर आ०ग्रं० पृ० १३७५

२२९- षट करम कुल संजुगतु है- रविदास- आ०ग्रं० पृ० ११२४

२३०- उलटत पवन चक्र षटु भेदे, -कबीर आ०ग्रं० पृ० ३३३

(२) छठि खटु चक्र- कबीर पिता- आ०ग्रं० पृ० ३४३

छः दिशाएं: उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, ऊपर तथा नीचे,[२३१] छः यती: जैन परंपरा में अभिभूत छ: यती[२३२], नानक प्रकाश में छ: यतियों के नाम इस प्रकार दिए हैं।[२३३]

अब छः जती गुणों दे जानो। लछमण, गोरख अर हनुमाना।
भीषम, भैरव दत्त पछानो।

छः भेष (योगी, जंगम, जैनी, सन्यासी, बैरागी, वैष्णव[२३४] ; आदि) में इन छः भेषों पर भिन्न भिन्न स्थानों पर टिप्पणियां मिलती हैं।

१- जोगी, जंगम, सन्यासी : जोगी जंगम अरु संन्यासी- म:६ बसंत[२३५]
२- जैनी : जैन मारग संजम अति साधन: सुखमनी म:५[२३६]
३- बैरागी : जो मनु मारहि अपणा, सो पुरख बैरागी राम।म:३[२३७]
४- वैष्णव : कबीर बैसनउ की कूकरि भली, साकत की बुरी माइ।।[२३८]

छः राग: भैरव, मालकौस, हिंडोल, दीपक, श्रीराग, मेघ राग[२३९], छः रस: मीठा, नमकीन, चटपटा, तीखापण, खट्टा तथा कड़ुवा।[२४०] ऋतुएं छ:: वसन्त, ग्रीष्म, पावस, शरद, हेमन्त, शिशिर।[२४१]

२३१- छह दिस धाए- कबीर तिन्ती- आ०ग्रं० पृ० ३४३
२३२- छिअ जती माइआ के बंदा-कबीर आ०ग्रं०पृ० ११६०
२३३- संख्या कोश पृ० ६६ तथा शब्दार्थ अं०ग्रं० पृ० ११६०
२३४- संख्या कोश पृ० ६७
२३५- आ०ग्रं० पृ० ११८६
२३६- आ०ग्रं० पृ० २६५
२३७- आ०ग्रं० पृ० ५६६
२३८- आ०ग्रं० पृ० १३६७
२३९- आ०ग्रं० पृ० १४२६ (रागमाला)
२४०- सभि रस मिठे मंनिऐ सुणिऐ सालोणे।
खट तुरसी मुखि बोलणा- आ०ग्रं० पृ० १६
२४१- रुति सरस बसंत.. ग्रीखम रुति अति गाखड़ी.. रुति बरसु सुहेलीआ...
रुति सरद अहंबरो.. रुति सिसीअर, हिमकर रुति मनि मानधतो- आ०ग्रं०पृ०६२७-२

सात: वार : रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि;[२४२] धातु : चर्म, रुधिर, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, वीर्य;[२४३] आकाश-पाताल : ७-७ चौदह- लोक कादरि के वि... जाप,[२४४] सात द्वीप: जंबू, प्लक्ष (शाक) शाल्मलि, कुश, क्रौंच, शाक, पुष्कर; सात सागर: क्षीर, दधि, घृत, ईख, मधु, मीठे जल का, खारे जल का;[२४५] सात पाताल: अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल, पाताल, मुसलमानी विश्वास के अनुसार: ... , ..., ..., ..., ..., ..., ...[२४६], सात पुरियां (अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, कांची (मद्रास के चेंगलपट जिले में), अवन्तिका (उज्जैन) द्वारावती (द्वारिका)- अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची अवंतिका। पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायका:[२४७] सात सुर: षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत, निषाद।[२४८]

आठ: धातु (सोना, चांदी, तांबा, जस्त, पारा, कला, लोहा, सीसा);[२४९] शारीरिक धातु: माता से- मांस, नाड़ी, त्वचा, रक्त; पिता से: अस्थि, मज्जा, चर्बी, वीर्य[२५०], आठ सिद्धियां : अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशिता, वशिता;[२५१] आठ पुत्र : दशरथ राजा के आठ आठ पुत्र,[२५२] आठ पहर: दिन रात के[२५३]

२४२- पंद्रह तिथीं सात वार- कबीर ग्रं० पृ० ३४३

२४३- सात सूत ... बिलावल कबीर ग्रं० पृ० ८५६

२४४- संख्या कोश : पृ० १०७, तथा कादरि कादह लोक ... ग्रं० पृ० ३४३

२४५- सपत ... सागरा, वार ग्री म:४, ग्रं० पृ० ८४

२४६- सपत पाताल की वाणी- ... ग्रं० पृ० ६३

२४७- तीर्थ पारिजात से संख्या कोश पृ० ११५ पर उद्धृत, तथा
जल थलि जीआ पुरीआ लोआ आकारा आकार। ग्रं० पृ० ४६६

२४८- पंच तंत्र करि ... , सात सुरां है वाले। म: ५ ग्रं० पृ० ८८५

२४९- आठ धातु पातशाह की घड़ीऐ ... विगास । म:१ ग्रं० पृ० ६१

२५०- संख्या कोश - पृ० १२३, भ... कोश-पृ० १६

२५१- अठ सिधि नव निधि ... - म: ५ ग्रं० पृ० ११०४

२५२- ... पृ० १४२६-३०।

२५३- आठ पहर ... - ग्रं० पृ० २००

नौ: नव ग्रह : सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुद्ध, बृहस्पति, शुक्र, शनिश्चर, राहु, केतु;[२५४] नौ द्वार : दो आँखें, दो कान, दो नासिका, एक मुंह, गुदा, मूत्रद्वार;[२५५] नौ ध्वनियां: गुरु ग्रंथ की वारें;[२५६] नौ निधियां: पद्म, महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील, खर्व- मार्कण्डेय पुराण अध्याय-६८;[२५७] नवधा भक्ति: श्रवण, सुणि सुणि जहु मन निरमल होवै- आ०ग्रं०पृ० ७८०; २- कीर्तन: कथा कीरतन राग नाद धुनि इहु बनिओ सुभाउ। आ०ग्रं० पृ० ८१८; ३- स्मरण: हरि हरि कबहू न मनहु बिसारे, आ०ग्रं० पृ० २१०; ४- पादसेवन: हरि चरण कंवल मकरंद लोभित मनो, अनदिनो मोहि आही पिआसा। आ०ग्रं०पृ० १३; ५- अर्चन: चरणी हूं जे रहे घट अंतरि पूजा होइ, आ०ग्रं० पृ० ४८९; ६- वन्दना: नमसकार डंडउति बंदना, अनिक बार जाउ बारे, आ०ग्रं० पृ० ८२०; ७- सख्य: तू मेरा सखा तू ही मेरा मीत। तू मेरा प्रीतम तुम संगि हीत। आ०ग्रं० पृ० १८१; ८- दास्य: मुल खरीदी लाला गोला, मेरा नाउ सभागा। गुर की बचनी हरि बिकाना जितु लाइआ तितु लागा। म:१, आ०ग्रं० पृ० ९९१; ९- आत्म निवेदन: अब हम चली ठाकुर पहि हारि। जब हम सरणि प्रभु की आई, राखु प्रभु भावै मारि। देवगंधारी म:४, पृ० ५२७-२८; यह 'भगति नवै प्रकारा' अर्थात् नौ प्रकार की भक्ति है।[२५८]
नौ द्रव्य : पृथ्वी, पानी, तेज, वायु, आकाश, काल, दिग्, आत्मा, मन।[२५९]
नौ खंड : कुरु, हिरण्यमय, रम्यक, इला, हरि, केतुमाल, भद्राश्व, किन्नर, भारत;[२६०]
नौ नाथ: नाथ परंपरा में आविर्भूत नव नाथ, आदि नाथ, मत्स्येंद्र नाथ, उदयनाथ, संतोषनाथ, कंथड़ नाथ, सत्य नाथ, अचंभनाथ, चौरंगी नाथ तथा गोरखनाथ। एक और मत के अनुसार: आदि नाथ, संतोष नाथ, शेष नाथ, अचंभ नाथ, गजकंठनाथ प्रज्ञानाथ, मत्स्येंद्र नाथ, गोरख नाथ।[२६१]

२५४- नव ग्रह कोटि ठाढ़े दरबार- कबीर आ०ग्रं० पृ० ११६३
२५५- नउ दरवाजे, आ०ग्रं० पृ० ११०, १५२, ६५४, १३२३।
२५६- नौ वारों पर लोक साहब की नौ ध्वनियां (आदि ग्रंथ)
२५७- सलोक कबीर- १५२ राम राजा नउ निधि मेरै- आ०ग्रं० पृ० ११०७
२५८- भगति नवै परकारा। पंडित वेद पुकारा। म:५, आ०ग्रं० पृ० ७१
२५९- नउ नाइक की भगति पछानै। आ०ग्रं० पृ० ८७३
२६०- नवै खंड की पृथमी मांगै। राग कबीर आ०ग्रं० पृ० ४७७
२६१- भजन कीत-५१४, गुण गावहि नवनाथा। आ०ग्रं० पृ० १३९०

दस: अवतार : २४ माने गए हैं। मुख्य दस ही हैं। आदि ग्रंथ में अवतारों की संख्या दस ही दी गई है। (सत्य युग: मत्स्य, कच्छप, बाराह, नरसिंह, वामन, त्रेता: परशुराम, श्री राम चन्द्र, द्वापर: श्री कृष्ण, कलि: बुद्ध तथा कल्की)[262], दस इन्द्रियां: पांच कर्म, पांच ज्ञान;[263] दस दिशाएं : चार मुख्य, चार कोने, ऊपर तथा नीचे,[264] दस दशाएं। पुरुष की- दूध, माता पिता, भाई-भाभी -स्त्री, खेल, ज्ञान, धन, नाम, संख्य, क्रोध, बुढ़ापा, मृत्यु,[265] दस पर्व: हिन्दू मत के अनुसार- अष्टमी, चौदस, पूर्णमासी, संक्रांति, उत्तरायण, दक्षिणायण, व्यतिपात, चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण। एक अन्य मत, ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, दसवीं तिथि, हस्त नक्षत्र, बुधवार, गुरुकरण, आनंद योग, वृतिपात, कन्या का चांद, वृष का सूर्य।[266] सन्यासियों के दस पंथ: तीर्थ, आश्रम, वन, अरण्यक, गिरि, पर्वत, सागर, सारस्वती, भारती, पुरी।[267] दस वायु: प्राण, समान, अपान, व्यान, उदान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनंजय।[268]

बारह: योगियों के बारह पंथ: हेतु, पाव, आई, गम्य, पागल, गोपाल, कंथड़ी वन, धज, चोली, रावल तथा दास पंथ।[269] बारह वान्नि अथवा बानी का सोना: बारह बार साफ किया हुआ सोना।[270] बारह योजन छत्र: दुर्योधन का छत्र बारह योजन पर फैला था।[271] बारह महीने: देखिए बारह माह माझ म:१, तुखारी छन्त म:१।[272] बारह सूर्य: विवस्वान, अर्यमा, पूषा, त्वष्टा, सविता, भग, धाता, विधाता, वरुण, मित्र, शुक्र, उरुक्रम,[273] चक्र : अनाहत चक्र, जिसमें बारह दल होते हैं।[274]

२६२- हुकम उपाए दस अवतारा। म:१, आ०ग्रं० पृ० १०३७

२६३- निरतन करे दसों अंद छूटे। आ०ग्रं० पृ० ४८०

२६४- चार कुंट दह दिस भ्रमे- म:५, आ०ग्रं० पृ० १३३

२६५- पहिले पियारि लया थनदुधि- दूजे दया होवा गुमाला। म:१, आ०ग्रं०१३७

२६६-दस पुरब सदा दसाहरा- आ०ग्रं० पृ० ६८७

२६७- (१) बहुविध भेख सनिआसी। आ०ग्रं० पृ० १३३२ (२) संनिआसी छित्र आ०ग्रं० पृ० ६४१, (३) गुरुमत प्रभाकर- पृ० १८६

२६८- संत कबीर- पृ० ४९०, दस मुदाफ बावनि- आ०ग्रं० पृ० ९८३

२६९- (१) बारह महि जोगी भरमाए- आ०ग्रं० पृ० ६४१, ( ) बारह महि रावल खपिजाविह- आ०ग्रं० पृ० १३३२।

२७०- (१) बारह वंनि कुंदन- आ०ग्रं० पृ० १०५४, (२) जागरि कंचु बारहा, भीतरि भरी भंगार- आ०ग्रं० पृ० १३७२

तेरह: तेरह शास्त्र: चार वेद, छः वेदांग, स्मृति, पुराण एवं शास्त्र,[275]

चौदह: लोक: चौदह लोक- भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक एवं जनलोक, [illegible], [illegible] में [illegible] [illegible] गये हैं [illegible],[276] चौदह रत्न: देवताओं ने [illegible] [illegible] समुद्र [illegible] समुद्र मंथन किया था। उसमें से चौदह रत्न निकले थे। [illegible], [illegible], घोड़ा, [illegible], मणि, ऐरावत हाथी, धनुष, रंभा, चंद्रमा, विष, [illegible], [illegible] आदि।[277]

पंद्रह: पंद्रह तिथि: अमावस्या से लेकर पूर्णिमा तक।[278]

सोलह: [illegible]: [illegible] जिनमें १६ कला होती हैं।[279] सोलह श्रृंगार: १६ श्रृंगारों का भिन्न भिन्न ग्रंथों में भिन्न भिन्न प्रकार से वर्णन है।[280] रसिक प्रिया में केशव ने १६ श्रृंगार का प्रकार दिये हैं:-[281]

प्रथम सकल शुचि मज्जन अमल बास, जावक सुदेस केश पास को सुधारबो।
अंगराग भूषण विविध मुखवास रंग, कज्जल-ललित लोल लोचन निहारबो।
बोलन हसन मृदु चलन चितौन चारु, पल पल पतिव्रत प्रण प्रतिपारबो।
केशोदास सविलास करौ कुँवरि राधे, इहि बिधि सोरह सिंगारन सिंगारबो।

२७१- [illegible] जोजन [illegible]- ग्रं० पृ० ९२

योगियों, भोगियों, नागड़ियों, ...ों, काम-नागियों आदि के ...चार की ... आदि ग्रंथ में विवेचना ... गई है। दिखावे ... ढोंग ... निष्फल बताया है। ... गुरुओं ने ... ओर ध्यान दिया है:-[206]

...:१- जोगी जोगंग ...ी किया ... दिगंबर।

म:५ ... अपि ...। ... ...।

... ...। निरधार ... ...।

... न ... ...। ... करो है पाखडा।[207]

जब चार वेद, छ: शास्त्र, अठारह पुराण तथा २७ स्मृतियां, एक ओंकार का ही वर्णन करती हैं, तो फिर उसी शरण में जाना चाहिए और सब भ्रान्तियों और ... ... का त्याग करना चाहिए:

दंभधार अत्यारे, ...।

... ...।

तपा तपोगुर मुनि ... ... नट नाटिक निरताए।

... ..., ..., ...।[208]

सभ मिलि ... ..., तउ किस ने कउ दुराए।।

६- उपदेशात्मकता: धर्म संकट मीमांसा

डा० ... ... लिखते हैं, पुराण स्वभावत: शिक्षामूलक और उद्देश्यत: साम्प्रदायिक हैं।[209] ... की भांति उपदेश देना और धर्म, विशेषत: पुराण धर्म का और ... ... की प्रेरणा देना पुराण साहित्य का एक और महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति है। इन में ... ... वर्णन ...त्मक अथवा ...त्मक शैली में हुआ है। ... को उत्तम जीवन यापन करने के लिये दृष्टांतों की भरमार है। पापाचार ... ... करने पर जो दु:ख ... पड़ते हैं, उन का विवरण देकर, मनुष्य को ... ... और ... के लिये प्रयत्न करने को कहा है।[210]

२०१- आ०ग्रं० पृ० १३०५   २०२- आ०ग्रं० पृ० ...३६

२०३- आ०ग्रं० पृ० ५२६   २०४- आ०ग्रं० पृ० ७३०

२०५- आ०ग्रं० पृ० १४२०-१४२१   २०६- आ०ग्रं० पृ० ४१६

२०७- आ०ग्रं० पृ० ७१   २०८- आ०ग्रं० पृ० ...३६

२०९- ... हिन्दी साहित्य पर संस्कृत साहित्य का प्रभाव पृ० ९४

आदि ग्रंथ के संतों-भक्तों का मुख्य-उद्देश्य लोकाचार, सदाचार, पूजाचार आदि का त्याग कर प्रभु भक्ति की साधना को प्रतिपादित करना था। अतः आदि ग्रंथ में सामाजिक व्यवस्था के प्रत्येक मानव के लिये उपदेश मिलता है।

आदिग्रंथ में अवतारवाद के निषेध, कर्म-कांडों-जप-तप-तीर्थ-व्रत, यज्ञ-पूजा-पाठ, हज्ज, नमाज़, रोज़ा आदि के निष्फल प्रयत्नों का त्याग, इन उपदेशों को हम अन्य प्रवृत्तियों के अंतर्गत प्रस्तुत कर चुके हैं। सदाचार संबंधी जो आदि ग्रंथ में उपदेश मिलते हैं उनका संक्षिप्त विवरण दिया जाता है:-

(क) सत्य मार्ग सब से उत्तम मार्ग है:-

(१) सचै मारगि चलहिआ उसतति करे जहानु।[231]

सत्य से भी बढ़ कर सत्याचरण करना है, अथवा सत्याचरण अपनाना है:-

(२) सचहु ओरै सभु को उपरि सचु आचारु।[232]

सत्य से बढ़ कर कोई चीज़ है ही नहीं।

(३) सचै उपरि अवर न दाते, साचे की मति पाई है।[233]

(ख) कर्मयोग सब से उत्तम योग है- सच्चा कर्म ज्ञान, भक्ति, सत्य-कर्म का योग है:- सत्य-कर्म ही भक्ति है। जब ज्ञान तथा सत्य मिलता है, तब यह मन स्थिर-भाव को प्राप्त होता है:-

म:१ अमलु करि धरती, बीजु सबदो करि, सच की आब नित देहि पाणी।

होइ किरसाणु ईमानु जमाइ लै भिसतु दोजकु मूड़े एव जाणी।[234]

संभवतः इकबाल ने आदि ग्रंथ का उपर्युक्त कथन पढ़े बिना आज भी वर्षों के पश्चात यही बात कही थी:

अमल से जिंदगी बनती है, जन्नत भी जहन्नुम भी।

यह खाकी अपनी फितरत में न नूरी है न नारी है।[235]

भक्ति का मार्ग जिसका आदि ग्रंथ में उपदेश है वह इस प्रकार है:-

कबीर: नामा माइआ मोहिआ कहै तिलोचनु मीत।[236]

काहे छीपहु छाइलै राम न लावहु चीतु।

कबीर: नामा कहै तिलोचना मुख ते राम संम्हालि।

हाथ पाउ करि कामु सभु चीतु निरंजन नालि।[236]

230- आदि ग्रंथ का पौराणिक अध्ययन पृ० १६२

231- आ०ग्रं० पृ० १३६ 232- आ०ग्रं० पृ० ६२

233- आ०ग्रं० पृ० १०२३ 234- आ०ग्रं० पृ० २४

235- इकबाल- जीवनी और संकलन-सम्पादक प्रकाश पंडित। राजपाल एंड सन्स, दिल्ली- १९६०

अत: गुरु नानक देव जी ने अपने कमाने की कमाई खाने को उत्तम भक्ति कहा है। उसमें से किसी जरूरत-मंद को देना भी दान है:-

घालि खाइ किछु हथहु देइ। नानक राहु पछाणहि सेइ।[237]

यही सच्ची भक्ति है, यही नाम सुमिरन है, और यही आदि ग्रंथ का महान् उपदेश है:-

म.५ आठ पहर हरि का नामु लेइ। सचु उपदेसु सेवक कउ देइ।[238]

आठ पहर अर्थात नाम सुमिरन को व्यक्ता है, जब उठते बैठते, काम करते, सोते जागते, प्रत्येक समय भगवान् के नाम-सुमिरन का अजपा-जाप किया जाये, कबीर के अनुसार नामदेव जी ने त्रिलोचन को उपदेश दिया:-

जब मनुष्य आदि ग्रंथ के इन सच्चे उपदेशों को हृदयंगम कर लेगा, तो वह इस लोक में तथा परलोक में सुखी रह सकेगा:-

सदा उपदेसु हरि जपणा, हरि सिउ बणि आई।

ऐसे सुखदाता मनि वसै, अंति होइ सखाई।[239]

आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने सब प्राणियों को बिना किसी भेद-भाव के इस प्रकार अपना सखा रूप मान कर उपदेश दिया है, जैसे वे सब उनके समकक्ष ही हों। यह पौराणिक शैली का प्रभाव है:-

म:५ यार,मीत, सुनि साजनहु, बिन हरि छूटन नाहि।[240]

आदि ग्रंथ पृ० ७०३ पर एक पद में गुरु अर्जुन देव ने भगवान् की अद्भुत शक्ति का वर्णन किया है। अपने आप को छोटा तथा दूसरों को अपने से श्रेष्ठ बताया है। इसमें पाठकों तथा श्रोताओं को यार वे! संबोधन किया गया है।

यार वे! प्रिअ हभे सखीआ मू कही न जेहीआ।

यार वे! हिक डूं हिकि चाड़ै हउ किसु चितेहीआ।

यार वे! पिरु अपणा भाणा किछु नीसी छंदा।

यार वे! मै रातिआ लालनु मू दरि कांता।[241]

आदि ग्रंथ में गुरु नानक देव जी आदि जैसे सज्जन-गण जो उपदेश देते हैं तो, उसे बुरा भला कहकर नहीं देते। वे मेरा सज्जन है साथ अपने आप को भी दोषी मानकर सब को उसी का समकक्षी मान कर उपदेश करते हैं:-

---

236- आ०ग्रं० पृ० १३७६ 237- आ०ग्रं० पृ० १२४५

238- आ०ग्रं० पृ० २८७ 239- आ०ग्रं० पृ० १०८७

240- आ०ग्रं० पृ० २५६ 241- आ०ग्रं० पृ० ७०३

सिंमल रुखु सरीरु मै, मैं जन देखि भुलंनि।

से फल कंमि न आवनी ते गुण मै तनि हंनि।

अंधुले भार उठाइआ डूगर वाट बहुतु।

अखी लोड़ी ना लहा, हउ चड़ि लंघा कितु।[२४२]

उपदेश की इस शैली ने आदि ग्रंथ के संदेश को अधिक ग्राह्य बना दिया है। इस प्रकार ग्रंथ में ब्राह्मण (हिन्दू) काज़ी मुल्लां (मुसलमान) योगी आदि तथा उनके पूजा-स्थानों को बुरा भला नहीं कहा। उनके आडंबर को बुरा कहा है। व्रत, नियम, तीर्थ, पूजा, आरती, नमाज़, रोज़ा आदि के साथ साथ ब्राह्मण, काज़ी, मुल्लां, योगी आचार्यों आदि की परिभाषाएं आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने शुभाचार की कसौटी पर प्रस्तुत की हैं। आदि ग्रंथ में किसी भी अन्य धर्मावलम्बी को अपने धर्म का त्याग कर सिक्ख धर्म का अनुयायी बनने की प्रेरणा नहीं दी गई, यहां तो एक सार्वभौमिक व्यापक भावना निहित है:

म:३ जगतु जलंदा रखि लै आपणी किरपा धारि।

जितु दुआरै उबरै तितै लैहु उबारि।[२४३] M.S.(Bilawal).

उपसंहार:

उपर्युक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि आदि ग्रंथ में विभिन्न पौराणिक तत्त्वों का पर्याप्त समावेश है। पुराणों का हिन्दुओं के संस्कारों तथा धार्मिक विधि विधानों पर पर्याप्त प्रभाव था। जनता मुख्यतया विशेष रूप से पौराणिक प्रथाओं से प्रभावित था। मध्यकाल में इस पुराणवाद ने जिस बाह्याडंबर का रूप धारण किया, उसके कारण इन की आलोचना तथा निर्गुण संतमतानुकूल व्याख्या करने के लिये उन्हीं पौराणिक तत्त्वों ने सन्त साहित्य को भी प्रभावित किया।

भिन्न भिन्न इष्ट देवों का पृथक् पृथक् रूप से अलग अलग पुराण में जो प्रतिष्ठा हुई उसने एक ब्रह्म की आराधना की भावना को पर्याप्त धक्का लगाया। केवल एक एक शक्ति को देव रूप में प्रतिष्ठापित करने के कारण से अलग अलग संप्रदाय फूट पड़े। सन्तों ने इन सब इष्टदेवों को एक ब्रह्म की शक्तियां मान कर कोटि कोटि देवों को ब्रह्म के सेवक बना कर एक ब्रह्म में आस्था की भावना को प्रतिष्ठित किया। पुराणों में भी इस भावना के बीज विद्यमान थे। पुराण विशेष में वर्णित इष्ट देव के साथ अन्य देवों का संबंध भी स्थापित किया गया

२४२- आ०ग्रं० पृ० [illegible]   २४३- आ०ग्रं० पृ० [illegible]

मिलता है। परन्तु सन्त भावों मय सब इष्ट देव ब्रह्म जी एक [illegible] में इस प्रकार संयुक्त हो गये हैं, जिस प्रकार वैदिक काल में भिन्न देवता एक ही ब्रह्म में समा गये थे।

ब्रह्म को निराकार एवं निर्गुण रूप में प्रतिष्ठित करते हुए तथा उसे अजन, अमर एवं अयोनि, मानते हुए भी, भक्तों के उद्धार हित अवतार धारण करते हुए मानने में संतों को कोई आपत्ति नहीं।

पौराणिक शैलियों के दृष्टांत रूप में भी संत साहित्य में यथा स्थान उल्लेख मिलते हैं। सन्तों ने अपने भावों को प्रकट करने के लिये भी चरित्र चित्रण का आश्रय लिया है। पौराणिक भक्तों की कथाओं में भी अपने कुछ विश्वास को आधार रखा। भगवान् को भक्तों के उद्धार हित उनकी विपत्तियों को समाप्त कर उनका भक्ति भाव प्रकट करते हुए प्रस्तुत किया गया है। भक्तों के उद्धार हित पौराणिक अवतारवादी चरित्र निरूपण को भी उन्होंने अपने साहित्य में यथा योग्य स्थान दिया है।

वर्णाश्रम विधान को प्रस्तुत करना और धर्म को शास्त्रिक मर्यादापूर्ण बनाना पौराणिक साहित्य का विशेष विषय था। मध्यकाल में वर्णाश्रम व्यवस्था ने जो विकृत स्वरूप धारण किया, उसके कारण सामाजिक वातावरण इतना दूषित हुआ कि मनुष्य को मनुष्य से घृणा की भावना बढ़ गई थी। यहीं और सन्त साहित्य में इस संकीर्णता की भावना के विरुद्ध एक सबल विद्रोह उठ खड़ा हुआ। कबीर तथा तुलसीदास के विरोध में सन्तों ने बाह्याडंबर का विरोध किया है। क्योंकि इस आडंबर ने धर्म का अति विकृत स्वरूप प्रदान कर दिया था।

पौराणिक उपदेशात्मक शैली का भी सन्तों ने अनुकरण किया। सन्तों ने अपने उपदेशों को अधिक क्रियात्मक स्वरूप प्रदान करने का प्रयत्न किया। शुभ कर्मों को भक्ति का साधन किया गया और दुष्कर्मों को दुर्गति का साधन दिया गया। सत्कर्म करते हुए भगवान् के नाम का [illegible] स्मरण करना आदि ग्रंथ की भक्ति का मुख्य उपदेश है। इस को सुगति मार्ग का नाम दिया गया है। भावना रूप में इस की विवेचना प्रस्तुत की गई है।

४- श्री गुरु ग्रंथ साहब का शैली पक्ष:

"विश्व की धर्म-पुस्तकों में बहुत कम ऐसी हैं, जो साहित्यिक स्तर तथा उच्च कोटि की निरन्तर प्रेरणा प्रदान करने के लिये इस (गुरु ग्रंथ) के तुल्य क्षमता रखती हों।"

डंकन ग्रीनलीस

दि गास्पल आव दि गुरु ग्रंथ साहब पृ० १२

गुरु ग्रंथ का शैली पक्ष

गुरु ग्रंथ का संपादन: गुरु ग्रंथ में गुरुओं तथा उनके निकटवर्ती सन्तों सेवकों के अतिरिक्त बाबा फरीद तथा अन्य पंजाबेतर भक्तों की वाणी भी संगृहीत है। यह बात अब सर्व सम्मत है कि गुरु नानक के इन पूर्ववर्ती सन्तों की वाणी गुरु अंगद देव जी को गुरु नानक देव से गुरु गद्दी प्राप्त करने के साथ ही मिली थी। इसपर गुरु नानकदेव, गुरु अमरदास तथा गुरु अर्जुन देव की टिप्पणियां यह सिद्ध करती हैं, कि यह वाणी उन्हें गुरु परंपरा में प्राप्त हुई।[1] उस समय इस संग्रह का नाम पोथी था।[2] ज्ञानी गुरु-दित्त सिंह जी लिखते हैं, आदि बीड़ की सब से पहली प्रतिलिपि, भाई बन्नों वाली बीड़ तथा इस की अन्य प्रतिलिपियों में- जो सागरी गांव, गोंदलां वाला, तरनतारन, बुर्ज वाला सिंह पटियाला में है, ततकरे के आरंभ की सूचना में 'ततकरा पोथी का' की सूचना है। गुरु अर्जुन देव जी ने बीड़ की तैयारी के समय स्वयं 'पोथी' नाम का प्रयोग किया है। आदि बीड़ के सूचीपत्र के आरंभ में उन्होंने जो सूचना लिखवाई थी वह इस प्रकार है:-

> 'सूची पत्र पोथी का ततकरा लिखिआ रागां का तथा शबदा का
> अपु श्री गुरु राम दास जी किआं दसखता का नकल।'[3]

पोथी शब्द का प्रयोग वैसे गुरु परंपरा में गुरु नानक देव जी से होता आया है। गुरु नानक देव जी लिखते हैं:-

> 'पोथी पुराण कमाईऐ। भाउ वटी इत तन पाईऐ।' श्री राग म:१[4]

पोथी पद का प्रयोग गुरु अर्जुन देव द्वारा केवल सूची पत्र में ही नहीं हुआ, वरन् उनकी अपनी रचना में भी यह पद गुरुवाणी संग्रह के लिये ही प्रयुक्त हुआ है:-

> 'पोथी परमेशर का थान।' सारंग म: ५[5]

१- गुरमति साहित्य विशेषांक (भाषा विभाग, पटियाला-जनवरी-फरवरी-१९६५) में डा० धर्मपाल मैनी का लेख-पृ० ५

२- 'तब गुरु बाबा नानक जी गुरु अंगद कउ सबद की थापना देकर संमत १५९५ असु वदी १० सचे खंड सिधारे-(बाबा पिरथवान जी दीआं पोथीआं) तथा 'तितु महिल शबद होआ, सो पोथी जबानि गुरु अंगद जोग मिलि-' (पुरातन जन्म साखी की एक प्रति)- देखिए गिआनी गुरुदित्त सिंह जी का निबंध 'श्री गुरु ग्रंथ की रचना'- पंजाबी दुनिया- नवंबर, १९५२ पृ० २५-२७

संपादन का प्रयोजन तथा क्रम : गुरु ग्रंथ के संपादन का प्रयोजन भी वही था, जो ऋग्वेद की वाणी को लिपिबद्ध करने का था। श्री ए०ए० मैकडानल अपने ग्रंथ प्राचीन भारत में लिखते हैं:- "ऋग्वेद का संपादन क्रम साम तथा यजुर्वेद से भिन्नता रखता हुआ एक ऐतिहासिक घटना है। क्योंकि इस के प्राचीन संपादकों का एक मात्र प्रयोजन यह था कि इस अमूल्य परंपरागत निधि को नष्ट एवं प्रक्षिप्त होने से सुरक्षित रखा जाये।"[6]

इसी प्रकार गुरु ग्रंथ का संपादन हुआ। गुरु अर्जुन अंक में श्री प्यारा सिंह पद्म लिखते हैं, "परंपरा से गुरुओं के हजूर में रहने वाले वंश में होने वाले तथा भाई मनी सिंह के समसामयिक सिख विद्वान् भाई केसर सिंह छिब्बर, बंसावली नामें में लिखते हैं, कि डूम (चारण) मीणों के शबद गाने लगे। इस प्रकार मीणों ने एक ग्रंथ भी बनाया जिसमें चार गुरुओं (पातशाहियों) के शबद भी सम्मिलित कर लिये। इस शरारत को जानकर गुरु अर्जुन देव जी ने गुरु ग्रंथ साहब का संपादन कराया, ताकि गुरु वाणी प्रक्षिप्त न हो जाये, और इसका प्रामाणिक ग्रंथ सिक्ख सेवकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। पहले इसका नाम पोथी था, फिर ग्रंथ साहब और गुरु गोविंद सिंह ने इसे आदि ग्रंथ नाम दिया।"[7]

गुरु ग्रंथ की रचना शैली के विषय में विचार प्रस्तुत करते हुए डा० तारन सिंह लिखते हैं, "गुरु नानक साहब ने वेदों तथा स्मृतियों के आधार पर प्रतिष्ठित रीति रिवाजों का खंडन तथा मंडन किया है। वेदों तथा वेदों के आधार पर रचे गए उपनिषदों पुराणों आदि में से विचार, तथा काव्य शैलियों को भी उन्होंने स्वीकार किया, चाहे लोक-काव्य की शैलियों का भी पर्याप्त अनुकरण किया गया है।"[8]

भाषा शैली, काव्य प्रकारों, तथा छन्दों की परंपरा के विषय में अलग विचार किया गया है। यहाँ हम गुरु ग्रंथ की शैली के निम्नलिखित पक्षों की परंपरा के विषय में विचार करेंगे:-

---

३- पंजाबी दुनिया- नवंबर, १९५२ पृ० २४

४- आ०ग्र० पृ० २५   ५- आ०ग्र० पृ० १२२६

6-The arrangement of the Rigveda, unlike that of Sama and the Yajurveda was an historical one, for the intention of its ancient editors was simply to preserve this heritage of the past from change and destruction. (Arrangement of the oldest VEDA in INDIA'S PAST- A survey of her literatures, Religions, Languages and Antiquities) By A.A. Macdonell- Moti Lal Banarsi Dass-Delhi, page-5).

१- शैली की सर्वव्यापक विलक्षणता।

२- शब्दावली तथा पदावली की परंपरा तथा उसका विकास।

३- प्रतीक योजना- (१) साधारण प्रतीक (२) अर्थ रूपक

४- शब्द चित्र योजना।

५- शैली में रस-संयोजन,(अलंकार विधान, छन्द एवं काव्य रूपों तथा राग तत्त्वों का अलग अलग विवेचन किया गया है।)

६- उपसंहार शैली की दुरुहता, सुगमता एवं प्रभाव।

शैली की सर्वव्यापक विलक्षणता : गुरु ग्रंथ की रचना शैली के विषय में विद्वानों का विचार है कि विश्व की धर्म पुस्तकों में से बहुत कम ऐसी हैं जो साहित्यिक-स्तर तथा उच्च कोटि की निरन्तर प्रेरणा प्रदान करने की इस के तुल्य क्षमता रखती हों।[६] इस ग्रंथ के गुरु, भक्त, तथा भाट कवि परम आत्मक अनुभव वाले रचयिता थे अत: गुरु ग्रंथ अनुभव पूर्ण ज्ञान का अनुपम भंडार है। इनके रचयिताओं का अनुभव स्वतंत्र था, एवं सीधा जीवन से संबंध रखता था। ग्रंथ में ही उनकी काव्य-निधि का भावावेश हुआ है। यह वाणी स्वत: उनके अन्तरात्मा से स्फुटित हुई जो लौकिक जीवन का आलोकिकता से संबंध स्थापित करती है। संभवत: इसी कारण इस वाणी बोहिथ को तैयार कर गुरु अर्जुन देव ने यह घोषणा की:

संतहु सुखु होआ सभ थाई। पार ब्रहमु पूरन परमेसरु रवि रहिआ सभनी जाई।
धुर की बाणी आई। तिनि सगली चिंत मिटाई।।
दइआल पुरख मिहरवाना। हरि नानक साचु वखाना। सोरठ म: ५ [१०]

इसकी शैली की अद्भुत प्रेरणा शक्ति एवं निष्पक्ष भाव के कारण ही सिक्ख धर्म के अतिरिक्त भी विद्वानों ने इसे अन्य धर्मों में योग्य स्थान दिया है। मिर्जा गुलाम अहमद अपनी पुस्तक सतबचन में लिखते हैं, "गुरु ग्रंथ कुरआन-शरीफ का भाष्य है और बाबा नानक एक सत्य-निष्ठ मुसलमान थे।"[११] कुछ विद्वानों ने इस रचना को

७- (१) गुरु अर्जुन अंक-भाषा विभाग, पटियाला, जून, जुलाई, १९५३ पृ० १०५-१०६

(२) Primarily its name was Granth Sahib which means the Holy Book. But in order to distinguish it from Dasam Granth- the Granth written by the Tenth Guru- it was named Adi Granth.
(A Critical Study of Adi Granth-Page-1)
Dr. S.S. Kohli.

८- पंजाबी साहित्त ते साहितकार पृ० ३८-४०

यह कर कहा कि आदि ग्रंथ का मत हिन्दू तथा मुसलमान मतों का ऐसा संयोग है कि इसमें इन दोनों मतों के मुख्य सिद्धान्तों में समन्वय स्थापित किया गया है।[12] डा० ट्रंप का विचार है कि नानक एक पूर्ण हिन्दू थे और उन्होंने ब्राह्मण मत तथा वेदों एवं पुराणों की प्रामाणिकता का पुन: प्रतिपादन किया।[13] इनसब मतों से बढ़ कर मिस डारोथी फील्ड का मत है जिन्होंने इस महान् ग्रंथ से .... सार्वभौमिक प्रेरणा प्राप्त की। वे लिखती हैं, "आदि ग्रंथ का पाठ यह दृढ़ विश्वास उत्पन्न करता है कि यह मत सर्वथा नवीन है, तथा मानव मन को आकस्मिक प्रेरणा प्रदान करता है, यदि इसे कर्मनिष्ठ प्रयोग-वादी दृष्टि से देखा जाये तो यह मत संसार में प्रथम स्थान प्राप्त करे गा।"[14]

इस महान् ग्रंथ की महानता इस की शैली के एक अन्य गुण में भी निहित है। यह कतिपय तथ्यों की पुनरावृत्ति है। कई विद्वानों ने इस गुण को समझने की चेष्टा ही नहीं की और इसे अपनी बुद्धिवादी ऐनक से देखकर इसे गुण की अपेक्षा अवगुण घोषित किया। यदि वे किंचित मात्र भी साधक की दृष्टि रखते होते तो भावोद्रेक में इन सन्तों द्वारा अपनी कही हुई तथा अपने पूर्ववर्ती सन्तों की कही बातों को पुन: पुन: दोहराए जाने में उन्हें भी आनन्दानुभव होता। गुरु ग्रंथ की पदावली की शैली के इस गुण का कुछ विवेचन नीचे प्रस्तुत किया जाता है।

१- उसतति कहन न जाइ : म: ५ (पृ० २६१,१११७,१३६१)

२- उसतति करहि- म: १ (पृ० २२१) म: ४ (पृ० १३१६) म: ५ (पृ०२०५,५२८,६२२)

३- उसतति निंदा- नामदेव (११६४) कबीर (११२३) म:१ (१३३,१०४१),म:३ (३६२, ११२८), म:६ (२१६,२२०,११८६)

४- उकति सिआनप- म: ५ (१००,२६०,३८७,८११)

९- Among the world's Scriptures few, if any, attain so high a literary level or so constant a height of inspiration. - Duncan Greenlees.

(THE GOSPEL OF THE GURU GRANTH SAHIB, page xii)

१०- आ०ग्र० पृ० ६२८

११- सत वचन कृत हज़रत मसीह माऊद- महदी मसऊद- मुरसिल-ए-रहमान-मिर्ज़ा गुलाम अहमद साहब कादियां- दिसंबर, १६३० से गुरमत दर्शन- पृ० ८४ पर उद्धृत। (The Guru Granth is an exposition and commentary of the Holy Quran & that Nanak was really a Mohammaden)Sat Bachan-page 84 Ph.of.Sikh.

१२- This religion was a sort of compound of Mohammdanism and Hinduism, in which the leading doctrines of both were reconciled by a strange kind of combination.' (Early Records of British India-Quoted in Philosophy of

५- उठदिआं बहदिआं सुतिआं- म: ३ पृ० ५६४।

६- उठदिआं बहदिआं सवंदिआ- म: ५ पृ० ३२१।

७- उतपति परलउ- म: १ पृ० ४५,२६६।

८- उपाव सिआणप सगल- म: ५ पृ० ४५,२६६।

९- उरधि रहिओ- म: ५ पृ० २०६,२५१,२६१,७६६,८२१,१३६१, म: ६ पृ० ६३३।

१०- उलटि भई- कबीर पृ० ३२७, म: १ पृ० २२१,३५२।

११- ऊचा अगम अपार, (अपार) - म:५ पृ० १३ ,७०४,१०७७

१२- ऊच अपार- म: ५ पृ० ६८,१०७२।

१३- ऊचे ते ऊचा- म: ५, पृ० २६८,८२२,८९५,१००९,११४५,१२३६,१३४९।

१४- ऊचा नहीं कहिणा मन महि रहणा आपे जाणै। म: १, पृ० ५८०,८७७।

१५- ऊठत बैठत- कबीर, पृ० ३३१,६७१,म:४, पृ० ५७२, म: ५ पृ० २७०।

१६- ऊठत बैठत सोवत जागत- म:५, पृ० १०१,८१०,८२०,६८०,१२९८।

१७- ऊठत बैठत सोवत- म: ५, पृ० २८६,३०९।

१८- ऊठत बैठत हरि - म: ४, पृ० ११९८, म: ५ पृ० १०९,२९७,६१४,६२२,११९८।

१९- ओइ घरि घरि- म: ४, पृ० ३०३,६५१।

२०- ओति पोति- म: ५, पृ० १६५।१९८,२८७,५१८,६७२,७३९,८९२,१०७७,१२९९,१३२२।

२१- ओना अंदरि- म: १ पृ० १७ म: ३ पृ० १४१८,म: ४ पृ० ३०४,३०७।

२२- ओपति परलउ- म: ५, पृ० ३८७,८६२,११८६।

२३- अनदिन सदा- म: ३ पृ० ११०,१११,११२,११४,११९,४३०,७७०,१०४६,१०५९,१०६७।

२४- अनदिन सेव- म: ३ पृ० ४२८,५९२,७६१,१०५५,१४१९।

२५- अनदिन कीरतन- म: ३ पृ० ५९३,म:५ पृ० २८१,६४१,६८४,११७४।

२६- अनदिन गुण गावै- म: ३ पृ० ६९,१३०,५९१,७७१,९४८,१०५५,१०६५,१०६७,१२५८।

२७- अनदिन नाम- म: १, पृ० १३३१,१३३२, म: ३ पृ० २९,३५,३६,५६८,११४५,१०४६,
१०४७,१०५३, म: ५ पृ० २५२।

२८- अनदिन भगति- म: ३ पृ० २२,३४,६५,१२०,१६१,१६२,५८५,६००,७६८,७७०,१०४५,
१०५५,११३३,१३३३, म: ४ पृ० ११९६।

२९- अनद बिनोद- म: ५ पृ० ९७,१००,१०२,१३०,३७६,३८४,६१९,७८२,१०८१,१०८५,१२०५।

३०- अनद मइआ- म: ३ पृ० ९१७ म: ५ पृ० १०१,२८७,३७८,६०८,६१४,९२७,१०९६,१२१८।

शैली की इस विलक्षणता के लिये देखिए 'गुरु-शब्द-रत्न-प्रकाश', भाषा विभाग, पटियाला, १९६३।

२- शब्दावली तथा पदावली की परंपरा तथा उसका विकास

आदि ग्रंथ की शब्दावली तथा पदावली की परंपरा को खोजने के लिये हमें बहुत दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। आदि ग्रंथ में जयदेव, नामदेव, कबीर तथा अन्य भक्तों की पदावली में पर्याप्त निकटता है। "कबीरदास आदि साधकों ने नाथ-पंथियों और सहज-यानियों के बहुत से शब्द और दोहे ज्यों के त्यों स्वीकार कर लिये थे। इनमें यत्र तत्र नाम मात्र के परिवर्तन भी हैं।"[१५] हम आपने इस शोध प्रबंध में गुरु ग्रंथ के पूर्ववर्ती सन्तों के साहित्य की सामान्य विशेषताओं का विवेचन प्रस्तुत करते समय इस आदान प्रदान की ओर संकेत कर चुके हैं। यहां स्वतंत्र रूप में इस विवेचन को उदाहरण रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

शब्दावली के लिये आदि ग्रंथ के सभी रचयिता, विशेषतः जयदेव, नामदेव कबीर तथा गुरु नानक गोरखबानी के ऋणी हैं। जयदेव के आदि ग्रंथ में दो पद हैं, उनमें से एक पद की भाषा शैली उसकी अपनी ही रचना गीत-गोविंद से मिलती जुलती है।

जयदेव-आदि ग्रंथ : बदित जैदउ जैदेव कउ रमिआ ब्रहम निरबाणु लिव लीणु पाइआ।[१६]

जयदेव-गीत गोविंद: तव चरणं प्रणता वयमिति भावय। कुरु कुशलं प्रणतेषु जय जयदेव हरे। श्री जयदेव कवेरिदं कुरुते मुदम् । मंगलमुज्ज्वल गीतं जय जय देव हरे।[१७]

15- 'Nanak was a thorough Hindu and also that he reproved the teachings of Brahmanism as well as the authority of the Vedas and the Puranas.

(Adi Granth- Dr. Trump-CI-CVII)

१४-फिलासफी आव् सिखिज़्म पृ० १०

जय देव का पद 'बंद सत गेदिला नाद सत पूरिआ'[18] तथा गुरु नानक का 'सूर सरु सोस लै, सोम सर पोखिलै'[19] छन्द की गति एवं शब्दावली में समता रखते हैं। कारण यह है कि दोनों में विषय की भी समता है। गुरु नानक ने जयदेव की रचना शैली का अनुकरण किया है। यह दोनों अपनी इस काव्य शैली की रचना के लिये गोरखवाणी से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। देखिए गोरखबानी का पद 'अवधु सकति सोइ जो सबदो सोषै, सीव सोइ जो सब को पोषै।'[20]
नामदेव पर भी गोरखबानी का प्रभाव परिलक्षित होता है:-

नामदेव : हिंदू पूजे देहुरा मुसलमाण मसीति।
नामे सोई सेविआ जह देहुरा न मसीति। गोंड नामदेव।[21]

गोरखबानी: हिन्दू ध्यावै देहुरा मुसलमान मसीत।
योगी ध्यावें परमपद, जहं देहुरा न मसीत।[22]

गोरखनाथ ने गोरखबानी में जो आरती पृ० १५७-५८ पर लिखी है, उससे प्रेरणा प्राप्त कर गुरु नानक कबीर, सेण आदि सन्त कवियों ने आरतियां लिखी हैं, जिनकी शब्दावली के साथ साथ भाव एवं विचार की भी एकता है।

गोरखनाथ का सबसे अधिक प्रभाव गुरु नानक तथा संत कबीर पर है, यही दोनों मुख्य रचयिता हैं, जिन्हों ने परवर्ती एवं समकालीन साधकों को अधिक प्रभावित किया। अतः ऐसा दिखाई देता है, जैसे समस्त, आदि ग्रंथकी रचना शैली पर नाथों योगियों की रचना शैली का स्पष्ट प्रभाव है।

गोरखबानी के पद 'मारौ मारौ स्रपनी निरमल जल पैठी'[23] तथा कबीर के पद 'मारु मारु स्रपनी निरमल जलि पैठी', जोकि 'सरपनी ते ऊपर नहीं बलीआ'[24] से आरंभ होता है, में आश्चर्यजनक साम्य है। जहां गोरखनाथ ने 'स्रपणी मारि लै गोरष अवधूता', कहकर इसे मारने को कहा है, वहां कबीर ने इसे अधिक बलवान मान कर 'ता की कोटी तोई' जान कर इसे बस में करने को कहा है, क्योंकि इस के बसने से शरीर रहता है।

१५- हिन्दी साहित्य की भूमिका पृ० ३७(१९५४)

१६- जयदेव भी कहते हैं, कि जयदेव (हरि) का स्मरण करने से उस ब्रह्म निर्वाण को लिवलीन होकर पाया। आ०ग्रं० पृ० ११०६

गोरखनाथ ने जो पाखंडी (साधुओं का एक पंथ) के लक्षण दिए हैं,[25] वही लक्षण कबीर ने जोगी के लिये दिये हैं।[26]

गोरखनाथ: पाखंडी सो काया पाखाले। उलटि पवन अगनि प्रजाले।
ब्यंद न देइ सुपने जाण। सो पाखंडी कहिए ब्रह्म समान। -४७

कबीर: काजी सो जो काइआ बीचारै। काइआ की अगनि ब्रहमु परजारै।
सुपनै बिंदु न देई झरना। तिसु काजी कउ जरा न मरना।

गोरखनाथऔर कबीरकेउपर्युक्त दोनों पदों की भाषा शैली एवं विचार की तुलना गुरु नानक के निम्नांकित पद से करने से पता चलता है, कि कबीर और गोरख की रचनाएं एक साथ गुरु जी के सम्मुख थी, जिन में समन्वय स्थापित करते हुए, उक्त दोनों सन्तों की रचनाओंसे शब्दावली को ग्रहण करके यह लक्षण गोरख की भांति पाखंडी का भी प्रस्तुत किया है:-

म:१ सो पाखंडी जि काइआ पखाले। काइआ की अगनि ब्रहमु परजाले।
सुपनै बिंदु न देई झरना। तिसु पाखंडी जरा न मरणा।[27]

गोरखनाथ की रचना के गुरु नानक के पास होने का एक और पुष्ट प्रमाण यह है कि गोरखबानी के पृष्ठ १५-१६-१७ पर गृहस्थी, सिद्ध, पाखंडी तथा योगी के लक्षणों का वर्णन है। कबीर ने जो जोगी, मुल्लां, काजी तथा सुलतान के लक्षण दिए हैं, वे सब एक स्थान पर भैरउ राग में निबद्ध हैं।[28] गुरु नानक ने जो सति(सिद्ध) गृहस्थी, उदासी, पाखंडी, बैरागी, आदि के लक्षण दिए हैं, वे सब एक स्थान पर आदि ग्रंथ में दिए हैं।[29] गृहस्थी के लक्षणों को जिस प्रकार गोरखबानी में तथा गुरु नानक द्वारा आदि ग्रंथ में दिया गया है, उनमें जो पदावली का अनुकरण किया गया है, वह इस बात के सिवा और क्या सिद्ध करता है, कि गोरखबानी गुरु जी के पास थी:

१७- तुम्हारे चरणों में हम नत होकर प्रार्थी हैं, कि हे कलिलेश। जयदेव (हरि) तुम्हारी जय हो। जयदेव द्वारा लिखित भी जयदेव (हरि) की स्तुति का यह सुन्दर मंगलकारी उज्जवल गीत, उस जयदेव (हरि) का जय गान है। (गीतगोविंद सर्ग १, प्रबंध २,८-९) ।।

१८- आ०ग्र० पृ० १२०६   १९- आ०ग्र० पृ० ६६१

२०- गोरखबानी दश गोरखगोष्टि- पद संख्या ४४

२१- आ०ग्र० पृ० ८७५   २२- गोरखबानी पृ० २५

गुरु नानक: सो गिरही जो निग्रह करै, जपु तपु संजमु भीखिआ करै।
पुंन दान का करे सरीरु। सो गिरही गंगा का नीरु।।
बोलै ईसरु सति सरूपु। परम तंत महि रेख न रूपु।।[30]

गोरखबानी: गिरही सो जो गिरहै काया। अभि अंतरि की त्यागै माया।
सहज सील का धरै सरीर। सो गिरही गंगा का नीर।।४५।।[31]

गोरखनाथ की रचना शैली का आदि ग्रंथ के रचयिताओं पर कितना प्रत्यक्ष प्रभाव है, इसका प्रमाण कबीर के निम्नलिखित पद की गोरखबानी से तुलना करने से मिलता है:-

कबीर: पाती तोरै मालिनी पाती पाती जीउ। जिसु पाहन कउ पाती तोरै सो पाहन निरजीउ।।[32]
पाखान गढ़ि कै मूरति कीनी दे कै छाती पाउ। जे इह मूरत साची है तउ गढ़णहारे खाउ।।

गोरखबानी: कैसे बोलो पंडिता देव कौने ठांई। निज तत निहारतं अम्हें तुम्हें नाहीं।
पाषाणची देवली पाषाण चा देव। पाषाण पूजिला कैसे फीटीला सनेह।
सरजीव तोड़िला निर-जीव पूजिला। पाप चीकरणी कैसे दुस्तर तिरिला।[33]

पदों के साम्य के अतिरिक्त कुछ वाक्य नाथों से संतों को परंपरागत रूप में प्राप्त हुए हैं:-

१- मनुष्ययोनि: गोरख: फिर फिर मानिषा जनम न पाया करि लै सिध पुरिस सूं मेला। २०३[34]
कबीर: कबीर मानस जनमु दुलभ है, होइ न बारै बार।[35]

२- मांस भक्षण: गोरख: जीव सीव संगे वासा बधि न खाइबा रुध्र मासा।
हंस घात न करिबा गोतं। कथंत गोरष निहारि पोतं। २२७[36]
कबीर: सरजीउ काटहि निरजीउ पूजहि, अंतकाल कउ भारी।[37]

२३- गोरखबानी पृ० १३६-४०
२४- आ०ग्र० पृ० ४८०-८१
२५- गोरखबानी पृ० १७
२६- आ०ग्र०पृ० ११६०
२७- आ०ग्र० पृ० ९५२
२८- आ०ग्र० पृ० ११५९-६०
२९- आ०ग्र० पृ० ९५२-५३
३०- आ०ग्र० पृ० ९५२
३१- गोरखबानी पृ० १७
३२- आ०ग्र० पृ० ४७९

३- <u>गुरु गोरख</u>: गोरखबानी:

नाथ कहतां सब जग नाथ्या गोरख कहतां गोइ।।[३८]

आदि ग्रंथ: (१) गुरु गोरख की ते बूझ न पाई- म: ५[३९]

(२) गुरु ईसरु गुरु गोरख बरमा- जपु म: १[४०]

(३) बाबा गोरख जागै। म: १[४१]

(४) गोरख सो जिन गोइ उठाला करते बारन लागै।[४२]

(५) जोगी गोरख गोरख करै। कबीर।।[४३]

४- <u>खंडधार मार्ग</u>: गोरखबानी:

(१) गोरख कहै हमारा षरतर पंथु। सबदी[४४]

(२) षांडै थे तुरसाणदुहेला, यूं सतगुरि मारग कहिया।[४५]

(३) सबद हमारा षरतर खांडा। रहणि हमारी सांची।[४६]

गुरु ग्रंथ (१) वाट हमारी खरी उडीणी। खंनिअहु तिखी बहुत पिईणी।[४७] शेख फरीद

(२) खंनिअहु तिखी वालहु निकी एतु मारगि जाणा। म: ३[४८]

५- <u>गगन मंडल</u> (शिखर) गोरखबानी:

(१) गगनि सिषर महि सबद प्रकास्या।[४९]

गुरु ग्रंथ: (१) गगन मंडल महि रोपि थमु। म: १।।[५०]

(२) गगन मंडल महि ठहाकरु करै। कबीर[५१]

६- <u>पोथी पाठ</u>: गोरखबानी:

पढि पढि पढि केता मुवा कथि कथि कहा कीन्ह।

बढि बढि बढि बहु घट गया, पारब्रह्म नहीं चीन्ह।। २४८[५२]

गुरु ग्रंथ: पड़ि पड़ि गडी लदीअहि, पड़ि पड़ि भरीअहि साथ। नानक लेखै इक गल होरु हउमै झखणा झाख। म: १[५३]

७- <u>चार खाणी</u>: गोरखबानी:

चारि षाणी चारि बाणी।[५४]

गुरु ग्रंथ: अंडज जेरज उतभुजां खाणि सेतजाहं। म:१[५५]

३३- गोरखबानी- पृ० १३२

३४- वही० पृ० ६७

३५- आ०ग्रं० पृ० १३६६

३६- गोरखबानी पृ० ७३

३७- आ०ग्रं० पृ० ३३२

३८- गोरखबानी पृ० ५

३९- आ०ग्रं० पृ० २

३९- आ०ग्रं० पृ० २

४०- आ०ग्रं० पृ० ८८६

४१- आ०ग्रं० पृ० ८७७

४२- आ०ग्रं० पृ० ८७७

४३- आ०ग्रं० पृ० ११५९

८- अहूंठ हाथ (३½ हाथ) देही-

गोरखबानी: अहूंठ हाथका कंथा पाई। [५६]

गुरु ग्रंथ: (१) अउठि हाथ मढि मीरिआ जाचो। म: १ [५७]

(२) अउठि हाथ मढी घरु छाइआ। म:१ [५८]

(३) अउठि पटणा मढि मीरिआ करै। म:१ [५९]

९- अवधूत(अवधू):

गोरखबानी: अवधू नासि मषांत द्वार पवनका वास। [६०]

गुरु ग्रंथ: (१) अवधू मेरा मन मतवाला। कबीर [६१]

(२) अउधु सहजे ततु बीचारा। म: १ [६२]

१०- जोगी:-

गोरखबाणी: (१) जोगी सो जो राखै जोग। [६३]

गुरु ग्रंथ: (१) जोगी जती तपा संनिआसी-कबीर [६४]

(२) सो जोगी जो जुगति पछाणै- म: १ [६५]

(३) सो जोगी तत गिआनु बीचारे। म:३ [६६]

(४) ऐसा जोगी जुगति बीचारे। म:१ [६७]

११- नाद-बिंद-

गोरखबानी: (१) नाद बिंद है फीकी सिला। [६८]

(२) नाद बिंद रूपी बोलिए ॐकार। [६९]

(३) नादकै घरि ब्यंद गरजै। [७०]

गुरु ग्रंथ: (१) नादि समाइलो रे सतिगुरु भेटिले देवा। नामदेव [७१]

(२) नाद बिंद की सुरति समाइ। सति गुरु सेवि परमपदु पाइ।।नामदेव [७२]

(३) नादी बेदी सबदी मोनी। कबीर [७३]

(४) नादी बेदी पड़हि पुराणा। म:३ [७४]

४४- गोरखबानी सबदी नं २२० ४५- वही, सबदी ६१

४६- वही सबदी - २६४ ४७- आ०ग्रं० पृ० ७६४

४८- आ०ग्रं० पृ० ६१८ ४९- गोरखबानी- पृ० २

५०- आ०ग्रं० पृ० ६५३ ५१- आ०ग्रं० पृ० ११६०

५२- गोरखबानी- पृ० ७० ५३-आ०ग्रं० पृ० ४६७

५४- गोरखबानी पृ० १०२ ५५- आ०ग्रं० पृ ४६७

१२- पश्चिम द्वार-

गोरखबानी: पश्चिम द्वारे पवनां बंधि।[75]

गुरु ग्रंथ: (१) पश्चिम फेरि चढ़ाईसूर- बेणी[76]

(२) पश्चम दुआरै सूरज तपै। (मूल दुआरै बंधिआ बंधु।। कबीर[77]

१३- त्रिकुटी-

गोरखबानी: (१) त्रिकुटि संगम कूपा भरिया भद गोप ज्या अपारं।[78]

(२) इकुटी बिकुटी त्रिकुटी संधि।[79]

गुरु ग्रंथ: (१) तीनि तिलोक समाधि पलोवै। बेणी[80]

(२) तीनि नदी तह त्रिकुटी माहि। कबीर।[81]

१४- त्रिबेणी:

गोरखबाणी: (१) अनहद भौरा गवें त्रिवेणी के घाट।[82]

गुरु ग्रंथ: (१) बेणी संगम तह पिरागु मन मजन करे तिथाइ। बेणी[83]

(२) गंगा सागर बेणी संगमु अठसठि अंकि समाई है। म:१[84]

(३) गंग जमुन तह-बेणी संगम सात समुंद समावा। म:१[85]

१५- इड़ा-पिंगला-सुषमना-

गोरखबानी: इलाप्यंगुला सुषमना नाड़ी।[86]

गुरु ग्रंथ: (१) इड़ा पिंगुला अउर सुखमना तीनि बसहि इकठाई। बेणी[87]

(२) इड़ा पिंगुला अउर सुखमना पउनैबंधि रहाउगो। नामदेव[88]

(३) इड़ा पिंगला सुखमन बंदे ए आवन कत जाहो। कबीर।[89]

५६- गोरखबानी पृ० २१६
५७- आ०ग्र० पृ० १३३२
५८- आ०ग्र० पृ० ६०७
५९- आ०ग्र० पृ० ६५२
६०- गोरखबानी सबदी पृ० १६५
६१- आ०ग्र० पृ० ६६६
६२- आ०ग्र० पृ० १३२८
६३- गोरखबानी सबदी पृ० २३१
६४- आ०ग्र० पृ० ४७६
६५- आ०ग्र० पृ० ६६२
६६- आ०ग्र० पृ० ६११
६७- आ०ग्र० पृ० २२३
६८- गोरखबानी सबदी १८१
६९- वही सबदी २४१
७०- वही सबदी ५४
७१- आ०ग्र० पृ० ६१६
७२- आ०ग्र० पृ० ३५२
७३- आ०ग्र० पृ० ६५४
७४- आ०ग्र० पृ० ११६६
७५- गोरखबानी सबदी १८७

१६- अनहद नाद:

गोरखबानी: (१) बाजंत अनहद तूरं।[९०] (२) अनहद नाद अभंगा।[९१]

गुरु ग्रंथ: (१) वाजे अनहद तूरे। म:३[९२]

(२) अनहता सबद वाजंत भेरी। म: १[९३]

(३) अनहत धुनि वाजहि नित वाजे। म:४[९४]

(४) अनहद सबदु सुहावा। म: ५(९५)

(५) अनहत सबद होत झुनकारा। कबीर[९६]

१७- काया कोट

गोरखबानी: (१) काया ग. भीतरि नव लाष खाई।[९७]

(२) काया गढ़ जीतिगा बिरला कोई।[९८]

(३) काया हमारे सहर बोलिये।[९९]

गुरु ग्रंथ: (१) काइआ नगरि नगरि गड़ि अंदरि बसिआ। म: १[१००]

(२) काइआ नगरी सबदे खोजे- म: ३[१०१]

(३) काइआ नगरु नगरु है नीको। म:४[१०२]

(४) काइआ गड़ महल महली प्रभु साचा। म:१[१०३]

(५) काइआ कोटु गड़ महि राजा। म: १[१०४]

(६) काया कोट अपार। म: ३[१०५]

१८- काया कोट का राज:

गोरखबानी: अवधु अमर कोट काया छत्तीस दरवाजा।

ग्यान गढ़ आसण प्राण भयो राजा।[१०६]

गुरु ग्रंथ: (१) अगम दुगम गड़ि रचिओ बास। कबीर[१०७]

(२) दासु कमीरु चढ़िओ गढ़ ऊपरि राजु लीओ अबिनासी।[१०८]

७६- आ०ग्रं० पृ० ६७४ | ७७- आ०ग्रं० पृ० ११५६
७८- गोरखबानी सबदी ३११ | ७९- वही सबदी १८७
८०- आ०ग्रं० पृ० ६७४ | ८१- आ०ग्रं० पृ० ३४४
८२- गोरखबानी पृ० १११ | ८३- आ०ग्रं० पृ० ६७४
८४- आ०ग्रं० पृ० १०२२ | ८५- आ०ग्रं० पृ० ११०९
८६- गोरखबानी पृ० १६७ | ८७- आ०ग्रं० पृ० ६७४

१९- शिव शक्ति:

गोरखबानी: (१) आदि नाथनादि पार ब्रह्म शिव शक्ति।[109]

(२) कैलास मन्दिर तहाँ शिव शक्ति निवासा।[110]

गुरु ग्रंथ: (१) शिव शकति संवादं। नामदेव[111]

(२) सिवशक्ती पर धारा पारब्रह्म। म: १[112]

(३) शिव सकति आपि उपाइ के करता आपे हुकमु वरताए। म:३[113]

(४) शिव सकति मिटाइआ चूका अंधिआरा: म: १[114]

(५) शिव शक्ती देवी मधि पारा। म: ३[115]

२०- सहज शून्य (शून्य मंडल)

गोरखबाणी: (१) जहाँ नाहीं तहाँ नाहीं त्रिकुटा मंझारी।
सहज सुंनि मैं रहणि हमारी।[116] (२) सहज सुंनि मिलै अविनासी।[117]

गुरु ग्रंथ: (१) सुंन मंडल महि करि परगासु।
सुंन सहज महि रहिओ समाइ। कबीर[118]

(२) सहज निरंतरि रहउ समाइ।
सुंन समाधि सहजि मनु राता। म:१[119]

(३) सुंन समाधि अनहत तह नाद। म: ५[120]

(४) सहज समाधि उपाधि रहत होइ। रविदास[121]

(५) सुंनिहि सुंनु मिलिआ समदरसी, पवनरूप होइ जावहिगे। कबीर[122]

(६) नानक कहै चितु करि थिरु राता सुंन समाधि समाइगो।[123]

२१-गुरु की आवश्यकता

गोरखबाणी: गुरु कीजे गहिला निगुरा न रहिला। गुरु बिन ग्यान न पायला रे भाईला।[124]

गुरु ग्रंथ: (१) जे सउ चंदा उगवहि सूरज चड़हि हजार।
एते चानण होदिआं गुर बिनु घोर अंधार। म: [125]

१०९- आ०ग्र० पृ० ६७३ — ११०- आ०ग्र० पृ० ३२४ (partly illegible)

१११- गोरखबाणी सबदी ५४ — ११२- वही सबदी ५७ (partly illegible)

११३- आ०ग्र० पृ० ६२२ — ११४- आ०ग्र० पृ० १३,६ ३ (partly illegible)

११५- आ०ग्र० पृ० ६६८ — ११६- आ०ग्र० पृ० ७०८ (partly illegible)

(२)बिनु सतिगुर किने न पा ै।म:[126]

(३)बिनु सतिगुर बंधन न तुटही। बिनु गुर दाते किने न पाइआ।म:३[127]

(४)बिनु सतिगुर किनै न पायो। म: ४[128]

(५)बिन सतिगुर कैसे पावहि पारि।म:५[129]

२२-उन्मनी अवस्था:

गोरखवाणी: (१)अनिमिष मन है उनमन रहै।[130]

(२) यह मन है जो उनमन रहै।तौ तीनि लोक की बाता कहै।[131]

गुरु ग्रंथ: (१)इहु मन ले जउ उनमनि रहै। तउ तीनि लोक की बाता कहै।[132]

(२)उनमनि मनूआ सुनि समाना[दुबिधा]दुरमति भागी। कबीर[133]

(३) उनमन मन मन ही मिले छुटकत बजर कपाट। रविदास।[134]

२३- अजपा जाप:

गोरखवाणी: (१) अजपा जाप जपता गोरख, तीत अनूपं ध्यानं।[135]

(२) ऐसा जाप जपौ मन लाई।सोहं सोहं अजपा गाई।[136]

गुरु ग्रंथ: (१) अजपा जापु जपै मुखि नाम।म: १[137]

(२) अजपा जापु न वीसरै आदि जुगादि समाइ।म:१[138]

९६- आ०ग्र० पृ० ११६२
९७- गोरखवाणी पृ० ११६
९८- वही पृ० ११६
९९- वही पृ० ११६
१००- आ०ग्र० पृ० १३३६
१०१- आ०ग्र० पृ० ६१०
१०२- आ०ग्र० पृ० १२२३
१०३- आ०ग्र० पृ० १०३६
१०४- आ०ग्र० पृ० १०२७
१०५- आ०ग्र० पृ० ५१४
१०६- गोरखवाणी पृ० २४२
१०७- आ०ग्र० पृ० ११६२
१०८- आ०ग्र० पृ० ११६२
१०९- गोरखवाणी पृ० २४१
११०- वही पृ० २४२
१११- आ०ग्र० पृ० ८०३
११२- आ०ग्र० पृ० १०२७
११३- आ०ग्र० पृ० ६२०
११४- आ०ग्र० पृ० १६३
११५- आ०ग्र० पृ० १०५६
११६- गोरखवाणी पृ० १३४
११७- वही पृ० ११६
११८- आ०ग्र० पृ० ११६२
११९- आ०ग्र० पृ० ६०४
१२०- आ०ग्र० पृ० २०३
१२१- आ०ग्र० पृ० ११०६
१२२- आ०ग्र० पृ० ११०३
१२३- आ०ग्र० पृ० ६३३

२४- गुरमुखि:

गोरखबाणी: (१) आपा परखै गुरमुषि न चिन्हैं फाड़ि फाड़ि बाघणि खाया।[१३९]

(२) एक अषिरो एकंकार एव गुरमुखि जाणी।[१४०]

गुरु ग्रंथ: (१) गुरमुखि जागै सोई सारु। कबीर[१४१]

(२) गुरमुखि जागि रहे चूकी अभिमानी राम। म:१[१४२]

(३) गुरमुखि जागै गुण गिआन बीचारि। म:३[१४३]

(४) गुरमुखि जोति भली। म: ४[१४४]

२५-मनमुखि:

गोरखबाणी: मनमुखि जाता, गुरमुखि लेहु।[१४५]

गुरु ग्रंथ: (१) मन मुखि अंध न चेतही। म: १[१४६]

(२) मनमुखि अंध न चेतनी। म: ३[१४७]

(३) मनमुखि जनमु गवाइआ। म: ४[१४८]

(४) मनमुखि ढोई नह मिलै। म: ५[१४९]

१२४- गोरखबाणी पृ० १२८ १२५- आ०ग्रं० पृ० ४६३

१२६- आ०ग्रं० पृ० ४६६ १२७- आ०ग्रं० पृ० १२७०

१२८- आ०ग्रं० पृ० ३०३ १२९- आ०ग्रं० पृ० ११४०

१३०- गोरखबाणी पृ० ७१ १३१- वही पृ० १४

१३२- आ०ग्रं० पृ० ३४२ १३३- आ०ग्रं० पृ० ३३३

१३४- मके आ०ग्रं० पृ० ३४६ १३५- गोरखबाणी पृ० १०२। १३६-वही पृ०१२४

१३७- आ०ग्रं० पृ० ८४० १३८- आ०ग्रं० पृ० १२६१

१३९- गोरखबाणी पृ० १४४ १४०- वही पृ० १०१

१४१- आ०ग्रं० पृ० ११६४ १४२- आ०ग्रं० पृ० ११११

१४३- आ०ग्रं० पृ० १६० १४४- आ०ग्रं० पृ० १३२४

१४५- गोरखबाणी पृ० ६१ १४६- आ०ग्रं० पृ० ४२१

१४७-आ०ग्रं० पृ० ५६३ १४८- आ०ग्रं० पृ० १२३८

१४९- आ०ग्रं० पृ० ६४१

२६- अठसठि तीर्थ:

गोरखबाणी: अठसठि तीरथ सर्मंधि समावै।[१५०]

आदि ग्रंथ: (१) अठसठि तीरथ गुरू दिखाए घट ही भीतरि न्हाउगो। नामदेव[१५१]

(२) अठसठि तीरथ जे नावहि उतरै नाही मैलु। म: १[१५२]

(३) अठसठि तीरथ गुर सबदि दिखाए तितु नातै मलु जाए। म: ३[१५३]

(४) अठसठि तीरथ मजनु कीआ सत संगति पग नाए धूरि। म: ४[१५४]

(५) अठसठि तीरथ सगल पुंन जीअ दइआ परवानु। म: ५[१५५]

२७- ब्रह्म ज्ञानी :

गोरखबाणी: बूझै तो कोई ब्रह्म गियानी।[१५६]

गुरु ग्रंथ: मनि साचा मुखि साचा सोइ। अवरु न पेखै एकसु बिनु कोइ।

नानक इह लछण ब्रहम गिआनी होइ। म: ५[१५७]

२८- मनुष्य जन्म:

गोरखबाणी: फिरि मनिषा जनम न पायबा।[१५८]

गुरु ग्रंथ: (१) कबीर मानस जनमु दुलंभु है होइ न बारै बार।[१५९]

(२) माणस जनमु दुलंभु, गुरमुखि पाइआ। म:१[१६०]

(३) माणस जनम दुलंभु है जग महि खटिआ आइ। म: ३[१६१]

(४) माणस जनमि हरि पाईऐ हरि रावण वेरा राम।

जिन माणस जनमि न पाइआ तिन्ह भागु मंदेरा राम। म:४[१६२]

(५) माणस जनमु वडपुंनै पाइआ देह सु कंचन चंगड़ीआ। म: ४[१६३]

१५०- गोरखबाणी सबदी १३

१५१- आ०ग्रं० पृ० ९७३

१५२- आ०ग्रं० पृ० ४७३

१५३- आ०ग्रं० पृ० ७५३

१५४- आ०ग्रं० पृ० ११६८

१५५- आ०ग्रं० पृ० १३६

१५६- गोरखबाणी पृ० २१६

१५७- आ०ग्रं० पृ० २७२,२७३

१५८- गोरखबाणी पृ० २०३

१५९- आ०ग्रं० पृ० १३६६

१६०- आ०ग्रं० पृ० ७५१

१६१- आ०ग्रं० पृ० ५६५

१६२- आ०ग्रं० पृ० ८४४

१६३- आ०ग्रं० पृ० ५७५

२६- पाषाण पूजा:

गोरखवाणी: पषाणंचो देवली, पषाणंचा देव।
पषाणं पूजिला कैसे फटीला सनेह।[१६४]

गुरु ग्रंथ: (१) पाखान गढि कै मूरति कीनी दे कै छाती पाउ।
जे एह मूरति साची है तउ गड़णहारे खाउ। कबीर[१६५]
(२) जो पाथर कउ कहते देव। ताकी बिरथा होवै सेव। कबीर[१६६]
(३) सिल पूजसि बगुल समाधं म: १[१६७]
(४) सिल पूजसि चक्र गणेसं। बेणी[१६८]

३०- उलटी गंगा:

गोरखवाणी: उलटि गंगा चलै धरणि ऊपर मिलि।[१६९]

गुरु ग्रंथ: (१) उलटी गंगा जमुन मिलावउ। कबीर[१७०]
(२) उलटी नदी कहा धरु तरवरु, सरपनि औ दूजा मन माही। म:१[१७१]
(३) उलटी सकति सिवै घरि। म:३[१७२]
(४) उलटी रे मन उलटी रे। म: ५[१७३] (नया रूप)

३१- बिन्दु

गोरखवाणी: (१) जोग करंता जो व्यंद राखै ते गोरष का भाई।[१७४]
(२) व्यंद न देई सुपनै जाण।[१७५]

गुरु ग्रंथ: (१) सुपनै बिंदु न देई झरना। कबीर[१७६]
(२) सुपनै बिंदु न देई झरना। म:१[१७७]
(३) बिंदु राखि जौ तरीऐ भाई। खुसरै किउन परमगति पाई। कबीर[१७८]
(४) बिंदु न राखहि जती कहावहि।[१७९]

१६४- गोरखवाणी पृ० १३२
१६५- आ०ग्रं० पृ० ४७६
१६६- आ०ग्रं० पृ० ११६०
१६७- आ०ग्रं० पृ० १३५३
१६८- आ०ग्रं० पृ० १३५१
१६९- गोरखवाणी पृ० २४२
१७०- आ०ग्रं० पृ० ३२७
१७१- आ०ग्रं० पृ० १२०४
१७२- आ०ग्रं० पृ० ९८६
१७३- आ०ग्रं० पृ० ५३५
१७४- गोरखवाणी पृ० ४६
१७५- वही पृ० १७

३२- माया सर्पणी

गोरखबाणी: (१) मारी मारी स्रपनी निरमल जल पैठी।[१८०]
तृभुवन डसती गोरखनाथ दीठी।

गुरु ग्रंथ: (१) मारु मारु स्रपनी निरमल जलि पैठी। कबीर[१८१]
(२) सरपन दूजी दूजा मन माही। म: १[१८२]
(३) माइआ होई नागनी जगति रही लपटाइ।
इस की सेवा जो करे तिस ही कउ फिरि खाइ। म: ३[१८३]
(४) माइआ भुइअंगम ग्रसिओ है प्राणी। म: ४[१८४]

३३- गुरु गारुड़ी

गोरखबाणी: अमृत पीआ विषै रस टार्या, गुर गारड़ी अकेला।[१८५]

गुरु ग्रंथ: (१) गारडू गुर ज्ञानु धिआनु गुर बचनी बिखिआ गुरमति जारी।म:१[१८६]
(२) गुरबचनी बिखु हरि काढिआ।म: ४[१८७]

३४- काचा भांडा

गोरखबाणी: घटि घटि गोरखि कहै कहाणी। काचे भाडै रहैन पाणी।[१८८]

गुरु ग्रंथ (१) काचे करवै रहै न पानी। कबीर[१८९]
(२) काची गागरि देह दुहेली। म: १[१९०]
(३) काचे भाडै साजि निवाजे अंतरि जोति समाई। म:१[१९१]
(४) काच गगरीआ अंभ मफरीआ। म: ५[१९२]

३५- आवागमन:

गोरखबाणी: (१) आवा गवण मरम का मारग, पुरषा पंथ बतायया।[१९३]
(२) आऊं नहीं जाऊं निरंजन नाथ की दुहाई।[१९४]

गुरु ग्रंथ: (१) आवागउणु निवारिओ करि नदरि नीसाणु। रविदास[१९५]
(२) बहुरि हम काहे आवहिगे। कबीर[१९६]

१७६- आ०ग्र० पृ० ११६०   १७७- आ०ग्र० पृ० ६५२
१७८- आ०ग्र० पृ० ३२४   १७९- आ०ग्र० पृ० ६०३
१८०- गोरखबाणी पृ० १३६   १८१- आ०ग्र० पृ०४८०
१८२- आ०ग्र० पृ० १२७४   १८३- आ०ग्र० पृ० ५१०
१८४- आ०ग्र० पृ० ६६७   १८५- गोरखबाणी पृ० २०७

(३) आवागउणु निवारिआ है साचा सोइ। म: १ [१९७]

(४) आवागउणु कीआ करतारि।
आंवहि जावहि मरहि अभागे।। म: ३ [१९८]

(५) आवागवणु होतु है फुनि फुनि, इहु परसंगु न तूटै। कबीर [१९९]

(६) आवणु जाणा सभु चलतु तुमारा। म: ५ [२००]

३६- उत्पत्ति (कब हुई)

गोरखबाणी: जाणा मै जोसी नै विचारी, पहला पुरिष कै नारी जी। [२०१]

गुरु ग्रंथ: (१) कवणु सु वेला वखतु कवणु कवण थिति कवणु वारु।
कवणि सि रुती माहु कवणु जितु होआ आकारु।
वेल न पाईआ पंडती जि होवै लेखु पुराणु।
वखतु न पाइओ कादीआ जिलिखनि लेखु कुराणु। म: १ [२०२]

३७- बटक बीज:

गोरखबाणी: भणत गोरष नाथ हम होइ, निरंतर बीजैं बटक समाया। [२०३]

गुरु ग्रंथ: बटक बीज महि रवि रहिओ जा को तीनि लोक विसथार। कबीर [२०४]

३८- एक अनेक :

गोरखबाणी: एकमैं अनंत अनंत मैं एक, एकै अनंत उपाया। [२०५]

गुरु ग्रंथ: (१) एक अनेक होइ रहिआ सगल महि अब कैसे भरमावहु। कबीर [२०६]

(२) एक अनेक बिआपक पूरक जत देखउ तत सोई। नामदेव [२०७]

(३) सगल बिआपि रहिआ प्रभ छाजे।
एको एकु स अपर परंपरु परखि खजाने पाइदा। म: १ [२०८]

(४) एक अनंत अनूपि ठाउ ।। म: ५ [२०९]

१८६- आ०ग्रं० पृ० १२७४
१८७- आ०ग्रं० पृ० ६६७
१८८- गोरखबाणी पृ० १४
१८९- आ०ग्रं० पृ० ७६२
१९०- आ०ग्रं० पृ० ३५२
१९१- आ०ग्रं० पृ० ८८२
१९२- आ०ग्रं० पृ० ३६२
१९३- गोरखबाणी पृ० २१६
१९४- वही पृ० ११६
१९५- आ०ग्रं० पृ० ६६८
१९६- आ०ग्रं० पृ० ११०३
१९७- आ०ग्रं० पृ० ७२९

३९- जंत-मंत-तंत :

गोरखबाणी: झाड़ी तंत मंत बेदंत। कं गुटिका घात पाषंड।[२१०]

गुरु ग्रंथ: (१) तंत मंत्र सभ अउखध जानहि अंति तऊ मरना। कबीर[२११]

(२) तंतु मंतु पाखंडु। म: १[२१२]

(३) तंतु मंतु पाखंड न जाणा, रामु रिदै मनु मानिआ। म: ५[२१३]

४०- लोहा चबाना:

गोरखबाणी: मैण के दांता सार घरि पीसबा,
तब योग पद दुर्लभ सत्य का जाणि।[२१४]

गुरु ग्रंथ: (१) मैण के दंत किउ खाईऐ सारु। जितु गरबु जाइ सु कवणु आहारु। म:१[२१५]

(२) भोजन सारु कराई। म: १[२१६]

४१- रस-कस

गोरखबाणी: रस कुस बहि गईला, रहि गई छोई।[२१७]

गुरु ग्रंथ: (१) रस कस खाए सादु गवाए। म: १[२१८]

(२) रस कस सुख ठाके बंधि चलाइआ रामु। म: १[२१९]

(३) रस कस सादा बाहरा सची बडिआईऐ। म: ३[२२०]

४२- काम वाशना:

(क) गोरखबाणी: कामनी कहतां जोग न छोडै भग मुख परलै केता।[२२१]

गुरु ग्रंथ: भग मुखि जनमु विगोइआ। बेणी।[२२२]

(ख)गोरखबाणी: ब्रह्मा देवता कंद्रप व्याप्या। यंद्र सहस्त्र भग पाई।[२२३]

गुरु ग्रंथ: (१) गोतम नारि उमापति स्वामी।
सीसु धरनि सहस भग गांमी। रविदास[२२४]

(२)गोतमु तपा अहिलिआ इसत्री, तिसु देखि इंद्रु लुभाइआ।
सहस सरीर चिहन भग हूए,ता मनि पछोताइआ। म:१[२२५]

१९८- आ०ग्रं० पृ० ८४२ | १९९- आ०ग्रं० पृ० ९७१

२००- आ०ग्रं० पृ० १०७३ | २०१- गोरखबाणी पृ० ६१

२०२- आ०ग्रं० पृ० ४ | २०३- गोरखबाणी पृ० ८६

२०४- आ०ग्रं० पृ० ३४० | २०५- आ०ग्रं० पृ० २०५

४३- जीवत मरना:

गोरखबाणी: मरौ वे जोगी मरण है मीठा।
तिस मरणी मरौ जिस मरणी गोरष मरि दीठा।[226]

गुरु ग्रंथ: (१) कबीरा मरता मरता जगु मुआ मरि भि न जानै कोइ।
ऐसी मरनी जो मरै बहुरि न मरना होइ। कबीर-[227]
(२) ऐसे मरहु जि बहुरि न मरना। कबीर[228]
(३) जीवत मरहु मरहु फुनि जीवहु पुनरपि जनम न होई। कबीर[229]
(४) जीवत मरहु भवजलु जगु तरणा। म: १[230]
(५) जीवतु मरै ता सबदु बीचारै ता सचु पावै कोई। म: ३[231]
(६) पहिला मरणु कबूलि जीवण की छडि आस। म: ५[232]

४४- अंजन माहि निरंजन:

गोरखबाणी: अंजन मधि निरंजन भेट्या, तिल मुष भेट्या तेलं।[233]

गुरु ग्रंथ: (१) अंजन माहि निरंजन रहीऐ, बहुड़ि न भवजलि पाइआ। कबीर[234]
(२) अंजन माहि निरंजनि रहीऐ, जोग जुगति इव पाईऐ। म: १[235]
(३) अंजन माहि निरंजनु पाइआ जोती जोति मिलावणिआ। म: ३[236]

४५- परंपद:

गोरखबाणी: (१) विमल पंथ बोजल ज्यूं चमकै।[237]
(२) नूर झिलमिलि दीसै तहां अनत न जावै।[238]

गुरु ग्रंथ: (१) झिलि मिलि झिलकै चंदु न तारा।
सूरज किरणि न बिजुलि गैणारा।
पसरी किरणि जोति उजिआला। म: १[239]
(२) जोती हूं सभु चानणा सतिगुरि सबदु सुणाइआ। म: ३[240]

२०६- आ०ग्रं० पृ० ११०४ | २०७- आ ०ग्रं० पृ० ४८५
२०८- आ०ग्रं० पृ० १०३४ | २०९- आ०ग्रं० पृ० ५३६
२१०- गोरखबाणी पृ० १७१ | २११- आ०ग्रं० पृ० ४७६
२१२- आ०ग्रं० पृ० १०३५ | २१३- आ०ग्रं० पृ० ९६६
२१४- गोरखबाणी पृ० २४२ | २१५- आ०ग्रं० पृ० ६४३

शैली गत साम्य के इतने उदाहरण प्रस्तुत किये जा सकते हैं कि इस प्रबंध के बहुत बढ़ जाने का भय है। सन्तों की शब्दावली, पदावली एवं विचार की प्रेरणा को समझने के लिये गोरखबाणी एवं गुरु ग्रंथ साहब का उपर्युक्त संक्षिप्त तुलनात्मक अध्ययन ही पर्याप्त होगा।

(३) प्रतीक योजना- क(साधारण प्रतीक)

प्रतीकों को अभिव्यक्ति-परक प्रयोग कहा जा सकता है। सन्तों की अभिव्यक्ति का मुख्य हेतु ब्रह्म विचार और ईश्वर की प्रेमानुभूति था, यह बात प्राय: सर्वमान्य ही मानी जा सकती है। नाथ-पंथी-साधना से प्रभावित और उसी के ज्ञान-परक दृष्टिकोण को अपनाते हुए भी संत इस दृष्टि से नाथ पंथियों से भिन्न कोटि की साधना के पोषक थे। हेतु की भिन्नता होने के पश्चात् अभिव्यक्ति परक प्रयोगों की भिन्नता होना स्वाभाविक है, किन्तु सन्तों और नाथ पंथियों के अभिव्यक्ति परक प्रयोग कुछ बातों को छोड़ कर प्राय: समान ही हैं। संतों में नाथ पंथी प्रतीक योजना के अतिरिक्त दाम्पत्य और वात्सल्य प्रतीकों का प्रयोग प्रचुर रूप से हुआ मिलता है, किन्तु साधनात्मक प्रतीकों तथा लोक तुला उपमानों का ठीक वैसा ही प्रयोग हुआ है, जैसा कि नाथ पंथी रचनाओं में हुआ है।[२५१]

हमारा विचार है कि इस का कारण मुख्य यही हो सकता है कि गोरखनाथ का प्रभाव उस समय बहुत ही अधिक था। सब लोक उनकी शुद्ध सात्त्विक भावना से प्रेरित थे। अत: सन्तों ने नाथों की सब अच्छी बातों को स्वीकार कर लिया। नाथ मत में केवल एक बात थी, जिसे सन्तों ने स्वीकार नहीं किया, वह थी गृहस्थ जीवन का बहिष्कार।

२१६- आ०ग्र० पृ० १४७
२१७- गोरखबाणी पृ० ८७
२१८- आ०ग्र० पृ० ८४०
२१९- आ०ग्र० पृ० ११४०
२२०- आ०ग्र० पृ० ६५१
२२१- गोरखबाणी पृ० ८८
२२२- आ०ग्र० पृ० ६३
२२३- गोरखबाणी सबदी १६८
२२४- आ०ग्र० पृ० ७१०
२२५- आ०ग्र० पृ० १३४४
२२६- गोरखबाणी पृ० १०
२२७- आ०ग्र० पृ० ५१५, १३६५
२२८- आ०ग्र० पृ० ३२७
२२९- आ०ग्र० पृ० ११०४
२३०- आ०ग्र० पृ० १०४०
२३१- आ०ग्र० पृ० ५०६

सन्तों का प्रतीक पद्धति के तीन मुख्य रूप मिलते हैं:- (१) आध्यात्मिक संबंध मूलक (२) साधना प्रधान (३) लोक मूलक उपमानों के रूप।

आध्यात्मिक संबंध मूलक प्रतीक रूपक

दाम्पत्य संबंध के प्रतीकों का प्रयोग विशेष कर सन्त-काव्य में हुआ है, परन्तु इसके तत्व नाथ-काव्य में भी मिलते हैं, चाहे नाथ-योगी स्वयं इस जीवन से दूर भागते थे। परमपद की पातशाही का वर्णन करते हुए गोरखनाथ कहते हैं:-

१- दाम्पत्य संबंध:

गोरखबाणी: ऐसी अवला पातसाही चाबै अदम बलाई।
तहां सत्य बीबा, संतोस साहिजादा, षिमां माति ले धाई।[२४२]

गुरु ग्रंथ: (१) मैं बउरी मेरा राम भतारु। रचि रचि ता कउ करउ सिंगारु। नामदेव[२४]
(२) राम राइ सिउ भावरि लैहउ आतम तिह रंग राती। कबीर[२४४]
(३) नानक मेलि लई गुर अपणै घरि वरु पाइआ नारी। म:१[२४५]
(४) मैं कामणि मेरा कंतु करतारु। जेहा कराए करी सीगारु। म:३[२४६]
(५) बांह पकड़ि ठाकुरि हउ घिधी गुण अवगुण न पछाणै। म:५[२४७]

२- कलालिन:

गोरखबाणी: इकीस ब्रह्मंड भाठी चिणावै, पावक सदा मति वालं।
मनसा कलालिनि भरि भरि देवै, आछा आछा मद ना प्यालं।[२४८]

गुरु ग्रंथ: (१) काइआ कलालनि लाहनि मेलउ गुर का सबदु गुड़ कीन रे।
एक बूंद भरि तनु मनु देवउ जो मदु देइ कलाली रे।
भवन चतुरदस भाठी कीन्ही ब्रहम अगनि तनि जारी रे। कबीर[२४९]
(२) पूरा साचु पिआला सहजे तिसहि पीआए जा का नदरि करे। म:१[२५०]

३- आत्मा-परमात्मा-मिलन:

गोरखबाणी: अवधू उरधै बसैं चंद, अरधैं बसै सूर।[२५१]

गुरु ग्रंथ: ससि घरि सूरु बसै मिटै अंधिआरा।[२५२]

२३२- आ०ग्रं० पृ११०२ | २३३- गोरखबाणी गिआन तिलक पृ० २१७
२३४- आ०ग्रं० पृ० ३३२ | २३५- आ०ग्रं० पृ० ७३०
२३६- आ०ग्रं० पृ० ११२ | २३७- गोरखबाणी पृ० २१६

४- जीवात्मा-परमात्मा के प्रतीक

गोरखबाणी: दीपक एक अखंडित बाती। अगम अगोचर सकल ब्रहमंड।
तां दीपक कै बरन न ध्यंड।
सिखा न नैन सीस नहिं हाथ। सो दीपक देख्या जती गोरखनाथ।।
तां दीपक के मोह न माया। सो दीपक सूने सून समाया। दयाबोध।[253]

गुरु ग्रंथ: (१) दीपक बांधि धरबिो बिनु तेल।
सो दीपकु अमरकु संसारि। कबीर[254]
(२) दीपक सहजि बलै तति जलाइआ।
दीपक रस तेलो, धन पिर मेलो धन ओमाहि रसी। म: १[255]
(३) दीपक ते दीपकु परगासिआ, त्रिभवण जोति दिखाइ। म:१[256]

(४) दीवा मेरा एक नामु दुख विचि पाइआ तेलु।
उनि चानणि ओहु सोखिआ, चूका जम सिउ मेलु। म:१[257]

५- जीवन-रात्रि :

गोरखबाणी रात्ति गई, अंध रात्ति गई बाल एक पुकारै।
है कोई नगर में सूरा बालक मा दु:ख निवारै।[258]

गुरु ग्रंथ (१) रात्ति कारणि धनु संचीऐ, भलके चलणु होइ। म: २[259]
(२) रैणि गई मत दिनु भी जाइ। कबीर[260]
(३) रैणि विहाणी पछुताणी उठि चली गई निरास। म:५[261]
(४) एकु रैण के पाहुन तमु चाए बहु जुग आस बधाए। म: ५[262]

२३८- गोरखबाणी पृ० १५७
२३९- आ०ग्रं० पृ० १०३३
२४०- आ०ग्रं० पृ० ५०६
२४१- नाथ पंथ और निर्गुण संत काव्य पृ०२८६
२४२- गोरखबाणी पृ० १२१
२४३- आ०ग्रं० पृ० ११६४
२४४- आ०ग्रं० पृ० ४८२
२४५- आ०ग्रं० पृ० ११०६
२४६- आ०ग्रं० पृ० ११२८
२४७- आ०ग्रं० पृ० ७०३
२४८- आ०ग्रं० पृ० १२२
२४९- आ०ग्रं० पृ० ६६६
२५०- आ०ग्रं० पृ० ३६०
२५१- गोरखबाणी मछिन्द्र गोरखबोध- ३४
२५२- आ०ग्रं० सिधि गोसटि ४६
२५३- गोरखबाणी पृ० २३९-४०

साधना प्रधान प्रतीक रूपक

१- सुनार का रूपक:

गोरखबाणी: अहरणिनाद नै सूंबंद रूपीआ, रवि ससि षाला पवनं।
मूल चापि दिढ आसणि बैठा, तब मिटि गया आवागवनं। [263]

गुरु ग्रंथ: जतु पाहारा धीरजु सुनिआरु। अहरणि मति वेदु हथीआरु।
भउ खला अगनि तप ताउ। भांडा भाउ अंम्रितु तितु ढालि।
घड़ीऐ सबदु सची टकसाल। म: १ [264]

२- किसान का रूपक

गोरखबाणी: उत्तर देस मेह चढ़ि आया, दक्षिण आचल छाया।
पूरब देस थी पाणिग त्रिकूटी पश्चिम खेत्र में पाया।
मन पवना धोरी जोतावो सहजा सांतोड़ा समधावो।
दया धर्म नां बीज अणावो, इणी पेरि षेत्रे ओवो।
षाता न षूटै देतां न निठै जम बार नहीं जाइ।
मछींद्र प्रसादै जती गोरष बोल्या नित नवेरा थाइ।। [265]

गुरु ग्रंथ (१) आपि सुजाणु न भुलई सचा वड किरसाणु।
पहिला धरती साधि कै सचु नामु दे दाणु। म: १ [266]

(२) इहु तनु धरती बीजु करमा करो सलिल आपाउ सारिंग पाणी।
मनु किरसाणु हरि रिदै जमाइ लै इउ पावसि पदु निरबाणी। म: १ [267]

(३) मनु हाली किरसाणी करणी सरमु पाणी तनु खेतु।
नामु बीजु संतोखु सुहागा रखु गरीबी वेसु। म: १ [268]

२५४- आ०ग्रं० पृ० ६७१
२५५- आ०ग्रं० पृ० ११ ६
२५६- आ०ग्रं० पृ० ६०७
२५७- आ०ग्रं० पृ० ३५८
२५८- गोरखबाणी सबदी २६२
२५९- आ०ग्रं० पृ० ७८७
२६०- आ०ग्रं० पृ० ७९२
२६१- आ०ग्रं० पृ० १३४
२६२- आ०ग्रं० पृ० ११२
२६३- गोरखबाणी पृ० १०१
२६४- आ०ग्रं० पृ० ८
२६५- गोरखबाणी पृ० १२५
२६६- आ०ग्रं० पृ० १९
२६७- आ०ग्रं० पृ० २३
२६८- आ०ग्रं० पृ० ५९५

३- घुड़सवार:

गोरखबाणी: सहज पलांण पवन करि घोड़ा ले लगाम चित चबका।
चेतनि असवार ग्यान गुरु करि, और तजौ सब ढबका। [२६६]

गुरु ग्रंथ (१) देह मुहार लगामु पहिरावउ।
सगल तजीन पगु धरि लीजै। अने बाचारि असवारी कीजै।
सहज के पावे, पगु धरि लीजै।
चल रे बैकुंठ तुझहि ले तारउ।। हितचित त प्रेम के चाबुक मारउ।।
कहत कबीर भले असवारा। बेद कतेब ते रहि निरारा। कबीर [२७०]
(२) मन असवार जैसे तुरी सीगारी। म: ५ [२७१]

४- धोबी का रूपक:

गोरखबाणी: चंदा करि ले चूटा सुरजि करिले पाट।
नित उठ धोबी घोवै त्रिबेणी के घाट।
धरि ले नाड़ी चारोड़ी, पूरि ले बकनालि।
बदंत गोरखनाथ, अवधू मन उतरिबोपारि। [२७२]

गुरु ग्रंथ (१) भरीऐ हथु पैरु तनु देह। पाणी धोतै उतरसु खेह।
मूत पलीती कपड़ु होइ। दे साबूणु लईऐ ओहु धोइ।
भरीऐ मति पापा कै संगि। ओहु धोपै नावै कै रंगि। म: १ [२७३]
(२) मै चिचि कुंबि चड़ाइ कै सरमु पाहु तनि होइ। म: १ [२७४]

लोक सुलभ उपमानों के रूपक

रूपकों की इस कोटि में दोनों प्रकार के प्रतीकों का सम्मिश्रण है।

(१) साधारण प्रतीक

१- मछली-जाल :

गोरखबाणी: आपण ही मछ कछ आपणही जाल।
आपण ही धीवर आपण ही काल। [२७५]

गुरु ग्रंथ: (१) आपे माछी मछुली आपे पाणी जालु। म:१ [२७६]
(२) आपे मछुली आपे जाला। म: १ [२७७]

२६९- गोरखबाणी पृ० १०३ २७०- आ०ग्रं० पृ० ३२९

२- सर्प और बांबी:

गोरखबाणी: सरप मरै बांबी उठि नाचै कर बिनु डेरा बाजै।[२७८]

गुरु ग्रंथ: (१) बरमी मारी सापु न मरई नागु न सुनई डोरा। म:५[२७९]

(२) बरमी मारी सापु न मूआ। प्रभाती म: ५[२८०]

३- कौआ-हंस:

गोरखबाणी: कागा कै रूप माल हंसला न मेला।[२८१]

गुरु ग्रंथ: किआ हंस किआ बगुला, जा कउ नदरि करे।

जे तिसु भावै नानका कागहु हंसु करे। १२४ ।।[२८२]

४- श्याम-श्वेत

गोरखबाणी: दूधै धोया कोइला उजला न होइला।[२८३]

गुरु ग्रंथ: (१) साकत कारी कांबरी धोए होइ न सेत। कबीर[२८४]

(२) काइआ कुसुध हउमै मलु लाई।

जे सउ धोवहि ता मेलु न जाई। माझ सोहले म:३[२८५]

(२) अर्थ रूपक तथा प्रतीक रूपक

डा० राम कुमार वर्मा ने रूपकों का विशिष्ट शैली, जो नाथों तथा सन्तों के काव्य में मिलती है, को दो भागों में विभक्त किया है।[२८६] एक अर्थ रूपक, दूसरे प्रतीक रूपक। शब्दों के विशेष अर्थों के कारण कुछ रूपक अर्थ-रूपक कहे जाते हैं। जैसे घर का अर्थ शरीर, आग का ब्रह्मज्ञान, पांच लड़के का पांचों इन्द्रियां। प्रतीक रूपक की परिधि में नाथों तथा सन्तों की उलटबांसियां आती हैं।[२८७]

अर्थ रूपक:

इन रूपकों की परंपरा सिद्धों तथा नाथों से सन्तों को प्राप्त हुई। बुद्धमत के ग्रंथ धम्मपद में एक गाथा है:-

मातरं पितरं हन्त्वा, राजानो द्वे च खत्तिये।

रट्ठं सानुचरं हन्त्वा, अनीघो याति ब्राह्मणो।[२८८]

२७१- आ०प्र० पृ० १६८ २७२- गोरखबाणी पृ० १५५

२७३- आ०प्र० पृ० ४ २७४- आ०प्र० पृ० ४६८

२७५- गोरखबाणी पृ० १३६ २७६- आ०प्र० पृ० २३

इसका शाब्दिक अर्थ है: माता, पिता दो राजाओं तथा अनुचरों के साथ पूर्ण राष्ट्र की हत्या करके ब्राह्मण निष्पाप हो जाता है। इसका प्रतीकात्मक अर्थ है: तृष्णा (माता), अहंकार (पिता), शाश्वत और उच्छेद दृष्टि (दो क्षत्रिय राजा) तथा संसार की आसक्तियाँ (अनुचरों के साथ सारा राष्ट्र) को नष्ट कर योगी (ब्राह्मण) दुःख-रहित हो जाता है।

इस प्रकार की उक्तियाँ आदि ग्रंथ में विशेषकर कबीर जी की रचना में मिलती हैं।

उदाहरण: (१) कबीर ऐसा कोई न जनमिआ अपनै घर लावै आगि।
पांचउ लरिका जारि कै रहै राम लिव लागि॥८०॥[289]

(२) को है लरिका बेचई लरिकी बेचै कोइ।
सांझा करै कबीर सिउ हरि संगि बनजु करेइ॥८१॥[290]

(३) कबीर ऐसा को नहीं मंदरु देइ जराइ।
पांचउ लरिके मारि कै रहै राम लिउ लाइ॥८३॥[291]

(४) कबीर ऐसा को नहीं इहु तनु देवै फूकि।
अंधा लोगु न जानई रहिओ कबीरा कूकि॥८४॥[292]

(पांचउ लरिका= काम-क्रोध-लोभ-मोह-अहंकार। लरिका बेचई= अहंकार रूपी मन को बेच कर उसके बदले में अहंकार रहित अवस्था को प्राप्त करना। लरिकी बेचै= आशा-तृष्णा को त्यागना। तन देवै फूकि= शारीरिक ममता-मोह का नाश।)

प्रतीक रूपक अथवा उलटबासियाँ

उलटबांसियाँ सिद्धों से लेकर नाथों के पास आईं और नाथ-योगियों से यह परंपरागत रूप में संतों तक पहुंचीं। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने उलटबासियों की परंपरा का इतिहास खोज कर उसे वैदिक काल तक जोड़ते हुए कहा है: उलटबांसी शब्द

२७७-आ०ग्र० पृ०१०२१
२७८- गोरखबानी पृ० २०८
२७९-आ०ग्र० ३८१
२८०-आ०ग्र० पृ० १३४८
२८१-गोरखबानी पृ० १२८
२८२- आ०ग्र० पृ० १३८४
२८३-गोरखबानी पृ० १२८
२८४- आ०ग्र० पृ० १३६६
२८५-आ०ग्र० पृ० १०४४
२८६-हिन्दी साहित्य-पृ० २३५ पर से नाथपंथ और निर्गुण-संत-काव्य पृ०३५१ पर।
२८७-प्रतीक रूपक अथवा अर्थ-विपर्यय पद को उलटबांसी कहते हैं, प्राकृतिक परिस्थितियों

का व्युत्पत्तिमूलक अर्थ जो रहा हो, और उसका प्रयोग मन चाहे जिस रूप से होता जा रहा हो, इसमें संदेह नहीं कि ऐसे पदों के रचने की परंपरा बहुत पुरातन है, और उनके प्रयोग वैदिक साहित्य तक में किये गए मिलते हैं।[293]

उदाहरण: 'चत्वारि शृंगा त्रयोऽस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासोऽस्य।
त्रिधाबद्धो वृषभो रोरवीति।' (ऋ० ३-४-५८-३)
(इस बैल के चार सींग हैं, तीन चरण हैं, दो सिर हैं, सात हाथ हैं, और यह तीन प्रकार से बंधा हुआ उच्च शब्द करता है।)[294]

गोरखबाणी में उलटबांसियां पर्याप्त मात्रा में पाई जाती हैं। कुछ एक उदाहरण के लिये प्रस्तुत हैं:-

(१) आंबलियो थकि मोरियो ऊपरि नाल बिजोरा फलियो।[295]
(२) ऊंट सियाणे वक गुरु नैं मान फेरते आगा बैठो।[296]
(३) एक गाइ नौ बछड़ा, पंच दुहिला आवै।
एक फूल सोलह कलियां मालनि मन में आरिंग न पावै।[297]

और भी बहुत सी उलटबांसियां गोरखबाणी में मिलती हैं।[298]

आदि ग्रंथ में उलटबांसियों का स्वरूप

१-ऐसा अचरज देखिओ कबीर। दधि कै भोलै बिरोलै नीरु। रहाउ।
हरी अंगूरी गदहा चरै। नित उठि हासै हीगै मरै।
माता भैसा अमुंहा जाइ। कुदि कुदि चरै रसातलि पाइ।
कहु कबीर परगटु भई खेड। लेले कउ चूघै नित भेड।[299]
(गउड़ी कबीर नामि रगाउ तिपिखा ५:५)

प्रतीकार्थक:

दधी = ब्रह्म, पानी = माया, गधा = कपटी मन, हरी अंगूरी = ब्रह्म ज्ञान। माता भैंसा = माया, अमुंहा जाइ = मुखरहित वस्तु, अज्ञान, भेड़ = वासना, लेला = मन (अंहकारी मन समझता है मैं वासनाओं का भोग करता हूं, परन्तु आश्चर्य की बात है कि मूर्ख लोग समझते ही नहीं कि वासनाएं उनका भक्षण करती हैं)

को उलट कर विपरीत निरूपण करना ही इस शैली का उद्देश्य है। डा० राम कुमार वर्मा हिन्दी साहित्य पृ० २३६ से नाथ पंथ और निर्गुण संत काव्य पृ० ३५० पर उद्धृत।

२९८- धम्मपद- गाथा- ३९८ से बौद्ध धर्म का मध्ययुगीन सन्त साहित्य पर प्रभाव पृ०१७२ उद्धृत

२- जोइ खसम है जाइआ। पूति बापु खेलाइआ।
बिनु स्रवणा खीरु पिलाइआ। देखहु लोगा कलि को भाउ।
सुति मुकलाई अपनी माउ।। १।।
पगा बिनु हुरीआ मारता। बदनै बिनु खिर खिर हासता।
निद्रा बिनु नरु पै सोवै। बिनु बासन खीरु बिलोवै।
बिन असथन गऊ लवेरी। पैडे बिनु बाट घनेरी।
बिनु सतिगुर बाट न पाई। कहु कबीर समझाई।[३००]

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
१- जोइ-स्त्री	- माया	९- माउ- माँ	- माया
२- खसम-स्वामी	- देव अथवा मन	१०- बिना पग-बदन	- अज्ञान
३- पूति- पुत्र	- अज्ञान	११- निद्रा बिनु नरु	- ज्योति स्वरूप मन
४- बापु- पिता	- मन	१२- सोवै	- अज्ञानवश सोता है
५- बिनु स्रवणा- बिना स्तनों के	- माया (बांझ)	१३- बिनु बासन	- सत्य रहित (ज्ञान रहित) हृदय।
६- दूध (बिना थन का)	- अज्ञान(माया का)	१४- खीर बिलोवै	- ज्ञान- अमृत बिना बासन के बाहिर गिरना।
७- कलि	- कलियुग	१५- बिन असथन	- वास्तविकता हीन।
८- सुति	- अज्ञान का मन	१६- पैडे बिन बाट	- कुछ हृदय में है, पर भेंट नु हुई(भटकन)
		१७- बाट	- मार्ग।

ऐसी ही उलटबांसियां गुरु अर्जुन देव की रचना में हुई हैं:

रामकली म: ५

गऊ कउ चारे सारदूल। कउडी का लख हूआ मूल।
बकरी कउ हसती प्रतिपाले। अपना प्रभु नदरि निहाले।
दीसत मासु न खाइ बिलाई। महा कसाबि छुरी सटि पाई।
करणहार प्रभु हिरदै वूठा। फाथी मछुली का जाला तूटा।
सूके कासट हरे चलूल। ऊचे थलि फूले कमल अनूप। म:५[३०२]

२८९- आ०ग्र० पृ० १३६६ २९०- आ०ग्र० पृ० १३६६

ऊपर कबीर जी के पद में जिस अवस्था का वर्णन है, उसका एक भाग उपकार परिशिष्ट में दे दिया है। गुरु अर्जुन देव जी के पद में सतिगुरु की कृपा से मार्ग दर्शन होने से मन जो माया के जोशों में लीन था, निर्लिप्त बन गया है:

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
१- गउ-	माया विलीन मन मन जो पहले सर्पिणी थी।	२- सारदूल -	मन- जो पहले माया का था
३- बकरी-	मनुष्य जन्म- हार गया है गया।	४- करी -	माया जो पहले बाघिन थी।
५- स्त्री-	मन- जो पहले शृगाल था	६- मास -	विषय
७- बिलाई-	मायावश मन	८- मा T	अहंकार- अंहकार
९- तुरी -	विषय	१०- फाहसी मछी-	जीवात्मा
११- जाला-	छूटै-अंहकार का पर्दा दूर हो गया।	१२- पूछे आपट -	बिछुरी जीवात्मा।
१ - हरे बहूल-	हृदय कमल से प्रफुल्लित	१४- ऊंचे थाति फूले कमल अनूप	ब्रह्मरंध्र में से अमृत आवन से हृदय में सहस्रदल कमल खिल गया।

म: ५

मन अवतार कैसे तुरत सामारी। जिन का पुरखु पुकारै नारी।
बैल कउ नेत्रा पाइ दुहावै। गउ चरि सिंघ पाछै पावै।
गाडर ले आप घेनु करि पूजी। उदवे कउ पावै बिन पूंजी। 301

२९१- आ०ग्रं० पृ० १३६८
२९२- आ०ग्रं० पृ० १३६८
२९३- कबीर साहित्य का परख पृ० ११६
२९४- वही।
२९५- गोरखबानी पृ० १११
२९६- वही पृ० ११२
२९७- वही पृ० ११३
२९८- वही पृ० ११४,१३०,१५४,११६
२९९- आ०ग्रं० पृ० ३२६
३००- आ०ग्रं० पृ० ११६४
३०१- मन मारणा मै रहि रहिओ निसतत नाहि न मीत। आ०ग्रं०पृ०१४२८
३०२- आ०ग्रं० पृ० ३६८
३०३- आ०ग्रं० पृ० ३६८

इसमें सन्देह नहीं कि गुरु अर्जुन की उलटबांसियों का रूप कबीर की उलटबासियों से परिष्कृत है। इसी प्रकार कबीर ने गोरखनाथ की उलटबांसियों का परिष्करण अवश्य किया, परन्तु शैली बहुत कुछ वही थी। उपर्युक्त पद में भाव बिल्कुल स्पष्ट है कि मायावश मन इन्द्रियों को लगाम को ढीली छोड़ कर विषयासक्त होता है।

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
१- कापुरख -	ज्ञान हीन मन	२- नारी -	जीवात्मा
३- बैल -	अज्ञान	४- नेत्रापाह दुहावै-	अज्ञान भ्रमण
५- गउ -	आत्मा	६- सिंघ -	अंहकार- अज्ञान
७- गाडर -	द्वैत भाव	८- कामधेनु -	आध्यात्मिक अनुभूति
६- सउदे -	नाम व्योपार	१०- पूंजी -	शुभ कर्म- अथवा साधना।

(४) शब्द-चित्र-योजना

इस शीर्षक के अन्तर्गत हमने ऐसे शब्द चित्रों को रखा है, जो आदि ग्रंथ के रचियताओं ने या तो तत्कालीन लोक जीवन से ग्रहण किये हैं, अथवा जिन्हें उन्होंने निजी अनुभूति के आधार पर अपनाया है। आदि ग्रंथ में कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है, जो साधारण जीवन से संबंधित हैं, परन्तु उनके प्रयोग से आत्मा-परमात्मा के संबंधों एवं कतिपय साधनापरक स्थितियों का चित्र प्रस्तुत किया गया है।

सम्राट के रूपक

१- सच्चा पातशाह	२- सच्चा साहिब	३- साचा तखत
४- साचा थान (स्थान)	५- साचा दरबार	६- साची दरगाह
७- अदली (पातशाह)	८- फरमान (पातशाही)	६- हुकम(पातशाही)
१०- महल (पातशाह्का)	११- [illegible] खसम (स्वामी)	१२- दाता
१३- बखसंद (दयावान)	१४- दइआल- किरपाल	१५- नदरि-करम(नज़र-ए-करम)
१६- सलाम (अभिनंदन)	१७- मिहरबान (कृपालु)	

व्योपार के रूपक

१-बणजारा	२- परदेसी	३- रास-रसायाण(नाम)
४- रत्न-हीरा (नाम)	५- पदार्थ (नाम)	६- रत्न जवेहर-लाल(नाम)
७- रतन जवेहर-माणिक (नाम)	८- रतन पदारथ(नाम)	६- लेखाकार
		१०- पारख सराफ

सन्त वाणी में एक ऐसी ध्वनि है, जिस ने इस जीव को भगवान् के इस लीलामय जगत् में विधाता की विधि के विधान के अधीन कर्म करता हुआ घोषित किया है:- मनुष्य करता कुछ है और परिणाम कुछ और निकलता है:-

नर चाहत कछु अउर, अउरै की अउरै भई।
चितवत रहिओ ठगउर, नानक फासी गल परी। म: ६ [304]

जीव माया के भ्रमवश कर्म करता है। तदुजनित अज्ञान के कारण फल की कामना करता है। माया से ठगा जाता है। और बंधन में पड़ता है। इसी बंधन से जीवन-मुक्त होना सन्तों का ध्येय है। जीवात्मा को मनुष्य योनि बड़े सौभाग्य से प्राप्त हुई है अत: जीव को हरि-नाम का सुमरिन गुरु की शरण में साधु-संगति में बैठ कर करना चाहिए, जिस से माया का भ्रम टूट जाये, और जीवात्मा की अपने पास रहने वाले परमात्मा से भेंट हो जाय:

वडभागी संगति मिलै गुर सतिगुर पूरा बोलु।
सभि धिआवहु नर नाराइणो, जितु चूका जम कगदु कगोलु। म:४ [305]

प्रभु नाम सुमरिन से मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है तथा अभय-पद की प्राप्ति होती है। नहीं तो माया के भ्रम से उत्पन्न हुए अज्ञान के वश किये कर्मों का लेखा नहीं छूटे गा।

लेखा छोडि अलेखै छूटह हम निरगुण लेहु उबारी। म: ५ [306]

इस विचार को लेकर परमात्मा को त्रिभुवण धनी, और सच्चा पातशाह माना है। संसार के राजाओं को झूठा माना है, क्योंकि उनका राज्यकाल उनके जीवन में ही अथवा जीवन के पश्चात् समाप्त हो जाता है परन्तु भगवान् का राज्य शाश्वत है। वह न्यायकारी है।

म:४ जितने साह पातिसाह उमराव सिकदार चउधरी सभि मिथिआ झूठु, भाउ दूजा जाणु। हरि अबिनासी सदा थिरु निहचलु तिसु मेरे मन भजु परवाणु। [307]

इस भावना के अन्तर्गत उस सर्वशक्तिमान् शासक के शाश्वत राज्य के संबंध में कुछ रूपकों का प्रयोग हुआ है, जिन के प्रतीक इस प्रकार हैं:-

---

३०४- आ०ग्रं० पृ० १४२८ | ३०५- आ०ग्रं० पृ० १३१७
३०६- आ०ग्रं० पृ० ७१३ | ३०७- आ०ग्रं० पृ० ८६१

१- सच्चा पातसाह:

१- नानक सचा पातिसाहु पूछि न करे बीचारु। म: १ [३०८]

२- नानक सचे पातिसाहि डुबदा लइआ कढाइ। म: ५ [३०९]

३- तू सुलतानु कहा हउ मीआ तेरी कवन वडाई । म: १ [३१०]

२- सच्चा साहिब :

१- साचा साहिबु एकु तू होर जीअ केते लोअ। म: १ [३११]

२- साचे साहिबा किआ नाही घरि तेरै। म: ३ [३१२]

३- साहिब सबदु न उचरै माइआ मोह पसारी। म: ४ [३१३]

४- साचे साहिब सिउ मनु मानिआ। म: ५ [३१४]

५-

३- साचा तख़त :

१- साचा तख्तु सची पातिसाही। सचु खजीना साचा साही। म: ५ [३१५]

२- एको तख्तु एको पातिसाहु। म: १ [३१६]

३- साची नगरी तख्तु सचावा। म: १ १०२३ [३१६(क)]

४- साचा थान(स्थान) :

१- साचा थानकीउ दइआला। म: १ [३१७]

२- साचा थानु सदा प्रभ तेरा। म: ५ [३१८]

५- साचा दरबार

१- साचा घरु साचा दरबारा। म: ३ [३१९]

२- खसमै के दरबारि ढाढी वसिआ। म: १ [३२०]

३- वारु विरधि न जाणीऐ, निहचल तिसु दरवारु। म: ५ [३२०(ख)]

६- साची दरगह (दरगाह):

१- साची दरगह पाईऐ मानु। म: ५ [३२१]

२- साची दरगह साचु निवासा। म: १ [३२२]

३- साची दरगह पावै मानु। म: ३ [३२३]

३०८- आ०ग्रं० पृ० १७ | ३०९- आ०ग्रं० पृ० ४३

३१०- आ०ग्रं० पृ० ६७५ | ३११- आ०ग्रं० पृ० १५

७- अदली (न्यायकारी):

१- अदलु करे गुर गिआन समाना। म: १ [३२४]

२- तखति बहै अदली प्रभु आपे भरमु भेद भउ जाई हे।म: १ [३२५]

३- अदली होइ बैठा प्रभु आपि। म: ५ [३२६]

८- फुरमान (पातशाह का) :

१- फुरमानु तेरा सिरै ऊपरि फिरि न करत बीचार। कबीर [३२७]

२- अमुलु करमु अमुलु फुरमाणु। म: १ [३२८]

३- मैनो नो फुरमानु होआ बखसहु किरपा धारि। म:३ [३२९]

९- हुकम (पातशाह का):

(१) हुकमै अंदरि सभु को बाहरि हुकम न कोइ। म: १ [३३०]

(२) हुकमे आडाणे आकास। म: १ [३३१]

(३) हुकमु साजि, हुकमै विचि रखै, हुकमै अंदरि वेखै। म:२ [३३२]

(४) पाताल पुरीआ लोअ आकारा। तिसु विचि वरतै हुकमु करारा। हुकमे साजे हुकमे ढाहे, हुकमे मेलि मिलाइदा। म: ३ [३३३]

(५) हुकमु होवे हुकमु अराधे हुकमे सचे समाए। म: ४ [३३४]

(६) हुकमु पछाणै सु हरिगुण वखाणै। म: १ [३३५]

(७) हुकमे बाधा कार कमाइ। म: ५ [३३६]

(८) हुकमु पछानै सु एको जानै बंदा कहीऐ सोई। कबीर [३३७]

१०- महल (परिषद) :

(१) महला जाइ पावहु खसमै भावहु रंगि सिउ रलीआ माणै। म:१ [३३८]

(२) महलै अंदरि महलु को पाए। म:३ [३३९]

(३) महल न पावै कहतौ पहुता। म: ५ [३४०]

३१२- आ०ग्रं० पृ० ६९७

३१३- आ०ग्रं० पृ० १२४३

३१४- आ०ग्रं० पृ० ६३०

३१५- आ०ग्रं० पृ० १०७३

३१६- आ०ग्रं० पृ० ११८८

३१६(क) आ०ग्रं० पृ० १०२३

३१७- आ०ग्रं० पृ० १०३६

३१८- आ०ग्रं० पृ० १०७४

३१९- आ०ग्रं० पृ० १०६८

३२०- आ०ग्रं० पृ० १४८

३२०(क)- आ०ग्रं० पृ० ४७

३२१- आ०ग्रं० पृ० १२७०

११- खसम (मालिक-स्वामी) :

१- हुकमि मंनिऐ होवै परवाणु ता खसमै का महलु पाइसी। म:१ [३४१]

२- खसमु पछानि तरस करि जीअ महि, मारि मणी करि फीकी। [३४२]

३- खसमु पछाणहि आपणा तनु मनु आगै देह। म: ३ [३४३]

४- खसमु बिसारि आन कंमि लागहि। म: ५ [३४४]

१२- दाता (दानी):

१- दाता करता आपि तूं तुसि देवहि करहि पसाउ। म:१ [३४५]

२- नानक एको बाहरा दूजा दाता नाहि। म: २ [३४६]

३- दाते दाति रखी हथि अपणै जिसु भावै तिसु देई। म:३ [३४७]

४- दाता करता आपि, आपि भोगणहारिआ। म:४ [३४८]

५- दाता जुगता देनहारु तिसु बिनु अवरु न जाइ। म: ५ [३४९]

६- दाती साहिब संदीआ किआ चलै तिसु नालि। म: १ [३५०]

१३- बखसंद (क्षमावान्) :

(१) तूं बखसीसी अगला नित देवहि चड़हि सवाइआ। म: १ [३५१]

(२) हम अपराधी सद भूलते, तुम्ह बखसनहारे। म: ५ [३५२]

१४- दइआल-किरपाल (दयालु):

१- तूं दइआलु किरपालु सदा प्रभु आपे मेलि मिलाइदा। म:१ [३५३]

२- तूं दइआलु किरपालु प्रभु सोई। म: ४ [३५४]

३- तूं दइआलु कृपालु कृपानिधि मनसा पूरणहारा। म: ५ [३५५]

४- तूं दइआलु सदा सुखदाता। म: ३ [३५६]

५- तूं दइआलु रतनु लालु नामा साचि समाइला। नामदेव। [३५७]

३२२- आ०ग्र० पृ० १०२३ — ३२३- आ०ग्र० पृ० ११७३

३२४- आ०ग्र० पृ० १०४० — ३२५- आ०ग्र० पृ० १०२२

३२६- आ०ग्र० पृ० ९६६ — ३२७- आ०ग्र० पृ० ३३८

३२८- आ०ग्र० पृ० ५ — ३२९- आ०ग्र० पृ० १२८५

३३०- आ०ग्र० पृ० १ — ३३१- आ०ग्र० पृ० १०३७

३३२- आ०ग्र० पृ० १२४३ — ३३३- आ०ग्र० पृ० १०६०

३३४- आ०ग्र० पृ० १४२३ — ३३५- आ०ग्र० पृ० १०९

१५- नदरि-करम (नज़र-ए-करम)-कृपा दृष्टि :

(१) जिन कउ नदरि करमु तिन कार। नानक नदरी नदरि निहाल। म:१[358]

(२) जिन कउ नदरि करमु होवै, हिरदै तिना समाणा। म: ३[359]

(३) नदरि करे ता सति गुरु मेले, अनदिनु बिबेक बुधि बिचरै। म: ४[360]

(४) नदरि करे जिसु आपणी नाउ। तिस पराापति होइ। म: ५[361]

१६- सलाम (अभिनंदन):

सलामु जबाब दोवै करे। म:१[362]

१७- मिहरवान (दइआल)

१- मिहरवान मधुसूदन माधौ ऐसी सकति तुम्हारी। म: १[363]

२- मिहरवानु साहिब मिहरवानु। साहिब मेरा मिहरवानु।। म: ५[364]

३- मिहरवान किरपाल दइआला सगले तृपति अघाए जीउ। म: ५[365]

४- मिहरवान बखसिंद आपि जपि सचे नरणा। म: ५[366]

५- मिहरवान मउला तूही एक। म: ५[367]

त्रिभुवन में जो भगवान् का एक छत्र राज्य है, उस राज्य का जो शब्द चित्र आदि ग्रंथ में प्रस्तुत किया गया, उसकी एक फांकी ऊपर दिखाने का यत्न किया गया है। क्योंकि गुरु ग्रंथ के रचयिताओं का काल मुस्लिम राज्य काल था, अतः उनकी भाषा शैली फारसी की शब्दावली से प्रभावित है।

३३६- आ०ग्रं० पृ० ३६०

३३७- आ०ग्रं० पृ० १३५०

३३८- आ०ग्रं० पृ० ५७६

३३९- आ०ग्रं० पृ० १०५४

३४०- आ०ग्रं० पृ० ७३८

३४१- आ०ग्रं० पृ० ४७१

३४२- आ०ग्रं० पृ० ४५०

३४३- आ०ग्रं० पृ० ३८

३४४- आ०ग्रं० पृ० १६५

३४५- आ०ग्रं० पृ १६३

३४६- आ० ग्रं० पृ० १२३६

३४७- आ०ग्रं० पृ० ६०४

३४८- आ०ग्रं० पृ० ६४२

३४९- आ०ग्रं० पृ० २६६

३५०- आ०ग्रं०पृ० ८३

३५१- आ०ग्रं० पृ० ४६७

३५२- आ०ग्रं० पृ० ८०६

३५३- आ०ग्रं० पृ० १०३४

३५४- आ०ग्रं० पृ० १२६

३५५- आ०ग्रं० पृ० ७४७

३५६- आ०ग्रं० पृ० १२२

३५७- आ०ग्रं० पृ० १३५१

आध्यात्मिक साधनापरक कुछ अन्य रूपक हैं, जिन्हें उपर्युक्त रूपकों की भान्ति एक ही श्रेणी में बांधा जा सकता है। सन्तों ने इस जीवात्मा को परमात्मा के देश से इस लोक में प्रवास-प्राप्त बताया है। इस प्रवास में यह आत्मा एक सच्चे तथा शुद्ध आचरण वाले व्यापारी की भान्ति ईश्वर के नाम की पूंजी (लाहा-वखर) संजोने आया है। इस आत्मा ने नाम की रास को प्राप्त कर इस अमूल्य निधि (रत्न-पदार्थ-हीरा-लाल) का व्यापार (वेसाह) करके भगवान् के कोश(खजाने) में इसे डालना है। वह भगवान् एक लेखाकार (गणिता) तथा एक सराफ (खोटे खरे को परखने वाला) है, जो हीरे-पदार्थ (नाम) की परख करता है, तब जा कर यह जीव उस की दरगाह में परवाण चढ़ता है।

१- वणजारा:

१- मैं बनजारनि राम की। तेरा नामु वखरु वापारु। म:१ [368]

२- तिहटड़े बाजार, सउदा करणि वणजारिआ। म: ५ [369]

सचु वखरु जिनी लदिआ, से सचड़े पासार। म: ५

(त्रिगुणात्मक माया जाल वाले संसार में नाम का व्यापार)

२- परदेसी:

१- करहले मन परदेसीआ किउ मिलीऐ हरि माइ। म:४ [370]

२- मन परदेसी जे थीऐ सभु देस पराइआ। म: १ [371]

३- मन परदेसी आइआ मिलिओ साध कै संगि। म: ५ [372]

४- रूप हीन बुधि बल हीनी मोहि परदेसनि दूर ते आई। म: ५ [373]

३५८- आ०ग्र० पृ० ८
३५९- आ०ग्र० पृ० ६२०
३६०- आ०ग्र० पृ० ६६०
३६१- आ०ग्र० पृ० ६०६
३६२- आ०ग्र० पृ० ४७४
३६३- आ०ग्र० पृ० ११६०
३६४- आ०ग्र० पृ० ७२४
३६५- आ०ग्र० पृ० १०३
३६६- आ०ग्र० पृ० ३२३
३६७- आ०ग्र० पृ० ८६७
३६८- आ०ग्र० पृ० ११५७
३६९- आ०ग्र० पृ० १४२५
३७०- आ०ग्र० पृ० २३४
३७१- आ०ग्र० पृ० ७६७
३७२- आ०ग्र० पृ० ४३१
३७३- आ०ग्र० पृ० २०४

३- नाम-रास (रसायण):

(१) नामु रसाइणु भाइ है, परहरि दुखु भारी। म: १ [३७४]

(२) नामरसाइणु इसु मनु माहि। म: ३ [३७५]

(३) नाम रसाइणि इहु मनु राता, अंमृतु पी तृपताई। म: ५ [३७६]

(४) नाम रासि साधसंगि खाटी। म: ५ [३७७]

(५) नाम रासि साचकी करि अब फिर आउ न जम कै घाटा। म: ५ [३७८]

४- नाम रत्न (हीरा):

(१) नामु रतनु हीरा निरमोलु। म: १ [३७९]

(२) नाम रतनु घरि परगटु होआ नानक सहजि समाइ। म:३ [३८०]

(३) हीरा लाल अमोलकु है भारी बिनु गाहक मीका काखा।
रतन गाहकु गुरु साधू देखिओ तब रतनु बिकानो लाखा। म:४ [३८१]

(४) नामु रतन हरि नामु अपारा। म: ४ [३८२]

(५) नामु रतनु तेरा है पिआरे। म: ५ [३८३]

(६) कबीरा एक अचमउ देखिओ हीरा हाट बिकाइ।
बनजन हारे बाहरा कउडी बदलै जाइ। [३८४]

५- नाम पदारथ :

(१) नाम पदारथु मनहि बसाईऐ। कबीर [३८५]

(२) नामु पदारथु पाइआ, लागु सदा मनि होइ। म: १ [३८६]

(३) नामु पदारथु नउ निधि पाए गुण गोटि समावणिआ। म: ३ [३८७]

(४) नामु पदारथु नउ निधि सिधि। म: ५ [३८८]

(५) नामु पदारथु आइआ, चिंता गई बिलाइ। म: ४ [३८९]

३७४- आ०ग्र० पृ० १३०६
३७५- आ०ग्र० पृ० १०४६
३७६- आ०ग्र० पृ० ६१५
३७७- आ०ग्र० पृ० १९४
३७८- आ०ग्र० पृ० १२९६
३७९- आ०ग्र० पृ० ६०५
३८०- आ०ग्र० पृ० ५९३
३८१- आ०ग्र० पृ० ६९६
३८२- आ०ग्र० पृ० ६९९
३८३- आ०ग्र० पृ० १०८५
३८४- आ०ग्र० पृ० १३७२
३८५- आ०ग्र० पृ० ३२६

६-रतन-जवेहर-लाल, रतन जवेहर माणिक:

(१) रतन जवेहर लाल अपारा। म: १ [३९०]

(२) रतन जवेहर लाल हरि कीआ तिना कउ आव। म: १ [३९१]

(३) रतन जवेहर माणिका, अंम्रित हरि का नाउ। म: १ [३९२]

(४) माणकु मन महि। म: १ [३९३]

(५) माणकु मोती नामु प्रभ उन लागै नाही संनि। म: ५ [३९४]

७-रतन-पदारथ:

(१) रतन पदारथ घर ही माहो। म: १ [३९५]

(२) रतनु पदारथु घर ते पाइआ। म: [३९६]

(३) रतन पदारथ माणक सरबरि भरपूरे लाल नदरि करे तोटि न होई। म: १ [३९७]

८-भण्डार का लेखा- लेखाकार परमात्मा:

(१) बाकी बाला तलबीऐ, सिरि मारे जंदारु आइ।
लेखा मंगै देवणा, पुछै करि कै बाकी सोइ। म: १ [३९८]

(२) लेखा धरमराइ की बाकी, जपि हरि हरि नामु किरखै। म: ४ [३९९]

(३) लेखै गणत न छूटीऐ। म: ५ [४००]

यह लेखा भी उस की कृपा से ही छूटता है:-
लेखा छोडि अलेखै छूटह, हम निरगुन लेहु उबारी। म: ५ [४०१]

९-रतन-पदार्थ की परख-पारखु सराफ:

परखि खजाने पाए जा नदरि करे तां पाइआ। म: १ [४०२]

इस गुरु-वाक्य से स्पष्ट है कि लेखाकार तथा पारखू भी वह कर्ता है जिसकी कृपा-दृष्टि (नदर-करम) से नाम-पदार्थ की प्राप्ति हुई, और उस गुरु-दातार के महल में से ज्ञान मिला। फिर उसे उस कोश में सम्मिलित कर दिया, जहां से फिर उस का जाना नहीं होता:

(१) खोटा सासु खंगु फिरि बुल न होटिआ।
पारस मिलिआ धातु फिरि वरि न होटिआ।
परखि खजाने पाए ते बहुड़ि न खोटिआ। म: ५ [४०३]

(२) साचा वंनु सुधु करावणा। नदरि सराफ वंनीस अ.....।

परन्ति इसमें पालना तथा कोशि किन्हि नाता नारीता है। नार सोते ६:५ [४०४]

(१) रस-संयोजन, अलंकार विधान, छंद एवं काव्य रूप तथा राग तत्व:

अलंकार विधान, छन्द एवं काव्य-रूप तथा राग तत्व के विषय में पृथक् पृथक् अध्ययन प्रस्तुत करते हुए इन परंपरागत तत्वों के आदि ग्रंथ में उपलब्ध स्वरूप की परंपरा की खोज करने का प्रयत्न किया गया है। अतः यहां केवल रस-संयोजन का अध्ययन प्रस्तुत करना अभीष्ट है।

रस-संयोजन:

लिखित रूप में रस का सर्व-प्रथम वर्णन भरत मुनि(दासरी शता ई०) के नाट्य-शास्त्र के छठे तथा सातवें अध्याय में पाया जाता है। भरत तथा अन्य लेखकों के उल्लेखों से उनके पूर्ववर्ती सदाशिव, ब्रह्मा, तण्डु, नन्दिकेश्वर, वासुकि, नारद, भरत वृद्ध, आदि भरत, शौद्धोनि आदि कई आचार्यों का पता चलता है, किन्तु उनके किसी ग्रंथ के अभाव में उनके विचारों का पता नहीं चलता। राजशेखर(९२५ ई०) ने नन्दिकेश्वर को तथा केशव मिश्र (१६वीं शती) ने शौद्धोनि को रस का पुरस्कर्ता माना है। भरत ने ब्रह्मा को महत्त्व दिया है। ब्रह्मा ने ही आठ नाट्यरसों को प्रस्तुत किया। ऋग्वेद से पाठ, सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय तथा अथर्ववेद से रस लेकर पांचवें वेद नाट्यशास्त्र की रचना की गई। इस को अलंकार-वादी रीति-वादी, ध्वनिवादी, नाट्यशास्त्र-रचयिता तथा ध्वनि-विरोधी सभी ने महत्त्व दिया है। भामह (पांचवीं-छठी शती) ने रस को अलंकार के ही अन्तर्गत रखा। कालान्तर में दसवीं शती में वक्रोक्तिवाद के प्रतिपादक कुन्तक, ११वीं शती में औचित्य-सिद्धान्त के पुरस्कर्ता क्षेमेन्द्र, काव्य प्रकाश के लेखक मम्मट, १२वीं शती में भाव-प्रकाश के लेखक शारदातनय, काव्यानुशासन के लेखक हेमचन्द्र, १३वीं शती में संगीत रत्नाकर के लेखक शारंगदेव, १४वीं शती में रसार्णवसुधाकर के रचयिता सिंगभूपाल तथा १६वीं शती में रस प्रदीपकार प्रभाकर आदि अनेक लेखकों ने रस-सिद्धान्त का निरूपण और पोषण किया। किन्तु ११वीं शती में भोजराज, १२वीं शती में रामचन्द्र, गुणचन्द्र, १४वीं शती में भानुदत्त, विश्वनाथ कविराज १६वीं शती में रूपगोस्वामी तथा १७ वीं शती में पण्डितराज जगन्नाथ का नाम ही महत्त्वपूर्ण दिखाई देता है। भोज राज ने रस को सर्वोपरि मानकर शृंगार प्रकाश ग्रंथ में उसका गम्भीर एवं व्यापक विवेचन किया है।[४०५]

३८६- आ०ग्रं० पृ० ६१ | ३८७- आ०ग्रं० पृ० ११८

३८८- आ०ग्रं० पृ० ३८७ | ३८९- आ०ग्रं० पृ० ६५३

हिन्दी में रस-विचार का प्रचलन संस्कृत के भरत के नाट्यशास्त्र, भानुदत्त की 'रसमंजरी' तथा 'रसतरंगिणी' केशव के 'शृंगार प्रकाश' एवं विश्वनाथ के 'साहित्य दर्पण' के आधार पर हुआ। 'कुलरस प्रकाश' ग्रंथ में अकिशोर कवि(१७८० ई०) ने केवल नौ रसों की प्रतिष्ठा की। ग्वाल कवि ने (१८४७ ई०) रसरंग ग्रंथ में शृंगारादि नौ रसों का वर्णन किया है।[४०६]

आदि ग्रंथ के रचयिताओं का भाव निरूपण

डा० गोविन्द सिंह त्रिगुणायत लिखते हैं, 'नाथ पंथियों की प्रायः सभी वाणियों में जितनी ही अधिक रूक्षता और नीरसता है, सन्तों की अधिकांश रचनाएं उतनी ही अधिक रस और लोक प्रभावी हैं।[४०७] आदि ग्रंथ के कवियों, विशेषकर गुरुओं की कविताओं में भाव निरूपण अधिक सुचारू रूपेण हुआ है। आदि ग्रंथ के काव्य का मुख्य विषय भक्ति-मार्ग की धर्मसाधना ही है। दार्शनिक विचार, साधना के अन्तर्गत ही प्रस्तुत हुए हैं। दर्शन निरूपण आदि ग्रंथ का मुख्य विषय नहीं है। क्रियात्मक-धर्मसाधना-परक-जीवन से दर्शन स्फुटित हुआ है। अतः जीवन को सदाचार-परक-साधना के अंतर्गत रखकर दर्शन एवं साधना में गहरा संबंध स्थापित किया गया है। इस संबंध को दृढ़ करने के लिये साधना में दाम्पत्य-भाव को स्थान देकर, सन्त कवियों ने अपने काव्य को इतना भावपूर्ण बना दिया है, कि वह काव्य एक साधक को तो आनन्दातिरेक प्रदान करता ही है, उस के साथ साधारण व्यक्ति भी उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। गुरु ग्रंथ की कविता में भाव है, संगीत है, विचार है, और उस के साथ लोक भाषा की सरल एवं सरस शैली है, जिसने इसे यथार्थ शब्द[में 'गुर की बाणी जाई। तिनि सबदी सचि मिलाई॥'[४०८] के पद पर आसीन किया है।

३९०-आ०ग्र० पृ० १०३६
३९१- आ०ग्र०पृ० १३५
३९२- आ०ग्र० पृ० ४८
३९३- आ०ग्र० पृ० ६६२
३९४- आ०ग्र० पृ० १३४
३९५- आ०ग्र० पृ० १५२
३९६- आ०ग्र० पृ० १२६
३९७- आ०ग्र० पृ० ६६०
३९८- आ०ग्र० पृ० ७५१
३९९- आ०ग्र० पृ० ७८
४००- आ०ग्र० पृ० २५२
४०१- आ०ग्र० पृ० ७१३
४०२- आ०ग्र० पृ० २४३
४०३- आ०ग्र० पृ० ५२०
४०४- आ०ग्र० पृ० १०७४
४०५- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ६३२

सन्तों का सब से प्रिय प्रतीक दाम्पत्य भाव अथवा पति-पत्नी का प्रेम ही माना गया है।[४०६] इस भाव का प्रतीक हमारे यहां बहुत पहले से चला आता आया है। उपनिषदों तक में इस के दृष्टांत को महत्व दिया गया है, जैसा बृहदारण्यक उपनिषद् के एक उल्लेख से पता चलता है। उस उपनिषद में वर्णन किया गया है, 'व्यवहार में जिस प्रकार अपनी प्रिया भार्या को आलिंगन करने वाले पुरुष को न कुछ बाहर का ज्ञान रहता है और न भीतर का, इसी प्रकार यह पुरुष प्रिज्ञात्मा से आलिंगित होने पर न कुछ बाहर का विषय जानता है और न भीतर का। यह इसका आप्तकाम, आत्मकाम, अकाम और शोकशून्य रूप है।'[४१०] दक्षिण भारत की प्रसिद्ध भक्त कवियित्री गोदा की रचनाओं द्वारा प्रकट होता है कि उन्होंने अपने इष्टदेव को पति वरण सा कर लिया था। उसे वे सदा पतिवत् मान कर उसकी प्रेमोपासना करती रहीं। राजस्थान की प्रसिद्ध भक्त कवियित्री मीरां बाई की भक्ति भी उसी कोटि की था।[४११] आदि ग्रंथ के कवियों ने भी दाम्पत्य-भाव को अपनी अनुभूति का मुख्य भाव माना है, और उनके काव्य का भाव निरूपण इसी भाव के गिर्द हुआ है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं: दाम्पत्य भाव के प्रति प्रदर्शित सन्तों का दृष्टिकोण बहुत कुछ सूफियों के समान था।[४१२] परन्तु डा० मोहन सिंह दीवाना लिखते हैं: सन्तों का दाम्पत्य भाव सूफी प्रेम से भिन्न कोटि का है।[४१३] हमारा विचार है कि दाम्पत्य भाव के दो विचार भगवान् को पति रूप और उसे ही महबूबा के रूप में देखना भिन्न भिन्न कालों की देन है। भगवान् को पति रूप में देखना यह विचार तो भारतीय साधना में परंपरागत है। ऋग्वेद में सृष्टा की कल्पना हो चुकी थी तथा उसे पुरुष हिरण्यगर्भ विश्वकर्मा एवम् प्रजापति की संज्ञा दी जा चुकी थी।[४१५] भगवान् को स्त्री रूप में प्रतिष्ठित करके प्रेम करने की भावना सूफी साधना में विशेष तौर पर प्रसिद्ध हुई, परन्तु इस भावना के अंकुर भी भारतीय धर्म साधना की पृष्ठभूमि के रूप में प्राप्त हो जाते हैं। अथर्ववेद में हम उन सभी भावनाओं के अंकुर पाते हैं जो पीछे जा कर शैवमत, शाक्तमत, और तंत्रमत के रूपों में विकसित हुई और जिस में छन कर जिन्होंने सन्त मत के सिद्धान्तों को जन्म दिया।[४१६] अथर्ववेद में स्त्री देवताओं को प्रधानता मिली।[४१७] दाम्पत्य भावना के विचार को आदि ग्रंथ में स्पष्ट रूप में वर्णन करते हुए गुरु नानक देव जी कहते हैं कि इस संसार में सब स्त्रियां ही हैं, पति एक ही है:-

---

४०६- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ४३२

४०७- नाथ पंथ और निर्गुण सन्त काव्य-२६२

४०८- आ०ग्रं० पृ० ६२८

४०९- सन्त काव्य-पृ० ५८

'ठाकुर एकु सबाई नारि। म: १ दखणी ओंकार।[418]

गुरु नानक देव के पश्चात् गुरु अमरदास ने भी एक अकालपुरुष को ही पुरुष माना है, अन्य को पुरुष है ही नहीं। अर्थात् पुरुष नाम उसे ही शोभा देता है जो सब का ठाकुर है:-

एको पुरखु, एक प्रभ आता, दूजा अवरु न कोई। म:३[419]

आदि ग्रंथ में रस निष्पत्ति

आदि ग्रंथ में रस-संयोजन मुख्यत: इसी दाम्पत्य भावना के अन्तर्गत हुआ है। रस आस्वादरूप में एक होकर भी उपाधि भेद से मुख्यत: आठ प्रकार का माना गया है। शृंगार, हास्य, रौद्र, वीर, करुण, वीभत्स, भयानक तथा अद्भुत। बाद में शान्त भी जोड़ दिया गया।[420] अब हम इन रसों के संयोग का आदि ग्रंथ से अध्ययन प्रस्तुत करते हैं:-

१- शृंगार रस : शृंगार रस को आचार्यों द्वारा 'रस-राज' की उपाधि प्रदान की गयी है। शृंगार का मूल भाव रति अथवा काम समस्त विश्व में व्याप्त है। आदि ग्रंथ के कवियों ने दाम्पत्य-भावना को उस भगवान् के साथ स्थापित संबंधों में से मुख्य संबंध माना है। इस विचार का हम पीछे उल्लेख कर चुके हैं।

शृंगार रस की सरस धारा हिन्दी साहित्य में प्रारंभ से ही प्रवाहित रही है। रासो ग्रंथों में शृंगार चित्र उपलब्ध होते हैं। पर शृंगार का उन्मुक्त प्रवाह, विद्यापति की पदावली में ही सबसे पहले प्रवाहित हुआ है। संस्कृत के गीत गोविन्द का सा गहरा माधुर्य यदि हिन्दी साहित्य में मिलता है, तो वह विद्यापति की रचना में ही है।[421]

४१०- अध्याय ४, ब्राह्मण ३(२१) से सन्त काव्य भूमिका पृ० ५१ पर उद्धृत

४११- सन्त काव्य पृ० ५८-५६

४१२- वही पृ० ५६

४१३- नाथ पंथ और निर्गुण संत काव्य पृ० २६५

४१४- मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य में नारी भावना पृ० ७८

४१६- वही पृ० ७८ पर संत कवि दरिया पृ० ५१ से उद्धृत

४१७- मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य में नारी भावना- पृ० ७८

४१८- आ०ग्रं० पृ० ६३३

४१९- आ०ग्रं० पृ० १२५६

४२०- हिन्दी साहित्य कोश पृ०६२६

४२१- वही पृ० ७ २

भक्ति काव्य का शृंगार, (विशेषकर संत-भक्ति-काव्य) लोकोन्मुख न होकर अध्यात्मिक है। संत कवियों में सुंदर दास जैसे कवियों ने संत काव्य में भी रीति-काल जैसे शृंगार के दर्शन होते हैं।[422] गीत गोविंद के रचयिता की भी इस संस्कृत ग्रंथ में शृंगारी शैली काव्य-बहुल है।[423] लौकिक धरातल पर चलता हुआ जायसी का शृंगार पद्मावत में अलौकिक होता हुआ भी एक विशेष प्रकार का है, जो भक्ति काव्य के अन्य शृंगार वर्णनों से भिन्न है।[424] परन्तु आदि ग्रंथ का शृंगार सांसारिक धरातल पर न चल कर शुद्ध सात्त्विक होता हुआ पारलौकिक धरातल पर चलता है। शृंगार के दोनों प्रकार संयोग शृंगार तथा विप्रलंभ शृंगार के सुन्दर उदाहरण आदि ग्रंथ में उपलब्ध हैं। सन्तों की साधना का परम लक्ष्य उस परम पुरुष से हृदय-भेंट है। जब तक यह भेंट नहीं होती तबतक यह जीव-रूप-स्त्री उसके वियोग में दुखी रहती है। इसी लिये हम विप्रलंभ शृंगार को पहले लेते हैं।

<u>विप्रलंभ शृंगार</u>: यह जीव रूप-स्त्री उस परम-पुरुष से बिछुड़ कर संसार के बीहड़ बन में भटक रही है। इस भांति के शृंगार का रूप आदि ग्रंथ में कितना संयमित एवं सात्त्विक है, इसके उदाहरण देखिए:-

१- कबहु मुन प्रानपति मिलहु मेरी माई। रहाउ।
हउ हीन बुधि बल होनी मोहि परदेसनि दूरते आई।
नाहिन दरबु न जोबन माती मोहि अनाथ की करहु समाई।
खोजत खोजत भई बैरागनि। प्रभ दरसन कउ हउ फिरत तिसाई। म:५ [425]

गुरु नानक की कविता में वर्णन शैली संयमित होते हुए भी काव्य-कौशल के सब गुणों से ओत प्रोत है:-[426]

सावण २- सावणि सरस मना घण वरसहि रुति आए।।
मै मनि तनि सहु भावै, पिर परदेसि सिधाए।।

४२२- कुंजर है गति कटि केहरि को मद जमै, बेनी काली नागिनीऊ फन को धरतु है।
कुच है पहार कामबोर रहे जहां, सांपिके कटाक्षबान प्रान को हरतु है।
सुन्दर दास एक और उर तामै, रावला बदन खाऊं खाऊं सो करतु है।
सुन्दर दास ग्रंथावली पृ० ४३० से मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य में नारी भावना पृ० ७५ पर उद्धृत।

४२३- हिन्दी साहित्य- डा० द्विवेदी पृ० ११८ ४२४- हिन्दी साहित्य कोश- पृ०७७२

४२५- आ०ग्र० पृ० २०४

पिरुघरि नही आवै मरीऐ हावै, दामनि चमकि डराए।
सेज इकेली खरी दुहेली मरणु भइआ दुखु माए।
हरि बिनु नीद भूख कहु कैसी, कापड़ु तनि न सुखावए।
नानक सा सोहागणि कंती पिर कै अंकि समावए।

भादउ: भादउ भरमि भुली भरि जोबनि पछुताणी।
जल थल नीरि भरे बरस रुते रंगु माणी।
बरसै निसि काली किउ सुखु बाला दादर मोर लवंते।
प्रिउ प्रिउ चवै बबीहा बोले भुइअंगम फिरहि डसंते।
मछर डंग साइर भर सुभर बिनु हरि किउ सुखु पाईऐ।
नानक पूछि चलउ गुर अपुने जह प्रभु तह ही जाईऐ। तुखारी छन्त म:१ [४२७]

गुरु नानक की कविता के विप्रलंभ शृंगार के उदाहरण किसी भी अन्य भाषा के सर्वोत्तम उदाहरणों से बढ़ चढ़ कर दिखाई देते हैं:-

भोरी रुण झुण लाइआ भैणे सावण आइआ।
तेरे मुंध कटारे जेवडा तिनि लोभी लोभ लोभाइआ।
तेरे दरसन विटहु खंनीऐ वंञा तेरे नाम विटहु कुरबाणो ।
जा तू ता मैं माणु कीआ है, तुधु बिनु केहा मेरा माणो।
चूड़ा भंनु पलंघ सिउ मुंधे, सणु बाही सणु बाहा।
एते वेस करेदीए मुंधे सहु रातो अवराहा।
ना मनीआरु न चूड़ीआ न से वंगुड़ीआहा।
जो सह कंठि न लगीआ, जलनु सि बाहड़ीआहा।
सभि सहीआ सहु रावणि गईआ, हउ दाधी कै दरि जावा।
अंमाली हउ खरी सुचजी तै सह एकि न भावा।
माठि गुंदाई पटीआ, भरीऐ मांग संधूरे।
अगै गई न मंनीआ, मरउ विसूरि विसूरे।
मै रोवंदी सभु जगु रुना, रुंनड़े वणहु पखेरू।
इकु न रुनां मेरे तन का बिरहा जिनि हउ पिरहु विछोड़ी।

४२८- प्रेम की दो दशाएं संयोग और वियोग। संयोग काल में प्रिय के सान्निध्य में सुख और आनन्द प्रदान करने वाली वस्तुएं वियोग में दुःख और त्रास प्रतीत होती हैं। वर्षा ऋतु में बादलों का उमड़-घुमड़, दामिनी की दमक और भी वेदना प्रद होती है। (मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य में नारी भावना-६०)

सुपनै आइआ भी गइआ, मै जलु भरिआ रोइ।
आइ न सका तुझ कनि पिआरे भेजि न सका कोइ।
आउ सभागी नीदड़ीए मतु सहु देखा सोइ।
तै साहिब की बात जि आखै, कहु नानक किआ दीजै।
सीसु वढे करि बैसणु दीजै, विणु सिर सेव करीजै।
किउ न मरीजै जीअड़ा न दीजै, जा सहु भइआ विडाणा। वडहंस म:१ [428]

[illegible] के आगमन पर अश्रुओं ने हर्ष एवं उल्लास से भरी भोली बोली बोलना आरम्भ कर दी है। हे रसिक प्रिय कान्त! तेरे कटु-कटाक्षों के कोप ने मुझ अबला-स्त्री का हृदय पीड़ित कर भंग किया है। तेरे दर्शनों पर मैं बलि बलि जाती हूं और तुम्हारे नाम पर कुर्बान जाती हूं। तू मेरा है- इस कारण मैं ने गर्व किया है नहीं तो तेरे बिना मेरा मान ही क्या? यदि कोई स्त्री ने (बाह्य आडंबर के) कितने भी शृंगार किये हों, परन्तु उस का कान्त उसे छोड़ कहीं और अनुरक्त हो, तो उसे अपनी बांह का चूड़ा पलंग की बाही के साथ फोड़ देना चाहिए। उस चूड़ा वाले तथा चूड़ियों का क्या लाभ, यदि वे बाहों को सुशोभित कर प्रिय के गले का हार न बन सकीं? ऐसी बाहों का तो कट जाना ही ठीक है। सब सखियां अपने प्रियतम को मिलने गई हैं, मैं विरहाग्नि में जलती हुई किधर जाऊं? आडम्बर तो मैं ने बहुत किया है परन्तु उस स्वामी को मैं तनिक भी नहीं भाती। मैं ने अपने केशों को संवारा है और मांग में सिंदूर भरा है परन्तु मेरा कान्त मुझे चाहता ही नहीं अतः मैं झूर झूर मर रही हूं। मेरे रोने को सुन कर समस्त जगत् रोने लगा, यहां तक कि बन के पक्षी भी रो पड़े परन्तु मेरे विरह की आंख में आंसू तक न आया, जिसने मुझे प्रिय से पृथक् किया हुआ है। अब तो स्वप्न-मिलन की ही आकांक्षा है यदि भाग्यवश निद्रा में भेंट हो जावे। यदि कोई मुझे मेरे प्रिय की बात सुनाए तो मैं उसे क्या दूं? सिर काट कर आसन के लिये दूं और बिना सिर के सेवा करूं। यदि प्रियतम बेगाना हो गया तो फिर क्या जीना?

४२७- आ०ग्रं० पृ० ११०८

४२८- आ०ग्रं० पृ० ५५७-५८

संयोग श्रृंगार

१- मैं बउरी मेरा रामु भतारु। रचि रचि ता कउ करउ सिंगारु।
अब कीआ जानि ऐसी बनि आई। मिलऊ गुपाल नीसानु बजाई।
उसतुति निंदा करै नरु कोई। नामे स्री रंगु भेटल सोई। भैरउ नामदेव। ४२९

२- तनु रैनी मनु पुनरपि करिहउ पाचउ तत बराती।
राम राइ सिउ भावरि लैहउ, आतम तिह रंगि राती।
गाउ गाउ री दुलहनी मंगलचारा। मेरे ग्रिह आए राजा राम भतारा।
नाभि कमल महि बेदी रचि ले ब्रहम गिआन उचारा।
राम राइ सो दूलहु पाइओ, अस बडभाग हमारा।
सुरि नर मुनि जन कउतक आए, कोटि तेतीस उजाना।
कहि कबीर मोहि बिआहि चले हैं, पुरख एक भगवाना। कबीर। ४३०

३- फलगुनि मनि रहसी प्रेमु सुभाइआ। अनदिनु रहसु भइआ आपु गवाइआ।
हार डोर रस पाट पटंबर पिरि लोड़ी सीगारी। नानक मेलि लई गुरि
अपणै, घरि वरु पाइआ नारी। म:१ ४३१

४- मैं कामणि मेरा कंतु करतारु। जेहा कराए तेहा करी सीगारु।
जां तिसु भावै तां करे भोगु। तनु मनु साचे साहिब जोगु। रहाउ।।
भनति नानकु करे किआ कोइ। जिस नो आपि मिलावै सोइ।। म:३ ४३२

५- यार वे पिरु आपणा भाणा किछु नाही छंदा।
यार वे तै राविआ लालनु मू दसि दसंदा।
लालनु तै पाइआ आपु गवाइआ जै धन भाग मथाणे।
बांह पकड़ि ठाकुरि हउ घिधी गुण अवगुण न पछाणे।
गुणहारु तै पाइआ रंगु लालु बणाइआ तिसु हभो किछु सुहंदा।
जन नानक धंनि सुहागणि साई जिसु संगि भतारु वसंदा।
यार वे नित सुख सुखेदी सा मै पाई। वरु लोड़ीदा आइआ वजी वाधाई।
महा मंगलु रहसु थीआ पिरु दइआलु सद नव रंगीआ।
वडभागि पाइआ गुरि मिलाइआ साध कै सतसंगीआ।
आसा मनसा सगल पूरी प्रिअ अंकि अंकु मिलाई।
बिनवंति नानकु सुख सुखेदी सा मै गुर मिलि पाई। म:५ ४३३

६- नउ निधि आई, वजी वाधाई, वाजे अनहद तूरे।
कहु नानक मैं वरु घरि पाइआ, मेरे लाथे जी सगल विसूरे। म: ५[434]

७- नामक हार तंबोल रसि किछु साजिआ।
सोलह कीए सीगार कि अंजन पाजिआ। फुनहे म: ५[435]

२- <u>हास्य रस</u> : हास्य रस का स्थायी भाव हास और विभाव आचार, व्यवहार, वेश विन्यास, भाषा तथा कर्म आदि की विकृति है, जिसमें विकृत वेषालंकार, धाष्टर्य कौतुक, कलह, असत्प्रलाप, व्यंग्यदर्शन दोषोदाहरण आदि की गणना की गयी है।[436]

गुरु ग्रंथ का काव्य गंभीर-काव्य है, तो भी हास्य रस के ऐसे उदाहरण जिन में भाठा व्यंग्य होता है, आदि ग्रंथ में उपलब्ध हैं। तीक्ष्ण व्यंग्य का गुरु ग्रंथ की रचना शैली में सर्वथा अभाव है। इस ग्रंथ में जिस स्थल पर भी व्यंग्यात्मक पद रचना मिलती है उस में व्यक्ति विशेष को लक्ष्य नहीं किया गया वरन् दूसरे व्यक्ति के साथ व्यंग्य का लक्ष्य स्वयं रचयिता भी हुआ दिखाई पड़ता है। जैसे गुरु नानकदेव जी शैख सज्जन को उस के ठग होने का दोषी नहीं ठहराते। उसने जो ठग्गी का ढोंग रचाया हुआ था, उसका वर्णन करते हुए, अपने को भी साथ ही सम्मिलित कर लेते हैं:-

उजलु कैहा चिलकणा घोटिम कालड़ी मसु।
धोतिआ जूठि न उतरै, जे सउ धोवा तिसु।।
सजण सेई नालि मैं चलदिआ नालि चलंनि।
जिथै लेखा मंगीऐ तिथै खड़े दसंन।
बगा बगे कपड़े तीरथ मंझि वसंन्हि।
घुटि घुटि जीआ खावणे बगे ना कहीअन्हि।
सिमल रुखु सरीरु मैं मैजन देखि भुलंन्हि।
से फल कंमि न आवन्ही ते गुण मै तनि हंन्हि।।
अंधुले भारु उठाइआ डूगर वाट बहुतु।
अखी लोड़ी ना लहा हउ चड़ि लंघा कितु। सूही म: १[437]

४२९- आ०ग्र० पृ० ११६४
४३०- आ०ग्र० पृ० ४०२
४३१- आ०ग्र० पृ० ११०६
४३२- आ०ग्र० पृ० ११२८
४३३- आ०ग्र० पृ० ७०१,७०४
४३४- आ०ग्र० पृ० ७०९

यहाँ ऊपर के वेषधारी सज्जन के पाखंड का आवरण हास्यपूर्ण भी व्यंग्य से करते हुए, सज्जन (शेख) को ऐसा नहीं कहा, वरन् ऐसे भाव उनके साथ छेड़ गढ़ि धंधा किंतु - तथा 'वे गुण मैं तनि हान्हि' कह कर अपने आप को भी साथ सम्मिलित कर लिया है।

कहीं कहीं हास्य के ऐसे उदाहरण भी उपलब्ध हैं, जहाँ हास्य-रस का स्वतंत्र चित्रण मिलता है, परन्तु वहाँ भी व्यक्ति विशेष को हास्य का लक्ष्य नहीं बनाया, अपितु व्यंग्य का साधारणीकरण प्रस्तुत किया गया है।

१- गज साढे तै तै धोतीआ, तिहरे पाइनि तग।

गली जिन्हा जपमालीआ, लोटे हथि निबग।

ओइ हरि के संत न आखीअहि बानारसि के ठग। कबीर[438]

यहाँ वेश भूषा तथा आचार व्यवहार के आधार पर हास्य की निष्पत्ति हुई है। 'बानारसि के ठग' तो हास्य पूर्ण लोकोक्ति ही बन गया है। एक ऐसा ही और पद देखिए:-

२- धोती खोलि विछाए हेठि। गरधप वांगू लाहे पेटि। म: १[439]

ब्राह्मण जो श्राद्ध खाने जाता है, धोती खोल कर बिछा लेता है और पेट को नंगा कर के गधे की भांति भरता है।

उपर्युक्त उदाहरणों के अतिरिक्त आदि ग्रंथ में कबीर जी, नामदेव जी, तथा गुरु अर्जुन की उलटबासियां हास्य रस के सुन्दर उदाहरण हैं। यथा:

बैल कउ नेत्रा पाइ दुहावै। गाऊर कै कामधेनु करि पूजी। म: ५[440]

३- रौद्र रस: काव्यगत रसों में रौद्र रस का महत्वपूर्ण स्थान है, भरत ने नाट्यशास्त्र में शृंगार, रौद्र, वीर तथा वीभत्स, इन चार रसों को ही प्रधान माना है, अथ च इन्हीं से अन्य रसों की उत्पत्ति बताई है। रौद्र रस का स्थायी भाव क्रोध है, तथा इसका वर्ण रक्त और देवता रुद्र है। यहाँ यह बात स्मरणीय है कि यद्यपि रुद्र का रंग श्वेत माना गया है, तथापि रौद्र रस का रंग लाल बताया गया है, क्योंकि क्रोधाविष्ट दशा में मनुष्य की आकृति शोणित के आधिक्य से रक्त वर्ण की हो जाती है:-[441]

४३५- आ०ग्रं० पृ० ११६०

४३६- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ८८५

४३७- आ०ग्रं० पृ० ९२६

४३८- आ०ग्रं० पृ० ४७५

४३९- आ०ग्रं० पृ० २०१

४४०- आ०ग्रं० पृ० ११८

४४१- हिन्दी साहित्य कोश पृ०६३१

आदि ग्रंथ में रौद्र रस के कई उदाहरण तो नहीं मिलते, फिर भी गुरु नानक की रचना में इस रस के भी सुन्दर उदाहरण मिलते हैं:-

१- जा सुध मारे तेग वगावहि, सिर मुंडी कटि जावहि।। म:१[442]

२- एती मार पई कुरलाणे, तैं की दरद न आइआ। म:१[443]

३- राजे सीह मुकदम कुते। जाइ जगाइनि बैठे सुते।
चाकर नहदा पाइन्हि घाउ। रतु पितु कुतिहो चटि जाहु।
जिथै जीआ होसी सार। नकीं वढी लाइतबार। म: १[444]

४- कलि काती राजे कसाई, धरम पंख कर उडरिआ। म:१

५- पाप की जंज ले काबलहु धाइआ, जोरी मंगै दानु वे लालो।
काजीआ बामणा की गल थकी, अगदु पड़ै सैतान वे लालो। म:१[445]

६- काइआ कपड़ु टुकु टुकु होसा, हिंदुसतान समालसी बोला। म:१[446]

७- रतन विगाड़ि विगोए कुतीं, मुइआ सार न काई। म: १[447]

यहां क्रोध के उत्पन्न होने के दो मुख्य कारण हैं, एक तो विदेशी आक्रमणकारियों के विरुद्ध घृणा, तथा दूसरे स्वदेशीय शासकों की दयनीय दशा को देख कर, जिन्हों ने हिन्दुस्तानजैसी सुन्दर धरती को विदेशियों के पैरों तले रौंदवाया और इतने निर्दोष लोगों को जानों की आक्रमणकारियों से हाथों हत्याकरवाई।

४- करुण रस: भरत के नाट्य शास्त्र (३ शती ई०) में प्रतिपादित आठ रसों में शृंगार और हास्य के अनन्तर तथा रौद्र से पूर्व करुण की गणना की गई है। 'रौद्रात्तु करुणो रसः' कहकर करुण रस की उत्पत्ति रौद्र रस से मानी गई है।[448] भवभूति ने अपने 'उत्तर राम चरित' में इसका बहुत ही सुन्दर प्रयोग किया है। तथा इसका बहुत कुछ श्रेय भी उसको है। उन्हों ने काव्य में करुण- रस की महत्ता और व्याप्ति का मुक्त उद्घोष किया है। 'एको रसः करुण एव निमित्त भेदाद् भिन्नः पृथक्पृथगिव श्रयते विवर्तान्' (३-४७)[449] एक ओर जहां करुण- रस को इतनी व्यापक महत्ता प्रदान की जाती है, वहीं दूसरी ओर आचार्यों ने उस की सीमाओं का भी निर्देश शृंगारादि अन्य रसों की तुलना में सूक्ष्म रीति से किया है। अनुभावों और संचारियों की दृष्टि से विप्रलंभ-श्रृंगार, करुण के सब से निकट पड़ता है, इसलिए भरत से लेकर वर्तमान काल तक काव्य के तत्त्वज्ञों को दोनों का मौलिक अन्तर स्पष्ट करने की ओर विशेष ध्यान देना पड़ा है। नाट्यशास्त्र में करुणा को निरपेक्ष और विप्रलंभ को सापेक्ष कह कर दोनों का पार्थक्य प्रदर्शित किया गया है।[450]

राम चन्द्र शुक्ल ने करुणा और विप्रलंभ का अंतर बताते हुए लिखा है कि वियोग में प्रिय के न होने से मिलने की व्याकुलता प्रधान होती है, किन्तु शोक(करुणा) में अपने कष्ट की भावना उतना काम नहीं करती, जितना प्रिय के कष्ट की वेदना जा को जलाता है।[451]

आदि ग्रंथ में करुणा-रस के भी सुन्दर उदाहरण मिलते हैं। परन्तु भक्ति-भावना के इस ग्रंथ में प्रिय के कष्ट तथा अपने कष्ट दोनों का ऐसा वर्णन है, कि वर्ण्य-विषय की अनुभूति प्राप्त होने के पश्चात् कष्ट व्यर्थ लगता है। तथा कष्ट से उत्पन्न हुई करुणा शान्ति में परिणित हो जाती है:

१-दिन थोड़े थके भइआ पुराणा बोला। रहाउ।
सजण मेरे रंगुले जाइ सुते जाराणि।
हंभी वंजा डुमणी रोवा कीणी बाणि।
को न सुणेही गोरीए आपण कंनी सोइ।
लगी आवहि साहुरै नित न पेईआ होइ। म:१[452]

२- सपना साहुरै वंजणा सभि मुकलावण हार। म:५[453]

३- घनुं सिरंदा सचा पातिसाहु, जिनि जगु धंधै लाइआ।
मुहलति पुनी पाई भरी जानीअड़ा घति चलाइआ। वडहंस म:१[454]

४- बेड़ा बंधि न सकिओ बंधन की वेला।
भरि सरवरु जब ऊछलै तब तरणु दुहेला।
हथु न लाइ कसुंभड़ै जलि जासी ढोला। रहाउ।
इक आपीनै पतली सह केरे बोला।
दुधा थणी न आवई फिरि होइ न मेला।
कहै फरीदु सहेलीहो सहु अलाएसी।
हंसु चलसी डुमणा अहि तनु ढेरी थीसी। सूही फरीद[455]

५- जिन सिरि सोहनि पटीआ मांगी पाइ संधूरु।
से सिर काती मुंनीअन्हि गल विचि आवै धूड़ि।
महला अंदरि होदीआ, हुणि बहिणि न मिलन्हि हदूरि। म:१[456]

---- --

४५२- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ६७०
४५३- आ०ग्र०पृ० ३६०
४५४- आ०ग्र० पृ० १२८८
४५५- आ०ग्र० पृ० ७९२
४५६- आ०ग्र० पृ० ७२३
४५७- आ०ग्र० पृ० ३६०
४५८- हिन्दी साहित्य कोश पृ० १९५
४५९- वही पृ० १९६

५- वीर रस। शृंगार के साथ स्पर्धा करने वाला वीर रस है। शृंगार, रौद्र, तथा बीभत्स के साथ वीर रस को भरत ने मूल रसों में परिगणित किया है। वीर रस से ही अद्भुत रस की उत्पत्ति बतलायी गई है। वीर रस का वर्ण स्वर्ण अथवा गौर, तथा देवता इन्द्र कहे गए हैं। यह उत्तम प्रकृति वालों से सम्बद्ध है, तथा इसका स्थायी भाव उत्साह है। (अथ वीरो नाम उत्तम प्रकृतिरुत्साहात्मक- नाट्यशास्त्र-६-६६७)[४५७]

आदि ग्रंथ में वीर रस के उत्तम उदाहरण उपलब्ध हैं। गुरु ग्रंथ की वारों में से नौ के आरंभ में लोक-वीर-काव्य की ध्वनियों के आधार पर गाए जाने का संकेत है। डा० चरण सिंह ने इन वीर काव्य की वारों के काव्य के कुछ उदाहरण गुरमत संगीत (भाग ४) में पृ० १-१६ पर दिये हैं। गुरु ग्रंथ की वारों का विषय भी सांसारिक विषय-वासनाओं के विरुद्ध विद्रोह है। आदि ग्रंथ का भक्ति मार्ग भी खड्गधार मार्ग है:-

१- वाट हमारी खरी उडीणी। खनिअहु तिखी बहुतु पिईणी। बाबा फरीद[४५८]

२- गगन दमामा बाजिओ परिओ नीसानै घाउ।
खेतु जु मांडिओ सूरमा अब जूझन को दाउ।
सूरा सो पहिचानीऐ जु लरै दीन के हेत।
पुरजा पुरजा कटि मरै कबहू न छाडै खेत। भगत कबीर[४५९]

३- कबीर जिसु मरने ते जगु डरै मेरै मन आनंदु।[४६०]

४- मरने ते किआ डरपना, जब हाथि सिधउरा लीन।[४६१]

५- सूरु कि सनमुख रन ते डरपै, सती कि सांचै भांडे?[४६२]

६- जउ तउ प्रेम खेलण का चाउ। सिरु धरि तली गली मेरी आउ।
इतु मारगि पैरु धरीजै सिरु दीजै काणि न कीजै। म:१[४६३]

७- खंनिअहु तिखी वालहु निकी एतु मारगि जाणा। म:३[४६४]

८- पहिला मरणु कबूलि जीवण की छडि आस।
होहु सभना की रेणुका तउ आउ हमारे पासि। म:५[४६५]

४५०- हिन्दी साहित्य कोश पृ०१९६ ४५१- वही
४५२- आ०ग्रं० पृ० २३ ४५३- आ०ग्रं० पृ० ५०
४५४- आ०ग्रं० पृ० ५७६ ४५५- आ०ग्रं० पृ० ९६४
४५६- आ०ग्रं० पृ० ४१७ ४५७- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ७३२
४५८- आ०ग्रं० पृ० ९६४ ४५९- आ०ग्रं० पृ० ११०४
४६०- आ०ग्रं० पृ० १३६५ ४६१- आ०ग्रं० पृ० १३६८

९- हउ गोसाई दा पहिलवानड़ा। मैं गुर मिलि उच दुमालड़ा।
सभ होई छिंझ इकठीआ दयु बैठा वेखै आपि जीउ।
वात वजनि टमक भेरीआ। मल लथे लैदे फेरीआ।
निहते पंजि जुआन मै गुर थापी दिती कंडि जीउ।
हउ बाहुड़ि छिंझ न नचऊ, नानक अउसरु लधा भालि जीउ। १:५ [४६६]

(मैं गोसाई (परमात्मा) का पहलवान हूं। गुरु ने मुझे विजय की शिल्लत बख्शी है। मल्ल-युद्ध हो रहा है। मेरा देव स्वयं बैठा देख रहा है। बाजे और नगारे बज रहे हैं। मल्ल फेरियां लेते हैं। मैं ने पांच योधाओं (कामादि) को चित कर दिया है, और गुरु ने मेरी पीठ पर थपकी दी है। अब मैं ने इस मल्ल युद्ध को जीत लिया है, अत: मैं अब फिर इस युद्ध में नाच नाचने (सांसारिक भ्रमण) नहीं आऊंगा मैंने यह सुअवसर गुरुकृपा से ढूंढ लिया।)

१०- आपे छिंझ पवाइ मलाखाड़ा रचिआ। लथे भड़थू पाइ गुरमुखि मचिआ।
मनमुख मारे पछाड़ि मूरख कचिआ। आपि भिड़ै मारे आपि कारजु रचिआ। [४६७]
म:१

६- <u>बीभत्स रस:</u> बीभत्स रस काव्य में मान्य नव रसों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इसकी स्थिति दु:खात्मक रसों में मानी जाती है। इस दृष्टि से करुण भयानक,तथा रौद्र ये तीन रस इसके सहयोगी या अनुचर सिद्ध होते हैं। शान्त रस से भी इसकी निकटता मान्य है, क्योंकि बहुधा बीभत्सता का दर्शन वैराग्य प्रेरणा देता है, और अन्तत: शान्त रस के स्थायी भाव शम का पोषण करता है।

भरत के नाट्यशास्त्र में बीभत्स रस को चार मुख्य उत्पत्ति हेतुक रसों में माना गया है। उन्होंने 'बीभत्साच्च भयानकः' (६:३६) कहकर, भयानक रस का उत्पादक कहा है। बीभत्स रस का स्थायी भाव जुगुप्सा है, जो भयानक रस के स्थायी भय का मूल प्रेरक रहता है। भय यद्यपि आतंक आदि अनेक कारणों से भी उत्पन्न हो सकता है, पर सूक्ष्म दृष्टि से भयजनित पलायन के मूल में ऐसी किसी न किसी स्थिति की कल्पना अवश्यनिहित प्रतीत होती है, जो भीतर से घृणा या जुगुप्सा का भाव जगाती है।[४६८]

४६२- आ०ग्रं० पृ० ३३८
४६३- आ०ग्रं० पृ० १४१२
४६४- आ०ग्रं० पृ० ६१८
४६५- आ०ग्रं० पृ० ११०२
४६६- आ०ग्रं० पृ० ७४
४६७- आ०ग्रं० पृ० १२८०
४६८- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ५१६

हिन्दी काव्यों में बीभत्स रस मुख्यतया युद्ध-वर्णन के प्रसंगों में मिलता है। पौराणिक परम्पराओं की कथाओं के अंतर्गत राक्षसों और दानवों के क्रिया-कलाप तथा नरक आदि के चित्रण में भी बीभत्सता का विशेष समावेश रहता है और काव्य में उनका वर्णन भी प्राय: बीभत्स रस की कोटि में आता है।[469]

आदि ग्रंथ में बीभत्स का प्रयोग करते हुए इसके रचयिताओं ने मनुष्य के दुष्कर्मों के प्रति जुगुप्सा भाव को जन्म दिया है, और सांसारिक विषयवासनाओं के प्रति वैराग्य की प्रेरणा प्रदान की है।

वैष्णव की कुतिया को शाक्त की मां से अच्छा कहकर कबीर जी शाक्तों की साधना पद्धति के व्यभिचार के प्रति घृणा उत्पन्न करते हैं:-

१- कबीर बैसनउ की कूकरि भली, साकत की बुरी माइ।
ओहु नित सुनै हरि नाम जसु, ओहु पाप बिसाहन जाइ। ५२।।[470]

कहना न होगा कि राजाओं के तो बहुपत्नी प्रथा थी, उस प्रथा ने रानियों का धर्म-पत्नी वाला सम्मान नष्ट कर दिया था, बहुपत्नी प्रथा में पत्नी, पत्नी नहीं रह वेश्या की दशा को प्राप्त हो चुकी थी। कबीर जी कहते हैं:-

कबीर न्रिप नारी किउ निंदीऐ, किउ हरि चेरी कउ मानु।
ओहु मांग सवारै बिखै कउ, ओहु सिमरै हरि नामु।। ६०।।[471]

वाम-मार्गियों की साधना पद्धति के घृणित कर्मों की ओर संकेत करते हुए कबीर जी कहते हैं:-

इकतु पतरि भरि उरकट कुरकट इकतु पतरि भरि पानी।
आसि पासि पंच जोगीआ बैठे बीचि नकट दे रानी।
नकटी को ठनगनु बाडड़ा। किनहि बिबेकी काटी तूं। कबीर।[472]
नाम विहीन व्यक्ति से घृणा करते हुए गुरु राम दास जी कहते हैं:-
हरि के नाम बिना, सुन्दरि है नकटी।
जिउ बेसुआ के घरि पूतु जमतु है, तिसु नामु परिओ है ध्रकटी।
जिनके हिरदै नाहि हरि सुआमी, ते बिगड़ रूप बेरकटी।
जिउ निगुरा बहु बाता जाणै ओहु हरि दरगह है भ्रसटी। ५:४[473]

469- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ५१७
470- आ०ग्र० पृ० १३६७
471- आ०ग्र० पृ० १३७३
472- आ०ग्र० पृ० ४७६
473- आ०ग्र० पृ० ५२८

गुरु राम दास जी का उपर्युक्त पद गुरु अमरदास जी के निम्नांकित पद, जो उन्होंने झूठे मनुष्यों के विषय में कहा है, से प्रभावित दिखाई देता है:-

कूड़ु बोलि बोलि निवण कदे, किउ ताणे दूजे भाइ।
बिनु भाखिआ कारणि नरपदे फिरि घरि घरि पति गवाइ।
बेटुआ मेरे मूल जिउ, लिता नामु विसु खाइ।
हरि हरि नामु न चेतनी करते आपि खुआइ। म:३ [474]

गुरु नानक देव जी ने सरेवड़े (जैन) साधुओं का जो चित्र प्रस्तुत किया है, वह बीभत्स रस की मुंह-बोलती तसवीर है। [475]

सिरु खोहाइ पीअहि मलवाणी[476], जूठा मंगि मंगि खाही।
फोलि फदीहति मुहि लैनि[477] भड़ासा पाणी देखि सगाही।
भेडा वागी सिरु खोहाइनि, भरीअनि हथ सुआही।
माऊ पीऊ किरतु गवाइनि, टबर रोवनि धाही।
ना ओइ जोगी, न ओइ जंगम, ना ओइ काजी मुंला।
दयि[478] विगोए फिरहि विगुते फिटा वतै गला।
जीआ मारि जीवाले सोई अवरु न कोई रखै।
दानहु ते इसनानहु वंजे भसु पई सिरि खुथै।
मुइआ जीविदिआ गति होवै जा सिरि पाईऐ पाणी।
नानक सिर खुथे सैतानी एना गल न भाणी।
गुरु समुंदु नदी सभि सिखी, नातै जितु वडिआई।
नानक जे सिर खुथे नावनि नाही ता सत चटे सिरि छाई। म:१ [479]

सब से अधिक घृणा गुरु जी को झूठ से थी:-

१- जिउ जोरु सिरनावणी आवै वारो वार।
जूठे जूठा मुखि वसै नित नित होइ खुआरु।
सूचे एहि न आखीअहि बहनि जि पिंडा धोइ।
सूचे सेई नानका जिन मनि वसिआ सोइ। म:१ [480]

२- मनका सूतकु लोभु है, जिहवा सूतकु कूड़ु। [481]

474- आ०ग्रं० पृ० ११२१

475- सिरी गुरु ग्रंथ साहिब दी साहित्यिक विशेषता- पृ० १६७

476- मैला पाणी

477- फजीहत (फारसी)-गंदगी

७- भयानक रस: भानुदत्त के अनुसार भय का परिपोष, अथवा संपूर्ण इन्द्रियों का विक्षोभ भयानक रस है। अर्थात भयोत्पादक वस्तुओं के दर्शन या श्रवण से अथवा शत्रु इत्यादि के विद्रोहपूर्ण आचरण से हृदयस्थ भय स्थायी परिपुष्ट होकर आस्वाद्य बनता है, तब वहां भयानक रस होता है, इसमें संपूर्ण इन्द्रियों में विक्षोभ उत्पन्न हो जाता है। हिन्दी के आचार्य सोमनाथ ने- रसपीयूषनिधि में भयानक रस की यह परिभाषा दी है- सुनि कवित्त में व्यंगि भय जब ही परगट होय। तहीं भयानक रस बरनि कहै सबै कवि लोय। भरत मुनि ने इसका रंग काला तथा देवता काल देव को बताया है। भानुदत्त के अनुसार इसका वर्ण श्याम और देवता यम बताया है।[४८२]

हिन्दी के आचार्य कुलपति ने सभी उपादानों को एक साथ समेट कर भयानक रस का यों वर्णन किया है। भय कृपाल विकराल रण, सुनौं बन गृह देव। ते रावर अपराध सुनि, भय विभाव सब लेव। कम्प रोम स्वरभेद सुनि यह अनुभाव बखानि। मोह मूरछा दीनता, ए संचारी जानि। इनते तृष्य कवित्त में अति भय परगट होय। कवि सहृदय को मन मगन करैं भयानक सोय। (रस रहस्य)[४८३]

आदि ग्रंथ में भयानक रस की निष्पत्ति कम हुई है। परन्तु फिर भी भय तथा भाव दोनों को एक साथ परमपद की प्राप्ति का साधन माना गया है। अधिक बल भाव-भक्ति पर ही दिया गया है।[४८४] आदि ग्रंथ में भयानक रस की निष्पत्ति दो प्रकार से हुई है। प्रथम रूप सर्व सृष्टि का परमात्मा के भय अथवा अनुशासन के अंतर्गत कार्य करना है। दूसरा रूप मनुष्य को अपने कुकर्मों के बदले भयानक कष्टों की प्राप्ति होने का वर्णन है। दोनों रूप परंपरागत हैं।

उपनिषद् साहित्य में सारे संसार को भगवान् के भय के अन्दर कार्य करता बताया है। तैत्तरीयोपनिषद् में वर्णन है:-

भीषाऽस्माद्वात: पवते। भीषोदेति सूर्य:।

भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च। मृत्युर्धावति पंचम इति।[४८५]

४७९- देव- रसविलास

४८०- आ०ग्रं० पृ० ४०२

४८१- आ०ग्रं० पृ० १४६-५०

४८१- आ०ग्रं० पृ० ५७२

४८२- हिन्दी साहित्य कोश पृ०१३३

४८३- वही पृ० १३४

४८४- श्री गुरु ग्रंथ साहिब दी साहित्यकविशेषता पृ० १०७

४८५- तैत्तरीयोपनिषद् -२-८-१।

गुरु नानक देव जी ने इसी विचार को इस प्रकार व्यक्त किया है:-

१- भै विचि पवणु वहै सद वाउ। भै विचि चलहि लख दरीआउ।
भै विचि अगनि कढै वेगारि। भै विचि धरती दबी भारि।
भै विचि इंदु फिरै सिर भारि। भै विचि राजा धरम दुआरु।
भै विचि सूरजु भै विचि चंदु। कोह करोड़ी चलत न अंतु।
भै विचि सिध बुध सुर नाथ। भै विचि आडाणे आकास।
भै विचि जोध महाबल सूर। भै विचि आवहि जावहि पूर।
सगलिआ भउ लिखिआ सिरि लेखु। नानक निरभउ निरंकार सच एक। म:१ [४८६]

२- गुरु अर्जुन देव भी उपर्युक्त विचार परंपरा को स्वीकार करते हुए, गुरु नानक के स्वर में स्वर मिलाते हुए भयानक रस की निष्पत्ति करते हैं:-

डरै धरति अकासु नखत्रा सिर ऊपरि अमरु करारा।
पउणु पाणि बैसंतरु डरै, डरै इंद्रु बिचारा।
देहधारि जत देवा डरपहि, सिध साधिक डरि मुइआ।
लख चउरासीह मरि मरि जनमे, फिरि फिरि जोनी जोइआ।
राजसु सातकु तामसु डरपहि, केते रूप उपाइआ।
छल बपुरी कउला डरपै, अति डरै धरमराइआ।
सगल समग्री डरहि बिआपी, बिन डर करणैहारा।
कहु नानक भगतन का संगी, भगत सोहहि दरबारा। मारू म:५ [४८७]

३- यदि समस्त प्रकृति तथा देवगण उसके भय के अन्तर्गत कार्य करते हैं, तो मनुष्य उसके भय से कैसे छूट सकता है। कबीर जी ने मनुष्य को भी उसके भय से कांपता बताया है:-

थरहर कंपै बाला जीउ। ना जानउ किआ करसी पीउ।
रैनि गई मत दिनु भी जाइ। भवर गए बग बैठे आइ।
काचै करवै रहै न पानी। हंस चलिआ काइआ कुमलानी। कबीर [४८८]

४- साधारण मनुष्य क्यों न उस के भय में रहें, जब बड़े बड़े सुल्तान समय की चक्की में पिस गए। गुरु नानक देव जी कहते हैं:-

भै तेरै डरु अगला खपि खपि छिजै देह।
नाव जिना सुलतान खान होदे डिठे खेह। सिरी राग म:१ [४८६]

४८६- आ०ग्र० पृ० ४६४ ४८७- आ०ग्र० पृ० ६९८-९९९

४८८- आ०ग्र० सूची कबीर पृ० ७९२ ४८६- आ०ग्र० पृ० १६

भयानक रस का दूसरा रूप है, ईश्वर के हुक्म को न मानकर मनमानी करते हुए विषयों में आसक्त होकर जीवन यापन करते हुए भयानक एवं कष्टदायक अवस्था को प्राप्त होना। इसके रूप हैं, तिलों की तरह पीड़े जाना, धर्मराज के न्याय से यातनाओं की चक्की में पिसना आदि। इस प्रकार के वर्णन आदि ग्रंथ में कई स्थानों पर मिलते हैं:-

१- यमराज के आतंक से भयभीत हुए जीव की अन्तिम यात्रा का वर्णन बाबा फरीद जी के शब्दों में:-

जितु दिहाड़ै धन वरी साहे लए लिखाइ॥
मलकु जि कंनी सुणीदा मुहु देखाले आइ॥
जिंदु निमाणी कढीऐ हडा कू कड़काइ॥××
वालहु निकी पुरसलात कंनी न सुणीआइ॥
फरीदा किड़ी पवंदीई खड़ा न आपु मुहाइ॥ सलोक शे० फरीद[४६०]

२- पापियों के भयानक परिणाम का वर्णन करते हुए नाम देव जी कहते हैं:-

जैसे सिंबलु देखि सूआ बिगसाना। अंत की बार मूआ लपटाना।
पापी का घरु अगने माहि। जलत रहै मिटवै कब नाहि।
जिउ बेस्वा के परै अखारा। कापरु पहिरि करहि सींगारा।
पूरे ताल निहाले सास। वा के गले जम का है फास। गउड नाम देव[४६१]

३- पाप कर्म करने वालों के भयानक परिणाम का वर्णन गुरु अर्जुन देव ने इस प्रकार किया है:-

पाप करेदड़ सरपर मुठे। अजराईलि फड़े फड़ि कुठे।
दोजकि पाए सिरजणहारै लेखा मंगै बाणीआ। मारू म:५[४६२]

४- गुरु नानक देव जी ने जिस प्रकार सारी सृष्टि को ईश्वर के हुक्म के अंतर्गत कार्य करते बताया है, उसी प्रकार उन्होंने ईश्वर के हुक्म को न मानने तथा अंहकारवश कर्म करने वालों के भयानक फल का इस प्रकार वर्णन किया है:-

अंतरि चोरु मुहै घरु मंदरु इनि साकति दूतु न जाता हे।
दुंदर दूत भूत भीहाले। खिंचोताणि करहि बेताले।
सबद सुरति बिनु आवै जावै पति खोई आवत जाता हे।
कूड़ु कलरु तनु भसमै ढेरी। बिनु नावै कैसी पति तेरी।
बाधे मुकति नाही जुग चारे जमकंकरि कालि पराता हे।

४६०- आ०ग्रं० पृ० १३७८ ४६१- आ०ग्रं० पृ० ११६५

जम दरि बाधे मिलहि सजाई। तिसु अपराधी गति नहीं काई।
करण पलाव करै बिललावै। जिउ कुंडी मीनु पराता है।
साकतु फासी पड़ै इकेला। जम वसि कीआ अंधु दुहेला।
राम नाम बिनु मुकति न सूझै, आजकालि पचि जाता है। मारू म:१ [463]

राम नाम के बिना तो इस मनुष्य के खाने पीने तथा रहने के लिये धधकती हुई ज्वालाओं की ज्वाला है और कुछ नहीं:-

काल बलाए बंनि कोइ न रहसी। गुर वखाणा किंन्हि वडिआनवसी।
सतिगुरु बोहिथु बेड़ु सचा रहसी। अगनि नसै पहराउ अनदिनु मरसी।
काइआ कुंभ बोल भुखी दुखी। करता करे सु होगु कूड़ु निखुटसी। म:१ [464]

आदि ग्रंथ में भय की निष्पत्ति के स्थायी भाव का वर्णन गुरु नानक देव की रचना में मिलता है, इसी भाव को सम्मुख रखकर भयानक रस का संयोजन हुआ है:-

भै बिनु कोइ न लंघसि पारि। भै भउ राखिआ भाइ सवारि।
भै तनि अगनि भखै भै नालि। भै भउ घड़ीऐ सबदि सवारि।
भै बिनु घाड़त कचु निकच। अंधा सचा अंधी सट। म:१ [465]

आदि ग्रंथ के रचयिताओं के इस भय-सिद्धान्त का निरूपण मनुष्य के कठोर न्याय का आतंक पैदा करने के लिये नहीं किया गया। इस सिद्धान्त को समझने के लिये में गुरु नानक देव के निम्नलिखित विचार को इस सिद्धान्त की पृष्ठभूमि के रूप में स्वीकार करना होगा:-

मन रे सचु मिलै भउ जाइ।
भै बिनु निरभउ किउ थीऐ गुरमुखि सबदि समाइ।। म: १ [466]

८- अद्भुतरस: भानुदत्त ने अद्भुत रस की परिभाषा देते हुए कहा है, विस्मयस्य सम्यक्समृद्धिरद्भुत: सर्वेन्द्रियाणां ताटस्थ्यं वा (रस तरंगिणी) अर्थात् विस्मय की सम्यक् समृद्धि अथवा सम्पूर्ण इन्द्रियों की तटस्थता अद्भुत रस है। कहने का अभिप्राय

४६२- आ०ग्र० पृ० १०१६
४६३- आ०ग्र० पृ० ९०१
४६४- आ०ग्र० पृ० १२६०
४६५- आ०ग्र० पृ० १५१
४६६- आ०ग्र० पृ० १८

यह है कि जब किसी रचना में विस्मय स्थायी भाव इस प्रकार पूर्णतया प्रस्फुट हो कि संपूर्ण इन्द्रियाँ उससे अभिभावित हो कर निश्चेष्ट बन जायें तब वहाँ अद्भुत रस की निष्पत्ति होती है।[497]

विद्यापति, सूरदास, तथा तुलसीदास की रचनाओं में इस रस की उत्कृष्ट निष्पत्ति हुई है। रीति काल में बिहारी, मतिराम, घनानंद, इत्यादि की रचनाओं में अद्भुत रस का निर्वाह सुन्दर हुआ है।[498]

श्री गुरु ग्रंथ साहिब में तो समूची सृष्टि आकार भी एक विस्मयजनक (विस्मादपूर्ण) रचना माना गया है। इस रचना के विषय में जब कवि के मन में विचारों का संघर्ष पैदा होता है तो प्रभु की अनन्त सत्ता को समझने के लिये असमर्थ होकर किंकर्त्तव्यविमूढ़ सा दिखाई देता है। इस अवस्था में कहे हुए वचन ही अद्भुत रस का निष्पत्ति करते हैं।[499]

आदि ग्रंथमें अद्भुत रस के प्रयोग के बारे में डा० गोपाल सिंह कहते हैं, 'अद्भुत रस तो इस कविता में इस प्रकार समाया हुआ है, जैसे हमारे शरीर की नसों में रक्त का संचार हुआ है। क्योंकि हमारा आराध्य प्रभु विस्मय-स्वरूप है, इसलिये उसका प्रकृति का विस्तार भी विस्मय-स्वरूप है। न केवल पवण, पानी, अग्नि धरती तथा समस्त प्राणियाँ हमें विस्मित करती हैं, वरन प्रत्येक नाद और वेद भी हमें विस्मित करते हैं। समस्त जीव जन्तु तथा उनके भेद, जीवों द्वारा किए जाने वाले कर्म किसी कर्म विशेष का अनुसरण तथा अन्य का बहिष्कार आदि सब हमें विस्मित करते हैं। संयोग-वियोग, निकटता तथा दूरी, भगवान् की सृष्टि का अनुशासन-विशेष, मनुष्य की अल्पज्ञता आदि सब आश्चर्यजनक बातें हैं।'[500]

प्रभु के परमपद की उच्चता, तीन लोक में उनके एक छत्र राज्य एवं विस्मय विमुग्ध करने वाले गुणों तथा अगाध शब्द का वर्णन गुरु नानक ने इस प्रकार किया है:-

> थिर उचरीजै पाइडीजै तिहु लोका सिरताज राम।
> हउ बिसम भई देखि गुणा अनहद सबद अगाज राम।
> सबदु बीचारी करणी सारी रामनामु नीसाणो। ५:१[501]

४९७- हिन्दी साहित्य कोश पृ० १६   ४९८- हिन्दी साहित्य कोश पृ०१८

४९९- श्री गुरु ग्रंथ दर्शन प्रो० जोगिंद्र सिं - १४२

५००- श्री गुरु ग्रंथ साहिब की साहित्यिक विशेषता पृ० १६३

५०१- आ०ग्रं० पृ० ७६५।

(प्रियतम ऊंची माड़ी में निवास करता है, और त्रिलोकी का नाथ है। मैं उसकी इस लीला को देखकर उसके गुणों तथा अनहद शब्द के प्रकटीकरण से अधिक विस्मयविमुग्ध हुई हूं। मैं ने शब्द का विचार करके करणी को श्रेष्ठ माना है, और उस शब्द को राम नाम का ही पोषक माना है।)

गुरु नानक देव जी की रचना में अद्भुत रस की निष्पत्ति का एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत है:-

विसमादु नाद विसमादु वेद। विसमादु जीअ विसमादु भेद।
विसमादु रूप विसमादु रंग। विसमादु नागे फिरहि जंत।
विसमादु पउण विसमादु पाणी। विसमादु अगनी खेडहि विडाणी।
विसमादु धरती विसमादु खाणी। विसमादु सादि लगहि पराणी।
विसमादु संजोग विसमादु विजोगु। विसमादु भुख विसमादु भोगु।
विसमादु सिफति विसमादु सालाह। विसमादु उझड़ विसमादु राह।
विसमादु नेड़ै विसमादु दूरि। विसमादु देखै हाजरा हजूरि।
वेखि विडाणु रहिआ विसमादु। नानक बुझणु पूरै भागि। म:१ [502]

जब सिद्धों ने सृष्टि रचना के विषय में गुरु नानक से प्रश्न पूछा, तो उन्हों ने सृष्टि के आरंभ का इस प्रकार वर्णन किया है:-

आदि कउ विसमादु बीचारु कथीअले सुंन निरंतरि वासु लीआ। म:१ [503]

गुरु अर्जुन देव जी की रचना में अद्भुत रस के इतने सुन्दर उदाहरण प्राप्त होते हैं, कि डा० गोपाल सिंह की यह उक्ति कि अद्भुत रस आदि ग्रंथ में इस प्रकार संचारित है, जिस प्रकार शरीर में रक्त, पूर्णरूपेण परिपुष्ट दिखाई देती है। भगवान् के स्वरूप का वर्णन देखिए:-

१- हउ बिसम भई मा, हरि दरसनु देखि अपारा।
मेरा सुंदरु सुआमी जी हउ चरन कमल पग छारा। म:५ [504]

२- सुपनै ऊपमा नहीं, गाफिलो जो न संमला।
सुंदर पुरख बिराजित पेखि मनु बंचला। म:५ [505]

५०२- आ०ग्र० पृ० ४६३ ५०३- आ०ग्र० पृ० ६४०

५०४- आ०ग्र० पृ० ७८४ ५०५- आ०ग्र० पृ० १३६२

कबीर जी जब भगवान् की लीला का वर्णन करते हैं, तब उसकी अगणित, अमित, अपार तथा अनंत लीला के लिये वे अद्भुत भाषा शैली का प्रयोग करते हैं:-

कोटि सूर जा के परगास। कोटि . देव . कविलास।
दुरगा कोटि जाके मरदनु करै। ब्रह्मा कोटि वेद उचरे।
. मावउ तउ केवल राम। आन देव सिउ नाही काम।
कोटि चंद्रमे करहि चराक। सुर तेतीसउ जेवहि पाक। -- आदि पूरा पद
दृष्टव्य है। [506]

गुरु ग्रंथ से अद्भुत रस के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए जा सकते हैं, कि यहां उनके अधिक वर्णन से विस्तार का भय है। अतः केवल एक ही उदाहरण और प्रस्तुत करके इस वक्तव्य को समाप्त करते हैं:-

गगन मै थाल रवि चंदु दीपक बने तारिका मंडल जनक मोती।
धूपु मलआनलो पवणु चवरो करे सगल बनराइ फूलंत जोती।
कैसी आरती होइ भवखंडना तेरी आरती। अनहता सबद वाजंत भेरी।
सहस तव नैन नन नैन है तोहि कउ, सहस मूरति नना एक तोही।
सहस पद बिमल नन एक पद गंध बिनु सहस तव गंध इव चलत मोही। म१ [507]

६-शान्त रस: शान्त रस साहित्य में प्रसिद्ध नौ रसों में अन्तिम रस माना जाता है। शान्तोऽपि नवमो रस: (मम्मट-काव्य प्रकाश ४-३५)। इस का कारण यह है कि भरत के नाट्य शास्त्र में जो रस विवेचन का आदि ग्रोत है, नाट्य रसों के रूप में केवल आठ रसों का ही वर्णन मिलता है। [508]

परन्तु आदि ग्रंथ का अधिक स्वरूप शांत रस का ही है। [509] अत: रस को आदि ग्रंथ का प्रधान रस माना गया है। [510] आदि ग्रंथ में इस रस की निष्पत्ति का मुख्य कारण इस ग्रंथ का आध्यात्मिक विषय है। इसमें सन्देह नहीं कि प्राचीन ग्रन्थों में शांत रस को बाद में मान्यता प्राप्त हुई। परन्तु कालान्तर में इस रस का महत्त्व अन्य रसों की तुलना में सर्वोपरि सिद्ध होता है। [511] कन्हैयालाल पोद्दार लिखते हैं, "अष्टनाट्य रसों का स्वरूप निरूपित करने के पश्चात नाट्यशास्त्र में शान्त रस की संभावना का निर्देश निम्नलिखित शब्दों में किया गया है, और नव रस शब्द का भी उल्लेख सर्वप्रथम यहीं हुआ है। अत: शान्तो नाम.... । मोक्षाध्यात्मसमुत्थ.... शान्तरसो नाम संभवति।.... एवं नव रसा दृष्टा नाट्यज्ञैर्लक्षणान्विता: अर्थात मोक्ष और अध्यात्म की भावना से जिस रस की उत्पत्ति होती है, उसको शान्त रस नाम देना संभाव्य है।" (संस्कृत साहित्य का इतिहास- द्वि.भाग) [512]

नाट्यज्ञ लोगों की दृष्टि में इस प्रकार विविध कारणों से युक्त नौ रस होते हैं। उक्त अंश के अतिरिक्त नाट्य शास्त्र में ही एक स्थान पर यह भी प्रतिपादित किया गया है, कि शान्त रस से ही रति आदि आठ स्थायी भावों की उत्पत्ति होती है और शान्त में ही उनका विलय हो जाता है- स्वं स्वं निमित्तमासाद्य शान्ताद्भाव: प्रवर्तते। पुनर्निमित्तापायेच शान्त एवोपलीयते (६-१०८) इस प्रतिपत्ति से शान्त रस का महत्त्व अन्य रसों की तुलना में सर्वोपरि सिद्ध होता है।[५१३] अत: श्री गुरु ग्रंथ में शांत रस की अधिक निष्पत्ति इस लिये हुई है, कि आध्यात्मिक काव्य के लिये इस रस की उपयोगिता का भरत मुनि ने भी संकेत कर दिया था, जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है।

आदि ग्रंथ में शान्त रस की प्रधानता के इस विचार की पुष्टि में प्रो० जोगेन्द्र सिंह लिखते हैं, 'श्री गुरु ग्रंथ साहब में शान्त रस की प्रधानता का एक कारण यह है, कि यह काव्य ग्रंथ शांत-महान्-आत्माओं के वचनों का ग्रंथ है। क्योंकि गुरु आत्मायें शांत-मंडलों की वासी हैं, अत: उनके काव्य-वचनों में से वही शांतप्रवाह फूट पड़ना स्वाभाविक ही है।[५१४] आदि ग्रंथ में शान्त रस की निष्पत्ति के विषय में डा० गोपाल सिंह लिखते हैं, 'शांत रस के उदाहरण प्रस्तुत करते समय कतिपय समीक्षाकार इस रस की निष्पत्ति वहां ढूंढते हैं, जहां 'शांत भाए गुर सतिगुर पूरे। वाजे अनहद अनाहिद तूरे' आदि शब्दों में शांति अथवा स्थिरता के विचारों का उल्लेख हो। परन्तु वास्तव में रस विचारों अथवा शब्दों में ही केवल अवस्थित नहीं होता। रस तो शब्दों, विचारों के अतिरिक्त भावों को मूर्तिमान करने वाला वह आत्मिक दिग्दर्शन है, जो अवर्णनीय होता हुआ भी आत्मा को रस विभोर कर देता है। शान्त रस जहां प्रमुख होता है वह ऐसी रचना होती है, कि पढ़ते पढ़ते ही मन में शांति का स्वरूप सुन्दर स्थिर, सुडौल एवं स्थायी प्रभाव संचारित हो जाता है।[५१५]

उदाहरणार्थ कुछ पद आदि ग्रंथ से प्रस्तुत हैं:-

५०६- आ ग्र० पृ० ११६२ ५०७- आ०ग्र० पृ० ६६३

५०८- हिन्दी साहित्य कोश - पृ० ७६२

५०९- श्री गुरु ग्रंथ साहब की साहित्यिक विशेषता पृ० १६५

५१०- श्री गुरु ग्रंथ दर्पण- प्रो- जोगेन्द्र सिंह पृ० १३८

५११- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ७६२

५१२- वही पृ० ७६२ ५१३- वही

१- बंदु सूरजु दुइ समकरि राखउ ब्रह्म जोति मिलि आउगो।
तारण देखि न जल मधि पैसउ जीअ जंत न सतावउगो।
अठसठि तीरथ गुर दिखाए घट ही भीतरि नहाउगो।
पंच सहाई जनकी सोभा भलो भलो कहाउगो।
नामा कहै चितु हरि सिउ राता, सुंन समाधि समाउगो।नामदेव[५१६]

२- उदक समुंद सलल की साखिआ नदी तरंग समावहिगे।
सुंनहि सुंन मिलिआ समदरसी पवन रूप होइ जावहिगे।
बहुरि हम काहे आवहिगे। कबीर[५१७]

३- तोही मोही मोही तोही अंतरु कैसा, कनक कटिक जल तरंग जैसा।
जउपै हम न पाप करंता, अहे अनंता, पतित पावन नामु कैसे हुंता। रविदास[५१८]

४- जिनी सची गहु राखिआ से अंबो मायहुरेरहि जोड।
किआ गुण तेरे विथरा, हउ किआ किआ घिना तेरा नाउ जाउ।
रहतु टोलि ना अंबड़े छड सद कुरबाणी तेरे जाउ जीउ। म:१[५१९]

५- मुंध नवेलड़ीआ गोइलि आई राम। मटुकी डारि धरी, हरि लिव लाई राम।
जाउ न जाउ कहो अपने सहि नाली राम। ग्री वर मोहिअड़ी पिर संगि सूती राम।
गुर कै भाइ चलो, साचि संगूती राम।भिनड़ी रैणि भलो दिनस सुहाए राम।
नानु अलोनड़ीए वोलै गुरबाणी राम। म:१[५२०]

६- किसही कोई कोइ, मंञु निमाणी इकु तू।
किउ न मरीजै रोइ जा लगु चिति न आवही।
जां सुख ता सहु राविओ दुखि भी संम्हालिओइ।
नानकु कहै सिआणीए इउ कंत मिलावा होइ।। म:२[५२१]

७- अनंदु भइआ मेरी माए सतिगुरू मै पाइआ।
सतिगुरु त पाइआ सहज सेती मनि वजीआ वाधाईआ।
राग रतन परवार परीआ, सबद गावण आईआ।
सबदो त गावहु हरी केरा मनि जिनी वसाइआ।
कहै नानकु अनंद होआ सतिगुरू मैं पाइआ। म: ३[५२२]

५१४- श्री गुरु ग्रंथ दरपण- १३८
५१५- श्री गुरु ग्रंथ साहिब की साहित्यिक विशेषता- पृ० १६६
५१६- आ०ग्रं० पृ० ६९३ ५१७- आ०ग्रं० पृ० ११०३
५१८- आ०ग्रं० पृ० ९३ ५१९- आ०ग्रं० पृ० ७६२

८- अब हम चली ठाकुर पहि हारि।

जब हम सरणि प्रभू की आई, राखु प्रभू भावै मारि। म: ४ [५२३]

९- हरि अंम्रित भिने लोइणा, मनु प्रेमि रतंना राम राजे।

मनु रामि कसवटी लाइआ, कंचन सोविंना।

गुरमुखि रंगि चलूलिआ, मेरा मनु तनो भिंना।

जन नानक मुसकि झकोलिआ, सभु जनमु धनु धंनां। म:४ [५२४]

१०- मिठ बोलड़ा जी, हरि सजणु सुआमी मोरा।

हउ संमलि थकी जी, ओहु कदे न बोलै कउरा। म:५ [५२५]

११- प्रभ मिलबे कउ प्रीति मनि लागी।

पाइ लगउ मोहि करउ बेनंती, कोऊ संतु मिलै बडभागी।

मनु अरपउ धनु राखउ आगै, मन की मति मोहि सगल तिआगी। म:५ [५२६]

१२- सुनहु सहेरी मिलन बात कहउ।

सगरो अहं मिटावहु। तउ घर ही लालनु पावहु।

तब रस मंगल गावहु। आनदु रूप धिआवहु। म:५ [५२७]

१३- काहे रे बनि खोजनि जाई। सरब निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई।

पुहप मधि जिउ बासु बसत है मुकर माहि जैसे छाई।

तैसे ही हरि बसे निरंतरि घट ही खोजहु भाई। म:९ [५२८]

शांत रस के उदाहरणों से संपूर्ण आदि ग्रंथ परिपूर्ण है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम निस्संदेह कह सकते हैं कि आदि ग्रंथ में सब रसों की पूर्ण निष्पत्ति हुई है। प्रो० जोगेन्द्र सिंह कहते हैं, 'समूचे तौर पर रसात्मक पक्ष से गुरु ग्रंथ साहब की कविता श्रेष्ठ और प्रभावोत्पादक है। भारतीय रस-परंपरा का यह पूर्णरूपेण अनुसरण करती है।' [५२९]

६- <u>शैली की दुरूहता, सुगमता एवं प्रभाव।</u>

<u>उपसंहार:</u> जहां तक शैली-दुरूहता का संबंध है, हमें केवल आदि ग्रंथ काव्य ही नहीं, समस्त आध्यात्मिक साहित्य की शैली के मनन के विषय में विचार करना उचित होगा।

५२०- आ०ग्रं० पृ० ८४३
५२१- आ०ग्रं० पृ० ७९१-९२
५२२- आ०ग्रं० पृ० ६९७
५२३- आ०ग्रं० पृ० १२७
५२४- आ०ग्रं० पृ० ४४८
५२५- आ०ग्रं० पृ० ७८४
५२६- आ०ग्रं० पृ० २०४
५२७- आ०ग्रं० पृ० ८३०

प्रो० संत सिंह सेखों लिखते हैं: ग्रंथ-काव्य का एक त्रुटिपूर्ण लक्षण यह होता है, कि उसमें दार्शनिक विचारों को ऐसी शैली में प्रस्तुत किया होता है कि उनमें श्रद्धा रखने वाले के अतिरिक्त अन्य लोगों को यह बहुत कम प्रभावित कर सकता है। रामायण महाभारत, गीता, डांटे तथा मिल्टन की कविता का वही रस-स्वादन कर सकते हैं, जो इस काव्य के सिद्धान्त पक्ष के अतिरिक्त इसकी कल्पना रचना में निर्दिष्ट घटनाओं को भी सत्य मानते हैं।[५३०] अपने इस विचार के संदर्भ में वे आदि ग्रंथ की शैली के विषय में विचार प्रस्तुत करते हुए कहते हैं: गुरुवाणी के विषय में हमें यह बात ध्यान में रखनी होगी कि गुरुवाणी साधारण समझ के लिये पर्याप्त दुर्गम एवं कठिन है।[५३१] हमारा विचार है कि इस में कोई सन्देह नहीं कि गुरुवाणी ही नहीं समस्त आध्यात्मिक साहित्य की शैली में जो प्रतीकात्मकता की विशिष्टता होती है, वह काव्य को साधारण अर्थों की अपेक्षा एक विशेष अर्थ प्रदान करती है।[५३२] आचार्य परशुराम चतुर्वेदी के शब्दों में प्रतीक को सादृश्यमूलक दीखपड़ने के कारण कभी कभी उपमानों का स्थान दे दिया जाता है, जो उचित नहीं है, यह उससे कहीं अधिक व्यापक है। इसकी सहायता ऐसे अवसरों पर ली जाती है, जब हमारी भाषा पंगु और अशक्त सी बन कर मौन धारण करने लगती है, और जब अनुभवकर्ता के विविध भाव शिला से बुद्धि के टकराने वाले स्रोतों की भांति फूट निकलने के लिये मचलने से लग जाते हैं। ऐसी दशा में हम उनकी यथेष्ट अभिव्यक्ति के लिये उनके साम्य की खोज अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों में करने लगते हैं।[५३३] कबीर गुरु नानक, तथा उनके परवर्ती गुरु व्यक्तियों के काव्य में ऐसी शैली के दर्शन होते हैं। यह शैली केवल उन प्रतीकों को, जो केवल उपमान न होकर, बहुत कुछ अधिक व्यापक अर्थ रखते हैं, समझने के लिए ग्राह्य बन सकती है। इस लिये यह शैली साधारण अथवा अपढ़ समाज के लिये नहीं, अपितु, जिज्ञासु साधकों के लिये उपयोग में लाई गई है। यह अवस्था तब उपस्थित होती है, जब कोई बात कहना हो और कही न जा सके।[५३४] यह दशा गूंगे के गुड़ के स्वाद वाली होती है।

५२८- आ०ग्रं० पृ० ६८४ ५२९- श्री गुरु ग्रंथ दर्पण पृ० ११३

५३०- पंजाबी काव्य शिरोमणी पृ० ५६ ५३१- वही

५३२- " an epithet-... conveying to our imagination something more than the accurate reflection of an external reality." Quoted from "The Poetic Image by C Dey Lewis, at page 116 of A Critical Study of Adi Granth by Dr. S.S. Kohli.

५३३- कबीर-साहित्य की परख पृ० १४६-४७

आदि ग्रंथ की शैली का एक दूसरा रूप है, जो साधारण व्यक्ति के लिये सरल, सुगम एवं पूर्ण होने ग्रा है। साधारण जन-जीवी के लिये आदि ग्रंथ के संदेश को साधारण लोगों की भाषा शैली में प्रस्तुत किया गया है:- कुछ तथा उसकी दृष्टि क्या है? इस के विषय में इन सरल शब्दों में बात कही गई है:-

कहु नानु सबै की कोठड़ी सबै ना मिथि वासु।

इकना हुकमि समाइ लए इकना हुकमे करे विणास। [५३५]

जीवन क्या है? इस का समाधान अति सरल एवं सुगम शब्दों में प्रस्तुत किया है। कठिन केवल साधना पक्ष होता है, परन्तु उसको इतना सरल कर दिया है, कि आदि ग्रंथ के संदेश को साधारण व्यक्ति भी ग्रहण कर लेता है। जीवन सदाचार है:-

मनहठ बुधी केतीआ केते बेद बीचार। केते बंधन जीअ के गुरमुखि मोख दुआर।

सचहु ओरै सभु को उपरि सचु आचारु। [५३६]

साधारण व्यक्ति भी जानता है कि सत्यमार्ग पर चलने से मनुष्य को सम्मान मिलता है, अत: इसी को साधना पक्ष का महान् लक्ष्य बताया है:-

सभे धारणि चलदिआं उसतति करे जहानु। [५३७]

नाम स्मरण को सच्ची भक्ति कहा है, और नाम स्मरण का स्वरूप इन शब्दों में प्रस्तुत किया है:-

हाथ पाउ करि कामु सभु चीतु निरंजन नालि। [५३८]

सत्यमार्ग की बाधाओं को भी बड़े ही सरल शब्दों में वर्णन किया गया है:-

मन का सूतकु लोभु है, जिहवा सूतकु कूड़। अखी सूतकु वेखणा पर त्रिअ परधन रूपु।

कंनी सूतकु कंनि पै लाइतबारी खाहि। नानक हंसा आदमी बधे जमपुरि जाहि। [५३९]

म: १

गुरु ग्रंथ की शैली का महान् गुण यह है, कि इस में निहित संदेश किसी ऐसे व्यक्ति के मुख से नहीं निकले, जो साधारण व्यक्ति को अपने से हीन मानता हो, तथा अपने आप को भगवान् का उच्चाधिकारी समझता हो। इस महान् ग्रंथ के संदेश-वाहक अपने विषय में कहते हैं:-

१- कबीर सभ ते हम बुरे, हम तजि भलो सभु कोइ। [५४०]

२- हम नहीं चंगे बुरा नहीं कोइ। प्रणवति नानक तारे सोइ।म:१ [५४१]

५३४- कहु कबीर गूंगै गुड़ खाइआ पूछे ते किआ कहीऐ- आ०ग्रं० पृ० ३३४

(२) हरि गुन कहते कहनु न जाई। जैसे गूंगे की मिठिआई।। भीखन- आ०ग्रं० ६५९

५३५- आ०ग्रं० पृ० ४६३ ५३६- आ०ग्रं० पृ० ६२

आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने जन साधारण के हितों की रक्षा करना अपना ध्येय बनाया हुआ था:-

नीचां अंदरि नीच जाति नीची हू अति नीचु।

नानकु तिनके संगि साथि वडिआ सिउ किआ रीस। म:१ [542]

आदि ग्रंथ में सामंतवादी प्रथा के विरुद्ध भी प्रबल विरोध है, जिस ने इसे जनसाधारण का अपना गुरु ग्रंथ होने का सम्मान दिया है:-

जिन सिकदारी तिनहि खुआरी, चाकर केहे डरणा।

जा सिकदारि पवै जंजीरी ता चाकर हथहु मरणा। म:१ [543]

आदि ग्रंथ के रचयिताओं के यह उपदेश जिन के लिये हैं, उनको उन्होंने अपना मित्र अथवा सज्जन कहकर संबोधन करते हुए, अपने आप को उनसे इतनी निकटता स्थापित कर ली है, कि यह उपदेश सुभाषित एवं सुमधुर मंत्रणा के रूप में प्रकट होते हैं:-

१- यार मीत सुनि साजनहु बिनु हरि छूटन नाहि। [544]

२- यार वे पिर आपण भाणा किउ नारी होता।

यार वे तै राविआ लालनु मू दसि दसंदा।

यार वे नित सुख सुखेंदी सा मैं पाई।

वरु लोड़ीदा आइआ वजी वाधाई। [545]

इस प्रकार हम देखते हैं कि जहां आदि ग्रंथ की शैली में कुछ स्थलों पर प्रतीकात्मक दुरूहता है, वहां समूचे गुरु ग्रंथ का शैली का स्वरूप सरल, सुगम एवं सर्व-ग्राह्य है।

५३७- आ०ग्रं० पृ० १३६ ५३८- आ०ग्रं० पृ० १०७६
५३९- आ०ग्रं० पृ० ४६३ ५४०- आ०ग्रं० पृ० १३६४
५४१- आ०ग्रं० पृ० ७२८ ५४२- आ०ग्रं० पृ० १५
५४३- आ०ग्रं० पृ० ६०२ ५४४- आ०ग्रं० पृ० २५६
५४५- आ०ग्रं० पृ० ७०३-७०४।

८- श्री दुर्गा गुंज लाल के लोक काव्य प्रकार एवं छन्द:

"उत्तर मध्यकाल का हिन्दी साहित्य प्रधान रूप से लोक-साहित्य है। उसके यथार्थ अध्ययन के लिये लोक प्रचलित काव्य-रूपों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है।" डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी

विचार और वितर्क-इलाहाबाद-१९५४ ई० पृ०२१४

श्री गुरु ग्रंथ के काव्य प्रकार एवं छन्द योजना

(क) काव्य प्रकार

भारतीय छन्द शास्त्र का उद्गम वैदिक साहित्य में मिलता है। छन्द वेदांग हैं, और इन्हें वेदों का चरण माना गया है: छन्दः पादौ तु वेदस्य। सांख्यायन के श्रौतसूत्र (७-२७) में, निदान-सूत्र में, ऋक्प्रातिशाख्य के आठवें पटल में, कात्यायन कृत ऋग्वेद और यजुर्वेद की अनुक्रमणी में तथा स्फुट रूप से अन्य वैदिक ग्रंथों में प्रयुक्त छन्दों का विवरण मिलता है, किन्तु छन्द शास्त्र की व्यवस्थित परंपरा का सूत्रपात पिंगलाचार्य के छन्द सूत्र से ही होता है। जिनका समय ई०पू० २०० के लगभग अनुमानित किया जाता है।[1] विद्वानों का अनुमान है, कि छन्दों का प्रयोग संभवतः ऋग्वेद से भी पुराना है। कारण कि ऋग्वेद के छन्द छांदस रचना की पर्याप्त विकसितावस्था के द्योतक हैं। अवश्य ही उस अवस्था तक पहुंचने से पहले छन्द-निर्माण के अनेक प्रयोग हुए होंगे, जो क्रमशः विकसित होकर ऋग्वैदिक छन्दों की पूर्णता तक पहुंच पाये।[2] ऋग्वेद में साधारणतया तीन और चार पाद वाले छन्द हैं, परन्तु कहीं कहीं एक दो और पांच पाद वाले छन्द भी मिलते हैं। अनुक्रमणीकारों के अनुसार ऋग्वेद में सात प्रधान छन्दों का प्रयोग हुआ है। उनके नाम ये हैं:- गायत्री, उष्णिक, अनुष्टुप, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप और जगती। इन में गायत्री और उष्णिक की तीन पंक्ति के पांच और शेष के चार पाद होते हैं।[3] कविता के लिये छन्द प्रबंध भारतीय विचारधारा में प्राचीन एक प्रकार की धर्म-तुला है। जिस कविता में छंद भंग, शब्द-भंग, अर्थ भंग, भाव्य भंग, रस भंग, क्रम भंग अथवा अन्य किसी का दोष हो, वह कविता नहीं कहला सकती। हमारे काव्य शास्त्र की यह सब से बड़ी परख कसौटी है। श्री आदि ग्रंथ की वाणी परख के इस दृष्टिकोण से अपने

१- हिन्दी साहित्य कोश - छन्द शास्त्र पृ० २६१

२- हिन्दी छन्द प्रकाश पृ० ४

३- हिन्दी छन्द प्रकाश पृ० ५,६।

आप में हर तरह पूरी है।[4] जिस प्रकार वेद, पुराण, रामायण तथा अन्य काव्य ग्रंथों में छन्दों के नामों का उल्लेख नहीं, किन्तु विद्वान पाठक छन्द की गति से समझ लेते हैं कि यह अमुक जाति का छन्द है, वैसे ही गुरु ग्रंथ साहब में छन्दों के नाम (दो चार स्थानों को छोड़ कर,कहीं और) नहीं मिलते। कई विद्वानों का विचार है, कि गुरुवाणी छन्द-नियमों का परित्याग करती है, परन्तु यह उनकी भूल है।[5]

विकास परंपरा की दृष्टि से वेद के मूल छन्द वस्तुत: तीन हैं:- गायत्री, त्रिष्टुप और जगती। गायत्री के अष्टाक्षरी तीन पादों में एक पाद की वृद्धि कर के जब उसे भी अन्य छन्दों की समानता पर लाया गया, तब वही अनुष्टुप नाम से अलग छंद गिना गया। वस्तुत: वह गायत्री का ही परिवर्धित रूप है। संहिताओं में गायत्री की प्रधानता है, और ब्राह्मणग्रंथों में अनुष्टुप की प्रचुरता मिलती है। ब्राह्मण ग्रंथों का अनुष्टुप वैदिक स्वरों से नियन्त्रित न हो कर ताल संगीत के अनुशासन में बद्ध है। गाया जाने के कारण इसे गाथा कहते हैं। यही गाथा छन्द पीछे कालमात्रा से नियंत्रित होकर संस्कृत,प्राकृत और अपभ्रंश में आर्या कहलाया। हिन्दी में पहुंच कर यही दोहा बन गया है। इसी का विपरीत रूप सोरठा है। यही वैदिक अनुष्टुप वर्णक्रम से नियंत्रित होकर संस्कृत में श्लोकवृत्त अनुष्टुप के नाम से प्रचलित है। विचित्र बात यह है कि वर्णवृत्त बन कर भी यह मात्राओं से नियुक्त है।[6]

गुरुवाणी में छन्द

गुरु वाणी में छन्दों के विषय में विद्वानों का भ्रमवश होने का कारण यह है कि वे संगीत के नियमों से अपरिचित हैं। गुरु वाणी के छन्दों की पंक्तियों के कई स्थानों पर न्यूनाधिक होने का कारण यह है कि राग के आलाप, टेक, अंतरा, भोगादि के नियमों को मुख्य मान कर शब्द (पद) रचना की गई है।[7] गुरु वाणी संगीत का परिचय ही गुरुवाणी के छन्द प्रबन्ध का यथार्थ ज्ञान करवा सकता है। नहीं तो हमें गुरुवाणी के छन्द प्रबंध में कई स्थानों पर विषमताएं दृष्टिगोचर होंगी। नवीन शोध ने इस बात को स्वीकार

४- पंजाबी दुनिया- गुरमति साहित्य विशेषांक पृ० ७३-७४

५- गुरछन्द दिवाकर पृ० २१

६- हिन्दी छन्द प्रकाश पृ० ६

७- गुरछन्द दिवाकर पृ० २३

किया है। सरदार शमशेर सिंह अशोक लिखते हैं, 'गुरु वाणी संगीत रूप होने के कारण इस में मात्राओं अथवा वर्णों की प्रधानता नहीं, अपितु ध्वनि एवं स्वर की प्रधानता है।'[८] प्रिंसीपल संत सिंह सेखों ने भी इसी विचार की पुष्टि करते हुए कहा कि गुरुवाणी में मात्राओं के न्यूनाधिक होने का कारण .... भांति से इस की संगीतकता है।[९] अत: गुरुवाणी छन्दों के विषय में संगीतक आवश्यकताओं की पूर्ती के लिये कुछ स्वतंत्रता का अनुसरण अवश्य करती है, परन्तु इस रचना का आधार छन्द-योजना ही है, जिसका संबंध सीधा प्राचीन भारतीय परंपरा से है।

यह कहना बहुत ही भ्रम पूर्ण है कि पुराने छन्दों में नवीन जीवन का उल्लास व्याप्त नहीं किया जा सकता। छन्द कभी पुराना नहीं होता, नवीन उल्लास को भरते ही वह स्वत: नवीन हो जाता है।[१०] गुरुवाणी के छन्दों की परंपरा का सीधा संबंध प्राकृत और अपभ्रंश भाषा की छन्द योजना से है। सर्वप्रथम प्राकृत एवं अपभ्रंश के छन्दों को बौद्ध सिद्धों तथा जैन मुनियों ने अपनाया था। बौद्ध कवियों की दोहावली और जैन कवियों में आचार्य हेमचन्द्र (१२वीं शता ई०) की रचना इस संबंध में प्रसिद्ध हैं।[११] हिन्दी, पंजाबी, तथा ब्रज भाषा के छन्द प्राकृत अथवा अपभ्रंश से लिये गये हैं संस्कृत से नहीं।[१२] इस विचार की पुष्टि अपभ्रंश साहित्य के शोध कार्य के आधार पर प्रकट किये कतिपय विद्वानों के विचारों से होती है। डा० हरिवंश कोछड़ अपने ग्रंथ अपभ्रंश साहित्य में लिखते हैं, 'अपभ्रंश साहित्य का जो हिन्दी साहित्य पर प्रभाव पड़ा, उसमें छन्दों का विशेष महत्त्व है। संस्कृत में वर्णवृत्तों का अधिकतर प्रयोग होता था। प्राकृत में वर्णवृत्तों के बंधन को हटा कर मात्रिक छन्दों का प्रयोग किया गया। प्राकृत का गाथा छन्द मात्रिक छन्द ही है। अपभ्रंश कवियों ने भी उस प्रवृति को बनाये रखा। उन्होंने भी मात्रिक छन्दों का बहुतायत से प्रयोग किया। अपभ्रंश की यह प्रवृति हिन्दी साहित्य में भी आई।

अपभ्रंश छन्दों की दूसरी विशेषता है कि इन में

८- पंजाबी दुनिया गुरुमति साहित्य विशेषांक पृ०८८

९- पंजाबी काव शिरोमणी पृ० ६६

१०- जीवन के तत्व और काव्य के सिद्धान्त पृ० ४६

११- पंजाबी दुनिया गुरमति साहित्य विशेषांक- पृ० ७४

१२- वही पृ० ७६

अन्त्यानुप्रास का प्रयोग मिलता है। इस प्रवृत्ति का संस्कृत में भी प्रायः अभाव था और प्राकृत में भी यह अपभ्रंश कवियों की अपनी सूझ थी। हिन्दी छन्दों में यह प्रवृत्ति अपभ्रंश छन्दों से ही आई।[१३] गुरुवाणी के छन्द संगीत-प्रधान क्यों हैं? इस प्रश्न का उत्तर केवल यही नहीं कि गुरुवाणी की रचना संगीत अथवा रागों के आधार पर हुई है। अपितु इस प्रवृत्ति का संबंध अति प्राचीन भारतीय परंपरा से है। संस्कृत के छन्द वार्णिक छन्द हैं, जिन्हें वृत्त छन्द कहा जाता है। प्राकृत अथवा अपभ्रंश के छन्दों को मात्रिक अथवा जाति छन्द कहा गया है। गुरुवाणी साहित्य में इन्हीं जाति छन्दों का अधिक प्रयोग हुआ है। इन जाति छन्दों की प्रवृत्ति के विषय में विद्वानों का विचार है, कि जाति छन्द जो प्रकृति से मात्रिक एवं संगीत प्रधान हैं, लोक भाषाओं के छन्द हैं। इन की परंपरा लौकिक रही है। अभिजात कोटि के काव्य साहित्य में जहां कहीं इनका उपयोग किया गया है, इन्हें लोक प्रचलित काव्यों से लिया गया है। कीथ महोदय ने संस्कृत-साहित्य में प्रयुक्त वार्णिक वृत्त छन्दों को अभिजात परंपरा की वस्तु कहा है, किन्तु मात्रिक जाति छन्दों को लौकिक काव्य (Folk Poetry) की ही उपज माना है।[१४] गुरुवाणी छन्द योजना के विषय में फ्रैडरिक पिन्कोट संत सिंह सेखों के विचार उपर्युक्त विचार से मिलते हैं। गुरुवाणी उसी प्रामाणिक छन्द प्रबंध के अनुसार रची हुई है, जिस के अनुसार इस से कोई प्राचीन भारतीय रचना अथवा पुरातन कविता; यदि कुछ भेद है तो उस स्वतंत्रता का है जो छन्द प्रबन्ध का पालन करते हुए भी गुरुवाणी अथवा गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने ली है। एक सीमा तक यह स्वतंत्रता हमारे लोक-गीतों के स्वभावानुसार है, और यह बात निश्चय ही प्रतीत होती है कि गुरुवाणी की छन्द योजना की यह स्वतंत्रता लोक गीतों की स्वाभाविक स्वतंत्रता के कारण है। अथवा यूं कहना उचित होगा, कि जहां गुरुवाणी का कलेवर छन्द का है, वहां इसने लोक-गीतों के स्वभावानुसार स्वतंत्रता ली है। गुरु ग्रंथ की वारों के आरंभ में कतिपय लोक-वारों की ध्वनियों पर उन्हें गाये जाने के शीर्षक संकेतों के अन्तः साक्ष्य से यह बात स्वतः सिद्ध है यथा आसा की वार को टुंडे असराजे की ध्वनि, तथा माझ की वार को मलक मुरीद तथा

१३- अपभ्रंश साहित्य पृ० ४०३

१४- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व- १६४

चंद्रहड़ासोहीआ की ध्वनि पर गाने का संकेत है।[१४] यह काव्य जिसमें छन्दों की स्वतंत्रता का रुचि पाई जाती है, छन्द-रहित नहीं कहा जा सकता। हिन्दी भक्ति साहित्य में लौकिक मात्रिक छन्दों का ही विशेष उपयोग किया गया है। गुरु ग्रंथ में कतिपय ऐसी काव्य शैलियों का उपयोग हुआ है जो स्पष्टतया लोक गीतों पर आधारित हैं, अथवा इन शैलियों के विषय में यूं कहना और भी युक्ति संगत होगा, कि यदि इन में से जीवात्मा, परमात्मा अथवा मायादि वर्ण्य-विषय को अलग कर दिया जावे तो यह लोक गीत ही हैं। इन शैलियों की नामावली इस प्रकार है: बावन अखरी, थिति तथा वार(सतवारा) का प्रयोग कबीर की रचना में हुआ है। कबीर के पश्चात् गुरु नानक देव जी हैं, जो लोक काव्य की धुनियों से अधिक प्रभावित हुए हैं। उनके विषय में तो विश्वास है कि माझ राग की संगीत रचना माझे प्रदेश की कतिपय लोकध्वनि के आधार पर उन्होंने की थी। उनकी रचना में, पहरे, पट्टी, अलाहणीआं, आरती, सुचज्जी, कुचज्जी, थिति, ओंकार, सोहले, बारहमाह आदि की रचना लोक गीतों के आधार पर हुई है।[१५(क)] उपर्युक्त काव्य शैलियों में से गुरु अर्जुन देव ने पहरे, बारह माह, बावन अखरी, थिति तथा सोहले का प्रयोग किया है। इस के अतिरिक्त रुति, अंजुलियां, गाथा, फुनहे, चउबोले आदि काव्य शैलियों का प्रयोग भी उन्होंने किया है। सुखमनी, तथा मंदावणी नामक भी उनकी विशिष्ट रचनाएं हैं। श्री राग (पृ० ९३ पर, आ०ग्रं०) में भी भगत बेणी की वाणी को 'पहरिआ के घरि गावणा' का संकेत है।

मात्रिक छन्दों के बारे में जिनका प्रयोग आदि ग्रंथ में हुआ है, और जिन के नाम हमें काव्य शास्त्र के ग्रंथों में मिलते हैं, विचार करने से पूर्व काव्य की उपर्युक्त शैलियों पर विचार करना अच्छा होगा। क्योंकि सन्त-काव्य की शैलियों का सीधा संबंध लोक-काव्य से है, और उपर्युक्त नाम लोक-गीतों की धारणाओं के ही हैं। डा० रवीन्द्र भ्रमर इस संबंध में लिखते हैं, 'सन्त-काव्य पर लोक-गीतों का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, सन्त कवियों के लिखे हुए पद या सबद लोक गीतों से बहुत भिन्न नहीं हैं। डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी कुछ थोड़े से अपवादों को छोड़कर मध्ययुग के

१५- पंजाबी भाव शिरोमणी- पृ० ६५

१५(क). थिती, पट्टी तथा आरती का उपयोग कबीर ने भी किया है। पट्टी, अलाहणीआं, वार(सतवारा) तथा सोहले का प्रयोग गुरु अमरदास ने भी किया है। 'अनंद' नाम का एक रचना भी राग रामकली में उन्होंने की है। गुरु रामदास ने पहरे, वणजारा, करहले तथा घोड़ियां की रचना लोक गीतों के आधार पर की है।

संपूर्ण देशी भाषा के साहित्य को लोक साहित्य मान लेने के पक्ष में हैं।"[16] आगे [illegible] ने लिखा है, "इन पदों में [illegible] ध्रुव, आभोग, और गुरु के आलौकिक संकेतों को अलग कर देने पर शैलीगत शिल्प की दृष्टि से इन्हें लोक गीतों की ही कोटि में रखा जा सकता है।"[17] संत कवियों ने लोक गीतों की केवल सरल शैली ही नहीं अपनाई है वरन् कतिपय प्रचलित लोक गीतों को भी ज्यों का त्यों ग्रहण कर लिया है।[18] इस संबंध में गुरु ग्रंथ में कुछ गीत-पद्धतियाँ दृष्टव्य हैं। इन गीत पद्धतियों को भी रागों के अधीन रखा गया है, यथा गुरु अर्जुन देव का बारहमाहा माझ राग से संबंधित है, तथा गुरु नानक का बारहमाहा तुखारी राग से संबंधित है। गुरु रामदास के करहले तथा गुरु अर्जुन देव की बावन अखरी गउड़ी राग से संबंधित है। गुरु अर्जुन के बिरहड़े (विरह गीत) आसा राग के अधीन हैं, और रविदास, गुरु नानक, श्री सैन तथा भगत धन्ना की आरतियाँ धनासरी राग के अंतर्गत हैं, और कबीर दास की आरती प्रभाती राग से संबंधित है। बाबा सुन्दर जी की सद्द रामकली राग में है। गुरु अर्जुन देव की अंजुलियाँ राग माझ में हैं। अस्तु: अनेक लोक गीतों पर आधारित काव्य पद्धतियाँ भी रागों से संबंधित हैं।

विवेच्य विषय में सर्व प्रथम भाषा लोक काव्य से संबंध रखने वाले आदि ग्रंथ में व्यवहृत काव्य रूपों को लेना उचित होगा।

(१) <u>वर्णमाला- परक काव्य- बावन अखरी, पट्टी</u> : आदि ग्रंथ में गौड़ी राग में संत कबीर[19] तथा गुरु अर्जुन देव[20] की बावन अखरी नाम की रचनाएं हैं, और आसा राग में गुरु नानक[21] तथा गुरु अमरदास की पट्टियाँ हैं। कबीर की बावन अखरी का आरंभ मुसलमानों तथा हिन्दुओं के लिये अल्लाह तथा ओंकार की समन्वयात्मक दृष्टि से व्याख्या करते हुए किया गया है। अक्षर क्रम देवनागरी लिपि वाला है, परन्तु उच्चारण गुरु-मुखी लिपि वाला है, 'ष' के स्थान पर 'ख' और 'श' के स्थान 'स' का प्रयोग हुआ है। गुरु नानक देव की पट्टी

१६- [illegible] भारती खंड १ अंक १ पृ० ७१ हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व। पृ० १८४ पर उद्धृत।

१७- वही पृ० १८५

१८- वही पृ० १८६

१९- आ०ग्रं० पृ० ३४०

२०- आ०ग्रं० पृ० ४३२

२१- आ०ग्रं० पृ० ४३२

से अक्षर से आरंभ होता है। इसमें गुरु-मुखी लिपि वाले ही अक्षर क्रम
म, इ, ३, ड, र, ष, म, ग, ... ३, ५ रहे हैं। इस पट्टी के अन्त में नानक शायर इव कहितु है इस प्रकार गुरु जी ने शायर की पदवी को अपने लिये स्वीकार किया है। ऐसा जान पड़ता है, गुरु जी को अपने शायर होने पर गर्व था, आसी रागु के सलोकों में भी कहा है: नानकु शायरु एव कहतु है, सचे परवरदगारा।[23]
गुरु अमरदास की पट्टी भी आसा राग में है, और गुरु नानक की पट्टी के पीछे लिखी गई है। इस पर स्पष्टतया गुरु नानक की पट्टी का प्रभाव है। इस में केवल ड़, ल, स, ग, क, ठ, ध, प, न, व, फ, ग, छ, र इन १५ अक्षरों का प्रयोग किया गया है। गुरु अर्जुन देव की बावन अखरी कबीर जी की बावन अखरी से प्रभावित है, और यह दोनों रचनाएं गौड़ी राग में हैं। इन रचनाओं की छन्द-योजना पर विचार करने से गुरु ग्रंथ के संपादक की अतीव प्रतिभा का पता चलता है। गुरुनानक और गुरु अमरदास की पट्टियों में केवल दवैया अथवा सार छन्द है। गुरु नानक की पट्टी के विषय में प्रिंसीपल सन्त सिंह सेखों लिखते हैं: इस पट्टी में पैंतीस पद हैं, और पहले पद के पश्चात् दो तुकों का रहाउ (टेक) है, ये दोनों पंक्तियां अन्य पदों के साधारण मात्रिक तोल से भिन्न हैं। पट्टी में दवैया (१६ + १२) मात्राओं अथवा (१६ + १४) मात्राओं का है। रारै रवि रहिआ सभ अंतरि जेते कीए जंता (१६ + १२) तथा ससै सोई स्रिसटि जिनि साजी, सभना साहिबु एकु भइआ (१६ + १४)।[24] यह दोनों पट्टियां एक तोल और लय में होने के कारण ही आसा राग में हैं। कबीर जी और गुरु अर्जुन देव की बावन अखरियां गौड़ी राग में हैं। दोनों का छन्द दोहा-चौपाई है। कबीर ने दोहों तथा अष्टपदियों का प्रयोग किया है। गुरु अर्जुन देव ने दोहों तथा अष्टपदियों का प्रयोग किया है। सन्त-काव्य में बावन अखरी के लिये दोहा- चौपाई का प्रयोग प्राय: किया गया मिलता है। हिन्दी साहित्य कोश में इस के बारे में लिखा है: दोहा एवं चौपाई छन्दों का एक साथ प्रयोग सूफी कवियों ने

२३- आ०ग्र० पृ० ६६०

२४- पंजाबी काव शिरोमणी- संत सिंह सेखों पृ० ८३

अपने प्रेम गाथाओं में किया है, जिनका न कतिपय शब्दों का रोमनों में भी पता पड़ता है। इन शब्दों के प्रयोग वाला एक दूसरा अन्य प्रकार ग्रंथ बावनी नाम से मिलता है, जिसकी चिपाइयों का आरम्भ क्रमशः नागरी लिपि के बावन अक्षरों से होता है, और जिस की पक्ति पर निर्मित अक्षरावली, चौंतीसा, ककहरा आदि तथा फारसी लिपि के अक्षरानुसार लिखे जाने वाले अलिफ नामा, सीहर्फी आदि पाए जाते हैं।[२५] आदि ग्रंथ का पट्टी तथा बावनअखरी रचनाएं भी इस परंपरा में हैं, जिस प्रकार आदि ग्रंथ में बावन अक्षरों में 'श' के स्थान पर 'स' और 'ष' के स्थान पर 'ख' का प्रयोग हुआ है, उसी प्रकार जायसी की अखरावट में हुआ है। जायसी ने जो 'ङ' 'ञ' और 'ण' (के लिए न) और 'श' के स्थान पर 'स' लिखा है।[२६] यह भी लोक भाषा की उच्चारण प्रवृत्ति के अनुकूल हुआ है।

जहां तक इस वर्णमाला परक काव्य-प्रकार की परंपरा का संबंध है, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, "वर्णमाला के अनुसार काव्य रचना करने की परंपरा कुछ नयी नहीं था और इस के उदाहरण योरोप के साहित्य में भी मिल सकते हैं। जैसा कवि चौसर (मृत्यु १४०० ई०) ने अपनी एक ऐसी ही रचना (ABC...) द्वारा वर्जिन मेरी के प्रति अपना भक्ति प्रदर्शित की है। कहा जाता है, कि वह भी सन् १३३० ई० में किसी फ्रेंच साधु द्वारा लिखी गयी कविता के आधार पर है।"[२७] पाश्चात्य साहित्य में इसे अलफाबेट सांग कहा गया है।[२८] साहित्य में वर्णमाला परक काव्यों को शैली लोक से आई है ऐसा जान पड़ता है। लोक जीवन में इस प्रकार की गीत या वार्ता-शैलियां बहुत अधिक प्रचलित रही हैं।[२९]

२- आचार परक काव्य: आरती-पहरे थिती, दिनरैण, सप्तवार, सुचा, कुचजी और गुणवंती।

गुरु ग्रंथ में कतिपय काव्य-कृतियां इस प्रकार की भी मिलती

२५- हिन्दी साहित्य कोश-संत काव्य- ३११

२६- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व- पृ० १३३

२७- I Iailavoix- Geoferery Chaucer-London-page 68

पर से उत्तर भारत की संत परंपरा द्वितीय संस्करण पृ० १६८ पर उद्धृत।

२८- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व पृ० १३२

२९- वही पृ० १३२

जिन का संबंध सन्त मतों के समाज और उनकी साधना-पद्धति में प्रचलित आचार-विधान से है। उदाहरण के लिये सगुण भक्ति में विभिन्न संस्कारों में प्रयुक्त वस्तुओं थाल, दीपक, मोती, धूप, चवर, फूलादि की सामग्री जुटा कर आरती उतारने का विधान था। परन्तु सन्त कवियों ने उस प्रभु की आरती उतारने के लिये इन संस्कार-वस्तुओं की आवश्यकता नहीं समझी। जैसे गुरु नानक गगन को थाल, रवि-शशि को दीपक, तारक-मण्डल को मोती, मलयानिल को धूप, पवन को चवर, तथा सकल वनस्पति को फूल मानता समझता है।[30] सन्तों को यह आरती-प्रकार नाथ योगियों से प्राप्त हुआ। गोरखनाथ ने गोरखबानी में ऐसी ही शैली में अनेक स्थानों में आरती लिखी है।[31] आदि ग्रंथ में कबीर[32] की प्रभाती राग में तथा गुरु नानक,[33] रविदास,[34] सेण तथा धन्ना की धनासरी राग में आरतियां हैं। आरती की परंपरा तो गोरखनाथ से भी प्राचीन है। परन्तु सन्तों की आरती तथा उस प्राचीन आरती में भेद यह है कि वह सांसारिक वस्तुओं का आश्रय लेती थी, परन्तु सन्तों ने उस महानदेव की आरती उतारने के लिये इन सांसारिक वस्तुओं को जो उसी की दी हुई हैं, आवश्यक नहीं माना और उस प्रभु के गुण स्मरण वाणी को सर्वव्यापक कर दिया। गुरु नानक, कबीर, रविदास की आरतियों का एक ही छन्द है। इसे आरती का कहना उचित है। यह अपनी तरह का विशेष छन्द है। इस की पंक्तियों में [illegible] रूपता हुआ राग है, और सबद भी बहुत रागमयी हैं। श्री सेण और धन्ना की आरतियां चौपाई छन्द में हैं।

पहरे आदि ग्रंथ के काव्य प्रकारों में एक हैं। आदि ग्रंथ में श्री राग में गुरु नानक देव, गुरु राम दास तथा गुरु अर्जुन देव के पहरे हैं। पहरे लोक-काव्य का रूप है और इन में विचार, पंक्तियों, शब्दावली तथा टेक की पुनरावृत्ति की गई है। इस काव्य रचना में मनुष्य की आयु को चार पहरों अथवा भागों में विभक्त किया गया है, यथा गुरु नानक देव के पहरे:

३०- आ०ग्रं० पृ० १३ तथा ६६३

३१- गोरखबानी पृ० १५[illegible]-१५[illegible]

३२- आ०ग्रं० पृ० १३५०

३३- आ०ग्रं० पृ० ६६[illegible]

३४- आ०ग्रं० पृ० [illegible] तथा पृ० ४३।

पहिलै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा बालक बुधि अचेतु।xx।

दूजै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा भरि जोबनि मैमति।xx।

तीजै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा सरि हंस उलथड़े आइ।xx।

चउथै पहरै रैणि कै वणजारिआ मित्रा बिरधि भइआ तनु खीणा।[37]

गुरु राम दास के पहरे तथा गुरु अर्जुन देव के पहरे भी इसी शैली में हैं।[38]

लोक- काव्य का एक रूप दिन रैण है, जिस का प्रयोग गुरु अर्जुन देव की रचना में हुआ है। इस में मनुष्य को दिन-रात में जो शुभ-कार्य करने चाहिएं उनका निर्देश किया गया है। यथा:-

सेवी सतिगुरु आपणा हरि सिमरी दिन सभि रैणि।[39]

यह रचना माझ राग में है, जो पंजाब का देशी राग है, और अपने नाम के अनुसार माझे प्रदेश से संबंधित है। इस की रचना गुरु नानक देव ने किसी लोक ध्वनि के आधार पर की होगी। गुरु अर्जुन देव ने दिन रैन की लोक-काव्य पद्धति की रचना इसी राग में की है।

सन्त काव्य में साधना-परक आचार की व्याख्या के लिये एक और काव्य प्रकार प्रसिद्ध है। इसे पंद्रह तिथि कहते हैं। जिस प्रकार बावन-अखरी में अक्षर क्रम से तथा पहरों में पहले पहरे से क्रम आरंभ करके काव्य रचनाएं की गई हैं, इसी प्रकार अमावस अथवा एकम से आरम्भ करके पंद्रह तिथियों के आधार पर आचार-परक काव्य की रचना हुई है। गुरु ग्रंथ में इसे थिति लिखा गया है। कबीर[40], गुरु नानक[41], तथा गुरु अर्जुन देव की इस प्रकार[42]

३७- श्री राग म: १ आ०ग्र० पृ० ७५-७६

३८- आ०ग्र० पृ० ७६-७७ तथा पृ० ४३

३९- माझ म: ५ आ०ग्र० पृ० १३६

४०- आ०ग्र० पृ० ३४३

४१- आ०ग्र० पृ० ८३८

४२- आ०ग्र० पृ० २९६

की रचनाएं आदि ग्रंथ में हैं। कबीर तथा गुरु अर्जुन देव की 'थिती' गउड़ी राग में हैं। यह रचना संतों के सर्व प्रिय छन्द चौपाई में हैं। रचना में संगीत की सरलता एवं शब्दों की सरलता के कारण यह वाणी बहुत मधुर है। वैसे भी रचना संक्षिप्त है:-

अमावस महि आस निवारहु। अंतरजामी राम समारहु।
पूनिउ पूरा चंद आकास : पसरहि कला सहज परगास।

गुरु अर्जुन देव की रचना 'थिती' कबीर की रचना से अधिक विस्तृत है, परन्तु कबीर का प्रभाव इस पर स्पष्ट परिलक्षित होता है। इस रचना में छन्दों की भी विविधता है। दोहा चौपाई (सलोक- पउड़ी) दोनों का प्रयोग किया गया है। कबीर की रचना ने आदि ग्रंथ का लगभग एक पृष्ठ लिया है। गुरु अर्जुन देव की रचना चार पृष्ठों से भी कुछ अधिक है। कविता का विषय कबीर की वाला ही है। गुरु अर्जुन देव जी ने जहां भी किसी पूर्ववर्ती सन्त का प्रभाव स्वीकार किया है उस विचार की आदि ग्रंथ में विशद् विवेचना प्रस्तुत कर दी है, यह उनकी उस विचार के प्रति श्रद्धा तथा दृढ़ आस्था के कारण हुआ है। दूसरा कारण यह है, कि वे गुरु ग्रंथ का मनन करने वाले के लिये उस विचार को स्पष्टतम रूप में प्रस्तुत कर देना आवश्यक समझते थे। जैसे कबीर का शबद : 'असथावर जंगम कीट पतंगा। अनिक जनम कीए बहुरंगा,' रहाउ की चार पंक्तियों तथा अन्य छः कुल दस पंक्तियों का पद चौपाई छन्द में है।[४३] गुरु अर्जुन देव का इस राग (गउड़ी) में इस विचार पद्धति का अनुसरण करता हुआ एक विस्तृत पद है, जिसका छन्द भी चौपाई है। 'कई जनम भए कीट पतंगा, कई जनम गज मीन कुरंगा।'[४४] गुरु अर्जुन की रहाउ की छः और उस के पश्चात् बारह कुल अठारह पंक्तियां हैं। गुरु अर्जुन की 'थिती' भी इसी प्रकार कबीर से चौगुनी हो गई है। इस में एकम तिथि से लेकर 'अष्टमी' तक का वर्णन दोहा छन्द में हुआ है। सलोक तथा पउड़ी दोनों दोहा छन्द में हैं।

एकम एकंकारु प्रभु करउ बंदना धिआइ।
गुण गोबिंद गुपाल प्रभ, सरनि परउ हरि राइ।[४५]

४३- आ०ग्रं० पृ० ३२५-३२६   ४४- आ०ग्रं० पृ० १७६

४५- आ०ग्रं० पृ० २९६

नवमी तिथि से पउड़ी का छन्द चौपाई हो गया है, और श्लोक दोहा छन्द में ही रहते हैं।

नउमीं नवे छिद्र अपवीत। हरिनाम न जपहि करत बिपरीति।
पर-त्रिय रमहि बकहि साध निंद। करन न सुनही हरि जसु बिंद।[४६]

प्रिंसीपल संत सिंह सेखों लिखते हैं: गुरु अर्जुन की थिती १७ श्लोकों तथा १७ पउड़ियों की है। तीस श्लोकों तथा पउड़ियों, दोनों का दोहरा है।[४७] संभवत: उन्होंने नवमी तिथि तक यह रचना पढ़ कर नहीं देखी, नहीं तो इस से उपरान्त आने वाली पउड़ियों का छन्द स्पष्टतया चौपाई ज्ञात हो जाता।

गुरु नानक देव की रचना 'थिती' बिलावल राग में है। गुरु नानक की रचना भी कबीर से प्रभावित है और यह भी पर्याप्त विस्तृत है। यह रचना आदि ग्रंथ के पूरे दो पृष्ठों तथा तीन पंक्तियों को घेरती है।[४८] इसमें कबीर की रचना की भांति केवल चौपाई छन्द ही प्रयुक्त हुआ है। इस में एक प्रभु के नाम सुमरण पर बल देते हुए द्वैत भावना का त्याग करने, परमात्मा को सर्वव्यापक मान कर तीनों अवस्थाओं से विरक्त हो कर 'तुरिया' अवस्था में निवास करने का आदेश है, तथा सिद्धों एवं पाखंडी साधुओं की साधना के बाह्याचार का निषेध कर के, 'आप पछाणै का सतिगुरु पावै', तथा 'ममता जाल ते रहै उदासा', पर बल दिया गया है।[४९]

जहां तक तिथियों के क्रम पर आधारित रचना करने की पद्धति का संबंध है, इस की परंपरा बहुत पुरानी है। गोरखबानी में 'पंद्रह तिथि' नाम की रचना इसी प्रकार की रचना है। कबीर ने यह रचना सम्भवतः जोगियों की पद्धति पर की है। जोगियों में इस की गणना अमावस से शुरू होती है, फिर दुतिया, तृतीया- इस प्रकार क्रमशः चलते हुए पंद्रह तिथि की गणना है। कबीर की रचना में भी यही क्रम है। गोरखबानी की इस रचना के अंत में 'पंद्रह तिथि कला की संधि। मछींद्र वादे थिर भया कंध', कहा है, कबीर ने 'पंद्रह तिथि' के स्थान पर 'पूनिउ पूरा चंद आकास। पसरहि कला सहज परगास।'

४६- आ०ग्रं० पृ० २६८

४७- पंजाबी काव्य शिरोमणी पृ० १७७

४८- आ०ग्रं० पृ० ८३८-४०

४९- आ०ग्रं० पृ० ८४०

में पूनिउ (पूर्णिमा) शब्द का प्रयोग किया है। गुरु नानक तथा गुरु अर्जुन देव की रचना में एकम से आरंभ कर चौदह तिथि के पश्चात् पंद्रहवीं तिथि अमावस रखी गई है। योगियों ने भी यह पद्धति अपने पूर्ववर्ती सिद्ध साधकों से ग्रहण की जान पड़ती है।

थिति से मिलती जुलती रचना सतवार है, आदि ग्रंथ में यह रचना थिति के पश्चात् ही दी गई है। कबीर की थिति रचना में जो सातवार है, सतवार उसी में ही सम्मिलित कर दिया गया है। यथा: राग गउड़ी थिती कबीर जी की।। सलोकु।। पंद्रह थितीं सातवार।[50] इसी प्रकार गुरु नानक की बिलावलु म: १ थिती घर १० जति[51] के समाप्त होने पर ही बिलावलु महला ३ वार सत घरु १० का आरंभ होता है। दोनों रचनाएं एक ही राग तथा एक ही ताल में हैं, जैसे कबीर की थिती तथा वार दोनों एक ही राग और ताल में हैं। जबकि कबीर की रचना केवल आधे पृष्ठ पर है, गुरु राम दास की रचना दो पृष्ठों से अधिक है। दोनों रचनाएं आदित (आदित्य) अथवा ऐतवार से आरंभ होती हैं, तथा शनिवार पर समाप्त होती हैं। कबीर ने शनिवार अथवा शनिश्चरवार के स्थान पर थावर का प्रयोग किया है।[52] गुरु रामदास ने छनिछरवारि का प्रयोग किया है, जो पंजाबी प्रभाव के कारण है। गुरु अमरदास ने सतवार की रचना एक पृष्ठ में समाप्त कर एक पृष्ठ पंद्रह थिति से सत वार। माहा रुति आवहि वार वार। दिनसु रैणि तिवै संसार। आवागउणु कीआ करतारि, की व्याख्या पर लिखा है, और तिथियों-वारों की शुभ-अशुभ भावना के अन्धविश्वास का आवरण इन शब्दों से दूर किया है: थिती वार सभि सबदि सुहाए। सतिगुरु सेवे ता फलु पाए। थिती वार सभि आवहि जाहि। गुर का सबदु निहचलु सदा सचाहि।[53]

सप्तवार (सतवार) लिखने की परंपरा भी प्राचीन है। कबीर के पूर्ववर्ती नाथ योगी साधक ऐसे ही लोकप्रिय काव्य प्रकारों में अपनी रचनाएं करते थे। गोरख बानी के कर्त्ता के समक्ष सप्तवार लिखने की प्रथा थी। कबीर की इस रचना की शैली तथा गोरखबानी की शैली में आश्चर्यजनक साम्य है। प्रथम तो गोरखबानी में भी कबीर की भांति शनिश्चरवार के लिये थावर थिर

50- आ०ग्र० पृ० ३४३

51- आ०ग्र० पृ० ८३८

52- आ०ग्र० पृ० ३४४

53- आ०ग्र० पृ० ८४२

का आसण देहु का प्रयोग हुआ है। कबीर की शैली से गोरखबानी अथवा गोरखनाथ के सप्तवार का तुलनात्मक अध्ययन अति रोचक है:-

गोरखनाथ (सप्तवार श्री गोरख कत)	कबीर (बार कबीर जी के)
१- सोमवार मन धरिबा सुंनि।	१- सोमवार ससि अंम्रित झरै।
छिबत काया पावन पुंनि।	चाखत बेगि सगल बिष हरै।
ससिहर बरिखा अंबर झरै।	बाणी रोकिला रहे दुआरि।
तौ सोमवार गुण एता करै	तब मन मतवारो पीवन हारि।
२- बुधवार गुर दीन्ही बुधि।	२- बुधवारि बुधि करै प्रगासु।
बिचरौं काया पावौ सिधि	हिरदै कमल महि हरि का बासु।
सिव घरि सकती पाणी भरै।	गुर मिलि दोऊ एक सम धरै।
तौ बुधवार गुन एता करै।	उरध पंक लै सूधा करै।
३- थावर थिर करि आसण देहु।	३- थावर थिर करि राखै सोइ।
बारह सोलह[५४] गिण गिण लेहु।	जोति दीवटी घट महि जोइ।
ससिहर के घरि आवै भांण।	बाहरि भीतरि भइआ प्रगास।
तौ दिनदिन थावर गगन मंडाण।	तब हुआ सगल करम का नासु।
सातौ बान्धा एकै रासा।	जब लग घट महि दूजी आन।
काला मीरा बैसे पास	तउ लउ महलि न लाभै जान।
चढै प्राणी परचा भया।	रमत राम सिउ लागो रंग।
सप्तवार श्री गोरख कह्या	कहि कबीर तब निरमल अंग

उपर्युक्त तुलना से पता चलता है कि कबीर ने गोरखनाथ के सप्तवार की शैली का ही अनुसरण नहीं किया, अपितु एक ही छन्द में, एक एक

५४- सूर्य का बारह और चन्द्रमा का सोलह कलायें "द्वादस दल भीतरि रवि सकति, ससि षोडस सिव थान।" गोरखबानी पृ० ११०।

धार को उतनी ही वरीयता दी है, किन्तु गोरखनाथ ने। योगियों ने पारिभाषिक शब्दों को सुगम ढंग से प्रस्तुत करते हुए हठ योग के स्थान पर सुरति शब्द योग की व्याख्या करते हुए 'रमत राम सिउ लागो रंगु', कहकर राम नाम सुमिरन पर जोर दिया है। इतना होते हुए भी कबीर जी की रचना से स्पष्ट पता चलता है कि अपने सम्प्रदाय की रचना उन्होंने गोरखनाथ के सम्प्रदाय को समक्ष रख कर की है।

व्यवहारपरक काव्य के अधीन ही आदि ग्रंथ में गुरु नानक की रचनाएं कुचजी- सुचजी हैं जो सूही राग में निबद्ध है। 'कुचजी' शीर्षक के अंतर्गत पति परमेश्वर से बिछुड़ी हुई जीव रूप स्त्री को व्यवहारहीन स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो पति के उपकारों को भूलकर अपना अहमन्यता में खोई रहती है। सुचजी शीर्षक के अंतर्गत परमेश्वरोन्मुख निष्ठापूर्ण व्यक्ति को एक सुलक्षिणी नारी के रूप में व्यक्त किया गया है। इसी राग में गुरु अर्जुन देव की रचना गुणवंती है, जिसमें इस शीर्षक के अन्तर्गत ऐसी सुहागिनी स्त्री का वर्णन है, जो एक पूर्ण साधक अथवा गुरु का अवतारधान शिष्य है। गुरु नानक ने मारू राग की गुरु अमरदास की वार में 'सुचजी कुचजी' का वर्णन किया है। (आ. ग्रं. १०८८)

३- <u>यात्रा परक काव्य (वणजारा- करहले)</u>

इन दोनों शीर्षकों के अन्तर्गत गुरु राम दास की रचना है। श्री राग में 'वणजारा' की रचना में इस जीवात्मा को प्रवासी जीव के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो अपने प्रदेश से इस लोकमें हरिनाम का व्यापार करने के लिये आया है। यदि यह जीव अपने इस कार्य में सफल होता है तो यह सफल वणजारा (व्यापारी) है- यथा:

> जिन कउ पूरबि लिखिआ से आइ मिले गुर पासि ।
> सेवक भाइ वणजारिआ मित्रा गुरु हरि हरि नामु प्रगासि।
> धनु धनु वणजु वापारीआ जिन वखरु लदिअड़ा हरि रासि।
> गुरमुखि हरि दरि उजले से आइ मिले हरि पासि।[५१]

५१- आ. ग्रं: पृ० ८२

गउड़ी राग में गुरु राम दास की इस रचना करते हैं। यह भी एक यात्रा-परक गीत है। इसमें पुनः इस जीव को प्रवासी कहा गया है, जो व्यापारार्थ

इस लोक में आया है, यदि यह हरि नाम की पूंजी एकत्रित करके लाभान्वित होकर जाता है तो उसका स्वदेश (ब्रह्मलोक)में महान् प्रतिष्ठा एवं स्वागत होता है:-

करहले मन परदेसीआ किउ मिलीऐ हरि माइ ।
मन करहला वाडभागीआ हरि राम नामु धिआइ।
जिथै लेखा मंगीऐ हरि आपे लए छडाइ।
घरु जाइ पावहि रंग महलि गुरु मेले हरि मेलाइ।[५६]

करहला के अर्थ ऊँट होते हैं। इस गीत के विषय में प्रिंसीपल संत सिंह सेखों लिखते हैं,

करहला शब्द संभवतः सिंधी करहो अर्थात ऊँट का रूपांतर है अथवा उस से बना है। इस के अर्थ ऊँट अथवा ऊँटों वाले तथा काफिले के साथ गाये जाने वाले गीत के हो सकते हैं। गुरु रामदास ने मन को करहला (ऊँट) कह कर संबोधन किया है।[५७] इस गीत के विषय में आदि ग्रंथ (शबदार्थ) के संपादकों ने उत्कृष्ट टिप्पणी दी है। ऊँटों वाले ऊँटों पर माल लाद कर सुदूर देशों में फिरते हैं,और साथ साथ एक विशेष स्वर वाला गीत भी गाते जाते हैं। प्रस्तुत गीत उसी लोक गीत की पद्धति से प्रभावित है।[५८]

४-५ संस्कार-परक काव्य

सोहिले, घोड़ियां, अलाहणीआं, लावां, छंद तथा अंजुलीआं।

सोहिले- विवेच्य साहित्य में कुछ काव्य प्रकार लोक जीवन में विभिन्न संस्कारों के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों से संबद्ध मिलते हैं। इस दिशा में जन्म संस्कार, सगाई तथा विवाह संस्कार के अवसर पर गाए जाने वाले लोक गीतों ने धार्मिक काव्य के निर्माण में यत्किंचित योग प्रदान किया है।

५६- आ. ग्रं -पृ.२३४ ५७- पंजाबी काव शिरोमणी पृ०१६७

उदाहरणार्थ जन्मोत्सव तथा ब्याह आदि विवाहोत्सव मैंगाए जाने वाले सोहर (सोहले) को लिया जा सकता है। 'सोहर' शब्द से सोहिला बना है। 'सोहर' की व्युत्पत्ति संस्कृत के 'सूतिका-गृह', और प्राकृत के 'सुइहर' से हुई है। इस गीत में ह का यह नाम व्यवहृत होता है, जैसे 'बाजे लागे अनंद बधइया उठन लागे सोहर'। इसे 'सोहिलों' या 'सोहला' भी कहते हैं। संस्कृत- शोभायत- प्राकृत- सोहलम्, हिन्दी: सोहला। यह गीत इस देश का एक अत्यन्त प्राचीन लोक गीत है।[60] जायसी ने अपने पद्मावत में इसका उल्लेख किया है। "सब कविलास किया सोहिला"। यह उस समय का वर्णन है जब रत्नसेन सिंहल द्वीप को बरात लेकर जाता है।[61] इस से स्पष्ट है यह विवाह संस्कार का गीत है। पंजाबी में एक लोकोक्ति है: 'डूमां दे घर सोहिले, मन भाउंदे ही गाण, (डूमों के घर सोहिले, मन भावें वही गावें)। डूमों को जन्मोत्सव तथा विवाहोत्सव अथवा सगाई आदि पर बुलाकर गाने बिठाना पंजाब तथा अन्य प्रान्तों में एक आम रिवाज रहा है। गांवों में यह अब भी प्रचलित है। पंजाबी कवि दामोदर गुलाटी ने हीर की सगाई का वर्णन करते हुए कहा है: 'आख दमोदर डूमां ताईं आपणे घर मिजमान बणाए।(हीरदी कुड़माई)

गुरु ग्रन्थ में राग मारू में सोलह पदों वाले सोहले हैं जिन के छन्द बड़े लम्बे हैं। किसी किसी सोहले में एक आध पद अधिक भी है। यह पद छंद की भांति बड़े संगीतमयी हैं। इनका तोल माफ राग के पदों का सा है। यथा 'साचा सच सोई अवरु न कोई',[62] जिनि सिरजी तिन ही फुनि गोई।' जिउ भावै तिउ राखहु रहणा, तुम सिउ किआ मुकराई हे। 'आई हे' का यह तुकांत पहले 9: सोहिलों में सब पदों में है। इस के पश्चात् ई के स्थान पर 'ना', 'रा', 'ता' आदि ध्वनियां बदल गई हैं। परन्तु अन्त में हे वाले सोहिलों में भी स्थिर है। इसके पश्चात् पांच सोहिलों में तुकांत 'आइदा' तथा अगले पांच में 'आइआ' हो गया है। यह गुरु नानक के सोहिले हैं। गुरु अमरदास गुरु राम दास तथा गुरु अर्जन देव के भी इस राग में सोहिले हैं और इन में

60- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व- 140 हिन्दी साहित्य कोष-864

61- पद्मावत,जायसी 283,6 संपादक डा० माता प्रसाद गुप्त।

62- आ. ग्र. पृ० 1020

तुकांत का यही अनुपात चलता है। जैसे कि म: १ आदि ग्रंथ पृ० १०२० से १०४३ तक; म: ३, पृ० १०४३ से १०६६ तक; म: ४, पृ० १०६६ से १०७१ तक तथा म: ५, पृ० १०७१ से १०८६ तक में।

जैसा कि हम ऊपर कह चुके हैं सोहिला जन्मोत्सव अथवा विवाहोत्सव का गीत है। मारू राग में गुरु साहिबान के सोहलों में सृष्टि तथा उसके विविध पदार्थों की अस्तित्व प्राप्ति (जन्म) का वर्णन है। किस प्रकार शून्यावस्था से जब गहन अंधकार था उस में से प्रभु ने अपने आप का सृजन किया और फिर उसी शून्य से सारी सृष्टि की रचना का जो वर्णन है उसका मंगल गान इन सोहिलों का विषय है। इन सोहिलों में शिव (पुरुष) तथा शक्ति (प्रकृति) के मांगलिक संयोग का सोहर गाया गया है। सोहिलों की छन्द गति धीमी चाली धारा की भांति लंबे स्वर वाली है। यथा:-

> हेठ पताल सपत नहीं सागर, नदी न नीरु वहाइदा।[63]
>
> अगनि पाणी जीअजोति तुमारी सुंने कला रहाइदा।
>
> आपे कुदरति करि करि देखै सुंनहु सुंनु उपाइदा।[64]

२- घोड़ियां: यह विवाहोत्सव का पंजाब का लोकप्रिय गीत है। जब दूल्हा ब्याहने के लिये जाता है, तब घोड़ी पर सवार होता और बहिनें घोड़ी की लगाम पकड़ कर घोड़ियां गाती हैं। जैसे:- वे वीर घोड़ी चढ़ंदिआ बागां सिर कलंगिआ। तेरे जोबण लोगे दे शगन मना लैंदीआं। शब्दार्थ गुरु ग्रंथ के संपादकों ने गुरु राम दास की आदि ग्रंथ में घोड़ियां नाम की रचना के बारे में टिप्पणी देते हुए लिखा है। दूल्हे के घोड़ी चढ़ते समय यह गीत गाया जाता है। इस गीत की ध्वनि पर दो शब्दों की रचना की गई है। इन में शरीर रूपी घोड़ी पर सवार होकर, साधु संगति की बरात

६३- आ. ग्र. पृ० १०३५

६४- आ. ग्र. पृ० १०३७

लेकर, संसार का दुर्गम तथा दुस्तर पंथ लांघ कर प्रभु-मिलन का वर्णन है। दोनों पदों में पहले शरीर को सुन्दर-सजीली घोड़ी से उपमा दी गई है। तत्पश्चात् गुरु-शब्द अथवा राम-नाम सुमिरिन को ज़ीन बनाया है। मन को वश करने वाले साधनों का लगाम तथा चाबुक बनाया है। इस प्रकार की घोड़ी पर सवारी करने वाली जीवात्मा को धन्य कहा है।[65] याद रहे घोड़ी गीत इतना लोकप्रिय है कि सूई-धागा बेचने वाली बाजीगरनियां ग्राम-फेरी में कुछ अनाज सूई धागा का और कुछ नन्हें-मुन्नों की घोड़ियां गाने का भी एकत्रित कर लेती हैं। जिस की धारणा इस ~~एक~~ प्रकार होती है:-

घोड़ी वे ! लटकंदे वाल सुहणे वे।
घोड़ी तों वारी दमड़ी वे! जोर्ने केहां करेंदी तेरी अंबड़ी वे! लटकंदे ...
घोड़ा नूं लगदे लाडू वे, जिहड़े नानीयां नचावे पेड़ा बापू वे,
लटकंदे वाल सुहणे वे ।

उपर्युक्त प्रकार की कितनी ही घोड़ियां यह घुमक्कड़ बाजीगरनियां एक कान पर हाथ रख कर गा गा कर सुना जाती हैं। सुहाग लड़की वालों के घर में और घोड़ियां लड़के वालों के घर में विवाह से कुछ दिन पूर्व रात को बैठ कर गाए जाने आरम्भ हो जाते हैं।

गुरु राम दास की घोड़ियां वडहंस राग में हैं। प्रत्येक घोड़ी की पहली दो पंक्तियां कोई २२-२२ मात्राओं की हैं, और अगली चार में ३२ से ३४ तक मात्राएं हैं। प्रत्येक घोड़ी की दूसरी पंक्ति में से कुछ विचार-परक पदों को लेकर घोड़ी की तीसरी पंक्ति में उस की संगीतमयी पुनरावृत्ति की गई है। तथा उस विचार पर टिप्पणी दी गई है। यथा:-

देह तेजणि जी रामि उपाईआ राम।
धनु माणस जनमु पुंनि पाईआ राम ।।
माणस जनमु वडपुंने पाइआ, देह सुइनंन रंगड़ीआ।
गुरमुखि रंगु चलूला पावै हरि हरि हरि नवरंगड़ीआ।।

देह (शरीर) को तेजाण (घोड़ी) बना कर इस पर अच्छी सूझ बूझ का ज़ीन डालने को कहा है। गुरू ज्ञान की कड़ीआल (लगाम) देकर

हरि प्रेम का चाबुक लगाने का आदेश है। इस प्रकार इस घोड़ी पर हरि रंग (में रंगी हुई आत्मा) को चढ़ाने को कहा है: जन नानक हरि किरपा धारी देह घोड़ी चढ़ि हरि पाइआ।[66]

३- अलाहुणीआं: यह एक शोक गीत है, जो मृत्योपरान्त बड़ी हीं हृदयग्राही एवं दोर्घलिम में विलाप-स्वर में गाया जाता है। इसी गीत पर आधारित यह विलाप-गीत रचे गए हैं। आदि ग्रंथ के पृष्ठ ५७१ से ५८२ तक गुरु नानक द्वारा रचित अलाहुणीआं हैं तथा पृ०५८२ से ५८५ तक गुरु अमरदास की रचनाएं इसी शोक गीत के आधार पर हैं। रचना वडहंस राग में है। एक स्थान पर वडहंस के साथ 'दखणी' रागिनी' को मिलाकर अलाहुणी गाने का निर्देश है।[67]

लोक गीतों में अलाहुणीओं में मरने वाले की बातों को स्मरण करके तथा परिवार के लिये उसकी उपादेयता को सम्मुख रख कर उसका नाम ले ले कर विलाप किया जाता है जैसे पुत्र की मृत्यु पर:

वाह मेरा वाह ।

तेरेह सुने विछड़े तुर गिओं देस बिछड़े ?
तेरी अंबड़ी रोवे रो रो धाल लोवे।
तेरे रोंदे बीर नहींओं घर दे धोर
तेरी रोंदी परदी पुट पुट वाल परदी
हाये । हाय ।। हाय ।।।
हाये । हाय ।। हाय ।।।

तेरे रोंदे आवे, खट्टीआं कौण लुआए।
किल्थे तुर गिओं मखणा घर सुण सजणा सजणा।
कर गिओं जोगी फेरा मिट गई मूरत तेरी
ध दे तांह नू फंकन कोन्हं पाईआ । आतणा?
हाये । हाय ।। हाय ।।।
हाये । हाय ।। हाय ।।।

इस प्रकार लड़की की मृत्यु पर विलाप किया जाता है।

६६- आ० ग्रं०पृ० ५७५

६७- आ. ग्रं. ५८०

तेरे लमे लमे वाल,चाचे भोरनीएं।
हाय, हाय, चाचे मोरनीएं।

परन्तु गुरु साहिब ने समाज के इस आचार पर लोक-काव्य की इसी ध्वनि में ही टिप्पणी की है। इस रोने धोने को व्यर्थ कहा है। क्यों कि अपनी अवधि समाप्त होने पर जीव ने इस शरीर को अवश्य छोड़ना है।
मुहलति पुनी पाई भरो जानीअड़ा घति चलाइआ।[६८]

इस शरीर को बनाने और बिगाड़ने वाला वही परमात्मा है, जो उसे अच्छा लगता है, वही अटल है, यह संसार तो बहाना है:
ढाहे ढाहि उसारे आपे हुकमि सवारण हारो।
जो तिसु भावै संम्रथ सो थीवै हीलड़ा एहु संसारो।[६९]

यदि मृत्यु पर रोने को दिल करता है तो उस प्रभु में प्रेमासक्त ~~-----~~ होकर रोईए। मरने वाले द्वारा जुटाए जाने वाले पदार्थों को स्मरण करके रोना व्यर्थ है:

नानक रुंना बाबा जाणीऐ जे रोवै लाइ पिआरो।
वालेवे कारणि बाबा रोईऐ रोवणु सगल बिकारो।[७०]

मरना कोई बुरी बात नहीं है। यदि किसी को मरना आता हो:-

मरणु न मंदा लोका आखीऐ जे मरि जाणै ऐसा कोइ।
मरना तो शूरवीरों का अधिकार है। वही शूरवीर कहलाने योग्य हैं जो परलोक में सम्मानित किए जाते हैं:

मरणु मुणसा सूरिआ हकु है जो होइ मरनि परवाणो।
सूरे सेइ आगै आखीअहि दरगह पावहि साची माणो।[७१]

गुरु जी ने बताया है कि रोना किसको है? यह संसार तो एक

६८- आ. ग्र. पृ० ५७९ ६९- वही- ५७९
७०- वही- ५७९ ७१- आ. ग्र. ५७९-५८०

मेल है।

नानक किलनी बाबा रोइवै बाजी है प्रभु संसारो।[72]

यदि रोने को बहुत दिल करता है तो --- ऐ जाय रूप लिखतो'.
पति परमेश्वर के गुणों को स्मरण करके प्रेम सहित रोवो।

रोवहु कंत महेलीहो सचे के गुण सारे।[73]

४- **लावां:** संस्कार परक गीतों मे लावों (भांवर) का भी विशेष स्थान है। यह एक मंगल-गीत है। विवाह के समय वेदी के गिर्द भांवर लिये जाते थे, इसी संस्कार को 'लावां' अथवा 'फेरे' भी कहा गया है। गुरु साहब (म:४) ने जीवन का आदर्श प्रभु-प्राप्ति अथवा पति-परमेश्वर से जीव-स्त्री का अभिसार माना है। इस मिलन को अन्तिम रूप देने के लिये, इस जीवन में प्रभु-मिलनार्थ की गई तैयारी को 'लावों' द्वारा वर्णन किया गया है। भांवर लेकर व्यक्ति विवाह-बन्धन में बंध कर गृहस्थ बनता है, तथा संसार में प्रवृत्त होकर कर्म करता है। अत: लावों के द्वारा प्रवृत्ति-मार्ग का संदेश दिया गया है। गृहस्थ जीवन को उच्च माना गया है। साधना मार्ग में सन्त-महात्माओं से पूर्व निवृत्ति मार्ग को श्रेष्ठ माना गया था। परन्तु गुरमति ने एक उत्तम संदेश दिया, जिसे भाई गुरदास ने अपने शब्दों में बहुत स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है:

होये अतीत, गृहस्थ तज,
फिर उन्हूं के घर मंगण जाई।

अत: लावें इन दोनों मार्गों में श्रेष्ठ मार्ग प्रवृत्ति का पहचानने तथा चुनने का आदेश है।

परविरती नरविरति पछाणै गुरु कै संगि सबदि घरु जाणै।[74]

परन्तु प्रवृत्ति मार्ग में सांसारिक पदार्थों में उलझ जाने से यहां व्यक्ति पथ-भ्रष्ट हो जाता है। वह कर्मों से केवल कर्म, कर्म के लिये मात्र सिद्धान्त में उलझ जाता है:-

परविरति मारगु, जेता किछु होईऐ लोग पचारा।
जउ लउ रिदै नही परगासा, तउ लउ अंध अंधारा।[75]

७२- आ. ग्र. पृ ५८०　　७३- आ. ग्र ५८०

७४- आ. ग्र. १०२७　　७५- आ. ग्र. १२४५

जब तक हृदय में ज्ञान का प्रकाश नहीं होता तब तक दोनों मार्गों के रहबर अथवा मार्ग-दर्शक भी भटकते ही फिरते हैं।

परविरति निरविरति हाठा दोवै विचि धरमु फिरै रैबारिआ।
मन-मुख कचे कूड़िआर तिनि निहचउ दरगह हारिआ।[76]

यदि प्रवृत्ति-मार्ग में भी रहकर गोविन्द-भजन तथा साधु-समागम नहीं किया, तो ... स्थिरगति नहीं प्राप्त होती क्योंकि सांसारिक पदार्थ भी तो नाशवान् हैं।

प्रविरति मारग वरतंति बिनासनं।
गोबिंद भजन साध संगेण असथिरं नानक भगवंत भजनासनं।[77]

इस छिरे लावों में स्त्री-पुरुष के विवाह-परक आदर्श का वर्णन करते हुए, आध्यात्मिक मिलन का वर्णन किया गया है। जैसे परमार्थ में पहले निवृत्ति का त्याग करके प्रवृत्ति सिखाई जाती है। वैसे ही दंपती का विवाह, गृहस्थ में प्रवेश होने की पहली कड़ी है। जिस प्रकार परमार्थ में पहले भय, फिर प्रेम, फिर वैराग्य, तथा अंत में सहजावस्था की प्राप्ति बताई जाती है, इसी प्रकार दंपति जीवन के लिये भय-प्रेम-वैराग्य तथा सहज का आदर्श बताया गया है" यथा :[78]

१- हरिपहिलड़ी लाव परविरती करम दिड़ाइआ बलिराम जीउ।
२- हरि दूजड़ी लाव सतिगुरु पुरखु मिलाइआ बलिराम जीउ।
निरभउ भै मनु होइ हउमै मैलु गवाइआ बलिराम जीउ।
निरमलु भउ पाइआ हरि गुण गाइआ, हरि वेखै सदा हदूरे।

७६- आ. ग्र. १२८०

७७- आ. ग्र. १३५० नोट- अश्वमेध आदि यज्ञ कर्मों का अनुष्ठान प्रवृत्ति-मूलक है तथा अपनी तपश्चर्या द्वारा भगवान के दर्शन करना, निवृत्ति मूलक है। (भक्ति का विकास-पृ० ३७३) आदि ग्रन्थ ने संसार का त्याग करके तपश्चर्या द्वारा भगवद् प्राप्ति की अपेक्षा संसार में रहकर उसके मायावी प्रभाव से निर्लेप होकर शुद्ध-सात्त्विक- जीवन से परमात्मा से ऐक्य स्थापित करने को कहा है। अतः आदि ग्रंथ में प्रवृत्ति तथा निवृत्ति मार्ग की व्याख्या है।

७८- शब्दार्थ आ. ग्र. (७७३-७४) पादटिप्पणी।

३- हरि तीजड़ी लाव मनि चाउ भइआ बैरागीआ बलिराम जीउ ।

४- हरि चउथड़ी लाव मनि सहजु भइआ हरि पाइआ बलि-राम जीउ ।।

दूसरी लाव में निर्भय करने वाले भय, जिसे निर्मल-भय कहा है उसको धारण करने का आदेश है। इसका रूप गुरु अंगद देव ने भी स्पष्ट किया है:

जिना भउ तिन नाही भउ, मुच भउ निभविआह।[79]

५- **अनंद**- यह भी मिलन गीत है, जिसमें मिलन के आनंद से उपार्जित हर्षोल्लास का वर्णन है। इस मिलन की खुशी में बधाइयां मिलती है। यह रचना राम कली राग में है।

गुरु अमरदास जी ने इस रचना में पहली पांच पउड़ियों में प्रभुमिलन के हर्षोल्लास का वर्णन किया है। इसी कारण इन पांच पउड़ियों को अंतिम ४०-वीं पउड़ी के साथ सम्मिलित करके आनंद-कार्य (विवाह संस्कार) तथा अन्य रीति परक अवसरों पर पढ़ा जाता है।

बताया जाता है कि यह वाणी गुरु अमरदास ने अपने पौत्र, मोहरी जी के पुत्र अनंद जी के जन्मोत्सव पर १५५४ ई० में उच्चारण की थी। साधारण सांसारिक खुशियों के समय राग-नाद किये जाते हैं। आत्मिक-हर्ष को मानवीय अनुभव में आने वाली खुशी की घड़ियों के साथ उपमा दी गई है। सारा वर्णन अलंकारिक है। वाहिगुरु से मिलन एक अकथनीय आनंद देता है। इसी कारण इस रचना का शीर्षक 'अनंद' रखा गया है। यह आनंद प्रभु से मिलन कराने वाली गुरुवाणी से मिलता है, इसी कारण इस रचना में गुरुवाणी की महिमा बताई गई है।[80] यही अवस्था सहज- आनंद की अवस्था है। यहां जीव वासनाओं की चेष्टा से मुक्त हो जाता है।

सतिगुरु त पाइआ सहज सेती मनि वजीआ वाधाईआ।

राग रतन परवार परीआ सबद गावण आईआ।

७९- सलोक म: २, आ. ग्र. पृ. ७८८

८०- शब्दार्थ आ. ग्र. पृ० ६१८

सबदो त गावहु हरि केरा मनि जिनी वसाइआ।

कहै नानकु अनंदु होआ सतिगुरू मै पाइआ।[81]

९- **अंजुलीआं** - यह भी एक संस्कार-परक रचना है। आदि ग्रंथ में इस काव्य प्रकार की रचना केवल गुरु अर्जुन देव की है। यह मारू राग में है। पहली अंजुली पृष्ठ १००७ पर है। पृष्ठ १००८ पर पुन: मारू म: ५ लिखा है। जो करतारपुर वाली बीड़ में नहीं है। यहां मारू म: ५ शीर्षक देने से दूसरी अंजुली बन जाती है। परन्तु पृष्ठ १००७ पर दोनों बीड़ों में शीर्षक अंजुली है, अंजुलीआं नहीं। अत: इसे एक ही अंजुली मानना चाहिए। पृष्ठ १०१९ पर म: ५ की दो अंजुलीआं हैं। यहां शीर्षक भी 'मारू म: ५ घर ८ अंजुलिआं' है।

'अंजुलीआं' करबद्ध-विनति-गीत हैं। हम व्यक्ति के संस्कारों को गर्भाधान संस्कार से आरंभ करते हैं। इस रचना में प्रथम एक ऐसे संस्कार का वर्णन है, जिसे हम 'वियोग-संस्कार' से अभिहित कर सकते हैं। जीवात्मा अपने मूल परमात्मा से विलगता प्राप्त कर पंच भूत से निर्मित गर्भाधान संस्कार को प्राप्त होता है। पुन: इस का जन्म-संस्कार होता है, और फिर संसार के अन्य संस्कारों को प्राप्त हुआ जीव मरण-संस्कार तक पहुंचता है। यथा:

संजोगु विजोगु धुरहु ही हूआ ।××।

साहै के फुरमाइड़े जी देही विचि जीउ आइ पइआ।××।

सासि सासि समाले सोई ओथै हथि उठाई लइआ ।

बिबहु गरभै निकलि आइआ। खसमु विसारि दुनी चितु लाइआ।××।

जनमु पदारथु जिणि चलिआ नानक आइआ सो परवाणु थीआ।

इस प्रकार जन्म उसी का सफल समझा जाता है, जिसने नाम-पदार्थ जीत लिया है।[82]

८१- आ ग्र. ९१७

८२- आ ग्र १००७

५- ऋतु-परक गीतों पर आश्रित काव्य: वसंत, हिंडोल, बारहमाह, रुती

ऋतु-परक गीतों के आधार पर आदि ग्रंथ में बारहमाह तुखारी मं० १ तथा बारहमाह माझ म: ५, एवं रुती म: ५ की रचनाएं की गईं हैं। हिन्दी-लोक-गीतों तथा अन्य भाषाओं के लोक-गीतों का एक बहुत बड़ा भाग विभिन्न ऋतुओं से संबद्ध है। किसी विशेष ऋतु में विशेष प्रकार के ही गीत गाए जाते हैं, और इन में सम्बद्ध ऋतु की प्राकृतिक छटा का उल्लेख एवं उल्लास समाविष्ट रहता है। चैत में चैता गाया जाता है। ग्रीष्म की तपन समाप्त होने पर वर्षा-ऋतु में अनेक प्रकार के सरस एवं करुण-गीतों की रागिनियां गूंज उठती हैं। विभिन्न ऋतुओं में गाए जाने वाले इन गीतों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है:

१- एक तो वे गीत जिनका संबंध केवल ऋतुओं से है।
२- दूसरे वे गीत जो इन ऋतुओं में पड़ने वाले पर्वों एवं उत्सवों से संबद्ध हैं।

प्रस्तुत अनुक्रम के अंतर्गत आदि ग्रंथ में समाविष्ट प्रथम कोटि के गीत रूपों पर विचार किया जाये गा। ये गीत रूप मुख्यत: तीन हैं:

१- वसंत
२- हिंडोल
३- बारहमासा।

वसन्त नामक काव्य प्रकार का आदिग्रंथ में प्रचुर प्रयोग हुआ है। गुरू नानक देव ने 'वसन्त' काव्य प्रकार को राग बसन्त में ही निबद्ध किया है। इसी प्रकार अन्य रचयिताओं ने भी किया। वैसे वर्ष में बसन्त ऋतु दो महीने ही रहती है। परन्तु बसन्त ऋतु की जितनी प्रतीक्षा की जाती है, वही इसकी महत्ता की परिचायक है। बारह महीनों में इन बसन्त के महीनों को उत्तम गिनते हुए हरि स्मरण करने वालों के लिये सहजानंद अथवा सर्वदानंद की अवस्था को प्राप्त होने के कारण 'सदा-बसन्त' कहा है:-

भाइ भाइ सुभारखी वड़िआ सदा बंसत । परफुड़ चित समारि सोई सदा सदा गोविंद।[८३]

गुरु नानक देव जी कहते हैं कि वर्ष के आरंभ में प्रथम बसन्त ऋतु आती है, और सारी वनस्पति फलती फूलती है। परन्तु इससे भी पूर्व वह हरि स्वयं फलता फूलता है, जिस के कारण समस्त जगत पर बसन्तोल्लास(आनंद) छा जाता है। उसे खिलाने वाला कोई नहीं, सब उसी के कारण खिलते हैं:

पहिले बसन्ते आगमनि पहिला मउलिओ सोइ।
जितु मउलिऐ सभ मउलीऐ तिसहि न मउलिहु कोई।[८४]

गुरु अंगद देव ने इसी कारण वर्ष के आरंभ में जब प्रथम बसन्त आती है, तो पहले हरिनाम का विचार करने का परामर्श दिया है, क्योंकि उसकी ही स्तुति करनी योग्य है जो सर्वाधार है:

म: २ । पहिले बसन्ते आगमनि तिसका करहु बीचारु।
नानक सो सालाहीऐ जिसहि सदे आधारु।[८५]

गुरु अमरदास जी कहते हैं कि बसन्त आगमन से सारी वनस्पति फूलती है, परन्तु प्रभुनाम में लिवलीन होने से सब जीव-जन्तु फूलते हैं:

बसन्तु चड़िआ फूली बनराइ।
एहि जीअ जंत फूलहि हरि चितु लाइ।[८६]

इसी विचार को बसन्त ऋतु का विशेष गीत मानकर आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने गुरु नानक देव द्वारा स्थिर की गई परंपरा का पुन: पुन: उल्लेख किया है। गुरु अमरदास जी एक और स्थान पर कहते हैं, कि वनस्पति बसन्त में फूलती है, परन्तु इस मन का विकास गुरु शरण में

८३- आ. ग्र. ११६८

८४- आ. ग्र. ७९१

८५- आ. ग्र. ७९१

८६- आ. ग्र. पृ० ११७६

होता है। क्योंकि वही हरि से मेल कराता है:-

'बनसपति मउली चड़िआ बसंतु।इहु मन मउलिआ सतिगुरू संगि।'[87]

इस लिये उन लोगों के लिये सदा बसन्त है, जिन का मन प्रभु नाम स्मरण में लग गया है।

म:३ ।। माहा रुती महि सद बसंतु। जितु हरिआ सभु जीअ जंतु ।।[88]

गुरू अमरदास जी ने तो बसन्त केवल उन्हीं के लिये बताई है जो शबद में लीन हो सतिगुरु की शरणमें हरिनाम का सुमरिन करते हैं:-

म: ३ सबदे सदा बसंत है, जितु तनु मनु हरिआ होइ।
नानक नाम न वीसरै जिनि सिरिआ सभु कोइ।[89]

म: ३ सदा बसंत गुर सबद वीचारे राम नामु राखै उरधारे।[90]

म: ३ तिन बसंतु जो हरि गुण गाए।[91]

गुरू अंगद देव ने तो उन्हीं जीव-रूप-स्त्रियों के लिये बसन्तोत्सव शुभ कहा है जिनके हृदय में पतिपरमेश्वर का नाम है। जिनका कन्त अर्थात परमात्मा परदेसी है, अर्थात जिनके पास उसका नाम नहीं, वे रातदिन आग में जलती रहती हैं:-

म: २ ।नानक तिना बसंत है जिन घरि वसिआ कंतु।
जिन के कंत दिसा-पुरी से अहिनिसि फिरहि जलंत।।[92]

म: ३ नानक तिना बसन्तु है, जिन गुरमुखि वसिआ मनि सोइ।[93]

उपर्युक्त विचार को गुरू अर्जुन देव जी ने भी अपने पूर्ववर्ती गुरूओं की परंपरा का अनुसरण करते हुए उन्हीं शब्दों में व्यक्त किया है:-

---

८७- आ. ग्र. ११७६
८८- आ. ग्र. ११७२
८९- आ. ग्र. १४२०
९०- आ. ग्र. पृ० ११७६
९१- आ. ग्र. ११७६
९२- आ. ग्र. ७९१
९३- आ. ग्र. १४२०

म:५ तिसु बसंतु जिसु प्रभु क्रिपालु । जिसु बसंतु जिसु गुरु दइआलु।
मंगलु तिसकै जिसु एकु कामु । तिसु सद बसंत जिसु रिदै नामु।
ग्रिहि ताके बसंत गनी। जाकै कीरतनु हरि धुनी।[९४]

गुरु रामदास ने भी बसन्त राग में 'नानक सांति होवै मन अंतरि नित हिरदै हरि गुण गावै।'[९५] का संदेश दिया है। गुरु तेग बहादुर भी बसन्त राग में 'माई मै धन पाइओ हरि नामु। मनु मेरा धावन ते छूटिओ करि बैठो बिसरामु,'[९६] का संदेशदिया है।

आदि ग्रंथ में ही गुरुओं से पूर्व बसन्तोत्सव का इस भांति का वर्णन भक्त कबीर द्वारा वर्णित मिलता है, जिस से स्पष्ट है कि गुरु कवि कबीर जी से प्रभावित थे:

मउली धरती मउलिआ अकासु। घटि घटि मउलिआ आतम प्रगासु।
राजा रामु मउलिआ अनत भाइ। जह देख उतह रहिआ समाइ॥ रहाउ।।
संकरु मउलिओ जोग धिआन । कबीर को सुआमी सब समान।[९७]
वृक्ष के विकसित होने पर ही सब सृष्टि विकसित होती है।

आदि ग्रंथ से पूर्व के भक्त, कवियों में गीति-काव्य के क्षेत्र में विद्यापति का नाम स्मरणीय है। बसन्त आगमन से स्त्रियाँ किस तरह शृंगार करती हैं, उनके इस गीत से पता चलता है:-[९८]

नाचहु रे तरुनी तजहु लाज आएल बसन्त रितु बनिक राज।
हस्तिनि, चित्रिनी, पदु मिनी नारि। गोरी, सामरी, एक बुढ़ि बारि।
विविध भाँति करालन्हि सिंगार। पहिरल पटोर गुंथ फूलहार ।।

डा० रवीन्द्र भ्रमर लिखते हैं, कि बसन्त ऋतु में गाए जाने वाले आधुनिक-हिन्दी-लोक-गीत ठीक उसी प्रकार के नहीं उपलब्ध होते, जिस

९४-आ. ग्रं. ११८०
९५- आ. ग्रं ११७८
९६- आ. ग्रं. ११८६
९७- आ. ग्रं ११९३
९८- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्त्व-१४५

प्रकार के बसन्त नामक पद भक्त कवियों ने लिखे हैं। किन्तु चैता, भाटों चौताल या फाग नामक जो गीत आज प्रचलित हैं वे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि लोक का प्राणी किसी न किसी रूप में बसन्त के गीत गाता आ रहा है। बसंत नाम के काव्य प्रकार का मूल प्रेरणा इन्हीं लौकिक गान शैलियों से ली गई होगी।[६६] गुरु ग्रंथ के बसन्त-काव्य से स्पष्ट होता है कि सन्त-भक्तों ने बसंत-लोक-गान की शैली का अनुसरण करके इस गीत में वर्णित शृंगार एवं हर्षोल्लास वस्तुत: केवल उनके लिये ही माना है, जो प्रभु-प्राप्ति के लिये उसका नाम स्मरण करते हैं। अत: लोक-गीतों के तथा भक्तों के बसन्त गान में विषय-वस्तु में थोड़ा अन्तर आ गया है। जहां तक मूल तत्त्व का संबंध है, शैली, स्वर एवं शब्दावली का मूल स्रोत लोक गान ही है। आदि ग्रंथ में चैता, हिंडोला, फाग, होरी आदि लोक गानों के प्रकारों को पृथक् पृथक् रूप में नहीं ढूंढा जा सकता, क्योंकि सन्त कवियों का मूल उद्देश्य गीत-विनोद अथवा उससे उपार्जित हर्षोत्फुल्लता नहीं था। वे तो इन ऋतुत्सवों से प्राप्त खुशी एवं आनंद का गान जो लोक-गीतों में किया गया था, उसे भक्ति काव्य में आरोपित करना चाहते थे। उन्होंने इस आनंदोल्लास के भागी केवल उन्हीं को माना जिन के हृदय में प्रभु नाम का सुमरिन बसता हो। गुरू अर्जुन देव ने बसन्त राग में, मंगलाचार, अनंद, बसंत, फाग तथा होली, इन समस्त त्योहार-परवों का उल्लेख किया है और सब ऋतुओं में बसन्तोत्सव माना है, यदि गुरु शरण में जाकर प्रभु मिलन किया जाये:-

गुरु सेवउ करि नमसकार। आजु हमारै मंगलाचार।
आजु हमारै महा आनंद। चिंत लथी मेरे गोबिन्द।
आजु हमारे ग्रिहि बसंत। गुन गाए प्रभु तुम बेअंत। रहाउ।।
आज हमारे बने फाग। प्रभु संगी मिलि खेलन लाग।
होली कीनी संत सेव। रंगु लागा अति लाल देव।
मनु तनु मउलिओ अति अनूप। सूकै नाही छाव धूप।
सगली रुती हरिआ होइ। सद बसंत गुर मिले देव।

६६- वही- १४६-४७

बिरह जगावै है परभात। फूल भी फाग रंग भांति।

निपटहि उपाने हरि गुण गाय। जन नानक हरि हरि हरि भा।[100]

इसके अतिरिक्त 'फाग' आदि गानों का प्रयोग, हिन्दी के भक्त-कवियों ने ही नहीं, जैन-मुनियों ने भी किया था। जिन-पद्म-सूरि की 'थूलभद्द फागु' नामक पुस्तक प्रसिद्ध है।[101] प्राचीन गुर्जर काव्य में भी 'फागु' काव्यों के उदाहरण उपलब्ध हैं। लक्ष्मी वल्लभ की 'अध्यात्म फागु' और जयवंत सूरि की 'स्थूलिभद्र कोशा-प्रेमविलास-फागु' नामक रचनाएं इसी कोटि की हैं। जयवंत सूरि ने अपने 'फागु' में वसंत ऋतु का वर्णन अत्यन्त सरस और सुन्दर रूप में प्रस्तुत किया है। निम्नलिखित पंक्तियां उल्लेखनीय हैं:-

ऋतु वसन्त नवयौवनि, यौवनि तरुणी वेश।
पापी विरह संतापइ तापइ पिउ परदेश।।

ऋतु वसंत वनि आव्युं महकाति। प्रेम कुंठ कुसुमावलि पमती।
मलया वाय बनासिर वाजि, प्रिउ नहिं छुटे मान किम भाजि।[102]

'फाग' के इस प्राचीन उदाहरण से स्पष्ट है कि किस प्रकार गुरु ग्रंथ के कवियों ने फाग, होली, बसंत आदि गीतों का बसंत राग में उल्लेख किया है। परन्तु उनका नाम 'पद' अथवा 'शबद' रहा है।

प्राचीन गुर्जर-काव्य के उपर्युक्त उदाहरण की ध्वनि आदि ग्रंथ के रचयिताओं की रचनाओं में स्पष्ट सुनाई देती है। गुरु नानक देव जी का बसन्त-वर्णन देखिये:-

चेत बसंत भला, भवर सुहावड़े।
बन फूले मंझ बारि, मैं पिरु घरि बाहुड़े।
पिरु घरि नहीं आवै, धन किउ सुखु पावै, बिरहि बिरोध तनु छीजै।
कोकिल अंबि सुहावी बोलै, किउ दुखु अंकि सहीजै।
भवरु भवंता फूली डाली, किउ जीवा मरु माए।
नानक चेति सहजि सुखु पावै, जे हरि वरु घरि धन पाए।[103]

१००- आ०ग्रं० बसंत म: ५, १ ८०

१०१- विचार और वितर्क- डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी १९४९ पृ० २४०

गुरु नानक का उद्धृत पद जयवंत सूरि का फागु से कितना साम्य रखता है। जहां तक लोक-गान तथा उनके प्रकारों का संबंध है, वह बारहमासे का चैत का वर्णन तो है ही, परन्तु इसे फागु, बसन्त, चैता, तथा बारहमासा सब नामों से अभिहित किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इस परंपरा का अनुसरण समस्त आदि ग्रंथ के कवियों ने किया है। गुरु अमरदास की बोध रूपी-कामिनियां भी तभी बसंतोत्सव मना सकती है यदि उसके प्रियतम-प्रभु उसके पास घरमें हों। नहीं तो कांत के प्रवास में होने से तो अहिनिशविरहाग्नि में दग्ध रहती है।

नानक तिना बसंत है, जिन घरि वसिआ कंतु।
जिनके कंत दिसा-पुरी से अहिनिसि फिरहि जलंत।[१०४]

जब घर में ही कमला कांत है तो फिर घर में बसन्त भी है और फाग भी। गुरु अर्जुन देव भी प्रभु मिलन को यथार्थ महोत्सव मानते हैं।

आज हमारे ग्रिह बसंत।
गुन गाए प्रभ तुम बेअंत।
आज हमारै बने फाग।
प्रभु संगी मिलि खेलन लाग।[१०५]

१०२- सम्मेलन पत्रिका प्रयाग भाग ४२, संख्या ३, पृ० ४८ से हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्त्व पृ० १४७ पर उद्धृत।

१०३- आ. ग्र. ११०८

१०४- आ. ग्र. ११७६

१०५- आ. ग्र ११८०

गुरु राम दास ने भी आसाराग के छन्तों में बसन्त का वर्णन पुनेर-मार्ग्य के स्वर में ही किया है। प्रियतम के बिना बसन्त ऋतु में भी आंगन में धूल उड़ती है:-

बहि नेहु मंत मेरे पिआरे भलीअ रुते।
पिर बाझहु बसहु मेरे पिआरे आंगणि धूड़ि लुते।[109]

'बसन्त' के साथ 'बसन्त- हिन्डोल' राग में कुछ पदों की रचनाएं आदि ग्रंथ में संगृहीत हैं। ऐसा मालूम होता है कि 'बसन्त' राग के साथ 'हिंडोल' रागिनी को मिला कर गाने का आदेश ऋतु-परक-गीत होने के कारण हिंडोल की प्रेरणा 'हिंडोल गीत' से ली गई है। लोकगीतों में हिंडोले (झूला) की प्रकृति-क्रीड़ा और हिंडोले के गीत लोक में प्रचलित हैं। सन्त-भक्त-कवियों ने 'हिंडोला' शीर्षक वाले पदों की प्रेरणा इन्हीं से प्राप्त की है।[107]

<u>बारहमासा</u> : बारहमासा के लोक प्रचलित ऋतु परक गीतों के आधार पर आदि ग्रंथ में दो महत्त्वपूर्ण रचनाएं हैं। एक गुरु नानक की 'तुखारी छंत महला १ बारहमाहा',[108] तथा दूसरी गुरु अर्जुन देव का 'बारहमाहा माझ महला ५ घरु ४'[109] है। यह वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला अत्यन्त लोक प्रिय गान है। इस में बारह महीनों की प्रकृति का सहज स्वाभाविक वर्णन रहता है। साथ ही प्रकृति के विविध चित्रों और उसकी घटनाओं की पृष्ठभूमि में किसी विरहिणी की विरह-व्यथा भी अंकित रहती है। डा० रघुवंश के शब्दों में इन गीतियों का भाव धारा में वियोगिनी की व्यथा के साथ परिवर्तित होते काल का रूप और उसकी वियोग की प्रतीक्षा मिलकर आई है। प्रत्येक मास की प्रमुख रूपरेखा के आधार पर वह अपने प्रिय को याद कर लेती है और उसके लिये विकल हो उठती है।[110]

आदि ग्रंथ के इन दोनों बारहमासों का विषय जीवात्मा-रूप विरहिणी की अपने प्रिय-पति परमेश्वर से मिलने की तीव्र आकांक्षा है। गुरु नानक के बारहमाह के विषय में डा० तारन सिंह लिखते हैं:-

---

१०६- आ०ग्रं० पृ० ४५२

१०७- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्त्व- पृ० १४८

१०८- आ०ग्रं० पृ० ११०७

'बारह माह वियोग-श्रृंगार की कविता होती है। तुखारी राग में यह रचना तुखार पीड़ित अथवा वियोग-पीड़ित-आत्मा का विरह-गीत है। इस रचना के विषय में गुरु ग्रंथ (शब्दार्थ) के टिप्पणीकारों ने लिखा है कि यह वाणी गुरु नानक देव ने अपने देव-लोक सिधारने के समय श्री करतारपुर साहब में उच्चारण की। यह उनकी अन्तिम रचना बताई जाती है। अपने को भगवान् की ओर से बुलावा आने के समय ऐसा अनुभव करते है, जैसे पीहर में रहती स्त्री अपने पति को मिलने जाने के लिये तैय्यारी करती है। प्रथम उस में विरह- भाव जागृत होता है, तथा 'प्रिय बाकु दुहेली' अनुभव करती हुई पपीहे की भांति 'पी-पी' करती हुई पति की बाट जोहती है। जब यह अभिलाषा पूरी होती दिखाई देती है, तो अपने पीहर की घटनाएं स्मरण कर वह और भी प्रिय-वियोग में विह्वल हो उठती है। विरह- विह्वलता से आरंभ करके अंत में मधुर मिलन का सुन्दर एवं हृदय-विदारक दृश्य प्रस्तुत किया गया है।'[११२] जैसा कि हम ऊपर कह चुके हैं कि विद्वानों ने गुरु नानक के उपर्युक्त बारहमासा को उनकी अन्तिम एवं देहावसान काल के निकट आने की रचना माना है। अतः इसका समय १५३८ ई० हुआ। मलिक मुहम्मद जायसी का पद्मावत १५४० ई० में संपूर्ण हुआ और उनका देहावसान १५४२ ई० में हुआ। जायसी एक प्रसिद्ध सूफी साधक थे, जिन्होंने अपने पद्मावत में परमात्मा को स्त्री एवं पुरुष दोनों रूपों में प्रस्तुत किया है। नाग मती का बारहमासा उसकी

१०९- आ ग्र १३३
१११- डॉ० रघुवंश: प्रकृति और हिन्दी काव्य (मध्य युग): पृ: ४०६
विशेषांक: पृ० २७५
१११- श्री गुरु ग्रंथ की साहित्यिक (डा० गोपाल सिंह)

११२- शब्दार्थी आ. ग्र. ११०७

प्रसिद्ध रचना है, जिसे उसके शिष्य एक छोर पर गाते फिरते रहते थे। इन दोनों रचनाओं के सावन-भादों का तुलनात्मक अध्ययन अत्यन्त रुचिकर है। दोनों में विचारों एवं भावना का तात्त्विक साम्य है:

जायसी[२२३]

१-सावन बरिस मेह अति पानी।
भरन परी हौं बिरह झुरानी।
लागु पुनरबसु पीउ न देखा।
भै बाउरि कहँ कंत सरेखा।

२- भा भादौं दूभर अति भारी।
कैसे भरौं रैनि अंधियारी।
मंदिर सून पिय अनतै बसा।
सेज नाग भै धै धै डसा।
रहौं अकेलि गहे एक पाटी।
नैन पसारि मरौं हिय फाटी।
चमकि बीज घन गरजि तरासा।
बिरह काल होइ जीउ गरासा।
बरिसै मघा झकोरि झकोरी।
मोर दुइ नैन चुवहिं जस ओरी।
पुरवा लाग पुहुमि जल पूरी।
आक जवास भई हौं झूरी।

गुरु नानक[२२४]

१-सावण सरस मना घण बरसहि
रुति आए।।
मैं मनि तनि सहु भावै पिर परदेसि
सिधाए।।
पिर घरि नहीं आवै मरीऐ हावै
दामनि चमकि डराए।
सेज इकेली खरी दुहेली मरणु भइआ
दुखु माए।।

२-भादउ भरमि भुली भरि जोबनि
पछुताणी। जल थल नीरि भरे
बरस रुते रंगु माणी।।
बरसै निसि काली किउ सुखु बाली
दादर मोर लवंते।।
प्रिउ प्रिउ चवै बबीहा बोले भुइअंगम
फिरहि डसंते।
मछर डंग साइर भर सुभर बिनु हरि
किउ सुखु पाईऐ।
नानक पूछि चलउ गुर अपुने जह प्रभु
तह जाईऐ।

२२३- पद्मावत- चौपाई ३४५-३४६ पृ० [illegible]४

२२४- आ०ग्र०पृ० ११०८

घन गूजि भर भादों भाखां।
अबहु आन न नौवति नाखां
जल थल भरे अपूरि सब गगन धरति
मिलि एक।
धनि जोबन औगाह मा देबूत
पिय टेक।

जहां तक विचार एवं पदावली का संबंध है दोनों रचनाओं में पर्याप्त समता है। दोनों सम-सामयिक भी हैं। गुरु नानक का प्रत्येक मास वर्णन छ: पंक्तियों में समाप्त हो जाता है किन्तु जायसी का प्रत्येक मास का वर्णन सात अर्धालियों तथा एक दोहे वाले चौपाई छन्द में हुआ है। अत: जायसी की रचना में विस्तार है, इसलिये उनमें वर्णन व्याख्यापरक है। परन्तु गुरु नानक की रचना संक्षिप्त होती हुई भी थोड़े शब्दों में बहुत कुछ कहने की क्षमता रखती है। कुछ विशेष अध्ययन प्रस्तुत करना युक्ति संगत होगा।

जायसी	गुरु नानक

१-सावन की पंक्तियों में दोनों की रचनाओं में साम्य है, जिस का ऊपर उल्लेख है। अब के साथ ही जायसी के भादों की एक पंक्ति का गुरु नानक के सावन से तुलना देखिए:

जायसी	गुरु नानक
२-चमक बीज घन गरज तरासा। बिरह काल होइ जीउ गरासा।	२-पिर घरि नहीं आवे मरीये हावे दामनि चमक डराए।
३-मंदिल सून पिय अनतै बसा। सेज नाग भै धै धै डसा।	३-सेज अकेली खरी दुहेली, मरण भइआ दुखु माइ। हरि बिनु नींद भूख कहु कैसी कापड़ु तनि न सुखावए।
४-भर भादों दूभर अति भारी। कैसे भरौं रैनि अंधियारी। घन गूजि भर भादों भाखा।	४-बरसै निसकाली किउ सुख बाली, दादर मोर लवंते। मछर डंग साइर भर सुभर बिनु हरि किउ सुखु पाइ ऐ।

अबहूं ग्राउ न लींचसि नाग्रां।
जल थल भरे भरपुरि ... गंगन धरति मिलाक।
धनि जोबन सोगाह पंक दे कुहुक पिय टेक।

छप्पर नं० ४ में जायसी ने जो विचार विस्तार किया है वह गुरु नानक की एक पंक्ति में ही आ गया है: 'साहुर घर सुभर जिन लहि किउ सुख पाइये।'

इसी प्रकार जायसी के जेठ के वर्णन तथा गुरु नानक के जेठ-माह के वर्णन में बहुत कुछ एकता है।

जायसी	गुरु नानक
१-जेठ जरै जग चलै लुआरा।	१-माहु जेठ भला प्रीतमु किउ बिसरै
उठे बवंडर परै पछारा।	थल तापहि सर भार साधन बिनउ करै।
बिरह गाजि हनिवंत होइ जागा।	आसाड़ भला सूरजु गगनि तपै।
लंका दाहि करै तन लागा।	धरती दूख सहै सोखै अगनि भखै।
२-चारिहुँ पवन झकोरै आगी।	२-अगनि रसु सोखै मरीऐ धोखै।
लंका दाह पलंका लागी।	पी सो किछु न हारे।
३-परवत समुंद मेघ ससि दिनअर,	३-थल तापहि सर भार साधन बिनउ करै।
सहि न सकहिं वह आगि।	धन निवि कहंदी गुण सारंदी, गुण
मुहम्मद सती सराहिए,	सारो प्रभ भावा।
जरै जो अस पिउ लागि।	

जबकि जायसी का बारहमासा कथा-काव्य के संदर्भ में आया है, गुरु नानक का बारह-माहा स्पष्ट रूप में वियोगी जीव-आत्मा की मिलन के लिये तड़प है। अतः प्रत्येक माह के वर्णन के अन्त में गुरु नानक देव इसी मिलन का वर्णन प्रायः करते हैं। यथा: 'निमाणी निताणी हरि बिनु किउ पावै सुख महली। नानक जेठि जाणै तिसु जैसी करमि मिलै गुण

गयी है।[११५] विरह-वर्णन में बारहमासा का विशेष स्थान है। कुछ ऋतु का मानव-मन में [illegible] कुछ [illegible] में दिखा [illegible] है। कुछ [illegible] गुणों से [illegible] [illegible] आध्यात्मिक [illegible] [illegible] है। [illegible] वर्णन [illegible] मे [illegible] मासा[११६] में है। परन्तु कुछ ऋतु का [illegible] प्रेरणा [illegible] हुआ [illegible] होता है [illegible] होता है। फिर भी [illegible] में [illegible] के [illegible] विशेषताएं [illegible] हो सकते हैं। यथा:-

१- [illegible] न [illegible] विरहान।
[illegible] न [illegible] नगर मे ग्राम।
[illegible] सिंगार [illegible] देखि [illegible]।
प्रभु [illegible] बिछुणा [illegible] सजण [illegible]।।

२- बैसाखि [illegible] किन [illegible] बिना प्रेम विछोहु।

३- [illegible] बिन [illegible] न बिना [illegible]।

४- सावणि [illegible] पिआर।

५- भादु [illegible] कुलाण [illegible] बूंद [illegible] बैणु।
[illegible] सिंगार [illegible] नागि [illegible]।

६- [illegible] प्रेम [illegible] मिलीये [illegible]।
[illegible] सावण मिलावे [illegible]।

७- [illegible] कंछा [illegible] पिर [illegible]।

८- [illegible] न [illegible] बिलिआ [illegible]।

९- फलगुणि [illegible] सजण [illegible]।

[illegible] बारहमासा भी प्रसिद्ध है। [illegible] भांति [illegible] काव्य में [illegible] बारहमासा [illegible] है।

बारहमासा के [illegible] में [illegible] में

११५- ना०ग्रं० पृ० [illegible]
११६- ना०ग्रं० पृ०२३३

उपलब्ध हैं।[११७] इन बारह मासों की भाषा, भाव, विचार और छन्द के व्यापक विस्तार को देखकर डा० श्याम परमार लिखते हैं: इससे यह अनुमान किया जा सकता है कि इसकी परंपरा बड़ी पुरानी है। इन्होंने एक देश से दूसरे देश में एक युग से दूसरे युग की लम्बी यात्रा पार की है। हमारे साहित्य में बारहमासा वर्णन की जो पद्धति ग्रहण की गई है इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि वह इन्हीं लोक प्रिय बारह-मासा-गीतों का अनुकरण है।[११८]
हिन्दी साहित्य के आदि काल से ही लौकिक काव्य का उदाहरण मिलने लगता है। संस्कृत में जो षड् ऋतु वर्णन की प्रणाली थी, हिन्दी काव्य में बारहमासा में विकसित हुई। यहां से बारह महीनों की प्रकृति के वर्णन की परंपरा आरम्भ होती है। जैन कवि विजयचंद सूरि (१२०० ई०) उस परंपरा के प्रारंभिक कवियों में हैं। उनका 'राजुल देवी' का बारहमासा प्रसिद्ध है। यह बारहमासा विरह वर्णन की दृष्टि से लिखा गया है और श्रावण मास से शुरू होता है।[११९] जैसे पुरानी प्रथा आषाढ़ मास से आरंभ करने की थी। जायसी का नागमती का बारहमासा अषाढ़ से आरंभ होता है परन्तु आदि ग्रंथ में दोनों बारहमासे चैत से आरम्भ होते हैं। बारहमासा की परंपरा को अनुसरण करते हुए विद्यापति ठाकुर, नंद दास और परम दास ने भी रचनाएं की हैं। आदि ग्रंथ के अन्दर कबीर का भी बारहमासा मिलता है। गुरु नानक का बारह माहा भी छन्द में है। गुरु अर्जुन देव के बारहमासा का छन्द दोहा है।

ऋतुएँ- ऋतु-परक काव्य प्रकार में षड्-ऋतु वर्णन संस्कृत काव्य में प्रचुर मात्रा में मिलता है। जायसी ने भी नागमती का बारहमासा लिखने से पूर्व छः ऋतुओं पर आधारित काव्य रचना की है। यह रचना वसंत से शुरू होती है। बाद रचे गए भजन चैत-बैसाख से होते हैं। चैत फागु भल भवार गुजावहिं।[१२०] बारहमासा का विकास इन्हीं ऋतुओं के वर्णन करने वाले काव्य

११७- राहुल सांकृत्यायन- आदि हिन्दी की कहानियां और गीत पृ० २२५-२२, डा० कृष्ण देव उपाध्याय भोजपुरी गीत पृ० ३२१-३० डा० श्याम परमार- भारतीय लोक साहित्य पृ० ११२-११४।

११८- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक-तत्व- ११६

११९- वही पृ० २४६

१२०- आ०ग्रं० पृ० ११०८

के आधार पर हुआ। आदि ग्रंथ में बारह माहा इसी कारण चेतु से शुरु होता है। जैसे ऊपर गुरु नानक के बारह माहा की एक तुक दी गई है। गुरु अर्जुन देव भी चेति गोविंदु अराधीऐ होवै अनंदु घणा, से बारहमाहा आरंभ करते हैं। गुरु अर्जुन देव ने भी आदि ग्रंथ में राम कली राग में षड ऋतु वर्णन की पद्धति का अनुसरण किया है। यह वर्णन भी जायसी की भांति बसन्त ऋतु से आरम्भ होता है: रुति सरस बसंत माह चेतु वैसाख सुख मासु जीउ।[121] जायसी तथा गुरु अर्जुन देव के ऋतु-वर्णन में विषय की तथा पदावली की समता, संभवत: इसके परंपरागत होने के कारण है। अन्तर दोनों में केवल यह है कि गुरु अर्जुन की नायिका जीवात्मा का परमात्मा से मिलन दिखाया गया है, और जायसी ने पद्मावती तथा रत्न सेन के अभिसार का वर्णन किया है। यहाँ पर जायसी की पद्मावती भी जीवरूप स्त्री है और रत्नसेन (नाम रतन) परमात्मा है, चाहे जायसी ने, हौं रानी पद्मावती सात सरग पर बास - वाली पद्मावती को परम ज्योति और रत्नसेन को नाम रत्न (परम ज्योति) का साधक भी प्रस्तुत किया है। दोनों रचनाओं का साम्य दृष्टव्य है:

जायसी	गुरु अर्जुन देव
१- प्रथम बसंत नवल रितु आई सुरति चैत बैसाख सोहाई	१- रुति सरस बसंत माह चेत-वैसाख सुख मासु जीउ।
२- भौर सुवेती फूलन्ह डारी। धनि औ कंत मिले सुखबारी। पिउ संजोग धनि जोबिन बारी भंवर पुहुप संग करहिं धमारी। होइ फागु भलि चांचरि जोरी। बिरह जराइ दीन्ह जस होरी।	२- हरि जीउ नाहु मिलिआ मउलिआ मन तन सासु जीउ। घरि नाहु निहचलु अनंदु सखीए चरन कमल प्रफुलिआ। सुंदरु सुघड़ु सुजाणु वेता गुण गोबिन्द अमुलिआ। वडभागि पाइआ दुखु गवाइआ भइ पूरन आस जीउ। बिनवंत नानक सरणि तेरी मिटी जमकी त्रास जीउ।।

१२१- आ. ग्र ९२७

इस समता के होते हुए भी जायसी के षड्-ऋतु-वर्णन में सब ऋतुओं में रत्नसेन तथा पद्मावती के मिलन सुख तथा केलि-क्रीड़ा का मादक वर्णन है, जबकि गुरु अर्जुन देव के बारहमाह के वर्णन में, उन जीवात्माओं के लिये ग्रीष्म ऋतु ताप एवं दुःख-दायक बताई है, जिनके पास (अनत्) नाथ नहीं। और उनके बारहमाहे की भांति [illegible] सदा [illegible] सहु न मिलाँ चाहिए [illegible] विचार व्यक्त किया है। वर्षा-ऋतु में उनको जो सुख प्राप्त होता है, वे सर्व-व्यापक-नाथ को अपने घर में देखती हैं। इस प्रकार सारे ऋतु वर्णन का सारांश यही भाव गुरु जी की गुण उनकी सी रचना रीति से बताया गया है। यह रचना श्लोकों (दोहों) तथा छंदों में है।

४- अन्य फुटकर काव्य रूप - ओंकार, गोष्टि, गाथा, फुनहे, पद, दखणी, बिरहड़े, बारा।

ओंकार: दखणी ओंकार[122] नाम की ग्रन्थ रचना की रचना गुरु नानक देव द्वारा राम-कली राग में निबद्ध है, जो जोगियों की प्रिय रागिनी है। यह रागिनी अन्य दखणी (दक्षिणी) रागिनीयों के साथ मिलाकर गाए जाने का आदेश है, यथा प्रभाती दखणी, वडहंस दखणी, बिलावल दखणी, मारू दखणी। अत: दखणी शब्द रागिनी से सम्बद्ध है, ओंकार से नहीं। गोरखनाथ की ओंकार नाम की रचना गोरखबाणी में संगृहीत है।[123] दोनों रचनाओं में पर्याप्त साम्य है।

गोरखनाथ	गुरु नानकदेव
१- अविगत उतपनां ॐ। ॐ उतपनिले [illegible]। [illegible] उतपनी [illegible]। [illegible] उतपन्ना [illegible]।	१- ओंकार ब्रह्म उतपति। ओंकारु कीआ जिनि चीत। ओंकार सैल जुग भए, ओंकार बेद निरमए ओनम अखर सुणहु बीचारु। ओनम अखरु त्रिभवण सारु।

१२२- आ०ग्र०पृ० ९२९

१२३- गोरखबाणी- पृ० २१४

२- इस रचना में केवल ओंकार से सृष्टि रचना की विवेचना है।

२- इस रचना में "हाटा नामु पूंजी वेसाहु। नानक नवो पाति उधा पतिमाहु," की विशद विवेचना है।

गोष्टी : आदि ग्रंथ में सिध गोसटि नाम की गुरु नानक देव की रचना भी रामकली राग में निबद्ध है। इस रचना के विषय में शबदार्थ (गुरु ग्रंथ) के टिप्पणीकारों ने लिखा है: गुरु नानक देव जी की सिद्धों के साथ अचल बटाले[१२४] तथा गोरख हटड़ी में जो विचार विमर्श हुआ उसी का सारांश इस सिद्ध गोष्टि में निबद्ध है। इस में हठ-योग-साधना तथा नाम-सुमरिन-साधना की तुलनात्मक विवेचना है। आश्चर्य की बात है कि गुरु नानक की सिद्ध गोष्टि की पदावली तथा गोरख-मछिन्द्र-बोध में अत्यधिक साम्य है, जिसका अध्ययन एक पृथक विस्तृत विवेचना का विषय है। यहां केवल उदाहरणार्थ कुछ तुलनाएं प्रस्तुत हैं।अवश्य ही गुरु नानक ने इस गोरखबानी की रचना से प्रेरणा ली है। किसी रचना के लिये प्रेरणा के हम तीन अर्थ लेंगे- विचार अथवा विषय की प्रेरणा, साहित्यिक रूप जिस में कोई रचना ढाली जाती है, उस के लिये प्रेरणा, तथा रसिक शैली जो किसी कलाकार ने अपनाई हो, उसके लिये प्रेरणा। साहित्य-रूप तथा शैली की प्रेरणा के भाव तो स्पष्ट ही हैं, परन्तु विचारों में दोनों रूप खंडन तथा मंडन हमें मानने पड़ेंगे।[१२५]

गुरु नानक देव ने सिद्धों के प्रश्न प्रस्तुत करते हुए गुरमति के अनुसार उनका उत्तर प्रस्तुत करते हुए सिद्ध गोसटि की रचना की। गोरख नाथ की गोरख-मछिंद्र-बोध, गोरख (शिष्य) मछींद्र (गुरु) की गोष्टी तथा गुरु नानक की सिद्ध गोसटि की तुलना देखिए:-

---

१२४- मेला सुण शिवरात दा बाबा बटाले आई (भाई गुरदास- वार-१ पौड़ी- ३६-४४)

१२५- पंजाबी साहित ते साहितकार- डा० तारन सिंह पृ० २०

१- गोरखनाथ:
न्याधा तुल्ँ तुरा ँ तु ि्रा।
(रुाद ना मुिखा) क्षा मरि कमिबा।
मनमि न करिबा रोस।
गारंमि लिा कै रखै।
वकुत्पोई मो कुरवाहै।

२- मर्गेन्द्र प्रभाव-
वायु रषिता ह गै भातँ,
रपा विष मी भाा।
तजिवा काम क्रोध तृष्णा संसार की माया।
बाप रहाँ गोष्टा संग विचार।
घंगित सिद्धा सुभि भारा।[126]

१- गुण गुणामी सरणाि भ्भारी
गुरु ानु प्रवारो।
रोस न कीजै पाा दोजै छिपाउजै
गुरद्वारो।
इक मनु काा ना मरि मैं नानक
नाम अारो।
ापी मेति मिलाय रिखा लागी
मादि मिरारो।

२- ाटो ाटो ख्ाि मिराा ्मि
विरि दिखानो।
कंद मूल अाागे ा बै बायु धीरे
गिानो।
ीरथि ना ेे ु फलु पावै
मैलु न ल ानहीं।
गोरख पूा, लोहारीपा बोले जोग
जुगाति बिधि साई।
(गुरु नानक) गाले ाले नादन
बाधे, पर मनि बिा न कुाई।
विन नावै मनु टेक न टिकई नानक
भूख न जाई।
ाद सरणु रु गुरु दिखाइआ मनूले
मनु मायारो।
घंगित सिद्धा अलप अचारं नानक तनु
गीखारो।[127]

१२६- गोरखवानी- पृ० १२६
१२७- ग्रा०ग्र० पृ० ६३८-३९

गोरख नाथ	गुरु नानक
३- गोरख-	३- सुन निरंतरि दीजै बंधु।
स्वामी कौण मुषि लागै समाधि।	उडै न हंसा पडै न कंधु।
कौण मुषि छूटै उपाधि।	सहज गुफा घर जाणै साचा।
कौण मुषि लै पुरिबा बंध।	नानक साचे भावै साचा।
कौण मुषि अजराव कंध।	
मछीन्द्र :	
अवधू मन परचै माया मोह टूटै।	
पवन परचै ससि घरि फूटै।	
ग्यान परचै लागै बंध।	
गुरु परचै अजरावर कंध।	
४- गोरख	सिद्ध
स्वामी आदेस का कौन उपदेस,	४- आदि कउ कवन, बीचार कथीअले सुंन कहा घर वासो।
सुंनि का कथं वास?	गिआन की मुद्रा कवन कथीअले घटि घटि कवन निवासो।
सबद का कौन गुरु,	कहा ते आवै कहा इहु जावै कहा इहु रहै समाई।
पूछत गोरष नाथ?	एसु सबद कउ जो अरथावै तिस गुर तिलु न तमाई।
मछींद्र:	गुरुनानक
अवधू आदेस का अनूप उपदेस,	आदि कउ बिसमादु बीचारु कथीअले, सुंन निरंतरि वासु लीआ।
सुंनि का निरंतरि वास।	अकलपत मुद्रा गुरगिआनु बीचारीअले, घटि घटि साचा सरब जीआ।
सबद का परचा गुरु,	गुर बचनी अविगति समाईऐ ततु निरंजनु सहजि लहै।
कथंत मछींद्र नाथ ।।	नानक दूजी कार न करणी सेवै सिखु स(खोज लहै)

इन दोनों रचनाओं में पारस्परिक संबंध कई पृष्ठों में प्रस्तुत किया जा सकता है। हम यहाँ इतना ही कहना पर्याप्त समझते हैं कि डा० तारन सिंह ने प्रेरणा के अर्थों में खंडन-मंडन शैली का अनुसरण करते हुए, तथा पदावली का अनुकरण करते हुए गुरु नानक देव ने गोरख- मछींद्र बोध से प्रेरणा ली है। वैसे गोष्टियां लिखने की परंपरा औपनिषद-काल से भी प्राचीन है। उपनिषदों में इस शैली का बहुत उपयोग हुआ है।

गाथा

गुरु ग्रंथ में गाथा छंद में गाथा नाम की रचना म:५ की है। इसे किसी राग के अंतर्गत नहीं रखा गया। गाथा के २४ श्लोकों में विषय यह है, कि मनुष्य को देही तब तक किसी अभिमान की अधिकारी नहीं जब तक प्रभु -भक्ति में लीन नहीं। सुख माया में नहीं नामवचन में है। इस गाथा की भाषा प्राकृत के अधिक निकट है। गाथा लोक भाषा का छन्द है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी लिखते हैं: जिन दिनों जटिल छन्दो-बन्ध लौकिक संस्कृत में बहुत सफलता पूर्वक लिखा जाने लगा था, उन्हीं दिनों लोक भाषा एक नये छोटे से छन्द की ओर मुड़ गई। जिस प्रकार श्लोक संस्कृत की ओर मोड़ का सूचक है, उसी प्रकार गाथा प्राकृत की ओर के झुकाव का व्यंजक है। आगे चलकर श्लोक संस्कृत का और गाथा प्राकृत का प्रतीक हो गया। सन् ईसवी के आरंभिक दिनों में गाथा का साहित्यिक क्षेत्र में प्रवेश हो चुका था। हाल का गाथा- कोश या सतसई अपने ढंग की बिल्कुल नवीन रचना थी। इसमें जिस प्रकार की लौकिक रस प्रधान कविता का दर्शन होता है वह संस्कृत साहित्य में अपरिचित थी। परन्तु सतर्कता और सावधानी जो संस्कृत कविता की जान है, वह 'गाथा' में भी पाई जाती है। एक क्रोड़ गाथाओं से चुनकर सात सौ रत्नों को निकालने की अनुश्रुति उसी सतर्कता और सावधानी की सूचना देती है। इसलिये गाथा को इस विदग्ध --- स्वीकृत रूप में आते आते निश्चय ही कुछ शताब्दियों की यात्रा करनी पड़ी होगी।[१२८] हिन्दी साहित्य कोश में लिखा है, 'गाथा लोक साहित्य का वह प्रकार है, जिस में गयता के साथ ही कथानक की प्रधानता रहती है। कार्ट्रीज ने इस की परिभाषा बतलाते हुए

१२८- हिन्दी साहित्य का आदि काल - ६७-६८

लिखा है, कि गाथा वह लोक-गीत है, जिसमें किसी कथा का वर्णन हो, अथवा यह वह कथा है, जो गीतों में कही गयी हो - (कादोज) । सर्वप्रथम गाथा शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में पाया जाता है। (ऋग्वेद- ८-३२-१) यज्ञ के अवसर पर गाथा गाने की प्रथा उस समय प्रचलित थी। इन के गाने वालों को 'गाथिन' कहा जाता था। (ऋग्वेद - १-७-१)। जातकों में श्लोक का रचना को 'गाथा' नाम दिया गया है। (बटुक नाथ शर्मा - पाली जातकावली -पृ: ६)[१२९] इस संबंध में डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी का विचार उल्लेखनीय है, संस्कृत में भी दोहे लिखे गए हैं और गाथाएं भी लिखी गई है, और प्राकृत में भी तथा संस्कृत छन्दों का व्यवहार हुआ है, दोहे का भी कहीं न कहीं मिल ही जायगा। परन्तु सचाई यही है कि श्लोक संस्कृत का, गाथा प्राकृत का और दोहा अपभ्रंश का अपना छन्द है।[१३०]

लोक-गाथाओं की उत्पत्ति के संबंध में विद्वानों में बहुत मत-भेद है। कोई इसे व्यक्ति विशेष की रचना मानता है, तो कोई इसे समुदाय-विशेष की कृति स्वीकार करता है। इस संबंध में निम्नांकित पांच मत-भेद हैं- (१) ग्रिम का सिद्धान्त- समुदायवाद (२) स्टेन्थल का मत- जनतावाद (३) श्लेगल का- व्यक्तिवाद (४) बिशप पर्सी का-चारणवाद। (५) चाइल्ड का व्यक्तित्वहीन व्यक्तिवाद। ग्रिम का मत है कि किसी समुदाय विशेष के लोग सामाजिक उत्सवों पर सामूहिक रूप से गीत गाते हैं। एक व्यक्ति गीत की कोई एक कड़ी बनाता है तो दूसरा दूसरी जोड़ता है। इस प्रकार सब के सामूहिक प्रयास से गाथाओं का निर्माण होता है। स्टेंथल का जनता-वादी-सिद्धान्त, ग्रिम के सिद्धान्त का विशेषीकरण है। परन्तु श्लेगल का मत है, कि गाथाएं व्यक्ति विशेष की रचनाएं हैं। जिस प्रकार इलियड, ऑडेसी आदि महाकाव्यों का लेखक एक व्यक्ति था, उसी प्रकार वैसे गाथाएं भी किसी व्यक्ति की ही रचना हैं। यह दूसरी बात है कि अधिक काल बीत जाने के कारण उन लेखकों का नाम आज हमें ज्ञात नहीं है।

१२९- हिन्दी साहित्य कोश- पृ० २५८

१३०- हिन्दी साहित्य का आदि काल पृ० ९८

विशप पर्सी का कथन है कि इन गाथाओं के रचयिता चारण लोग थे, जो राजदरबारों में काव्यों की रचना कर राजाओं का मनोरंजन किया करते थे। थार्नल्ड इस मत का समर्थक है कि इन गाथाओं का रचयिता कोई व्यक्ति तो अवश्य है, परन्तु उसके व्यक्तित्व का इन गीतों में अभाव है। परन्तु सत्य बात तो यह है कि गाथाओं की उत्पत्ति में इन सभी सिद्धान्तों का समन्वय उपलब्ध होता है।[१३१]

गुरु ग्रंथ साहब में गुरु अर्जुन देव की गाथा की प्रकृति इस प्रकार है:

(१) इस गाथा में हरि-यशोगान की कथा को गूंथा गया है। इस कथा के गान एवं मनन से अंधकार का नाश होता है। पांच कामादि शत्रु नाश होते हैं, जिसके लिये शस्त्र हरि नाम का बाण है। (... संजेणं। नानक हरि बाणे प्रहारणह ।।)

(२) इस कथा का विषय है: मानव देही जिस पर मनुष्य गर्व करता है, नाशवान् है। सत्य वस्तु तो हरि का ---- सत्यनाम है, जिसका ---- कीर्तन करना चाहिए। इस लिए साधु समागम, हरि कथा तथा मोह माया के त्याग में ही परम सुख है।

(३) इस रचना में छन्द सीधा सादा है और सरल है, और तुकों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। प्रथम दो तीन छन्दों में तुकांत भिन्न है। यथा (१) 'क्षीणं' और 'आगणो' (२) 'सिक्ताणह' और 'सिमते'। परन्तु कई श्लोकों में तुकांत मिलता है। जैसे नवां श्लोक 'असमागणह' और 'बिलापणह' तथा दसवां श्लोक 'चिरका-जनह' और 'साथ संगम' है।

(४) यह गाथा किसी शास्त्रीय राग पर आधारित नहीं है, परन्तु इस में एक विशेष गेयता है, जो शास्त्रीय संगीत से भिन्न, सरल एवं सहज है।

(५) इस रचना में भाषा और विचारों की सरलता है, तथा नैसर्गिकता तो ऐसी है जो केवल प्रारंभिक मानव समाज में ही मिलती है। भाषा प्राकृत तथा अपभ्रंश के संक्रांति-काल की है।

(६) इस में रूढ़, अस्वभाविक और श्रम-साध्य अलंकारों और शब्दों का

१३१- डा० कृष्ण देव उपाध्याय- हिन्दी साहित्य और पृ० २५८ पर उद्धृत

अध्याय है। इसमें प्रयुक्त अलंकार और शब्द व्यावहारिक जीवन से गृहीत हैं। इसमें कुछ विशेष अलंकारों मुहावरों और विशेषणों की आवृत्ति बार बार हुई है। जैसे:

(क) साधु समागम:

१- बिना साधू न सिधते ।।२।।

२- कीरति साधि करते मणंति नानक साध संगेण ।।३।।

३- लब्धं साध संगेण नाना गुन अमानं ।।४।।

४- बचन साध गुर पंथा ।।७।।

५- भावनी साध संगेण लभंतं ।।६।।

६- नानक गोबिंद रमणं साध संगमः ।।१०।।

७- सुमंत्र साध बचना कोटि दोस बिनासनह ।। ११।।

८- लभणम् साध संगेण ।। १५।।

९- सुभ बचन रमणं गवणं साध संगेण उधरणह । १९।

१०- लबधिअं साध संगेणि ।।२१।।

११- लबधेणि साध संगेणि नानक मसतकि लिखणः ।।२२।।

१२- साधु सतम जाणौ । २३।।

(ख) यह साधु समागम बड़े भाग्यों से मिलता है :

(१) बचन साध गुर पंथा लंहथा बड करमणह ।।७।।

(२) भावनी साध संगेण लभंतं बडभागणह ।। ११

(३) नानक लबधं बड भागणह ।। १२।।

(४) बड भागी नानक को तारं ।।२०।।

(५) नानक वडभागी भेटंति दरसनह ।। २१।।

(६) नानक मसतकि लिखणः ।।२२।।

(ग) इसी प्रकार साधु समागम में हरि कथा करने अथवा सुनने की बात श्लोक संख्या ३,४,६,७,८,९,१०,११,१२,१३,१४,१५,१७,१८,२० तथा २१ में कही गयी है।

(घ) माया का त्याग करने को श्लोक संख्या १,२,४,८ तथा २४ में कहा गया है।

(ङ) यह गाथा हरि कथा की ही है। इस गाथा को कोई विरला व्यक्ति ही समझ सकता है, जिसने सांसारिक कामनाओं का त्याग किया हो। इस गाथा को श्रेष्ठ-लोक परंपरा से गाते चले आये हैं। अतः यह गाथा हरि गीत-गाने वाली वह कथा है, जिसे पूर्व कर्मों के उत्तम फलस्वरूप ही गाया जा सकता है। इन बातों को भी बार बार इस गाथा में दुहराया गया है।

(१) गाथा गुंफ गोपाल कथं मथंमान मरदनह। हतं पंच सत्रेण नानक हरि बाणे प्रहारणह।।६।।

(२) गाथा गूड़ अपारं समझणं बिरला जनह। संसार कामतजणं।। नानक गोबिंद रमणं साध संगमह।। १०।।

(३) गाथा गावंति नानक भबं परा पूरबणह। १८ ।।

(च) इस गाथा में हरि-नाम तथा साधु-समागम को चन्दन, ओंकार को बांस कहा है। नीम के पेड़ में जैसे चंदन की खुशबू, चंदन के निकट होने से आ जाती है, ऐसे ही साधु संगति पतित को पुनीत कर देती है। ऐसे अलंकारों का इस गाथा में उपयोग हुआ है।

उपर्युक्त विस्तृत विवेचन के आधार पर हम गुरु अर्जुन देव की 'गाथा' की प्रेरणा निश्चय ही 'लोक-गाथाओं' से मान सकते हैं, क्योंकि 'लोक-गाथा' की जो विशेषताएं ए०बी० गम्मिर ने अपनी पुस्तक 'ओल्ड इंगलिश बैलेड्स' की भूमिका में दी हैं, और जिनको डा० रघुनाथ सिंह, काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने 'हिन्दी साहित्य कोश' में उद्धृत किया है, वे उपर्युक्त विवेचन से बिल्कुल मिलती हैं।[१३२]

१३२- हिन्दी साहित्य कोश- ६८८-८६

फुनेः :

इस काव्यप्रकार की रचना जो गाथा के पश्चात् है, गुरु अर्जुन देव ने की है। इस रचना का छन्द ११ + १० मात्रा का है जिस को हम अरिल्ल का नाम दे सकते हैं। प्रत्येक पद में चार पंक्तियां हैं और चौथी पंक्ति के आरंभ में हरिहां पद अधिक है। फुनहे में कुल २३ छन्द हैं।[133] डा० तरण सिंह हरिहां पद को इन छन्दों की प्रत्येक चौथी पंक्ति में पुनरावृत्ति के बारे में कहते हैं, रागात्मकता के लिये निरर्थक अथवा किसी अन्य शब्द को जिसमें पुनरावृत्ति हो उसे फुनहे कहते हैं, जैसे इस रचना में हरिहां की की गई है। पुनह (पुन:) का भाव है, फिर, बार बार।।[134] डा० महोदय का विचार शब्दार्थ के टिप्पणीकारों की टिप्पणी नं २४, पृ० १३६१ पर आधारित है। परन्तु हमारा विचार है कि शब्दार्थ गुरु ग्रंथ के टिप्पणीकारों ने हरि हां की पुनरावृत्ति के आधार पर इसे फुनह (पुनह) अवश्य कहा है, किन्तु हरिहां को निरर्थक पद नहीं कहा। इसके अर्थ - हे हरि । अथवा हे राम है।[135] हम तो इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि फुनहे भी लोक-गाथा की भांति लोक-काव्य के समूह-गान के किसी काव्य-प्रकार का अनुकरण है। जिस प्रकार लोक गीतों में बनड़ा (दूल्हा) गीत प्रसिद्ध है, तथा गाया जाता है, और उसमें बार बार बनड़े का नाम लिया जाता है, उसी प्रकार इस रचना में हरि हां पद का उपयोग हुआ है:

लोक गीत

मत्थे ते चमकण वाल, मेरे बनड़े दे।

हे वे बना। बन्ने इसनां दा गानां।

तेरे घरावां नाल, मेरे बनड़े दे।

१३३- पंजाबी कवि शिरोमणी- पृ०- १७७

१३४- श्री गुरु ग्रंथ साहब का ऐतिहासिक इतिहास- ४१३

१३५- देखिए पृ ० १३६१, टिप्पणी ३०।

हे वे बनां। [illegible] पाविंदा।
चूड़े ते चारे लाल, मेरे बनड़े वे।

हे वे बना। वद्द लगनोंदी घोड़ी।
बनो आई देखो लाल, मेरे बनड़े वे।

इस लोक गान में 'हे वे बना!' तथा 'मेरे बनड़े वे' पदों की पुनरावृत्ति है। साथ ही यह ढोलक गीत समूह गान में गाया जाता है। एक स्त्री ==== 'हे वे बना' वाली पंक्ति बोलती है। बाकी सब मिलकर उसके पीछे कहती हैं, इस प्रकार इसी पंक्ति को दो या तीन बार कहा जाता है और पुनः सब मिलकर 'मेरे बनड़े वे' वाली पंक्ति को गाती हैं। गीत की इस चाल को हम गुरु अर्जुन देव की रचना 'फुनहे' में स्पष्ट देख सकते हैं। क्रमशः पहली दो पंक्तियों को लंबी धारणा में एक व्यक्ति बोलता है, और अन्य व्यक्ति उसके पीछे उसी लय तथा स्वर में गाते हैं। पुनः तीसरी पंक्ति को फिर उसी लंबी लय में कहा जाता है। फिर तीसरी पंक्ति को सब मिलकर लंबी धारणा में उच्चारण करते हुए चौथी, 'हरिहां' पद वाली पंक्ति को इसी लंबी लय में उच्चारण करते हुए 'हरिहां' पद का कुछ ऊंचे स्वर से उच्चारण करते हुए इस पर विशेष बल देते हैं। अतः यह काव्य-प्रकार किसी शास्त्रीय गायन के आधार पर नहीं लिखा गया, परन्तु स्पष्टतया लोक-गान की पद्धति का अनुकरण है। 'हरिहां' पद उसी प्रकार प्रयुक्त हुआ है, जिस प्रकार कई लोक काव्य प्रकारों में 'हो मेरे राम!' का प्रयोग होता है।

विषय के पक्ष से भी जिस प्रकार 'बनड़ा' में सांसारिक दूल्हे की स्तुति एवं अर्चना है, उसी प्रकार भक्ति-काव्य के इस काव्य-प्रकार में 'हरि-दूल्हे' का यशोगान एवं अर्चना है।

जे धिरि आवै कंतु त धन पिरु पाईऐ।
'हरिहां' कंते बाझु सीगार सभ बिरथा जाईऐ ॥३॥
सुपने ऊभी भई, गहिओ की न अंचला।
सुंदर पुरख बिराजित पेखि मन बंचला।

सोइउ तांके चरण कहहु कत पावैि।
'हरिहां' सोई जतनु बताइ सखी प्रिउ पावैि ।।३।।

गुरु नानक की तुखारी रा म: १ बारह-माह की रचना की भांति विप्रलंभ-शृंगार एवं संयोग-शृंगार की यह अद्वितीय रचना है।

विरह तड़प

नातिक चित सुचित सुरागन चाहीवै।
जिस संगि लागे प्राण तिसै कउ आहीवै।
वन वन फिरत उदास बूंद जल कारणो।
'हरि-हां' तिउ हरि जनु मांगै नाम नानक बलिहारणो।

मिलन वेला

जिस घरि वसिआ कंतु सा वडभागणे ।
तिस बणिआ हभु सीगारु साई सोहागणे।
हउ सुती होइ अचिंतमनि आस पुराईआ।
'हरि-हां' जा घरि आइआ कंतु त सभु किछु पाईआ ।। ४।।

सद

यह रचना श्री अनंद जी के पुत्र बाबा सुंदर जी की है। श्री अनंद जी के पिता मोहरी जी थे और श्री मोहरी जी गुरु अमरदास के सपुत्र थे।

शब्दार्थ गुरु ग्रंथ के टिप्पणीकारों का विचार है कि यह रचना बाबा सुन्दर जी ने गुरु अमरदास के देहावसान पर लिखी है। बाबा जी ने सिख संगतों को गुरु अमरदास जी का अन्तिम संदेश इस रचना द्वारा दिया है। जिस प्रकार 'अनंद' कोई ऐतिहासिक वार्ता नहीं है, इस प्रकार 'सद' भी ऐतिहासिक वार्ता न होकर शोक-समय में गुरुवाणी की महत्ता दर्शाती रचना है। अनंद, मंगल-गायन है, और मंगल-अवसर पर गुरुवाणी की महत्ता दर्शाता है।[१३६]

१३६- शब्दार्थ - आ. ग. ९२३

डा० तारन सिंह इसी विचार का आश्रय लेकर 'सद्द' को शोक-गीत कहते है और 'सद्द' को मृत्यु का आह्वान कह कर अभिहित करते हैं।[137]

इधर कुछ विद्वानों ने 'सद्द' को केवल शोक-गीत न कहकर इसे लोक-काव्य की परंपरा में भी रखा है। प्रिंसीपल स०सि० कोहली लिखते हैं: "कई विद्वानों का विचार है कि 'सद्द' एक ऐसी काव्य (रचना) है, जो 'मरसिये' की भांति किसी के देहावसान अवसर पर लिखी जाती है। 'सद्द' को वार-काव्य प्रकार की कोटि में रखते हुए वे कहते हैं: हमारा विचार है कि प्रत्येक वार अपने नायक की मृत्यु के पश्चात् ही लिखी जाती है। इसलिये 'सद्द' का उपर्युक्त लक्षण कोई समीचीन लक्षण नहीं है। हमारा विचार है कि 'सद्द' वह 'वार' है, जिसमें कुछ पौड़ियों के अंत में 'वार' के नायक को ऊंची टेर लगा कर पुकारा जाता है। जैसे, 'ओ मिरज़िया जट्टा ओए!' आदि कह कर मिरज़े की गाये जाने वाली सद्दें, इसी कारण इसी नाम से अभिहित की जाती हैं। गुरु ग्रंथ साहब में भी राम कली राग में एक सद्द है।"[138]

'सद्द' में गुरु अमरदास के देहावसान पर शोक न करने तथा गुरुवाणी कीर्तन का उपदेश है तथा गुरु राम दास के गुरु गद्दी पर स्थापित किये जाने का वर्णन है।

मत मै पिछै कोई रोवसी सो मै मूलि न भाइआ।

अंते सतिगुरु बोलिआ मै पिछै कीरतनु करिअहु निरबाणु जीउ।
केसो गोपाल पंडित सदिअहु हरि हरि कथा पड़हि पुराणु जीउ।।
हरि कथा पड़ीऐ हरि नामु सुणीऐ बेबाणु, हरि रंगु गुर भावए।

हरि भाइआ सतिगुरु बोलिआ हरि मिलिआ पुरखु सुजाणु जीउ।।
राम दास सोढी तिलकु दीआ गुर सबदु सचु नीसाणु जीउ।।
सतिगुरु पुरखु जि बोलिआ गुरसिखा मंनि लई रजाइ जीउ।।
मोहरी पुतु सनमुखु होइआ रामदासै पैरी पाइ जीउ।।
कहै सुंदरु सुणहु संतहु सभु जगतु पैरी पाइ जीउ।।[139]

१३७- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यिक इतिहास- ४५७

१३८- पुरातन पंजाबी कवि दा विकास- पृ० ५५

१३९- आ. ग्र. ९२३-२४

हमारा विचार है कि इस सद्द का उपर्युक्त शैली लोक-काव्य की इस प्रकार की रचनाओं से कुछ भिन्न है। परन्तु इसका प्रेरणा के लिये लोक-काव्य को स्रोत मानने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। रामकली राग में निबद्ध होते हुए भी यह रचना प्रशांत वातावरण वाली समूहगान की शैली की रचना है।

मुंदावणी

यह रचना गुरु अर्जुन देव द्वारा की गई है।[१४०] इस रचना को शब्दार्थ टीकाकारों ने 'मुकारत' अथवा 'पहेली' कहा है। और कहा है कि यह शैली पहेली है जिस में पूछा है; वह थाल कैसा है, जिसमें तीन वस्तुएं हैं- सत्य, संतोष तथा विचार। इन तीनों के मिश्रण से भोजन बनाने के लिये जल के स्थान पर हरि का अमृत नाम पड़ा है। इस प्रकार एक भोजन तैयार हुआ है, जिसे समस्त संसार की क्षुधाग्नि को प्रशांत करना है। अन्य भोजनों के बिना निर्वाह हो सकता है, परन्तु इस भोजन के बगैर मानव जाति जीवित नहीं रह सकती। (एहु वसतु तजी न जाई) हे संसारिक प्राणियों। यह वस्तु आप त्याग नहीं सकते। अतः सदैव इसको हृदय में धारण करके रखो। यह थाल कौन सा है? इसका उत्तर है: गुरु ग्रंथ साहब- जिसकी यहां समाप्ति होती है।[१४१]

पहेली

थाल विचि तिनि वसतू पईओ- सतु संतोखु वीचारो।
अंम्रितनामु ठाकुर का पइओ जिसका सभसु अधारो।
जे को खावै जे को भुंचै तिस का होइ उधारो।
एह वसतु तजी न जाई नित नित रखु उरि धारो।
तम संसारु चरन लगि तरीऐ सभु नानक ब्रहमपसारो।

पहेली की शैली में काव्य रचना की प्रेरणा तो सीधी लोक-काव्य से प्राप्त हुई है। पहेलियां अथवा उलटवांसियां तो सन्तों ने भी

१४०- आ. ग्र. पृ० १४२९
१४१- शब्दार्थ आ. ग्र. पृ० १४२९

लिखी हैं और कबीर ने विशेषत: सिद्धों योगियों के प्रभाव के अंतर्गत इन की पर्याप्त रचना की है। आदि ग्रंथ में अन्य स्थानों पर भी इन के उदाहरण मिल जाते हैं:-

गउड़ी कबीर जी नालि रलाइ लिखिआ महला ५

(यह रचना कबीर की है, जिसे म: ५ ने अपनाया है)

ऐसो अचरजु देखिओ कबीर। दधि कै भोलै बिरोलै नीरु। रहाउ॥
हरि अंगूरी गदहा चरै। नित उठि हासै हीगै मरै।
माता भैसा अंमुहा जाइ। कुदि कुदि चरै रसातलि पाइ।
कहु कबीर परगट भई खेड। लेले कउ चूघै नित भेड।।[१४२]

आसा कबीर

पहिला पूतु पिछैरी माई। गुरु लागो चेले की पाई।
एकु अचंभउ सुनहु तुम भाई। देखत सिंघु चरावत गाई। रहाउ।।
जल की मछुली तरवरि बिआई। देखत कुतरा लै गई बिलाई।
तलै रे बैसा ऊपरि सूला। तिसकै पेडि लगे फल फूला।
घोरै चरि भैस चरावन जाई। बाहरि बैलु गोनि घरि आई।
कहत कबीर जु इस पद बूझै। राम रमत तिसु सभु किछु सूझै।[१४३]

गुरु अर्जुन ने पहेली लिखने की प्रेरणा कबीर से ही प्राप्त की होगी, क्योंकि कबीर की उपर्युक्त पहेलियों के आधार पर ही उन्हों ने रचनाएं की हैं। गउड़ी राग तथा रामकली राग में गुरु अर्जुन की दो पहेलियां उल्लेखनीय हैं:-

---

१४२- आ०ग्र० पृ० ३२६

१४३- आ०ग्र० पृ० ४८१

गउड़ी

मन [illegible] कैसे [illegible]। [illegible] पुकारे [illegible]।
[illegible] नैया [illegible]। [illegible] पावै।
[illegible] है [illegible] पूजि। [illegible] बिन [illegible]। [244]

रामकली

[illegible] बारे [illegible] हुआ [illegible]।
[illegible] प्रति पावै। [illegible] निआरे। [245]

टोडी

जल की माछुली चरै खजूरि।। नामदेव [246]

सोरठ नामदेव

अणमड़िआ मंदलु बाजै।
बिनु सावण घनहरु गाजै।
बादल बिनु बरखा होई
जउ ततु बिचारै कोई।। (आ० ग्रं० पृ० ६५७)

विद्वानों ने इस प्रकार की भाषा को संध्या भाषा का नाम दिया है। सिद्धों की उलटबांसियों में इसका प्रयोग हुआ है। कबीरादि साधकों ने यह भाषा-शैली सिद्धों से प्राप्त की। इस शैली के विषय में आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, 'उलट-बांसी' शब्द का व्युत्पत्ति-मूलक अर्थ जो भी रहा हो और इसका प्रयोग चाहे जिस समय से होता आ रहा हो, इसमें संदेह नहीं कि ऐसे पद्यों के रचने की परम्परा बहुत प्राचीन है और इसके प्राचीन वैदिक साहित्य तक में मिले मिलते हैं।[247] कबीर साहित्य की परख नामक ग्रंथ में इस संबंध में वैदिक साहित्य से उदाहरण देकर उन्होंने अपने वक्तव्य की पुष्टि की है।

२४४- आ०ग्रं० पृ० ३२८
२४५- आ०ग्रं० पृ० ९८०
२४६- आ०ग्रं० पृ० ७२८
२४७- कबीर साहित्य की परख पृ० २१६ (द्वितीय संस्करण)

वारें

गुरु ग्रंथ में वार-काव्य की पद्धति पर वारों का भी निर्माण हुआ है। वारें स्पष्टतया लोक-काव्य की ध्वनि पर आधारित हैं। इस का प्रमाण तो गुरु ग्रंथ के अंत: साक्ष्य से ही मिल जाता है। जैसे गुरु ग्रंथ की भी वारों को उस समय की प्रचलित लोक-वारों की पौड़ियों की ध्वनियों पर गाए जाने का संकेत है:[148]

नाम वार	नाम लोक ध्वनि
१- वार माझ की तथा सलोक म:१	मलक मुरद तथा चंद्रहड़ा सोहीआ की धुनि गावणी।
२- गउड़ी की वार मा:५	राइ कमालदी मौजदी की वार की धुनि।
३- वार सलोका नाल सलोक म: १(आसा)	टुंडे असराजे की धुनी।
४- गूजरी की वार म: ३	सिकंदर बिराहिम की वार की धुनी।
५- वडे हंस की वार म: ४	ललां बहलीमा की धुनी।
६- रामकली की वार म: ३	जोधे वीरै पूरबाणी की धुनी।
७- सारंग की वार म:४	राइ महमे हसने की धुनी।
८- वार मलार म: १	राणे कैलाश तथा मालदे की धुनी।
९- कानड़े की वार म: ४	मूसे की वार की धुनी।

डा० चरण सिंह ने इन लोक वारों के काव्य के जो उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, उन में कुछ पाठ भेद अथवा आधुनिकता अवश्य आ गई है परन्तु ऐसा इन के लिपि बद्ध न होने तथा मौखिक रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी चले आने से स्मृतिकारों की अपनी भाषा के विकार के कारण हुआ है। कुछ भी हो लोकवारों के आधार पर इन गुरु ग्रंथ की वारों के गाये जाने के संकेतों के आधार पर यह बात बहुत स्पष्ट है कि इन वारों की काव्य-रूप शैली का आधार यही लोक-काव्य है। इस संबंध में प्रिंसीपल संत सिंह सेखों का विचार उल्लेखनीय है। वारों के काव्य-रूप के संबंध में वे लिखते हैं, गुरु वाणी

१४८- आ. ग्र. पृ० १३७,३१८,४६२,५०६,५८५,६४७,१२३८,१२७६,१३१३

१४९- गुरमति संगीत भाग- ४ पृ० ६

ने लोक-गीतों के स्वभावानुसार कुछ स्वच्छन्दता ग्रहण की है, चाहे इसका कलेवर छन्द योजना का ही है। इस का साक्ष्य में कई स्थानों पर लोक-वारों से उद्भूत ध्वनियों से मिलता है। साधारणतया प्रत्येक वार के आरंभ में किसी लोक वार की ध्वनि पर गाये जाने का संकेत है।[१२०]

भक्ति काव्य में लोक-काव्य की इस पुट के विषय में कुछ अन्य विद्वानों के विचार भी इस बात की पुष्टि करते हैं, कि सन्त भक्त-कवियों ने अपनी रचनाओं को अधिक जनवादी बनाने के लिये इसके संगीत-ताल-एवं रूप को जनजीवन से ही अवरोहन का निर्माण किया। संत साहित्य के प्रसिद्ध विद्वान आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, संत-काव्य की परंपरा तत्वतः उस काव्य रचना पद्धति की ओर संकेत करती है जो मानव समाज की मूल प्रवृत्तियों पर आश्रित है। यह किसी समय आपसे आप चल पड़ी थी और वह उसी रूप में विकसित होती गई। यह उस काल से विद्यमान है जबकि भाषा के ऊपर किसी व्याकरण शास्त्र का नियंत्रण न था और न उसके काव्य रूप की व्यवस्था के लिये किन्हीं छन्दों-नियमों की ही सृष्टि हो पाई थी। अतः स्वभावतः स्वच्छन्द रूप में ही वह अग्रसर हुई थी। इस कारण उसको कविता को काव्य सौष्ठव प्रदर्शित करने के लिये किसी रस व अलंकारादि संबंधी शास्त्र की भी आवश्यकता नहीं था। व्याकरण पिंगल तथा काव्य-कला विषयक अन्य शास्त्रों की रचना क्रमशः पीछे होती गयी। उनके नियमों उपनियमों का अनुसरण करने वाली शास्त्रीय पद्धति की कविता की एक पृथक परंपरा भी चलने लगी और दोनों समानान्तर चलीं। किन्तु शिष्ट समाज अथवा सभ्य लोगों द्वारा अधिक अपनायी जाने के कारण दूसरी को क्रमशः अधिक योगदान मिलने लगा और स्वाभाविक प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करने के कारण पहिली का आदर सदा साधारण जन समाज तक ही सीमित रहता आया। पहिली की भी शृंखला कभी नहीं टूटी और वह अधिकतर अपने मौखिक रूप में जीवित रही। लिखित रूप में उसका केवल वही अंश पहिले संचित किया जा सका जिसमें या तो ज्ञान विज्ञान

१२०- पंजाबी कवि सिरोमणि - ५२१

की गंभीरता थी अथवा जिसे सर्व साधारण के प्रति उपदेश का भी रूप दिया गया था। संसार के प्राचीन धार्मिक साहित्य अथवा काव्य मूलत: उक्त पहिली परंपरा के उदाहरणों में आते हैं। उन्हें लिखित रूप मिल गया है, किन्तु इस प्रकार की रचनाओं का एक बहुत बड़ा अंश अभी तक मौखिक रूप में भी विद्यमान है और उसे बहुधा लोक- गीत के नाम से अभिहित किया जाता है।'[१५१]

वस्तुत: लोक गीतों ने संत काव्य को ही प्रभावित नहीं किया। इस संबंध में महा महोपाध्याय श्री गोपी नाथ कविराज कहते हैं, 'भारतीय संस्कृति में पौराणिक कथाओं, तीर्थाटन, व्रत, उत्सव और पर्वों की जो प्रणाली परंपरागत चली आ रही है, उसी से लोक संस्कृति का संपादन हुआ है। इस प्रशस्त प्रणाली ने भारतीय जीवन, भारतीय संस्कृति और भारत देश को प्राणवान एवं जाग्रत बनाए रखने में बड़ा योग दिया है।'[१५२] आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'भोजपुरी-गद्दी लोक गीतों का परिचय' की भूमिका में लिखा है, 'ग्राम गीतों का समस्त महत्त्व उनके काव्य-सौंदर्य तक ही सीमित नहीं है। इनका एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य है, एक विशाल सभ्यता का उद्घाटन जो अब तक या तो विस्मृति के समुद्र में डूबी हुई या ग़लत समझ ली गई है।......आज भी लोकाचार, स्त्री-आचार, पौराणिक परंपरादि के रूप में वर्तमान है। ग्राम-गीत इस सभ्यता के वेद (श्रुति) हैं। वेद भी तो अपने आरंभिक युग में श्रुति कहलाते थे। सौभाग्यवश वेद ने बाद में श्रुति से उतर कर लिपि का रूप धारण कर लिया, पर हमारे लोक-गीत अब भी श्रुति ही हैं, जिस प्रकार वेदों द्वारा आर्य-सभ्यता का ज्ञान होता है, उसी प्रकार ग्राम-गीतों द्वारा आर्य-पूर्व-सभ्यता का ज्ञान होता है। ईंट पत्थर के प्रेमी विद्वान यदि धृष्टता न समझें तो ज़ोर देकर कहा जा सकता है कि ग्राम-गीत का महत्त्व मोहेंजोदड़ो से कहीं अधिक है। मोहेन्जोदड़ो सरीखे भग्न-स्तूप ग्राम-गीतों के भाष्य का काम दे सकते हैं।'[१५३]

लोक काव्य तथा संत काव्य- मूलभेद

इतना होते हुए भी लोक गीतों तथा संत-काव्य में एक मूलभूत अंतर है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, 'संत-काव्य की परंपरा प्राकृत-काव्य

१५१- कबीर साहित्य की परख डि०सं० अध्याय-संत-काव्य की परंपरा, पृ २०-२१

१५२- लोक गीतों की सामाजिक व्याख्या- पृ० १६ पर उद्धृत।

१५३- वही पृ० २० पर उद्धृत।

की परंपरा है, और अभिजात काव्य अधिकतर कल्पनाप्रसूत रचनाओं की प्रणाली है। काव्य प्रथम में जहां हमारी आदिम मनोवृत्तियों का सरल और विशुद्ध रूप दीख पड़ता है, वहां द्वितीय में बहुत कुछ कृत्रिमता का समावेश रहता है। प्राकृत-काव्य तथा शिष्ट या कलात्मक काव्य के बीच इस प्रकार का अन्तर देख कर ही संत-काव्य को प्रथम परिगणित कोटि में रखने की प्रवृत्ति होती है। फिर भी यह काव्य प्राकृत-काव्य के उस वर्ग में आता नहीं जान पड़ता, जिसे लोक-गीत कहा करते हैं। कुछ आलोचकों की धारणा है, कि हिन्दी साहित्य की निर्गुणधारा की संज्ञा से अभिहित संपूर्ण बानी एक लोक-गीत वर्ग का है। और वे अतिपय कारणों की ओर लक्ष्य करते हुए यहां तक कह डालते हैं, कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि हिन्दी साहित्य की निर्गुणधारा लोक-गीतों का ही विकसित रूप है। किन्तु ऐसे लेखक लोग लोक-गीत की उन विशेषताओं की ओर कदाचित पूरा ध्यान नहीं देते, जो उसे सन्त-काव्य से भिन्न सिद्ध कर देती हैं। लोक-गीत वस्तुतः किसी समाज विशेष के हृदय और मस्तिष्क की अभिव्यक्ति करता है, और उसमें काव्य-निर्माता के व्यक्तित्व का सर्वथा अभाव रहा करता है। जहां संत-काव्य स्वभावतः किसी संत की स्वानुभूति का निदर्शन करता है, इस कारण प्राकृत काव्य का रूप धारण करता हुआ भी वह अपनी कर्तृ-प्रधानता एवं आत्माभिव्यंजना (subjectivity and self expression) की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का सर्वथा त्याग नहीं कर पाता। इसके सिवाय लोक गीत का नाम रूप बहुधा श्रुति और मौखिक परंपरा द्वारा उपलब्ध होता है और उसमें अधिकतर प्रेम-परक या रसात्मक स्थलों का भी समावेश रहा करता है, जहां संत-काव्य के लिये ये बातें आवश्यक नहीं हैं, और इस में बहुधा धार्मिकता का पुट भी मिल जाया करता है।[१५४]

आदि ग्रंथ का बहुत सा काव्य जिस के प्रकारों का ऊपर उल्लेख किया गया है लोक-काव्य के प्रकारों से प्रेरणा लेता हुआ भी अ-लौकिक मंडलों में विहार करता है, और इसी परंपद की प्राप्ति के लिये विधि-विधान प्रस्तुत करता है, और इसी कारण वह वाणी गुरु की बाणी आई। जिनि सगली चिंत मिटाई,[१५५] की पदवी को प्राप्त होती है। जब कि

१५४- कबीर साहित्य की परख- पृ० २१

१५५- सोरठ म: ५ आ०ग्रं० पृ० ६२८

लोक काव्य लौकिक जीवन से प्रस्फुटित होकर, उसी जीवन के सामाजिक सांस्कृतिक तथा सम्प्रदायिक आचार-व्यवहार की अभिव्यंजना करता है। आदि ग्रंथ के रचयिताओं की स्वानुभूति एवं साधना का प्रभाव इस काव्य पर प्रत्यक्ष परिलक्षित है जैसा कि अन्तः साक्ष्य से सिद्ध होता है। सन्तों ने अपने पूर्ववर्ती सन्तों का नाम बड़ी श्रद्धा से लिया है और भाट-कवियों ने गुरु व्यक्तियों का स्तुति गान किया है। सन्त-काव्य की लोक प्रियता उसके काव्यत्व की प्रचुरता पर निर्भर नहीं। वह जन साधारण के अंग बने कवियों (या क्रान्ति-दर्शी व्यक्तियों) की स्वानुभूति की यथार्थ अभिव्यक्ति है और उसकी भाषा जन साधारण की भाषा है। उसमें साधारण जन-सुलभ प्रतीकों के ही प्रयोग हैं और वह जनजीवन को स्पर्श करता है। वह सभी प्रकार से जन काव्य कहलाने के योग्य है जिस कारण उसकी परंपरा की छोरें अमित आत्मक उपलब्धि समझी जा सकती हैं।[१५६]

१५६- कबीर साहित्य की परख पृ० २१-२२

(ख) गुरु ग्रंथ की छन्द योजना।

लोक काव्य से अधिकाधिक प्रेरणा प्राप्त करता हुआ भी गुरु ग्रंथ-काव्य शास्त्रीय छन्दानुशासन का पालन करने में किसी शिष्ट अथवा अभिजात काव्य रचना से पीछे नहीं। लोक-काव्य अथवा प्रकृत-काव्य प्रकृति का धारणीय होने के कारण संत-काव्य छन्दानुशासन के बन्धनों से कहीं कहीं स्वच्छन्दता अवश्य ग्रहण करता है। फिर भी जहां तक अध्यात्मक-साहित्य का संबंध है, जिस काव्य-सौष्ठव से संगीत-रस-ताल तथा नाद की सहायता आदि ग्रंथ के काव्य में ली गई है, उसके उदाहरण और कहीं नहीं मिलते। हिन्दू पिंगल का कोई छन्द ऐसा होगा, जिसका चमत्कार यहां प्रकाशित न हुआ हो।[१५७] जिस प्रकार वेद, पुराण, रामायण और अन्य काव्य ग्रंथों में छन्दों के नामों का उल्लेख नहीं, किंतु विद्वान पाठक छंद की गति से जान लेते हैं कि यह अमुक जाति का छन्द है, वैसे ही श्री गुरु ग्रंथ साहिब में छन्दों के नाम (विशेष दो-चार स्थानों को छोड़कर) लिखे नहीं मिलते। छन्द शास्त्र के ज्ञाता ही इन छन्दों को पहचान कर गुरुवाणी का अधिक रसास्वादन कर सकते हैं।[१५८]

गुरु ग्रंथ काव्य में लोक तत्वों अथवा लोक गान शैलियों की परंपरा पर विचार करते समय हम गुरु ग्रंथ के छन्दानुशासन के विषय में इसके रचयिताओं की स्वच्छन्द रुचि का वर्णन करते हुए संकेत कर चुके हैं, कि कहीं कहीं जो मात्राओं की न्यूनाधिकता है, उसकी विषमता स्वर-लय-ताल अथवा संगीतक आलाप के कारण है। प्रिंसीपल तेजा[१५९] तथा भाई कान्ह सिंह नाभा[१६०] इस विषय पर सहमत हैं।

छन्द दो प्रकार के हैं। पहला वर्ग संस्कृत के वर्णिक छन्दों का है, जिन्हें वृत-छन्द की संज्ञा प्रदान की गई है और दूसरा वर्ग प्राकृत अथवा

१५७- श्री गुरु ग्रंथ साहिब दी साहित्तिक विशेषता- डा० गोपाल सिंह- पृ०१२८
१५८- गुरु छन्ददिवाकर- कान्ह सिंह नाभा पृ० २१
१५९- पंजाबी कवि शिरोमणी पृ ६६
१६०- गुरु छन्द दिवाकर पृ० २२

मात्रिक छन्दों का है जिन्हें जाति-छन्द कहा गया है।[१६१]

वृत्त-छन्द प्रत्येक चरण अथवा पंक्ति में प्रयुक्त वर्णों की गणना के आधार पर निर्मित होते हैं। इन्हें वार्णिक छन्द भी कहा जाता है। इनके तीन प्रकार माने गए हैं। (१) सम-वृत्त (२) अर्धवृत्त (३) विषम वृत्त। जिन छन्दों के प्रत्येक चरण में प्रयुक्त वर्णों की संख्या समान हो उन्हें सम-वृत्त, जिनके पहिले-तीसरे एवं दूसरे चौथे चरणों की वर्ण-संख्या असमान अथवा विषम हो उन्हें विषम-वृत्त कहा जाता है। जाति-छन्दों की रचना प्रत्येक चरण अथवा प्रत्येक पंक्ति में प्रयुक्त मात्राओं की गणना के आधार पर की जाती है। इनके दो भेद हैं। गण-छन्द तथा मात्रा-छन्द। गण-छन्द में चरणों के क्रमविधान पर ध्यान दिया जाता है। इन में मात्रा के साथ वर्ण-न्यास के एक पूर्व-निश्चित नियम का पालन किया जाता है। मात्रा-छन्द, शुद्ध रूप में मात्रिक होते हैं। चरणों की दृष्टि से ये मुक्त और स्वच्छन्द कहे जा सकते हैं।[१६२]

सिख गुरुओं तथा आदि ग्रंथ के भक्त कवियों की वाणी में अधिकतर मात्रिक छन्दों की प्रधानता है। और हिन्दी तथा पंजाबी काव्य में भी इन्हीं मात्रिक छन्दों की ही परंपरा का अनुकरण हुआ है।[१६३] भारतीय भाषाओं में अपभ्रंश कालोत्तर मात्रिक छन्दों का ही विशेष उपयोग किया गया है। दोहा, चौपाई, रोला, सोरठा, और छप्पय आदि का व्यवहार प्रबंध काव्यों की रचना में किया गया है। दोहा, कुंडलिया छप्पय एवं सवैया आदि छन्द मुक्तक काव्यों की रचना में प्रयुक्त हुए हैं।[१६४] यह छन्द सन्त काव्य के भी प्रिय छन्द थे। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, 'पदों-साखियों (दोहों) एवं रमैनियों के पीछे जिन छन्दों का अधिक प्रचार संत काव्य में पहले पहल आरम्भ हुआ, वे सवैया, कवित्त, छप्पय, अरिल्ल कुंडलिया और निभंगी थे।[१६५] अपने ग्रंथ हिन्दी साहित्य की परंपरा में श्री हंस राज अग्रवाल लिखते हैं, 'संत-साहित्य की रचनाओं में साखी और शब्द को अपनाया गया है। साखी (साक्षी) का छन्द

१६१- एस०एच० केलाग: द ग्रामर आव द हिंदी लैंग्वेज लन्दन- १९३८ पृ० [illegible]
परसे हिन्दी भक्ति काव्य में लोक तत्त्व पृ० १६३ पर उद्धृत।

१६२- हिन्दी भक्ति काव्य में लोक तत्त्व पृ० १६३-१६४।

दोहा है, जिसका प्रयोग प्राचीन हिन्दी तथा अपभ्रंश साहित्य में पर्याप्त किया गया है। शुद्ध साहित्यिक शैली न होकर प्रादेशिक शैली थी और इसका अधिक प्रयोग जन-साहित्य में लोक गीतों के लिये हुआ है। भाषा, छन्द तथा वर्णन शैली की दृष्टि से संत कवि अपने समय की प्रचलित साहित्यिक शैली का अनुसरण नहीं कर रहे थे।[१६६] उपर्युक्त विवेचन से यह बात स्पष्ट है, कि किस प्रकार आदि ग्रंथ के बाहिर के सन्त-काव्य में मात्रिक छन्दों का उपयोग हुआ है। इन छन्दों की परंपरा का जो अनुकरण आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने किया है, उसका अध्ययन नीचे प्रस्तुत किया जाता है।

(१) दोहा

गुरुवर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी लिखते हैं:-

संस्कृत में भी दोहे लिखे गए हैं और गाथाएं भी लिखी गई हैं, और प्राकृत में भी संस्कृत छन्दों का व्यवहार हुआ है। दोहे का भी कहीं न कहीं मिल ही जायेगा। परन्तु सचाई यही है कि श्लोक संस्कृत का, गाथा प्राकृत का और दोहा अपभ्रंश का अपना छन्द है। माइल्ल धवल नामक कवि ने दव्वसहावपयास (द्रव्यस्वभावप्रकाश) नामक ग्रंथ को पहले दोहा बंध (अर्थात अपभ्रंश) में देखा था। लोग उनकी हंसी उड़ाते थे (शायद इसलिये कि अपभ्रंश गंवारू भाषा थी), तो उन्होंने गाहाबंध (प्राकृत) में कर दिया। स्पष्ट ही दोहाबन्ध का अर्थ अपभ्रंश है और गाहाबंध का प्राकृत।

डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी अपने उपर्युक्त वक्तव्य को जारी रखते हुए दोहा-छन्द के विषय में कहते हैं: पहले पहल यह सहज छन्द कब बना था- यह कहना कठिन है। विक्रमोर्वशीय में दोहा-छन्द अपभ्रंश भाषा में ही निबद्ध है:-

---

१६३- गुरुमति साहित्यांक - पंजाबी दुनिया-जनवरी फरवरी,१९६५,शमशेर सिंह अशोक (गुरु ग्रंथ का छन्द प्रबंध, पृ० ७०)

१६४- हिन्दी भक्ति काव्य में लोक तत्व- १६५

१६५- संत काव्य-पृ० १ ५ (भूमिका)

१६६- हिन्दी साहित्य की परंपरा- ८०

मइं जाणिअं मिअलोयणी णिसअरु कोई हरेइ।

जाव ण णव तलि सामल, धाराहरु वरसेइ।

विक्रमोर्वशीय, चतुर्थ अंक

अर्थात मैं ने समझा था कि कोई निशाचर मृगलोचनी को हरण किए जा रहा है, लेकिन यह मेरी गलती थी। इस गलती को मैं ने तब महसूस किया जब कि नवीन विद्युत से संयुक्त श्यामल मेघ बरसने लगे।

जैकोबी का कहना था कि यह भाषा कालिदास की नहीं हो सकती। अर्थात यह प्रक्षिप्त है। भाव के बारे में भी किसी- किसी को संदेह है। इसी शब्दावली से मिलता जुलता दोहा हेम चन्द्र के व्याकरण में भी है।

मइ जाणिउं प्रियविरहियहं, कवि धर होइ विआलि।

णवर मियंकु वि तिह तवइ, जिह दिणयरु खयगालि।

हेम चन्द्र ०४

अर्थात मैं ने समझा था कि प्रिय-विरहिता नारियों को कम से कम सायंकाल कुछ सहारा मिल जाता होगा। पर यहां तो मृगांक भी इस भांति तपता है जैसे प्रलय काल में सूर्य हो।[१६७]

कालिदास के अपभ्रंश के दोहे को प्रक्षिप्त मानने का विचार हमें तो युक्तिसंगत नहीं लगा। कालिदास संस्कृत ग्रंथों के रचयिता था, परन्तु इसका यह भाव नहीं कि उसकाल में अपभ्रंशका यह रूप विद्यमान् नहीं था। और संस्कृत काव्य (गीत गोविंद) का रचयिता जयदेव यदि आदि ग्रंथ वाले अपभ्रंश के पद लिख सकता है, तो कालिदास का दोहा प्रक्षिप्त कैसे हो सकता है। द्विवेदी जी कहते हैं, यह दोहा कालिदास में प्रक्षिप्त हो या न हो, इसमें कोई संदेह नहीं कि अपभ्रंश का साहित्य पांचवीं- छटी शताब्दी में काफी मात्रा में वर्तमान था।[१६८]

डा० नामवरसिंह अपने एक ग्रंथ में लिखते हैं, जो हो कालिदास के नाटक मे उन ललित छन्दों का स्थान पाना कम महत्त्वपूर्ण नहीं है, और दीर्घ

१६७- हिन्दी साहित्य का आदिकाल पृ० ६८-६९

१६८- वही० पृ० ६६

परंपरा से उन्हें विक्रमोर्वशीय नाटक का अंग, समझा जा रहा है। ईसा की पांचवीं शताब्दी में वैसी भाषा में नाटक का पाया जाना कोई असंभव बात नहीं है। संभव है यह कोई लोक-गीत रहा हो जिस के माधुर्य से प्रभावित होकर कवि ने अपने नाटक में उसका उपयोग कर लिया हो।[१६६]

दोहा छन्द का आदि ग्रंथ में बहुत उपयोग किया गया है। आदि ग्रंथ की आरंभ की रचना जो गुरु नानक देव की है, दोहा छन्द (१३ + ११) मात्राओं में है।

सोचै सोचि न होवई जे सोची लखवार।

गुरु ग्रंथों की वारों की पौड़ियों के साथ जितने श्लोक आये हैं, उनमें अधिक का छन्द दोहा ही है, वाहे अन्य छन्द भी इन श्लोकों में आये हैं। कई वारों की पौड़ियों का छन्द भी दोहा है, जैसे आसा की वार (म:१) की २४ पौड़ियों का मूल छन्द १३ +११ मात्राओं का दोहा छन्द है। परन्तु कुछ पंक्तियों को छोड़कर पिछले चरण से आगे पीछे दो दो मात्राएं बढ़ाकर १५ कर दी गई हैं। अन्तिम पंक्ति आधी १५ मात्राओं की है- यथा:

नानक जीआ उपाइ कै (लिख) नावै धरम बहालिआ १३+(२)+१३
ओथै सचो ही सचि निबड़ै (चुणि) वखकढे जजमालिआ १३+(२)+१३

माझ राग में गुरु अर्जुन देव के बारहमाह का छन्द भी दोहा है। गौड़ी राग में बावन अखरी के सलोकों का छन्द दोहा है। सुखमनी के सलोकों का छन्द भी दोहा है। सलोक फरीद, कबीर तथा सलोक वारां तो वधीक का तोलदोहा है। चौबोले ११ हैं, जिनके रचयिता भी गुरु अर्जुन देव हैं, इनका प्रत्येक पद एक दोहा है।[१७०]

ऊपर हम देख चुके है कि आदि ग्रंथ में दोहा छन्द का उपयोग मुख्यत: दो प्रकार से किया गया है- एक तो स्वतंत्र रूप से काव्य रचना के लिये, दूसरे प्रबंध काव्यों में यथा सुखमनी तथा वारों की पौड़ियों के अन्त में। गुरु

१६६- हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योग, नामवर सिंह १९५४ पृ० २०

१७०- पंजाबी काव शिरोमणी पृ० १३३, ३४

71- This (Doha) is at present the most popular and common of ---- metres. It is much used by Tulsi Das, Kabir (cont).

अंगद देव ने केवल ६२ दोहे ही लिखे हैं और उनकी कोई रचना नहीं।

दोहा हिन्दी साहित्य का एक अत्यन्त प्रिय और सर्वाधिक प्रचलित छन्द रहा है।[१७१] आदि ग्रंथ में दो चरण, प्रति चरण २४ मात्राएं (१३+११) तथा अंत गुरु लघु वाले दोहे का सब से अधिक उपयोग है। अपभ्रंश का जो दोहा साहित्य जो आज उपलब्ध है, वह हिन्दी के परवर्ती साहित्य के प्रत्येक रूप की वास्तविक पृष्ठभूमि है। वीरगाथा काल के वीर-रस-प्रधान एवं दर्पोक्ति पूर्ण दोहे, भक्तिकाल के नीति, धर्म और ज्ञानोपदेश परक दोहे, रीतिकाल के शृंगार रस की मधुर भावनाओं से ओत प्रोत दोहे, सब के सब भावाभिव्यक्ति और छन्दसिक पद्धति की दृष्टि से अपभ्रंश के ऋणी हैं।[१७२] उदाहरण के लिये अपभ्रंश साहित्य से वीरता व्यंजक, शृंगार व्यंजक, शृंगार परक और ज्ञानोपदेश संबंधी कुछ दोहे दिए जाते हैं।[१७३]

१- <u>वीरता परक</u>

भल्ला हुआ जु मारिआ बहिणि महारा कन्तु।
लज्जेज्जन्तु वयंसिअहु जई भग्गा घरु एन्तु। (३५१-१)

(हे बहिन ! अच्छा हुआ कि मेरे कान्त मारे गए।
यदि वे भाग कर घर आते तो मैं समवयस्काओं (सखियों)
के बीच लज्जित होती)

२- <u>शृंगार परक</u>

वायसु उड्डावन्तिअए पिउ दिट्ठउ सहसत्ति।
अद्धा वलया महिहि गय, अद्धा फुट्ट तडत्ति। (३५२-१)
(कौए को उड़ाती हुई (प्रिया) ने अचानक अपने प्रियतम को सम्मुख देखा तो, उसका आधा वलय धरती पर गिर गया और आधा तड़क कर फूट गया)

१७१-

१७२- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक-तत्व पृ० १६६

१७३- सिद्ध हेम चन्द्र प्राकृतव्याकरण, बी०ओ०आर०आई, पूना-१९३६ से हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व पृ० १६६ उद्धृत

३- ज्ञानोपदेश संबंधी

जे गुण गोवइ अप्पणा पयडा करइ परस्सु ।
तसु हउं कलिजुगि दुल्लहइ हो बलि किज्जउं सुजणस्सु ।। (३३८-१)
(जो अपना गुण छिपाता है और दूसरे का प्रकट करता है,
कलियुग में उस सुजन की मैं बलि जाता हूं।)

विद्वानों ने इन अपभ्रंश के दोहों को लोक भाषा में होते हुए भी एक साहित्यिक परंपरा की वस्तु माना है। किन्तु दोहे की कोई लौकिक परंपरा उपलब्ध न हो ऐसी बात भी नहीं है। राजस्थान में प्रचलित अनेक दोहागान इस छन्द की किसी विशाल मौखिक परंपरा की ओर संकेत करते हैं। राजस्थानी लोक काव्य ढोला-मारू मुख्यत: दोहा छन्द में ही उपलब्ध है और काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित 'ढोला-मारू रा-दूहा' के संपादकों ने इसे एक जनप्रिय लोक-गीत कहा है।[१७४] पंडित मोती लाल मेनारिया ने डिंगल में प्रचलित दोहों के पांच भेद बतलाए हैं।[१७५] इन के नाम इस प्रकार हैं- दूहो, सोरठियो दूहो, बड़ो दूहो, तंबूरी दूहो और खोड़ो दूहो। ये सभी प्रकार के दोहे राजस्थानी साहित्य की अमूल्य निधि है, और वहां के लोक-मानस का वास्तविक प्रतिनिधित्व करते हैं। इनमें लोक जीवन की सहजता और सरसता समान रूप से सुरक्षित है। ढोला-मारू के कुछ दोहे यहां उदाहरणार्थ प्रस्तुत हैं:

(क) सखि ए सज्जण वल्लहा, जइ अण दिट्ठा तोइ ।
खिण-खिण अन्तर संभरइ नहीं विसारइ सोइ- २३
(हे सखि- यद्यपि वल्लभप्रिय अदेखे हैं, तो भी मेरा हृदय
उन्हें क्षण क्षण स्मरण करता रहता है, और उन्हें
भुलाता नहीं)

१७४- ढोला-मारू रा-दूहा नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, सं०१९९१-
पृ० ४१,५७

१७५- राजस्थानी भाषा और साहित्य, प्रयाग सं० २००८ पृ० ८१

(ख) बाबहियउ नइ विरहणी, दुहवां एक सहाव।
जबहि बरसइ घण घणउ, तब ही कहइ प्रियाव ।। -२७

(पपीहा और विरहिणी दोनों का स्वभाव एक ही है,
मेघ जब जब बरसता है, तब तब ये दोनों प्रिय ! प्रिय !!
पुकारते हैं।)

(ग) पंथी एक संदेसड़उ, लग ढोलइ पैहच्याइ।
जोबन खीरसमंद हुअ, रतन कुकाढ़इ आइ ।। १३१

(हे पथिक एक संदेश ढोला तक पहुंचा दो, यौवन क्षीर सिंधु हो गया है, वह आकर रत्न को निकाले)

प्रश्न यह उठता है कि क्या दोहा कोई लोक-छन्द है? विद्वानों ने अपभ्रंश का प्रिय छन्द होने के कारण उसे लोक-भाषा का छन्द भी कहने की अनुमति दी है।[१७६] जैसे कि ऊपर कहा जा चुका है, राजस्थान के जीवन में उसकी एक विशाल मौखिक परंपरा भी सुरक्षित है, किन्तु यह बतला सकना कठिन है कि प्रस्तुत छन्द का मूल स्रोत कहां है, और कब से इसने सहृदयों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया? संस्कृत के वर्णिक छन्दों से टक्कर लेने वाले इस तुकपूर्ण नवीन मात्रिक छन्द की कारीगरी का प्रचलन सबसे पहले अपभ्रंश ने किया था। संस्कृत प्राकृत में तुक मिलाने की प्रथा नहीं थी। दोहा, वह पहला छन्द है, जिसने इस नवीन ... शैली का अविष्कार किया। आगे चलकर एक भी ऐसी अपभ्रंश कविता नहीं लिखी गई जिसमें तुक मिलाने की प्रथा न हो। इस प्रकार अपभ्रंश भाषा नवीन छन्द लेकर ही नहीं आई, बिल्कुल नवीन साहित्यिक कारीगरी लेकर भी आविर्भूत हुई।[१७७] कीथ महोदय का मत है, कि यह काव्य-शैली लोक गानों से आई हुई जान पड़ती है। क्योंकि उन्होंने मात्रिक छन्दों को लोक काव्य और लोक गानों की उपज माना है। दोहा अपभ्रंश भाषा की देन होने के कारण तथा अपभ्रंश लोक भाषा होने से दोहा छन्द[१७८] को मात्रिक छन्दों में सब से पहला

१७६- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व-पृ० १६८

१७७- डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी -हिन्दी साहित्य का आदिकाल पटना, १६५७ पृ० १००

१७८- ए०बी०कीथ: ए हिस्ट्री आव संस्कृत लिटरेचर, लंदन १६४८ पृ० ४१८

आया माना जा सकता है।[१७६] जैसे पहले कहा जा चुका है अपभ्रंश का साहित्य पांचवी छठी शताब्दी में काफी मात्रा में वर्तमान था। नाट्य शास्त्र में जिस उकारबहुला भाषा को आभारों से संबंधित किया गया है, वह अपभ्रंश ही थी। दण्डी ने भी आभीरादि की वाणी को अपभ्रंश कहा है, तथा प्राकृत पैंगलम में एक विशेष छन्द को आभीर या अहीर नाम दिया गया है। इस आभीर या अहीर छन्द में दोहा के द्वितीय और चतुर्थ चरण समान ग्यारह मात्राओं के चार समान चरण होते हैं। इस छन्द का लक्षण इसी छन्द में इस प्रकार है:

ग्यारह मत्त करीज, अन्त पयोहर दीज।
एहु सुछंद अहीर, जंपइ पिंगल धीर ।। प्राकृत पैंगलम् ।

सो इस का कुछ संबंध दोहे से जोड़ा जा सकता है। आधुनिक अहीरों के अत्यन्त प्रिय विरहा गान का आधार मूलत: दोहा छन्द ही है।[१८०]

डा० रवीन्द्र भ्रमर ने, लोक गीतों के साथ पंक्तिबद्ध किये जाने वाले इस लोक भाषा तथा लोक परंपरा के छन्द को लोक- छन्द माना है।[१८१]

लोक- कल्याणहित संपादित आदि ग्रंथ में इस लोक छन्द की इतनी लोक प्रियता इस बात से सिद्ध है कि आदि ग्रंथ का आरंभ दोहा से होता है।

सोचै सोचि न होवई, जे सोची लखवार ।।
चुपै चुप न होवई जे लाइ रहा लिवतार ।।[१८२]

तथा इस महान् ग्रंथ की समाप्ति भी इसी छन्द में रची वाणी से हुई है। रागमाला से पूर्व जहां गुरुवाणी समाप्त होती है। उस से पूर्व की रचनाएं दोहा छन्द में हैं।

(१) सलोक सेख फरीद तथा श्री कबीर एवंम:५ के पउलोके दोहा छन्द में हैं।[१८३]
(२) सलोक वारां ते वधीक म: १,३,४,५,६ अधिक का छन्द दोहा छन्द है।[१८४]
(३) मुंदावणी म:५ (पहेलो) दोहा छन्द में है।[१८५]

१७६- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व- पृ०१६६
१८०- हिन्दी साहित्य का आदिकाल- ६६
१८१- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व- १६६
१८२- आ०ग्र० पृ० १

२- चौपाई

आदि ग्रंथ का यह सर्वप्रिय छन्द, जिसका दोहे के पश्चात नाम लिया जा सकता है, वह चौपाई है। जपुजी साहब जो गुरु ग्रंथ में आरम्भ के पृष्ठों पर संकलित है, उसकी पहली दो पौड़ियों का छन्द दोहा है, परन्तु तीसरी पौड़ी का छन्द चौपाई है। लोक गातों से संबंध होने के कारण गुरुवाणी छन्दानुशासन के विषय में कुछ स्वछन्दता ग्रहण करती है।[१८६] अत: जपुजी की तीसरी पौड़ी में व्यवहृत चौपाई छन्द में कुछ अधिक स्वछन्दता ली गई है। जपुजी की पांचवां पौड़ी की प्रथम छ: पंक्तियां चौपाई छन्द में हैं। जपुजी की सुणिऐ सिध पीर सुरिनाथ से आरंभ होने वाली (८-११) चार पौड़ियां तथा मंने की गति कही न जाइ वाली (१२-१५ चार पौड़ियां चौपाई छन्द में निबद्ध हैं। १६-२० तक फिर चौपाई छन्द का उपयोग है। इसी प्रकार पौड़ी संख्या २४,२५,२६,३१ (पहली चार पंक्तियां) तथा ३३ से ३८ सब चौपाई छन्द में हैं। गुरु नानक की सिध गोसट (११वें पद से) तथा दखणी (दक्षिणी) औंकार में भी चौपाई छन्द का प्रयोग हुआ है। म: १ की आसा राग की २२ अष्टपदियों में से पहली दस, राग सूही में पांच अष्टपदियों में से प्रथम अष्टपदी, बिलावल की दो अष्टपदियाँ ——— तथा रामकली राग में नौ अष्टपदियों में से २ से ६ तक, चौपाई छन्द में निबद्ध हैं। उनकी आसा की वार में चौपाई छन्द का पर्याप्त उपयोग हुआ है। बिलावल राग में म: १ की रचना थिति का तोल भी चौपाई छन्द का ही है। म: १ का प्रथम सहसकृती सलोक भी चौपाई छन्द में है। यह सलोक आसाकी वार में भी आया है।

पढ़ि पुस्तक संधिआ बादं । सिल पूजसि बगुल समाधं।

राग गउड़ी में जहां तक देखा गया है, चौपाई छन्द का सब से अधिक उपयोग हुआ है। म: ५ की 'गउड़ी सुखमनी' तथा 'गउड़ी बावन अखरी' की पौड़ियों का यही छन्द है। गुरु अर्जुन के छन्द प्रबंध पर टिप्पणी करते हुए सन्त सिंह सेखों

१८३- १३६३ से १३८५ तक ।

१८४- आ. ग्र. पृ० १४१०-१४२६।

१८५- थाल विचि तिनि वसत पइओ, सतु संतोख वीचारो। अंम्रित नामु ठाकुर का पइओ जिसका सभसु अधारो ।। आ. ग्र. पृ: १४२६

लिखते हैं, 'राग गउड़ी में तोल चौपाई का है।[187]

आदि ग्रंथ में इस प्रकार चौपाई छन्द का प्रयोग भी पर्याप्त मात्रा में हुआ है। दोहे, सलोकों के रूप में पृथक भी आये हैं और दोहा-चौपाई का एक साथ भी प्रयोग हुआ है जैसे बावनी, असुपदी, गउड़ी सुखमनी, सिध गोसटि आदि रचनाओं में। यह सब प्रबंध काव्य के उदाहरण हैं। आदि ग्रंथ में सूफी अथवा सगुण भक्त कवियों की भांति किसी चरित काव्य की परंपरा का अनुसरण नहीं हुआ, किन्तु उक्त प्रबन्ध काव्य की दोहा-चौपाई शैली की रचनाओं का इसी परंपरा के अंतर्गत सृजन हुआ। चौपाई छोटा छन्द है, वह कथानक को सहज ही जोड़ देता है। अपभ्रंश के आरंभ काल से ही इस छन्द के इस गुण को समझा जाने लगा था, परन्तु इसकी ठीक ठीक प्रकृति जानने में कुछ समय लगा।[188] जायसी आदि सूफी कवियों ने इस प्रथा का अवलंबन किया था, परन्तु बीजरूप में यह प्रथा बौद्ध-सिद्धों की रचना में मिल जाती है। सरहपा ने लिखा है:

पंडिअ सअल सत्थ बक्खाणइ। देहहि बुद्ध बसन्त ण जाणइ।
गमणागमणन तेन विखण्डिअ। तो विणिलज्ज भणइ हउं पण्डिअ।
जीवन्तह जो नउ जरइ, सो अजरामर होइ।
गुरु उवएसे विमल मइ, सो पर धण्णा होइ।

(पंडित सकल शास्त्रों को ले बखानता है, पर देह में जो बुद्ध बसते हैं, यह नहीं जानता। उसने आवागमन को तो खंडित नहीं किया तो भी वह निर्लज्ज कहा करता है कि मैं पंडित हूं। जो जीते जी जीर्ण नहीं होता, वही अजर अमर है, गुरु उपदेश से जो विमल गति को प्राप्त होगया है वही धन्य है।)[189]

१८६- पंजाबी काव की काव शिरोमणी सेखों-६६

१८७- पंजाबी काव शिरोमणी- १७०

१८८- हिन्दी साहित्य का आदि काल- पृ० १०१

१८९- हिन्दी साहित्य का आदि काल। पृ: १०१

दोहा चौपाइयों का एक अन्य काव्य रूप भी नाथ पन्थी बानियों तथा कबीर पंथी ग्रंथों में मिलता है। वह है प्रश्नोत्तरी। गुरु और शिष्य दो समान प्रतिष्ठा के आचार्यों में तत्व-दर्शन साधना-पद्धति आदि के गहन तत्वों पर जो वार्ता होती है, उसे प्रश्नोत्तरी के रूप में दोहा-चौपाइयों में प्रस्तुत किया जाता है। मछींद्र-गोरख-बोध तथा गोरख-दत्त-गुष्टि(गोरखबानी में संगृहीत) इसी प्रकार की कृतियां हैं।[१९०] डा० धर्मवीर भारती इसकाव्य शैली के संबंध में सन्त-साहित्य पर विचार करते हुए लिखते हैं, 'सन्तों के भी तक उपलब्ध साहित्य में यह प्रश्नोत्तरी शैली नहीं मिली है, किन्तु पश्चिमी तथा पूर्वी लौकिक अपभ्रंश साहित्य में यह शैली बहुत प्रचलित थी।[१९१] संभवत: डा० भारती का ध्यान आदि ग्रंथ में गुरु नानक की 'सिध गोसटि' की ओर नहीं गया। जिसका कलेवर एवं प्रेरणा मछीन्द्र गोरख बोध से प्राप्त हुए हैं, जैसा कि हम लौकिक काव्य रूपों में, 'गोष्टी' शीर्षक के अन्तर्गत दोनों रचनाओं की पारस्परिक तुलना करके सिद्ध कर चुके हैं। गुरु ग्रंथ की इस गोष्टी में भी दोहा चौपाई का प्रयोग हुआ है। गुरु ग्रंथ की यह गोष्टी तथा गोरख बानी की यह काव्य शैली दोनों किसी दीर्घकालीन प्राचीन परंपरा का अनुसरण करती हैं। इन नाथों की रचनाओं से पूर्व ७९० ई० में स्वयम्भू देव की रामायण चौपाई छन्द में ही है। इसमें आठ-आठ पंक्तियों (अर्धालियों) के पश्चात् दोहे या किसी अन्य छन्द में घत्ता होने की प्रथा का पालन किया गया है। इस रचना से कुछ अर्धालियां उदाहरण स्वरूप अवतरित की जा रही हैं।[१९२]

अक्खर वास- जलोह- मणोहर । सुअलंकार छंद-मच्छोदर।
दीह समास पवाहा वंकिय ।सक्कय पायय पुलिणालंकिय।

कुछ विद्वानों ने स्वयंभु रामायण की-ये अर्धालियां वस्तुत: अरिल्ल छन्द में मानी है। और कहा है कि अपभ्रंश साहित्य में चौपाई के नाम पर अधिकतर 'अरिल्ल' का ही व्यवहार किया गया है। किन्तु छन्द की दृष्टि से अरिल्ल और 'चौपाई' में कोई विशेष अन्तर नहीं है। दोनों छन्दों के प्रत्येक चरण में मात्राएं

१९०- सिद्ध साहित्य- डा० धर्मवीर भारती पृ० ४७१-७२

१९१- वही पृ० ४७२

१९२- राहुल सांकृत्यायन: हिन्दी काव्य धारा, इलाहाबाद पृ २२ तथा २६

सोलह होती है। अरिल्ल के अन्त में दो लघु (।।) होते हैं जबकि चौपाई के अन्त में दो गुरु (ऽऽ) होने चाहिएं। हिन्दी में लघ्वंत चौपाइयों के उदाहरण भी यत्र-तत्र उपलब्ध हो जाते हैं, पर वे अपवाद हैं।[163]

लघ्वंत तथा गुर्वन्त चउपई अथवा चौपाई छन्द के विषय में डा० नामवर सिंह का वक्तव्य भी उल्लेखनीय है। वे लिखते हैं जिनचन्द्र सूरि की चउपई हिन्दी में जायसी आदि द्वारा प्रयुक्त तथा पिंगलाचार्य द्वारा स्वीकृत चौपई ही है। ऐसा प्रतीत होता है कि जिस प्रकार 'चौपई' शब्द में एक मात्रा बढ़ा कर चौपाई शब्द बना लिया गया, उसी प्रकार चौपई छन्द के अन्त में एक मात्रा बढ़ाकर 'चौपाई' छन्द गढ़ लिया गया। आरंभ में यह छन्द संभवत: चौपई ही था, परन्तु गाने के क्रम में संभवत: यह लघ्वंत से गुर्वन्त हो गया। जायसी में तो प्राय: लेकिन तुलसी में कहीं कहीं चौपाइयों के बीच में एकाध अर्धाली चौपई की भी आ जाती है।[164] अवधी की लघ्वंत प्रवृत्ति के अनुसार आरंभ में शायद उस भाषा में चौपई का ही प्रचार रहा होगा।[164]

आदि ग्रंथ में चौपाई तथा चौपई दोनों का उपयोग हुआ है। एक ही छन्द की भिन्न भिन्न अर्धालियां चौपाई तथा चौपई छन्द में लिखी गई हैं। यथा:

सिध गोसट

१- कवनु सु गुपता कवन सु मुकता। कवनु सु अंतरि बाहरि जुगता।
चौपाई

२- कवनु सु आवै कवनु सु जाइ। कवनु सु त्रिभवणि रहिआ समाइ।
चौपई

३- घरि घरि गुपता गुरमुखि मुकता। अंतरि बाहरि सबदि सुजुगता।
चौपाई

163- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्त्व- १७१

164- हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का योग: पृ:३०२-३०३

165- आ.ग्र. सिध गोसट म: १ पृ:९३६।

४- मनमुखि बिनसै आवै जाइ। नानक गुरमुखि साचि समाइ ।
॥ चौपई ॥

यह प्रवृत्ति जायसी तथा गुरु नानक में ही नहीं उनके समसामयिक कबीर में भी विद्यमान् है। उसने भी 'चौपाई' तथा 'चौपई' दोनों का एक साथ उपयोग किया है, और इस प्रवृत्ति की उनमें पर्याप्त प्रचुरता है।[१६६]

गउड़ी कबीर

जो जन परमिति पर मनु जाना। बातन ही बैकुंठ समाना। चौपाई॥
ना जाना बैकुंठ कहा ही। जानु जानु सभि कहहि तहही । चौपाई॥
जबलगु मनि बैकुंठ की आस। तब लगु होइ नही चरन निवास। चौपई ॥
कहु कबीर इहकहीऐ काहि। साध संगति बैकुंठै आहि॥ चौपई ॥

यह प्रवृत्ति आदि ग्रंथ के परवर्ती रचयिताओं की रचनाओं में भी देखी जा सकती है। जैसे गुरु अर्जुन देव की रचना गउड़ी सुखमनी को लीजिये:-

म: ५ सुखमनी सुख अंमृत प्रभ नामु। भगत जना के मनि बिस्रामु। चौपाई॥
प्रभकै सिमरनि गरभि न बसै। प्रभु के सिमरनि दूखुजमुनसै। चौपाई॥
प्रभु कै सिमरनि कालु परहरै। प्रभ कै सिमरनि दुसमनु टरै। चौपाई॥

प्रभ का सिमरनु साध कै संगि। सरब निधा नानक हरि रंगि। चौपई ॥
प्रभ कै सिमरनि रिधि सिधि नउनिधि। प्रभ कै सिमरनि गिआन
धिआन ततु बुधि। चौपई ॥

अन्तिम अर्धाली में मात्राएं पहिलियों की अपेक्षा अधिक हैं। चौपाई में १५ + १५ मात्राएं हैं। परन्तु कहीं १५ + १६ और अन्तिम में १६+ २० मात्राएं तथा लब्ध्वंत हैं। आदि ग्रंथ की यह छन्दों की मात्राओं की विषमता इसकी संगीतकता का कारण है। इस महान ग्रंथ में गुरु अर्जुन देव भैरउ राग में तथा बसन्त राग में दुपदे तथा चउपदे चौपाई छन्द में हैं। मलार राग में सात चउपदे एक तिपदा और बारह दुपदे हैं, जिनका छन्द चौपाई है। सारंग के १७ चौपदे

१६६- अ. ग. पृ ० ३२५

और १२२ दुपदे भी चौपाई छन्द में हैं। कानड़ा में चउपदे, दुपदे और तिपदे हैं जिनका तोल चौपाई का है। कलिआन में दस दुपदे भी चौपाई छन्द में हैं। परभाती में १२ चउपदे और तीन दुपदे चौपाई छन्द में हैं।[१९७] गुरु ग्रंथ में दुपदे, तिपदे, चउपदे पंचपदे अथवा छिपदे घरु तथा महले के अनुसार क्रमानुसार हैं। अष्टपदियों का भी उपयोग हुआ है।[१९८]

काव्य रूपों तथा शैलियों का इस रूप में प्रयोग अपभ्रंश कवियों द्वारा किया गया भी बताया जाता है। अपभ्रंश कवियों ने जिन मात्रिक छन्दों का प्रयोग किया है उनमें उन्होंने स्वतन्त्रता का परिचय दिया है। चतुष्पदी छन्दों का कहीं छिपदी के समान कहीं आष्ट-पदी के समान, स्वेच्छा से प्रयोग किया है। किसी बंधन को उन्होंने स्वीकार नहीं किया।[१९९] आदि ग्रंथ के कवियों द्वारा छन्दों सम्बंधी बंधनों को स्वकार न करके कई स्थानों पर स्वतंत्रता को प्रदर्शित करना इसी परंपरा के अंतर्गत है।

३- सोरठा

आदि ग्रंथ में इस छन्द का प्रयोग भी अन्य छन्दों के बीच बीच में ही हुआ है। इसके लक्षण, तोल एवं गति को देखकर इसे भी पर्याप्त मात्रा में इस महान् ग्रंथ में ढूंढा जा सकता है। भाई कान्ह सिंह नाभा तथा हिन्दी साहित्य कोश में इस की परिभाषा इस प्रकार बताई गई है:-

'प्राकृतपैंगलम में सोरठा (सोरट्ठा) अथवा सौरष्ट्रम को दोहे का विपरीतकहा है। इसकेविषम पादों में ११ -११ और सम पादों में १३ -१३ मात्राएं होती है। दोहे के समान इसके भी भेद हो सकते हैं। सोरठा काफी लोक प्रिय छन्द रहा है। प्राय: सभी प्रसिद्ध कवियों ने दोहे के साथ इस का प्रयोग किया है। कथात्मक प्रबन्धों में सोरठे के द्वारा कथा के नवीन सूत्रों की स्थापना में सुगमता होती है। तुलसी ने राम चरित मानस में इसका सुन्दर प्रयोग किया है। जेहि सुमिरत सिधि होइ, गणनायक करिवर बदन।[२००]

१९७- पंजाबी काव शिरोमणी- १७४

१९८- गुरमति साहित अंक, पंजाबी दुनिया- जनवरी फरवरी- १९६५ पृ०२३०

१९९- अपभ्रंश साहित्य- डा० हरिवंश कोछड़ -पृ० ४०६

२००- गुरछन्द दिवाकर- १२१ तथा हिन्दी साहित्य कोश- सोरठा- ८६३।

राजस्थान में सोरठा छन्द बड़ा लोक प्रिय रहा है। वहां एक लोकोक्ति प्रसिद्ध है।

सोरठियो दूहो भलो भलि मरवण री बात।
जोबन छाई धण भली तारा छाई रात।

अर्थात दोहों में सोरठा श्रेष्ठ है, मरवाणी की बात अर्थात ढोला मारू की कथा सब कथाओं में उत्तम है, जैसे नारियों में यौवनवती तथा रातों में तारांकित रात्रि उत्तम होती है।[201]

जैसे दोहे में सोरठे को उत्तम कहा है, आदि ग्रंथ में भी सोरठा छन्द पृथक रूप में नहीं आया है, इसका उपयोग भी दोहों चौपाइयों में बीच बीच ही हुआ है। दोहे तथा चौपाई का प्रयोग आदि ग्रंथ की प्रथम रचना जपुजी जो सिख पंथ के प्रवर्तक गुरु (म: १) की है, में पर्याप्त हुआ है। इस प्रबन्ध काव्य की रचना में सोरठे का प्रयोग भी बड़ी सुन्दरता से हुआ है। जैसे हिन्दी साहित्य कोश में ऊपर लिखा है, कि कथानक को आगे चलाने में यह छन्द अत्याधिक उपयोगी है, ऐसे ही शास्त्रों के ज्ञान अथवा पाठ का उतनी देर कोई लाभ नहीं जब तक नाम-सुमरिन में मन न लगाया जाए।- इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिये वर्णित योग के नये प्रसंग का जपु की बाईसवीं पौढ़ी से सोरठा छन्द से आरंभ किया गया है।

सालाही सालाहि ऐती सुरति न पाईआ।
नदीआ अतै वाह, पवहि समुंद न जाणीअहि।[202]

प्राय: सोरठा दोहा का विपरीत होता है।[203] पिंगल की पुरानी पुस्तकों में इसकी इस प्रवृत्ति का उल्लेख मिलता है:

जद दोहा विपरीत, तद सोरठा छन्द है।
जाने इसी रीत, चतुर गुणी सब आखदे।[204]

२०१- विश्वनाथ प्रसाद मिश्र- हिन्दी साहित्य का अतीत: पृ० ८६

२०२ आ. ग्र. पृ० ५

२०३- हिन्दी साहित्य कोश- ८६३ (सोरठा)

२०४- स: स. अशोक, पुरातन पंजाबी कविता विकास। पृ: ५०

दोहे का तुकान्त पीछे होता है। परन्तु दोहे को उलटने से सोरठा बन जाता है। जैसे ऊपर वाले सोरठे को उलटने से दोहा बन जाता है।

तवे सोरठा छन्द है, जब दोहा विपरीत।
चतुर गुणी सब आखहे, जानी ऐसी रीत।

सोरठे के पहले चरण में ही अनुप्रास होता है। (आठाहि- कीवाह।।) परन्तु आदि ग्रंथ में सोरठा की अन्य आवश्यकताओं को पूरा करके इस अनुप्रास का त्याग कर केवल संगीत को ही मुख्य रखा गया भी देखा गया है। यथा-

समुंद साह सुलतान, गिरहा सेती मालु धन ।। (११+१३)
कीड़ी तुलि न होवनी, जे तिसु मनहु न वीसरहि।। (१२+१३)

जहां अन्य सांसारिक वस्तुओं की चर्चा बीच को अपेक्षा प्रभुभक्ति पर विशेष बल दिया गया है और हर समय हृदय में नाम सुमरिन का माहात्म्य बताना अभीष्ट था, वहां सोरठे से काम लिया गया है। माफ़ राग में गुरु नानक की वार में सांसारिक - वस्तुओं की असारता पर बल देते हुए, नाम सुमरिन को दृढ़ कराने के लिये सलोक म० १ के रूप में यह सोरठा मिलता है:

<u>सलोक म: १</u>

तुमी तुमा विसु, अकु धतूरा निमु फलु।
मनि मुखि वसहि जिसु, जिसु तूं चिति न आवही।[२०५]

सोरठा छन्द, दोहों अथवा सलोकों के नाम से ही आदि ग्रंथ में आया है। गुरु तेग बहादुर के सलोकों में भी सोरठा मिल जाता है, जिस की प्रकृति का मूल सांसारिक मोह-माया की उलझनों से दामन को बचाना तथा नाम सुमरिन में लीन होना है।

नर चाहत कछु अउर, अउरै की अउरै भई।
चितवत रहिओ ठगउर, नानक फासी गलि परी।[२०६]

इस सोरठे के पूर्व का प्रसंग मनु भाइला मै रचि रहिओ निकसत नाहि

२०५- आ. ग्र. पृ० १४७
२०६- सलोक म: ६ आ. ग्र. १४२८।

न भीत का है। और सोरठे के पश्चात् का वर्णन 'हरि भावै सो होई तथा 'प्रभु नानक मन चितव तिए पूरन होवहि काम' का है। यह प्रवृत्ति गुरु ग्रंथ के अन्य कवियों में भी इसी प्रकार है। भाट कवियों ने भी (सवईया के नाम पर) सोरठे की रचना की है। विषय उन्होंने नाम-सुमरिन का महात्म्य ही रखा है।[२०७]

सवईए महले पंजवे के

भव जलु साइरु सेतु, नाम हरी का बोहिथा।
तुझ सतिगुर सं हेतु, नाम लागि जगु उधरउ ।। २।।

कवि मथुरा।

जैसे अपभ्रंश-काव्य में नये प्रसंग को आरम्भ करने के लिये सोरठा प्रयुक्त हुआ। संत-काव्य में इसका प्रयोग सामान्यतः सांसारिक पदार्थों की क्षण भंगुरता का बोध कराने के पश्चात् नाम-महात्म्य प्रसंग आरंभ करने के लिये, तथा उसपर विशेष बल देने के लिये हुआ है। यह बात महाकवि तुलसी दास में भी इस प्रवृत्ति की पुष्टि करती है।

जेहि सुमरित सिधि होइ, गणनायक करिवर वदन।[२०८]

सोरठा का प्रयोग हमें संत-काव्य की पृष्ठभूमि में अपभ्रंशकाव्य में पर्याप्त मिल जाता है। प्रबन्धकारों ने अपने काव्यों में कहीं कहीं दोहा के समान सोरठा का भी प्रयोग किया है। अपभ्रंश के कडवक बद्ध शैली में रचित चरित-ग्रन्थों में छन्दों की विविधता प्रायः नहीं मिलती। प्रबन्ध चिन्तामणि में अपभ्रंश काव्य के सोरठों का उदाहरण मिलता है:

को जाणइ तुह नाह, चीतु तुहालउं चक्कवइ।
लहु लंकह लेवाह, मग्गु निहालह करणउ ।
धाई धोअइ पाय, जेआल जलनिहि ताडिला।
तई जीता रवि राय, एक विभिषणु मिलिउ मड़।।[२०९]

२०७- आ. ग्र. १४०८

२०८- हिन्दी साहित्य कोश - सोरठा- ८६३ ।

इसी प्रकार योगींद्र के परमात्म प्रकाश में भी सोरठा मिलता है।[209]

४- छप्पय

छ: चरण का होने के कारण इस का नाम षटपद एवं छप्पय है। इस छन्द की तीन जातियां प्रसिद्ध हैं:-

(क) पहले रोला, अंत में दो चरण दोहा।

(ख) पहले रोला, अंत में दो चरण उल्लाला जिस की प्रति चरण २६ मात्राएं होती हैं।

(ग) पहली चार पंक्तियां रोला, प्रति चरण २४ मात्राएं, ११-१३ पर विश्राम। अंत की दो पंक्तियां उल्लाला छन्द, जिसमें प्रति चरण २८ मात्राएं, १५-१३ पर विश्राम। कुल मात्राएं १५२, छप्पय की यह जाति प्रथम दो की उपेक्षा अधिक सर्वप्रिय है।

गुरु लघु अक्षरों के न्यूनाधिक होने के कारण छप्पय के ७१ भेद बताए जाते हैं।[210]

भाई कान्हसिंह नाभा का ऊपर का वक्तव्य, प्राकृत पैंगलम् पर आधारित है, और यह कथन अन्य ग्रंथों से मिलता है। हिन्दी साहित्य कोश में लिखा है कि छप्पय संयुक्त छन्द है, जो रोला (११ + १३) चार पद और उल्लाला (१५ + १३) के दो पाद के योग से बनता है। उल्लाला के दो भेदों के अनुसार छप्पय के पांचवें और छटे पाद में २६ या २८ मात्राएं हो सकती हैं। प्रधान रूप से २८ मात्राओं वाले भेद को कवियों ने अपनाया है। भानु ने इसके ७१ भेदों का उल्लेख किया है।[211]

आदि ग्रंथ में छप्पय का प्रयोग बड़ी काव्य कुशलता सहित है। छप्पय के अनेक रूप दर्शन हमें इस ग्रंथ में होते हैं। इनका प्रयोग अधिकतर भाट कवियों ने किया है। इन के गुरु-व्यक्तियों के स्तुति गान में कम से कम पांच प्रकार के छप्पय के दर्शन होते हैं।[212]

२०९- अपभ्रंश साहित्य- डा० हरिवंश कोछड़- ४०५

२१०- गुर छन्द दिवाकर- पृ० १७९-१८०

२११- हिन्दी साहित्य कोश पृ० २९२

२१२- गुर छन्द दिवाकार कान्ह सिंह नाभा- १८३-८७

(१) मकर्ष प्रकार का छप्पय जिसमें २५ गुरु तथा १०२ लघु होते हैं।[२१३]

गुरु जिनकउ सुप्रसंन नामु हरि रिदै निवासै।
जिन कउ गुरु सुप्रसंनु दुरतु दूरंतरि नासै। .... कुगति कुगति सम गुरु अम[२१४]

(२) करतल प्रकार का छप्पय जिसमें २८ गुरु तथा ९६ लघु होते हैं।[२१५]

द्रिसटि धरत तम हरन दहन अघ पाप प्रनासन।
सबद सूर बलवंत काम अरु क्रोध बिनासन।
.... राज जोग लहणा करै।। (पर्यन्त) कलसहार[२१६]

(३) सारस प्रकार का छप्पय जिसमें ३४ गुरु, ८४ लघु होते हैं।[२१७]
गुण गावै रविदासु भगतु जैदेव त्रिलोचन।
नामा भगतु कबीर सदा गावहि सम लोचन।
...... नित नवतनु जगि छाजओ।।८।। कवि कल्य[२१८]

(४) बाण प्रकार का छप्पय जिसमें ४१ गुरु तथा ७० लघु होते हैं।[२१९]
गुण गावहि नवनाथ धंनि गुरु साचि समाइओ।
मांधाता गुणरवै जेन चक्रवै कहाइओ।
गुण गावै बलिराउ, सपत पातालि बसंतो।
..... सहजि समाइओ।।१०।। कवि कल्य।[२२०]

(५) रोलसा नाम का छप्पय जिसके प्रथम चार चरण रोला छन्द तथा अन्तिम दो चरण दोहाके हों। इसकी कुल १४४ मात्रायें होती हैं।[२२१]

२१३- गुरु छन्द दिवाकर- १८३
२१४- आ०ग्रं० पृ० १३९८ सवैया ५: ४ के।
२१५- गुरु छन्द दिवाकर पृ० १८४
२१६- आ०ग्रं० पृ० १३९१ सवैया ५: २ के।
२१७- गुरु छन्द दिवाकर- १८६
२१८- सवैये ५: १ के आ०ग्रं० पृ० १३९०
२१९- गुरु छन्द दिवाकर पृ० १८७

कपिल डिसटि कुमकौ रै जब पाप सकल नठ।
कामक्रोध अरु लोभ मोह बलिकै सबै कठ।
.... जनम मरण दुख जाइ।। १०।।[222]

छप्पय को जो यह विविधता आदि ग्रंथ में प्राप्त होती है, उसकी परंपरा बहुत पुरानी है। छप्पय अपभ्रंश और हिन्दी में समान रूप से प्रिय रहा है। इसका प्रयोग हिन्दी के अनेक कवियों ने किया है। चन्द (पृथ्वीराज रासो) तुलसी (कवितावली) केशव (रामचन्द्रिका) नाभा दास(भक्तमाल), भूषण (शिवराज भूषण) मतिराम (ललित ललाम) सूदन (सुजान चरित), पद्माकर (प्रताप सिंह विरुदावली) तथा जोधराज (हम्मीर रासो) ने इस छन्द का प्रयोग किया है। इस छन्द के प्रारंभ में प्रयुक्त रोला में गति का चढ़ाव और अन्त में उल्लाला में उतार है। इस कारण युद्ध आदि के वर्णन में भावों के उतार-चढ़ाव का इसमें अच्छा वर्णन किया जाता है। पर नाभादास, तुलसी दास तथा हरिश्चन्द्र ने भक्ति-भावना के लिये इस छन्द का प्रयोग किया है।[223]

डिगति उर्वि अति गुर्वि,सर्व पब्बै समुद्रसर।
ब्याल बधिर तेहि काल, बिकल दिगपाल चराचर।
दिग्गयन्द लरखरत, परत दस कण्ठ मुक्खभर।
सुर बिमान हिम भानु, भानु संघटित परस्पर।
चौंकि बिरंचि शंकर सहित, कोल कमठ अहि कलमल्यौ।
ब्रह्मण्ड खण्ड कियो चण्ड धुनि, जबहि राम शिव धनु दल्यौ।
(कवितावली तुलसीदास)

छप्पय की प्राचीनता के संबंध में श्री विपन विहारी त्रिवेदी लिखते हैं: छप्पय अपभ्रंश का संकीर्ण वृत्त है। छप्पय का प्रयोग दसवीं शताब्दी से पूर्व

२२०- सर्वेक्षण भ: १ के आ०ग्र० पृ० १३६०
२२१- गुरु छन्द दिवाकर पृ० १९०
२२२- सर्वेक्षण भ: २ के पृ० १३६२ , आ०ग्र०
२२३- हिन्दी साहित्य कोश में पृ० २६२ पर डा० राम सिंह तोमर का वक्तव्य।

नहीं हुआ। स्वयंभू छन्द में इसका लक्षण मिलता है।[२२४] कुमारपाल प्रतिबोधा-न्तर्गत अपभ्रंश पद्यों में इस का प्रयोग मिलता है। इस ग्रंथ में दशार्ण भद्र कथा (पृ० ४७१-४७२) में आठ छप्पय छन्दों में पाश्र्वनाथ की वन्दना की गई है। उदाहरणार्थ एक छप्पय प्रस्तुत है:-

गयण-मग्ग-संलग्ग-लोल-कल्लोल-परंपरु।
निक्कारणुवकड-नवक-नक्क-चंकमण-दुहंकरु।
उच्छलंत-गुरु-पुच्छ-मच्छ-रिंछोलि निरंतरु।
विलसंतग्ग-जाला-जडाल-वडवानल-दुत्तरु।
आवत्त सयायलु जलहि लहु गोपउ जिम्व ते नित्थरहि।
नीसेस-वसण-गण-निट्ठवणु पासनाहु जे संभरहि।
(अर्थात जो लोग पार्श्वनाथ का स्मरण करते हैं, वे इस भयानक संसार-सागर को गोपद के समान पार कर जाते हैं।)[२२५]

जहां तक छप्पय का लोक जीवन से संबंध होने का विचार है, इस के विषय में विद्वानों का मत है कि इस छन्द के लौकिक उत्स की कहीं कोई निश्चित जानकारी नहीं मिलती, किन्तु इतना अनुमान तो किया ही जा सकता है, कि लोक-भाषा के मात्रिक छन्द के रूप में इसकी उत्पत्ति लोक-प्रचलित काव्यों से हुई होगी।[२२६]

कवित्त-सवैया

५- कवित्त-

कवित्त नाम के छन्द का भी आदि ग्रंथ में प्रयोग हुआ है। इस छन्द को मुक्तक दण्डक का एक भेद माना गया है और इसे घनाक्षरी तथा मनहर

२२४- विशाल भारत अक्तूबर १९५० से अपभ्रंश साहित्य पृ० ४०६ पर उद्धृत।
२२५- अपभ्रंश साहित्य - पृ० ३६४-६५
२२६- हिन्दी साहित्य में लोक तत्त्व, १७४-१७५

भी कहा है। इसे मुक्तक वर्णिक छन्द की कोटि में माना जाता है। इसमें ३१ अक्षर होते हैं, १६ और १५ अक्षर पर यति होती है। इसका गुर्वन्त होना आवश्यक है। घनाक्षरी वृत्तों में ३१ वर्ण का कवित्त छन्द अन्य कवित्तों से सर्वाधिक प्रचलित और लोक-प्रिय है। हिन्दी ब्रज-भाषा का यह अपना छन्द है। कवित्त-सवैया की प्रथा कब चली, यह कहना भी कठिन है। मूलत: यह वन्दोजन छन्द है। संभवत: उसी परंपरा में इसका मूल भी मिले। जिस प्रकार श्लोक लौकिक संस्कृत का, गाथा प्राकृत का, और दोहा अपभ्रंश का अपना छन्द है, उसी प्रकार कवित्त-सवैया ब्रजभाषा के अपने छन्द हैं। जिसे हिन्दी-साहित्य का आदि-काल कहा जाता है, उसमें इस छन्द का प्रचार निश्चय ही हो गया था।[२२८] इधर कुछ विद्वानों ने कवित्त अथवा घनाक्षरी छन्द के आविर्भाव के बारे में कुछ निश्चयपूर्वक बात भी कही है। डा० पुत्तुलाल शुक्ल तथा श्री हरिमोहन हिन्दी साहित्य कोश में लिखते हैं: चौदहवीं शताब्दी में मार्दगिसेन कवि ने इस छन्द का आविष्कार किया था। यह छन्द ध्रुपद में ठीक बैठता है। भक्तिकालीन कवियों विशेषत: सूरदास(सूरसागर) और तुलसीदास(विनय पत्रिका) ने पदों में इस छन्द का प्रयोग किया है। सूरदास के पूर्व किसी ने कवित्त लिखा था, इसका उदाहरण प्राप्त नहीं होता। इसका प्रारंभिक प्रयोग अकबर दरबार के कवि गंग, कवितावली और रामचन्द्रिका में मिलता है। ऐसा माना जाता है कि चारणों और भाटों ने इस छन्द का प्रयोग किया है। परन्तु रासो-ग्रंथों (पृथ्वीराज रासो, परमाल रासो) में इसका प्रयोग नहीं हुआ है। कवित्त संज्ञा का प्रयोग छप्पय छन्द के लिये भी किया गया है। इस छन्द के निर्माण में अनुष्टुप वर्णिक छन्द की प्रेरणा विद्यमान है। वस्तुत: ये छन्द वैदिक छन्दों के वास्तविक उत्तराधिकारी हैं, जिनमें गण, मात्रा आदि का कोई बंधन नहीं होता।[२२६] परन्तु सरदार समशेर सिंह अशोक घनाक्षरी अथवा कवित्त के संबंध में लिखते हैं: आश्चर्य की बात है कि इसका संस्कृत के किसी छन्द से साम्य नहीं दिखाई पड़ता, फिर यह संस्कृत के किसी छन्द का विकसित रूप कैसे माना जा सकता है?[२३०] हिन्दी साहित्य का अतीत पृ० ६८ पर कवित्त को ही छप्पय कहा गया है।

२२७- हिन्दी साहित्य कोश- घनाक्षरी- पृ० २८३

२२८- हिन्दी साहित्य का आदि काल-द्विवेदी जी पृ०११०

२२६- हिन्दी साहित्य कोश पृ० २८३

हमारा विचार है कि वर्णिक छन्द होने के कारण कवित्त के आविष्कारिक ने वर्णिक वृत्तों की परंपरा से अवश्य प्रेरणा ली होगी। जहां तक आदि ग्रंथ में घनाक्षरी अथवा कवित्त के प्रयोग का संबंध है, विद्वानों का यह कथन है कि इस छन्द का अधिक प्रयोग आरंभ काल में भाट अथवा चारण कवियों ने किया, युक्ति संगत प्रतीत होता है। इस छन्द में रचना करने की परंपरा भाट कवियों में परंपरा रूप में चलती रही होगी जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है इस छन्द में ३१-३२ वर्णों में प्राय: १६ और १५ पर या, १६ और १६ पर यति का प्रयोग होता है। परन्तु समस्त चरणों में ८, ८, ८, ७ (या ८) वर्णों के बाद यति का प्रयोग भी होता है। प्रथम प्रकार के कवित्त का उदाहरण आदि ग्रंथ में इस प्रकार है।

(१) तिह जन जाचहु जगत्र परजानीअहु बासुर रयनि बास जाको हित
नाम सिउ।
परम अतीत परमेसुर के रंगि रंगिओ, बासना ते बाहरि पै
देखीअतु धाम सिउ।।

कवि मथुरा।[231]

(२) जाकउ मुनि ध्यानु धरै फिरत सकल जुग, कबहू क कोऊ पावै
आतम प्रगास कउ।
बेद बाणी सहित बिरंचि जसु गावै, जा को सिव मुनि गहि न
तजात कबिलास कउं ।।

सवैइए म: ४ के कवि मथुरा।[232]

२३०- गुरमति साहित्य विशेषांक - पंजाबी दुनिया, जनवरी फरवरी- १९६५
२३१- आ. ग्र सवैइए म: ५ के पृ० १४०८
२३२- आ. ग्र. पृ० १४०४ ।

६- सवैया:

भाई कान्ह सिंह नाभा लिखते हैं, यह चार चरणों का सर्वप्रिय छन्द भिन्न भिन्न नामों का देखा गया है, परन्तु विशेषत: इसको सवैया से अभिहित किया गया है। मात्रिक सवैये में चार चरणों का पदांत अनुप्रास मिले तो उत्तम है, नहीं तो दो चरणों का अवश्य मिलना चाहिए। वर्णिक सवैये के चारों चरणों का अन्त्यानुप्रास समान होने का कवियों ने विधान किया है।[२३३] भाई साहब ने सवैया के कोई ... प्रकारों का प्रयोग आदि ग्रंथ से खोज निकाला है:

(१) बीर: इस का लक्षण है, चार चरण, प्रति चरण ३१ मात्राएं, पहली यति १६ पर, दूसरी १५ पर, अंत गुरु लघु इसे मात्रिक सवैया भी कहते हैं:

म: १ नाभि कमल ते ब्रह्मा उपजे, वेदपड़हि मुखि कंठ सवारि।
ता का अंतु न जाई लखणा, आवत जात रहै गुबारि।

[२३४]

गूजरी म: १

(२) बाण- प्रति चरण ३१ मात्राएं १६ तथा १५ पर यति, अन्त दो गुरु।

म: ५ अंम्रित नामु तुम्हारा ठाकुर एहु महारसु जनहि पीओ।
जनम जनम के मै भारे, दुरतु बिनासिओ भरमु बीओ।

[२३५]

आसा म: ४

(३) चंद्रकला- १८-१४ मात्राओं पर दो यतियां अन्त सगण (॥ऽ)

भाटकवि - सतगुर मति गूढ़ बिमल सत संगति आतमु रंगि चलूल भया।
जाग्या मनु कवलु सहजि परकास्या अभै निरंजनु घरहि लहा।
सवैये म: ४ कवि कल्ह।

(४) मिलिंद- प्रति चरण ३२ मात्राएं १६-१६ मात्राओं पर दो यतियां,[२३६] अन्त यगण (ISS).

२३३- गुरछन्दादिवाकर पृ० ८८

२३४- आ. ग्र. पृ० ४८६

२३५- आ. ग्र. पृ० १३९६-९७

२३६- आ. ग्र. पृ० ८३३

म:४ आपे साधु साई मेटे, अनदिनु हरि रस गीत गवईआ।
गुरमुखि परसै कंचन काईआ, निरभउ जोती जोति मिलईआ। २३७

(बिलावल राग)

म:४ ते साधू हरि मेलहु सुआमी, जिन जपिआ गति होइ हमारी।
तिनका दरसु देखि मनु बिगसै, खिनु खिनु तिन कउ हउबलिहारी।।

(भैरउ राग) २३८

म: ५ गुण समूह फल सगल मनोरथ, पूरन होई आस हमारी।
अउखध मंत्र तंत्र पर दुखहर, सुरब रोग खंडण गुणकारी। २३९

(सवये स्रीमुख बाक म:५)

(५) समान - प्रति चरण ३२ मात्राएं, १६-१६ मात्राओं पर दो यतियां,
अन्त भगण- SII.

ब्रह्मादिक सिव छंद मुनीसुर रसिक रसिक ठाकुर गुन गावत।
इंद्र मुनिंद्र खोजते गोरख, धरणि गगन आवत फुनि धावत।

(सवये स्रीमुख बाक म:५)

(६) मदिरा- चार चरण, प्रति चरण सात भगण, अन्त एक गुरु,

कवि मथुरा : संतन ही सत संगति संगु सुरंग रते जसु गावत है। २४१

(सवैये म: ४ के)

(७) दुर्मिल : (चन्द्रकला) चार चरण, प्रति चरण आठ सगण: IIS, IIS, IIS, IIS, IIS, IIS, IIS, IIS.

कवि मथुरा : मथुरा मनि भाग भले उनके मन इंछित ही फल पावत है। २४२

(सवैये म: ४ के)

२३७- आ. ग्र. पृ० ८३३

२३८- आ. ग्र. पृ० १३३५

२३९- आ. ग्र. १३८८-८९

२४०- आ. ग्र. पृ० १३८८

२४१- आ. ग्र. पृ० १४०४

२४२- आ. ग्र. पृ० १४०४

परंपरा

सवैयाकी परंपरा के संबंध में विद्वानों का विचार है कि कवित्त-घनाक्षरी के समान ही हिन्दी रीति काल में विभिन्न प्रकार के सवैया भी प्रचलित रहे हैं। संस्कृत में -- ये समस्त भेद वृत्तात्मक हैं। परन्तु कुछ विद्वान् हिन्दी के सवैयाको मुक्तक वर्णिक के रूप में समझते हैं। जानकी नाथ सिंह ने अपने खोज निबंध 'दिकण्ट्रीब्यूशिन ऑव हिन्दी पोयटेस टु प्राज़ेडी' के चौथे प्रकरण में इस विषय पर विस्तार से विचार किया है, और उनका मत है कि कवियों ने सवैया को वर्णिक सम-वृत्त रूप में लिया है। उसमें लय के साथ गुरु मात्रा का जो लघु उच्चारण किया जाता है वह हिन्दी की सामान्य प्रवृत्ति है। इसके हृस्व ए और ओं के उच्चारण के लिये लिपि चिन्ह का अभाव भी है। परन्तु हिन्दी में मात्रिक छन्द के व्यापक प्रयोग के बीच प्रयुक्त इस वर्णिक छन्द पर उनका प्रभाव अवश्य पड़ा है। जिस प्रकार कवित्त एक विशेष लय पर चलता है, उसी प्रकार सवैया भी लयमूलक ही है।

रीतिकाल की मुक्तक शैली में कवित्त और सवैया का महत्वपूर्ण योग है। वैसे भक्ति काल में ही इन दोनों छन्दों की पुष्टि हो चुकी थी और तुलसी जैसे प्रमुख कवि ने 'कवितावली' की रचना प्रधानता इन्हीं दो छन्दों में की है। भगणात्मक (मदिरा) जगणात्मक (सुमुखि) तथा सगणात्मक (दुर्मिल) की लय क्षिप्र गति सेचलती है। और यगण, तगण तथा रगणात्मक सवैये की लय मन्द गति होती है। यह छन्द शृंगार रस तथा भक्ति भावना की अभिव्यक्ति के लिये बहुत उत्कृष्ट रूप में प्रयुक्त हुआ है। रसखान, घनानन्द, आलम जैसे प्रेमी-भक्त कवियों ने भक्ति भावना के उद्वेग तथा आवेग की सफल अभिव्यक्ति सवैया में की है। आधुनिक कवियों में हरिश्चन्द्र, लक्ष्मण सिंह, नाथू राम शर्मा 'शंकर' आदि ने इस का सुन्दर प्रयोग किया है। जगदीश गुप्त ने इस छन्द में आधुनिक लक्षण शक्ति कासमावेश किया है।[२४३]

जहां तक आदि ग्रंथ में सवैया के प्रयोग का संबंध है, हम देख चुके हैं, कि गुरु नानक से लेकर परवर्ती रचयिताओं ने भी इस का प्रयोग

२४३- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ८२१

किया है। परन्तु भाट-कवियों ने तथा गुरु अर्जुन देव ने कवित्त-सवैया का अधिक प्रयोग किया है। सवैये श्री मुखबाक महला ५ (गुरु अर्जुन देव की रचना)[244] तथा सवैये, म:१,म:२,म:३,म:४ तथा म:५ के (भाट कवियों की रचना)[245] इसकी उदाहरण हैं। इन में सवैया, कवित्त तथा छप्पय का भी प्रयोग है। गुरु नानक का समय पंद्रहवी शती का उत्तरार्ध तथा सोलहवी शती का पूर्वार्ध है। इस काल से पहले ही १४ वीं शती में कवित्त-सवैया छन्दों का सफल प्रयोग होना आरम्भ हो चुका था।[246] आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कवित्त सवैया को ब्रज भाषा के अपने छन्द मानते हैं और कहते हैं कि जिसे हिन्दी का आदि काल कहा जाता है उसमें इन छन्दों का प्रचार निश्चय ही हो गया था। उन्होंने इन दोनों छन्दों को 'बन्दी जन छन्द' कहकर भाटकवियों की कृति माना है।[247] कहा जाता है कि बन्दीजन अर्थात चारण कवि हिन्दी की प्रारंभिक कविता के जन्मदाता रहे हैं। बहुत संभव है कि उन्होंने लोक प्रचलित = किसी गीत-प्रणाली के आधार पर १३वीं शताब्दी के आस पास इन छन्दों का प्रचार किया हो। भक्ति काल में ये छन्द अचानक बहुत लोक प्रिय हो उठे थे।[248]

सवैया की उत्पत्ति के विषय में डा०नामवर सिंह के विचार भी उल्लेखनीय हैं। उनका कथन है कि सवैया स्पष्ट रूप से वर्णिक गणवृत्त है, इसलिये इसकी प्राचीनता अनिवार्य है, और संस्कृत में ही इसका मूल उत्स मिलना चाहिए। यह तो सही है कि सात-आठ गण के चार चरणों का ऐसा कोई वर्णिक वृत्त संस्कृत में नहीं है, लेकिन इसको लंबाई देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह संस्कृत के किसी वर्णिक वृत्त के गणों को द्विगुणित करके बनाया गया है। संस्कृत का जो वर्णिक वृत्त द्विगुणित किए जाने से आसानी से दुमिल सवैया हो जाता है, वह है चार चरण वाला त्रोटक छन्द। लेकिन यह सुपष्ट रहना चाहिए कि त्रोटक संस्कृत का लोक-प्रिय छन्द नहीं है, और इसका विकास निश्चित रूप से बहुत बाद का है। पृथ्वी राज रासो में सवैया तो नहीं मिलता लेकिन त्रोटक छन्द काफी है।[249]

२४४- आ. ग्र. पृ० १३८५ से १३८६

२४५- आ. ग्र पृ० १३८६ से १४०६

२४६- हिन्दी साहित्य कोश- २८३

२५७- हिन्दी साहित्य का आदि काल- ११०

हमारा विचार है कि आचार्य हजारी प्रसाद का कवित्त-सवैया को बन्दीजन छन्द अथवा चारण या भाट कवियों की देन कहना बहुत उचित है। तदोपरंत, भाटकवियों ने इस त्रोटक छन्द को द्विगुणित करके सवैयाकी रचना की। इस छन्द में ------- विशेषत: भाट कवियों तथा गुरु अर्जुन देव के सवैये आदि ग्रंथ में संकलित हैं। वैसेइस छन्द का उपयोग गुरु नानक देव ने भी किया है। उन्हों ने इसे प्रचलित परंपरा से ही ग्रहण किया होगा।

७- सार छन्द : यह मात्रिक सम छन्द है। भानु के अनुसार इस के प्रत्येक चरण में २८ मात्राएं, १६-१२ की यति से आती हैं और अन्त में दो गुरु (SS) रहते हैं। अन्त में दो गुरु का नियम कर्णमधुरता की दृष्टि से रखा गया है अन्यथा 'ग' तथा 'र ल' भी हो सकता है।[२५०] आदि ग्रन्थ में सार-छन्द की इन दोनों जातियों का प्रयोग हुआ है। प्रथम जाति को भाई कान्ह सिंह ने 'सार' का नाम दिया है, इसके अन्त में दो गुरु (SS) हैं। परन्तु अन्त में एक गुरु वाले सार को उन्हों ने 'दुवैया' नाम दिया है।[२५१] परन्तु प्रिंसीपल संत सिंह सेखों ने इन दोनो जातियों के 'सार' छन्द को 'दुवैया' ही कहा है।[२५२] गुरमति दर्शन के एक अन्य विद्वान श्री शमशेर सिंह अशोक ने इसे सार छन्द ही कहा है, और उन्हों ने अपने निबंध 'श्री आदि ग्रंथ जी का छन्द प्रबंध' में दुवैया का नाम नहीं लिया। हमारा यहां अनुमान है कि उन्हों ने अन्त में एक गुरु वाले इस छन्द की जाति को भी 'सार' के अन्तर्गत लिया है, जैसे भानु ने।[२५३]

२४८- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व पृ० १७५

२४९- हिन्दीकेविकास में अपभ्रंश के योगदान- ३०४

२५०- छन्द प्रभाकर, जगन्नाथ प्रसाद भानु- पृ० ६६

२५१-गुर छन्द दिवाकर- पृ० १०८ तथा २१०

२५२- पंजाबी काव शिरोमणी- पृ० ७३

२५३- श्री गुरमति साहित्य अंक पंजाबी दुनिया, जनवरी- फरवरी, १९६५ पृ० ८१

'सार' छन्द का प्रयोग कबीर तथा अनेक समसामयिक आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने प्रचुरता से किया है। प्रथम अन्त में दो गुरु वाले 'सार' को देखिए:

कबीर: जोगी कहहि जोगु भल मीठा, अवरु न दूजा भाई।
रुंडित मुंडित एकै सबदी इह कहहि सिधि पाई।
गउड़ी कबीर।[२५४]

म:१ किव करि आखा किव सालाही? किउवरनी किन जाणा?
नानक आखणि सभ को आखै, इकदू इकु सिआणा।।
म:१ जपु[२५५]

म:१ गुर कै संगि रहै दिनु राती रामु रसनि रंगि राता।
अवरु न जाणसि सबदु पछाणसि अंतरि जाणि पछाता।।
गउड़ म: १[२५६]

प्रिंसीपल सन्त सिंह सेखों ने जिस छन्द को दवईया (दुवैया) कहा है, वह १६ + १२ मात्रा तथा अंत दो गुरु वाला सार छन्द ही है।

नानक गुरमुख नदरी आइवा, (हरि)इको सुघड़ सुजाणीवै। म:१[२५७]
१६ १२ ऽऽ

भाई कान्ह सिंह ने सार के जिस भेद को 'दुवैया' माना है, उसके अन्त में एक गुरु (ऽ) माना है।[२५८] परन्तु 'दुवैया' की एक दूसरी प्रकार 'सार' कहाई है, जो प्रसिद्ध छन्द 'सार' है। इसका तात्पर्य यह है कि छन्द-शास्त्र के ग्रन्थों में जो प्रसिद्ध छन्द 'सार' है, उसे ही 'दवैया' नाम दिया गया।[२५९]

२५४- आ. ग्र. ३३४

२५५- आ. ग्र पृ० ४

२५६- आ. ग्र. पृ० ११२६

२५७- प्रिं० सेखों: पंजाबी काव सिरोमणी- ७३

२५८- गुरु छन्द दिवाकर- २११

२५९- वही- २११

ऊपर जो अंक (२५६) में सार का जो उदाहरण प्रिंसीपल तेजा ने सवैया के लिये प्रस्तुत किया है, इस में उन्होंने (हरि) तथा (वै) को दूसरे चरण में अधिक माना है। यदि ध्यान से देखा जाये तो यह उदाहरण 'सार' की १६ + १२ अन्त ऽऽ की परिभाषा पर पूरा उतरता है। अत: यह प्रसिद्ध छन्द 'सार' ही है। जिसका प्रयोग आदि ग्रंथ में बहुत हुआ है। भैरउ असटपदीआं महला १ घरु २ में सार का १६ + १२, तथा अन्त में लघु गुरु (। ऽ) वाला रूप मिलता है।

गुरु मुखि साचा सबदि सलाहै, मनि साचा तिस रोगु गवाइ।[२६०]

अष्टपदियों में 'सार' छन्द का प्रयोग अधिक हुआ है, गुरु नानक की भैरउ की अष्टपदी, सारंग की प्रथम दो अष्टपदियां, तथा प्रभाती राग में चौथी और सातवीं अष्टपदियां, सब का छन्द 'सार' है। इसी प्रकार अन्य अष्टपदियां में भी इसी छन्द का प्रयोग हुआ है। अष्टपदियों में चौपाई छन्द भी आया है।[२६१] परन्तु कई स्थानों पर थोड़े से अपवाद के साथ सार छन्द बिल्कुल परिभाषा के अनुकूल प्रयुक्त हुआ है।

लीला प्रसंग को आगे चलाने के लिये यह छन्द पदशैली के अधिक अनुकूल है। सूर ने मान-लीला प्रसंग में इसका सुन्दर प्रयोग किया है।

पापी पायी है रे मैया, कुंज कुंज में ठाली।। (सूर सागर)

आदि ग्रंथ में 'सार' छन्द में प्राय: 'हरि-कथा' एवं 'साधु समागम' की महत्ता का उल्लेख है और गुरु के उपदेश से शब्दाभ्यास पर बल दिया है।[२६२]

इन छन्दों के अतिरिक्त अनेक अन्य छन्दों का प्रयोग आदि ग्रंथ में मिलता है। 'झूलना' और 'रड' का नाम तो भाटों के सवैयों में आता है।

८- झूलना - इस छन्द के वर्णिक सम-वृत्त के भेद भी हैं,[२६३] परन्तु आदि ग्रंथ में प्राय: मात्रिक-सम-दण्डक-छन्दों के भेद-रूप-झूलना के ही दर्शन होते हैं। प्राकृत-पैंगलम-अनुसार 'झूलना' छन्द के प्रत्येक चरण में १०,१०,१७ की यति से ३७ मात्राएं होती हैं। यति के स्थलों पर तुक मिलता है। भानु ने यति के लिये

२६०- आ. ग्र. ११५३

२६१- पंजाबी काव्य शिरोमणि- ७८

२६२- आ. ग्र. अष्टपदियां म:३- १२३३

२६३- हिन्दी साहित्य कोश, ३११। गुरु छन्द दिवाकर १६२।

१०,१०,१०,७ और अन्त में यगण (।ऽऽ)का निदेश किया है। इसी छन्द के चरण में जब २०,१७ पर यति होती है तब इसे 'झूलना' कहते हैं।

आदि ग्रंथ में १०,१०,१७ पर यति तथा अन्त में यगण (।ऽऽ) वाले 'झूलना' का प्रयोग श्री जयदेव (१२वीं शती) की रचना में मिलता है।[२६४]

चंदसत भेदिआ, नादसत पूरिआ, सूरसत खोड़सादतु कीआ।
अबल बल तोड़िआ, अचल चलु थपिआ अघड़ु घड़िआ तहां अपिउ पीआ।

'झूलना' के एक 'कलेना' का रूप आदि ग्रंथ में भाट कवियों की रचना में मिलता है। वहां 'कलेना' शब्द का स्पष्ट उल्लेख कर दिया गया है, इस में प्राकृत-पैंगलम वाले 'झूलना' से भिन्नता एवं विषमता है। यह एक नवीन रूप लगता है, जिसे भाट कवियों ने स्वयं गढ़ा होगा। इसमें पांच पाद हैं, जिनमें क्रमानुसार २१,४१,४६,४१ तथा ४१ मात्राएं हैं।[२६५]

कलेना।। गुरू गुरु गुरू गुरु गुरू जपु प्रानीअहु।
सबदु हरि हरि जपै नाम नवनिधि अपै रसनि अहिनिसि रसै सति करि जानीअहु।
फुनि प्रेम रंग पाईऐ गुरमुखहि धिआईऐ अंन मारग तजहु भजहु हरि गयानी अहु।
बचन गुर रिदि धरहु पंच भू बसि करहु जनमु कुल उधरहु द्वारि हरि मानीअहु।
जउत सभ सुख इत उत तुम बंछवहु गुरू गुरु गुरू गुरु गुरू ... जपु प्रानीअहु।।
सवैये म: ४ के, कवि दास।

भाट कवि, गुरू अर्जुन के समसामयिक थे। गुरू अर्जुन की रचना में भी झूलना का प्रयोग मिलता है। जिस रूप का उन्हों ने प्रयोग किया है, उस में अन्त में यगण (।ऽऽ) के स्थान पर केवल दो गुरू (ऽऽ) हैं, यथा:

हलति सुखु पलति सुखु, नित सुख सिमरनो, नामु गोबिंद का सदा लीजै।[२६७]
धनासरी म: ५

२६४- आ. ग्र. राग मारू जयदेव- ११०६
२६५- आ. ग्र. सवैये म: ४ के पृ० १४००
२६६- गुरू छन्द दिवाकर- १६३
२६७- आ. ग्र. पृ० ६८३

तुलसी दास ने यति के नियम का प्राय: अनुसरण नहीं किया है। २०,१७ पर यति दी है और मध्य तुक का प्रयोग भी नहीं किया है:

कनक गिरि शृंग चढ़ि देखि मर्कट कटक, बदत मन्दोदरी परम पुनीता।
सहसभुज मत्त गजराज रनकेसरी, परसुधर गर्व जेहि देखि बीता।। ५।।

(गीतावली)

इसमें प्रथम चरण में यति का प्रयोग नियमानुकूल है, पर दूसरे चरण में यति २०,१७ पर है। अत: तुलसी के प्रयोग में फूलना और झूलना का संयोग समझना चाहिए।[२६८]

इसी प्रकार गुरु अर्जुन के उपर्युक्त फूलना में १०,१०,१७ की यति का पालन केवल प्रथम पंक्ति में हुआ है, अन्य पंक्तियां १७ +१५ की हैं।

मिटहि कमाणे पाप चिराणे, साध संगति मिलि मुआ जीजै। रहाउ।।

(१७ + १५)

राज जोबन बिसरंत हरि माइआ, महा दुखु एहु महांत कहै। (१७ + १५)
आस पिआस रमण हरि कीरतनु, एहु पदारथु भागवंत लहै। (१७+ १५)

इस से स्पष्ट है कि भक्ति काव्य में छन्दों के शास्त्रोक्त रूप को महानता न देकर राग तत्व की ओर अधिक ध्यान देते हुए न्यूनाधिक मात्राओं का प्रयोग किया गया है। भक्ति-काव्य की छन्दोनुशासन की यह स्वछन्दता सन्त कवियों के स्वतंत्र एवं स्वछन्द स्वभाव की भी परिचायक है, जिनके सम्मुख काव्य-कुशलता से कहीं बढ़कर भावोद्रेक की महानता थी।

९- रड्ड छन्द : इस छन्द का उल्लेख आदि ग्रंथ में भाट कवियों ने किया है। अत: कवित्त सवैये की भांति यह भी बन्दी जन छन्द प्रतीत होता है। भाट कवियों ने ही इस का अविष्कार किया होगा और परंपरा रूप में आदि ग्रंथ के भाट कवियों ने इसका प्रयोग किया। इसमें चार चरण, पहले में ४१ मात्राएं १५,११ तथा १५ पर तीन यतियां अन्य तीन चरणों की २६ मात्राएं ११-१५ पर यति तथा अन्तिम दो चरण दोहा के होते हैं। यह विषमतर छन्द है।[२६९]

२६८- हिन्दी साहित्य कोश- ३११

२६९- गुरु छन्द दिवाकर- २९९ ।

जिसहि धारिउ धरति अरु विउमु, अरु पवण ते नीर सर,
अवर अनल अनादि कीअउ।
(१५ + ११ + १५)
ससि रिखि निसि सूर दिनि, सैल तरुव फल फुल दीअउ।
(११ + १५)
सुरि नर सपत समुद्र किअ, धारिओ त्रिभवण जासु। (११ + १५)
सोई एकु नामु हरि नामु सति पाइओ गुर अमर प्रगासु ।।१ ।।
(११ + १५)
कवि नल्ह[२७०]

कुछ अन्य छन्दों का जो प्रयोग आदि ग्रंथ में है, उनका संक्षिप्त वर्णन इस प्रकार है :-

१०- <u>उगाहा</u>: लक्षण: दो चरण, प्रति चरण २६ मात्राएं, १५,११ पर यति, अंत में गुरु लघु (S I)[२७१]

<u>सलोक म:४</u>

मै मनि तनि प्रेमु पिरंम का आठे पहर लगंनि।
जन नानक किरपा धारि प्रभ सतिगुर सुखि वसंनि ।।१।।[२७२]

११- <u>उल्लाला अथवा चंद्रमणि</u>: मात्रिक अर्द्धसम छन्द है, प्राकृत पैंगलम् तथा अन्य अपभ्रंश छन्द ग्रंथों में उल्लाला का विवेचन किया गया है। इस प्रकार अपभ्रंश साहित्य में इस का प्रयोग निश्चित रूप से अनुमित किया जा सकता है।[२७३] गुरु छन्द दिवाकर में इसका लक्षण इस प्रकार है: चार चरण, प्रति चरण १३ मात्राएं, ८,५ पर यति।[२७४] परन्तु हिन्दी साहित्य कोश में इसका लक्षण इस प्रकार है: पहले और तीसरे पद में १५,१५ और दूसरे और चौथे में १३, १३ मात्राएं होती हैं।[२७५] भाई कान्ह सिंह नाभा लिखते हैं, कि कई कवियों

२७०- आ. ग्र. १३९९
२७१- गुरु छन्द दिवाकर- ५१
२७२- आ. ग्र. वार गउड़ी म:४- ३०१
२७३- प्राकृत पैंगलम- १-११८ से हिन्दी साहित्य कोश पृ०१६७ पर उद्धृत।
२७४- गुरु छन्द दिवाकार- ५५
२७५- हिन्दी साहित्य कोश- १६७

ने भ्रमवश उल्लाल को ही उल्लाला लिख दिया है। भाई साहब ने उल्लाल का लक्षण इस प्रकार दिया है : दो चरण, प्रति चरण २८ मात्राएं और १५,१३ पर यति। कई कवियों ने उल्लाल की २६ मात्राएं भी मानी हैं।[२७६] हिन्दी साहित्य कोश में डा० राम सिंह तोमर को भी यही भ्रम हुआ है। उन्होंने भानु के उल्लाल को ही उल्लाला समझकर कहा है, उल्लाला का प्रयोग स्वतंत्र भी मिलता है, किन्तु छप्पय जैसे छन्दों के साथ इसका प्रयोग बहुत प्रचुरता के साथ हुआ है। भानु ने इसका नाम उल्लाल दिया है। भानु के छन्द प्रभाकर (पृ० ८६) से जिस उदाहरण को उन्होंने उक्त कोश में उद्धृत किया है वह उल्लाल का ही है, उल्लाला का नहीं। देखिये :

हरिहर भगवत सुन्दर स्वामी, सबके घट को तुम जानो। (१५ + १४)
मेरे मन की कीजे पूरी, इतनी हरि मेरी मानो ।। (१६ + १४)

अत: हिन्दी कोश के संपादकों ने उल्लाल और उल्लाला को एक मान कर उल्लाला के आगे उल्लाल का लक्षण लिख दिया है। उल्लाला का लक्षण जैसे ऊपर दिया गया है, चार चरण, प्रति चरण १३ मात्राएं ८,५ पर यति है। इसका प्रयोग गुरु नानक की वाणी में मिलता है, इसे 'सलोक' करके लिखा गया है। हम पहले देख चुके हैं कि आदि ग्रंथ में 'सलोक' कोई छन्द नहीं, न ही यह दोहे का परिचायक है। 'सलोक' के अंतर्गत, दोहा, चौपाई, सार, उल्लाला आदि छन्दों का प्रयोग हुआ मिलता है। 'उल्लाला' का उदाहरण:-

सलोक म:१

सिदकु सबूरी सादिका,
सबरु तोसा मलाईका।
दीदार पूरे पाईसा,
थाउ नाही खाइका ।।२।।[२७७]

२७६- गुर छन्द दिवाकर-५४
२७७- सिरी राग की वार म. ४, पृ० ८३ आ. ग्र. ।।

१२- अष्टपदी: जैसे कि पहले कहा जा चुका है, 'अष्टपदी' छन्द की विशेष जाति नहीं है। जिस प्रबंध में आठ छन्द एक स्थान पर हों, उसे अष्टपदी कहते हैं। भारतीय राग रागनियों के आधार पर अष्टपदी के रूप में बाह्य अभिव्यंजना का स्वरूप जयदेव ने ही दिया।[278] श्री गुरु ग्रंथ साहब में अष्टपदियों में अनेक जातियों के छन्द लिये गए हैं। इस ओर हम पहले संकेत कर चुके हैं, और सब जातियों का निर्णय करने के लिये बहुत विस्तार हो जाता है। उदाहरणार्थ कुछ नमूने दिये जाते हैं।[279] (१)

(१) उपमान: (निशानी) इस छन्द का रूप मांझ राग में गुरु नानक की अष्टपदी है।

दुख भंजनु तेरा नामु पुरि फाटे चीरे।
पहु मनु अकुलिण बाधिआ जहु देह सरीरे। मांझ म:१[280]

(२) सार छन्द: इसका रूप मलार राग में गुरु नानक की अष्टपदी है।

चकवी नैन नींद नहि चाहै बिनु पिर नींद न पाई।
सूरु चरै प्रिउ देखै नैनी निवि निवि लागै पाई।।[281]

(३) चौपाई: गउड़ी राग में म: १ की अष्टपदी चौपाई है:

न मनु मरै न कारजु होइ,
मन वसि दूता दुरमति दोइ।।[282]

(४) सुखमनी में सब अष्टपदियां रूप- चौपई तथा चौपाई एवं चौपई इस प्रकार से आई हैं। चौपाई तथा चौपई का पीछे वर्णन हो चुका है। रूप-चौपई देखिए:
(प्रति चरण १६ मात्राएं अंत में जगण तथा तगण का निषेध है।)

१- सिमरउ सिमरि सिमरि सुखु पावउ। (१६- ऽ।।)
२ कलि कलेस तन माहि मिटावउ।।[283]
३- [illegible] कोटि मुकति जन मजना।
जनम मरन दुख भ्रम नजना। (१६- ।।ऽ)

२७८- काव्य रूपों के मूल स्रोत और उनका विकास-पृ० १६३
२७९- गुरु छन्द दिवाकर पृ० ५७
२८०- आ०ग्र० पृ० १०१२
२८१- आ०ग्र० पृ० १२७३
२८२- आ०ग्र० पृ० २२२
२८३- आ०ग्र० पृ० २६२।

अतिगीता : चार चरण प्रति चरण ३२ मात्राएं, १५-१७ पर यति, अंत गुरु लघु (   )

जिन हरि हरि नामु न चेतिओ, (मेरी जिंदुड़ीए)
ते मनमुख मूढ़ इआणे राम ।
जो मोहि माइआ चितुलाइदे, (मेरी जिंदुड़ीए)
से अंति गए पछुताणे राम ।
हरि दरगाह ढोई न लहनि, (मेरी जिंदुड़ीए)
जो मन मुख पापि लुभाणे राम।
जन नानक गुर मिलि उबरे, (मेरी जिंदुड़ीए)[२८४]
हरि जपि हरि नाम समाणे राम।।

इस उदाहरण में मेरी जिंदुड़ीए पाठ गायन की लय का है, यह पद छन्द की मात्राओं की संख्या से अतिरिक्त है।

१४- गीता: चार चरण, प्रति चरण २६ मात्राएं, १४,१२ पर यति, अंत गुरु लघु (ऽ।)

मोती त मंदर ऊसरहि, रतनीत होहि जड़ाउ ।
कसतूरि कुंगू अगरि चंदनि, लीपि आवै चाउ ।।[२८५]

इस छन्द का प्रयोग 'पृथ्वी राज रासो' में कवि चन्द ने किया है। केशव ने इसका प्रयोग 'राम चन्द्रिका' तथा भूषण ने 'शिवा बावनी' में किया है। भूषण ने इस का प्रयोग हरिगीतिका के नाम से किया है। (मनिमय महल सिवराज के, इमि रायगढ़ में राजही।) (शिवाबावनी-१६) यहां मात्राएं केवल २६ हैं, भिखारी दास ने भी अपने 'छन्दोर्णव' में इसका वर्णन इसी रूप में किया है, 'लै संग मत्ति मलाह करि, आलप सोलै जाउ'।। (छन्दो० पृ० ३६)[२८६] गुरु गोबिंद सिंह ने हरि गीतिका में २८ मात्राएं तथा १६-१२ पर यति, और अन्त लघु गुरु रखा है। 'सम द्रोण गिरिवर सिखर तर नर पाप करम मए मनो। उठ भाज धरम समरम ले नवकंत दामनि सो मनो।'[२८७]

२८४- आ. ग्र. बिहागड़ा म:४ पृ० ४५०

२८५- राग सिरी राग म: १, पृ० १४

२८६- हिन्दी साहित्य कोश पृ० २६०

२८७- गुर छन्द दिवाकर पृ. १२७

गुरु नानक ने, जैसा कि ऊपर उदाहरण दिया है, इस छन्द के 'गीता' रूप का अधिक प्रयोग किया है।

पक अरज़ गुफतम पेसि तो दरगोस कुन करतार।
हक्का कबीर करीम तू बेऐब परवरदगार ।। १ ।। [२८८]

जगन्नाथ प्रसाद भानु ने छन्द प्रभाकर में 'गीतिका' छन्द में प्रति चरण २६ मात्राएं, तथा अंत में लघु गुरु (।ऽ) का निर्देश किया है। यति १४-१२ पर ही है। [२८९] इस प्रकार 'गीता' और 'गीतिका' में केवल गौण अंत है। अर्थात गीता के अंत में (ऽ।) है और 'गीतिका' के अन्त में (।ऽ)। 'गीतिका' का जो रूप आदि ग्रंथ में मिलता है, उसमें चार चरण प्रति चरण २५ मात्राएं, १४-११ पर यति, अंत में लघु गुरु (।ऽ) है। इसे जयदेव ने अपनी रचना में प्रयुक्त किया है।

परमादि पुरख मनोपिमं सति आदि भावरतं।
परमद्भुतं परक्रितिपरं जदि चिंति सरब गतं।।१।। [२९०]

१३-१३ पर विश्राम, २६ मात्राओं, तथा अंत गुरु-लघु (ऽ।) वाले गीता छन्द का प्रयोग आदि ग्रंथ के जयदेव के परवर्ती रचयिताओं ने भी किया है। गुरु अर्जुन देव की रचना में इस काउदाहरण मिलता है:

सेवी सति गुरु आपणा, हरि सिमरी दिन सभि रैणि।
आपु तिआगि सरणी पवां, मुखि बोली मिठड़े बैण। [२९१]
(दिन रैणि)

१५- घनकला(क) इस छन्द को 'त्रिभंगी' भी कहते हैं। चार चरण, प्रति चरण ६३ मात्राएं तीन यतियां १६-१६-१६ पर, चौथी १५ पर, तथा अन्त में गुरु लघु (ऽ।) (प्रथम तथा द्वितीय यतियों का अनुप्रास एक होता है। गुरु रामदास तथा गुरु अर्जुन देव का रचना में इसका प्रयोग मिलता है। [२९२]

२८८- तिलंगम: १- ७२१
२८९- हिन्दी साहित्य कोश- २६०
२९०- आ. ग्र. ५२६
२९१- आ. ग्र. पृ६१३६
१९२- गुरु छन्द दिवाकार- १५६

(१) म: ४ हरि हरि सिमरहु अगम अपारा।
जिसु सिमरत दुखु मिटै हमारा।
हरि हरि सतिगुरु पुरखु मिलावहु,
गुरि मिलिऐ सुखु होई राम ।।१ ।।[२६३]

(२) म:५ सुणि सुणि जीवा सोइ तुमारी।
तूं प्रीतमु ठाकुरु अति भारी।
तुमरे करतब तुम ही जाणहु।
तुमरी ओट गोपाला जीउ ।।१।।[२६४]

(ख) चनकला का दूसरा रूप, १६-१६-१६-१४, कुल ६२ मात्राओं तथा अंत दो गुरु (ऽऽ) वाला है।[२६५] गुरु नानक की रचना में इसका प्रयोग मिलता है, जिस से स्पष्ट है, उनके अनुयायियों ने एक मात्रा चौथी यति १४ के स्थान पर १५ पर कर दी और इस यति के अन्त में दो गुरु के स्थान पर ग ल (ऽ।) रख लिया। गुरु नानक की बाणी में इस के प्रयोग का उदाहरण इस प्रकार है:-

केती केती अंत उपाए।।
दुइ पंथी दुइ राह चलाए।
गुर पूरे विण मुकति न होई,
सचु नामु जपि लाहा हे।[२६६]

(ग) चनकला का चौथा रूप १६,१६,१६ तथा १३ वाला है। इसमें चौथी यति के अन्त में लघु गुरु (।ऽ) तथा कुल ६१ मात्राएं होती हैं। इस का उपयोग गुरु अर्जुन देव ने किया है।

२६३- आ. ग्र. पृ० ६६८
२६४- आ. ग्र १०४
२६५- गुरु छन्द दिवाकर- १५६
२६६- मारू सोलहे म: १, पृ० १०३२

जो दीसै सो एको तू है।
बाणी तेरी स्रवणि सुणीऐ।
दूजो अवर न जापसि काई,
सगल तुमारी धारणा ।। १।।[२९७]

गुरु अमर दास के मारू सोलहे में भी गुरु नानक वाले घनकला का अधिक प्रयोग है। चौथी यति १४ मात्रा पर और अन्त दो गुरु (ऽऽ) हैं, कुल ६२ मात्राएं हैं:

सति गुरु पूरा साधु दिखाए।	(१६)
सचै सबदि सदा गुण गाए ।	(१६)
गुण दाता वरतै सभ अंतरि,	(१६)
सिरि सिरि लिखदा साहा हे।।१।।	(१४) (ऽऽ)[२९८]

इस प्रकार इस छन्द के प्रयोग की परंपरा गुरु नानक काल से चली, और मारू राग में जो गुरु नानक ने सृष्टि आरंभ का वर्णन किया है, संभवत: उसी से इस घनकला का आरंभ भी होता है:

आपे दाना आपे बीना।	(१६)
आपे आपु उपाइ पतीना।	(१६)
आपे पउण पाणी बैसंतरु,	(१६)
आपे मेलि मिलाई हे।	(१४) -(ऽऽ)[२९९]

मात्राओं की कमी-बेशी करके किसी छन्द का प्रयोग करना, तथा उस में गुरु-लघु का फेर बदल करना कवियों में साधारण बात थी। जैसे 'गीतिका' के अन्त में लघु गुरु (।ऽ) के स्थान पर गुरु-लघु (ऽ।) करके 'गीता' छन्द बना दिया गया।[३००]

१६- चौबोला - मात्रिक सम- छन्द का एक भेद है। प्राकृत पंगलम् में इस का लक्षण इस प्रकार है(१ : १३२) द्वितीय और चतुर्थ चरण में १४ मात्राएं

२९७- आ. ग्र. मारू सोलहे म: ५, पृ०१०७६

२९८- आ. ग्र. २५५

२९९- आ. ग्र. १०२०

३००- हिन्दी साहित्य कोश- २६०

और प्रथम तथा तृतीय में १६ मात्राएं। इस दृष्टि से तो यह अर्द्धसम-छन्द माना जायगा। परन्तु हिन्दी का चौबोला छन्द सम-चरण है। संभवतः इस पर चौपाई का प्रभाव है। भानु के अनुसार यह १५ मात्राओं का सम-चरण छन्द है, जिसके अन्त में लघु गुरु (।ऽ) रहता है। केशव (वीर सिंह देव चरित), सूदन (सुजान चरित) तथा रघुराज (राम स्वयंवर) ने इसका प्रयोग किया है।[301] भाई कान्ह सिंह ने चौबोले का भानु वाला लक्षण दिया है और इसे चौपाई का एक रूप कहा है।[302]

श्री गुरु ग्रंथ में उपर्युक्त छन्द का प्रयोग तो नहीं मिलता, परन्तु रागों से बाहर गुरु अर्जुनदेव की रचना चौबोले हैं। जिनका छन्द तो दोहा है परन्तु इन्हें लिखा चौबोले है। प्रिंसीपल तेजा सिंह लिखते हैं, "चौबोले ११ हैं। प्रत्येक का छन्द दोहा है। पता नहीं इन पदों को चौबोले क्यों कहा गया है।"[303] भाई कान्ह सिंह लिखते हैं, "गुरु ग्रंथ साहब में चार प्रेमियों के बोल (वचन) जिस वाणी में उल्लिखित हैं, उसे चौबोला संज्ञा दी गई है। वास्तव छन्द इस का दोहा ही है।"[304] शब्दार्थ गुरु ग्रंथ के संपादकों ने लिखा है, चौबोला वह छन्द है, जिस में चार पुरुषों (सम्मन, मूसन, जमालक तथा पतंग) के प्रति उच्चारण किए गए बोल (वचन)हैं। इसका उदाहरण निम्नांकित है:-

मूसन मसकर प्रेम की रही जु अंबरु छाइ।[305]
बीधे बाधे कमल महि भवर रहे लपटाइ।।"

इस चौबोले की परंपरा लोक-गीतों में भी ढूंढी जा सकती है। दसम ग्रंथ में चार भाषाओं के मिश्रित छन्द को चौबोला कहा गया है।[306]

१०- उलखणा: यह कोई छन्द नहीं है। आदि ग्रंथ में गुरु अर्जुन देव जी ने इस शीर्षक से काव्य रचना की है। श्री राग के छन्त म: ५[307] में तथा

३०१- वही

३०२- गुरु छन्द दिवाकर- १६५

३०३- पंजाबी कावि शिरोमणी- १९७

३०४- गुरु छन्द दिवाकर- १६७

३०५- चौबोले म: ५- १३६४

३०६- गुरुछन्द दिवाकर पृ॰१६६-६७ ३०७- आ॰ग्रं॰ पृ॰ ८०

मारू की बार म:५[308] में क्रमश: 'डखणा' और 'डखणे' शीर्षक से रचनाएं की गई हैं। श्री राग में पृ० ८०-८१ पर म:५ के पांच छन्त हैं। प्रत्येक छन्द (छन्त) के पूर्व में एक एक डखणा है। डखणा अथवा दखणा ऐसा काव्य प्रकार है, जो दोहा अथवा सोरठा छन्द में ही आदि ग्रंथ में मिलता है। मारू की बार में सलोकों के स्थान पर 'डखणे' हैं। वहां पर एक से अधिक दोहे अथवा सलोक हैं, इस लिये शीर्षक 'डखणे' (बहुवचन) है। गुरु अर्जुन देव की जैतसरी की बार[309] में भी डखणे मिलते हैं, परन्तु वहां शीर्षक श्लोक (सलोक) ही है। इन डखणों का रूप भी दोहा तथा सोरठा है। आदि ग्रंथ के अन्त में पृ० १४२४ पर म:५ के सलोकों में 'डखणे' मिलते हैं। दोहों के रूप में अन्य आदि ग्रंथ के रचयिताओं द्वारा भी 'डखणे' लिखे गए हैं। बाबा फरीद के सलोकों में 'डखणे' बड़ी आसानी से ढूंढे जा सकते हैं।

म: ५ के श्री राग और मारू राग के डखणों में विषय तथा भाषा की समता है। दोनो रागों में आरंभ वाला एक एक डखणा देखिए:-

श्री राग: डखणा

छठ मकाहू मा पिरी, पसे किउ दीदार।
संत सरणाई लभणे, नानक प्राण अधार ।।१।।[310]

मारू राग

तू चउ संजण मैडिआ, डेई सिस उतारि।
नैण महिंजे तरसदे, कदि पसी दीदार।[311]

दोनों डखणे दोहा छन्द में हैं। आदि ग्रंथ में गुरुमुखी लिपि वाली अद्धक (अर्धक- ˇ) का प्रयोग नहीं है। अत: पाठकों को स्वयं इसे जोड़ना पड़ता है। मकाहूं = मज्झाहू, पसे = पस्से, तथा सजण= सज्जण

३०८- आ. ग्र. पृ० १०६४
३०९- आ. ग्र. ७०६
३१०- आ. ग्र. पृ० ८०
३११- आ. ग्र. १०६४

सिन=जिल्स, मनी-अंडी और फलों= फसी करके पढ़ना चाहिए, क्योंकि इनका भावार्थों की गणना छूट गई है। पंजाबी भी आदि ग्रंथ का भावार्थों का निर्णय कर सकते हैं।

ऊपर के डखणों की भाषा 'डखणी पंजाबी' है। अर्थात जिस प्रदेश की यह भाषा है, पंजाब के दक्षिण में है। इस लिये इसे डखणा (दखणा) कहते हैं। भाई कान्ह सिंह नाभा[312] तथा शब्दार्थ गुरु ग्रंथ[313] के संपादकों ने इस संबंध में लिखा है: गुरु नानक देव जी की जन्म भूमि से दक्षिण की ओर की भाषा, अर्थात मुलतान, बहावलपुर के प्रदेश की भाषा में जो रचना है, वह डखणे नाम से गुरु वाणी में प्रसिद्ध है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि डखणों की भाषा पंजाब के दक्षिण की है, परन्तु यह व्याख्या तो तभी समीचीन है, यदि गुरु नानक से पूर्व डखणे, दोहे अथवा लिखे न जाते रहे हों। डखणे तो फरीद, गुरु नानक तथा अन्य गुरुओं ने भी लिखे हैं, परन्तु उनका शीर्षक सलोक है। यह नाम गुरु अर्जुन देव ने ही सलोकों के स्थान पर अपनाया है। गुरु अर्जुन ने इस महानग्रंथ का संपादन करते समय डखणों के प्रचलित लोक-काव्य प्रकार के आधार पर इस रचना का नाम आदि ग्रंथ में भी यही रखा, जैसे अन्य काव्य प्रकारों के नाम लोक-काव्य के प्रकारों के नामानुसार रखे हैं, जो कि वारों में निबद्ध हैं। विद्वानों ने नवीन शोध के आधार पर सिद्ध कर दिया है, कि मुलतान तथा सिंध प्रदेश में डखणे रचे जाने की परंपरा बड़ी पुरानी है, और इसका लोक-काव्य एवं लोक जीवन से घनिष्ठ संबंध है। मि० जुक्स, जो चर्च मिशनरी सुसाइटी, डेरा गाजी खां का मिशनरी था, उसने ए डिक्शनरी आफ दि जटकी एंड वेस्टर्न पंजाबी लैंग्वेज में डखणा का अर्थ मूर्ख शुतरबान (A stupid Camel Driver)[314] किया है, और ग्राहम ने भगवती

३१२- गुरु शब्द रत्नाकर- पृ० १६५, महान कोश पृ० ४३७

३१३- आ०ग्रं० पृ० [illegible] (शब्दार्थ)

३१४- ए डिक्शनरी आफ दि जटकी एंड वेस्टर्न पंजाबी पृ० १६० पर पंजाबी दुनिया, नवंबर, १९६५ के पृ० ३४ पर उद्धृत।

आव मुल्तानी लैंग्वेज में डक्खणा का अर्थ ऊंट वाला अथवा शुतरवान दिया है।[315] किशन दास ने अपनी पंजाबी डिक्शनरी में दकनो का अर्थ ढोलक- जो गले में डाल कर बजाए जाए दिया है। ओ. ब्राइन इसे (KETTLE DRUM) कहता है। इस विवेचना के आधार पर श्री प्यारा सिंह पदम ने निष्कर्ष निकाला है कि जहां पश्चिमी पंजाबी में डक्खणे का अर्थ शुतरवान है, वहां से यह संकेत लिया जा सकता है, कि बोलियां अथवा दोहे (डक्खणे) ऊंटों वाले आते जाते गाते होंगे, तो इनका नाम उसी प्रकार डक्खणे पड़ गया जैसे करहे (ऊंट) वालों के गीतों से आदि ग्रंथ में करहले की रचना मिलती है। ढोलक पर गाए जाने वाले दोहों को भी डक्खणे कह दिया गया होगा।[316]

'डक्खणे' आदि ग्रंथ में अवश्य ही लोककाव्य के आधार पर रचे गए हैं, क्योंकि इसी नाम की रचनाएं हस्त लिखित प्रतियों में मिलती हैं। भाषा विभाग पटियाला में एक प्राचीन गोष्टि संग्रह (नं०३५६) की बहुत पुरानी हस्त लिखित प्रति है, जिसमें गुरु नानक काल की पुरानी गद्य प्राप्त है। इसमें कुछ गोष्टियों की गद्य को गुरु नानक से पूर्व की रचना माना जा सकता है, जिसके प्रबल प्रमाण उपस्थित हैं। इन गोष्टियों में एक का शीर्षक है, 'गोसटि डाखणी पीर मुरीदों की'। जिस पीर की यह गोष्टि है इस को दक्षिण का, अथवा डाखणी कहा गया है, और साथ ही इसे सिन्धी फकीर भी कहा गया है। यह फकीर अपनी बात की पुष्टि के लिये जो दोहा बोलता है, उसे डाखणा नाम दिया गया है। यह डाखणे सब से पुराने कहे जा सकते हैं।[317] 'डखणे', डाखणे का ही भाषकी (केंद्री) पंजाबी रूप है।

सैंट्रल पब्लिक लाइब्रेरी, पटियाला की हस्त लिखित प्रति नं-५२५ में रुबाई जैसी गति वाले छन्द में भी डक्खणे लिखे मिलते हैं। इन में हीर-रांझा की प्रेम कथा के प्रतीकों द्वारा सच्ची एवं अलौकिक प्रेम-साधना का वर्णन है।[318] इस प्रकार हम देख चुके हैं कि डक्खणों में दोहा, सोरठा, रुबाई, आदि छन्दों में रचनाएं मिलती हैं। डक्खणों का कोई निश्चित

३१५- गलासरी आव मुल्तानी लैंग्वेज-पृ० १६, पंजाबी दुनिया नवम्बर,१९६५ पृ० ३४ पर उद्धृत।

३१६- पंजाबी दुनिया- नवम्बर- १९६५, पृ० ३४

३१७- पंजाबी दुनिया-नवम्बर,१९६५, निबंध श्री प्यारा सिंह पदम पृ०३४

छन्द नहीं था, यह तो एक लोक-काव्य प्रकार था, जिस में जो भी लोक प्रिय छन्द आया उसमें रचनाएं की गईं। भक्ति काव्य में दोहा- तथा सोरठा को विशेष प्रधानता रही है, अत: यह सुगम काव्य छन्द इस काव्य प्रकार के लिये प्रयुक्त हुए।

श्री राग में सोरठा छन्द में डखणा[319]

सहंदड़ो हभ ठाइ, कोइ न दिसै डूजड़ो। (११ + १३)
खुल्हड़े कपाट , नानक सतिगुर भेटते। (इस पंक्ति में मात्राएं कम हैं। ९ + १३)

मारू राग में सोरठा छन्द में डखणा[320]

दुखीआ दरद घणे, वेदन जाणे तू धणी। (११ + १३)
जाणा लख भवे, पिरी डिसंदो ता जीवसा। (१०+ १४)

सलोक म:५ में सोरठा + दोहा छन्द में डखणा[321]

(सोरठा) सुखड़े सुती सवंन्हि, जो रते सह आपणे। (११ + १३)
(दोहा) प्रेम विछोहा धणी सउ, अठे पहर लवंन्हि।।१।। (१३ + ११)

दूसरी पंक्ति में दूसरे चरण को पहले लेने से यह डखणा सोरठा बनता है। अठे पहर लवंन्हि, प्रेम विछोहा धणी सउ ।

इन सलोकों में इस प्रकार का डखणा सलोक नं० १८ में है।[322]

(सोरठा) तिहटड़े बाजार सउदा करनि वणजारिआ। (११ + १३)
(दोहा) सच वखरु जिनि लदिआ, से सचड़े पासार ।।१।। (१३ + ११)

सिरी राग के एक डखणे[323] तथा सलोक म:५[324] के डखणे का विषय द्रष्टव्य है:-

---

३१८- वही पृ० ३५
३१९- आ. ग्र. पृ० ८०
३२०- आ. ग्र. १०९७
३२१- आ. ग्र. १४२५
३२२- वही पृ० १४२५
३२३- आ. ग्र. ८० ३२४- आ. ग्र. १४२४

(दोहा) धूड़ी मंजनु साध के, साईं थीए क्रिपाल । (१३ + ११)
लधे हभे थोकड़े, नानक हरि धन मालु ।।१।। (१३ + ११)

सलोक: म: ५

(सार छन्द)धणी विहूणा पाट पटंबर, भाही सेती जाले। (१६ + १२)
धूड़ी विच लुडंदड़ी सोहां, नानक तै सह नाले।।२।।(१६+१२)
सिखरू मूठिन धुड़ींदो, जिचरू, आपि क्रिपाल । (१३+ ११)
सबद अधुंद बाबा नानका, साहि सरवि धन मालु।।२०।। (१६+ ११)

मात्राओं का न्यूनाधिक होना, संगीत तथा लय के कारण है।

जिन गुरु नानक से पूर्वकालीन डखणों की ओर पहले संकेत किया जा चुका है, उन्हीं की परंपरा के विकसित रूप में गुरु अर्जुन देव तथा उनके पूर्ववर्ती गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने डखणे लिखे। इनका उदाहरण इस प्रकार है:-

सिंधी फकीर के डखणे[325]

दोहा पिरी तकिजे नांव के, अट्ठे पहिर लवंनि।
पी सालाह न अंबड़ा, संदी सु पिरोवनि। ६।।

(पुरातन गोसटि संग्रहि प्रति- ३८६)

गुरु अर्जुन के डखणे[326]

सोरठा सुतड़े सुखी सुवंन्हि, जो रते सह आपणे।
दोहा: प्रेमविछोहा धणी सउ अट्ठे पहर लवंनि।। १२।।

सिंधी फकीर[327]

सोरठा :पहिला पाणी वंजाई, पाणी वंजाई सो लहै। (११+१३)
अंदरि काती पाई, जि ताहू अंदरि सुपिरी। (११+ १३)

३२५- पंजाबी दुनिया- ३६ (नवंबर- १९६१)

३२६- आ. ग्र. १४२५

३२७- पंजाबी दुनिया- ३५

गुरु अर्जुन[328]

दोहा हठ मंझाहू मा पिरी, पस्से किउ दीदार। (१३+११)
संत सरणाई लभणे, नानक प्राणाधार । (१३+११)

सिंधी फकीर[329]

सोरठा लोहे लक्ख किवाप, पस्सण से पाण पिरी। (११+१३)
मंके पिरी लगामि, अंजाण दे उंकिअमु । (११+१३)

गुरु अर्जुन[330]

दोहा तू कउ सज्जण मैंहिवा, डेई सिस्सु उतारि।
नैण महिंज्जे तरसदे, कदि पसुसी दीदार ।।१।।

श्री प्यारा सिंह पदम ने अपने निबन्ध में किसी अज्ञात कवि के उक्लेण भी उद्धृत किए हैं०। इनका छन्द दोहा तथा सोरठा दोनों हैं।

अज्ञात कवि[331]

दोहा जा जा सज्जण संपलां, तां मू लग्गनि तीर। (१३+११)
पंछी होवां यह मिलां, सहां न झूरो पीर । (१३+११)

अज्ञात कवि के इस उक्लेण की शैली का बाबा फरीद के श्लोकों में पाए जाने वाले उक्लणों से तुलना द्रष्टव्य है:-

दोहा फरीदा जि दिहि नाला के पिवा जे गल कपाहि चखु ।
पवनि न झूरो भामले उहां न झूरो दुख । (आ. ग्र.पृ: १३८१)

गुरु अर्जुन[332]

दोहा संप विकांदड़े जे लहां, पिन्नां सांवी तोलि। (१३-+११)
तंनि जड़ाई आपणे, लहां सु सज्जणु टोलि।।२।। । १३+११)

अज्ञात कवि[333]

देहा असां तुसाडी सज्जणों, बट्ठे पहिरि संभाल ।। (१३+११)
डोहे वस्सहु मन महि, राती सुतिआं नालि ।।३।। (१३+११)

३२८- आ. ग्र. पृ० ८०

३२९- पंजाबी दुनिया-पृ:३५ NOV, 1965.

गुरू अर्जुन[324]

सोरठा सुतड़े सुखो संवन्हि, जो रते सह आपणे। (११+१३)
दोहा प्रेम विछोहा, धणी सउ, अठे पहर लवंन्हि।।१२।। (१३+११)

इन इकसणों का गुरु अर्जुन के इकसणों से इसी प्रकार विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जा सकता है। उपर्युक्त सिन्धी फकीर तथा अज्ञात कवि के इकसणों के अतिरिक्त गुरुमुखी इकसणे भी उक्त निबंध में उद्धृत हैं, परन्तु जैसा कि इनके शीर्षक से सुस्पष्ट है, यह इकसणे गुरू अर्जुन के पूर्व के हो सकते हैं, परन्तु गुरु नानक के पश्चात् के हैं, क्योंकि गुरू-मुखि लिपि पहले अस्तित्व अवश्य रखती थी, परन्तु इसका यह नाम गुरू नानक के पश्चात् पड़ा। फिर पंजाबी के मुलतानी रूप को गुरुमुखी (पंजाबी) कहना भी गुरू नानक के बाद की ही बात हो सकती है। इस लिये सिन्धी फकीर तथा अज्ञात कवि के इकसणों की परंपरा में बाबा फरीद, गुरू नानक, गुरु अर्जुन देव आदि ने इकसणे लिखे। गुरु मुखि इकसणे भी इसी परंपरा के अंतर्गत रचे गये होंगे। इनमें छोर के प्रतीकों से भगवद्भक्ति विषयक इकसणे हैं। गुरुमुखी इकसणे एक विशेष काव्य प्रकार की रचना है, जो न दोहा है न सोरठा। श्री प्यारा सिंह पद्म के अनुसार इनकी रुबाई जैसी बनावट है। उदाहरण इस प्रकार है:

भठि कुशालो बेड़िआं वाला, मारू! जितु दम थोवै ना रजी।
अंदरि दिल दे उठति विहुगां, बांगू आतशबाजी।
लख लख मुल्लां ते लख मउलाणे, मर्चां दें दें हाजी।
तित वल सिजदा करसां मारू! जिस इह उम्मत साजी।।२।।[335]

330- आ. ग्र. १०६४
331- पंजाबी दुनिया- ३८ Nov. 1965.
332- आ. ग्र. १४२६
333- पंजाबी दुनिया- नवम्बर, १९६५ पृ० ३८
334- आ. ग्र. पृ० १४२५
335- पंजाबी दुनिया- नवम्बर, १९६५- ४०

हमारा विचार है, कि गुरुमुखी इक्सणों में कोई भी निश्चित छन्द नहीं है। यह प्रेमाभक्ति की काव्य रचना है, इसमें तो प्रत्येक मुक्तक में पंक्तियों का भी निश्चित रूप में नहीं लिया गया। कई मुक्तक तिपदे, चउपदे, पंचपदे और षाठपदे हैं। अधिक में सार छन्द का प्रयोग हुआ है। सार छन्द में १६-१२ पर यति अन्त लघु गुरु (। ऽ) अथवा दो गुरु होते हैं। इन पदों में कहीं कहीं अन्त में दोनों लघु भी हैं। यथा:-[336]

सार छन्द (१) रेते दे बन्नि बंध न कोई, पे फिघे लिस्से बन्हे। (१६-१२-।ऽ)
सार छन्द (२) तित वल रिजदा करसां भारा! किस इह उम्मत साजी। (१६-१२-ऽऽ)
सार छन्द (३) वट्ठे भरि रहिन खुशहाली, कतरा मूल न रोवनि । (१६-१२-।।)

इन अनेक पाद वाले पदों का रूप आदि ग्रंथ के छन्तों जैसा अथवा पौड़ियों जैसा है। जैसे पउड़ियों में (वार माझ म:५) और छन्तों में (छंत म:५-श्री राग) इक्सणे आए हैं, इस प्रकार गुरुमुखी इक्सणे दोहों में न होकर सार छन्द में अधिक हैं। कहीं कहीं छन्तों जैसे अधिक लंबे छन्द हैं, यथा:[337]

जित दिन बिरद सम्भाली अनि अपणा, तां दोसु न कतरा धरसी।

(१६+१४)

इन अनेक रूपी इक्सणों में एक स्थान पर सलोक भी है, जो दोहा है, और आदि ग्रंथ वाले इक्सणों के तोल का है-[338]

दोहा चोट जि लागी प्रेम की, बिसर गई सभ जेब। (१३+ ११)
आपि कहूं आसा कहूं, कहूं तस्बी कहूं सेब । (१३+ १४)

इस दोहे का पहला पाद ठीक है, दूसरे पाद का पहला चरण ठीक है, परन्तु दूसरे में तीन मात्राएं अधिक हैं।

इस प्रकार हम देख चुके हैं, 'इक्सणा' के लिये 'दोहा', -------- 'सोरठा तथा 'सार' छन्द का प्रयोग होता रहा है। कहीं कहीं इन छन्दों में मात्राएं न्यूनाधिक हैं। आदि ग्रंथ के इक्सणे गुरु नानक तथा बाबा फरीद से भी पहले के प्रचलित लोक-काव्य के इक्सणों के आधार पर रचे गए हैं। बाबा फरीद जी तो इक्सणों के प्रदेश में हुए हैं। उनके एक दो इक्सणे भी द्रष्टव्य हैं:-

---

336- पंजाबी दुनिया, नवम्बर, १९६५ पृ० ४०-४१

337- वही- पृ० ५६

सलोक [339]

दोहा: तनु तपै तनूर जिउ, बालणु हड बलंन्हि।
पैरी थकां सिरि जुलां, जे मुं पिरो मिलंन्हि।।११९।।

सोरठा इकु फिका ना गालाइ, सभना मै सचा धणी।
हिआउ न कैही ठाहि, माणक सभ अमोलवे।

यह भाषा तथा छन्द अवश्य ही फरीद जी को तत्कालीन लोक-काव्य तथा लोक-भाषा से प्राप्त हुए होंगे। अत: इसलणे कोई विशेष छन्द न होकर एक लोक प्रचलित काव्य रूप था, जिस में दोहा, सोरठा, सारादि छन्दों का अधिक प्रयोग होता रहा। आदि ग्रंथ में इसी लोक-काव्य की परंपरा में इसलणे लिखे मिलते हैं।

१८- छन्त (छन्द)

पद्य काव्य का नाम छन्द है। इस शीर्षक के अन्तर्गत आदि ग्रंथ में अनेक जातियों के छन्द पाए जाते हैं, परन्तु उन सब का शीर्षक छन्त (छन्द) ही है। इन सब छन्दों (छन्त) में एक बात समान है कि छन्दों की विविधता होते हुए भी। कुंडलिया का प्रभाव इन पर दिखाई देता है। समस्त छन्तों में छन्त की तीसरी पंक्ति का प्रथम चरण, छन्द की द्वितीय पंक्ति के अन्तिम चरण के पद्यांश से आरंभ होता है। छन्त में कुल पंक्तियां छ: हैं। कुंडलिया में भी छ: पंक्तियों में निबद्ध होता है, प्रथम दो, दोहा तथा अगली चार रोला की पंक्तियां होती हैं।

छन्त म:५ चरन कमल सिउ प्रीति रीति संतन मनि आवए जीउ।
दुतीआ भाउ बिपरीति अनीति दासा नह भावए जीउ।
दासा नह भावए, बिन दरसावए इकु खिनु धीरजु किउ करै।
सिरि राग के छंत म: ५ [340]

---

[338]- वही पृ० ४५

[339]- आ. ग्र. पृ० १३८४

[340]- आ. ग्र. पृ० ८०

छन्त म: ४ रामो राम नामु गु रामु गुरमुखे जाणे राम।।
इहु मनूआ जिन उरम पड़वाली परमदा कतु घरि आणे राम।।
मनु इकतु घरि आणे, सभगति मिति जाणै, हरि रामो नामु रसाऐ।।[341]
आ. सा. म: ४

छन्त म: ३ उम घरे साचा सोहिला, साचै स बदि सुहाइआ राम।
धन पिर मेलु भइआ प्रभि आपि मिलाइआ राम।
प्रभि आपि मिलाइआ सचु मंनि वसाइआ कामणि सहजे माती।[342]
आसा :म: ३

छन्त म:१ तित जाम तित जाम पुरे कहु कितु बिधि जाईऐ राम।
सचु संजमो सारि गुणा गुरसबदु कमाईऐ राम।
सच सबदु कमाईऐ, निज घरि जाईऐ पाईऐ गुणी निधाना।[343]
आसा म:१

भाई कान्ह सिंह नाभा ने छन्दों में 'हुल्लास' तथा 'सुगीतिका' सरीखे छन्दों के भेद ढूंढे हैं:-

हुल्लास (उल्लास) अथवा कलश:

अनदो अनद घणा मै सो प्रभु डीठा राम
(चौपाई + त्रिभंगी)[344]
आसा छन्त म: ५

सुगीतिका: प्रति चरण २५ मात्राएं, १५-१० पर यति, अन्त दो (SS)।
हरि अंम्रित भिन्ने लोइणा, मन प्रेम रतना।
मनु राम कसवटी लाइआ, कंचन सोविंना।[345]
आसा छन्त म: ४

३४१- आ. ग्र. पृ० ४४३
३४२- आ. ग्र. पृ० ४३६
३४३- गुरु छन्द दिवाकर - १६०
३४४- आ. ग्र. ४३६
३४५- वही- १६१

१६- तार्टक: इस छन्द का भी आदि ग्रंथ में रूप विद्यमान है। यह मात्रिक सम छन्द का एक भेद है। इसका लोक प्रचलित नाम भानु ने लावनी दिया है। इसके प्रत्येक चरण में १६,१४ की यति से ३० मात्राएं होती हैं और अन्त में मगण (ऽऽऽ) रहता है।[३४६] भाई कान्ह सिंह ने आदि ग्रंथ से इस छन्द का उदाहरण इस प्रकार दिया है।[३४७]

जिउ जिउ जपै सुखु पावै, सतिगुरु सेवि समावैगो।
भगत जनां की खिनु खिनु लोचा, नामु जपत सुख पावैगो।
अन रस साद गए सभ नीकरि, बिनु नावै किछु न सुखावैगो।
गुरमति हरि हरि मीठा लागा। गुरु मीठे बचन कढावैगो।[३४८]

कानड़ा असट पदीआं ५:४

आदि ग्रंथ में इस छन्द की परंपरा कबीर तथा नाम देव तक पुरानी है। नामदेव ने कबीर से भी पहले इस छन्द का प्रयोग किया। इन दोनों सन्त कवियों ने इस छन्द को १६-१४ की यति से अन्त में मगण (ऽऽऽ) के स्थान पर सगण (।।ऽ) रख कर प्रयोग किया है।

नामदेव (राम कली)[३४९]

बेद पुरान सासत्र आनंता, गीत कबित न गावउगो। (१६+१४-।।ऽ)
अखंड मंडल निरंकार महि, अनहद बेनु बजावउगो।।१।। (१६+१४-।।ऽ)

इस छन्द में ऐसे तीन पद और हैं। राम-कली - बाणी नाम देउ जीउ की।

कबीर: (मारू)

उदक समुंद सलल की साखिआ, नदी तरंग समावहिगे। (१६+१४-।।ऽ)
सुंनहि सुंनु मिलिआ समदरसी ...., पवन रूप होइ जावहिगे।।१।।
(१६+१४-।।ऽ)

इस शबद में इस एक पद के अतिरिक्त तीन और पद हैं। कुल चार पद हैं।

सूदन ने इस छन्द (तार्टक) के नाम से १४,१४ की यति से २८ मात्राएं लेकर अन्त में मगण का प्रयोग किया है जो परंपरा से भिन्न है।

३४६- हिन्दी साहित्य कोश। पृ० ३२२

यह छन्द लावनी के रूप में सूर और तुलसी द्वारा भी पद-शैली में प्रयुक्त हुआ है। लावनी को लोक-प्रचलित छन्द के रूप में भारतेन्दु काल के कवियों द्वारा। ग्रहण किया गया है। लोक-छन्द के रूप में लावनी का विशेष महत्व है। परन्तु लावनी में गुरु लघु का विशेष नियम नहीं रहता। नामदेव या कबीर का यह रूप लावनी वाला है। शुद्ध-ताटंक वाला नहीं।

गुरु नानक ने भी इस छन्द का प्रयोग करते समय अन्त में (ऽऽऽ)- मगण रखने की अवश्यकता नहीं समझी और (।।ऽ)- सगण रखा है।[351]

ऊंरि सबदु निरंतरि मुद्रा हउमै ममता दूर करी। (१६+१४-।।ऽ)
काम क्रोध अहंकार निवारै गुर के सबदि सु समझ परी।
खिंथा झोली भरि पुरि रहिआ, नानक तारै एकु हरी।
साचा साहिब साची नाई, परखै गुर की बात खरी।। १०।।

सिध गोसटि: म: १[352]

आधुनिक कवियों ने इसको शास्त्रीय रूप में भी अपनाया है।
देव तुम्हारे कई उपासक, कई ढंग से आते हैं।
सेवा में बहु मूल्य भेंट, वे कई रंग की लाते हैं।

सुभद्रा कुमारी चौहान।[353]

२०- तोमर - इसे चार चरण वाला वृत्त छन्द माना गया है जिसके प्रति चरण में सगण जगण जगण (।।ऽ , ।ऽ।, ।ऽ।) होते हैं।[354] प्राकृत पैंगलम (२:८६) में तोमर वृत्त ही माना गया है। दामोदर मिश्र (वाणी भूषण- २:६०) और देव (शब्दरसायन: प्रकाश १०) ने भी इसे वृत्त माना है।[355] हिन्दी में इसका मात्रिक रूप प्रचलित है। आदि ग्रंथ में भी इसका मात्रिक रूप ही मिलता है। भिखारी दास के छन्दोर्णव में इसका उल्लेख है। भानु के अनुसार यह १२ मात्राओं का छन्द है, जिसके अन्त में ग-ल (ऽ।) होता है (छन्द प्रभाकर- पृ०४४)। हिन्दी कवियों, तुलसी (राम चरित मानस) केशव (राम चन्द्रिका), सूदन(सुजान चरित)

३४७-गुरु छन्द दिवाकर- १६६
३४८- आ ग. पृ० १३०८
३४९- आ ग. ६७२
३५०- आ ग. ११०३

भी घर (अंग नामा) और रघुराज (रामस्वयंवर) ने इसका प्रयोग किया है। प्राय: वीर-रस के वर्णन के लिये इसका प्रयोग हुआ है।[356] आदि ग्रंथ में भक्ति के शांत रस के लिये इसका प्रयोग हुआ है:

मनि प्रीति दरसन पिआस।
गोबिंद पूरन आस ।
प्रभ तुझ बिना नही होर।
मन प्रीति चंद चकोर।। बिलावल म: ५ असटपदी घर १२[357]

२१- हाकलि : भाई कान्ह सिंह ने इसका नाम 'सुधाकर' भी दिया है।[358] यह मात्रिक सम छन्द का भेद है। प्राकृत पैंगलम (१: १७३) के अनुसार इसमें १४ मात्राएं प्रति चरण होती हैं।[359] भाई कान्ह सिंह ने १४ मात्राओं की ६-५ पर यति तथा अन्त में दो गुरु का विधान बताया है।[360] भानु ने तीन चौकल के बाद एक गुरु के प्रयोग कोप्रधान लक्षण स्वीकार किया है। (छन्द प्रभाकर-पृ० ४६) भिखारी दास ने इसका नाम 'हाकलिका' दिया है। (छन्दोर्णव-पृ०२२) केशव (वीर सिंह देव चरित) ने इसी नाम से प्रयोग किया है। पद्माकर ने इस छन्द का व्यापक प्रयोग 'हिम्मत बहादुर विरुदावली' में किया है। इन्होंने ने अनेक स्थलों पर स्वतंत्रता बरती है। युद्ध-यात्रा-वर्णन तथा प्रशंसा आदि में इसका प्रयोग किया गया है।[361]

३५१- गुरू छन्द दिवाकर- १६६
३५२- आ. ग्र. ६३६
३५३- हिन्दी साहित्य कोश- २२०
३५४- गुर छन्द दिवाकर २०३
३५५- हिन्दी साहित्य कोश- ३३०
३५६- हिन्दी साहित्य कोश- ३३०
३५७- आ. ग्र. ८३८
३५८- गुरु छन्द दिवाकर- १२६
३५९- हिन्दी साहित्य कोश- ८८३
३६०- गुरु छन्द दिवाकर- १२६
३६१- हिन्दी साहित्य कोश- ८८३

आदि ग्रंथ में इसका प्रयोग सबसे पहले प्रथम नामदेव की रचना में मिलता है। गुरु नानक ने भी इस का प्रयोग किया है। इन दोनों सन्तों ने १४ मात्रा, ६-५ पर यति और अन्त दो गुरु (ऽऽ) का विधान स्वीकार किया है।

सोरठ नामदेव[362]

अणमड़िआ मंदलु बाजै।
बिन सावण घनहर गाजै।
बादल बिनु बरखा होई।
जउ ततु बिचारै कोई।

सलोक सहसक्रिति म:१

गलि माला तिलक लिलाटं।
दुइ धोती बसत्र कपाटं ।

२२- सरसी: मात्रिक सम छन्दों में एक भेद है। भिखारी दास ने इसे २७ मात्राओं के चरण वाला छन्द बता कर इस का नाम हरिपद कहा है। अन्त में ग-ल (ऽ।) भी है। भानु द्वारा इसका यही लक्षण दिया गया है (छन्द प्रभाकर- पृ६६)[364] इस छन्द का नाम बाबा सुमेर सिंह जी ने गुरुपद प्रेम प्रकाश में सुथरा लिखा है।[365] भाई कान्ह सिंह ने भिखारी दास तथा भानु वाला ही लक्षण दिया है।[366] और १६-११ पर यति और अन्त (ऽ।) बताया है।

आदि ग्रंथ में गुरु नानक की रचना में इस का प्रयोग प्रचुरता से मिलता है जिससे यह पता चलता है, कि यह सर्व प्रिय छन्द है।

मारुती[367]

एका माई जुगति विआई, तिनि चेले परवाणु। (१६+११- ऽ।)
इकु संसारी इकु भंडारी, इकु लाए दीबाणु ।

वार आसा म:१[368]

मुसलमाना सिफति सरीअति, पड़ि पड़ि करहि बीचारु। (१६+११- ऽ।)
बंदे से जि पवहि विचि बंदी, वेखण कउ दीदारु ।

३६२- आ. ग्र. पृ० ६५७
३६३- आ. ग्र. पृ० १३५३

मलार म:१ [369]

पर दारा परधनु परलोभा, हउमै बिखै बिकार। (१६+११- ऽ।)
दुसट भाउ तजि निंद पराई, काम क्रोध चंडार।

हिन्दी साहित्य कोश में भी लिखा है, [370] कि हिन्दी की पद-शैली का यह सर्व प्रचलित छन्द माना जा सकता है। इस का प्रयोग सूर, तुलसी मीरां तथा नंद दास ने किया है।

२३ हंस गति: मात्रिक छन्द, जिसके प्रति चरण २० मात्राएं, ११-६ पर यति, अन्त ल-ग (।ऽ)। कई छन्द ग्रंथों में अन्त रगण (ऽ।ऽ) रखने का विधान है। [371]

आदि ग्रंथ में इस छन्द का प्रयोग गुरु ग्रंथ के सर्व प्रथम सन्त कवि बाबा फरीद जी की रचना में मिलता है। गुरु नानक की रचना में भी इस का उदाहरण मिलता है।

बाबा सेख फरीद जीउ की [372]

तेरी पनह खुदाइ तू बखसंदगी। (११+६) - (ऽ।ऽ)
सेख फरीदै खैरु, दीजै बंदगी।

वार माझ म:१- पउड़ी [373]

केते कहहि वखाण, कहि कहि जावणा। वेद कहहि वखिआणा, अंतु न पावणा। (११+६ - ऽ।ऽ)

३६४- हिन्दी साहित्य कोश- ८१८
३६५- गुरु छन्द दिवाकार- ८४
३६६- वही- ८५
३६७- आ. ग्र. ७
३६८- आ. ग्र. ४६५
३६९- आ. ग्र. १२५५
३७०- हिन्दी साहित्य कोश- ८१८
३७१- गुरु छन्द दिवाकर- १३२
३७२- आ. ग्र. ४८८
३७३- आ. ग्र. पृ० १४८

२४- सुलखा छन्द - चार चरण प्रति चरण २२ मात्राएं, १२-१० पर यति। अन्त में एक ग (ऽ)।[३७४] गुरु नानक की रचना में इसका उदाहरण मिलता है।

उतंगी पैओहरी, गाहिरी गंभीरी। (१२-१०- ऽ)

ससुड़ि सुहीआ किव करी, निवणु न जाइ थणी।

गचु कि लगा गिड़वड़ी, सखीए धउलहरी।। (१२-१०- ऽ)

सलोक वारां ते वधीक म:१[३७५]

२५- सुकाव्य: चार चरण, प्रति चरण २४ मात्राएं, १३-११ पर यति, अन्त ग-ल (ऽ।)। गुरु नानक की बाणी में इसका उदाहरण मिलता है।

आवत वंकउ ढुमणी, किती मित्र करेउ। (१३-११-ऽ।)

साधन ढोइ न लहै, वाढी किउ धीरेउ।

२६- निशानी - चार चरण, प्रति चरण २३ मात्राएं, १३-१० पर यति, अन्त दो गुरु (ऽऽ)। भाई कान्ह सिंह ने इस का दूसरा नाम उपमान भी दिया है।[३७८] गुरु अर्जुन देव की रचना में इस का प्रयोग मिलता है।

(१) आसा म:५[३७९]

नाम धिआवहु सद सदा, हरि हरि मनु रंगे। (१३-१०- ऽऽ)

जीउ ::: प्राण धनु गुरु है, नानक कै संगे।।४।।२।।

सूही म: ५[३८०]

भली सुहावी छापरी, जा महि गुन गाए। (१३-१०- ऽऽ)

कितही कामि न धउलहर, जितु हरि बिसराए।।१।।

३७४- गुरु छन्द दिवाकर-११५

३७५- आ. ग्र. पृ० १४१० से गुरमति साहित्यांक पृ० ८० पर उद्धृत

३७६- गुरु छन्द दिवाकर- ११४

३७७- आ. ग्र. १०१४

३७८- गुरु छन्द दिवाकर-२२६

३७९- आ. ग्र. ३६७

३८०- आ. ग्र. ७४५

२७- **पउड़ी** : पउड़ी यति का नाम है। इस छन्द में वीर-काव्य का वर्णन होता है। गुरु हरि गोविंद साहब ने पुरानी ध्वनियों के अनुसार गुरुबाणी की पौड़ियां गान का संकेत ढाढियों अथवा चारणों को दिया था। गुरु ग्रंथ की ६ वारों के आरंभ में प्राचीन लोक प्रचलित वारों की लय के अनुसार उन्हें गाने का संकेत है।

वैसे पउड़ी, कोई छन्द नहीं है, इस शीर्षक के अंतर्गत गुरु ग्रंथ में -- दोहा, चौपाई, हंस गति, आदि छन्दों का प्रयोग हुआ है।

दोहा: रैमन बिन हरि जहि रहउ, तहि तहि बंधन न पाहि।[३८१]
जिह बिधि कतहु न छूटीऐ, साकत तेउ कमाहि ।।

चौपाई: ममा भरमु मिटावहु अपना। इहु संसारु सगल है सुपना।।[३८२]

पौड़ियों में २० (११+९), २१ (११+१०),२२(१३+९), २३(१३+१०) २४(१३+११), २५ (१३+१२), २७(१३+१४), २८(१३-१५), २९(१३-१६) ३०(१४+१६),३१(१५+१६) मात्राओं वाले चरणों के छन्द मिलते हैं। बिलावलराग में एक पउड़ी विषम दंडक है। जिसमें प्रथम चरण में ४६ मात्राएं अन्त दो गुरु हैं।

जितने पातसाहि साह राजे खान उमराव, सिकदार हहि, तितने सभि हरि के कीए।[३८३]

उपर्युक्त पौड़ियों के भिन्न भिन्न चरणों के अन्त में गुरु-लघु का विधान भी भिन्न है।[३८४]

२८- **पुनहा**: छन्द ग्रंथों में यह कोई छन्द नहीं, आदि ग्रंथ में फुनहे नाम की गुरु अर्जुन की रचना है। जिसका वर्णन लोक-काव्य-प्रकाराधीन, आदि ग्रंथ के काव्य प्रकारों में हो चुका है। इस फुनहे नाम की रचना में जो छन्द है, उसे भाई कान्ह सिंह ने पुनहा (हरिहां, चांद्रायण, परिहा, फुनहा) कहा है। इसका लक्षण इस प्रकार है। चार चरण प्रति चरण २१ मात्राएं, पहली यति ११ पर जगणांत (।ऽ।) दूसरी यति १० पर रगणांत (ऽ।ऽ)[३८५]

३८१- आ. ग्र. गउड़ी बावन अखरी- म: ५-पृ.२५२

३८२- आ. ग्र. २५८

३८३- बिलावल की वार, आ. ग्र. पृ० ८५१ पर गुरु छन्दिवाकर पृ० २५० पर उद्धृत

फुनहे म:५ चाह्उ दसा अनेक, प्रेम प्रभु कारणे।

पंच सतायहि दूत, कवन बिधि मारणे।

प्रिंसीपल तेजों ने इसे अरिल्ल का ही रूप माना है।

(देखिए पंजाबी काव शिरोमणी पृ०१७)

२९- पंचानन: चार चरण प्रति चरण ४८ मात्राएं, १२,१२,१२,१२ पर यतियां, अन्त गुरु लघु (।)[३८६] आदि ग्रंथ में इस छन्द का प्रयोग भाट-कवियों के सवैयों में मिलता है:-

वाहि गुरु, वाहिगुरु, वाहिगुरु, वाहि जीउ ।

कवल नैन, मधु बैन, कोटि सैन, संग सोभ ।

कहत मा जसोद जिसे दही भातु खाहि जीउ।

देखि रूपु अति अनूपु मोह महा मग भई।

किकनी सबद झनतकार खेल,पाहि जीउ।

काल कलम हुकमु हाथि कहहु कउनु मेट सकै,

ईसु बंम्ह गयान ध्यान धरत हीऐ चाहि जीउ।

सति साचु श्री निवासु आदि पुरखु सदा तुही।

वाहि गुरु, वाहि गुरु, वाहिगुरु वाहि जीउ।[३८७]

३०- प्रमाणिका या नगस्वरूपिणी- वर्णिक छन्दों में सम वृत्त का एक भेद है। भरत ने इसे मतचेष्टित (नाट्य शास्त्र- १६-१५), विरांक ने नाराचक, दामोदर मिश्र, जयदेव तथा देव ने प्रमाणिका नाम दिया है। तुलसी ने अरण्यक काण्ड में इसका संस्कृत में प्रयोग किया है।[३८८] भाई कान्ह सिंह ने प्रमाणिका का लक्षण इस प्रकार दिया है- चार चरण, प्रति चरण लघु गुरु क्रम से आठ अक्षर, अथवा ज,र,ल,ग (।ऽ। , ऽ।ऽ , ।ऽ)[३८९]

३८४- देखिए: गुरु छन्दविवाकर- पृ० २२७से २४० तक।

३८५- गुरु छन्द दिवाकर- २५५

३८६- वही-२५६

३८७- आ. ग्र. सवैइए म:४ के - १४०२

३८८- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ४८३

३८९- गुरु छन्द दिवाकर-पृ० २६०

आदि ग्रंथ में गुरु नानक की रचना में इसका प्रयोग मिलता है:-

न देव दानवा नरा न सिद्ध साधिका धरा।
कला धरै फिरै तुही।।)
एकु तुई एकु तुई ।।) वार माझ म: १ [३६०]

हिन्दी साहित्य कोश में भाई कान्ह सिंह वाली परिभाषा को दूसरे रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रति चरण लघु गुरु क्रम से आठ वर्ण होते हैं। (।ऽ।ऽ।ऽ।ऽ) केशव ने राम चन्द्रिका में इसे बरता है।

भलो बुरो न तू गुनै। वृथा कथा कहै सुनै।
न राम देव गाइहै। न देवलोक पाइहै। (राम चन्द्रिका-१:१६)[३६१]

३१- राधिका: चार चरण प्रति चरण २२ मात्राएं, १३-६ पर यति।[३६२]

आदि ग्रंथ में गुरु नानक तथा गुरु अर्जुन की रचनाओं में इस का प्रयोग मिलता है।

म:१ इकि भसम चढ़ावहि अंगि, मैल न धोवही।
इकि जटा बिकट बिकराल, कुलु घरु खोवही।
मलार की वार म:१[३६३]

म:५ माटी ते जिनि साजिआ करि दुरलभ देह।
अनिक छिद्र मन महि ढके, निरमल द्रिसटेह।।
बिलावल म: ५[३६४]

३२- रूपमाला: मात्रिकसम छन्द का भेद है। भानु के अनुसार प्रत्येक चरण में २४ मात्राएं, तथा अन्त में गुरु लघु रहता है।[३६५] भाई कान्ह सिंह ने २४ मात्राओं की १४-१० पर यति भी बताई है।[३६६] इसका नाम मदन भी दिया

३६०- आ. ग्र. १४३-४४
३६१- हिन्दी साहित्य कोश- ४०३
३६२- गुरु छन्द दिवाकर- ३०१
३६३- आ. ग्र. १२८५
३६४- आ. ग्र. ८१२
३६५- हिन्दी साहित्य कोश-६७१

गया है। गुरु ग्रंथ में गुरु नानक की वाणी में इसका प्रयोग मिल जाता है:

कूड़ु राजा कूड़ु परजा, कूड़ु सभु संसार।
कूड़ु मंडप कूड़ु माड़ी, कूड़ु बैसण हार।

वार आसा : ५:१ [३९७]

इस छन्द का उपयोग पद-शैली में प्राय: मिलता है। सूर, तुलसी तथा मीरां ने इसका प्रयोग किया है। इनके अतिरिक्त केशव(रामचन्द्रिका) तथा रघुराज (रामस्वयंवर) में यह छन्द मिलता है।[३९८]

३३- रेख़ता: रेख़ता शब्द फारसी मूल 'रेख़तन' से बना है, जो फारसी में अनेक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। बनाने, ईजाद करने, किसी चीज़ को क़ालिब में ढालने, नयी वस्तु बनाने, उपयुक्त बनाने अथवा मौजुं करने आदि के अर्थों में यह शब्द आता है। शेरानी के अनुसार जहां ख़ुसरो ने ईरानी और भारतीय छन्द-शास्त्र के समन्वय से अनेक नयी चीजें तैयार कीं, वहां उन्होंने 'रेख़ता' का भी अविष्कार किया। जिसमें फारसी ख्याल हिन्दी के मुताबिक हों और जिसमें दोनों ज़बानों के सरूद एक राग और एक ताल में बंधे हों, उसको रेख़ता कहते हैं। इस प्रकार रेख़ता छन्द या गीत की एक नयी शैली था, जिसमें फारसी और हिन्दी मिसरे ताल और राग के ऐतबार से छन्द होते थे, यथा: ज़हाल मस्कीं मकुन तगाफुल दुराय नैना बनाय बतियां' (ख़ुसरो)[३९९]। भाई कान्ह सिंह ने भी रेख़ता की ऐसी ही परिभाषा दी है: 'यह कोई छन्द की जाति नहीं। प्राकृत भाषा(हिन्दी उर्दू का मिश्रण) की कविता का नाम फारसी में रेख़ता है। विशेष कर फारसी हिन्दी पद जिस छन्द में मिश्रित हों, उसे रेख़ता की संज्ञा दी जाती है।[४००] श्री प्यारा सिंह पद्म ने गुरु अर्जुन देव की वाणी से रेख़ता की निम्नांकित उदाहरण दी है:-

---

३९६- गुरु छन्द दिवाकर- ३०५

३९७- आ. ग्र. ४६८

३९८- हिन्दी साहित्य कोश- ८७१

३९९- हिन्दी साहित्य कोश- ६७१

४००- गुरु छन्द दिवाकर- ३०५

हाक नूर करदं, आलम दुनीआइ।
आसमान जिमी दरख्त पैदाइसि खुदाइ।१।।
बंदे। चश्म दीदं फनाइ।
दुनिया मुरदरि खुरदनी गाफल हवाइ।। ४०१

नामदेव, कबीर तथा गुरु नानक की रचनाओं में भी रेख्ते मिलते हैं:-

नामदेव
करीमां रहीमां अलाह तूं गनीं।
हाजरा हजूरि दरि पेसि तू मनीं।
दरीआउ तू दिहंद तू बिसीआर तू धनी।
देहि लेहि एकु तूं दिगर को नहीं। ४०२

कबीर:
बेद कतेब इफतरा भाई दिल का फिकर न जाइ।
टुकु दमु करारी जउ करहु हाजिर हजूरि खुदाइ।
बंदे खोजु दिल हर रोज ना फिरु परेसानी माहि।
इह जु दुनीआ सिहरु मेला दसतगीरी नाहि। ४०३

गुरु नानक: यक अरज गुफतम पेसि तो दर गोस कुन करतार।
हका कबीर करीम तू बे ऐब परवरदगार ।। ४०४

ये सब रचनाएं आदि ग्रंथ में तिलंग राग में निबद्ध हैं। अत: रेख्ता के लिये जिस शब्द, राग तथा ताल का निर्देश है वह तिलंग राग है। इसमें गुरु नानक की वाणी घरु १, घरु २, तथा घरु तीसरा में निबद्ध है। इसी प्रकार गुरु अर्जुन का उक्त पद घरु पहला में है। नामदेव तथा कबीर की रचनाओं के लिये घरु का निर्देश नहीं।

अकबर कालीन फारसी कवि सादी (१५६६ ई०) भी रेख्ता से गीत का अर्थ ही लेते हैं; सादी कि गुफ्त: रेख्त: दर रेख्त: दररेख्त:। शीरां शकर आमे ख्त: हम रेख्त: हम गीत है। यही दक्षिण में इस शब्द के प्रथम प्रयोक्ता कहे जा सकते हैं। ४०५ रेख्ता हिन्दी छन्दों में भी पहुंच गया। नामदेवादि

४०१- आ. ग्र. पृ० ७२३ से गुरू अर्जुन देव की वाणी(भाषा विभाग) पृ०२६ पर उद्धृत।

४०२- आ.ग्र.पृ.७२७

निर्गुण सन्तों ने जो रेखते लिखे हैं, उनमें खड़ी बोली तथा अरबी फारसी के प्रचलित शब्द प्रयुक्त हुए हैं। धीरे धीरे छन्द के क्षेत्र से निकल यह शब्द ऐसी पद्य शैली के लिये प्रयुक्त होने लगा, जिस में दो भाषाओं का मिश्रण हो। आगे चलकर वली दकनी, हातिम (१७४६ ई०) मीर, सौदा, गालिब तक ने इस शब्द का प्रयोग किया है। वली दकनी: वली इस हुस्न की तारीफ में जब रेखता बोले। यहां से खड़ी बोली को फारसी गर्भित करके उर्दू ज़बान का आगाज़ होता है। स्वर्गीय मौलाना मुहम्मद हुसैन आज़ाद उर्दू के विषय में कहते हैं, इस ज़बान को रेखता कहते हैं, क्योंकि मुख्तलिफ जबानों ने इसे रेखता किया, जैसे दीवार को ईंट मिट्टी, चूना, सफेदी वगैरह पुख्त: करते हैं।[४०६] गालिब ने गज़ल के लिये रेखता शब्द का प्रयोग किया है। गज़लों के सम्राट कवि मीर के संबंध में उन्होंने ने लिखा था रेखते के तुम्हीं उस्ताद नहीं हो गालिब, कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था। रेखता शब्द गज़ल के लिये ही प्रयुक्त होने लगा। इसका प्रमाण ज़ौक की इस उक्ति से मिलता है: न हुआ पर न हुआ मीर का अंदाज़ नसीब, ज़ौक़ यारों ने बहुत ज़ोर गज़ल में मारा।[४०७]

आदि ग्रंथ में छन्दों को ढूंढने के लिये राग, लय, ताल का ज्ञान अनिवार्य है। इस महान ग्रंथ में लोक-काव्य के प्रकारों के अतिरिक्त छन्दों के अनेक भेदों का प्रयोग हुआ, जिनका कुछ प्रमाण उपर्युक्त विवरण में प्रस्तुत किया गया है। अनेक स्थानों पर आदि ग्रंथ में जन, दास, कहु, कहै नानक, कबीर, फरीदा आदि पद, छन्द के वज़न से बाहर हुआ करते हैं, जैसे अरिल्ल तथा पुनह: आदिक छन्दों में संबोधक पद गिनती से बाहर होता है।[४०८]

४०३-आ. ग्र ७२७

४०४-आ. ग्र. ७२१

४०५-हिन्दी साहित्य कोश- ६७१

४०६- हिन्दी साहित्य कोश-६७२

४०७- वही पृ० २५२

४०८- गुरु छन्द दिवाकर- २४

लोक-काव्य से संबंध होने के कारण छन्द के बन्धन गुरुवाणी पर उतने अधिक कठोर नहीं हैं, जितने छन्द-बद्ध-कविता पर होते हैं। छन्द के बन्धनों से स्वच्छन्दता एवं स्वतंत्रता का परिणाम गुरुवाणी के संगीतक गुणों के लिये अधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है। अत: इसकी रसमयता बढ़ गई है। परन्तु इन रसमयी स्वच्छन्दताओं के कारण हमें गुरुवाणी के छन्द प्रबंध को भूल नहीं जाना चाहिए।[४०९] गुरुवाणी उसी प्रामाणिक छन्द(प्रबंध) के अनुसार रची हुई है, जिसके अनुसार कोई पुरातन भारतीय रचना अथवा प्राचीन कविता।[४१०] अत: इस में लगभग उन समस्त छन्दों भेदों को ढूंढा जा सकता है, जो गुरु ग्रंथ के रचयिताओं के समय में प्रचलित थे। यदि कुछ अनियमितताएं हैं, तो आदि ग्रंथ में राग तत्व तथा लोक-काव्य की ध्वनियों एवं शैलियों के अनुसरण के कारण हैं, जिसका विवेचन उपर्युक्त वक्तव्य में किया जा चुका है। छन्द प्रबंध की भक्ति-काव्य में अनियमितताएं, सिद्धों से चली आई हैं।[४११]

४०९- पंजाबी काव शिरोमणी- सेखों- ६६

४१०- वही- ६५

४११- सिद्ध साहित्य- पृ० २६४।

६- श्री गुरु ग्रंथ साहिब का राग पक्ष:

सभना रागां विचि सो भला भाई, जितु वसिआ मनि आइ ।
रागु नादु सभु सचु है, कीमति कही न जाइ। श्लोक म:४, आ०ग्रं०पृ०१४२३

आदि ग्रंथ में राग तत्त्व

आदि ग्रंथ का संपादन रागों के आधार पर किया गया है। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए डा० शेर सिंह लिखते हैं, सिक्खी मार्ग नाम-मार्ग है। इस मार्ग की कुंजी विस्माद है। विस्मादी अवस्था पैदा करने के लिये राग अथवा कीर्तन जरूरी है। नाम की कुंजी विस्माद है और विस्माद उत्पत्ति का कार्य राग-कीर्तन तथा कविता से संपन्न होता है। गुरु ग्रंथ को रचने का महत्त्वपूर्ण प्रयोजन आनंद प्राप्ति तथा चित्त को शांत एवं शुद्ध मन अवस्था में ले जाना था। गुरु वाणी की कविता का राग, सुर तथा लय से प्रेम सहित पाठ करने से भक्त ईश्वर के नाम रूप में लीन हो जाता है।[१]

भक्ति मार्ग में ईश्वर स्तुति तथा भगवद्भजन में राग तत्त्व की महानता को वैदिक काल से माना गया है। वैदिक युग में इस जाति ने वेदों में जो कुछ भी कहा, भावमय संगीत में कहा (निराला: गीतिका, १९३४, भूमिका पृ० १)[२] वैदिक ऋषि स्वयं इस विचार को प्रकट करते हुए लिखते हैं- देवताओं का आश्रय न तो ऋक् था, न यजुः। देवताओं का आश्रय केवल साम अर्थात् संगीत था (देवा वै नर्चि न यजुष्य श्रयन्ते ते सामन्नेवाश्रयन्त। तैत्तिरीय संहिता, सातवलेकर संस्करण सं० २०२१)[3] भक्ति मार्ग में संगीत के साथ भगवद्भजन करने से मन शीघ्र ही ईश्वर के नाम रूप में लीन हो जाता है। इसके दो कारण हैं। संगीत के बिना नामोच्चारण मात्र करते समय मुंह सिर्फ नाम का रटन करता रहता है, मन तो दसों दिशाओं में फिरता रहता है। पर संगीत के साथ नाम जप या गुण गान करते समय संगीत की मनोहर शक्ति एक दृढ़ रज्जु बनकर भगवान् के नाम रूप को मन से साथ बांध देती है।

---

1) (a). Music consequently plays a great part in this system. It is the poetry and the music of the contents of the Granth revealing simple and direct truths which charm a reader of GURBANI-Philosophy of Sikhism P-51 & Gurmat Darshan page 59, by Dr. Sher Singh.

(b). Mental solace and spirtual peace was the end in view of the Guru, while composing Granthic Hymns. This he conceived to be most easily realisable through Music. So music forms the basic classification of the Granth. (Order of Poetry-Philosophy of Sikhism Page 52, also quoted in 'A Critical Study of Adi Granth, by Dr. S.S.Kohli at page-10.

2. Geet Govind, Vinay Mohan Sharma, Prastavana-page iii.

3. Ibid-page iv. Also see page 156 of " Kavya Roopon Ke Mool Srot Aur Unka Vikas by Dr. Shakuntala Dube- Samved men Askar Kavya Aur Sangeet ka Sunder samanvay ho gaya.".

दूसरा कारण यह है कि ईश्वर संगीत से जितना प्रसन्न होता है उतना दूसरे उपचारों से नहीं। संगीत समस्त जीवसमूह को आनंद का वरदान देकर अपनी ओर खींच लेता है।[4] श्री रूप गोस्वामी जी ने अपने ग्रंथ भक्ति-रसामृत-सिन्धु (२:६२) में राग के द्वारा भगवान से संबंध सर्वथा स्थापित करने वाली भक्ति को रागनुराग-संबंध-रूपा भक्ति कहा है। और गौणी भक्ति के उपभेद के अंतर्गत ही इस भक्ति प्रकार को रखा है।[5] भूतकाल में संगीत-विलासी योगियों एवं सन्तों ने संगीत को ही आत्मा एवं परमात्माका ज्ञान तथा भान करने कराने एवं भक्ति और मोक्ष का परमोपयोगी साधन मान कर ही संगीत का सदुपयोग किया था और योग सिद्धियों को अल्पायास द्वारा प्राप्त करने का अद्वितीय साधन माना था।[6] कहा जाता है कि प्राचीन काल में हमारे पूर्वजों में संगीत की विशेष महानता थी, क्योंकि कोई भी धार्मिक तथा सामाजिक रीति-रिवाज संगीत के बिना संपन्न नहीं होता था।[7] ऐसा कहा जाता है कि हिन्दुओं के विचार से रागोत्पत्ति का कारण स्वयं ब्रह्म है। अत: राग, यथार्थ में ब्रह्म ही है।[8] प्राचीन भारतीय संगीत के आज कुछ अंश मात्र अवशिष्ट हैं जिनका कि प्रादुर्भाव सृष्टि के आदि काल से पाया जाता है। सृष्टि का आदि रचयिता या आदि पुरुष (अकाल पुरुष) नाद-ब्रह्म ही है। जिसके विषय में गायत्री उपनिषद् में उल्लेख मिलते हैं, नाद से व्याहृति, व्याहृति से गायत्री, गायत्री से वेद, वेदों से जगत् की सृष्टि हुई। वही नाद-ब्रह्म उदात्त अनुदात्त स्वरित भेदों से त्रिविध बना, जिसमें से २२ श्रुतियां एवं ७ शुद्ध स्वर उत्पन्न हुए जो सामवेद के प्राणभूत एवं वेदों के सृजन कर्ता माने गये हैं, और ये पुरुष रूप है। प्रकृति देवी की रचना ताल अधीन है।[9]

४- संगीत शास्त्र के वासुदेव शास्त्री- पृ० २

५- हिन्दी साहित्य कोश पृ० ६३६

६- भारतीय संगीत आचार्य उत्तम राम शुक्ल- पृ० २१४

७- History of Indian Music-Page 18

८- भारत संगीत शास्त्र भाग ३ - पृ० ३४

९- वही पृ० २१

इसी कारण संतों ने भावोत्पादक गीति काव्यात्मक वाणी द्वारा परमपद की प्राप्ति की।[१०] गीतिकाव्य की परंपरा जैसे कि पहले संकेत किया गया है बहुत पुरानी है।[१०(क)] भक्ति मार्ग में राग तत्व की महानता के बारे एक मुसलमान अरबी फकीर ने कहा है कि राग परमात्मा की ओर से आत्मा को आह्वान है। आत्मा का उत्तर उसके लिये क्या है? रस- विभोर हो जाना एवं आत्मा का परमात्मा में लीन हो जाना।[११]

श्री गुरु ग्रंथ साहब की रचना एवं संकलन पर टिप्पणी करते हुए गुरमति संगीत के संपादक ने कहा है, गुरु ग्रंथ जी प्रथम परमात्म-मंडलों में ज्ञानरूप धारण कर निर्मल गुरु हृदय में प्रकाशित हुए और वहां से महान उच्च-काव्य एवं अलौकिक संगीतमय वाणी का रूप धारण कर प्रकट हुए और उसी संगीतक क्रम में गुरु जी ने दैवी ज्ञान को शब्द-ब्रह्म के सगुण स्वरूप से साकार करके मूर्तिमान किया।[१२] जिस प्रकार इस शरीर में ही आत्मा की खोज का आदेश वेदांत का सर्वोच्च संदेश है, और वह आत्मा ही परमात्मा-रूप है, इसी प्रकार इस शरीर में शब्द-ब्रह्म की पूर्ण सृष्टि है। मनुष्य शरीर में समस्त रसों से ऊंचा रस, संगीत-रस है, और समस्त स्थूल रसों से वैराग्य उत्पन्न कर संसारक रसों से ऊंचा उठकर विस्माद की अवस्था में ले जाने वाला भी संगीत है।[१३] गुरमति संगीत के संपादक के इस विचार की पुष्टि संगीत ग्रंथों से होती है। आचार्य उत्तम राम शुक्ल लिखते हैं: वेदों में प्रकाशवान अनाहत-नाद द्वारा जिसे सत-चित-आनंद, स्वयं ज्योति, अजन्मा, निर्विकार, सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान् कहते हैं, वही नाद-ब्रह्म स्वेच्छया विविध एवं अनन्त सृष्टि का रचयिता पालक एवं संहारक, स्वयं जगत रूप में प्रथम आकाश उत्पन्न हुआ, उससे फिर वायु, वायु

---

10). The emotional or lyrical prayers take the mind out of itself, and lift it to Divinity." PATHWAY TO GOD IN HINDI LITERATURE- R.D. Ranade page-119.

१०(क) वैदिक काल के अनन्तर वाल्मीकि रामायण जैसा ग्रंथ भी जो गाये जाने के लिये लिखा गया था। लव-कुश ने भी गा कर राम को सुनाया था (पृ० १४५) लौकिक संस्कृत में कालिदास का मेघदूत गीतात्मकता के लिये प्रसिद्ध है, चाहे यह गीतात्मकता शास्त्रीय विधान पर आधारित नहीं। (पृ० १४६) - काव्य रूपों के मूल स्रोत और उनका विकास। डा० शकुन्तला दुबे।

11). Music is a call from God to the souls, and ecstacy is the answer of the souls to the call, while swooning means the merging of souls in God." (Simon Mohib) Translation from Arabic quoted in Gurmit Sangeet-Part I-page 54, published by Chief Khalsa Dewan Amritsar).

12. Gurmat Sangeet-Bhumika-page(म). 13)- राग नादु सबदु सचु है कीमति कही न जाइ। आ० ग्रं० पृ० ९५८.

से अग्नि और अग्नि से जल तथा जल से पृथ्वी- इस प्रकार पंच भूतों का प्राकट्य हुआ- जो कि सर्व-समष्टि-रूप-विराट-ब्रह्म के रूप में परिणित हुआ।[१४] इसी कारण गुरुवाणी में हरि-कीर्तन को बहुत महत्त्व है।[१५] अनेक प्रमाण एवं उदाहरण मिलते हैं जिनमें प्रभु को प्रसन्न करने के हेतु गायन, वाद्य और नृत्य की आज्ञा विविध धर्मग्रन्थों में दी गई है जिसे प्रभु प्राप्ति का परम साधन बताया है। भगवान् विष्णु ने नारद को कहा था कि मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद। इस गायन प्रथा को जैन बौद्ध आदि अनेक धर्मावलम्बी व्यक्तियों ने अपनाया है।[१६-ख]

रागों पर आधारित ग्रंथ संपादन की परंपरा

रागों के आधार पर हमें संस्कृत साहित्य में गीतिकाव्य की जयदेव की रचना गीत-गोविन्द उपलब्ध है। यह रचना एक ही कवि की है। इसमें कुल १२ सर्ग हैं, जो २४ प्रबन्धों में विभक्त किए हुए हैं। इन प्रबन्धों में कुल १२ रागों एवं ५ तालों का प्रयोग हुआ है। यह राग मालव-गौड, वसन्त, गुर्जरी, रामकली, कर्णाट, देशाख, देशी वराड़ी, गुणकरी, मालव, भैरवी, वराड़ी तथा विभास हैं। पांच ताल हैं: रूपक, तार, यति, एक ताली, अष्ट ताली। परन्तु ग्रंथों का राग-रागनियों के आधार पर वर्गीकरण करने की परंपरा इससे भी पूर्व मिलती है। "गीत और गीतिकाव्य का विकास लोक गीतों से हुआ। जयदेव कृत गीत-गोविंद के गीतों को इसका आदि स्रोत मानने का भ्रम होता रहा है। बौद्धों ने लोक भाषा को अधिक मान्यता दी थी, यद्यपि संस्कृत में लिखे गये बौद्ध-साहित्य का अभाव नहीं है। सिद्धों ने लोक-भाषाओं को आधार बनाया, उनके 'चर्या-गीत' लोक गीतों के उपदेशात्मक अभियान हैं। चर्यागीत शास्त्रीय राग-रागनियों के अंतर्गत वर्गीकृत हैं, किन्तु राग रागिनियों के नाम सूचित करते हैं कि इनके वर्गीकरण में स्वतंत्रता थी और देश विशेष में भिन्न भिन्न राग प्रचलित थे। देशविशेष में प्रचलित लोक-गीतों की व्यापक पद्धति का नामकरण उस

१४- भारतीय संगीत- पृ० २५

१५- कीरतन निरमोलक हीरा। आनंद गुणी गहीरा। आ. ग्र. पृ० ८९३ म० ५

१६- भारतीय संगीत- पृ० २६, तथा काव्य रूपों के मूल स्रोत- पृ० १६०
-क (उद्धरण अगले पृष्ठ पर)।

देश के नाम पर हुआ। राग गुर्जर, सोरठ, गौड़ आदि इसी वर्ग के हैं।[१६(ख)] गुरमति संगीत में मारू राग को देशी राग कहा है और बताया है कि संगीत ग्रंथों में इसका अधिक विवरण प्राप्त नहीं। मारू देश का होने से इसका नाम मारू है।[१७]

भक्ति काव्य की राग रागनियों की परंपरा।

राजा सर एस० एम० टागुर ने अपने ग्रंथ Universal History of Music के ७७-७८ पृष्ठ पर जयदेव और विद्यापति को क्रमश: १२वीं और १४वीं शताब्दि का माना है।[१८] श्री भातखंडे ने लिखा है, "जयदेव द्वारा जो राग लिये गये, शास्त्रीय पद्धति में उनका मूल उत्तर, पश्चिम तथा दक्षिण भारत में किसी दिशा में नहीं मिलता, और उनके गाने का आदेश जिन तालों पर किया गया है, उनकी स्वर पद्धति उपलब्ध नहीं।"[१९] संभवत: इसी से हताश होकर कतिपय विद्वानों ने गीत-गोविंद काव्य की राग पद्धति से संगीत के लिये कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं माना। उदाहरणत: काशी विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के अनुसंधान प्राध्यापक दानीएलू ने अपने १३-१-५१ के पत्र में लिखा- "गीत गोविंद ने भारतीय संगीत शास्त्र में एक नये युग का संचालन कर दिया, इसका कोई प्रमाण नहीं।" इसी प्रकार हिन्दुस्तानी संगीत १९५१ के लेखक प्राध्यापक ग०ग० रानाडे अपने ३-१-५१ के पत्र में लिखते हैं, "गीतगोविंद ने संगीत शास्त्र की वृद्धि पर कोई विशेष छाप नहीं डाली। संगीत की दृष्टि से गीतगोविन्द का स्थान गौण ही है। शार्ङ्गदेव ने अपने संगीत-रत्नाकर में

"गीतिकाव्य का बीजारोपण तो कालीदास द्वारा हो गया, किन्तु उसकी धारा को प्रवाहित करने वाला समकालीन अन्य कोई भी कवि न था। प्राकृत-काल के अन्त में बौद्ध सिद्धों और जैन आचार्यों का काल आया। इन सिद्धों ने धार्मिक सिद्धान्तों के प्रतिपादन के लिये काव्य का माध्यम अपनाया और दोहे और चौपाईयों की रचना की। इन्होंने ने एक अनोखे संगीत को जन्म दिया और राग रागिनियों के आधार पर पदों की रचना भी की। इन्ही पदों का प्रभाव हिन्दी कविता पर भी पड़ा, और परवर्ती गीतों की रचना में मूल प्रेरणा कवियों को यहीं से मिली।"

१६(ख) हिन्दी साहित्य कोश पृ० २६०-६१

१७- गुरमति संगीत भाग ४- डा० चरन सिंह पृ० १९

१८- उत्तरभारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास-भातखण्डे-पृ०२९

१९- वही पृ०६

इसका नाम लेने की परवाह नहीं की - प्रो० दानाव्लू ने अपने उपर्युक्त पत्र में आगे लिखा, 'यह गीत गोविन्द संभवत: उन पुराने ग्रन्थों में से है जिनमें कविता को संगीत में विशेष स्थान दिया गया था, परन्तु संगीत की दृष्टि से इसे निस्संदेह मानदंड की अधोगति समझना चाहिए।'[20] बात यथार्थ रूप में यह है कि पक्के राग के विशेषज्ञ जो प्रचलित भाषा से स्वतंत्र हो रहना चाहते हैं, उनकी प्रकृति यह है कि वे एक दो शब्दों को लेकर उन्हीं को भिन्न-भिन्न रूप से तोड़ मोड़ कर गाते हैं। इस से यह प्रतीत होता है कि गीत गोविंद का संगीत शास्त्रीय संगीत से स्वतंत्र होता हुआ एक सर्वसाधारण ग्राह्य स्वरूप रखता था, जिसका आधार लोक गीत समझना चाहिए।[21] श्री भातखंडे अपने ग्रंथ उत्तर भारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास में जयदेव का उल्लेख करते हुए लिखते हैं कि लोचन-कवि ने अपने ग्रंथ राग तरंगिणी (रचना काल ११६२ई०) में दो प्रसिद्ध पूर्ववर्ती ग्रंथकारों जयदेव और विद्यापति का उल्लेख किया है। राग तरंगणी एक संस्कृत ग्रंथ है, इस में ६२ पृष्ठ हिन्दी भाषा का मैथिली बोली के स्थानीय यशस्वी विद्यापति कवि के गीतों की छन्द- शास्त्रीय आलोचना है। देशी रागों के गीतों को उदाहरण स्वरूप उद्धृत किया गया है। इसके बाद कवि विद्यापति की वंशावली आरंभ होती है। तत्पश्चात् कुछ पंक्तियां छन्द शास्त्र के तत्वों पर हैं और इसके बाद विद्यापति के गीतों का विस्तृत समूह है। इन गीतों में छन्दनियम का पालन हुआ है और इन पर राग रागिनियों के नाम लिखे हुए हैं। एक गीत का नमूना इस प्रकार देते हैं:-

अथ देशाख नाम रागिणी।अत्र तु जय देव देशाख:।
देश देशाख इति भेद द्वयम। जयदेव देशाखे तु ओजय देव:।

२०- गीत गोविंद-विनयमोहन शर्मा- प्रस्तावना पृ० (१)-(३)

२१-वही पृ० (३) - यह अवश्य है कि स्वतंत्र रूप में गीति काव्य की रचना द्वारा संगीत और काव्य का सम्मिलन जयदेव ने ही कर दिखाया। जयदेव के पीछे सिद्धों की परंपरा भी चली आ रही थी और इस में कोई संदेह नहीं कि वे इस परंपरा से अवश्य परिचित थे, किन्तु लोकगीतों के आधार पर अपने गीतों की रचना करने पर भी उनके इस काव्य में जहां वैदिक परंपरा से भिन्नता पाई जाती है, वहां इन सिद्धों से भी उसमें पर्याप्त भिन्नता मिलती है। (काव्य रूपों के मूल स्रोत- पृ०१६४)

नमूना देते हुए वे कहते हैं कि मैं नहीं समझता कि यह गीत आप के लिये अधिक उपयोगी होंगे।[२२]

शास्त्रीय पद्धति को विद्यापति तथा जयदेव के गीतों से खोज निकालने वाले कतिपय संगीतज्ञों को निराशा हुई। अत: उन्हों ने जयदेव के गीतों को संगीत के विकास में योगदान के लिये महत्वपूर्ण ही नहीं माना।[२३] इन विद्वानों ने जयदेव की रचनाओं की परंपरा तथा विकास की ओर ध्यान ही नहीं दिया। हिन्दी गेयपदों की परंपरा के उद्भव और विकास में लोक-गीतों का योग अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आरंभ में बौद्ध सिद्धों के जिन चर्यापदों और वज्रगीतियों की चर्चा की गई है, वे लोक भाषा की रचनायें हैं। जयदेव को गीतिकाव्य की मूल प्रेरणा बंगाल के लोक जीवन में प्रचलित यात्रा गानों से प्राप्त हुई थी। देशी भाषा (देसिल बयना) की मिठास का अनुभव करने वाले कवि विद्यापति तो निश्चित रूप से लोक-गीतों से प्रभावित हुए हैं। अपने पदों में वे लोक-गीतों की परम्परा के बहुत अधिक समीप हैं।[२४] भारतीय-संगीत के रचयिता आचार्य उत्तमराम शुक्ल तो इस विषय में यहां तक कहते हैं कि 'असाधारण योग-सिद्धिदात्री राग-शिक्षण-शैली के आधार पर रागों के सर्वांग प्रभावों आदि के सदैव स्मरण रखने तथा आत्मा को उनमें तल्लीन करने के हेतु से रागों के ध्यानों का विकास निर्माण सहित किया गया था। जिसे हम आज भी आलेख्य चित्रों एवं ध्यानों के रूप में प्राप्त कर रहे हैं।

२२- भारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास- पृ० ६-७

२३- गीतगोविंद विनयमोहन शर्मा- प्रस्तावना -(३)

२४-(१) हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व-पृ० १८३

(२) विद्यापति का अभिनव जयदेव कहलाना ही संकेत करता है कि विद्यापति में जो कुछ है, वह जयदेव के गीतिकाव्य में पाए जाने वाले तत्वों से परिपूर्ण है। गीत गोविंद के अनुरूप विद्यापति ने राग-ताल समन्वित अपनी पद रचना की। अष्टछाप के कवियों पर जयदेव तथा विद्यपति का प्रभाव अवश्य पड़ा। पृ० १६०। — — — — — (काव्यरूपों के मूल स्रोत)

जिसे वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक तथा भारतीय तत्व ज्ञान (फिलोसोफी) की दृढ़ नींव पर आधारित एवं प्राचीन उक्त सिद्धान्तों के पूर्ण परिचय रूप में पाते हुए या भूले हुए हैं। इस विषय में उच्च विद्वान गुणिगणों को कदापि सन्देह नहीं करना चाहिए, क्योंकि उसकी परंपरा भगवती शारदा एवं श्री नारद मुनि से लेकर भक्ति-कालीन एवं रीतिकालीन ब्रज के संगीतज्ञों व कवियों के इतिहास पर्यन्त हम भलि भांति प्राप्त कर सकते हैं। तानसेन और बैजू बावरा जैसे गुणी तो केवल उन संगीतज्ञ भक्तों और सन्त कवियों के मात्र कृपापात्र ही थे।[25] इसी ओर संकेत करते हुए डा० धर्मवीर भारती लिखते हैं, "उत्तर भारत में भारतीय संगीत की जो परंपरा प्रचलित है, शास्त्रीय पद्धति में उसका संगठन प्राकृत- अपभ्रंश काल में ही हुआ है और विभिन्न जातियों और प्रान्तों के लोक- संगीत को अपना कर उन्हें स्वर ग्रामों के एक नियम में आबद्ध कर दिया गया है। पूर्वागत-वैदिक-संगीत-पद्धति को मार्ग या गन्धर्वप्रणाली का नाम देकर उसे देवोचित संगीत कहकर नए मानवोचित देशी संगीत को प्रमुखता दी गई। उसका देशी नाम संगीत शास्त्र के सभी ग्रंथों में मिलता है। इस प्रकार उपलब्ध सामग्री के आधार पर हम अधिक से अधिक यही कह सकते हैं कि सिद्धों के इन पदों के राग मूलतः लोक-संगीत से लिये गये थे, किन्तु उस समय तक शास्त्रीय पद्धति में स्वीकृत होकर नियमानुशासित हो गये थे।"[26] जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि सन्त कवियों ने भी लोक-गीतों के प्रभाव को स्वीकार किया। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए डा० रवीन्द्र भ्रमर लिखते हैं, "सन्त-काव्य पर लोक-गीतों का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। सन्त-कवियों के लिखे हुए पद या शब्द लोक-गीतों से बहुत भिन्न नहीं हैं। डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी कुछ थोड़े से अपवादों को छोड़कर मध्ययुग के संपूर्ण देशी-भाषा के साहित्य को लोक-साहित्य मान लेने के पक्ष में हैं। जहां तक सन्त-साहित्य में :::::::::: लिये गए गेय पदों का प्रश्न है, उन्हें लोक-साहित्य या लोक-गीत-साहित्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता। लोक-कण्ठ की साधारण भाषा में लिखे गये ये पद- जिनका संगीत और जिनकी अभिव्यंजना पद्धति भी

२५- भारतीय संगीत पृ० २१५

२६- सिद्ध साहित्य- पृ० २६६

'लोक' की ही है, जनता में प्रचलित सामान्य प्रकार के चलते गीतों की अनुकृति जान पड़ते हैं। इन पदों में आरोपित ब्रह्म, ज्ञान और गुरु के अलौकिक संकेतों को अलग कर देने पर शैलीगत शिल्प की दृष्टि से इन्हें लोक गीतों की कोटि में रखा जा सकता है।[२७] कबीर काव्य पर विवेचन करते हुए डा० सरनाम सिंह शर्मा लिखते हैं, "जो हो, भाषा की सरलता, अभिव्यक्ति की स्पष्टता, जीवन-सम्पर्क, प्रवाह-द्रुति, प्रभाव-तीव्रता आदि के आधार पर कबीर-वाणी को लोक-काव्य के अन्तर्गत रख सकते हैं।[२८] गुरु नानक काव्य पर टिप्पणी करते हुए डा० तारन सिंह लिखते हैं, यह तो पता नहीं लग सका कि गुरु नानक साहब ने कौन सी राग-माला को अपनाया है, या उन्होंने किस राग-प्रबंध (हनुमंत मत, पारिजातिक, पार्वतिक, मतंग या भरत-राग-प्रबंध) को अपनाया है। संभवत: इन में से किसी राग-प्रबन्ध को उन्होंने पूरी तरह नहीं अपनाया, परन्तु यह बात प्रत्यक्ष है कि उन्होंने प्रत्येक राग को पंजाबी जीवन की पृष्ठभूमि प्रदान की है, और उसके रूप में अपनी रचना द्वारा पंजाबी-पन उत्पन्न किया है।[२६] भक्त कवियों द्वारा प्रयुक्त राग-रागनियों की पृष्ठभूमि में किसी निश्चित शास्त्रीय संगीत पद्धति को खोज निकाल सकने की असमर्थता का कारण उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है, क्योंकि जिस मार्ग अथवा देशी-संगीत पद्धति का सन्त कवियों ने अनुसरण किया, उसे, विभिन्न जातियों तथा प्रान्तों के लोक-संगीत को अपना कर, उन्हें स्वर ग्रामों के एक नियम में आबद्ध करने के पश्चात् मान्यतोचित देशी-संगीत का प्रतिष्ठा प्राप्त हुई।[३०] इसकी परंपरा वैदिक काल तक है और यह परंपरा भगवती शारदा एवं श्री नारद मुनि से लेकर भक्ति-कालीन एवं रीतिकालीन ब्रज के संगीतज्ञों व कवियों के इतिहास पर्यन्त हम भली भांति प्राप्त कर सकते हैं।[३१] इस परंपरा के विकास के बारे में 'निर्गुण-धारा' नामक पुस्तक में कतिपय आलोचकों का विचार प्रस्तुत करते हुए आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, "हिन्दी में निर्गुण-धारा की संज्ञा से अभिहित संपूर्ण साहित्य लोक-गीत वर्ग का है।[३२] इस पुस्तक में तो यहां तक दावा किया गया है, 'हमारा दृढ़ विश्वास है कि हिन्दी साहित्य की

२७- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व पृ० १८४

२८- कबीर एक विवेचन- पृ० १६६

२६- गुरु नानक चिंतन ते कला- पृ- २३६

३०- सिख साहित्य- २६६

निर्गुणधारा लोक-गीतों का ही विकसित रूप है।[33] इस विकास पर भी आगे विचार किया जायेगा।

संत काव्य में प्रयुक्त राग-रागिनियों के प्रकार तथा उनकी विकास परंपरा

गेय-पदों की परंपरा बड़ी पुरानी है। रागों के समुचित निर्देश के साथ पद लिखने की प्रथा दसवीं शताब्दी ई० में भी वर्तमान थी। बौद्ध-सिद्धों और नाथों के चर्यापद तथा वज्रगीत राग-रागिनियों से युक्त मिलते हैं। सरहपाद, भूसुकपाद, लुइपाद और कण्हपाद आदि के पद विभिन्न राग रागिनियां के आधार पर लिखे गये हैं। इन पदों के साथ राग गुंजरी, राग भैरवी, राग कामोद, राग मल्लारी, राग गौड़, आदि रागों का निर्देश है।[34] डा० धर्मवीर भारती ने इन रागों की संख्या १८ बताई है, जो कि सिद्धों के चर्यापदों में प्रयुक्त हुए हैं। इस ओर संकेत करते हुए वे लिखते हैं, संभवत: चर्यापदों में से प्रत्येक पद के साथ उसके राग का नाम दिया है, जो उनके तिब्बती रूपान्तरों के साथ भी मिलता है। ये राग संख्या में कुल १८ हैं, अरु, कामोद, गउड़ा, गुंजरी गुर्जरी, देशाख, देवक्री, धनसी, पटमंजरी, बंगाल-भैरवी, मल्लारी, मालसी (श्री) मालशी गवुड़ा, रामक्री, वलाड्डि, वराड़ी, शबरी। भारतीय संगीत के विकास से संबन्धित सामग्री इतनी कम है कि इन रागों के तत्कालीन रूप के विषय में हमें कुछ सूचनाएं नहीं मिलती हैं। संगीत रत्नाकर (१२१० ई० के लगभग) संगीत शास्त्र का पुराना प्रामाणिक ग्रंथ है। उसके द्वितीय अध्याय- 'राग विवेक' में पायें इनमें से कामोद, बंगाल, वराटी, गुर्जरी आदि रागों का उल्लेख मिलता है। चतुर कल्लिनाथ की टीका से यह भी आभास मिलता है कि यह राग वास्तव में विभिन्न प्रान्तों और जातियों में प्रचलित थे।[35] 'संगीत-रत्नाकर' से भी अधिक पुराना एक ग्रंथ नारद का 'संगीत - मकरन्द' मिलता है। उसमें चर्यापदों में उल्लिखित बहुत से रागों का नाम है। धनसी (धन्नासी) गुर्जरी, बंगाल, पटमंजरी, भैरवी मल्लार (मल्लारी) इन रागों को प्रात:काल गाने का विधान है। शबरी (सावेरी)

३१- भारतीय संगीत पृ० २१५

३२- निर्गुण धारा (मानसरोवर प्रकाशन, गया पृ०२) से कबीर की साहित्य परख पृ० १० पर उद्धृत।

३३- वही पृ० १०

मध्यान्ह में गायी जाती थी। इसी प्रकार रामक्री (रामकृति) गौड़, बराटी, देवक्री (देवक्रिया) धनाश्री, कामोद आदि का विभाजन स्त्री, पुरुष तथा नपुंसक रागों में भी किया गया है।[36] ऊपर हम कह चुके हैं कि रागों का शास्त्रीय पद्धति में संगठन प्राकृत-अपभ्रंश-काल में ही हुआ। तब तक सिद्धों द्वारा प्रयुक्त राग भी शास्त्रीय पद्धति में लिये जा चुके थे।

सिद्धों द्वारा प्रयुक्त जिन १८ रागों का उल्लेख डा० धर्मवीर भारती ने किया है, उससे मिलती जुलती १८ रागों की राग-माला, प्रत्येक राग के साथ उसके पर्वतक सिद्ध का नामोल्लेख कर, प्रो० बी०एस० टंडन ने दी है, परन्तु उन्होंने अपनी इस राग-नामावली एवं सिद्ध नाम के उल्लेख का आधार नहीं बताया।[37] यह राग इस प्रकार हैं:-

क्रम	राग का नाम	सिद्ध नाम
१	गौंड	विरूपा
२	मारू	गुंडरीपा
३	गुंजरी	गुंडरीपा
४	पटमंजरी	भुसुक
५-	देवक्री	भुसुक
६	देशाख	कण्हपा
७-	भैरवी	सरहपा
८	कामोदी	भुसुक
९	धनाश्री	डोम्बीप
१०	रामक्री	शांतीपा
११	बराटी	भुसुकपा
१२	शिवारी (सावेरी)	शांतीपा
१३	बरांडी	सरहपा
१४	मल्लारी	भुसुकपा

३४- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्व- पृ० १७९

३५- सिद्ध साहित्य पृ० २८६

३६- वही पृ० २९०

३७- गुरमति साहित्य अंक पंजाबी दुनिया पृ० ६३

१५	मालश्री	सरहपा
१६	मालशी गौड़	कणहपा
१७	बंगाला	भुसुकपा
१८	रागनी वेद	जालंधरपा

प्रो० टंडन इस राग नामावली के बारे में टिप्पणी करते हुए लिखते हैं, उपर्युक्त सिद्ध-राग-नाम-राग-माला, आदि ग्रंथ में दी गई राग-माला के अनुसार पारिवारिक नहीं है, अपितु कीर्तन-गायन के अनुसार है।[३८]

सिद्धों एवं सन्तों की वाणियों में प्रयुक्त राग-रागिनियों की, किसी राग-माला तथा राग-पद्धति के आधार पर स्वीकृति को ढूंढना हमारे विचार में निष्फल प्रयास है। सिद्धों तथा सन्तों ने भक्ति-काव्य में उस देशी-गायन पद्धति का अनुसरण किया जो पुराण-युग के भी प्राचीन-काल से भारत के अनेक प्रदेशों में गंभीर गति से गंगाधार की तरह बड़े ही वेग से प्रचलित हुई थी, जिस में सिन्धी-मुलतानी-दक्षिणी-कर्नाटकी-उत्तरभारतीय आदि विविध प्रादेशिक भेद पड़ चुके थे, उस अन्तत संगीत पद्धति को काल-प्रभाव ने अपने आक्रमण द्वारा नष्ट-प्राय कर दिया।[३९] इस देशी-संगीत-पद्धति का विकास-क्रम तथा उसकी पूर्ण परंपरा उपलब्ध नहीं, इसी कारण हिन्दू-पद्धति के प्राचीन (संगीत रत्नाकर आदि) ग्रंथों में परस्पर विरूद्ध अनेक शंकाएं और विवाद-ग्रस्त-मत पाए गए[४०] इसी कारण संगीत-रत्नाकर आदि ग्रंथों में जयदेव के गीत-गोविन्द-काव्य का वर्णन तक नहीं हुआ, क्योंकि इस काव्य-रचना में प्रयुक्त रागों को शारंगदेव भी समझ नहीं पाए। ४१ परन्तु यह बात सर्वमान्य है, कि जयदेव को रागात्मक-अनुभूति की तीव्रता को देख गीत-गोविन्द को गीति-काव्य के विकास में सुदृढ़ परंपरा चलाने का श्रेय मिलता है।[४२]

३७-(२) जैसे सिद्धों की भाषा अपभ्रंश है, वैसे उनके रागों के नामों पर भी लोक-काव्य से अपनाये जाने के कारण अपभ्रंश का प्रभाव है, किन्तु इन नामों को शास्त्रीय देशी अथवा मार्ग पद्धति से थोड़े से अन्तर को देख कर कतिपय विद्वानों ने इन्हें प्रचलित शास्त्रीय पद्धति से लिये जाने का विचार प्रकट किया है। 'धनसी' को धनाश्री, रामक्री को रामकली तथा मालसी को मालकौंस बताया है। (काव्य रूपों के मूल स्रोत- पृ०१६२) परन्तु डा० धर्मवीर भारती की उपर्युक्त शोध के आधार पर उन्हें पता होना चाहिए कि सिद्धों द्वारा

सिद्धों द्वारा जो १८ राग चर्यापदों में लिये गए हैं, उनमें से गुर्जरी, देशाख, रामकरी, वराड़ी, इन चार रागों को जयदेव ने गीतगोविन्द काव्य में लिया है। सिद्धों ने दो और राग गउड़ी और मालसी गवुड़ा लिये हैं। गीतगोविन्द में मालकौशिक राग लिया गया है। जयदेव का समय १२वीं शताब्दी का है। सन्त-काव्य में इस गीति-काव्य की परंपरा का विकास जयदेव के पश्चात् हम संत नामदेव की रचनाओं में देख सकते हैं। सन्त नामदेव जी के विषय में आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं कि संत नामदेव के लिये कहा जाता है कि वे पंढरपुर में तथा अपनी यात्राओं में भी सदा भजन गाते रहा करते थे।[४३] आदि ग्रंथ में नामदेव का जो भी वाणी संगृहीत है, उसे निम्नलिखित रागों के अधीन संकलित किया गया है। गउड़ी, आसा, गुजरी, सोरठ, धनासरी, टोडी, तिलंग, बिलावल, गौड, रामकली, माली गौड़ा, मारू, भैरउ, बसंत, सारंग मलार, कानड़ा, प्रभाती। यह कुल १८ राग हैं।[४४] नामदेव जी का आविर्भाव-काल १२७० ई० तथा निधन १३५० ई० में बताया गया है। जयदेव से पूर्व के सन्त जिनकी रचना आदि ग्रंथ में है, वे शेख फरीद हैं, उनका समय ११७३-१२६६ ई० है। इनकी रचना आसा तथा सूही एवं आसा राग में है।[४५] बादशाह नासिर-उद्दीन महमूद (गुलामवंश) के काल में जिसकी सपुत्री हुजबरा से फरीद की शादी हुई थी, के काल में संगीत का पर्याप्त प्रचार था।[४५(क)]

नामदेव जी एक नाथयोगी सन्त बिसोबा खेचर जी के शिष्य बताए जाते हैं। उनकी रचनाओं पर नाथ योगियों तथा सिद्धों का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नामदेव जी ने जिन १८ रागों में वाणी की रचना की है, उनमें से गउड़ी, गूजरी

प्रयुक्त रागों को जो लोक काव्य से लिये गये, बाद में शास्त्रीय पद्धति में स्वीकार कर लिया गया था।

३८- पंजाबी दुनिया-जनवरी-फरवरी १९६५ पृ० ९३

३९- गीत गोविन्द प्रस्तावना - (३)

४०- वही पृ० ५४

४१- गीत गोविन्द प्रस्तावना। (iii)

४२- काव्य रूपों के मूल स्रोत और उनका विकास- पृ० १६७

४३- संत काव्य पृ० १०८

४४- श्री गुरु ग्रंथ साहब जी का साहित्यिक इतिहास-डा० तारन सिंह पृ०१५६

४५- वही पृ० १५६ ४५(क) सूफी मत और हिन्दी साहित्य पृ०२६३

गौंड राम कली मलार, धनाश्री राग जयापिदों से होते हुए सन्तों के पास आए। मालो गौड़ा, बसन्त गुजरी, रामकली भैरवी, यह पांच राग जयदेव के गीत-गोविंद में भी हैं। आसाराग में फरोद जी की रचना आदि ग्रंथ में है। यह तो हम विचार कर चुके हैं कि सन्तों ने उस लोक-काव्य-पद्धति का प्रभाव स्वीकार किया जिसका राग तत्व कहीं प्राकृत अपभ्रंशकाल में ही आकर एक प्रतिष्ठित संगीत-पद्धति के रूप में व्यवस्थित हुआ। इसका नाम मार्ग अथवा देशी संगीत-पद्धति के रूप में व्यवस्थित हुआ, इसका नाम मार्ग अथवा देशी संगीत पद्धति रखा गया। सन्तों ने इसी पद्धति से कतिपय लोक-प्रिय रागों को अपनाया, जिनमें अपने भावों को विशेष प्रभावोत्पादक एवं रसोद्रेक रूप में प्रस्तुत कर सके। जिस प्रकार सन्त मत-मतांतरों के विरुद्ध थे और केवल मानव-धर्म के पोषक थे, इसी प्रकार राग-मतों के परस्पर विरोधी विचारों में से किसी एक मत का अनुसरण एवं अन्य मतों का बहिष्कार वे कैसे कर सकते थे। उन्हें तो जो अच्छा लगा, वही विचार उन्होंने अपनाया और यह बात राग तत्व के बारे में भी उसी प्रकार बलपूर्वक कही जा सकती है।

आदि ग्रंथ और राग

यद्यपि गुरु ग्रंथ साहब में ३१ रागों का उल्लेख है फिर भी सन्त कवियों की सर्वप्रियता की दृष्टि से कुछ एक रागों का नाम विशेष रूप से लिया जाता है। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं, "संतों की रचनाएं लगभग सभी प्रसिद्ध रागों के अंतर्गत संगृहीत पाई जाती हैं। फिर भी उनकी अधिकांश रचनाएं राग गौड़ी, राग बिलावल, राग सोरठा, राग बसंत, राग सारंग, तथा राग धनाश्री के अंतर्गत दीख पड़ती हैं और इनके अनंतर राग मारू, राग भैरव, राग टोडी, राग आसावरी, राग राम कली, तथा राग मलार के नाम आते हैं। अन्य प्रमुख रागों में राग कल्याण, राग कान्हड़ा, राग केदारा, तथा राग नट या नट नारायण के भी नाम लिये जा सकते हैं।"[४६]

राग तत्व की परंपरा को आदि ग्रंथ में स्वीकृति तथा उसके विकास को देखने के लिये नामदेव के पश्चात् सन्त कबीर का नाम उल्लेखनीय है। कबीर जी की रचनाएं जिन रागों के अंतर्गत आदि-ग्रंथ में संगृहीत हैं, वे इस प्रकार हैं:-

---

४६- संत काव्य पृ० १०८-११०

सिरी, गउड़ी, आसा, गूजरी, बिहागड़ा, सोरठि, धनासरी, तिलंग, सूही बिलावल गौंड, रामकली, मारू, केदारा, भैरउ, बसंत, सारंग तथा प्रभाती हैं।[47] इन रागों में से भी सबसे अधिक पदों की रचना जो कि ७३ है, गउड़ी राग में निबद्ध है। आसा में ३७ पद, भैरउ में १८, रामकली में १४, बिलावल में तथा मारू में बारह बारह, गौंड तथा सोरठि में ग्यारह ग्यारह, तथा बसन्त, केदारा में क्रमशः सात और छः पद, धनासरी, सूही, प्रभाती में पांच पांच, गूजरी तथा सारंग में तीन तीन, सिरीराग में दो, बिहागड़ा और तिलंग में एक एक पद निबद्ध हैं। प्रस्तुत विवेचन से स्पष्ट है कि गउड़ी आसा, भैरउ, रामकली, बिलावल, मारू गौंड, सोरठ, बसन्त, केदारा, धनासरी, सूही, प्रभाती आदि राग सन्तों के सर्व-प्रिय राग थे।

गुरु नानक जी की रचना, गौंड और केदारा रागों को छोड़कर उन सभी रागों में निबद्ध है, जिनमें कबीर जी की रचनाएं निबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त गुरु नानक देव ने माझ, वडहंस तथा मलार रागों में भी रचनाएं की है। उन्होंने नाम देव द्वारा प्रयुक्त टोडी, गौंड, माली गौड़ा तथा कानड़ा रागों को छोड़ अन्य सभी रागों में रचनाएं की हैं, जिन का उल्लेख आदि ग्रंथ में मिलता है। इस प्रकार १६ राग नामदेव वाले, और सिरी राग, सूही तथा बिहागड़ा कबीर वाले, तथा अन्य राग, माझ, वडहंस तथा तुखारी राग, गुरु नानक द्वारा लिये गये हैं। कबीर तथा रविदास समसामयिक थे। रविदास जी कबीर से आयु में कुछ बड़े थे। रविदास की रचनाएं आदि ग्रंथ में जिन रागों में निबद्ध हैं, वे इस प्रकार हैं: सिरी, गउड़ी, आसा, गूजरी, सोरठि, धनासरी, जैतसरी, सूही, बिलावल, गौंड, रामकली, मारू, केदारा, भैरउ, बसंत, मलार, इन में सिरी, जैतसरी तथा सूही रागों के अतिरिक्त शेष सभी रागों में नामदेव की रचनाएं निबद्ध हैं। सिरी तथा सूही रागों में कबीर जी की रचनाएं भी निबद्ध हैं। जैतसरी राग भक्त कवियों की रचनाओं में सर्व प्रथम रविदास की रचना में मिलता है।

४७- श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहितक इतिहास- १८३-८४

जहां तक गुरु नानक की रचना में धनासरी राग के आने का संबंध है, यह एक देशी राग है, जो स्थानीय लोक-काव्य से प्रभावित है, और गुरु नानक की स्वयं की रचना प्रतीत होता है। इस का संबंध धनासरी प्रदेश से है। डा० तारन सिंह लिखते हैं, धनासरी राग निश्चित: बिल्कुल पंजाबी राग है, और धनासरी देश का होने से इस में पंजाब की तत्कालीन राजनीतिक, धार्मिक एवं धार्मिक गिरावट और खींचातानी का वर्णन है।[४८] धनासरी को गुरमति संगीत अनुसार भिन्न रागिनी माना गया है। धनासरी देश का होने से संकीर्ण है।[४९]

गुरु अंगद देव की रचना के केवल ६२ श्लोक ही गुरु ग्रंथ में अंकित हैं, जो दस वारों में विभिन्न स्थानों पर रखे गए हैं। गुरु अमरदास की रचना जिन १७ रागों में है, वे सभी गुरु नानक देव जी वाले ही हैं। तिलंग तथा तुखारी राग में उनकी कोई रचना नहीं।

गुरु रामदास की वाणी का रचना काल १५७४-१५८१ ई० बताया जाता है।[५०] गुरु ग्रंथ में कुल ३१ रागों में विभिन्न सन्त कवियों की रचनाएं निबद्ध हैं। गुरु नानक देव जी ने १९ रागों में रचना की। दो श्लोक बिहागड़ा राग में हैं। इनमें से १५ राग उनके पूर्ववर्ती सन्तों की वाणियों में उपलब्ध हैं। तीन राग, जैसाकि ऊपर उल्लेख हो चुका है, उन्होंने नये लिये, और धनासरी राग संभवत: उन्होंने ने स्वयं रचा। गुरु रामदास की वाणी जैजावंती राग को छोड़, आदि ग्रंथ के अन्य सभी रागों में निबद्ध है। जैजावंती जो आदि ग्रंथ का ३१ वां राग है, इसमें गुरु ग्रंथ के रचयिताओं में से केवल गुरु तेग बहादुर जी के चार पद आदि ग्रंथ में सम्मिलित हैं। डा० तारन सिंह लिखते हैं, गुरु रामदास की वाणी गुरु ग्रंथ का एक बड़ा भाग है और महान् रचना है। वाणी के आकार, स्वर, रूप, रस तथा शैली-गत विशेषता के कारण भी यह महान् रचना है। आपने गुरु ग्रंथ की योजना को इस पक्ष से भी विशालता प्रदान की कि उस की राग-सीमा को विस्तीर्ण किया। यह पता नहीं कि आपने राग विद्या में निपुणता किस प्रकार तथा कहां साधना करके प्राप्त की, परन्तु आपने गुरु ग्रंथ साहब के रागों की संख्या १९ से एक दम ३० तक पहुंचा दी। ११ राग और लेकर उनमें अपनी रचना की। यह राग देव-गंधारी, बिहागड़ा, केदारा, टोडी,

---

४८- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यिक इतिहास- पृ० २५२ (पंजाबी)

४९- गुरमति संगीत प्रथम खण्ड-पृ० २४

५०- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यिक इतिहास-पृ० ३६१ (पंजाबी)

बैराड़ी, गौंड, नट नारायण, मारी गउड़ा, केदारा, कानड़ा और कल्याण थे।[51]

गुरु राम दास ने 30 रागों में ही रचना करने की प्रवीणता कहाँ से प्राप्त की? यह अवश्य खोज का प्रश्न है। परन्तु हम पहले कह चुके हैं कि सन्त कवि न केवल भक्त थे अपितु संगीतज्ञ भी थे। कतिपय संगीतज्ञों ने तो इस परंपरा को तो भगवती शारदा तथा श्री नारद मुनि से लेकर भक्तिकालीन एवं रीतिकालीन ब्रज के संगीतज्ञों व कवियों के इतिहास पर्यन्त खोजी जा सकने का संकेत करते हुए कहा है कि तानसेन और बैजू बावरा जैसे गुणी तो केवल उन संगीतज्ञ भक्तों और सन्त कवियों के मात्र कृपापात्र ही थे।[52] तान सेन तथा बैजू बावरा अकबर के समय में हुए, और गुरु रामदास भी अकबर के सम सामयिक थे। डा० तारन सिंह ने उनकी रचना का समय 7 साल 1574-1581 बताया है।[53] जब भारतीय संगीत के लेखक श्री उमाचार्य अकबर काल में तान सेन तथा बैजू से भी बढ़ कर संगीतज्ञ भक्त-कवियों के होने के बारे में संकेत करते हैं, तो गुरु राम दास का उन्हीं में से किसी संगीतज्ञ भक्त कवि से समस्त रागों की प्रवीणता प्राप्त कर लेना कोई बड़ी बात नहीं, और उसी काल में उनमें से एक होना सिद्ध होता है। भारतीय संगीत के कर्ता की राय की पुष्टि गुरु ग्रंथ के अन्तः साक्ष्य एवं अन्य प्रमाणों से भी होती है। गुरु नानक की रचना 19 रागों में है। वे स्वयं एक संगीतज्ञ थे। जो और 11 राग गुरु राम दास ने लिये और उनमें अपनी रचना की, उनमें से सात राग तो गुरु ग्रंथ में उल्लिखित पूर्ववर्ती सन्त-संगीतज्ञों की रचनाओं में उपलब्ध हैं, जो काल क्रम अनुसार इस प्रकार हैं। टोडी, माली गौड़ा, गौंड तथा कानड़ा रागों में नामदेव की रचनाएं आदि ग्रंथ में हैं। बैराड़ी राग में रविदास की रचना भी निबद्ध है। और उन्हों ने गौंड तथा केदारा रागों में भी रचनाएं की। बिलावल राग में कबीर की रचना का आदि ग्रंथ में है। केदारा तथा गौंड रागों में भी उन की रचनाएं हैं। इस प्रकार टोडी, माली गौड़ा, गौंड, कानड़ा, नामदेव की रचनाओं में और बैराड़ी, केदारा, तथा बिलावल रविदास और कबीर की रचनाओं में आदि ग्रंथ में ही प्रयुक्त हैं। जयदेव के गीत गोविन्द में गुरु ग्रंथ के माली गउड़ा, बसन्त, गूजरी, रामकली तथा भैरव रागों के अतिरिक्त बराड़ी राग का उल्लेख है। राग गौंड

51- वही-पृ० 360-61

52- भारतीय संगीत- 215

53- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यिक इतिहास-361

नाट, गूजरी, भैरवी, धनासरी, रामकली, वराड़ी आदि का सिद्ध संगीतज्ञों से विशेष संबंध था।[५४] सिद्धों का समय ८०० से ११०० तक अनुमानित किया गया है।[५५] इस परंपरा की शृंखला के विषय में अधिक महत्वाकांक्षी न होते हुए हम कह सकते हैं कि, सिद्ध संगीतज्ञों से जयदेव ने संगीत विद्या प्राप्त की। जयदेव-विद्यापति से तथा नाथ योगी संगीतज्ञों से होती आई यह भक्ति काव्य संगीत की परंपरा नामदेव, रविदास, कबीर, जायसी, गुरु नानक, गुरु रामदास तथा तुलसी दास, सूरदास तक आई। तुलसी दास तथा सूरदास अकबर समकालीन थे। इसी परंपरा में गुरु राम दास जी हैं, जो अकबर के समकालीन थे। अकबर के राज्यकाल में संगीत अपनी उन्नति पराकाष्ठा पर था। सूरदास तथा तुलसीदास अकबर के समय में उत्कृष्ट भक्त-संगीतज्ञ थे। अकबर की इन के विषय में श्रद्धा का उल्लेख डा० राम कुमार वर्मा ने किया है। वे लिखते हैं, सूरदास का निर्देश आईने अकबरी और मुंशियात अबुल फजल में विशेष रूप से है। इस निर्देश से यह ज्ञात होता है कि सूरदास गायक थे और अकबर के दरबार में अपने पिता बाबा राम दास ग्वालेरी गोयंदा (गवैया) के बाद उसी पद पर नौकर थे। यदि अकबर के दरबार में नौकर न होते तो उनके नाम निर्देश की आवश्यकता नहीं थी। तुलसी दास जी भी अकबर के समकालीन उत्कृष्ट कवि और गायक थे। पर उनका निर्देश आईन अकबरी में नहीं है।[५६]

५४- पंजाबी दुनिया- गुरमति अंक- ६३

५५- हिन्दी साहित्य कोश- ८५३ कुछ विद्वानों के विचार अनुसार यह परंपरा ७०० सं० से आरंभ होकर ५०० वर्षों तक आगे चलती रही। संत काव्य की परंपरा की अब तक की खोज के आधार पर यह निश्चय हो चुका है कि सन्त-साहित्य का आदि काल बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा के चौरासी सिद्धों से आरंभ होता है। इसे नाथपंथी परंपरा के नाम से भी अभिहित किया गया है। नाथ पंथ का स्वर्ण युग १२वीं तथा १४वीं शती के बीच माना जाता है। जयदेव के पास इन्हीं सिद्धों की संगीत परंपरा चली आ रही थी-

(संत संगीत अंक- पृ० ३)

५६- हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास- पृ० ५२१

गुरु अर्जुन देव जी ने उन्हीं ३० रागों में वाणी की रचना की है, जिनमें उनके पिता जी की वाणी है। रागों के आधार पर गुरु ग्रंथ का संपादन करना और सन्त वाणी की इस निधि को इस रूप में सुरक्षित करने का कार्य उन्हीं के द्वारा संपन्न हुआ। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि गुरु अर्जुन देव के पश्चात एक और राग में वाणी की रचना गुरु तेग बहादुर ने की, वह जैजावंती राग है। इन रागों के अतिरिक्त कुछ एक लोक काव्य की ध्वनियां भी आदि ग्रंथ में मिलती हैं, और इस आध्यात्मिक काव्य को यथार्थ रूप में लोक-काव्य सिद्ध करके लोकहित की रचना होने की पुष्टि करती है। यह ध्वनियां इस प्रकार हैं कबीर की रचनाओं में बावन अखरी, थिति, वार; गुरु नानक देव की रचनाओं में पहरे, पट्टी, अलाहणीआं, आरती, कुचजी, सुचजी, थिति ओंकार, गोसटि (सिध) सोहले, बारहमाहा; गुरु अमरदास जी ने भी, पट्टी, अलाहणीआं, तथा सोहले लिखे। गुरु रामदास जी ने पहरे वणजारा, करहले, तथा घोड़ियां लिखीं; गुरु अर्जुन देव जी ने पहरे, बारहमाहा, दिन रैण, बावन अखरी, सुखमनी, थिति, बिरहड़े, गुणवंती, रुती, अंजुलीआं, सोहले तथा गाथा काव्य रूपों में रचना की। इस रचना की परंपरा का सीधा संबंध लोक गीतों से है।

गुरु ग्रंथ की वाणी तथा उसका राग तत्व से संबंध

भक्ति काव्य के पदों को गुरुओं तथा उनके पूर्ववर्ती सन्तों, नाथ योगियों, सिद्धों, तथा आचार्यों द्वारा भावमय रूप प्रदान करने के लिये संगीत का आश्रय लिया गया। नाथ-योगियों ने भी अपना सबदियां हृदय को द्रवित कर देने वाले संगीत में कहीं। गोरखवाणी में योगियों का परमप्रिय राग रामकली प्रयुक्त है।[५७] गुजरी तथा आसावरी रागिनियां भी प्रयुक्त हुई हैं। गुरमति संगीत अथवा गुरुवाणी के संपादन में श्री राग को सर्व प्रथम रखा गया है। विद्वानों का विचार है कि गुरु नानक की समूची रचना आदि ग्रंथ में संगृहीत है। यह वाणी गुरु अर्जुन देव तक अवश्य किसी हस्तलिखित पुस्तक रूप में प्राप्त हुई होगी और इस में भी राग को प्रथम रखा गया होगा। गुरु अमरदास जी का एक श्लोक सिरी राग की वार ४:४ के आरंभ में है, उसमें रागों में श्री राग को प्रथम माना गया है:-

---

५७- रामकली योगियों का प्रिय राग है- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यक इतिहास पृ० १६८

रागा विचि स्री रागु है, जे सचि धरे पिआरु।[५८]

गुरु वाणी में भिन्न भिन्न रागों के लिये जाने का प्रयोजन भी गुरु अमरदास जी की वाणी से स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने राग को तब ही प्रधान समझा है जब उसमें प्रभु-यशोगान तथा नाम-स्मरण की मुख्यता हो। रागों के विषय में उनके विचार दृष्टव्य हैं:-[५९]

गूजरी जाति गवारि जा सहु पाए आपणा।।

सबद रते वडहंस है सचु नामु उरिधारि।

सोरठि सदा सुहावणी जे सचा मनि होइ।

धनासरी धनवंती जाणीऐ भाई, जां सतिगुर की कार कमाइ।

हरि उतमु हरि प्रभु गाविआ करि नादु बिलावलु रागु।

रामकली रामु मनि वसिआ ता बनिआ सीगारु।

केदारा रागा विचि जाणीऐ सबदे करे पिआरु।

गुरु ग्रंथ साहब में प्रयुक्त रागों तथा काव्य का संयोग-विवरण प्रस्तुत करते हुए डा० तारन सिंह लिखते हैं:[६०] (१) श्री राग में वैराग्य पूर्ण रचनाएं निबद्ध हैं। (२) राग वडहंस में गुरु नानक तथा गुरु अमरदास ने अलाहणीआ लिखीं हैं। यह गीत मृत्यु संबंधी लोक-गीत की धारणा पर है। (३) राग धनासरी में विभिन्न रचयिताओं के आरती पद हैं। (४) तिलंग राग मुसलमानी सिद्धान्तों संबंधी विषयों की विवेचना है, और इस की शब्दावली पर फारसी भाषा का प्रभाव प्रत्यक्ष है। (५) राग गउड़ी गौड़ देशका राग है, इस राग में गुरु ग्रंथ के सब कवियों ने गहन एवं गंभीर विषयों पर विचार प्रकट किये हैं, यथा, आत्मा, ब्रह्म, प्रकृति तथा नैतिक तत्त्व विषयक सिद्धान्तिक विचारधारा। (६) राग आसा गुरुवाणी में प्रातः कालीन राग है, और इस में आसावादी भावुकता का विधान हुआ है। (७) राग गूजरी कृष्ण पूजा का राग माना जाता है परन्तु गुरु साहिबान ने भक्तों के चंदन, कुंकुम, धूप, नैवेद्य आदि की पूजा के स्थान पर हृदय-पूजन का विधान किया है, और ईश्वरीय उपासना का नया ढंग बताया है।

५८- आ०ग्र०पृ० ८३

५९- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यिक इतिहास-३४७, तथा सभनां रागां विचि सो भला भाई, जितु वसिआ मनि आइ।। सलोक म:४ आ०ग्र० पृ० १४२३

(८) राग सू ी को सूफियों का प्रिय राग भी कहा जाता है। इस राग में सारी रचना घरेलू जीवन तथा दाम्पत्य जीवन की सफलता के विषय में है। (६) बिलावल राग में म:४ तथा म:५ में मंगल गान ... किया है। यह हर्ष एवं प्रभु उपमा का राग है। (१०) राग गौंड में प्रभु को विरद-पालक मान कर उसका यशोगान है। (११) राग रामकली योगियों का प्रिय राग है। गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने इस राग में योगियों के बाह्याचार तथा भेष-शृंगार का निषेध कर उसके स्थान पर सदाचार-शृंगार करने को कहा है। सिद्ध साधना तथा गुरमति साधना संबंधी गोष्टी (सिध गोसटि) जो गुरु नानक की रचना है, तथा गुरु अमरदास जी की भक्ति साधना की व्यावहारिक विवेचना अनंद साहिब, रामकली राग में निबद्ध हैं। (१२) नट नारायण तथा (१३) माली गउड़ा में थोड़ी थोड़ी वाणी है। दोनों उत्पत्ति के राग हैं। (१४) राग मारू युद्ध वातावर्ण विषयक राग है। इसमें लिखी वाणी में संसार की शून्यावस्था संबंधी सुंन (सुनसान) अवस्था तथा तदोपरान्तु शून्य से उत्पत्ति का वर्णन है। (१५) तुखारी राग देशी राग है। इस में विरह तथा संयोग का वर्णन है। गुरु नानक की प्रसिद्ध रचना तुखारी छन्त म:१ बारहमाह इसी राग में है। (१६) राग केदारा में हर्ष एवं वियोग दोनों प्रकार की रचनाएं हैं। (१७) राग देव गंधारी तथा (१८) राग बिहागड़ा में बहुत थोड़ी थोड़ी रचनाएं हैं। (१६) राग सोरठि रात्रिकाल की रागिनी है। इसमें ऐसी रचनाएं हैं जिनमें पाखंड तथा अज्ञानता के अंधकार का वर्णन है। (२०) राग जैतसरी (२१) टोडी तथा (२२) बैराड़ी छोटे छोटे राग हैं। (२३) राग भैरव में मन की सबलता का वर्णन है। भैरव राग में ही हिरण्यकशिपु एवं उसके पुत्र प्रह्लाद तथा असुर पुरोहितों शण्ड-मर्क की कथा का वर्णन, नामदेव तथा गुरु अमरदास जी की रचनाओं में है। (२४) राग बसंत, बसंत ऋतु का राग है। इसमें बसंत ऋतु के वायुमंडल की रचनाएं हैं। (२५) सारंग वर्षा ऋतु का राग है। (२६) मलार भी वर्षा ऋतु का राग है। इसमें वर्षा ऋतु के उपमानों द्वारा दाम्पत्य संयोग का वर्णन है। (२७) राग कानड़ा ग्रीष्म ऋतु का राग है। (२८) राग कल्याण वर्षा ऋतु का राग है। नाम-स्मरण कल्याणकारी-साधना है। यही इस राग में निबद्ध रचना का परम-तत्व है। (२६) राग प्रभाती प्रात:कालीन राग है। इसमें किसी अभिनव युग का नई नवेली उषा के प्रकाश का वर्णन है, जो माया के पाखंड के अंधकार को दूर हटा देती है। (३०) राग जैजावंती में केवल म:६ की वाणी है। संसार की असारता तथा भगवद्भजन के केवल चार पद इस राग में निबद्ध हैं। (३१) माझ रागदेशी राग है, और माझे देश का राग है।

इस की रचना गुरु नानक देव द्वारा की गई प्रतीत होती है। पंजाबी वातावर्ण का, इस राग में निबद्ध रचना पर प्रत्यक्ष प्रभाव है। मिलन की तीव्र इच्छा वाले पद इस राग में लिखे गए। गुरु नानक देव का माझ की वार में उस समय के हिन्दू मुसलिमसंघर्ण का वर्णन है। गुरु अर्जुन देव का बारह माह इसमें है।

गुरु ग्रंथ में राग क्रम तथा उसका राग माला से संबंध

गुरु ग्रंथ में श्री राग को प्रथम लेना[61] और राग मालाओं में से 'प्रथम राग भैरउ वै करही' वाला राग माला का स्वीकार किया जाना, दोनों तथ्य ही भक्तिकाव्य में राग तत्त्व की प्राचीन परंपरा से संबंध रखते हैं।

श्री राग को सोमेश्वर मत (शिव मत) में प्रथम राग माना गया है।[62] कानूने मौसीकी पुस्तक से गुरमति संगीत पुस्तक में जो कल्लिनाथ मत की राग पद्धति उद्धृत है, उसमे भी श्री राग को प्रथम रखा गया है।[63] संगीत शास्त्र में जिन बीस रागों या शुद्ध रागों का विवरण दिया गया है, उसमे श्री राग प्रथम है, भैरव राग की क्रम संख्या १० तथा नट्ट नारायण अन्तिम अथवा बीसवां राग है। उस सूची में पहली तीन राग आदि ग्रंथ में आये हैं।[64] यह २० रागों वाली सूची संगीत रत्नाकार से ली गई है, जिसमें इन बीस प्रकार के रागों को ==== दिव्य (मार्ग) राग कहा है।[65] श्री भातखंडे अपने संगीत शास्त्र में लिखते हैं, "श्री राग अपने यहां एक बहुत ही प्राचीन और प्रसिद्ध राग समझा जाता है। अपनी हिन्दुस्तानी पद्धति में यह एक अति मधुर और स्वतंत्र प्रकार है, ऐसा भी कहते हैं।"[66] भातखंडे जी ने जिन ग्रंथों के मत की ओर संकेत किया है, उनका वर्णन करते हुए आगे चलकर उन ग्रंथों में से श्री राग की प्रधानता एवं पूर्णता का वर्णन करतेहुए इसकी प्रसिद्धि के विषय में उन ग्रंथों का मत उद्धृत करते हुए लिखते हैं।

६०- श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यक इतिहास- पृ० ६०-८२

६१- रागा विच स्री राग है जे सचि धरे पिआरु १- पृ० ८३ तथा पृ० १४२६

६२- संगीत शास्त्र- के० वासुदेव शास्त्री पृ० १८५, पर संगीतदर्पण से उद्धृत।

६३- गुरमति संगीत खंड १ पृ० १३

६४- संगीत शास्त्र पृ० ७६

६५- भारतीय संगीत पृ० १८८

६६- भातखंडे संगीत शास्त्र- भाग तीसरा- पृ० ४१

राग मेलों में श्री राग हमारे यहाँ सब से प्राचीन राग है। तथा श्री राग पूर्ण सर्वगुण-सम्पन्न विख्यात राग है, और रागों में प्रथम राग है।[67] हमारा विचार है कि श्री राग को रागों में इसी विशेषता को सम्मुख रखते हुए आदिग्रंथ में भी प्रथम राग माना गया है।

रागमाला

गुरमति-संगीत-पद्धति की अन्य संगीत-पद्धतियों से विभिन्नता दर्शाते हुए डा० चरण सिंह लिखते हैं, श्री गुरु ग्रंथ साहब की रागमाला अन्य सब संगीत-पद्धतियों से भिन्न है, और इस बात की परिचायक है कि श्री गुरु ग्रंथ साहब जी की संगीत-पद्धति अन्य संगीत - पद्धतियों से भिन्न है। राग माला का प्रयोजन बताते हुए लिखते हैं, गुरु ग्रंथ की संगीत पद्धति का प्रयोजन उन रागों का परिचय है जिनमें निबद्ध करके शबदों को गाया जाना चाहिए, तथा इस पद्धति की अन्य प्राचीन पद्धतियों से भिन्नता दिखाना है। उन्हों ने इस पद्धति को नवीन-पद्धति बता कर इसे गुरमति-संगीत-पद्धति का नाम दिया है, और गुरु ग्रंथ की राग-माला को इसी गुरमति-संगीत-पद्धति के प्रकारों आदि का स्पष्टीकरण बताया है, ताकि गुणीजन किसी भ्रमवश गुरमति-संगीत को किसी प्राचीन-पद्धति का अंधानुकरण न समझ लें।[68] अपनी शोध का विवरण प्रस्तुत करते हुए उन्हों ने विभिन्न संगीत-पद्धतियों जैसे शिवमत, कल्लि-नाथ-मत, भरत-मत, हनुमन्त-मत, सिद्ध-सारस्वत-मत तथा रागार्णवमत की राग-मालाओं का विवरण प्रस्तुत किया है।[69] जहाँ तक रागों के परिवारों का संबंध है, उनको प्राचीन भिन्न भिन्न ग्रंथकारों ने मत भेद से वर्णन किया है। जैसे हनुमन्त मत की पद्धति का संगीत शास्त्र (के वासुदेव शास्त्री पृ० १८८) तथा बुद्ध प्रकाश-दर्पन, संगीत-विनोद एवं राग-दीपिका में भिन्न भिन्न वर्णन है।[70] परन्तु राग क्रम के लिहाज से गुरु ग्रंथ की राग-माला, भरत-मत, हनुमन्त-मत तथा सिद्ध-सारस्वत-मत से मिलती है।[71] जहाँ तक कवि आलम के माधवानल नामक ग्रंथ में पाई जाने वाली गुरु ग्रंथ से मिलती जुलती राग-माला का संबंध है, डा० चरण सिंह ने अपनी शोध के आधार पर बताया है कि आलम का जन्म १६५५ ई० में हुआ, जिस से उसके ग्रंथ की रचना का काल गुरु ग्रंथ के संपादन काल १६०४ ई० के बहुत पीछे का है, अतः आलम कवि द्वारा यह राग माला गुरु ग्रंथ से लिये जाने

६७- मेकोद्भवेषु रागेषु श्री रागेड्य विराजते:। (सारामृते) (शेष अगले पृष्ठ पर)

की संभावना की ओर संकेत किया गया है।[७२]

गुरु ग्रंथ की राग-माला की ओर जब हमारा ध्यान जाता है, तो पता चलता है कि यह रागमाला गुरु अर्जुन देव जी ने स्वयं अपनी ओर से रचना करके अथवा कहीं से उद्धृत नहीं की, अपितु यह राग-माला इसी रूप में गुरु नानक देव जी की वाणी के साथ उनके अनुयायियों को प्राप्त हुई और फिर गुरु अर्जुन देव जी ने गुरु ग्रंथ का संपादन करते हुए इसे संपूर्ण ग्रंथ के अन्त में रखा। यह रचना गुरु नानक देव जी की भी अपनी नहीं, और यह अन्य सन्तों की वाणियों की भांति उन्हें कहीं से प्राप्त हुई, इसकी महत्ता संत वाणी से कम नहीं। यह गुरुओं की रचना नहीं। इसका प्रमाण हमें गुरु नानक के जीवन काल में लिखी जाने वाली मलिक मुहम्मद जायसी की कृति पद्मावत, जो १५४० ई० में संपूर्ण हुई, के संदर्भ से मिलता है। इस रचना में ५१८ वीं सप्तपदी में एक राग-माला का विवरण है, जिसकी शब्दावली तथा राग क्रम बहुत कुछ गुरु ग्रंथ की राग-माला सा है। गुरु ग्रंथ की राग-माला में दीपक राग चौथे स्थान पर है और मेघ राग छटे पर, परन्तु जायसी के ग्रंथ की राग-माला में इसके विपरीत है, अर्थात मेघ राग छटे पर न हो कर चौथे पर है और दीपक राग छटा है। गुरु ग्रंथ की राग-माला में ३० रागिनियों के साथ ४८ राग पुत्रों का विवरण है। जायसी वाली रागमाला में कुल ३६ रागिनियों का उल्लेख है, रागिनियों के नाम अथवा राग पुत्रों का कोई उल्लेख नहीं। ऐसा लगता है, जायसी को भी यह राग क्रम किसी अन्य स्रोत से प्राप्त हुआ, वैसे जायसी के संगीतज्ञ होने में मैं संदेह नहीं होना चाहिए, जबकि उसके पश्चात के कवि तुलसी दास ने भी ऐसी ही भाषा-शब्दावली तथा काव्य-रूप में रचना की, परन्तु उनके संगीतज्ञ होने के उल्लेख मिलते हैं। जायसी

श्री राग स च विख्यात: षड्जेणविभूषित:। पूर्ण: सर्वगुणोपेतो मूर्छना प्रथमा मता (संगीत दर्पण) पृ० ५६ भातखंडे संगीत शास्त्र।

६८- गुरमति संगीत- प्रथम भाग पृ० १०

६९- वही पृ० ११-२२०

७०- वही पृ० १६, इन तीन मतों से हनुमन्त मत का राग विवरण गुरमति संगीत पृ० १६,१७,१८ पर देखिए।

७१- वही पृ० १४-२०

७२- वही पृ० ३६ ७३- पद्मावत पृ० ४३८

की रागमाला इस प्रकार है।[७३]

> प्रथम राग भैरौं ते कीन्हा। दोसरे मालकौस पुनि लीन्हा।
> पुनि हिंडोल राग भल गाए। चौथे मेघमलार सोहाए।
> पुनि उन्ह सिरी राग भल किया। दीपक कानूः उठा बरि दिया।
> छवउ राग गावन भल गुनो। औ गावन छत्तीस रागिनि। -५२८

इस सप्तपदी के पूर्व वाली ५२७वीं सप्तपदी में भिन्न भिन्न बाजों के नाम हैं। जिन में अनेक बाजों, तूतियों तथा डफों आदि का विवरण है।

जहाँ तक राग मालाओं में भैरव राग को 'प्रथम राग भैरउ के करहीं' का संबंध है, इसका कारण यह है कि बहुत से राग मतों में यह राग प्रथम लिया गया है। जैसे हनुमन्त मत, सिद्ध सारस्वत मत तथा रागार्णवमत इसे प्रथम राग मानते हैं। श्री राग के विषय में उनका मत इस प्रकार है- वे छः रागों में इसको आदि राग मानते हैं और इसको उन्होंने सबका जनक आदि राग कहकर माना है।[७४] इधर भैरव राग को भी प्रधान बताते हुए भारतीय संगीत में ही लिखा है, 'शास्त्रों में जिसे मालव गौड़ थाट कहा है वही हमारा भैरव थाट है। आप जिसको राग देख रहे थे, उस प्रसिद्ध भैरव राग का सेवन एवं परिचय करिये। यह प्रधान थाट है।'[७५] इस ग्रंथ में भैरव थाट से उत्पन्न होने वाली तथा आदि ग्रंथ में लिये जाने वाली कुछ रागिनियों का यहां परिचय देना इस बात का प्रमाण होगा कि भैरवराग, भी प्रधान थाटों में से है। भैरव थाट से उत्पन्न होने वाली रागिनियों में, रामकली, विभास, प्रभात, गौरी, आसावरी, धनाश्री, भूपाल आदि का नाम लिया गया है।[७६]

'भातखण्डे संगीत शास्त्र' में श्री राग तथा भैरव राग में अंतर बताया गया है। यहां तक कभी कभी एक दूसरे में अभिन्नता का भ्रम होता है। सा-रे-रे-सा" इस स्वर समुदाय में उस राग (श्री)का मुख्य अंग समाविष्ट हुआ है, ऐसा समझते हैं। ये स्वर भैरव में भी हैं, परन्तु उस राग में इनका उच्चारण कैसा होता था, यह मैं बता चुका हूं। श्री राग में यही स्वर एक विशिष्ट तरह से उच्चारित

७४- भारतीय संगीत पृ० ३०२

७५- भारतीय संगीत पृ० २५५

७६- वही पृ० २५४-२७२

७७- भातखण्डे संगीत शास्त्र भाग तीसरा पृ० ६

किये जाते हैं। कोई कहे कि श्री राग संध्याकाल का उत्कृष्ट होने से यह स्वर किसी तरह भी उच्चारण किये जायें तो श्रोताओं को भैरव राग की भ्रांति उस संध्याकाल में कभी नहीं होगा। भैरव और श्री रागों में 'सा-रे-रे-सा' ये स्वर भिन्न भिन्न तरह से गाये जाते हैं।"[७७] एक अन्य स्थान पर इसी ग्रंथ में लिखा है, श्री राग सिखाते हुए 'रे-रे-सा' 'ध ध प' में दो स्वर समुदाय विद्यार्थीगण खूब रटकर तैयार करते हैं।..... ये दो समुदाय मींड से 'रे रे सा ध ध प' इस तरह जोड़ने में आये कि वहां श्री राग लुप्त होकर भैरव राग उत्पन्न होगा।"[७८]

भैरवराग के राग माला में प्रथमराग होने तथा श्री राग के गुरु ग्रंथ के संपादन में प्रथम राग होने के विषय में गुरमति संगीत में एक पठनीय विचार का उल्लेख है। "भैरव राग राग माला में इस लिये पहला है कि क्रमबंदी के समय प्रातः काल का प्रथम राग है। श्री राग अपने प्रभाव के कारण शांत रसी रचना के आरंभ में शांत रस का राग है। श्री राग के पहले पद अत्यंत वैराग्यमयी भाव वाले रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि पंचम गुरु ने जिस समय भाई गुरुदास से जपुजी, रहिरास, तथा सोहिला लिखवा लिया तो जब राग क्रम के अनुसार वाणी लिखने लगे तो समय श्री राग का था।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की रचना के आरंभ में 'रागां विचि सिरी राग है' के वाक्यानुसार श्री राग की वाणी पहले लिखी जा चुकी थी। समाप्ति पर जब राग रागिनियां राग रतन परिवार परीआं के रूप में शुद्ध गाने आए तो उन्होंने पहले भैरव राग का आलाप किया, जिस क्रम में आलाप हुआ उसी क्रम में राग-माला लिखी गई।"[७९]

गुरु ग्रंथ के संपादन में श्री राग के प्रथम आने तथा रागमाला में भैरव राग के प्रथम होने के बारे में यह विचार युक्ति-युक्त नहीं। हमारा विचार है कि रागमाला गुरु अर्जुन देव की रचना नहीं है, जैसा कि कुछ लोग दावा करते हैं, जैसे गुरमति संगीत की रागमाला संवत १६६१ में श्री गुरु अर्जुन देव ने आदि ग्रंथ में लिखी।[८०] यह समय गुरु ग्रंथ के संपादन का है। यह रचना यदि गुरु अर्जुनदेव की होती तो म:५ इसके आरंभ में होता और अन्त में नानक नाम जरूर आता। परन्तु यह रचना मलार वाणी के साथ जो गुरु नानक देव ने कहां से प्राप्त की और उसे अपनी रचना तथा अन्य भक्तों की रचनाओं के सहित जोड़ गए, जिसे

७८- वही पृ० ४५

७९- गुरमति संगीत पृ० ४८ प्रथम खण्ड

८०- वही पृ० २२

उचित राग माला जान गुरु अर्जुन देव जी ने इसे उसी प्रकार महत्वपूर्ण समझा जिस प्रकार गुरु नानक देव द्वारा एकत्रित अन्य भक्ति काव्य को। रागमाला में रागक्रम उसी रूप में रखा, जिस रूप में वह प्राप्त हुई, परन्तु आदि ग्रंथ के रचयिताओं तथा संपादकों ने गुरु ग्रंथ में श्री राग को परंपरा के आधार पर प्रथम राग के रूप में स्वीकार कर लिया था।

गुरु ग्रंथ में ३१ रागों के अतिरिक्त कतिपय रागमेलों का भी वर्णन आया है, जो रागमेल गुरु ग्रंथ के रचयिताओं के संगीतज्ञ होने के नाते राग-विद्या संबंधी निजी सूझ बूझ एवं जानकारी पर आधारित मौलिक राग-मेल हैं, जिनका उदाहरण किसी अन्य संगीत ग्रंथ में नहीं मिलता। इन राग- मेलों की तालिका इस प्रकार है:-[८१]

नाम रागों के मेल का	गुरु ग्रंथ के रचयिताओं के नाम
१- राग गउड़ी गुआरे री	रविदास, गुरु नानक (म:१)
२- राग गउड़ी दक्खणी	गुरु नानक (म: १)
३- राग गउड़ी चेती।	नामदेव, कबीर, गुरु नानक (म:१)
४- राग गउड़ी बैरागणि	कबीर, रविदास। गुरु नानक (म:१)
५- राग गउड़ी दीपकी।	गुरु नानक (म:१)
६- राग गउड़ी पूरबी दीपकी	गुरु नानक (म: १)
७- राग गउड़ी पूरबी।	कबीर, रविदास। गुरु रामदास (म:४)
८- राग गउड़ी माझ	यह मेल गुरु राम दास द्वारा रचित प्रतीत होता है। तथा केवल उन्हीं की रचना में आया है। (म:४)
९- राग गउड़ी रागि सुलखणी	गुरु रामदास(म:४)
१०- राग गउड़ी मालवा	गुरु अर्जुन देव। (म: ५)
११- राग गउड़ी माला	कबीर जी।
१२- राग गउड़ी गुआरेरी श्री	कबीर जी।
१३- राग गउड़ी भी सोरठि भी	कबीर जी।
१४- राग वडहंस दक्खणी	गुरु नानक (म:१)

८१- देखिए आदि ग्रंथ में संगीत और उसके ३१ रागों के नामों के साथ मिश्रित हो रहे अन्य राग- पंजाबी दुनिया गुरमति अंक - भाषा विभाग पटियाला पृ० १००-१०२

१५- राग तिलंग काफी	गुरु तेग बहादुर (म:६)
१६- राग सूही काफी	गुरु नानक, गुरु अर्जुन देव।
१७- राग सूही ललित	फरीद जी, कबीर जी।
१८- राग बिलावल दक्षणी	गुरु नानक (म:१)
१६- राग बिलावल मंगल	गुरु राम दास। गुरु अर्जुन देव (म:४,५)
२०- राग रामकली दक्षणी	गुरु नानक देव।
२१- राग राम कली अनंद	गुरु अमरदास (म:३)
२२- राग मारू काफी	गुरु नानक देव (म: १)
२३- राग मारू दक्षणी	गुरु नानक देव (म: १)
२४- राग बसंत हिंडोल	कबीर, म:१,३,४,५,६ ।।
२५- राग कुसम बसंत	भट बाणी।
२६- राग कलिआण भोपाली	गुरु रामदास (म: ४)
२७- राग प्रभाती दक्षणी	गुरु नानक देव (म:१)
२८- राग प्रभाती बिभास	गुरु नानक, गुरु राम दास, गुरु अर्जुन देव (म: १,४,५)
२६- राग बिभास प्रभाती	कबीर जी।
३०- राग बिलावल गौंड	नाम देव जी।

राग नट नाराइण को संगीत रत्नाकार में बीस शुद्ध रागों में एक माना है।[८२] यह राग गुरु ग्रंथ के ३१ रागों में है। अकेले नट राग में भी गुरु राम दास तथा गुरु अर्जुन देव की रचना है।

उपसंहार :

रागों तथा राग-मेलों के अतिरिक्त कतिपय लोक-काव्य की ध्वनियां पर कुछ एक वारों को गाने का गुरु ग्रंथ में संकेत है। यथा: (१) आसा म:१, वार सलोका नालि सलोक भी महले पहिले के लिखे टुंडे अस राजे की धुनी (२) गूजरी की वार म:३ सिकंदर बिराहिम की वार की धुनी गउणी। ।। (३) वडहंस की वार म:४ लला बहलीमा की --- धुनि गावणी। (४) रामकली की वार म:३ जोधै वीरै पूरबाणी की धुनि (५) सारंग की वार म: ४, राइ

८२- संगीत शास्त्र के० वासुदेव पृ०८६

महमे हसने की धुनि। (७) वार मलार की महला १, राणे कैलास तथा मालदे की धुनि (८) कानड़े की वार म:४ मूसे की वार की धुनी। (८) वार माझ की तथा सलोक म:१ मलक मुरीद तथा चंद्रहड़ा सोहीआ की धुनी गावणी। (९) गउड़ी की वार म:५ राइ कमालदी मोजदी की वार की धुनि उपरि गावणी। गुरमति संगीत में डा० चरण सिंह लिखते हैं, धुनि तथा गायक राग की जान होते हैं। गुरु हरि गोविंद जी ने ढाढियों (चारणों) से इन लोक-वार-काव्य की वारों को सुना और उनके आधार पर गुरु ग्रंथ की वारों के गाये जाने का संकेत किया।[83] उन्हों ने इन लोक-काव्य की रचनाओं के उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि गुरु ग्रंथ के राग-तत्त्व पर लोक-काव्य की ध्वनियां का विशिष्ट प्रभाव है। सन्त काव्य का लोक-काव्य से प्रभावित होना स्वाभाविक ही था, क्योंकि यह रचनाएं लोक-हित की मुख्य भावना को सम्मुख रख कर रची गईं। डा० भ्रमर लिखते हैं, सन्त भक्त कवियों ने लोक-गीतों की सरल शैली ही नहीं अपनाई है, वरन् कतिपय प्रचलित लोक-गीतों को भी ज्यों का त्यों ग्रहण कर लिया है। कुल मिला कर इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि हिन्दी के गेय पदों की परंपरा के उद्भव और विकास में लोक-गीतों के विभिन्न उपादान भक्ति-काव्य की निर्मिति में ग्रहण किए गए हैं। सन्त भक्त कवियों की अनेक गीति-रचनाएं लोक-कंठ की मौखिक परंपरा में प्रचलित लोक-गीतों की अनुकृति मात्र जान पड़ती हैं।[84] यह कथन गुरु ग्रंथ की वारों की इन ध्वनियों, तथा विभिन्न राग-भेदों के संबंध में अक्षरश: सुनिश्चित संगत प्रतीत होता है। आलाहुणियां, घोड़ियां, बिरहड़े, थितीं, वारें, दिन रैन, पहरे, बारहमाहा आदि काव्य-रूप, जिन का पहले वर्णन किया जा चुका है, तो लोक-गीत ही हैं, जिन में भक्ति-तत्त्व को व्यक्त किया गया है। लोक-काव्य के प्रकारों में इन का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

८३- गुरमति संगीत अंक- ४ पृ० ५

८४- हिन्दी भक्ति साहित्य में लोक तत्त्व पृ० १८७

१०- श्री गुरु ग्रंथ साहब की भाषा:

दूजा मांग निवाज मुसला नाल रूप बनवारी ।
हरि हरि मीआं रुपना जीआं बोली अवर तुम्हारी।।म:१
आदि ग्रंथ पृष्ठ ११६१.

* आदि ग्रंथ की भाषा के क्षेत्र में मुख्य श्रेष्ठता है। यह पुरातन हिन्दवी भाषाओं की निधि है। डा० ट्रंप

ठठठ

गुरु ग्रंथ की भाषा

भाषा का स्वरूप

गुरु ग्रंथ की भाषा के विषय में डा० गोपाल सिंह लिखते हैं: गुरु ग्रंथ की भाषा एक अद्भुत प्रकार की मिली जुली बोली है। यह नहीं कि इस में कहीं पर शुद्ध, टकसाली तथा ठेठ भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। पंजाबी का ठेठ रूप-लहिंदी, पूर्वी, तथा केन्द्री के रूप में, वार जैतश्री, मारु, दक्खणी, आदि रचनाओं में प्रयुक्त हुआ है। हिन्दी भारूप, जिस का प्रयोग सधुक्कड़ी भाषा के रूप में हुआ है उसे हिन्दवी कहना अधिक समीचीन है, और यह समस्त उत्तर भारत में समझी जा सकती है। खड़ी बोली के वेष में ब्रज, अवधी, मागधी, अपभ्रंश, फारसी तथा अरबी की विकृत शब्दावली की मिलावट से घड़ी हुई इस भाषा का स्वरूप आदि ग्रंथ में प्राप्त है। परन्तु साधारणतया विशेषकर प्रथम चार गुरु साहिबान ने, और पर्याप्त मात्रा में गुरु अर्जुन देव ने एक ऐसी भाषा को सौभाग्यवती बनाया, अथाव उचित अर्थों में उसका सृजन किया, जिस का आधार केन्द्रीय-पंजाबी है, परन्तु जो अपभ्रंश के नियमों पर संस्कृत, फारसी तथा अरबी की शब्दावली में पंजाबीपन को लाती है। इसमें लहिंदी पंजाबी की अधिक मिलावट है, विशेषकर क्रियापदों की। इस प्रकार गुरु ग्रंथ न केवल महान् काव्य की अपितु उत्तर भारत की समस्त उप-भाषाओं की अमूल्य निधि है।[१] डा० तारन सिंह लिखते हैं: इस महान् पुस्तक में उन प्रान्तों के भक्तों की वाणी है जिन की भाषाएं संस्कृत-प्राकृत- अपभ्रंश -पड़ावों से होती हुई वर्तमान प्रांतिक भाषाओं के रूप में पहुंच रहीं थीं। जिन भक्तों की वाणी आदि ग्रंथ में सम्मिलित है, वे सारे १२वीं से १५ वीं शती में महाराष्ट्र, बंगला, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान, सिंध तथा पंजाब में हुए। गुरु साहिबान तथा उनके निकटवर्ती सन्त या भट्ट १६वीं तथा १७वीं शती में पंजाब में हुए। इन सब संतों की भाषा तथा शब्दावली में आश्चर्यजनक साम्य है।[२] अपनी पुस्तक पंजाबी साहित ते साहितकार में वे लिखते हैं : इन भक्तों की शैली का स्रोत संस्कृत एवं प्राकृत की भारतीय रहस्यवादी बिंबावली तथा संत-भाषा थी, जिसमें अवश्य ही फारसी शब्दावली की अधिक पुट थी। सिद्धांतक शब्द इन्होंने सब के सब संस्कृत-प्राकृत से लिये थे,

---

१- श्री गुरु ग्रंथ साहिब दी साहितक विशेषता- पृ० १६८-१६६

२- गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यक इतिहास पृ० १२४

परन्तु कहीं कहीं आगमी सिद्धान्तपरक शब्दों तथा पौराणिक प्रतीकों का प्रयोग भी होना आरंभ हो गया था।[3]

भाषा की परंपरा: इस ओर बहुत समय पूर्व गुरुवर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने ध्यान आकर्षित करते हुए कहा था: कबीर दास आदि साधकों ने नाथ पंथियों और सहजयानियों से बहुत से शब्द, पद और दोहे ज्यों के त्यों स्वीकार कर लिये थे। इन में यत्र तत्र नाम मात्र के परिवर्तन भी हैं। इस प्रकार यह बात स्पष्ट है कि कबीर आदि ने अनेक बातें पूर्ववर्ती साधकों से ग्रहण की थीं।[4] अतः पारिभाषिक एवं अन्य प्रचलित शब्दावली के लिये सन्त तथा भक्त कवि अपने पूर्ववर्ती नाथों-योगियों तथा सिद्ध साधकों के ऋणी हैं। फिर भी इन साधकों की साधना एवं शैली वही नहीं थी, जो इन योगियों या सहजयानियों की थी। कबीर आदि ने योगियों और सहजयानियों के पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या अपने ढंगपर की।[5] इस व्याख्या के लिये इन सन्त भक्तों ने अपने उपदेशों और अपनी भक्ति-ज्ञान-मूलक वाणी को सामान्य जनता के बीच प्रचारित किया। इसके लिये इन्हों ने भाषा भी जनता की चुनी। अभिजात-वर्गीय-भाषा- संस्कृत- जो कुएं के जल की तरह बंधकर अपना लोक-प्रवाह खो चुकी थी। लोक-कण्ठ में सोचित सामान्य बोल चाल की भाषाएं बहते नीर के समान निर्मल और मधुर थीं। सन्त भक्तों ने उसी लोक भाषा को ग्रहण किया। इस प्रकार लोक-धर्म से उत्पन्न और लोक-चित्त को आंदोलित करने वाले भक्तों के साहित्य को भाषा भी लोक की ही मिली। कुल मिलाकर हिन्दी का भक्ति साहित्य लोकोन्मुख अधिक है, शास्त्रोन्मुख कम। लोक-धर्मी लोक-चित्त, और लोक भाषा का साहित्य होने के कारण उसकी लोक-प्रियता निर्विवाद है।[6] इसी लोक-काव्य से प्रभावित होने की परंपरा का अनुसरण करते हुए हमें [illegible] आदि ग्रंथ के रचयिता दिखाई देते हैं। कबीर आदि भक्तों द्वारा लोक-भाषा के प्रयोग के बारे में ऊपर विवेचन हो चुका है। जहां तक गुरु कवियों का संबंध है, पंजाब में हिन्दी काव्य को प्रसारित एवं हिन्दी कवियों को प्रोत्साहित करने का श्रेय मुख्यत: सिख गुरुओं को ही है। उन्होंने स्वयं ब्रजभाषा को अपनी वाणी का माध्यम बनाया पंजाब-बाहर पूर्वीकालीन भक्त कवियों की हिन्दी रचनाओं का प्रचार पंजाब में किया, पंजाब-बाहर तत्कालीन कवियों को अपने दरबार में आश्रय दिया तथा उनकी प्रतिभा-

---

३- पंजाबी साहित्य दे इतिहासकार- [illegible] सिंह पृ० ३४

४- हिन्दी साहित्य की भूमिका पृ० ४३

५- हिन्दी साहित्य की भूमिका पृ० ४३

संपन्न पंजाबी शिष्य भाई गुरुदास को हिन्दी में काव्य रचना करने के लिये प्रोत्साहन दिया।[७] आदि ग्रंथ के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि पंजाबी-गुरु पंजाबी-काव्य-परंपराओं का परित्याग किए बिना हिन्दी काव्य परंपराओं को अपनाने में कितने उदार थे। सत्रहवीं और अठारहवीं सदी में पंजाब में रचित हिन्दी काव्य का प्रधान-स्रोत आदि ग्रंथ है।[८] संक्षेप में सत्रहवीं शताब्दी के आरंभ तक पंजाब में हिन्दी काव्य रचना और काव्य श्रवण की परंपरा दृढ़ हो चुकी थी।[९] गुरुग्रंथ साहब की वाणी के विषय में प्रिंसिपल संत सिंह सेखों का विचार भी उल्लेखनीय है: गुरुवाणी के विषय में हमें यह तथ्य सर्वदा अपने समक्ष रखना होगा कि गुरुवाणी साधारण बुद्धि के लिये पर्याप्त दुर्बोध एवं कठिन है। एक तो इसका विषय सूक्ष्म एवं ज्ञानमयी है, दूसरे इस की भाषा पुरातन, बहुरूपी, राजस्थानी-ब्रजी का मिश्रण है। तीसरे इस की शैली इसकी विभक्तियों का प्रयोग जो आगे अति वैज्ञानिक एवं व्याकरण के नियमानुकूल है, जो दुरूह बना देता है। इसकी सूत्रक शैली भी इसकी दुर्बोधता का कारण है।[१०] अपने वक्तव्य को आगे स्पष्ट करते हुए वे लिखते हैं: विद्वानों-ज्ञानियों वाले शब्द, पुरातन संस्कृत तथा इसकी निकटतम अपभ्रंशों के शब्दों का प्रयोग भी बहुत हुआ है, जिन के कारण भाषा बड़ी कठिन हो गई है।[११] निश्चय ही आज लगभग चार सौ वर्षों के पश्चात् हम उस रचना के विषय में ऐसे ही विचार प्रकट करने लगे हैं। क्योंकि वह हमारी आज की भाषा से बहुत दूर हो गई है। परन्तु जिस समय वे जीवन तथा समाज के कल्याणार्थ इस का रचना हुई थी, उस समय के अनुयायियों को यह हृदय-तंत्री का नाद था, तथा उन्हें इसकी दुरूहता का तनिक भी आभास न होता होगा, क्योंकि भिन्न भिन्न समय-स्थान तथा व्यक्ति विशेष के प्रति उच्चारण की गई वाणी की शैली-एवं भाषा तत्समयानुकूल थी। इस संबंध में आचार्य परशुराम चतुर्वेदी का विचार मननीय है। सन्तों का जीवन सदा निष्कपट तथा स्वाधीन रहा और उनकी विचार-धारा का मूल स्रोत उनकी गहरी स्वानुभूति से संपन्न था। अतएव जो कुछ भी भाव उन्होंने व्यक्त किये वे प्राकृतिक निर्झरधारा की भाँति फूट कर स्वाभाविक शब्दों द्वारा ही प्रकट होते दीख पड़े। संतों ने सर्वप्रथम स्वभावतः उसी माध्यम को स्वीकार किया, जिसमें वे अपने बचपन से अभ्यस्त

६- हिन्दी साहित्य में लोक तत्त्व पृ० १७

७- गुरुमुखी लिपि में हिन्दी काव्य पृ० ४ ८- वही पृ० ५

९- वही पृ० ५ १०- पंजाबी काव शिरोमणी-सेखों-५७

११- वही पृ० ५८

थे, अथवा जिससे उनके अनुयायी पूर्णतः परिचित जान पड़े और उसका भी प्रयोग उन्होंने भरसक किसी अकृत्रिम एवं उपयुक्त रूप में ही करने की चेष्टा की। उन्होंने साधारण से साधारण कोटि के प्रयोगों के प्रयोग किये, अति प्रचलित मुहावरों और लोकोक्तियों से काम लिया और अपने अत्यंत गंभीर विषय का प्रतिपादन करते समय भी, उसका अपनी भाषा का व्यवहार किया जिसका उनको पूर्ण अधिकार रहा। आवश्यकता के अनुसार उनके वचनों में अपरिचित शब्दों के प्रयोग भी आते थे, जिन्हें वे अपने देश में रहते हुए भी नित्य संसार वालों से अधिकारी न रहकर अपूर्व बातों या बातचीतों में भी आना रहता था, जिन्हें वे पर्याप्त समझते थे। किन्तु या उन्होंने ने (उन्हें) अलंकार विशुद्ध व कवीन नहीं लाया और न किसी छन्द या रीति की मर्यादा रखना ही अपना ध्येय समझा, अथवा किसी ग्रंथ के वर्णन में कुशलता लाने के लिये ही ... उन्होंने कोई अनूठा रूप का प्रदान किया। उन्होंने की अभिव्यक्तियों के पीछे भी आनन्द या ... साथ बहता हुआ प्रवाह होता है।[12] यह कथन गुरुग्रंथ के कवियों के विषय में भी अक्षरशः लागू रहता है। गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने कहीं पर अपनी रचना में कुशलता लाने अथवा अपने पांडित्य का प्रदर्शन करने का यत्न नहीं किया। जनसाधारण के लिये कही गई वाणी उन्हीं की भाषा शैली के अनुरूप कही गई हैं। जहां कहीं पंडित अथवा ज्ञानी से संबंध में बात है, वहां भाषा में कठिनता का आना स्वाभाविक ही था, क्योंकि उस शैली में जन-साधारण की भाषा तथा विद्वानों की भाषा में समन्वय स्थापित हुआ है। ... अलंकार कठिनाई को नहीं लाया गया। संत कवि थोड़े शब्दों में बहुत कुछ कहने अथवा गागर में सागर भरने की क्षमता रखते थे। ऐसे वाक्यांश गुरु ग्रंथ में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यथा:

१- मधु पीवै मधु ... । कबीर आ०ग्रं० पृ० ११०३
२- नारि कुलखणी दोसती ... न ... राखि। म:१ आ०ग्रं० पृ०४७४
३- जिस नारि ... दोसती ... ... । म:१ आ०ग्रं०पृ०४६८
४- पढ़ि पढ़ि पंडित मोनी थाके ... । म:३ आ०ग्रं० पृ० २७
५- नानक ... ... । म:१ आ०ग्रं० पृ० ४६७

आदि और ऐसे उदाहरण हैं जिन मुहावरों से गुरु ग्रंथ की साकार स्वरूप वाणी भरपूर है।

भाषा की विविधता: आदि ग्रंथ में भाषा की विविधता के कारण, भिन्न प्रान्तों की भाषाओं के शब्दों से बनी एक अद्भुत भाषा होने से, जिसे इस भाषा में अथवा संतरीत तत्व के पहचानने वाले सब प्रान्तों के भाषा-भाषी समझते थे।

१२- सन्त काव्य पृ० १२६

डा० ट्रंप सरीखे विद्वानों ने आदि ग्रंथ की भाषा के क्षेत्र में महत्ता स्वीकार की थी और इसे प्राचीन हिन्दवी अपभ्रंशों की निधि माना था।[१३] डा० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने आदि ग्रंथ के आरंभिक गुरुओं की भाषा को हिन्दुस्तानी कहा है। वे लिखते हैं: यद्यपि पंजाब में प्राचीन अपभ्रंश की परंपरा से आई हुई ब्रजभाषा का बड़ा जोर था, तो भी पंजाब के कवियों को यह हिन्दी या हिन्दुस्तानी अधिक मनोनुकूल सिद्ध हुई। सिक्ख पंथ के आरंभिक गुरुओं की भक्ति-विषयक-कविताओं की भाषा इसकी साक्षी है। कबीर की भाषा तथा पंजाब के कवियों की पंजाबी-हिन्दुस्तानी-ब्रजभाषा की मिश्रित सी भाषा से हिन्दुस्तानी का साहित्य के लिये उपयोग पूर्णतया निश्चित सा हो चुका था।[१४]

गुरु ग्रंथ की भाषा का परंपरागत विकास

<u>बाबा फरीद की भाषा:</u> श्री गुरु ग्रंथ में सब से प्राचीन रचना बाबा फरीद की है। सोयीरल-औल्या पुस्तक के आधार पर यह बात सिद्ध हो चुकी है कि यह वाणी फरीद शकरगंज (११७३-१२६६ ई०) की है।[१५] डा० तारन सिंह लिखते हैं, फरीद ने पंजाबी-मुलतानी में रचना की है। फरीद जी की भाषा में स्थानक रंग है। चाहे उनकी भाषा पंजाबी समझी जाती है, तो भी उस पर लहिन्दी बोली का स्थानक प्रभाव बहुत है, जिसने लोकजीवन के निकट होने के कारण भाषा में मिठास पैदा कर दी है।[१६] डा० हरि भजन सिंह ने बाबा फरीद जी के सूही राग में निबद्ध पद- 'तपि तपि लुहि लुहि, हाथ मरोरउ' में 'सहि' (फारसी, शौह, पति) शब्द के अतिरिक्त शेष सभी शब्दावली को हिन्दी भाषा से चिर-परिचित शब्द माना है। क्रिया पद कीआ और संयोजक भी, मैं, मरोरउ लोरउ पाई आदि शब्द इस पद में ब्रज बोली-मिश्रित-ब्रज रूप के साक्षी हैं। इस पद का हिन्दी रूप इसी कवि की पंजाबी रचना से तुलना करने पर और भी उभरता है।[१७] इस प्रकार पंजाब में हिन्दी (ब्रज) साहित्य का आरंभ पंजाबी साहित्य के साथ ही हुआ।[१८] बाबा फरीद जी की भाषा विशेषकर उनके दोहों (श्लोकों) में स्थानक प्रभाव के कारण ही पंजाबी जीवन के अधिक निकट है।

१३- ' But the chief impotance of the Sikh Granth lies in the linguistic line, as being the treasiry of the old Hindvi dialects. Dr.Trump-Preface p-viii quoted in Gurbani Kosh of Prof.Piara Singh Padm-P-15.

१४- भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी पृ० २११

१५- फरीद दर्शन- प्रो० दीवान सिंह पृ० १२ तथा श्री गुरु ग्रंथ साहब का साहित्यक इतिहास पृ० ३६ x(सरबो, उल्लास के बारे नाम प्रो० गुलवंत सिंह को भ्रम हुआ बताते हैं। पंजाबी भाषा विज्ञान। पृ० २२.)

<u>जयदेव की भाषा:</u> जहां तक भाषा के ऐतिहासिक विकास का संबंध है, आदि ग्रंथ में भाषा का सब से पुराना नमूना भक्त जयदेव के दो पद हैं। एक राग गूजरी में है, दूसरा राग मारू में। राग गूजरी वाले पद में चाहे सन्धि के नियमों का पालन किया गया है तो भी यह पद संस्कृत नहीं। डा० ट्रंप इस पद को संस्कृत तथा गंवार भाषा का मिश्रण कहते हैं। .... इस पद तथा दूसरे पद में भाषा की ऐसी विशेषताएं मिलती हैं जो डा० तागरे (हिस्टारिकल ग्रामर आफ अपभ्रंश) के अन्वेषणानुसार पूरबी अपभ्रंश की विशेषताएं हैं।[19] सन्त जयदेव की भाषा पर टिप्पणी करते हुए आचार्य परशुराम चतुर्वेदी कहते हैं: सिक्खों के आदि ग्रंथ में सन्त जयदेव के दो पद संगृहीत हैं, जिनमें से एक में पंडिताऊ भाषा द्वारा भक्ति की प्रशंसा की गई है और दूसरे का विषय कतिपय योग-संबंधी बातें हैं जो नाथपंथियों अथवा अन्य सन्तों की भाषा में लिखी गई हैं। विषय की दृष्टि से दोनों पद संत मतानुकूल कहे जा सकते हैं और वर्णन-शैली के अनुसार पहला पद कवि जयदेव की अन्य कृतियों से मेल खाता है। पदों के पाठ, उक्त ग्रंथ के अंतर्गत पूर्णतः शुद्ध नहीं जान पड़ते और उनके कई शब्द बहुत कुछ विकृत एवं अस्पष्ट हो गए हैं।[20] कुछ भी हो यह बात तो पूर्ण रूप से विश्वसनीय है कि उक्त पदों में गुरु साहिबान के साथ रखने के पश्चात् कोई फेर बदल नहीं हुआ। यह पद स्वयं गुरु नानक देव जी द्वारा अपनी प्रथम उदासी में बरदवान से उत्तर पश्चिम की ओर ५० मील के फासले पर से जयदेव के स्थान से प्राप्त किये गए बताये जाते हैं। इन की भाषा मिली जुली है, ऐसा प्रो० रतनीर सिंह का विचार है। और उनका विश्वास है कि जयदेव ने मानव मानस की समानता के विषय में बहुत सी रचनाएं की थीं, जिनमें से उक्त दो पदों लिये गये।[21] आचार्य परशुराम चतुर्वेदी द्वारा जयदेव की आदि ग्रंथ वाली रचना को विकृत एवं अस्पष्ट मानने का कारण इन पदों का असंस्कृत होना ही प्रतीत होता है। परन्तु संस्कृत में उपलब्ध जयदेव की रचना गीत गोविन्द भी पर अनेक विद्वानों ने अपभ्रंश की शाखा में माना है।[22] फिर आदि ग्रंथ वाले पद तो डा० तागरे के अनुसार स्पष्टतया ही पूर्वी अपभ्रंश से प्रभावित हैं।[23] वज्रयानी सिद्धों की साधना-पद्धति तथा उनकी भाषा शैली का उक्त पदों पर प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। इस तथ्य को स्वयं चतुर्वेदी जी ने स्वीकार किया है। डा० तारन सिंह, शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रकाशित अपने ग्रंथ: 'श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहित्तक इतिहास', में जयदेव की आदि ग्रंथ की भाषा को संस्कृत बताते हैं।[24] जिस से यही अनुमान लगाया जा सकता है कि वे संस्कृत भाषा से अपरिचित हैं, और उन्होंने शब्दों की कठिनता को लेकर इसे संस्कृत कह दिया। सिख पंथ की ऐसी महत्वपूर्ण संस्था

द्वारा प्रकाशित ग्रंथ में यह एक भारी भूल कही जा सकती है, जिसे पाठक व्यंगात्मक दृष्टि देख सकते हैं। संभवतः ऐसे ही विद्वानों ने जयदेव की आदि ग्रंथ की भाषा को संस्कृत बताया होगा तथा आचार्य परशुराम चतुर्वेदी पर भी विद्वानों के मत के विकृत होने का संभवपूर्ण भ्रम हुआ होगा।

नामदेव की भाषा: भाषा मूलक अध्ययन के दृष्टिकोण से जयदेव की भाषा के पश्चात् नामदेव की रचना का स्थान आता है। नामदेव नरसी बामणी गांव (महाराष्ट्र) में पैदा हुए। इस कारण मराठी भाषा के शब्द आपकी रचना में बहुत हैं। पंजाब में बहुत समय रहने के कारण पंजाबी भाषा को उसी प्रकार अपनाया जिस प्रकार फरीद ने विदेशी होते हुए भी अपने विचारों के प्रसार के लिये अपने संपर्क में आने वाले लोगों की लोक-भाषा को ग्रहण किया। विसोबा खेचर जो एक नाथ योगी थे, उनके शिष्य होने के कारण नाथ योगियों की शब्दावली का सब से अधिक प्रयोग प्रायः इन्हीं की रचना में मिलता है। वे जयदेव भी नाथ योगियों की साधना पद्धति एवं भाषा शैली के क्षेत्र में प्रभावित हैं। दर्जी (छीपा) होने के कारण अपने व्यवसाय संबंधी शब्दावली के प्रयोग द्वारा अपना साधना-पद्धति का विवेचन करते हुए मन को गज, जिह्वा को कैंची, कतरकर हृदय-चित्त से नाम स्मरण द्वारा नाप नाप कर जम की फांसी काटने का वर्णन उन्होंने राग आसा के एक शब्द में किया है।[25] डा० तारन सिंह नाम की भाषा शैली के विषय में लिखते हैं: नामदेव जी की जो रचना श्री गुरु ग्रंथ साहब में है, वह चाहे पंजाबी तो नहीं, कही जा सकती पर उस में मराठी और संत-भाषा के संयोग में पंजाबीपन है। इस रचना से पंजाब में समझने में कोई कठिनाई नहीं। ना केवल यह रचना पंजाब में समझी ही जा सकती है, अपितु उसका रसास्वादन भी किया जाता है। इसके भाव पंजाबी गुरुओं से समानता रखते हैं। इस में कल्पना तथा भावुकता का बल है। इस के अलंकार सर्वसाधारण की झांकी भारतीय परंपरागत प्रणाली से लिये गये हैं। भारतीय भक्ति के इतिहास के नायकों के चरित्र चित्रण की ओर भी ध्यान दिया गया है तथा राग तिलंग में फारसी शब्दावली का भी प्रयोग बड़ी सुगमता से हुआ है।[26] आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने आदि ग्रंथ के अन्तर्गत नामदेव की रचना

१६- श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहित्यक इतिहास पृ० १३६,१४६।

१७- गुरुमुखी लिपि में हिन्दी काव्य- पृ० १

१८- वही

१९- पंजाबी दुनिया गुरमति साहित अंक-पृ०२३१

की भाषा को हिन्दी ही कहा है। वे कहते हैं कि उनकी भाषा पर पंजाबीपन का भी कुछ प्रभाव आ गया है। किन्तु उन से अधिक शुद्ध एवं प्रामाणिक पाठों का संकलन अभी तक उपलब्ध नहीं है।[27] जहां तक नामदेव की हिन्दी रचना का संबंध है, गुरु ग्रंथ में उनकी संगृहीत वाणी से अधिक प्रामाणिक संकरण की आशा नहीं हो सकती। कबीर जैसे भक्त की वाणी (जिसके कई संस्करण प्राप्त हैं) का गुरु ग्रंथ से अधिक प्रमाणिक संस्करण प्राप्त नहीं हो सका।[28] फिर नामदेव तो कबीर से भी पूर्ववर्ती थे। कबीर पर नामदेव का प्रभाव ही नहीं अपितु कबीर ने नामदेव की रचनाओं का प्रयोग भी किया है। ऐसा लगता है, गुरु ग्रंथ साहब से पूर्ववर्ती सन्तों के काव्य के संकलन में सिद्ध हुए हैं। नामदेव की सम्पूर्ण वाणी जो आदि ग्रंथ में संगृहीत है, गुरु नानक देव ने एकत्रित की और इसका प्रयोग अपनी रचनाओं में किया है। नामदेव का कबीर, गुरु नानक, गुरु अमरदास, गुरु रामदास तथा गुरु अर्जुन देव की रचनाओं पर प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। नामदेव से परवर्ती गुरु ग्रंथ के रचयिता विचार-धारा, साधना-पद्धति तथा भाषा-शैली के लिये ही उनके ऋणी नहीं अपितु उनके पदों का थोड़े बहुत फेर बदल से उन्होंने अपनी रचनाओं में प्रयोग किया है। प्रो० साहिब सिंह लिखते हैं, पंढरपुर के विट्ठल के मन्दिर में गुरु नानक देव जी ने पहुंच कर अपनी प्रथम उदासी में नामदेव की मिली जुली भाषा की रचना उनके शिष्यों से प्राप्त की।[29] जहां तक नामदेव की रचना में पंजाबीपन के प्रभाव के आने का कारण है, यह उनके पंजाब प्रान्त में रहने के कारण है। इस लिये उनकी रचना में पंजाबीपन होने से वह प्रामाणिकता से दूर नहीं कही जा सकती। कबीर की रचना भी पंजाबीपन को लिये हुए है। प्रो० रानाडे का मत है कि नामदेव की कविता बहुत दिनों तक मौखिक रूप में जनता के बीच में प्रचलित रही और सुदूर तक पंजाब में निवास करने के कारण कविता की भाषा संबंध-क्रम से परिवर्तित होती गई। जनता के प्रेम और प्रचार ने भी कविता की भाषा को आधुनिकता का रूप दे दिया।[30] गुरु ग्रंथ साहब में नामदेव की संगृहीत रचना का संकलन गुरु नानक देव द्वारा प्रथम

२०- संत काव्य पृ० १३५

२१- भाषा इतिहास पृ० ५७

२२- अपभ्रंश साहित्य-पृ० ३८६

२३- पंजाबी दुनिया जनवरी, १९६५-पृ०२३१

२४- श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहित्यक इतिहास पृ० १५१

२५- मधु मेरी मधु जिह्वा मेरी बानी- आ०ग्रं० पृ० ४८५

२६- श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहित्यक इतिहास पृ०१६६

उदासी में १५०७ तथा १५१५ के बीच हो चुका था। जब कि नामदेव की मृत्यु (१३५० ई०) से लगभग एक सौ साठ वर्ष पहले हो चुकी है। इस समय में भी नामदेव की यह रचना अवश्य ही हस्तलिखित रूप में विद्यमान होगी। फिर गुरु नानक देव तथा उनके अनुयायियों के हाथों में पहुँचने पर रचनाओं के आने के पश्चात् इनमें किसी फेर बदल का प्रश्न ही नहीं उठता। इस वाणी की शुद्धि तथा प्रामाणिकता की ओर इतना ध्यान दिया जाता रहा है कि एक एक अक्षर को मंत्र शक्ति से युक्त समझ कर इसे पूजित ही लिखने और बांचने का नियम चला आया है। इसमें एक वर्ण का अंतर नहीं हो सकता। अतः इसकी प्रामाणिकता सिद्ध है।[31] १६०४ ई० में जब गुरु ग्रंथ का संपादन हुआ तब तक गुरु नानक की प्रथम उदासी (१५०७ ई०) का, जब कि उन्होंने नामदेव की वाणी को संग्रहित किया, एक सदी और बीत चुकी थी। इस प्रकार नामदेव की मृत्यु तथा गुरु ग्रंथ के संपादन के बीच का लगभग २५० साल का समय है। इस समय में वाणी में कुछ फेर बदल हो सकता था, यदि यह इस प्रकार सुरक्षित न रखी जाती, जिस प्रकार इसे गुरु नानक तथा उनके अनुयायियों ने रखा। गुरु अर्जुन देव ने किसी भी भक्त की वाणी को अपनी ओर से गुरु ग्रंथ में नहीं चढ़ाया और न किसी वाणी को स्वयं उन्होंने इस ग्रंथ में चढ़ाने के लिये संग्रहित किया। उन्होंने उन भक्तों की वाणियाँ ली जो गुरु नानक देव के समसामयिक अथवा पूर्ववर्ती थे। और जिन की वाणी संकलित रूप में पूरी पोथी के रूप में गुरु नानक देव जी से उन के अनुयायियों को प्राप्त हुई। गुरु अर्जुन देव ने भक्तों की आत्मा से वाणी को सुना, या नामदेव आदि गुरु जी के पास आए और उनके पास आने पर उनकी रचना को सुनकर उनके जीवन दर्शन को मुख्य समझकर उनकी वाणी को स्वीकार अथवा अस्वीकार किया- यह सब कल्पनाएं हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि समस्त भक्त वाणी गुरु नानक देव ने ही प्राप्त की थी। गुरु अर्जुन देव ने नहीं। डा० तारन सिंह ने गुरु अर्जुन देव को भ. नामदेव की कुछ रचना प्राप्त करने वाले बताया है।[32] हमारा विचार है कि कबीर के पूर्ववर्ती जयदेव तथा

२७- संत माला पृ० ९४४-

२८- संत कबीर पृ० २१.

कबीर की रचनाओं ... मेरे सामने अधिक से अधिक विश्वसनीय पाठ श्री आदि गुरु ग्रंथ साहब का आता है। (रामकुमार वर्मा)

२९- भाषा [illegible] पृ० ७५

३०- हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास-रामकुमार-२३६

३१- डा० त्रिगुणायत- कबीर की विचारधारा पृ० ५१

३२- श्री गुरु ग्रंथ साहब दा साहित्यिक इतिहास पृ० १६०

नामदेव जैसे सन्तों की वाणी। कुरान में गुरु नानक देव का कबीर से पर्याप्त लाभ उठाया होगा, क्योंकि उनकी प्रायः उदासियों में भारतवर्ष के भिन्न भिन्न प्रान्तों में घूमते हुए वे भिन्न भिन्न फिरकों के सम्पर्क में क्रमशः रहे थे, उनके विचार विनिमय किया, और उनकी रचनाओं को भी ग्रहण किया।[33] हमारा विचार है कबीर के पास भी नामदेव की रचनाएं हस्तलिखित थीं, क्योंकि उन्होंने कई पदों तथा पंक्तियों का अनुकरण किया है। इस प्रकार आधार मिल जाता है जिससे भी नामदेव के परवर्ती गुरु ग्रंथ के रचयिता उनके अत्यंत ऋणी हैं।

कबीर की भाषा:

नामदेव के पश्चात् आदि ग्रंथ के रचयिताओं में कबीर का भाषा के अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। कबीर की भाषा के संबंध में सब विद्वानों ने अपना अपना मत से विचार प्रकट किये हैं। डा० रामकुमार वर्मा लिखते हैं: गुरुमुखी लिपि में लिखे जाने पर भी कबीर के पाठ का व्याकरण पूर्वी हिन्दी का ही रूप लिए हुए है। उसमें स्थान स्थान पर पंजाबी का प्रभाव अवश्य दृष्टिगत होता है, किन्तु प्रधान रूप में वे रूप पूर्वी हिन्दी (अवधी) व्याकरण से ही मिलते हैं। संस्कृत से आए हुए संज्ञा-प्रातिपादिकों (stems) के स्वरांत यद्यपि अवधी और पंजाबी में व्यंजनांत हो गए हैं तथापि पंजाबी में जो संयुक्त व्यंजन दिखाई पड़ते हैं, वे अवधी में नहीं हैं। उदाहरणार्थ संस्कृत का 'अग्नि' पंजाबी में 'अग्ग' या 'अग्गी' हो गया है, किन्तु अवधी में 'आगि', आग या आगि है। कबीर ने 'आगि' का ही प्रयोग किया है। 'अग्गी' या 'अग्ग' नहीं। 'आगि भी फूटी पानी पर फूटा' (अंग ७)[34] डा० वर्मा कहते हैं, कबीर वाणी में कहीं कहीं खड़ी बोली और ब्रजभाषा की विभक्तियां हैं, किन्तु पंजाबी का नूं (को) ने (कारण) तों (अपादान) दा (संबंध) विच (अधिकरण) की विभक्तियां कहीं नहीं हैं। क्रियाओं के संबंध में कबीर ने पूरी स्वतंत्रता ली है। कहीं खड़ी बोली कहीं ब्रजभाषा और कहीं अवधी की क्रियाओं के रूप कबीर की कविता में पाये जाते हैं।[35] पंजाबी उच्चारण और शब्दावली का भी प्रयोग कुछ स्थलों पर हुआ है, किन्तु वह सब प्रभाव कबीर की कविता पर गौण रूप से पड़े हैं, जैसे प्रभाव किसी प्रान्त पर खड़ी बोली और ब्रजभाषा के प्रभाव। वस्तुतः कबीर की कविता पूर्वी हिन्दी में ही रूप लिये हुए है, और यह देखकर आश्चर्य होता है कि पंजाबी भाषा[36] की धर्म पुस्तक श्री आदि ग्रंथ साहब में कबीर की कविता का पंजाबी संस्करण नहीं हुआ, वह अपने स्वाभाविक रूप में वर्तमान है।[37] आचार्य

३३- [illegible] पृ० ८३ ३४- संत कबीर- डा० वर्मा पृ०२२

३५- वहीं पृ० २४

३६- पंजाबी भाषा के स्थान पर पंजाबी भाषा भाषियों होना चाहिए था।

परशुराम चतुर्वेदी ने कबीर की आदि ग्रंथ की रचनाके विषय में लिखा है, कि सिक्खों के आदि ग्रंथ में कबीर साहब के लगभग सवा दो सौ पद एवं ढाई सौ साखियां संगृहीत हैं, जिनका पाठ प्राचीन है। उनमें दीख पड़ने वाली भाषा की प्राचीनता तथा भावों की सादगी व स्वाभाविकता उनके कबीर कृत होने मानने में सहायता पहुंचाती है। परन्तु इस संग्रह में आए हुए, सभी पदों की प्रामाणिकता में भी हमें तब संदेह होने लगता है, जब हम देखते हैं कि इनमें से कुछ वाक्य दूसरों की रचनाएं होंगी, जिन्हें संग्रह कर्ताओं ने भ्रमवश कबीर-कृत मानकर इनमें स्थान दे दिया होगा।[38] ऐतिहासिक ग्रंथों तथा नवीन शोध के आधार पर यह बात सिद्ध हो चुकी है कि, गुरु नानक देव, जो कबीर के समसामयिक थे, उन्होंने काशी जाकर उदासी में कबीर के स्थान पर मिले, उनसे विचार विमर्श किया और उनकी वाणी को लिपिबद्ध करवाई,[39] जिसे उन्होंने अपने पास सुरक्षित रखा और उसका अपनी रचना में प्रयोग किया। जिन सन्तों की वाणी आदि ग्रंथ में सम्मिलित है, उनकी वाणी का गुरु ग्रंथ के अतिरिक्त कोई और प्रामाणिक संस्करण उपलब्ध होने की आशा नहीं की जा सकती। क्योंकि जिस विश्वास एवं निष्ठा से वाणी के शब्दों, अक्षरों तथा विराम चिन्हों के पूर्ण रूप से सुरक्षित रखने की परम्परा का पालन इस ग्रंथ के विषय में हुआ है, शायद ही किसी अन्य ग्रंथ का हुआ हो। इसी कारण डा० राम कुमार वर्मा ने कबीर की आदि ग्रंथ वाली रचना को प्रामाणिक माना है, अन्य संस्करणों को नहीं। वे कहते हैं: "मैं ने संत कबीर का संपादन श्री गुरु ग्रंथ साहब के पाठ के अनुसार ही बड़ी सावधानी से किया है। कबीर की वाणी संबंधी सभी सामग्री को देखते हुए संत कबीर के पाठ को अधिक से अधिक प्रामाणिक समझना चाहिए।"[40] डा० गोविंद त्रिगुणायत का मत है कि कबीर ने किसी एक भाषा का प्रयोग नहीं किया। उनकी वाणियों में हिन्दी, उर्दू, फारसी आदि कई भाषाओं का सम्मिश्रण तो मिलता है, साथ साथ खड़ी भाषा, ब्रज, भोजपुरी, पंजाबी मारवाड़ी आदि उप-भाषाओं का भी प्रचुर प्रयोग किया है। कबीर की भाषा की पहली विशेषता पंजाबीपन है। कबीर ग्रंथावली और सन्त कबीर दोनों की भाषा में पंजाबीपन आ गया है। इसका कारण कबीर का अपने जीवन का बहुत

३८- संत कबीर- पृ० २६

३९- भारत इतिहास पृ० १३

३८- सन्त भाषा पृ० ८५६

४०- संत कबीर पृ० २७

बहुत भाग वे पंजाब में व्यतीत करना है।[41] डा० दास के मतानुसार सन्तों के सत्संग के कारण कबीर को पंजाबी का यथेष्ट ज्ञान हो गया था और उन्होंने स्वयं उसी रूप में अपने पदों की रचना की जिस रूप में वह प्राप्त है।[42] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास लिखते समय तो डा० वर्मा, डा० दास के विचार से सहमत न थे, परन्तु सन्त कबीर का संपादन करते समय, अपने विचारों में, नवीन शोध के आधार पर वे डा० दास के विचार के पास तक खिसक गये और आदि ग्रंथ में संगृहीत कबीर वाणी के पाठ को ही अधिकाधिक प्रामाणिक कहा। कबीर की भाषा के विषय में स्वर्गीय सूर्यकरण पारीक के विचार बहुत ही युक्ति संगत हैं। नागरी प्रचारणी पत्रिका के एक लेख - राजस्थानी हिन्दी और कबीर - में वे लिखते हैं: कबीर ने जिस भाषा में रचना की है, वह उस काल की प्रचलित साहित्य-भाषा है जो किसी प्रांत विशेष की बोल चाल की भाषा नहीं थी, बल्कि साहित्य रचना के लिये समस्त उत्तर भारत में प्रयुक्त होती थी, बहुत कालेन देश भ्रमण होने के कारण और सिद्धान्ततः संकुचित प्रांतीयता और बहुत मतमतांतरों के विरोध के कारण कबीर ने इसी व्यापक देश भाषा को साहित्य-रचना के लिये उपयुक्त समझा, यह युक्ति संगत भी है। फिर भाषा-विज्ञान की दृष्टि से भी जब अनुसंधान करते हैं तो प्राचीन हिन्दी के प्रायः सभी ग्रंथों में उस व्यापक साहित्य-भाषा का रूप मिलता है। पारीक जी के इन शब्दों से डा० सरनाम सिंह ने अपना विचारसाम्य प्रकट किया है,[43] तथा आगे चलकर कहा है कि कबीर की भाषा को 'सन्ध्या-भाषा' से संबोधित कदापि नहीं किया जा सकता क्योंकि सन्ध्या भाषा के प्रयोगों का जो ध्येय था, उससे कबीर का लक्ष्य सर्वथा भिन्न था।[44] डा० पारीक का मत गुरु ग्रंथ की भाषा के विषय में भी अक्षरशः सत्य प्रतीत होता है। गुरु ग्रंथ के संपादक का लक्ष्य इन महान् रचना की पंक्तियों अथवा केवल सिक्खों के लिये सुरक्षित करना नहीं था, अपितु संतों तथा गुरुओं के संदेश समस्त भारत भूमि में प्रेषित करना था। इसी लिये गुरुओं की वाणी भी पंजाबी नहीं, पर पंजाबी भाषा का कुछ स्थानक प्रभाव अधिकाधिक है। डा० हरिभजन सिंह लिखते हैं, 'गुरु अपने प्रचार क्षेत्र को पंजाब तक ही सीमित

४१- कबीर की विचारधारा पृ० ३७३।

४२- हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास पृ० २६२।

४३- कबीर एक विवेचन पृ० २६८।   ४४- वही पृ० २६६

न रखना चाहते थे। पंजाबेतर क्षेत्र में मेल स्थापित करने का काम गुरु परिवार सदैव करता है। इसी अभिप्राय से उन्होंने ने कबीर, जयदेव, त्रिलोचन, नामदेव, परमानंद, पीपा, रविदास, रामानंद आदि और पंजाबी कवियों की वाणी को आदिग्रंथ में स्थान देकर उसे गुरुवाणी के समान ही वन्द्य एवं आदरणीय ठहराया।......

.................गुरु न केवल पंजाब बाहर कवियों की रचना को पंजाब में प्रचारित करना चाहते थे बल्कि हिन्दी क्षेत्र को भी पंजाब में होने वाले कार्यों के स्वरूप और गतिविधि से परिचित कराना चाहते थे, इस अभिप्राय के लिये उन्होंने अपने प्रचारक हिन्दी क्षेत्र में भेजे। भाई गुरुदास जैसे जो प्रचारक थे जो बहुत दिनों तक बनारस और आगरा में रहे।[45] वस्तुतः नामदेव की भाषा से कबीर तक उनके समस्त सम-सामयिक भक्त कवि तथा गुरु साहिबान प्रभावित थे, और इन सब की वाणी की भाषा उस समय का एक ही साहित्यिक भाषा है। प्रत्येक रचयिता की मातृभाषा का पुट उस में मिलता है। गुरु नानक देव की भाषा में असंस्कृत शब्दों को देख कर भाषा विज्ञान से अपरिचित होने के कारण स्वामी दयानंद ने गुरु नानक के विचारों एवं भाषा शैली पर आक्षेप किया था।[46] परन्तु उन्हें पता नहीं था कि बाबा जी की भाषा जनता के कल्याण हित की गई रचना की अपने समय को चित्रित करने वाली परम-तत्व का रहस्योद्घाटन करने वाली उस समय की जनता के धड़कते दिलों की परिचायक है। अतः गुरु नानक की प्रतिभा जन सर्वसाधारण की मिली जुली भाषा में प्रस्फुटित हुई।[47]

गुरु ग्रंथ की भाषा यथार्थ रूप में बात यह है कि जिस भाषा का प्रयोग गुरु नानक तथा उनके अनुयायियों ने किया, इस के पीछे एक विशेष ऐतिहासिक परंपरा है, जिसका अनुसरण भक्ति-काव्य में निश्चित होता रहा। नानक-वाणी के विषय में यह कहना उचित है, कि त्रिलोचन तथा नामदेव (दक्षिण) कबीर तथा रविदास (बनारस) जयदेव (बंगाल) सधना (सिंध) की वाणियों का ज्ञान गुरुवाणी के समझने में सहायक सिद्ध होगा।[48] तभी तो पंडित तारा सिंह नरोत्तम ने गुरमति निरणय सागर में कहा था: 'गुरुग्रंथ में गुर कही, भाषा देस अनेक। संस्कृत पुन पारसी, तिनको तो विवेक।'[49] इसी विचार को प्रो० प्यारा सिंह पदुम ने इस प्रकार कहा है:

४५- गुरमुखी लिपि में हिन्दी काव्य का आलोचनात्मक अध्ययन पृ० ४

४६- सत्यार्थ प्रकाश- पृ० ३५०।

४७- गुरुनानक भाषा- पृ०५३ डा० के० स० बेदी

४८- महाकवि गुरु नानक-भाषा विभाग, पटियाला में प्रो० सीता राम शास्त्री का लेख, 'गुरु नानक देव जी दी बोली' पृ० १६५।

गुरु ग्रंथ साहब की भाषा पंजाबी-हिन्दी मिली जुली संत-भाषा है, और कहीं कहीं भाषा, संस्कृत, फारसी और अन्य प्रांतिक भाषाओं का पुट भी है।[५०] गुरु नानक की भाषा के संबंध में डा० श्याम सुन्दर दास के विचार भी महत्वपूर्ण हैं- महात्मा नानक की भाषा में पंजाबीपन स्पष्ट दिखाई पड़ता है, जो उनके पंजाब निवासी होने के कारण है। परन्तु साथ ही अन्य प्रांतीय प्रयोग भी कम नहीं हैं, जो उनके पर्यटन के परिचायक हैं। गुरु नानक ने घर बार छोड़ कर जब सन्यास ग्रहण किया, कहा जाता है कि तब उनकी भेंट महात्मा कबीर से हुई थी। कबीर के उपदेशों का उन पर विशेष प्रभाव पड़ा था। उनके ग्रंथ साहब में कबीर की वाणी भी संगृहीत है।[५१] कबीर की भाषा भी उन्हों ने मिली जुली सन्तभाषा कही है।[५२] डा० हरदेव बाहरी का मत है, सन्त काव्य में खड़ी बोली का प्राधान्य है। सन्तों का ध्येय था ईश्वर भक्ति प्रचार और इस के लिये जन समाज की भाषा उपयुक्त थी। इस में ब्रज भाषा और अन्य प्रान्तीय भाषाओं के शब्द भी यत्र तत्र आ गये हैं। संत लोगों का सम्पर्क भिन्न भिन्न जातियों-प्रदेशों और संप्रदायों से होता था। उनके प्रभाव से और उधार प्रभाव डालने के लिये वे सधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग करते थे। कबीर की खड़ी बोली में राजस्थानी और पंजाबी मिली हुई है। गीतों में ब्रजभाषा और कहीं कहीं पूरबी भाषा भी है। गुरु नानक ने भी हिन्दी में पंजाबी भाषा और खड़ी बोली का प्रयोग किया है। सन्तों की कविता हिन्दू और मुसलमान सब के लिये है, इस लिये उस ने अरबी, फारसी का भी स्वतंत्र प्रयोग किया है।[५३] गुरु नानक काव्य के संबंध में डा० तारन सिंह ने ऐसे ही विचार व्यक्त किये हैं: गुरु नानक साहब अपने शीन पंजाबियों के लिये लिख रहे थे, परन्तु सारे भारतीय राष्ट्र के हितों का उनको ध्यान था। इस सामने हित के लिये सब की सांझी शब्दावली तथा पंजाबी मुहावरेदार भाषा का उन्हों ने प्रयोग किया।[५४] डा० हरिभजन सिंह लिखते हैं- अपने धर्म और संस्कृति का आधार लेकर हिन्दू सिक्ख जनता में एक नव चेतना उदित हो रही थी, और वे शासक वर्ग से राजनीतिक युद्ध करने का भी आह्वान कर रहे थे। इस नवोदय के अभिन्न साधन थे, हिन्दी भाषा और गुरुमुखी लिपि। मुसलमान शासकों की पंजाबी भाषा और फारसी लिपि से इनका अन्तर विशेष रूप से दृष्टव्य है। भाषाओं एवं लिपियों

४९- गुरुवाणी कोश - प्यारा सिंह पदुम पृ० २७ पर उद्धृत।

५०- वही पृ० १५

५१- हिन्दी साहित्य पृ० १६०

५२- वही पृ० १५८

५३- हिन्दी की काव्य शैलियों का विकास पृ० ६५

था यह ध्रुवीकरण ही तत्कालीन धार्मिक और राजनीतिक ध्रुवीकरण की स्पष्ट प्रतिछाया है। पंजाब के हिन्दू कवियों द्वारा भी पंजाबी भाषा में पर्याप्त रचना हुई है किन्तु प्रारम्भ से ही वे तीन भाषा शैलियों में रचना करने की रुचि रखते रहे हैं- पंजाबी, हिन्दी और मिश्रित। प्रथम पांच गुरुओं द्वारा इन तीनों भाषा-शैलियों का प्रयोग हुआ है। गुरु नानक के पश्चात् उत्तरोत्तर हिन्दी भाषा का प्रयोग बढ़ता जाता है। पंचम गुरु तक पहुंच कर पंजाबी और मिश्रित भाषा शैली की अपेक्षा हिन्दी भाषा शैली का प्रयोग स्पष्टतः अधिक हो जाता है।[५५] गुरु अंगद देव तथा गुरु अमरदास की भाषा शैली मिश्रित रही है। जहां तक गुरु रामदास की भाषा का संबंध है, उन्होंने शुद्ध साधु भाषा का प्रयोग किया है और उनकी इस सन्त भाषा में पंजाबी का अंश अधिक प्रधान है। पंजाबी में भी कहीं कहीं मुलतानी का रंग पाया जाता है और सरलता के कारण प्रवाहमय है।[५६] जहां तक गुरु अर्जुन देव की भाषा शैली का संबंध है, इसमें ग्रामीणता कम है और इसकी प्रवाह अधिक परिलक्षित होता है। रचना में संश्लिष्टता अधिक है। हिन्दी संस्कृत के तत्सम शब्दों के प्रयोग पर अधिक बल दिया गया है। अलंकारादि का प्रयोग भी अधिकतर पुस्तकीय ज्ञान पर आधारित है।[५७] गुरु अर्जुन देव पंजाब के मुख्य संत कवि हैं, जिन्होंने अधिकतर संत भाषा में और कुछ पंजाबी में वाणी रचकर हमारे साहित्य की वृद्धि तथा समृद्धि की है।[५८] स्मरण रहे कि गुरु वाणी में प्रयुक्त शब्द भण्डार का अधिकांश भाग समान रूप से हिन्दी और पंजाबी शब्द भंडार कहलाने का अधिकारी है। गुरुओं ने भाषा भेद को दूर करने के लिये 'क्रिया-पदों' का प्रयोग कम से कम किया है। समान शब्दावली वाले और क्रियापद हीन पाठ्य के विषय में कई बार निर्णय करना कठिन हो जाता है कि वे हिन्दी पाठ्य के उदाहरण हैं कि पंजाबी पाठ्य के। मिश्रित शब्दावली वाले पाठ्य में तो स्थिति और भी कठिन हो जाती है। किन्तु जैसा कि पहले कहा जा चुका है, मिश्रित शैली का उत्तरोत्तर लोप होता जाता है, ... सत्रहवीं शताब्दी के प्रारंभ में हमें दो भाषा शैलियों का ही प्रचलन दृष्टिगत होता है। गुरु ग्रंथ के लिपिकार भाई गुरदास ने स्पष्टतः दो भिन्न शैलियों में रचना की। उनकी वारें ठेठ पंजाबी और उनके कवित्त

५४- गुरु नानक चिंतन ते कला पृ० २४८-

५५- गुरु मुखी लिपि में हिन्दी काव्य का आलोचनात्मक अध्ययन-पृ० १२

५६- गुरु रामदास की वाणी, संपादक प्यारा सिंह पद्म-भाषा विभाग, पटियाला। भूमिका

५७- श्री गुरुग्रंथ साहब दा साहित्क इतिहास पृ० ४२६

सवैया (विशुद्ध ब्रज) में लिखे गये हैं। नवें गुरु साहब के पश्चात् हिन्दू-सिख के नामों में केवल एक ही भाषा हिन्दी में काव्य रचना की प्रवृत्ति का उदय हुआ। अब सभी कवि हिन्दी (ब्रज) को अपनी काव्य रचना का माध्यम बनाते हैं। बीच बीच में कहीं बोली और पंजाबी का भी प्रयोग किन्तु निर्भ्रांत हुआ है।[58] गुरु अर्जुन के पश्चात् गुरु व्यक्तियों में केवल गुरु तेग बहादुर की है, जिनकी रचना आदि ग्रंथ में गुरु गोविंद सिंह द्वारा यथा स्थान संगृहीत की गई। इस प्रकार ज्ञात हुआ है, कि गुरु अर्जुन देव के बाद आने वाले गुरुओं द्वारा शुद्ध हिन्दी में लिखने की परंपरा स्थिर हो चुकी थी। गुरु तेग बहादुर जी शुद्ध-भाषा-परंपरा के अनुगामी हैं। उन्होंने न केवल मिश्रित भाषा में रचना नहीं की, बल्कि ठेठ पंजाबी को भी काव्य रचना का माध्यम नहीं बनाया। इस प्रकार वे प्रथम सिक्ख गुरु हैं, जिन्होंने विशुद्ध और केवल हिन्दी में रचना की है। पूर्ववर्ती गुरुओं से प्राप्त परंपरा को पुष्ट करने में उनके योग के कारण हिन्दी भाषा-भाषी क्षेत्र में विचार का निरपेक्ष भाव रहा होगा। गुरु तेग बहादुर की भाषा पूर्ववर्ती गुरुओं की अपेक्षा अधिक केन्द्रोन्मुख है। उसमें पंजाबीपन का विशेष आग्रह नहीं है। उन की भाषा स्वभाव प्रधान होती हुई भी पूर्ववर्ती गुरुओं की अपेक्षा तत्सम की ओर अधिक झुकाव रखती है। पहले गुरुओं की भाषा की मुख्य विशिष्टता है लहंदी और देशज शब्दों का प्रचुर प्रयोग। गुरु तेग बहादुर की संपूर्ण रचना में भी देशज और लहंदी शब्दों का पूर्ण अभाव है। देशज शब्द फारसी शब्द अपभ्रंश रूप में भी दिखाई नहीं देते। एक और स्पष्ट अन्तर यह है कि किसी शब्द का रूप विकृत नहीं हुआ है। अतः उनकी भाषा में शब्दों का वह ग्राम्य रूप दिखाई नहीं देता, जो पूर्ववर्ती गुरुओं की मुख्य विशेषता रही है। तेग बहादुर की भाषा स्पष्टतः अधिक नागरिक, अधिक केन्द्रोन्मुख है। अपवाद रूप में कुछ शब्द ऐसे आ गये हैं, जो उनका संबंध पूर्व परंपरा से स्थापित कर देते हैं। 'चिरिया', 'निंदिआ', 'सरीर', 'कमावै', 'कहुँ'। हिन्दी में इन शब्दों के प्रायः 'चिड़िया', 'निंदा', 'शरीर', है तथा 'कमावे' पंजाबी भाषा (बोली) का अपना रूप है। 'कहुं' शुद्ध हिन्दी पंजाबी दोनों का है, परन्तु इसे कहुँ लिखना (कहुँ से) पंजाबी का है।[60] गुरु गोबिन्द सिंह

58- गुरु तेग बहादुर जी की वाणी, भाषा विभाग, पटियाला पृ० 26

59- गुरुमुखी लिपि में उपलब्ध हिन्दी काव्य का आलोचनात्मक अध्ययन पृ०26-27

60- वही पृ० 54

ने भी अपने सिद्धान्त स्थापित परंपराके अनुकूल भाषा शैली का प्रयोग किया है। पंचवाणी में इनकी साखा शैली भी आदर्श पर भी ब्रज भाषा का स्पष्ट प्रभाव है।

<u>वज्रयानी शब्दों की परंपरा :</u> नीचे हम भाषा के प्रयोग के आधार पर भाषा शैली तथा शब्दों के विकास की परंपरा का क्रमानुसार प्रस्तुत करते हैं। वज्रयानी शब्दों की परंपरा से कुछ ऐसे शब्द सन्त साहित्य में आए, जिन का प्रयोग आदि ग्रंथ के रचयिताओं ने भी किया, परंतु पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या सन्तों ने अपने ढंग से की। इन शब्दों में शून्य, खसम, सहज, ..., ..., अनहद शब्द, ..., सुरति, उलटा साधना, गंगा-जमुना-संगम, चंद्र-सूर्य-संगम, ..., ..., हंस, भंवरा, मृग, ..., ..., ..., ..., नारी (माया), ..., ..., आदि कुछ नाम योगियों की रचनाओं में भी आए हैं और सन्तों ने उनका प्रयोग किया है। जिस प्रकार सिद्धों व योगियों ने भिन्न साधना पद्धति को सन्तों ने प्रस्तुत किया, उसी प्रकार इन शब्दों की अपने ढंग से भी सन्तों ने व्याख्या प्रस्तुत की।

<u>शून्य :</u>

नागार्जुन: <u>शून्यामिति</u> न ... शून्यामिति ...। (सिद्ध साहित्य की भूमिका-३६)

... : ... <u>शून्यो</u> ... <u>शून्य</u>: शून्य ...। (सिद्ध साहित्य-३३८

गोरखनाथ : <u>शुंनि</u> न ... <u>शुंनि</u> न ...। <u>शुंनि</u> निरंजन ...। (गोरखबाणी- ७३)

नामदेव : ... शून्य समाधि ...। (आ०ग्रं० ६७३)

कबीर : <u>शुंनहि शुंनु</u> ... ...। (आ०ग्रं० पृ० ११०३)

गुरु नानक : ... <u>शुंनहु शुंनु</u> उपावणा। (आ०ग्रं० पृ० १०३७)

गुरु अर्जुन देव : <u>शुंन</u> समाधि ... (आ०ग्रं० पृ० ...) <u>शुंन</u> समाधि ... (म:५-६०४)

<u>शुंन</u> समाधि ... (म:५ पृ० १०३८)

<u>खसम :</u>

...: ... तहिं खसम ...। <u>खसम</u> ... भणावि परिज्जइ। दोहा कोश पृ०३२

तिलोपा: भणइ ... खसम ...। दिवा राति सहजे रहिअइ। ... दोहा-५५

गोरखबाणी में स्थान स्थान पर गगन शिखर या गगन मंडल का उल्लेख है परन्तु खसम शब्द का प्रयोग नहीं। सिद्ध-साधना में खसम शब्द मन को शून्य या खसम समान धारण करने के अभ्यासार्थ प्रयुक्त हुआ है।[६२]

६१- सिद्ध साहित्य पृ० ३६३

कबीर: १-काम किवारि भाटी संगि रहै। (आ०ग्रं० पृ० ९६३)

२-काम भरे तउ नारि न रोवै। (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु नानक: १-कामै के दरबार। (आ०ग्रं०पृ० १४८) २- काम की नदरि। (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु अमर दास: कामै का [illegible]। (आ० ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु अर्जुन देव: कामु तू है [illegible]। (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने 'काम' शब्द [illegible], पति के अर्थों में लिया है। उनकी रचना में काम शब्द [illegible] का [illegible] है।

सहज: सहज शब्द उन्हीं अर्थों में नाथ तथा संत-योगियों द्वारा गृहण किया, जिस अर्थों में वज्रयान, सिद्ध [illegible] प्रयोग करते थे।[62]

गोरखनाथ: ऐसा [illegible] पांचौं तत राखु सहजि समाना।[63]

[illegible] गोरखा [illegible] निरंजन जाना।

[illegible]: सहजै गगन सहजै पवना। सहजै सहजै [illegible]।[64]

गोरख: [illegible]: [illegible] रात्रि न सोवंत [illegible] पे खाया। [illegible] राति न सोवंत दिन सहज आया।[65]

नामदेव: सहजि अवलि धूड़ि मणी गाडी चालणी। (आ०ग्रं० पृ० ११६[illegible])

कबीर: सहजि त्रिलोकी में [illegible] न [illegible] सहज [illegible] रहै [illegible]। (आ०ग्रं० [illegible])

रविदास: सहज समाधि उपाधि रहत होइ बडे भागि लिव लागी। आ०ग्रं० ११०६

गुरुनानक: (१) सहजे सहजे मिलिआ रहै [illegible] पावे। आ०ग्रं० [illegible]

(२) सहजि [illegible] नाम (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु अमरदास: (१) सहजे प्रभु मिलिआ (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

(२) सहजे सांति मिलि (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु रामदास: सहजे ही हरिनामि (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु अर्जुन देव: सहज सुख आनंद (आ०ग्रं० पृ० [illegible])

गुरु ग्रंथ के रचयिताओं में सहज शब्द निर्विकारावस्था का द्योतक है।

गुरु: गुरु शब्द का प्रयोग साधना पद्धति में अति प्राचीन है। साधना-पद्धति में गुरु शब्द परंपरागत रूढ़ि सा बन गया है। सभी सन्तों ने गुरु के महत्व को बराबर स्वीकार किया है:

गोरखनाथ: गुरु कीजै गहिला निगुरा न रहिला, गुरु बिन ग्यान न पायला रे भाईला।[66]

रामानंद: गुरु का सबदु काटै कोटि करम।[67]

नामदेव: [illegible] सतिगुरु [illegible] तारे केसवा।[68]

६२- सिद्ध साहित्य पृ० ३६८   ६३- गोरखबानी पृ० १००

बेणी: गुरु की साखी राखै चीत तउ गुर गमि कोने बिरला कोई। ६९

कबीर: गुरसेवा ते भगति। ७०

गुरु नानक : (१) गुर ईसरु गुरु गोरखु बरमा गुरु पारबती माई। ७१

(२) गुर साखी जोति परगटु होइ। ७२

गुरु अंगद: जे सउ चंदा उगवहि सूरज चड़हि हजार।

एते चानण होदिआं गुर बिनु घोर अंधार। ७३

गुरु अमरदास: गुरु सेवहु ... ... । ७४

गुरु रामदास: गुर ... ... जन नानक ... ... । ७५

गुरु अर्जुन: गुरु परमेसरु पूजीऐ मनि तनि लाइ पिआरु। ७६

गुरु तेग बहादुर: नाम रहिओ साधू रहिओ रहिओ गुरु गोबिंदु।

कहु नानक इह जगत महि किन जपिओ गुरमंतु। ७७

अस्तु। ... गुरुओं, ... , ... , ... , ... आदि की दृष्टि से गुरु ग्रंथ के रचयिताओं में इस परंपरा के अक्षुण्ण क्रम, ... को ढूंढना बहुत ही सुगम कार्य है। ... के कारण ... के विवेचन ... ध्यान नहीं किया जा सकता। ... भी ... नाथ ... से मिलती जुलती ... हैं। नाथों के ... , ... मार्ग, ... , नाद-बिन्दु, दसम द्वार, त्रिकुटी, गुरमुख-मनमुख, अजपा जाप, पवन, अनहद ... , ब्रह्मज्ञानी, जोगी, जिह्वा, अग्नि-नागिन, लोहा ... , ... गंगा, मानुष जन्म, नाम, दान, स्नान, ... , ... , ... आदि ऐसे ... पद में ... नाथों जोगियों ने भी अपनाये किया है और सन्तों ने भी। परन्तु दोनों की व्याख्या में अन्तर है। इस परंपरा ... के लिये आचार्य ... प्रसाद द्विवेदी की ... : कबीरदास आदि साधकों ने नाथ पंथियों और सहजयानियों से बहुत से शब्द, पद और ... ग्रहण किये थे। ... नाथ ... के परिवर्तन भी हैं। इस प्रकार यह ... स्पष्ट है, कि कबीर आदि ने ... पुराने साधकों से ग्रहण की थीं। फिर भी कबीर की ... नहीं थी जो इन जोगियों या सहजयानियों की थी। कबीर आदि साधकों ने जोगियों और सहजयानियों के पारिभाषिक शब्दों की ... व्याख्या की।[७८] ... सन्तों-साधकों

७८- हिन्दी साहित्य पर पृ० ३४६ ... प्रवाह पृ० ... से उद्धृत ।

की साधना पद्धति इन योगियों से सर्वथा भिन्न एवं नवीन था। जहाँ तक पारिभाषिक शब्दों के अतिरिक्त व्याख्या का संबंध है, गुरु ग्रंथ के रचयिताओं ने स्थान-स्थान एवं परिस्थिति के अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। अत: यह भाषा लगभग सब की रचनाओं में कुछ स्थानक प्रभाव के कारणों के अपवाद को छोड़कर एक सी रूप में प्रयुक्त हुई है, जिसके परंपरागत विकास क्रम तथा भाषा के स्वरूप को हम गुरु ग्रंथ के भक्त कवियों तथा उनके पूर्ववर्ती सन्तों से लेकर गुरुओं तक की रचनाओं में देख चुके हैं। गुरु ग्रंथ में गुरुओं के पूर्व के सन्तों की भाषा, प्रांतीय भाषाओं की शब्दावली से प्रभावित है। परन्तु उनकी आत्मा एक है। गुरु नानक से गुरु राम दास तक मिली जुली भाषा का प्रयोग की, जिस में पंजाबी का व्यापक प्रभाव है। गुरु अर्जुन ने एक ऐसी साहित्यिक भाषा का प्रयोग किया है, जो सिद्धों वाली संत भाषा है। पंजाबी का प्रभाव बहुत कम है। गुरु तेग बहादुर तथा गुरु गोबिंद सिंह (जिन की वाणी आदि ग्रंथ में नहीं है) की रचनाएं अपने पूर्ववर्ती गुरुओं से विशिष्ट हैं। क्योंकि गुरु अर्जुन देव के पश्चात् सुखमनि-साहिब-शबद में ही इस भाषा शैली का प्रयोग नहीं किया गया। गोरखनाथ और कबीर [illegible] गुरुवाणी का भाषा की दृष्टि से परंपरागत [illegible] आनन्द और प्रसार प्रवाह के रूप में दृष्टिगत होता है। गुरुओं की भाषा के संबंध में [illegible] सिंह दोनों का विचार भी उल्लेखनीय है: सिख गुरुओं में गुरु नानक देव की भाषा सबसे अधिक पंजाबी है, जिसपर लहँदा का व्यापक प्रभाव है। ब्रज भाषा अथवा हिन्दवी का प्रभाव बहुत कम है। [illegible] की भाषा में संस्कृत शब्द [illegible] रूप में बहुत मिलते हैं। ब्रज भाषा के रूपों का लगभग अभाव ही है। गुरु अंगद देव तथा गुरु अमरदास की बोली पंजाबी ही है। परन्तु गुरु अरजनदेव की भाषा पर ब्रज का प्रभाव प्रत्यक्ष है।[७६] गुरु राम दास की भाषा पर ब्रज का प्रभाव [illegible] हो गया है। जहाँ तक

६५- सिद्ध साहित्य पृ० ३१६ ६६- गोरखबाणी पृ० १२८

६७- आ०ग्रं० पृ० १३५१ ६८- आ०ग्रं० पृ० १३६६

६९- आ०ग्रं० पृ० ६९१ ७०- आ०ग्रं० पृ० १३१६

७१- आ०ग्रं० पृ० २ ७२- आ०ग्रं० पृ० १३

७३- आ०ग्रं० पृ० ४६३ ७४- आ०ग्रं० पृ० ७६

७५- आ०ग्रं० पृ० २३४ ७६- आ०ग्रं० पृ० १२

७७- आ०ग्रं० पृ० १४२६ ७८- हिन्दी साहित्य की भूमिका-४३

उन की रचना में हिन्दी अथवा पंजाबी होने की रेखा खींचना कठिन है। गुरु अर्जुन देव की वाणी में ब्रज भाषा का प्राधान्य है। गुरु तेग बहादुर की सारी वाणी ब्रज भाषा अथवा हिन्दवी रूप में है। दशम गुरु गोविन्द सिंह जी की वार अकुल और केवल चंडी दी वार पंजाबी में है, शेष समस्त रचना ब्रज भाषा में है। इसी परंपरा में सन्तोख (सूर्य प्रकाश प्रताप ग्रन्थ) रत्न सिंह भंगू (पंथ प्रकाश) ज्ञानी ज्ञान सिंह, संत गुलाब सिंह, भाई दित सिंह तक अपनी कविता पंजाबी प्रभाव वाली ब्रज भाषा में लिखते रहे।

आदि ग्रंथ की भाषा का

वैज्ञानिक विवेचन।

मात्रा भेद	दीर्घ से ह्रस्व होना
१- आनंद- अनंद	अनंद भइआ मेरी माए सतिगुरु मैं पाइआ-म:३ [८०]
२- आधार-अधार	तउ जीआ कुछु नाहि भेटेक अधारु तूं।म:१ [८१]
३- पाटांबर-पटंबर	पाणी डूणा पाट पटंबर भाही सेती जाले।म:५ [८२]
४- आकाश-अकासु	धुंधहु धरति अकासु उपाए। म:१ [८३]
५- धरती-धरति	पवणु गुरु पाणी पिता माता धरति महतु।म:१-पृ०८
६- शून्य- सुन्न	सुन्न कला अपरंपर धारी। म: १ आ-ग्र-पृ०१०३७

अ -आ	ह्रस्व से दीर्घ होना
१- पंथ - पंथा	पंथा प्रेम न जाणई भूली फिरै गवारि। म:५ [८४]
२- गोर- गोरा	गोरहि गोरा गोर। म: १ [८५]
३- अपना- आपना	आपण हथी आपणा आपे ही काजु सवारीऐ। म:१ [८६]
४- जपै- जापै	परन सहित जो जापै नाम्। रविदास [८७]

इ- ई	
१- बिजली- बीजल-बीजली	चमकार बीजुल वही। नामदेव [८८]
२- विचार-वीचार-वीचारो	१- थाल विचि तिनि वसतू पईओ सतु संतोखु वीचारो। [८९] २- पड़ि पड़ि करहि वीचारु। म: ३
३- जित- जीति	कोटनमसि नानक कोऊ नाराइणु जिह जीति। म:६ [९०]
४- नित्य-नीत	उपजै बिनसै नीत- प्रानी होत्त नीत। म:६ [९१]

उ-ऊ	
१- वस्तु- वसतू	थाल विचि तिनि वसतू पईओ। :५ [९२]

२- गुरु - गुरु	मानस गुरु गिरि ... पातकि नल्ल।[९३]
३- उपजै-उपजै	नानक नामे ... उपजै।। म:३[९४]
४- दुख-दूख	कर्म ... ठाकुर ... दूख ... म:५[९५]
५- पुत्र- पूत	पूत पूत ... म:१[९६]
२- विपर्यय:	स्वर विपर्यय (स्वरों का स्थानांतर)
१- आनन्द-अनन्दा	... अनंदा, ... परि जाए।[९७]
२- आश्चर्ज-अचराउ	... अचराउ।।म:५[९८]
३- कुछ- कछु	... कछु न ... उपाइ।। म:६[९९]
४- बिन्दु-बुंद	कबीर निरमल बुंद ... की परि गई भूमि बिकार।[१००]
५- कपड़ा-कापड़	कापड़ु पहिरसि म:१ पृ० ११८७
६- बारा- बराबा	गोबिंद ... की ... बराबा पृ० १२
	व्यंजन विपर्यय (व्यंजनों का स्थानांतर)
१- डूबा-बूडा	बूडा ... कबीर ...।[१०१] बूडे ... म:१[१०२]
	बूडि मुए ...। (सधना)[१०३] बूडा दुरजोधनु।[१०४]
२- डूबत-बूडत	बूडत ... म:१[१०५] बूडत ... काढि।म:५[१०६]
३- ब्राह्मण-बाम्हन	बाम्हन ... (नामदेव)[१०७] कहु रे पंडित बाम्हन कब के हुए। (कबीर)[१०८]
४- लपेटे- पलेटे	... पलेटे। म:१[१०९] ... पलेटि ...।[११०]
५- विकल- बिलक-बिलख	जिनि मन ... न जानिआ, ... बिलख बदन कुमलानी।म:१[१११]

(३) लोप: शीघ्रता से बोलने तथा सुविधा के लिये कभी कभी लोप हो जाता है। कभी कभी स्वराघात से भी ऐसा होता है।

९६- नानक ने हिन्दी रचना कम की है, उनकी अधिकांश रचनाओं पर पंजाबी का प्रभाव है। यो कि उनके पंजाबी होने का परिणाम है। अन्य प्रान्तीय भाषाओं के शब्द भी मिल जाते हैं। भाषा ... और सरल है। (हिन्दी साहित्य की परम्परा पृ० ६२) पंजाबी काव्य शिरोमणी-सेखों-पृ०३०-३१

८०- आ०ग्रं० पृ० ६१७	८१- आ०ग्रं० पृ० ४२८
